


परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

# सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

## जिनवाणी-महोत्सव

# सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

# लब्धिसार

(क्षपणासारगर्भित)

ग्रन्थकर्त्ता
परम पूज्य आचार्यश्री नेमिचन्द्र जी महाराज

सम्पादक–अनुवादक
मनोहरलाल शास्त्री

प्रकाशक
श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल
आगास (गुजरात)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)




परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्राय: होता है। फलत: उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

श्रीमन्नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीरचित

# लब्धिसार

(क्षपणासार गर्भित)

श्री परमश्रुत प्रभावक मंडल,
श्रीमद् राजचंद्र आश्रम, अगास

श्रीमद्राजचन्द्रजैनशास्त्रमाला

श्रीमन्नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीरचित

# लब्धिसार

## (क्षपणासार गर्भित)

पंडितप्रवर श्री टोडरमल्लजीकृत सम्यग्ज्ञानचंद्रिका भाषाटीका सहित

संपादक :
श्री पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्री

प्रकाशक
श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल
श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम, अगास

वीरनिर्वाण संवत् २५०६ ईस्वी सन् १९८० विक्रम संवत् २०३६

मूल्य रु० ४३)

प्रकाशक :
मनुभाई भ० मोदी, प्रमुख
श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डल,
श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम,
स्टेशन–**अगास**; वाया–**आणंद**,
पोस्ट–**बोरिया**–३८८१३० (गुजरात)

[ प्रथमावृत्ति विक्रम सं० १९७२ प्रति १००० ]
[ द्वितीयावृत्ति विक्रम सं० २०३६ प्रति १००० ]

मुद्रक :
बाबूलाल जैन फागुल्ल,
महावीर प्रेस,
भेलूपुर, वाराणसी।

# प्रकाशकीय

इस ग्रन्थकी प्रथमावृत्ति विक्रम सं० १९७३में पाढम निवासी पं० मनोहरलालशास्त्रीकृत संस्कृत छाया तथा संक्षिप्त हिंदी भाषाटीकासहित प्रकाशित की गई थी, पर वह बहुत संक्षिप्त होनेके कारण उस भाषानुवादमें सभी विषयोंका स्पष्टीकरण नहीं हुआ था। अबकी बार इस ग्रन्थका सम्पादन एकदम स्वतंत्ररूपसे ही किया गया है। मूल प्राकृत गाथाएँ तथा संस्कृत छायाके सिवाय श्री टोडरमल्लजीकृत सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका भाषाटीका मूल ढूँढारी भाषामें ही रख दी गई है। इसके अतिरिक्त ग्रंथके प्रारम्भमें श्री टोडरमल्लजी द्वारा लिखी गई प्रस्तावना मूल ढूँढारी भाषामें ही दे दी है और ग्रंथके अंतमें अर्थसंदृष्टि अधिकार भी जोड़ दिया है। इस लब्धिसारकी सम्यग्ज्ञानचंद्रिका टीका संस्कृतवृत्ति सहित सर्वप्रथम भारतीय जैनसिद्धान्तप्रकाशिनी संस्था, कलकत्तासे लगभग साठ वर्ष पूर्व प्रकाशित हुई थी जो इस समय अनुपलब्धप्राय है। उसीको माध्यम बनाकर यह द्वितीयावृत्ति तैयार कराई गई है। विशेषमें पंडित श्री फूलचन्द्रजी शास्त्रीने प्रस्तावनाके साथ आवश्यक स्थलोंपर विशेषार्थ देकर मूल विषयको स्पष्ट करनेका सुंदर प्रयत्न किया है तथा अमुक जगहोंपर टिप्पणियाँ भी दी हैं। इसके फलस्वरूप प्रथमावृत्तिकी अपेक्षा इस ग्रन्थका कद तो लगभग तिगुना हो गया है किन्तु साथ ही ग्रन्थकी उपयोगिता भी बहुत बढ़ गई है जिसका विशेष अनुभव तो विद्वज्जन स्वयं ही करेंगे।

यह मूल ग्रन्थ श्री चामुण्डराय राजाके प्रश्नके निमित्तसे श्रीमन्नेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तीने बनाया है जोकि कषायप्राभृत नामा जयधवलसिद्धान्तके पंद्रह अधिकारोंमेंसे पश्चिमस्कंध नामके पंद्रहवें अधिकारके अभिप्रायसे गर्भित है। इसकी सम्यग्ज्ञानचंद्रिका नामक भाषाटीका जयपुर निवासी श्रीमान् विद्वच्छिरोमणि टोडरमल्लजीने ढूँढारी भाषामें विक्रम संवत् १८१८में बनाई है। उसमें उन्होंने लिखा है कि उपशमचारित्रके अधिकार तक तो केशववर्णीकृत संस्कृतटीकाके अनुसार व्याख्यान किया गया है, किन्तु कर्मोंके क्षपणा अधिकारके गाथाओंका व्याख्यान श्री माधवचंद्राचार्यकृत संस्कृत गद्यरूप क्षपणासारके अभिप्राय अनुसार शामिल कर दिया गया है। इसीसे इस ग्रन्थका नाम "लब्धिसार (क्षपणासार गर्भित)" रखा गया है।

श्री परमश्रुत प्रभावक मण्डलकी ओरसे श्रीमद्‌राजचन्द्रजैनशास्त्रमालाके अन्तर्गत इसकी यह प्रस्तुत नवीन संशोधित आवृत्ति प्रकट करते हुए हमें अत्यन्त हर्ष होता है। विद्वान् पाठक एवं जिज्ञासु इसके पठन-मननसे अधिकाधिक लाभ उठाये इसीमें हमारे प्रकाशनका श्रम सफल है। शुभम् भूयात्।

—प्रकाशक

### इस युगके महान् तत्त्ववेत्ता

# श्रीमद् राजचन्द्र

जिस महापुरुषकी विश्वविहारी प्रज्ञा थी, अनेक जन्मोंमें आराधित जिसका योग था अर्थात् जन्मसे ही योगीश्वर जैसी जिसकी निरपराध वैराग्यमय दशा थी तथा सर्व जीवोंके प्रति जिसका विश्वव्यापी प्रेम था, ऐसे आश्चर्यमूर्ति महात्मा श्रीमद् राजचन्द्रका जन्म महान् तत्त्वज्ञानियोंकी परम्परारूप इस भारतभूमिके गुजरात प्रदेशान्तर्गत सौराष्ट्रके ववाणिया बंदर नामक एक शान्त रमणीय गाँवके वणिक कुटुम्बमें विक्रम संवत् १९२४ ( ईस्वी सन् १८६७ ) की कार्तिकी पूर्णिमा रविवारको रात्रिके दो बजे हुआ था। इनके पिताका नाम श्री रवजीभाई पंचाणभाई मेहता और माताका नाम श्री देवबाई था। इनके एक छोटा भाई और चार बहनें थीं। श्रीमद्जीका प्रेम-नाम 'लक्ष्मीनन्दन' था। बादमें यह नाम बदलकर 'रायचन्द' रखा गया और भविष्यमें आप 'श्रीमद् राजचन्द्र' के नामसे प्रसिद्ध हुए।

**बाल्यावस्था, समुच्चय वयचर्या**


श्रीमद्जीके पितामह श्रीकृष्णके भक्त थे और उनकी माताजी देवबाई जैनसंस्कार लाई थीं। उन सभी संस्कारोंका मिश्रण किसी अद्भुत ढंगसे गंगा-यमुनाके संगमकी भाँति हमारे बाल-महात्माके हृदयमें प्रवाहित हो रहा था। अपनी प्रौढ़ वाणीमें बाईस वर्षकी उम्रमें इस बाल्यावस्थाका वर्णन 'समुच्चयवयचर्या' नामके लेखमें उन्होंने स्वयं किया है—

"सात वर्ष तक बालवयकी खेलकूदका अत्यंत सेवन किया था। खेलकूदमें भी विजय पानेकी और राजेश्वर जैसी उच्च पदवी प्राप्त करनेकी परम अभिलाषा थी। वस्त्र पहननेकी, स्वच्छ रखनेकी, खाने-पीनेकी, सोने-बैठनेकी, सारी विदेही दशा थी; फिर भी अन्तःकरण कोमल था। वह दशा आज भी बहुत याद आती है। आजका विवेकी ज्ञान उस वयमें होता तो मुझे मोक्षके लिये विशेष अभिलाषा न रहती।

सात वर्षसे ग्यारह वर्ष तकका समय शिक्षा लेनेमें बीता। उस समय निरपराध स्मृति होनेसे एक ही बार पाठका अवलोकन करना पड़ता था। स्मृति ऐसी बलवत्तर थी कि वैसी स्मृति बहुत ही थोड़े मनुष्योंमें इस कालमें, इस क्षेत्रमें होगी। पढ़नेमें प्रमादी बहुत था। बातोंमें कुशल, खेलकूदमें रुचिवान और आनन्दी था। जिस समय शिक्षक पाठ पढ़ाता, मात्र उसी समय पढ़कर उसका भावार्थ कह देता। उस समय मुझमें प्रीति—सरल वात्सल्यता—बहुत थी। सबसे ऐक्य चाहता; सबमें भ्रातृभाव हो तभी सुख, इसका मुझे स्वाभाविक ज्ञान था। उस समय कल्पित बातें करनेकी मुझे बहुत आदत थी। आठवें वर्षमें मैंने कविता की थी; जो बादमें जाँचने पर समाप थी।

अभ्यास इतनी त्वरासे कर सका था कि जिस व्यक्तिने मुझे प्रथम पुस्तकका बोध देना आरम्भ किया था उसीको गुजराती शिक्षण भली-भाँति प्राप्त कर उसी पुस्तकका पुनः मैंने बोध किया था।

मेरे पितामह कृष्णकी भक्ति करते थे। उनसे उस वयमें कृष्णकीर्तनके पद मैंने सुने थे तथा भिन्न-भिन्न अवतारोंके संबंधमें चमत्कार सुने थे, जिससे मुझे भक्तिके साथ-साथ उन अवतारोंमें प्रीति हो गई थी, और रामदासजी नामके साधुके पास मैंने बाल-लीलामें कंठी बँधवाई थी।······उनके सम्प्रदायके महन्त होवें,



श्रीमद् राजचंद्र

जन्म : ववाणिया
वि. सं. १९२४ कार्तिक पूर्णिमा, रविवार

देहविलय : राजकोट
वि. सं. १९५७ चैत्र वद ५, मंगलवार

जगह-जगह पर चमत्कारसे हरिकथा करते होवें और त्यागी होवें तो कितना आनन्द आये ? यही कल्पना हुआ करती; तथा कोई वैभवी भूमिका देखता कि समर्थ वैभवशाली होनेकी इच्छा होती।''''गुजराती भाषाकी वाचनमालामें जगतकर्त्ता सम्बन्धी कितने ही स्थलोंमें उपदेश किया है वह मुझे दृढ़ हो गया था, जिससे जैन लोगोंके प्रति मुझे बहुत जुगुप्सा आती थी''''तथा उस समय प्रतिमाके अश्रद्धालु लोगोंकी क्रियाएँ मेरे देखनेमें आई थीं, जिससे वे क्रियाएँ मलिन लगनेसे मैं उनसे डरता था अर्थात् वे मुझे प्रिय न थीं।

लोग मुझे पहलेसे ही समर्थ शक्तिशाली और गाँवका नामांकित विद्यार्थी मानते थे, इसलिए मैं अपनी प्रशंसाके कारण जानबूझकर वैसे मंडलमें बैठकर अपनी चपल शक्ति दर्शानेका प्रयत्न करता। कंठीके लिए बार-बार वे मेरी हास्यपूर्वक टीका करते; फिर भी मैं उनसे वाद करता और उन्हें समझानेका प्रयत्न करता। परन्तु धीरे-धीरे मुझे उनके ( जैनके ) प्रतिक्रमणसूत्र इत्यादि पुस्तकें पढ़नेके लिए मिलीं; उनमें बहुत विनयपूर्वक जगतके सब जीवोंसे मित्रता चाही है। अतः मेरी प्रीति इसमें भी हुई और उसमें भी रही। धीरे-धीरे यह प्रसंग बढ़ा। फिर भी स्वच्छ रहनेके तथा दूसरे आचार-विचार मुझे वैष्णवोंके प्रिय थे और जगतकर्त्ताकी श्रद्धा थी। उस अरसेमें कंठी टूट गई; इसलिए उसे फिरसे मैंने नहीं बाँधा। उस समय बाँधने, न बाँधनेका कोई कारण मैंने ढूँढ़ा नहीं था। यह मेरी तेरह वर्षकी वयचर्या है। फिर मैं अपने पिताकी दूकान पर बैठता और अपने अक्षरोंकी छटाके कारण कच्छ-दरबारके उतारे पर मुझे लिखनेके लिए बुलाते तब मैं वहाँ जाता। दूकान पर मैंने नाना प्रकारकी लीला-लहर की है; अनेक पुस्तकें पढ़ी हैं, राम इत्यादिके चरित्रों पर कविताएँ रची हैं; सांसारिक तृष्णाएँ की हैं, फिर भी मैंने किसीको न्यून-अधिक दाम नहीं कहा या किसीको न्यून-अधिक तोल कर नहीं दिया, यह मुझे निश्चित याद है।" ( पत्रांक ८९ )

## जातिस्मरणज्ञान और तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति

श्रीमद्जी जिस समय सात वर्षके थे उस समय एक महत्त्वपूर्ण प्रसंग उनके जीवनमें बना। उन दिनों ववाणियामें अमीचन्द नामके एक गृहस्थ रहते थे जिनका श्रीमद्जीके प्रति बहुत प्रेम था। एक दिन साँपके काट खानेसे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। यह बात सुनकर श्रीमद्जी पितामहके पास आये और पूछा—'अमीचन्द गुजर गये क्या ?' पितामहने सोचा कि मरणकी बात सुननेसे बालक डर जायेगा, अतः उन्होंने, व्यालू कर ले, ऐसा कहकर वह बात टालनेका प्रयत्न किया। मगर श्रीमद्जी बार-बार वही सवाल करते रहे। आखिर पितामहने कहा—'हाँ, यह बात सच्ची है।' श्रीमद्जीने पूछा—'गुजर जानेका अर्थ क्या ?' पितामहने कहा—'उसमेंसे जीव निकल गया, और अब वह चल-फिर या बोल नहीं सकेगा; इसलिए उसे तालाबके पासके स्मशानमें जला देंगे।' श्रीमद्जी थोड़ी देर घरमें इधर-उधर घूमकर छिपे-छिपे तालाब पर गये और तटवर्ती दो शाखावाले बबूल पर चढ़ कर देखा तो सचमुच चिता जल रही थी। कितने ही मनुष्य आसपास बैठे हुए थे। यह देखकर उन्हें विचार आया कि ऐसे मनुष्यको जला देना यह कितनी क्रूरता ! ऐसा क्यों हुआ ? इत्यादि विचार करते हुए परदा हट गया; और उन्हें पूर्वभवोंकी स्मृति हो आई। फिर जब उन्होंने जूनागढ़का गढ़ देखा तब उस ( जातिस्मरणज्ञान ) में वृद्धि हुई।

इस पूर्वस्मृतिरूप ज्ञानने उनके जीवनमें प्रेरणाका अपूर्व नवीन अध्याय जोड़ा। इसीके प्रतापसे उन्हें छोटी उम्रसे वैराग्य और विवेककी प्राप्ति द्वारा तत्त्वबोध हुआ। पूर्वभवके ज्ञानसे आत्माकी श्रद्धा निश्चल हो गई। संवत् १९४९, कार्तिक वद १२ के एक पत्रमें लिखते हैं—"पुनर्जन्म है—जरूर है। इसके लिए 'मैं' अनुभवसे हाँ कहनेमें अचल हूँ। यह वाक्य पूर्वभवके किसी योगका स्मरण होते समय सिद्ध हुआ लिखा है। जिसने पुनर्जन्मादि भाव किये हैं, उस पदार्थको किसी प्रकारसे जानकर यह वाक्य लिखा गया है।" (पत्रांक ४२४)

एक अन्य पत्रमें लिखते हैं—"कितने ही निर्णयोंसे मैं यह मानता हूँ कि इस कालमें भी कोई-कोई महात्मा गतभवको जातिस्मरणज्ञानसे जान सकते हैं; यह जानना कल्पित नहीं किंतु सम्यक् (यथार्थ) होता है ! उत्कृष्ट संवेग, ज्ञानयोग और सत्संगसे भी यह ज्ञान प्राप्त होता है अर्थात् पूर्वभव प्रत्यक्ष अनुभवमें आ जाता है । जब तक पूर्वभव अनुभवगम्य न हो तब तक आत्मा भविष्यकालके लिए सशंकित धर्मप्रयत्न किया करता है; और ऐसा सशंकित प्रयत्न योग्य सिद्धि नहीं देता ।" (पत्रांक ६४)

**अवधान-प्रयोग, स्पर्शनशक्ति**

वि० सं० १९४० से श्रीमद्‌जी अवधान-प्रयोग करने लगे थे । धीरे-धीरे वे *शतावधान तक पहुँच गये थे । जामनगरमें बारह और सोलह अवधान करने पर उन्हें 'हिन्दका हीरा' ऐसा उपनाम मिला था । वि० सं० १९४३ में १९ वर्षकी उम्रमें उन्होंने बम्बईकी एक सार्वजनिक सभामें डॉ० पिटर्सनकी अध्यक्षतामें शतावधानका प्रयोग दिखाकर बड़े-बड़े लोगोंको आश्चर्यमें डाल दिया था । उस समय उपस्थित जनताने उन्हें 'सुवर्णचन्द्रक' प्रदान किया था और 'साक्षात् सरस्वती' की उपाधिसे सम्मानित किया था ।

श्रीमद्‌जीकी स्पर्शनशक्ति भी अत्यन्त विलक्षण थी । उपरोक्त सभामें उन्हें भिन्न-भिन्न प्रकारके बारह ग्रन्थ दिये गये और उनके नाम भी उन्हें पढ़ कर सुना दिये गये । बादमें उनकी आँखोंपर पट्टी बाँध कर जो-जो ग्रन्थ उनके हाथ पर रखे गये उन सब ग्रन्थोंके नाम हाथोंसे टटोलकर उन्होंने बता दिये ।

श्रीमद्‌जीकी इस अद्भुत शक्तिसे प्रभावित होकर तत्कालीन बंबई हाईकोर्टके मुख्य न्यायाधीश सर चार्ल्स सारजन्टने उन्हें यूरोपमें जाकर वहाँ अपनी शक्तियाँ प्रदर्शित करनेका अनुरोध किया, परन्तु उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया । उन्हें कीर्त्तिकी इच्छा न थी, बल्कि ऐसी प्रवृत्ति आत्मोन्नतिमें बाधक और सन्मार्ग-रोधक प्रतीत होनेसे प्रायः बीस वर्षकी उम्रके बाद उन्होंने अवधान-प्रयोग नहीं किये ।

**महात्मा गांधीने कहा था**

महात्मा गांधीजी श्रीमद्‌जीको धर्मके सम्बन्धमें अपना मार्गदर्शक मानते थे । वे लिखते हैं—

"मुझ पर तीन पुरुषोंने गहरा प्रभाव डाला है—टालसटॉय, रस्किन और रायचन्दभाई । टालसटॉयने अपनी पुस्तकों द्वारा और उनके साथ थोड़े पत्रव्यवहारसे, रस्किनने अपनी एक ही पुस्तक 'अन्टु दि लास्ट' से—जिसका गुजराती नाम मैंने 'सर्वोदय' रखा है, और रायचन्दभाईने अपने गाढ़ परिचयसे । जब मुझे हिन्दुधर्ममें शंका पैदा हुई उस समय उसके निवारण करनेमें मदद करनेवाले रायचन्दभाई थे''''

जो वैराग्य (अपूर्व अवसर एवो क्यारे आवशे ? ) इस काव्यकी कड़ियोंमें झलक रहा है वह मैंने उनके दो वर्षके गाढ़ परिचयमें प्रतिक्षण उनमें देखा है । उनके लेखोंमें एक असाधारणता यह है कि उन्होंने जो अनुभव किया वही लिखा है । उसमें कहीं भी कृत्रिमता नहीं है । दूसरे पर प्रभाव डालनेके लिए एक पंक्ति भी लिखी हो ऐसा मैंने नहीं देखा ।''''

---

* शतावधान अर्थात् सौ कामोंको एक साथ करना । जैसे शतरंज खेलते जाना, मालाके मनके गिनते जाना, जोड़ बाकी गुणाकार एवं भागाकार मनमें गिनते जाना आठ नई समस्याओंकी पूर्ति करना, सोलह निर्दिष्ट नये विषयोंपर निर्दिष्ट छंदमें कविता करते जाना, सोलह भाषाओंके अनुक्रमविहीन चार सौ शब्द कर्ताकर्मसहित पुनः अनुक्रमबद्ध कह सुनाना, कतिपय अलंकारोंका विचार, दो कोठोंमें लिखे हुए उल्टे-सीधे अक्षरोंसे कविता करते जाना इत्यादि । एक जगह ऊँचे आसनपर बैठकर इन सब कामोंमें मन और दृष्टिको प्रेरित करना, लिखना नहीं या दुबारा पूछना नहीं और सभी स्मरणमें रख कर इन सौ कामोंको पूर्ण करना । श्रीमद्‌जी लिखते हैं—"अवधान आत्मशक्तिका कार्य है यह मुझे स्वानुभवसे प्रतीत हुआ है ।" (पत्रांक १८)

खाते, बैठते, सोते, प्रत्येक क्रिया करते उनमें वैराग्य तो होता ही। किसी समय इस जगतके किसी भी वैभवमें उन्हें मोह हुआ हो ऐसा मैंने नहीं देखा।....

व्यवहारकुशलता और धर्मपरायणताका जितना उत्तम मेल मैंने कविमें देखा उतना किसी अन्यमें नहीं देखा।"

'श्रीमद् राजचन्द्र जयन्ती' के प्रसंग पर ईस्वी सन् १९२१ में गांधीजी कहते हैं—"बहुत बार कह और लिख गया हूँ कि मैंने बहुतोंके जीवनमेंसे बहुत कुछ लिया है। परन्तु सबसे अधिक किसीके जीवनमेंसे मैंने ग्रहण किया हो तो वह कवि (श्रीमद्जी) के जीवनमेंसे है। दयाधर्म भी मैंने उनके जीवनमेंसे सीखा है।.... खून करनेवालेसे भी प्रेम करना यह दयाधर्म मुझे कविने सिखाया है।"

## गृहस्थाश्रम

वि० सं० १९४४ माघ सुदी १२ को २० वर्षकी आयुमें श्रीमद्जीका शुभ विवाह जौहरी रेवाशंकर जगजीवनदास मेहताके बड़े भाई पोपटलालकी महाभाग्यशाली पुत्री झबकबाईके साथ हुआ था। इसमें दूसरोंकी 'इच्छा' और 'अत्यन्त आग्रह' ही कारणरूप प्रतीत होते हैं। विवाहके एकाध वर्ष बाद लिखे हुए एक लेखमें श्रीमद्जी लिखते हैं—"स्त्रीके संबंधमें किसी भी प्रकारसे रागद्वेष रखनेकी मेरी अंशमात्र इच्छा नहीं है। परन्तु पूर्वोपार्जनसे इच्छाके प्रवर्तनमें अटका हूँ।" (पत्रांक ७८)

सं० १९४६ के पत्रमें लिखते हैं—"तत्त्वज्ञानकी गुप्त गुफाका दर्शन करनेपर गृहाश्रमसे विरक्त होना अधिकतर सूझता है।" (पत्रांक ११३)

श्रीमद्जी गृहवासमें रहते हुए भी अत्यन्त उदासीन थे। उनकी मान्यता थी—"कुटुंबरूपी काजलकी कोठड़ीमें निवास करनेसे संसार बढ़ता है। उसका कितना भी सुधार करो, तो भी एकान्तवाससे जितना संसारका क्षय हो सकता है उसका शतांश भी उस काजलकी कोठड़ीमें रहनेसे नहीं हो सकता, क्योंकि वह कषायका निमित्त है और अनादिकालसे मोहके रहनेका पर्वत है।" (पत्रांक १०३) फिर भी इस प्रतिकूलतामें वे अपने परिणामोंकी पूरी सम्भाल रखकर चले।

## सफल एवं प्रामाणिक व्यापारी

श्रीमद्जी २१ वर्षकी उम्रमें व्यापारार्थ ववाणियासे बंबई आये और सेठ रेवाशंकर जगजीवनदासकी दुकानमें भागीदार रहकर जवाहिरातका व्यापार करने लगे। व्यापार करते हुए भी उनका लक्ष्य आत्माकी ओर अधिक था। व्यापारसे अवकाश मिलते ही श्रीमद्जी कोई अपूर्व आत्मविचारणामें लीन हो जाते थे। ज्ञानयोग और कर्मयोगका इनमें यथार्थ समन्वय देखा जाता था। श्रीमद्जीके भागीदार श्री माणेकलाल घेलाभाईने अपने एक वक्तव्यमें कहा था—"व्यापारमें अनेक प्रकारकी कठिनाइयाँ आती थीं, उनके सामने श्रीमद्जी एक अडोल पर्वतके समान टिके रहते थे। मैंने उन्हें जड़ वस्तुओंकी चिंतासे चिंतातुर नहीं देखा। वे हमेशा शान्त और गम्भीर रहते थे।"

जवाहिरातके साथ मोतीका व्यापार भी श्रीमद्जीने शुरू किया था और उसमें वे सभी व्यापारियोंमें अधिक विश्वासपात्र माने जाते थे। उस समय एक अरब अपने भाईके साथ मोतीकी आढ़तका धन्धा करता था। छोटे भाईके मनमें आया कि आज मैं भी बड़े भाईकी तरह बड़ा व्यापार करूँ। दलालने उसकी श्रीमद्जीसे भेंट करा दी। उन्होंने कस कर माल खरीदा। पैसे लेकर अरब घर पहुँचा तो उसके बड़े भाईने पत्र दिखाकर कहा कि वह माल अमुक किमतके बिना नहीं बेचनेकी शर्त की है और तूने यह क्या किया? यह सुनकर वह घबराया और श्रीमद्जीके पास जाकर गिड़गिड़ाने लगा कि मैं ऐसी आफतमें आ पड़ा हूँ।

श्रीमद्जीने तुरन्त माल वापस कर दिया और पैसे गिन लिये। मानो कोई सौदा किया ही न था ऐसा समझकर होनेवाले बहुत नफेको जाने दिया। वह अरब श्रीमद्जीको खुदाके समान मानने लगा।

इसी प्रकारका एक दूसरा प्रसंग उनके करुणामय और निःस्पृही जीवनका ज्वलंत उदाहरण है। एक बार एक व्यापारीके साथ श्रीमद्जीने हीरोंका सौदा किया कि अमुक समयमें निश्चित किये हुए भावसे वह व्यापारी श्रीमद्जीको अमुक हीरे दे। उस विषयका दस्तावेज भी हो गया। परन्तु हुआ ऐसा कि मुद्दतके समय भाव बहुत बढ़ गये। श्रीमद्जी खुद उस व्यापारीके यहाँ जा पहुँचे और उसे चिन्तामग्न देखकर वह दस्तावेज फाड़ डाला और बोले—"भाई, इस चिट्ठी ( दस्तावेज ) के कारण तुम्हारे हाथ-पाँव बँधे हुए थे। बाजार भाव बढ़ जानेसे तुमसे मेरे साठ-सत्तर हजार रुपये लेने निकलते हैं, परन्तु मैं तुम्हारी स्थिति समझ सकता हूँ। इतने अधिक रुपये मैं तुमसे ले लूँ तो तुम्हारी क्या दशा हो? परन्तु राजचन्द्र दूध पी सकता है, खून नहीं।" वह व्यापारी कृतज्ञभावसे श्रीमद्जीकी ओर स्तब्ध होकर देखता ही रह गया।

### भविष्यवक्ता, निमित्तज्ञानी

श्रीमद्जीका ज्योतिष-संबंधी ज्ञान भी प्रखर था। वे जन्मकुंडली, वर्षफल एवं अन्य चिह्न देख कर भविष्यकी सूचना कर देते थे। श्री जूठाभाई ( एक मुमुक्षु ) के मरणके बारेमें उन्होंने सवा दो मास पूर्व स्पष्ट बता दिया था। एक बार सं० १५५५ की चैत्र वदी ८ को मोरबीमें दोपहरके ४ बजे पूर्व दिशाके आकाशमें काले बादल देखे और उन्हें दुष्काल पड़नेका निमित्त जानकर उन्होंने कहा—"ऋतुको सन्निपात हुआ है।" तदनुसार सं० १९५५ का चौमासा कोरा रहा और सं० १९५६ में भयंकर दुष्काल पड़ा। श्रीमद्जी दूसरेके मनकी बातको भी सरलतासे जान लेते थे। यह सब उनकी निर्मल आत्मशक्तिका प्रभाव था।

### कवि-लेखक

श्रीमद्जीमें, अपने विचारोंकी अभिव्यक्ति पद्यरूपमें करनेकी सहज क्षमता थी। उन्होंने 'स्त्रीनीति-बोधक', 'सद्बोधशतक', 'आर्यप्रजानी पडती', 'हुन्नरकला वधारवा विषे' आदि अनेक कविताएँ केवल आठ वर्षकी वयमें लिखी थीं। नौ वर्षकी आयुमें उन्होंने रामायण और महाभारतकी भी पद्य-रचना की थी जो प्राप्त न हो सकी। इसके अतिरिक्त जो उनका मूल विषय आत्मज्ञान था उसमें उनकी अनेक रचनाएँ हैं। प्रमुखरूपसे 'आत्मसिद्धि', 'अमूल्य तत्त्वविचार', 'भक्तिना वीस दोहरा', 'परमपदप्राप्तिनी भावना ( अपूर्व अवसर )', 'मूलमार्ग-रहस्य', 'तृष्णानी विचित्रता' हैं।

'आत्मसिद्धि-शास्त्र'के १४२ दोहोंकी रचना तो श्रीमद्जीने मात्र डेढ़ घंटेमें नड़ियादमें आश्विन वदी १ ( गुजराती ) सं० १९५२ को २९ वर्षकी उम्रमें की थी। इसमें सम्यग्दर्शनके कारणभूत छः पदोंका बहुत ही सुन्दर पक्षपातरहित वर्णन किया है। यह कृति नित्य स्वाध्यायकी वस्तु है। इसके अंग्रेजीमें भी गद्य पद्यात्मक अनुवाद प्रगट हो चुके हैं।

गद्य-लेखनमें श्रीमद्जीने 'पुष्पमाला', 'भावनाबोध' और 'मोक्षमाला'की रचना की। इसमें 'मोक्ष-माला' तो उनकी अत्यन्त प्रसिद्ध रचना है जिसे उन्होंने १६ वर्ष ५ मासकी आयुमें मात्र तीन दिनमें लिखी थी। इसमें १०८ शिक्षापाठ हैं। आज तो इतनी आयुमें शुद्ध लिखना भी नहीं आता जब कि श्रीमद्जीने एक अपूर्व पुस्तक लिख डाली। पूर्वभवका अभ्यास ही इसमें कारण था। 'मोक्षमाला'के संबंधमें श्रीमद्जी लिखते हैं—"जैनधर्मको यथार्थ समझानेका उसमें प्रयास किया है; जिनोक्त मार्गसे कुछ भी न्यूनाधिक उसमें नहीं कहा है। वीतराग मार्गमें आबालवृद्धकी रुचि हो, उसके स्वरूपको समझे तथा उसके बीजका हृदयमें रोपण हो, इस हेतुसे इसकी बालावबोधरूप योजना की है।"

श्री कुन्दकुन्दाचार्यके 'पंचास्तिकाय' ग्रंथकी मूल गाथाओंका श्रीमद्जीने अविकल ( अक्षरशः ) गुजराती अनुवाद भी किया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने श्री आनन्दघनजीकृत चौबीसीका अर्थ लिखना भी प्रारम्भ किया था, और उसमें प्रथम दो स्तवनोंका अर्थ भी किया था; पर वह अपूर्ण रह गया है। फिर भी इतने से, श्रीमद्जीकी विवेचन शैली कितनी मनोहर और तलस्पर्शी है उसका ख्याल आ जाता है। सूत्रोंका यथार्थ अर्थ समझने-समझानेमें श्रीमद्जीकी निपुणता अजोड़ थी।

**मतमतान्तरके आग्रहसे दूर**

श्रीमद्जी की दृष्टि बड़ी विशाल थी। वे रूढ़ि या अन्धश्रद्धाके कट्टर विरोधी थे। वे मतमतान्तर और कदाग्रहादिसे दूर रहते थे, वीतरागताकी ओर ही उनका लक्ष्य था। उन्होंने आत्मधर्मका ही उपदेश दिया। इसी कारण आज भी भिन्न-भिन्न सम्प्रदायवाले उनके वचनोंका रुचिपूर्वक अभ्यास करते हुए देखे जाते हैं।

श्रीमद्जी लिखते हैं—

"मूलतत्त्वमें कहीं भी भेद नहीं है, मात्र दृष्टिका भेद है ऐसा मानकर आशय समझकर पवित्र धर्ममें प्रवृत्ति करना।" ( पुष्पमाला—१४ )

"तू चाहे जिस धर्मको मानता हो इसका मुझे पक्षपात नहीं, मात्र कहनेका तात्पर्य यही कि जिस मार्गसे संसारमलका नाश हो उस भक्ति, उस धर्म और उस सदाचारका तू सेवन कर।" (पुष्पमाला—१५)

"दुनिया मतभेदके बन्धनसे तत्त्व नहीं पा सकी।" ( पत्रांक—२७ )

"जहाँ तहाँसे रागद्वेषरहित होना ही मेरा धर्म है ···मैं किसी गच्छमें नहीं हूँ, परन्तु आत्मामें हूँ यह मत भूलियेगा।" ( पत्रांक—३७ )

श्रीमद्जी ने प्रीतम, अखा, छोटम, कबीर, सुन्दरदास, सहजानन्द, मुक्तानन्द, नरसिंह मेहता आदि सन्तोंकी वाणीको जहाँ-तहाँ आदर दिया है और उन्हें मार्गानुसारी जीव ( तत्त्वप्राप्तिके योग्य आत्मा ) कहा है। फिर भी अनुभवपूर्वक उन्होंने जैनशासनकी उत्कृष्टताको स्वीकार किया है—

"श्रीमत् वीतराग भगवन्तोंका निश्चितार्थ किया हुआ ऐसा अचिन्त्य चिन्तामणिस्वरूप, परम-हितकारी, परम अद्भुत, सर्व दुःखका निःसंशय आत्यन्तिक क्षय करनेवाला, परम अमृतस्वरूप ऐसा सर्वोत्कृष्ट शाश्वत धर्म जयवन्त वर्तो, त्रिकाल जयवन्त वर्तो। उस श्रीमत् अनन्तचतुष्टयस्थित भगवानका और उस जयवन्त धर्मका आश्रय सदैव कर्तव्य है।" ( पत्रांक—८४३ )

**परम वीतरागदशा**

श्रीमद्जीकी परम विदेही दशा थी। वे लिखते हैं—

"एक पुराणपुरुष और पुराणपुरुषकी प्रेमसम्पत्ति सिवाय हमें कुछ रुचिकर नहीं लगता; हमें किसी पदार्थमें रुचिमात्र रही नहीं है····हम देहधारी हैं या नहीं—यह याद करते हैं तब मुश्केलीसे जान पाते हैं।" ( पत्रांक—२५५ )

"देह होते हुए भी मनुष्य पूर्ण वीतराग हो सकता है ऐसा हमारा निश्चल अनुभव है। क्योंकि हम भी अवश्य उसी स्थितिको पानेवाले हैं, ऐसा हमारा आत्मा अखण्डतासे कहता है और ऐसा ही है, जरूर ऐसा ही है।" ( पत्रांक—३३४ )

"मान लें कि चरमशरीरीपन इस कालमें नहीं है, तथापि अशरीरी भावसे आत्मस्थिति है तो वह भावनयसे चरमशरीरीपन नहीं, अपितु सिद्धत्व है; और यह अशरीरीभाव इस कालमें नहीं है ऐसा यहाँ कहें तो इस कालमें हम खुद नहीं हैं, ऐसा कहने तुल्य है।" ( पत्रांक—४११ )

अहमदाबादमें आगाखानके बँगलेपर श्रीमद्‌जीने श्री लल्लुजी तथा श्री देवकरणजी मुनिको बुलाकर अन्तिम सूचना देते हुए कहा था—"हमारेमें और वीतरागमें भेद न मानियेगा।"

## एकान्तचर्या, परमनिवृत्तिरूप कामना

मोहमयी ( बम्बई ) नगरीमें व्यापारिक काम करते हुए भी श्रीमद्‌जी ज्ञानाराधना तो करते ही रहते थे और पत्रों द्वारा मुमुक्षुओंकी शंकाओंका समाधान करते रहते थे; फिर भी बीच-बीचमें पेढ़ीसे विशेष अवकाश लेकर वे एकान्त स्थान, जंगल या पर्वतोंमें पहुँच जाते थे। मुख्यरूपसे वे खंभात, वडवा, काविठा, उत्तरसंडा, नडियाद, वसो, राळज और ईडरमें रहे थे। वे किसी भी स्थान पर बहुत गुप्तरूपसे जाते थे, फिर भी उनकी सुगन्धी छिप नहीं पाती थी। अनेक जिज्ञासु-भ्रमर उनके सत्समागमका लाभ पानेके लिए पीछे-पीछे कहीं भी पहुँच ही जाते थे। ऐसे प्रसंगों पर हुए बोधका यत्किंचित् संग्रह 'श्रीमद् राजचन्द्र' ग्रन्थमें 'उपदेशछाया', 'उपदेशनोंध' और 'व्याख्यानसार' के नामसे प्रकाशित हुआ है।

यद्यपि श्रीमद्‌जी गृहवास-व्यापारादिमें रहते हुए भी विदेहोवत् थे, फिर भी उनका अन्तरङ्ग सर्व-संगपरित्याग कर निर्ग्रन्थदशाके लिए छटपटा रहा था। एक पत्रमें वे लिखते हैं—"भरतजीको हिरनके संग-से जन्मकी वृद्धि हुई थी और इस कारणसे जड़भरतके भवमें असंग रहे थे। ऐसे कारणोंसे मुझे भी असंगता बहुत ही याद आती है; और कितनी ही बार तो ऐसा हो जाता है कि उस असंगताके बिना परम दुःख होता है। यम अन्तकालमें प्राणीको दुःखदायक नहीं लगता होगा, परन्तु हमें संग दुःखदायक लगता है।" ( पत्रांक २१७ )

फिर हाथनोंधमें वे लिखते हैं—"सर्वसंग महास्रवरूप श्री तीर्थंकरने कहा है सो सत्य है। ऐसी मिश्रगुणस्थानक जैसी स्थिति कहाँ तक रखनी? जो बात चित्तमें नहीं सो करनी; और जो चित्तमें है उसमें उदास रहना ऐसा व्यवहार किस प्रकारसे हो सकता है? वैश्यवेषमें और निर्ग्रन्थभावसे रहते हुए कोटि-कोटि विचार हुआ करते हैं।" ( हाथनोंध १—३८ ) "आकिंचन्यतासे विचरते हुए एकान्त मौनसे जिनसदृश ध्यानसे तन्मयात्मस्वरूप ऐसा कब होऊँगा?" ( हाथनोंध १—८७ )

संवत् १९५६ में अहमदाबादमें श्रीमद्‌जीने श्री देवकरणजी मुनिसे कहा था—"हमने सभामें स्त्री और लक्ष्मी दोनोंका त्याग किया है, और सर्वसंगपरित्यागकी आज्ञा माताजी देंगी ऐसा लगता है।" और तदनुसार उन्होंने सर्वसंगपरित्यागरूप दीक्षा धारण करनेकी अपनी माताजीसे अनुज्ञा भी ले ली थी। परन्तु उनका शारीरिक स्वास्थ्य दिन-पर-दिन बिगड़ता गया। ऐसे ही अवसर पर किसीने उनसे पूछा—"आपका शरीर कृश क्यों होता जाता है?" श्रीमद्‌जीने उत्तर दिया—"हमारे दो बगीचे हैं, शरीर और आत्मा। हमारा पानी आत्मारूपी बगीचेमें जाता है, इससे शरीररूपी बगीचा सूख रहा है।" अनेक उपचार करने पर भी स्वास्थ्य ठीक नहीं हुआ। अन्तिम दिनोंमें एक पत्रमें लिखते हैं—"अत्यन्त त्वरासे प्रवास पूरा करना था, वहाँ बीचमें सेहराका मरुस्थल आ गया। सिर पर बहुत बोझ था उसे आत्मवीर्यसे जिस प्रकार अल्प-कालमें सहन कर लिया जाय उस प्रकार प्रयत्न करते हुए, पैरोंने निकाचित उदयरूप थकान ग्रहण की। जो स्वरूप है वह अन्यथा नहीं होता यही अद्भुत आश्चर्य है। अव्याबाध स्थिरता है।" ( पत्रांक ९५१ )

## अन्त समय

स्थिति और भी गिरती गई। शरीरका वजन १३२ पौंडसे घटकर मात्र ४३ पौंड रह गया। शायद उनका अधिक जीवन कालको पसन्द नहीं था। देहत्यागके पहले दिन शामको अपने छोटे भाई मनसुखलाल

आदिसे कहा—"तुम निश्चिन्त रहना। यह आत्मा शाश्वत है। अवश्य विशेष उत्तम गतिको प्राप्त होनेवाला है। तुम शान्ति और समाधिपूर्वक रहना। जो रत्नमय ज्ञानवाणी इस देहके द्वारा कही जा सकनेवाली थी उसे कहनेका समय नहीं है। तुम पुरुषार्थ करना।" रात्रिको ढाई बजे वे फिर बोले—"निश्चिन्त रहना, भाईका समाधिमरण है।" अवसानके दिन प्रातः पौने नौ बजे कहा—"मनसुख, दुःखी न होना। मैं अपने आत्मस्वरूपमें लीन होता हूँ।" फिर वे नहीं बोले। इस प्रकार पाँच घंटे तक समाधिमें रहकर संवत् १९५७ की चैत्र वदी ५ ( गुजराती ) मंगलवारको दोपहरके दो बजे राजकोटमें इस नश्वर शरीरका त्याग करके उत्तम गतिको प्राप्त हुए। भारतभूमि एक अनुपम तत्त्वज्ञानी सन्तको खो बैठी। उनके देहावसानके समाचारसे मुमुक्षुओंमें अत्यन्त शोकके बादल छा गये। जिन-जिन पुरुषोंको जितने प्रमाणमें उन महात्माकी पहचान हुई थी उतने प्रमाणमें उनका वियोग उन्हें अनुभूत हुआ था।

## उनकी स्मृतिमें शास्त्रमालाकी स्थापना

वि० सं० १९५६ में भादों मासमें परम सत्श्रुतके प्रचार हेतु बम्बईमें श्रीमद्जीने परमश्रुतप्रभावकमण्डलकी स्थापना की थी। श्रीमद्जीके देहोत्सर्गके बाद उनकी स्मृतिस्वरूप 'श्री रायचन्द्रजैनग्रन्थमाला' की स्थापना की गई जिसके अन्तर्गत दोनों सम्प्रदायोंके अनेक सद्ग्रन्थोंका प्रकाशन हुआ है जो तत्त्वविचारकोंके लिए इस दुषमकालको बितानेमें परम उपयोगी और अनन्य आधाररूप है। महात्मा गांधीजी इस संस्थाके ट्रस्टी और श्री रेवाशंकर जगजीवनदास मुख्य कार्यकर्त्ता थे। श्री रेवाशंकरके देहोत्सर्ग बाद संस्थामें कुछ शिथिलता आ गई परन्तु अब उस संस्थाका काम श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम अगासके ट्रस्टियोंने सम्भाल लिया है और सुचारुरूपसे पूर्वानुसार सभी कार्य चल रहा है।

## श्रीमद्जीके स्मारक

श्रीमद्जीके अनन्य भक्त आत्मनिष्ठ श्री लघुराजस्वामी (श्री लल्लुजी मुनि) की प्रेरणासे श्रीमद्जीके स्मारकके रूपमें और भक्तिधामके रूपमें वि० सं० १९७६ की कार्तिकी पूर्णिमाको अगास स्टेशनके पास 'श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम' की स्थापना हुई थी। श्री लघुराज स्वामीके चौदह चातुर्मासोंसे पावन हुआ यह आश्रम आज बढ़ते-बढ़ते गोकुल-सा गाँव बन गया है। श्री स्वामीजी द्वारा योजित सत्संगभक्तिका क्रम आज भी यहाँ पर उनकी आज्ञानुसार चल रहा है। धार्मिक जीवनका परिचय करानेवाला यह उत्तम तीर्थ बन गया है। संक्षेपमें यह तपोवनका नमूना है। श्रीमद्जीके तत्त्वज्ञानपूर्ण साहित्यका भी मुख्यतः यहींसे प्रकाशन होता है। इस प्रकार यह श्रीमद्जीका मुख्य जीवंत स्मारक है।

इसके अतिरिक्त वर्तमानमें निम्नलिखित स्थानोंपर श्रीमद् राजचन्द्र मंदिर आदि संस्थाएँ स्थापित हैं जहाँ पर मुमुक्षु-बन्धु मिलकर आत्म-कल्याणार्थ वीतराग-तत्त्वज्ञानका लाभ उठाते हैं—ववाणिया, राजकोट, मोरबी, वडवा, खंभात, काविठा, सीमरडा, वडाली, भादरण, नार, सुणाव, नरोडा, सडोदरा, धामण, अहमदाबाद, ईडर, सुरेन्द्रनगर, वसो, वटामण, उत्तरसंडा, बोरसद, बम्बई ( घाटकोपर एवं चौपाटी ), देवलाली, बैंगलोर, इन्दोर, आहोर (राजस्थान), मोम्बासा (आफ्रिका) इत्यादि।

## अन्तिम प्रशस्ति

आज उनका पार्थिव देह हमारे बीच नहीं है मगर उनका अक्षरदेह तो सदाके लिए अमर है। उनके मूल पत्रों तथा लेखोंका संग्रह गुर्जरभाषामें 'श्रीमद् राजचन्द्र' ग्रन्थमें प्रकाशित हो चुका है (जिसका हिन्दी अनुवाद भी प्रगट हो चुका है) वही मुमुक्षुओंके लिए मार्गदर्शक और अवलम्बनरूप है। एक-एक पत्रमें कोई

अपूर्व रहस्य भरा हुआ है। उसका मर्म समझनेके लिये संतसमागमकी विशेष आवश्यकता है। इन पत्रोंमें श्रीमद्‌जीका पारमार्थिक जीवन जहाँ-तहाँ दृष्टिगोचर होता है। इसके अलावा उनके जीवनके अनेक प्रेरक प्रसंग जानने योग्य हैं, जिसका विशद वर्णन श्रीमद् राजचंद्र आश्रम प्रकाशित 'श्रीमद् राजचंद्र जीवनकला' में किया हुआ है ( जिसका हिंदी अनुवाद भी प्रकट हो चुका है )। यहाँ पर तो स्थानाभावसे उस महान् विभूतिके जीवनका विहगावलोकनमात्र किया गया है।

श्रीमद् लघुराजस्वामी (श्री प्रभुश्री जी) 'श्री सद्‌गुरुप्रसाद' ग्रंथकी प्रस्तावनामें श्रीमद्‌के प्रति अपना हृदयोद्‌गार इन शब्दोंमें प्रकट करते हैं—• "अपरमार्थमें परमार्थके दृढ आग्रहरूप अनेक सूक्ष्म भूलभूलैयोंके प्रसंग दिखाकर, इस दासके दोष दूर करनेमें इन आप्त पुरुषका परम सत्संग और उत्तम बोध प्रबल उपकारक बने हैं··· संजीवनी औषध समान मृतको जीवित करें, ऐसे उनके प्रबल पुरुषार्थ जागृत करनेवाले वचनोंका माहात्म्य विशेष विशेष भासमान होनेके साथ ठेठ मोक्षमें ले जाय ऐसी सम्यक् समझ (दर्शन) उस पुरुष और उसके बोधकी प्रतीतिसे प्राप्त होती है; वे इस दुषम कलिकालमें आश्चर्यकारी अवलम्बन हैं। परम माहात्म्यवंत सद्‌गुरु श्रीमद् राजचंद्रदेवके वचनोंमें तल्लीनता, श्रद्धा जिसे प्राप्त हुई है या होगी उसका महद् भाग्य है। वह भव्य जीव अल्पकालमें मोक्ष पाने योग्य है।"

ऐसे महात्माको हमारे अगणित वन्दन हों!



# प्राक्कथन

लगभग ७ वर्ष पूर्व मैंने श्री पं० बाबूलालजी फागुल्लके माध्यमसे श्री पं० बाबूलालजी गोयलीय अगासके विशेष अनुरोधवश श्री लब्धिसारके सम्पादनका कार्य हाथमें लिया था। मैं चाहता था कि इस कार्यको यथासम्भव शीघ्र सम्पन्न करके श्री जयधवलाके अवशिष्ट रहे कार्यको सम्पन्न करनेमें लगूँ, ताकि दूसरे कार्योंकी ओर भी ध्यान दे सकूँ। किन्तु जब इच्छा और होनहारमें सुमेल नहीं होता तब चाहकर भी अप्रशस्त कार्यको तो छोड़िये प्रशस्त कार्य भी सम्पन्न नहीं हो सकता। होनहार वस्तुगत योग्यता है। प्रयत्न और बाह्य योग उसीका अनुसरण करते हैं यह सहज सिद्ध नियम है। प्रधानतासे किसी एककी अपेक्षा कथन किया जाय यह दूसरी बात है।

मुद्रित ग्रन्थकी दृष्टिसे १४ फार्म तकका काम सम्पन्न करते-करते मुझे स्थायीरूपसे चारपाईकी शरण लेनी पड़ी है। उससे पूरी तरह छुटकारा अभीतक नहीं मिल सका है। फिर भी मेरा साहित्यिक-जीवन स्थायी होनेसे ऐसी अवस्थामें भी यथासम्भव मैं २-३ वर्षसे इस कार्यमें पुनः योगदान करने लगा हूँ। उसीका परिणाम है कि अब शीघ्र ही लब्धिसार परमागम स्वाध्यायके लिये सुलभ हो जायगा।

मुझे सूचित किया गया था कि संस्कृत वृत्ति और सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका टीका सहित ही इसका सम्पादन होना है। आप जहाँ भी आवश्यक समझें मूल विषयको स्पष्ट करते जायें और श्री नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती ने किस मूल सिद्धान्त ग्रन्थके आधारसे इसकी संकलना की है उसे भी अपनी टिप्पणियों द्वारा स्पष्ट करते जायें। यह मेरी उक्त ग्रन्थके सम्पादनकी रूपरेखा है। अतः मैंने उक्त ग्रन्थके सम्पादनमें इस मर्यादाका पूरा ध्यान रखकर ही इसका सम्पादन किया है।

ऐसा नियम है कि प्रकाशित या अप्रकाशित जिस किसी ग्रन्थका सम्पादन किया जाय, उसका सम्पादन अनेक हस्तलिखित प्रतियोंके आधारसे करना ही उपयुक्त होता है। उसके बिना यह विश्वासपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि इसके सम्पादनमें यथासम्भव कोई त्रुटि नहीं रहने पाई है। किन्तु इसके लिये मैं प्रयत्न करनेपर भी अन्य हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध नहीं कर सका। अतः जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था कलकत्तासे प्रकाशित प्रतिके आधारसे ही इसका सम्पादन हुआ है। फिर भी कहीं-कहीं मूल गाथाके पाठमें कुछ परिवर्तन किया गया है। कुछ पाठ ये हैं—

| गाथा | मूल पाठ | मुद्रित पाठ | सं० वृ० | स० च० |
|---|---|---|---|---|
| ६७ | उदरिय | ओदरिय | × | × |
| ,, | उदीर्य | अवतीर्य | अवतीर्य | उतरि |
| ६९ | उक्कट्टिद- | ओकट्टिद | × | × |
| ,, | उत्कर्षित- | अपकर्षित- | अपकर्षण भागहार | अपकर्षण भागहार |
| ७३ | उक्कट्टिठदम्हि | अपकर्षिते | अपकर्षिते | अपकर्षण |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| २८४ | उक्कट्ठिद- | ओकड्डिद- | अपकर्षिते | अपकर्षण |
| ,, | अपकर्षित- | अपकर्षित- | अपकर्षिते | अपकर्षण |
| ४०१ | उव्वट्टणा | ओवट्टणा | × | × |
| | अतिस्थापना | अतिस्थापना | × | अतिस्थापन |
| | सूचना-यहाँ पाठ अइट्ठवणा होना चाहिये । | | | |
| ४०३ | उक्कट्ठदि | ओक्कडदि | × | × |
| ,, | उत्कृष्यन्ते | अपकृष्यन्ते | × | अपकर्षण |
| ४३७ | आवेत्त- | आजुत्त- | × | × |
| ,, | आवृत्त- | आयुक्त | (त्त) | आवृत्त |
| ४६२ | ओवट्टणिउट्टण | ओवट्टणुवट्टण | × | × |
| ,, | अपवर्तनोद्वर्तनं | अपवर्तनोद्वर्तनं | × | अपवर्तनोद्वर्तन |
| | उक्कट्टिदं | ओक्कड्डिदं | × | × |
| | अपकर्षितं | अपकर्षितं | × | अपकर्षण किया |

(२) दर्शनमोहक्षपणा अधिकारके अन्तमें टिप्पणीमें कहा गया है कि गाथा १५६ 'सम्मे असंखवस्सिय' और गाथा १६७ 'उवणेउ मंगलं वो' इन दोनों गाथाओंकी संस्कृत वृत्ति और सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका टीकाका अर्थ नहीं किया गया है। किन्तु गाथा १५६ की संस्कृत वृत्ति भी है और सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका टीकामें अर्थ भी किया गया है। मात्र १६७ गाथा पर वृत्ति और टीका दोनों नहीं हैं, अतः हिन्दीमें इस गाथाके अर्थकी पूर्ति कर दी गई है।

(३) गाथा ४७५ के उत्तरार्धमें मध्यका कुछ भाग त्रुटित है। इस बातको ध्यानमें रखकर पण्डित श्री टोडरमलजीने उत्तरार्धका अर्थ न लिखकर यह टिप्पणी की है—'इस गाथा विषैं लिखनेवालेने अक्षर केते इक न लिखे तातैं आधा गाथाका अर्थ न जानि इहाँ नाहीं लिख्या है।' अतः हमने जयधवलासे प्रकरण देखकर उक्त अंशकी पूर्ति करके 'विशेष' में पूरे गाथाके अर्थका स्पष्टीकरण कर दिया है। पूर्वकी प्रतिमें उक्त गाथा इस प्रकार है—

विदियादिसु समयेसु वि पढमं व अपुव्वफड्ढयाण विही।
णवरि य संखगुणूणं''''''''पडिसमयं।

यहाँ त्रुटित पाठ 'णिवत्तयदि' होना चाहिये ऐसा प्रकरणके अनुसार जयधवलासे समझ कर उक्त पाठकी पूर्ति कर दी है और जयधवलाके पूरे उद्धरणको टिप्पणमें दे दिया है।

अपनी प्रस्तावनामें मैंने आवश्यक विषयोंपर ही प्रकाश डाला है। इतिहास लिखना मेरा प्रयोजन नहीं था, इसलिये समयादि सम्बन्धी कुछ विषयोंको मैंने गौण कर दिया है। इतिहास अनुसन्धानका विषय है और अभी तक इसपर जो कुछ भी लिखा गया उसमेंसे कुछ मुख्य विषय अभी भी विवादके विषय बने हुए हैं। फिर भी जिन तथ्योंको आवश्यक समझा उन्हींपर मैंने विशेष प्रकाश डाला है। अस्तु,

इस ग्रन्थके सम्पादनमें मेरे सामने अनेक कठिनाइयाँ रही हैं, फिर भी किसी प्रकार इसे सम्पन्न करनेमें मैं सफल हुआ इसकी मुझे प्रसन्नता है। यह श्री पं० बाबूलालजी गोयलीय अगास और श्री बाबूलालजी फागुल्लकी निष्ठाका परिणाम है कि यह कार्य सम्पन्न हो गया। प्रूफ जैसे कष्टसाध्य कार्यको मुझे ही सम्पन्न करना पड़ा है, इसलिये अशुद्धियाँ रहना सम्भव है सो स्वाध्यायप्रेमी बन्धु उन्हें

सुधारकर ही ग्रन्थका स्वाध्याय करें। मुद्रण कार्य श्री बाबूलालजी फागुल्लकी देख-रेखमें महावीर प्रेसमें हुआ है। अतः उक्त दोनों बन्धुओंका मैं आभारी हूँ।

बी २/२४९ निर्वाण भवन
रवीन्द्रपुरी, वाराणसी–५
७–७–७९

**फूलचन्द्र शास्त्री**

# प्रस्तावना

## विषय परिचय

जैसा कि हम पहले ही लिख आये हैं, लब्धिसार ग्रन्थमें करणानुयोगके अनुसार सम्यग्दर्शन और सम्यक्‌चारित्रकी उत्पत्तिका कथन करनेके प्रसंगसे संक्षेपमें उसके फलका भी निर्देश किया गया है। उसमें भी सर्वप्रथम सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति किस विधिसे होती है यह दिखलाते हुए निमित्त भेदसे उसके तीन भेद किये गये हैं। यथा—औपशमिक सम्यग्दर्शन, क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन और क्षायिक सम्यग्दर्शन। तात्पर्य यह है कि दर्शनमोहनीयके अन्तरकरण उपशम और अनन्तानुबन्धी चतुष्कके अनुदयरूप उपशमपूर्वक मिथ्यात्वरूप पर्यायका अभाव होकर जो आत्मविशुद्धि प्राप्त होती है वह औपशमिक सम्यग्दर्शन है। उक्त सात प्रकृतियोंमेंसे छह प्रकृतियोंके क्षयोपशम और सम्यक्प्रकृतिके उदयपूर्वक जो आत्मविशुद्धि प्राप्त होती है वह क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन है तथा उक्त सातों प्रकृतियोंके क्षयपूर्वक जो आत्मविशुद्धि प्राप्त होती है वह क्षायिक सम्यग्दर्शन है। करणानुयोगके अनुसार यह इन तीनों सम्यग्दर्शनोंकी उत्पत्तिका प्रकार है। इन तीनों सम्यग्दर्शनोंमें आत्मविशुद्धि मुख्य है। जाति और स्वादकी अपेक्षा उनमें भेद नहीं है। भेद केवल कर्मोंके सद्भाव और असद्भावको मुख्य कर किया गया है।

### प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन

प्रथम प्रथमोपशम सम्यग्दर्शन है। यह मुख्य और भूमिस्वरूप है। मुख्य इसलिए है, क्योंकि सर्व प्रथम मोक्षमार्गका दरवाजा इस द्वारा ही उद्घाटित होता है और भूमिस्वरूप इसलिए है, क्योंकि मोक्षमार्गपर आरूढ़ होनेके लिए सर्वप्रथम यह जमीनका काम देता है। इसकी उत्पत्ति पाँच लब्धियोंके होनेपर ही होती है। वे ये हैं—क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि, प्रायोग्यलब्धि और करणलब्धि। इनमेंसे प्रारम्भकी चार लब्धियाँ यथासम्भव भव्यों और अभव्यों दोनोंके पायी जाती हैं। इतना अवश्य है कि जो मिथ्यादृष्टि भव्य जीव औपशमिक सम्यग्दर्शन प्राप्त करनेके सन्मुख होते हैं वे इनके होनेपर ही करणलब्धिके सन्मुख होनेके पात्र होते हैं।

ऐसा नियम है कि दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयका उपशम और क्षय करणलब्धिके प्राप्त होनेपर ही होता है, इसलिये करणलब्धिके प्राप्त होनेके पूर्व जो क्षयोपशम आदि चार लब्धियाँ होती हैं उनमेंसे अन्तिम प्रायोग्यलब्धिके होनेपर जो कार्य होते हैं उनका विचार करते हुए बतलाया है कि आयु कर्मके बिना शेष कर्मोंका बन्ध, स्थिति सत्त्व, अनुभागसत्त्व और प्रदेशसत्त्व न तो उत्कृष्ट होना चाहिये और न क्षपकश्रेणिके योग्य जघन्य ही होना चाहिये। वह एक तो उत्तरोत्तर विशुद्धिकी वृद्धि करता हुआ सातों कर्मोंकी अन्तःकोडाकोडीप्रमाण मध्यम स्थितिबन्ध करता है तथा चारों गतियोंमें स्थितिको घटाते हुए यथासम्भव प्रकृतिबन्धापसरण करता है जो सब मिलाकर ३४ होते हैं। आगे किस गतिमें कितनी प्रकृतियोंका बन्ध होता है इसका विचार कर किन प्रकृतियोंका कैसा अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध होता है इसका उल्लेख किया गया है।

उदयप्रकृतियोंका विचार करते हुए बतलाया गया है कि स्थितिकी अपेक्षा उदयप्राप्त एक स्थिति-निषेकका वेदक होता है, अनुभागकी अपेक्षा अप्रशस्त प्रकृतियोंके द्विस्थानीय अनुभाग तथा प्रशस्त प्रकृतियोंके

चतुःस्थानीय अनुभागका वेदक होता है तथा प्रदेशोंकी अपेक्षा अजघन्य-अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका वेदक होता है। इसके साथ ही वह उदयप्राप्त इन सबका उदीरक होता है।

सत्त्वका विचार करते हुए जिन प्रकृतियोंका यथासम्भव सत्त्व सम्भव नहीं है उनका उल्लेख करनेके बाद जहाँ जितनी प्रकृतियोंका सत्त्व होता है उनकी स्थिति, अनुभाग और प्रदेश अजघन्य-अनुत्कृष्ट ही होता हैं यह बतलाया गया है।

यह सब प्रायोग्यलब्धिका समग्र विचार है जो भव्यों और अभव्यों दोनोंके सम्भव है। इस प्रकार हम देखते हैं कि क्षयोपशम आदि चार लब्धियाँ जैसे भव्योंके सम्भव हैं वैसे ही अभव्योंके भी हो सकती हैं। किन्तु जो भव्य जीव हैं वे ही इन लब्धियोंके होनेपर यथासम्भव करणलब्धिको प्राप्त करते हैं। करण परिणामविशेषकी संज्ञा है। ऐसे परिणामोंको जिनके होनेपर यह जीव नियमसे दर्शनमोहनीय और चारित्र-मोहनीयका यथासम्भव उपशम और क्षय करता है करणलब्धि कहते हैं। यद्यपि वेदक सम्यक्त्वकी प्राप्तिके समय भी किन्हीं जीवोंके अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरणरूप करणलब्धि होती है पर उसकी यहाँ विवक्षा न कर करणलब्धिका उक्त लक्षण कहा गया है।

करणलब्धिके तीन भेद हैं—अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण। इनमेंसे प्रत्येकका काल अन्तर्मुहूर्त है। उसमें भी अधःप्रवृत्तकरणका काल सबसे अधिक है, उसका संख्यातवाँ भाग अपूर्वकरणका काल है और उसका भी संख्यातवाँ भाग अनिवृत्तिकरणका काल है। नीचेके समयवर्ती किसी जीवके परिणाम ऊपरके समयवर्ती अन्य किसी जीवके परिणामोंके सदृश हो सकते हैं, इसलिए इसकी अधःप्रवृत्तकरण संज्ञा है। इसकी कहीं-कहीं यथाप्रवृत्तकरण संज्ञा भी पाई जाती है। जहाँ प्रत्येक समयमें जीवोंके परिणाम भिन्न-भिन्न होते हैं उसकी अपूर्वकरण संज्ञा है और जहाँ एक समयवर्ती सब जीवोंका परिणाम एक ही होता है उसकी अनिवृत्तिकरण संज्ञा है।

ये तीन करण हैं। इनमेंसे प्रथम करणमें गुणश्रेणिरचना, गुणसंक्रमण, स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात ये चार कार्य नहीं होते। हाँ प्रत्येक समयमें उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धि होनेसे अप्रशस्त कर्मोंके अनुभागमें अनन्तगुणी हानि, प्रशस्त कर्मोंके अनुभागमें अनन्तगुणी वृद्धि होती रहती है। इसके साथ संख्यात हजार स्थितिबन्धापसरण भी होते हैं। एक स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण और काल अन्तर्मुहूर्त है। इस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें जितना स्थिति-बन्ध होता है, उसके अन्तिम समयमें वह घटकर संख्यातगुणा हीन हो जाता है। यदि वही जीव प्रथम सम्यक्त्वके साथ देशसंयम और सकलसंयमको प्राप्त करता है तो उक्त स्थितिबन्ध असंयतके जितना होता है उससे और भी संख्यातगुणा हीन हो जाता है।

परिणामोंकी अपेक्षा विचार करने पर नाना जीवोंकी अपेक्षा इस करणके प्रत्येक समयमें वे परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण होते हैं जो उत्तरोत्तर एक-एक समयमें विशेष अधिक होते जाते हैं। परिणामोंकी यह वृद्धि समानरूपसे होती है। यहाँ विशेषका प्रमाण लानेके लिए प्रतिभागका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त है। प्रकृतमें अधः प्रवृत्तकरणका जितना काल होता है उसके संख्यातवें भागप्रमाण अनुकृष्टिकाल होता है। इसे निर्वर्गणा-काण्डक कहते हैं। एक निर्वर्गणाकाण्डकके जितने समय हों उतने प्रत्येक समयके परिणामोंके खण्ड होते हैं जो प्रथम खण्डसे लेकर उत्तरोत्तर एक-एक चयप्रमाण अधिक होते हैं। यहाँ भी चयका प्रमाण लानेके लिए प्रतिभागका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त है। इस प्रकार प्रत्येक समयमें जितने खण्ड प्राप्त होते हैं उनमेंसे एक-एक खण्डमें भी असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होते हैं जो षट्स्थान पतित वृद्धिसे युक्त होते हैं। प्रथम और

अन्तिम समयके प्रथम और अन्तिम खण्ड विसदृश होते हैं तथा शेष सब खण्ड यथासम्भव सदृश होते हैं। इस प्रकार प्रत्येक समयके परिणामोंकी क्रमवार जो रचना बनती है उसके अनुसार द्विचरम समय तकके प्रथम खण्ड और अन्तिम समयके सब खण्डोंकी विसदृश पंक्ति बन जाती है। यहाँ विशुद्धिके तारतम्यका विचार ४८ संख्याक गाथामें किया गया है सो इसे संस्कृत और हिन्दी दोनों टीकाओंसे जान लेना चाहिये।

दूसरे करणका नाम अपूर्वकरण है। यहाँ प्रत्येक समयके परिणाम अन्य-अन्य होते हैं, इसलिए इसकी अपूर्वकरणसंज्ञा है। इस करणके भी प्रत्येक समयमें असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होते हैं जो उत्तरोत्तर विशेष अधिक होते हैं। विशेषका प्रमाण लानेके लिए प्रतिभागका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त है। यहाँ विशुद्धिका प्रमाण उत्तरोत्तर अनन्तगुणा पाया जाता है जो षट्स्थानपतित वृद्धिको उल्लंघन कर प्राप्त होती है। इस करणसे लेकर गुणश्रेणिरचना, गुणसंक्रमण, स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात ये कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं जो सम्यक्त्वमोहनीय और मिश्रमोहनीयके पूरण होनेके काल तक होते रहते हैं। स्थितिबन्धापसरण और स्थितिकाण्डकघातका काल समान है। तथा एक स्थितिकाण्डकघातके भीतर हजारों अनुभागकाण्डकघात होते हैं। गुणश्रेणिकी रचनाका आयाम अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे साधिक होता है। प्रकृतमें अपकर्षण और उत्कर्षणको ध्यानमें रखकर निक्षेप और अतिस्थापना आदिका विचार मूलमें विस्तारसे किया ही है। अधिक विस्तार होनेके कारण यहाँ उनपर विशेष प्रकाश नहीं डाल रहे हैं। यह गुणश्रेणिरचना आयुकर्मकी नहीं होती, शेष सभी कर्मोंकी होती है।

तीसरा अनिवृत्तिकरण है। इसके प्रत्येक समयमें एक ही परिणाम होता है, इसलिए इस करणका जितना काल है उतने इसके परिणाम जानने चाहिये। यहाँ स्थितिकाण्डकघात आदि सब कार्य नये होते हैं। इसका संख्यातवाँ भाग काल शेष रहनेपर दर्शनमोहनीयका अन्तरकरण प्रारम्भ होता है। प्रथम स्थिति और उपरितन स्थितिके मध्यकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितिके निषेकोंका उक्त स्थितियोंमें निक्षेपण करके अभाव करना अन्तरकरण कहलाता है। एक स्थितिकाण्डकघातमें जितना काल लगता है उतना ही अन्तरकरणका काल है। अन्तरका प्रमाण गुणश्रेणिशीर्षसे संख्यातगुणा है। अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न होनेके बाद द्वितीय स्थितिमें स्थित दर्शनमोहनीयका उपशम (उदयके अयोग्य) करता है। तदनन्तर प्रथम स्थितिके गलनेके बाद अन्तरके प्रथम समयमें यह जीव प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि हो जाता है और यहींसे मिथ्यात्वके द्रव्यको मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्प्रकृतिमिथ्यात्व इन तीन भागोंमें विभक्त करता है। जब गुणसंक्रमका काल पूरा हो जाता है तब से विध्यात संक्रमके द्वारा मिथ्यात्वके द्रव्यको मिश्र और सम्यक् प्रकृतिरूपसे परिणमाता है। यहाँ दर्शनमोहनीयके स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात नहीं होते, शेष कर्मोंके होते हैं इतना विशेष जानना चाहिये। दर्शनमोहनीयका उपशम करनेवाला जीव मरणको नहीं प्राप्त होता और सासादनगुणस्थानको भी नहीं प्राप्त होता। हाँ उपशम सम्यग्दृष्टि होनेके बाद उसके कालमें अधिकसे अधिक छह आवलि और कमसे कम एक समय शेष रहने पर वह सासादनगुणस्थानको प्राप्त हो सकता है।

यहाँ संस्कृत टीकामें बतलाया है कि उपशमनकालके भीतर अर्थात् उपशमन क्रिया करते समय इस जीवके अनन्तानुबन्धीका उदय न होनेसे वह सासादन-गुणस्थानको नहीं प्राप्त होता, किन्तु मिथ्यात्व-गुणस्थानके अंतिम समय तक अनन्तानुबन्धी चतुष्कमेंसे किसी एकका उदय बना रहता है, इसलिए यहाँ ऐसा समझना चाहिये कि दर्शनमोहनीयको उपशमन क्रिया करते समय भी यहाँ अनन्तानुबन्धीका उदय रहते हुए भी वह सासादनगुणस्थानको नहीं प्राप्त होता, क्योंकि उसके मिथ्यात्वका उदय बना हुआ है। श्री जयधवला टीकामें गाथा ९९ में आये हुए 'णिरासाणो' पदका यही अर्थ किया है।

उपशमकरण क्रियाके साथ प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्तिके समय उपयोग, योग और लेश्याका विचार करते हुए बतलाया है कि दर्शनमोहके उपशमका प्रारम्भ करनेवाला अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्तकाल तक स्थापक कहलाता है। उस समय इसके नियमसे ज्ञानोपयोग ही होता है, किन्तु इसके बाद मध्य अवस्थामें और समाप्त करनेके समय साकार या अनाकार कोई भी उपयोग हो सकता है। योगका विचार करते हुए मनोयोग, वचनयोग और काययोगमेंसे किसी एकको ग्रहण किया गया है। तथा लेश्याका विचार करते हुए लब्धिसार संस्कृत टीकामें तो इतना ही बतलाया है कि तिर्यंच और मनुष्य मन्दविशुद्धिवाला होता है तथापि पीतलेश्याके जघन्य अंशमें विद्यमान होकर ही प्रथमोपशमका प्रारम्भ करनेवाला होता है। इस प्रकार लब्धिसारकी संस्कृत टीकामें जहाँ यह नियम किया गया है कि तिर्यंच और मनुष्य प्रथमोपशम सम्यक्त्वका प्रारम्भ पीतलेश्याके जघन्य अंशमें ही करता है वहीं जयधवलामें 'जहण्णए तेउलेस्साए' पदका यह स्पष्टीकरण किया गया है कि तिर्यंच और मनुष्य यदि अति मन्द विशुद्धिवाला हो तो भी उसके कमसे कम जघन्य पीतलेश्या ही होगी, इससे नीचेकी अशुभ लेश्या नहीं होगी। तात्पर्य यह है कि प्रथमोपशम सम्यक्त्वका प्रारम्भ करनेवाले तिर्यंच और मनुष्यके कृष्ण, नील और कापोत लेश्या नहीं होती।

जिस जीवने प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त किया है उसके दर्शनमोहनीयसम्बन्धी तीनों प्रकृतियाँ अन्तर्मुहूर्त कालतक सर्वोपशमरूप अवस्थाको प्राप्त रहती हैं अर्थात् प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश इन चारों प्रकारसे वे उपशान्त रहती हैं। हाँ अन्तर्मुहूर्त कालके बाद यदि मिथ्यात्व प्रकृतिकी उदीरणा होती है तो उक्त जीव मिथ्यादृष्टि हो जाता है और यदि सम्यक् प्रकृतिकी उदीरणा होती है तो उक्त जीव वेदक सम्यग्दृष्टि हो जाता है।

इस प्रकार प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्ति कैसे होती है इसका विचार किया।

### क्षायिक सम्यक्त्व

जो वेदकसम्यग्दृष्टि कर्मभूमिज मनुष्य तीर्थंकर केवली, सामान्य केवली और श्रुतकेवलीके पादमूलमें अवस्थित है वही दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रस्थापक होता है अर्थात् मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके द्रव्यको अन्तर्मुहूर्त कालतक सम्यक्त्व प्रकृतिमें संक्रमित करता है। तब उक्त जीवकी प्रस्थापक संज्ञा होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। किन्तु दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका निष्ठापक यथासम्भव चारों गतियोंका जीव होता हैं। विशेष इतना है कि दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाला उक्त जीव सर्वप्रथम त्रिकरणविधिसे अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी उदयावलिके बाहर स्थित स्थितिकी विसंयोजना करता है। जब यह जीव अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करता है तब अनन्तानुबन्धी चतुष्कके स्थितिसत्त्वकी अपेक्षा चार पर्व होते हैं। प्रारम्भमें लक्षपृथक्त्वसागरोपम प्रमाण स्थिति सत्त्व शेष रहता है। पुनः क्रमसे घटकर एक सागरोपम प्रमाण स्थितिसत्त्व शेष रहता है। इसके बाद पुनः घटकर दूरापकृष्टि संज्ञाप्रमाण स्थितिसत्त्व शेष रहता है। पुनः अन्तमें उच्छिष्टावलिप्रमाण स्थितिसत्त्व शेष रहता है। यहाँ जब तक सागरोपमप्रमाण स्थितिसत्त्व नहीं प्राप्त होता तब तक स्थितिकाण्डकायाम पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है। उसके बाद दूरापकृष्टिसंज्ञक स्थितिसत्त्वके प्राप्त होने तक स्थितिकाण्डकायाम पल्योपमके संख्यात बहुभागप्रमाण होता है। पुनः इसके बाद उच्छिष्टावलिके प्राप्त होने तक काण्डकायाम पल्योपमके असंख्यात बहुभागप्रमाण होता है।

इस प्रकार क्रमसे अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी विसंयोजना करनेके बाद यह जीव अन्तर्मुहूर्त काल तक विश्राम करके तदनन्तर विकरण विधिसे दर्शनमोहनीयकी तीनों प्रकृतियोंकी क्षपणा करता हुआ अनिवृत्तिकरणमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व प्रकृतिका क्रमसे नाश करता है। इस विधिसे इनका नाश करते हुए दूरापकृष्टिसंज्ञक स्थितिसत्त्वके शेष रहनेके बाद भी, जब हजारों स्थितिकाण्डकघात हो लेते हैं तब सम्यक्त्वमोहनीयके असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा करता है। यहाँसे भागहार पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है, असंख्यात लोकप्रमाण नहीं। इस विधिसे दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करते हुए मिथ्यात्वकी उच्छिष्टावलिप्रमाण स्थिति शेष रहती है। पुनः सम्यग्मिथ्यात्वके संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंका घात होते समय अन्तिम स्थितिकाण्डकका पतन होने पर जब उच्छिष्टावलि प्रमाण स्थिति शेष रहती है उस समय सम्यक्त्वका स्थितिसत्त्व आठ वर्ष प्रमाण शेष रहता है। यहाँसे लेकर अवस्थित गुणश्रेणिका नया क्रम चालू हो जाता है, स्थितिकाण्डकका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त आयामवाला होता है। तथा अनुभागका प्रत्येक समयमें अपवर्तन होने लगता है। इस विधिसे जब अन्तिम काण्डककी अन्तिम फालिका पतन होता है तब वहाँसे लेकर इसकी कृतकृत्यवेदक संज्ञा हो जाती है।

इसका मरण भी हो सकता है। यदि प्रथम अन्तर्मुहूर्तमें मरण होता है तो वह मरकर नियमसे देव होता है। यदि दूसरे अन्तर्मुहूर्तमें मरण होता है तो नियमसे देव या मनुष्य कोई एक होता है। यदि तीसरे अन्तर्मुहूर्तमें मरण होता है तो देव, मनुष्य और तिर्यञ्चमेंसे कोई एक होता है और यदि चौथे अन्तर्मुहूर्तमें मरण होता है तो चारों गतियोंमेंसे किसी एक गतिमें जन्म लेता है। क्षायिक सम्यग्दर्शनका प्रारम्भ करनेवाला जीव जबतक कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि नहीं होता तब तक उसके जो लेश्या होती है वही रहती है। उसके अन्तर्मुहूर्त बाद यथासम्भव लेश्यापरिवर्तन हो सकता है। इस सम्बन्धमें जो विशेषता है उसे टीकामें स्पष्ट किया ही है। इस प्रकार कृतकृत्यवेदकका काल पूरा होने पर यह जीव क्षायिक सम्यग्दृष्टि हो जाता है। यहाँ प्रसंगसे अल्पबहुत्वका निरूपण किया है सो उसे मूलसे जान लेना चाहिये।

## देशचारित्रलब्धि

चारित्र दो प्रकारका है—एक देशचारित्र और दूसरा सकलचारित्र। चढ़ते समय इन्हें प्राप्त करनेके अधिकारी मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि दोनों हैं। जो मिथ्यादृष्टि जीव उपशम सम्यक्त्वके साथ देशचारित्रको प्राप्त करते हैं वे पूर्वोक्त तीनों करणोंके होनेपर ही उसे प्राप्त करते हैं। जो वेदक-सम्यक्त्वके साथ देशचारित्रको ग्रहण करते हैं वे प्रारम्भके दो करण करके उसे प्राप्त करते हैं। इनके उस समय गुणश्रेणिरचना नहीं होती। किन्तु देशचारित्रके प्राप्त होनेपर अवस्थित गुणश्रेणि प्रारम्भ हो जाती है जो देशचारित्र कालके भीतर सदा प्रवृत्त रहती है। देशचारित्रके दो भेद हैं—एकान्त वृद्धि देशचारित्र और यथाप्रवृत्त देशचारित्र। इनमेंसे प्रथमका काल अन्तर्मुहूर्त है। यह देशचारित्रके प्राप्त होनेके प्रथम समयसे अन्तर्मुहूर्त काल तक होता है। इस कालके भीतर समय समय परिणामोंकी विशुद्धि अनन्तगुणी बढ़ती जाती है। इस कारण इस कालके भीतर करण परिणामोंके बिना भी स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात क्रिया चालू रहती है। किन्तु यथाप्रवृत्त देशचारित्रकालके भीतर स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात क्रिया नहीं होती।

जो देशसंयत बाह्य कारणके बिना केवल अन्तरंग कारणके वश तीव्र संक्लेशको प्राप्त हो अन्तर्मुहूर्तके लिए असंयतसम्यग्दृष्टि होकर पुनः देशचारित्रको प्राप्त करता है उसके करणपरिणाम न होनेसे वह स्थिति-अनुभागकाण्डकघात नहीं करता। उक्त देशसंयत जीव कभी संक्लेशको प्राप्त होता है और कभी

विशुद्धिको भी। इस कारण उसके विशुद्धिकालमें अनन्त भागवृद्धि और अनन्त गुणहानिको छोड़कर यथा-सम्भव शेष चार प्रकारकी वृद्धिको लिये हुए गुणश्रेणि रचना होती है तथा संक्लेशकालमें अनन्त भागहानि और अनन्त गुणहानिको छोड़कर यथासम्भव शेष चार प्रकारकी हानिको लिए हुए गुणश्रेणि रचना होती हैं।

जो मनुष्य देशचारित्रसे च्युत होकर अगले समयमें मिथ्यात्वको प्राप्त होता है उसके जघन्य देशसंयम-स्थान होता है और जो मनुष्य अगले समयमें सकलसंयमको प्राप्त होता है उसके उत्कृष्ट देशसंयमस्थान होता है। मध्यम देशसंयमस्थान मनुष्य और तिर्यञ्च दोनोंके होते हैं।

देशसंयमस्थानोंके तीन भेद हैं। देशसंयमसे भ्रष्ट होनेके अन्तिम समयमें प्रतिपात स्थान होते हैं। देशसंयमको प्राप्त करनेके प्रथम समयमें प्रतिपद्यमान स्थान होते हैं। इनके बिना अन्य जितने देशसंयम स्थान होते हैं वे सब अनुभयगत स्थान कहलाते हैं।

संयमासंयमलब्धिको क्षायोपशमिक बतलानेका कारण यह है कि अप्रत्याख्यानावरणको तो संयतासंयत जीव वेदता नहीं, क्योंकि उसके अप्रत्याख्यानावरणका उदय नहीं पाया जाता। प्रत्याख्यानावरणका उदय होते हुए भी वह सकल संयमका घात करता है, इसलिए उससे संयमासंयमका किसी प्रकारका भी उपघात नहीं होता। अब रहे चार संज्वलन और नौ नोकषाय सो ये संयमासंयमको देशघाति करते हैं, इसीलिए संयमासंयमको क्षायोपशमिक स्वीकार किया गया है। यतः क्षयोपशमके असंख्यात लोकप्रमाण भेद हैं, इसलिए संयमासंयमके भी असंख्यात लोकप्रमाण भेद हो जाते हैं।

**सकलसंयमलब्धि**—क्षायोपशमिक सकलसंयमलब्धि

सकलसंयमलब्धि तीन प्रकारकी है—१ क्षायोपशमिक, २ औपशमिक और ३ क्षायिक। जो औपशमिक सम्यक्त्वके साथ क्षायोपशमिक संयमलब्धिको ग्रहण करता है उसका कथन प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्तिका निर्देश करते समय कर आये हैं। जो मिथ्यादृष्टि, अविरत सम्यग्दृष्टि और संयतासंयत जीव वेदक सम्यक्त्वके साथ सकल संयमलब्धिको ग्रहण करता है वह प्रारम्भके दो करणपूर्वक उसे ग्रहण करता है। इसके गुणश्रेणि नहीं होती। मात्र संयमकी प्राप्ति होनेपर स्वस्थान गुणश्रेणि नियमसे होती है। जो जीव सकल संयमको प्राप्त होता है उसे सर्व प्रथम अप्रमत्त गुणस्थानकी प्राप्ति होती है। इसका शेष कथन संयमासंयमके समान जान लेना चाहिये।

ऐसा नियम है कि कर्मभूमिज और अकर्मभूमिज दोनों प्रकारके मनुष्य सकल संयमलब्धिको प्राप्त करनेके अधिकारी हैं। उन्हें ही यहाँ क्रमसे आर्य और म्लेच्छ कहा गया है। अकर्मभूमिज मनुष्य सकल संयमको कैसे प्राप्त होते हैं इसका समाधान उत्तरकालमें टीकाकारोंने इस प्रकार किया है कि चक्रवर्तीकी दिग्विजयके समय जो मनुष्य अकर्मभूमिज क्षेत्रसे आते हैं या अकर्मभूमिज राजाओंकी कन्याओंके साथ विवाह करनेपर जो सन्तानें उत्पन्न होती है वे सकलसंयमको ग्रहण करनेके अधिकारी होनेसे अकर्मभूमिज मनुष्योंके सकल संयमकी प्राप्ति बन जाती है।

यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि यहाँ जो मिथ्यादृष्टि मनुष्यों और तिर्यञ्चोंको देशसंयमकी प्राप्तिका और मिथ्यादृष्टि मनुष्योंको सकल संयमकी प्राप्तिका उल्लेख किया है सो उसका आशय यह है कि जिन मिथ्यादृष्टि मनुष्यों और तिर्यञ्चोंने आचार शास्त्रके अनुसार निर्दोष रीतिसे श्रावकाचारका और मिथ्यादृष्टि मनुष्योंने अनगाराचारका पालन करते हुए तत्त्वाभ्यासपूर्वक आत्मसन्मुख होकर तीन करण करके सम्यग्दर्शनके साथ भाव संयमसंयम और भावसंयमको प्राप्त किया है या वेदक सम्यक्त्वके साथ उक्त विधिसे भावसंयमासंयम और भावसंयमको प्राप्त किया है उन्हें लक्ष्य कर ही उक्त निर्देश किया गया है।

**औपशमिक चारित्रलब्धि**

जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि मनुष्य हैं वे तो गुणस्थान परिपाटीके अनुसार औपशमिक चारित्रको प्राप्त करनेके अधिकारी हैं ही, किन्तु जो वेदकसम्यग्दृष्टि जीव हैं वे यदि उपशम श्रेणिपर आरोहण करना चाहते हैं तो सर्व प्रथम वे अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके तथा दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंकी उपशमना करके द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि होकर ही उपशमश्रेणिपर आरोहण कर औपशमिक चारित्रको प्राप्त हो सकते हैं।

नियम यह है कि जो वेदक सम्यग्दृष्टि जीव अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके दर्शनमोहनीयकी उपशमना करता है उसके अपूर्वकरणमें गुणसंक्रमके स्थानपर विध्यातसंक्रम और अधःप्रवृत्त संक्रम होते हैं। उसमें भी अधःप्रवृत्तसंक्रम अप्रशस्त कर्मोंका होता है। अनिवृत्तिकरणमें उसका संख्यात बहुभाग जानेपर असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होती है। उसके बाद अन्तर्मुहूर्त कालतक दर्शनमोहनीयकी अन्तरकरण क्रिया करता है। तदनन्तर प्रथम स्थितिके समाप्त होनेपर यह जीव द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि हो जाता है।

इस प्रकार द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि होनेके प्रथम समयसे लेकर जितना गुणसंक्रमका पूरण काल है उससे संख्यातगुणे काल तक प्रति समय विशुद्धिकी वृद्धिके द्वारा उत्तरोत्तर वृद्धिको प्राप्त होता रहता है। तदनन्तर विशुद्धिकी वृद्धि और हानि द्वारा अप्रमत्त और प्रमत्त गुणस्थानोंमें अनेक बार परिवर्तन करता है। चढ़ते समय विशुद्धिको प्राप्त होता है और गिरते समय संक्लेश परिणामोंसे युक्त हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

इसके बाद यह जीव चारित्रमोहनीयकी २१ प्रकृतियोंका तीन करणविधिसे उपशम करता है। अन्य प्रकृतियोंका उपशम नहीं होता। ऐसा करते समय अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, स्थितिबन्धापसरण, क्रमकरण, देशघातिकरण, अन्तरकरण और उपशमकरण ये आठ कार्य विशेष होते हैं। इनमेंसे तीन करणोंका लक्षण जैसा पहले बतला आये हैं उसी प्रकार जानना चाहिये। प्रकृतमें दर्शनमोहनीयका क्षय कर यदि कषायोंको उपशमाता है तो उसके अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जो स्थितिकाण्डक प्राप्त होता है वह नियमसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है। किन्तु जो दर्शनमोहके उपशमद्वारा द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि होकर कषायोंका उपशम करता है उसके लिये ऐसा कोई नियम नहीं है। उसके जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण होता है। स्थितिबन्धापसरण पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है। अनुभागकाण्डकघात अशुभ प्रकृतियोंका ही होता है।

यहाँ उदयावलिसे बाह्य गलितावशेष गुणश्रेणि होती है जो आयामकी अपेक्षा अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायके कालसे कुछ अधिक प्रमाणवाली होती है। यहींसे नहीं बँधनेवाली नपुंसकवेद आदि अप्रशस्त प्रकृतियोंके गुणसंक्रमका भी प्रारम्भ हो जाता है।

यह सब क्रिया करते हुए जब हजारों स्थितिकाण्डकोंका घात हो जाता है तब सर्व प्रथम इस जीवके निद्रा-प्रचलाकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। जहाँ इनकी बन्धव्युच्छित्ति होती है वह अपूर्वकरणके सातवें भागप्रमाण है। यहाँसे अन्तर्मुहूर्त काल जानेपर परभवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। ये सब प्रकृतियाँ अधिकसे अधिक ३० हैं। इनमें आहारक द्विक और तीर्थंकर ये तीन प्रकृतियाँ भी सम्मिलित हैं। जो इन तीनोंका बन्ध नहीं करते उनके २७ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। जो आहारक द्विकका बन्ध नहीं करते उनके २८ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। जो मात्र तीर्थंकर प्रकृतिका बन्ध नहीं करते उनके २९ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। इन ३० प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति अपूर्वकरणके

६ वें भागके अन्तमें होती है। तदनन्तर अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इन चार प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है।

इस प्रकार अपूर्वकरणको समाप्त कर यह जीव अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करता है। यहाँ स्थितिकाण्डकघात आदि नये कार्य प्रारम्भ होते हैं। इसके प्रथम समयमें ही सभी कर्मोंमेंसे जो कर्मपुञ्ज अप्रशस्त उपशमनारूप है, जो कर्मपुंज निधत्तिरूप हैं और जो कर्मपुंज निकाचितरूप हैं, उन तीनोंकी व्युच्छित्ति कर वे कर्मपुञ्ज क्रमशः उदीरणाके योग्य, संक्रम और उदीरणाके योग्य तथा संक्रम, उत्कर्षण, अपकर्षण और उदीरणाके योग्य हो जाते हैं। हम देखते हैं कि अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें ही ये कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं और इस विधिसे जब मोहनीयकर्मादिका स्थितिबन्ध शेष कर्मोंके स्थितिबन्धसे कम होने लगता है तब अन्तमें सबसे कम मोहनीयका, उससे अधिक तीसिय प्रकृतियोंका, उससे अधिक वीसिय प्रकृतियोंका और उससे अधिक वेदनीयका स्थितिबन्ध होता है और इस प्रकार क्रमकरणकी विधि समाप्त होती है। इस विधिसे क्रमकरणके अन्तमें कर्मोंका जो स्थितिबन्ध होता है वह पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण होता है तथा असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होती है।

इसके बाद यह जीव हजारों स्थितिबन्धापसरणोंके व्यतीत होनेके बाद सर्वप्रथम मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायका देशघातिबन्ध करता है। तत्पश्चात् उतने उतने ही स्थितिबन्धापसरणोंके व्यतीत होनेपर क्रमसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायका तत्पश्चात् श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायका तत्पश्चात् चक्षुदर्शनावरणका तत्पश्चात् आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और परिभोगान्तरायका तथा सबके अन्तमें वीर्यान्तरायका देशघाती बन्ध करता है। तात्पर्य यह है कि इसके पहले इन कर्मोंका जो सर्वघाती द्विस्थानीय बन्ध होता था वह अब परिणामविशेषोंको निमित्तकर देशघाती द्विस्थानीय बन्ध होने लगता है।

तदनन्तर हजारों स्थितिबन्धापसरणोंके जानेपर मोहनीयकी २१ प्रकृतियोंका अन्तरकरण करता है। इनके अतिरिक्त अन्य कर्मोंका अन्तरकरण नहीं होता। यह क्रिया करते समय जिस संज्वलन कषाय और वेदका वेदन करता है उसकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थापित कर शेष १९ कर्मोंकी स्थितिको एक आवलिप्रमाण स्थापित करता है। अन्तरकरण करते समय स्थितिके तीन भाग करता है—१ प्रथम स्थिति, २ अन्तरके लिए गृहीत स्थिति और ३ द्वितीय स्थिति। प्रथम स्थितिसे अन्तरके लिये गृहीत स्थिति संख्यातगुणी होती है। उसके ऊपरकी शेष सब स्थितिकी द्वितीय स्थितिसंज्ञा है। उदयस्वरूप और अनुदयस्वरूप सभी प्रकृतियोंके अन्तरसे ऊपरकी प्रथम स्थिति सदृश होती है, क्योंकि द्वितीय स्थितिके प्रथम निषेकका सर्वत्र सदृशरूपसे अवस्थान होता है, किन्तु नीचे अन्तर विसदृश होता है, क्योंकि अनुदय स्वरूप प्रकृतियोंकी प्रथम स्थिति एक आवलिप्रमाण और उदयस्वरूप प्रकृतियोंकी प्रथम स्थिति एक अन्तर्मुहूर्त प्रमाण स्वीकार की गई है। यहाँ उदयवाली प्रकृतियोंके अन्तरायामका प्रमाण गुणश्रेणिशीर्ष और उससे संख्यातगुणा है तथा अनुदयवाली प्रकृतियोंके अन्तरायामका प्रमाण अवशिष्ट गुणश्रेणि और उससे संख्यातगुणा है। एक स्थितिकाण्डकके उत्कीरण करनेमें जितना काल लगता है उतना ही काल अन्तरकरण क्रियाको सम्पन्न करनेमें लगता है। अन्तर करनेके लिये जो द्रव्य ग्रहण किया जाता है उसे अन्तरायाममें निक्षिप्त नहीं करता है। केवल उदयवाली प्रकृतियोंके अन्तरकरणके लिए गृहीत द्रव्यको अपनी प्रथम स्थितिमें तथा उस समय बँधनेवाली सजातीय प्रकृतियोंकी द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त करता है। केवल बँधनेवाली प्रकृतियोंके अन्तरकरणके लिये गृहीत द्रव्यको उत्कर्षण कर उनकी द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त करता है। बन्ध और उदय उभयरूप प्रकृतियोंके अन्तरकरणके लिये गृहीत द्रव्यको उनकी प्रथम स्थिति और द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त

करता है। तथा बन्ध और उदयसे रहित प्रकृतियोंके अन्तरकरणके लिये गृहीत द्रव्यको बँधनेवाली अन्य सजीय प्रकृतियोंकी द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त करता है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न करता है।

इस प्रकार अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न करनेके बाद सात करण प्रारम्भ होते हैं—१. मोहनीयकर्मका आनुपूर्वी संक्रम। २. लोभ संज्वलनका अन्य प्रकृतियोंमें संक्रमका न होना। ३. मोहनीयकी बँधनेवाली प्रकृतियोंका एक लतास्थानीय बन्ध होना। ४. नपुंसक वेदका आयुक्त करणके द्वारा यहाँसे उपशमन क्रिया प्रारम्भ करना। ५. छह आवलियोंके जानेपर उदीरणा होने लगना। ६. मोहनीयका एक स्थानीय उदय होने लगना तथा ७ मोहनीयका स्थितिबन्ध संख्यात वर्षप्रमाण होने लगना। ये सात करण अन्तरकरण-के बाद नियमसे प्रारम्भ हो जाते हैं।

अन्तरकरणके बाद नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, सात नोकषाय तथा तीन क्रोध, तीन मान और तीन माया इनको क्रमसे उपशमाता है। मात्र नवकबन्धके एक समय कम दो आवलि प्रमाण समयप्रबद्धोंको छोड़कर उपशमाता है। इसके स्पष्टीकरणके लिए गाथा २६२ की टीका देखो।

अपगतवेदी होनेपर यह जीव पुरुषवेदके एक समय कम दो आवलि प्रमाण नवकबन्धके साथ जब तीन क्रोधोंका उपशम करता है तब प्रथम स्थितिमें तीन आवलि शेष रहने तक अप्रत्याख्यान क्रोध और प्रत्याख्यान क्रोधको संज्वलन क्रोधमें संक्रमित करता है। इसके बाद इनको मान संज्वलनमें संक्रमित करता है। और इस प्रकार क्रोधसंज्वलनकी प्रथम स्थिति एक आवलि प्रमाण शेष रहते समय तीनों क्रोधोंका उपशम हो जाता है। यहाँ जो क्रोधसंज्वलनकी उच्छिष्टावलि प्रमाण स्थिति शेष रही उसको क्रमसे स्तिवुकसंक्रम द्वारा मान संज्वलनमें संक्रम करता है।

इस प्रकार जिस समय तीन क्रोधोंका उपशम होता है उसके अनन्तर समयमें मानकी प्रथम स्थिति करनेके साथ उसका वेदक होता है। और इस प्रकार तीन मानोंका उपशम भी तीन क्रोधोंके समान करके तदनन्तर समयमें मायाकी प्रथम स्थिति करनेके साथ उसका वेदक होकर पूर्वोक्त विधिसे इनका भी उपशम करता है। इसके बाद लोभसंज्वलनकी प्रथम स्थिति करनेके साथ उसका वेदक होता है। और इस प्रकार प्रथम स्थितिका प्रथमार्ध व्यतीत होकर जब द्वितीयार्ध प्रारम्भ होता है तब लोभके अनुभागकी सूक्ष्म कृष्टी-करण क्रिया प्रारम्भ करता है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि उपशमश्रेणिमें न तो पूर्व स्पर्धकोंसे अपूर्वस्पर्धकोंकी रचना होती है और न ही बादर कृष्टियोंकी रचना होती है। किन्तु जघन्य स्पर्धकगत लोभसे नीचे सूक्ष्म कृष्टीकरणकी क्रिया सम्पन्न होती है। तात्पर्य यह है कि जो जघन्य स्पर्धकगत लोभ है उससे नीचे अनन्तगुणी हीन सूक्ष्म कृष्टियोंकी रचना करता है। यह क्रिया सम्पन्न करते हुए प्रति समय अपूर्व-अपूर्व कृष्टियोंकी रचना करता है। जैसे एक स्पर्धकमें क्रमवृद्धि या क्रमहानिरूप अविभागप्रतिच्छेद पाये जाते हैं उस प्रकार कृष्टियोंमें क्रमवृद्धि या क्रमहानिरूप अविभागप्रतिच्छेद नहीं पाये जाते। इस प्रकार कृष्टिकरणकी क्रिया सम्पन्न करते हुए जब कृष्टिकरणके कालमें एक समय कम तीन आवलि काल शेष रहे तब अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान लोभका संज्वलन लोभमें संक्रमण न होकर इनकी स्वस्थानमें ही उपशमन क्रिया सम्पन्न होती है। तथा जब संज्वलन लोभकी प्रथम स्थितिमें दो आवलि काल शेष रहता है तब आगाल-प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति हो जाती है और प्रत्यावलिके अन्तिम समयमें संज्वलन लोभकी जघन्य उदीरणा होती है।

एक बात और है। वह यह कि बादर लोभकी प्रथम स्थितिमें यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि जब प्रत्यावलिमें एक समय शेष रहता है तब लोभसंज्वलनका स्पर्धकगत पूरा द्रव्य तथा पूरा अप्रत्याख्यान

लोभका द्रव्य और पूरा प्रत्याख्यान लोभका द्रव्य उपशान्त हो जाता है। मात्र एक समय कम दो आवलि-प्रमाण नवक द्रव्य, उच्छिष्टावलिप्रमाण निषेकद्रव्य और सूक्ष्मकृष्टिगत द्रव्य उपशान्त नहीं होता।

इसके बाद तदनन्तर समयमें सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानको प्राप्त होकर सूक्ष्म कृष्टिकी अन्तर्मुहूर्त प्रमाण प्रथम स्थितिका कारक और वेदक होता है। यहाँ सूक्ष्म कृष्टिकी प्रथम स्थितिका काल बादर लोभके वेदक कालसे कुछ कम दो भागप्रमाण होनेसे यही सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानका काल है और यह उदयादि अवस्थित गुणश्रेणिरूप है। परन्तु ज्ञानावरणादि कर्मोंकी जो गुणश्रेणि होती है वह गलित शेष होती है जिसका काल सूक्ष्मसाम्परायके कालसे कुछ अधिक है, क्योंकि इन कर्मोंकी जो गुणश्रेणि रचना अपूर्वकरणके प्रथम समयमें की रही वही यहाँ इतनी अवशिष्ट रहती है।

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें सब सूक्ष्म कृष्टियोंको नहीं वेदता, किन्तु जो वेदने योग्य हैं उनका वेदन करता है और शेषको उपशमाता है। इसका विचार मूलमें किया ही है वहाँसे जानना चाहिये।

यहाँ इस बातका संकेत कर देना आवश्यक प्रतीत होता है वह यह कि बन्ध प्रकृतियाँ होनेसे पुरुषवेद, संज्वलन क्रोध, मान, माया और लोभका जो उस उस स्थानपर एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवक द्रव्य शेष रहता आया है सो उसका क्रमसे क्रोध, मान, माया, लोभ और सूक्ष्मकृष्टिकी प्रथम स्थितिके कालमें समय समय असंख्यातगुणा-असंख्यातगुणा उपशमित करना है। उदाहरणार्थ पुरुषवेदका एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवकबन्ध क्रोध संज्वलनकी प्रथम स्थितिके कालमें समय-समय उपशमित होता है। क्रोध-संज्वलनका एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवक द्रव्य मानसंज्वलनकी प्रथम स्थितिके कालमें उपशमित होता है। इसी प्रकार आगे भी जानना चाहिए।

इस विधिसे जब सूक्ष्म कृष्टिकी प्रथम स्थितिमें दो आवलिकाल शेष रहता है तब आगाल-प्रत्यागाल-की व्युच्छित्ति हो जाती है, जब एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहता है तब जघन्य उदीरणा होती है और उच्छिष्टावलिप्रमाण निषेकोंके अवशिष्ट रहनेपर वे स्वमुखसे उदयरूप परिणम कर निर्जरित हो जाते हैं। तदनन्तर समयमें यह जीव उपशान्तमोह हो जाता है।

उपशान्तमोहमें मोहनीय कर्मका उदय न होनेसे सर्वत्र अवस्थित परिणाम रहते हैं। इसका काल अन्तर्मुहूर्त है। इसमें जो गुणश्रेणि रचना होती है वह उपशान्तमोहके कालके संख्यातवें भागप्रमाण कालवाली होती है। उससे अपूर्वकरणमें की गई गुणश्रेणिका शीर्ष संख्यातगुणा होता है। पूर्व समयसे यहाँ प्रथम समयमें असंख्यातगुणे द्रव्यका निक्षेप होता है। यह गुणश्रेणि रचना ज्ञानावरणादि कर्मोंकी जाननी चाहिये जो उदयादि अवस्थितस्वरूप होती है। यहाँ प्रत्येक समयमें अवस्थित परिणाम होनेसे द्रव्यका निक्षेप भी अवस्थितस्वरूप ही जानना चाहिये। प्रकृतमें इतनी विशेषता और जाननी चाहिये कि उपशान्तमोहके प्रथम समयमें की गई गुणश्रेणिके शीर्षका जिस समय उदय होता है उस समय ज्ञानावरणादि कर्मोंका उत्कृष्ट प्रदेश उदय होता है।

यहाँ प्रसंगसे कौन प्रकृतियाँ अवस्थित वेदक होती हैं और किन प्रकृतियोंका यह जीव किस प्रकार अनवस्थित वेदक होता है इसका विशेष विचार किया गया है जिसे हमने विशेषार्थ द्वारा (पृ० २७२) मूलमें स्पष्ट किया ही है, इसलिए उसे वहाँसे जान लेना चाहिये।

उपशान्तकषाय गुणस्थानसे पतन एक तो भवका अन्त होनेसे होता है और इस प्रकार मरणको प्राप्त हुआ यह जीव नियमसे असंयत सम्यग्दृष्टि वैमानिक देव होता है। उसके होनेके प्रथम समयमें ही सब करण उद्घाटित हो जाते हैं। अर्थात् उदयवाली मोह प्रकृतियोंका अपकर्षण कर वह उदयावलिसे लेकर

निक्षेप करता है और जो अनुदयवाली मोह प्रकृतियाँ हैं उनका उदयावलिके बाहर निक्षेप करता है। इसी प्रकार अन्य करणोंके विषयमें भी जानना चाहिये।

दूसरे उपशान्तकषाय गुणस्थानका काल समाप्त होनेपर इस जीवका पतन होता है। सो यहाँ ऐसा जानना चाहिये कि विशुद्धिवश यह जीव आरोहण करता है और संक्लेशवश उसका पतन होता है। इस प्रकार उपशान्तमोहसे गिरकर जब यह जीव सूक्ष्मसाम्परायमें प्रवेश करता है तब उसके प्रथम समयमें ही यह जीव अप्रत्याख्यान आदि तीन लोभोंकी प्रशस्त उपशामनाको समाप्तकर संज्वलन लोभकी उदयादि अवस्थित गुणश्रेणि करता है शेष दो लोभोंकी भी उदयावलि बाह्य अवस्थित गुणश्रेणि करता है जिनका काल संज्वलन लोभके कृष्टिवेदक कालसे एक आवलि अधिक कालप्रमाण होता है तथा आयु कर्मके बिना शेष कर्मोंकी सूक्ष्मसाम्पराय, अनिवृत्तिकरण और अपूर्वकरणके कालसे कुछ अधिक कालप्रमाण गुणश्रेणि रचना करता है।

उतरनेवाले इस जीवके अप्रशस्त कर्मोंका अनुभागबन्ध उत्तरोत्तर अनन्तगुणा बढ़ने लगता है और प्रशस्त कर्मोंका अनुभागबन्ध उत्तरोत्तर घटने लगता है। इसी प्रकार बन्धयोग्य सभी कर्मोंका स्थितिबन्ध यथाविधि बढ़ने लगता है। इतना ही नहीं, सूक्ष्म कृष्टिवेदनमें भी वृद्धि होने लगती है।

उतरते समय अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करनेपर उच्छिष्टावलिमात्र निषेकोंको छोड़कर शेष सूक्ष्म कृष्टियोंका प्रथम समयमें ही स्पर्धकगत लोभरूप परिणमन हो जाता है तथा उच्छिष्टावलिमात्र निषेकोंका स्तिबुक संक्रमण द्वारा उदयमें आनेवाले स्पर्धकरूप निषेकोंमें निक्षेप होता रहता है। यहाँसे मोहके आनुपूर्वी संक्रमका नियम नहीं रहता सो यह कथन शक्तिकी अपेक्षा किया है। आगे लोभवेदक कालको समाप्तकर यह जीव क्रमसे माया, मान और क्रोधवेदक कालमें प्रवेश करता है। यहाँ और आगे जो-जो कार्य विशेष होते हैं उन्हें मूलसे जान लेना चाहिये। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि जब यह जीव क्रोधसंज्वलनके वेदनके प्रथम समयमें स्थित होता है तब ज्ञानावरणादि कर्मोंके साथ बारह कषायोंका गलितशेष गुणश्रेणि निक्षेप होता है तथा तभी यह जीव अन्तरको धारता है। इसके बाद इस जीवके पुरुषवेदका उदय होते समय सात नोकषायोंका उपशमकरण नष्ट हो जाता है। यहाँ बारह कषाय और सात नोकषायोंकी ज्ञानावरणादि कर्मोंके समान गुणश्रेणि होती है। आगे स्त्रीवेदके अनुपशान्त होनेके प्रथम समयमें मोहनीयकी २० प्रकृतियोंकी गुणश्रेणिरचना होती है। आगे नपुंसकवेदके अनुपशान्त होनेपर मोहनीयकी २१ प्रकृतियोंकी गुणश्रेणि रचना होती है।

पहले चढ़नेवालेके छह आवलि काल जानेपर बँधनेवाली प्रकृतियोंके उदीरणाका नियम है यह बतला आये हैं। किन्तु उतरनेवालेके सूक्ष्मसाम्परायके प्रथम समयसे ही यह नियम नहीं रहता। संसारी जीवोंके समान बँधनेवाले कर्मोंकी एक आवलिके बाद उदीरणा होने लगती है। इसी प्रकार चढ़ते समय जिन कर्मोंका मात्र देशघाति बन्ध होने लगता है सो यथास्थान उसका अभाव होकर सर्वघाति बन्ध होने लगता है। तथा उतरनेवालेके यथास्थान असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणाका भी अभाव हो जाता है। इसी प्रकार चढ़नेवालेके जो स्थितिबन्धकी अपेक्षा क्रमकरण होनेका विधान कर आये हैं सो उसका भी अभाव हो जाता है।

इसके बाद जब यह जीव अपूर्वकरणमें प्रवेश करता है तब उसके प्रथम समयमें ही अप्रशस्त उपशामना, निधत्ति और निकाचन ये तीनों करण उद्घाटित हो जाते हैं। अर्थात् चढ़ते समय अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करनेके पूर्व जो कर्मपुञ्ज अप्रशस्त उपशामना आदिरूप थे वे पुनः उसरूप हो जाते हैं। इस विधिसे यह जीव क्रमसे अपूर्वकरणको पूरा कर अधःप्रवृत्तकरणमें प्रवेश करता है। यहाँ यह पुरानी

गुणश्रेणिसे संख्यातगुणी आयामवाली अवस्थित गुणश्रेणिकी रचना करता है। इस करणमें बन्ध प्रकृतियोंका अधःप्रवृत्त संक्रम होता है। अबन्ध प्रकृतियोंका विध्यात संक्रम होता है। यहाँ गुणसंक्रम नहीं होता।

अपूर्वकरणसे उपशमश्रेणिपर चढ़ने और उतरनेमें जितना काल लगता है उससे द्वितीयोपशम सम्यक्त्वका काल संख्यातगुणा है। यतिवृषभ आचार्यके उपदेशानुसार यदि उपशम श्रेणिसे उतरकर और सासादन गुणस्थानको प्राप्त होकर मरता है तो मर कर वह नरकगति, तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें जन्म नहीं लेता, नियमसे देव होता है, क्योंकि जिसके नरकायु, तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी सत्ता होती है वह देशसंयम और सकल संयमको प्राप्त करनेमें असमर्थ होनेके कारण उपशमश्रेणिपर आरोहण करनेमें असमर्थ है। इसलिए वहाँसे उतरकर और मरणकर उसका उक्त तीन गतियोंको प्राप्त करना किसी भी अवस्थामें नहीं बन सकता। किन्तु आचार्य भूतबलिके उपदेशानुसार उपशमश्रेणिसे उतरा हुआ मनुष्य सासादन गुणस्थानको नहीं प्राप्त होता ऐसा प्रकृतमें जानना चाहिये। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि उपशमश्रेणिपर चढ़ते समय जिस स्थानपर जिन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है, उतरते समय उस स्थानको प्राप्त होनेपर उनका पुनः बन्ध होने लगता है। तथा उतरते समय संज्वलन क्रोधादि चार और तीन वेद इनमेंसे जिस प्रकृतिका जिस स्थानपर पुनः उदय होता है उसकी गुणश्रेणिरचना करता है आदि।

यह मुख्यतया पुरुषवेद और क्रोधसंज्वलनके उदयसे चढ़े हुए जीवकी अपेक्षा प्ररूपणा है। किन्तु जो पुरुषवेदके साथ मान, माया या लोभसंज्वलनके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करता है उसमें कुछ विशेषता है, वह विशेषता यह है कि यदि मानके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करता है तो क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवकी जितनी क्रोध और मानके निमित्तसे प्रथम स्थिति होती है उतनी अकेले मानके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करनेवालेकी होती है। क्रोधके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके क्रोध, मान और मायाके निमित्तसे जितनी प्रथम स्थिति होती है उतनी अकेले मायाके उदयसे चढ़े हुए जीवके होती है। तथा क्रोधके उदयसे चढ़े हुए जीवके क्रोधादि चारोंके निमित्तसे जितनी प्रथम स्थिति होती है। उतनी अकेले लोभके उदयसे चढ़े हुए जीवके होती है।

जिस कषायके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करता है उसकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्त प्रमाण स्थापित कर अन्तर करता है तथा शेष कषायोंकी एक आवलि प्रमाण प्रथम स्थिति स्थापित कर अन्तर करता है। एक यह भी नियम है कि क्रोधादि जिस कषायके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करता है उसकी प्रथम स्थिति समाप्त होनेपर उसके अनन्तर समयमें उससे अगली मायादि कषायकी प्रथम स्थिति स्थापित करता है। क्रोधके उदयसे चढ़ा हुआ जीव जिस स्थानपर क्रोधत्रयको उपशमाता है, मानके उदयसे चढ़ा हुआ जीव उसी स्थानपर क्रोधत्रयको उपशमाता है आदि। तात्पर्य यह है कि किसी भी कषायके उदयसे श्रेणिपर आरोहण करे, परन्तु विवक्षित कषायके उपशमानेका जो स्थान है वहीं उसको उपशमाता है।

उपशमश्रेणिसे उतरते समय जो क्रोधके उदयसे श्रेणि चढ़ता है उसके लोभ, माया, मान और क्रोधका उदय क्रमसे होता है, इसलिए इन कषायोंमेंसे प्रत्येककी अपेक्षा अलग-अलग गलितशेष गुणश्रेणि होती है। जो मानके उदयसे श्रेणि चढ़कर गिरता है उसके क्रमसे लोभ और मानका उदय होता है, इसलिए इसके मानका उदयकाल क्रोध और मानके उदयकाल प्रमाण होता है। यह तीन प्रकारके मानका अपकर्षणकर ज्ञानावरणादिकी गुणश्रेणिके आयामप्रमाण गलितशेष गुणश्रेणि करता है। जो मायाके उदयसे श्रेणि चढ़कर गिरता है उसके क्रमसे लोभ और मायाका उदय होता है, इसलिए इसके मायाका उदयकाल क्रोध, मान और मायाके उदयकाल प्रमाण होता है। यह तीन प्रकारकी मायाका अपकर्षणकर

ज्ञानावरणादिकी गुणश्रेणिके समान गुणश्रेणि करता है। लोभके उदयसे चढ़कर गिरे हुए जीवके एक मात्र लोभका ही उदय होता है, इसलिए इसके प्रारम्भसे ही अन्य कर्मोंके समान गलितशेष गुणश्रेणी होती है।

मान, माया और लोभके उदयसे चढ़कर गिरा हुआ जीव क्रमसे नौ, छह और तीन कषायोंकी गलितावशेष गुणश्रेणि करता है। जिस कषायके उदयसे चढ़कर गिरा है उस कषायका उदय होनेपर अपकर्षणकर अन्तरको पूरा करता (भरता) है। स्त्रीवेदके उदयसे चढ़ा हुआ जीव अपगतवेदी होनेके बाद पुरुषवेद और छह नोकषायोंको एक साथ उपशमाता है। नपुंसकवेदके उदयसे श्रेणिपर चढ़ा हुआ जीव नपुंसकवेदका अन्तर करके पुरुषवेदके उदयसे चढ़े हुए जीवके जिस कालमें नपुंसक वेदका उपशम होता है उस कालके भीतर नपुंसकवेदका उपशमन करके पुरुषवेदके उदयसे चढ़े हुए जीवके जिस कालमें स्त्रीवेदका उपशम होता है उस कालके अन्तमें दोनों वेदोंको युगपत् उपशमाता है। इसके बाद पुरुषवेद और छह नोकषायोंको उपशमाता है।

## क्षपिक चारित्रलब्धि (क्षापकश्रेणि)

चारित्रमोहकी क्षपणाका विचार इन अधिकारों द्वारा किया गया है—१. अधःप्रवृत्तकरण, २. अपूर्वकरण, ३. अनिवृत्तिकरण, ४. बन्धापसरण, ५. सत्त्वापसरण, ६. क्रमकरण, ७. क्षपणा, ८. देशघातिकरण, ९. अन्तरकरण, १०. संक्रमण, ११. अपूर्व स्पर्धककरण, १२. कृष्टिकरण, और कृष्टि अनुभवन। इन अधिकारोंमेंसे अधप्रवृत्तकरण आदि तीन करणोंका लक्षण पूर्ववत् जानना।

अधःप्रवृत्तकरणमें गुणश्रेणिरचना, गुणसंक्रम, स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात ये चार कार्य नहीं होते। मात्र प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिको प्राप्त कर प्रशस्त कर्मोंका चतुःस्थानीय और अप्रशस्त कर्मोंका द्विस्थानीय अनुभागबन्ध करता है। तथा प्रत्येक अन्तर्मुहूर्तमें उत्तरोत्तर प्रत्येकमें संख्यानवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध कम करके स्थितिबन्ध करता है। इस करणके प्रथम समयमें होनेवाले स्थितिबन्धसे उसके अन्तिम समयमें संख्यातगुणा हीन स्थितिबन्ध होता है।

अपूर्वकरणके प्रथम समयमें गुणश्रेणि, गुणसंक्रम, स्थितिकाण्डकघात, अनुभागकाण्डकघात और अन्य स्थितिबन्ध आरम्भ करता है। यहाँ गुणश्रेणिका आयाम अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसाम्पराय और क्षीणकषाय गुणस्थानोंसे कुछ अधिक होता है। यह गलितावशेष गुणश्रेणि है। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे ही प्रति समय अनन्तगुणित क्रमसे द्रव्यका अपकर्षणकर गुणश्रेणिकी रचना करता है। जो अप्रशस्त अबन्ध प्रकृतियाँ हैं, असंख्यातगुणे क्रमसे उनके द्रव्यको अपकर्षणकर बँधनेवाली अपनी जातिकी प्रकृतियोंमें संक्रमित करता है। जघन्य अपवर्तनाका प्रमाण एक समय कम आवलिके एक समय अधिक त्रिभाग प्रमाण है। जिन कर्मोंका संक्रमण या उत्कर्षण करता है वे एक आवलि काल तक तदवस्थ रहते हैं। उसके बाद वे भजितव्य हैं। किन्तु जिस कर्मपुञ्जका आकर्षण होता है उसका तदनन्तर समयमें क्रियान्तर होना सम्भव है। अग्रस्थितिके कर्मपुञ्जके उत्कर्षण अपकर्षणका विशेष खुलासा मूलमें किया ही है, इसलिए इसे वहाँसे जान लेना चाहिये।

अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है और उत्कृष्ट उससे संख्यातगुणा होता है, अपूर्वकरणके थम समयमें स्थितिकाण्डक, स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्वका जितना प्रमाण होता है, उसके अन्तिम समयमें वे संख्यातगुणे हीन होते हैं। अपूर्वकरणके प्रथम समयमें स्थितिबन्ध अन्तःकोटाकोटि प्रमाण होता है तथा स्थिति सत्त्व उससे संख्यातगुणा होता है। एक एक स्थितिकाण्डकघातके भीतर हजारों अनुभागकाण्डकघात होते हैं। अशुभ प्रकृतियोंके अनुभागकाण्डकका प्रमाण अनन्त बहुभागप्रमाण है। किन्तु प्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागका घात नहीं होता। इस गुणस्थानके पहले,

५८ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो लेती है उनके अतिरिक्त इस गुणस्थानमें जिन ३६ प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है उनका नाम निर्देश पहले हो कर आये हैं।

अपूर्वकरणका काल पूरा होनेपर यह जीव बादरसाम्पराय गुणस्थानमें प्रवेश करता है। इसके प्रथम समयमें स्थितिकाण्डक आदि नये प्रारम्भ होते हैं। इसी समयमें अप्रशस्त उपशामना, निधत्ति और निकाचन इन तीन करणोंकी व्युच्छित्ति होती है। इसके प्रथम समयमें पहला स्थितिकाण्डक विसदृश होता है। इसके आगे सब जीवोंके वे समान होते हैं। प्रथम जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है तथा उत्कृष्ट इससे संख्यातवें भाग अधिक होता है। शेष सब स्थितिकाण्डक सदृश होते हैं।

आगे स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व क्रमसे घटते हुए जब क्रमकरणकी विधिसे मोहनीयका सबसे कम स्थितिबन्ध होने लगता है। उससे कुछ अधिक तीसिय प्रकृतियोंका उससे कुछ अधिक वीसिय प्रकृतियोंका तथा उससे कुछ अधिक वेदनीय प्रकृतिका बन्ध होने लगता है तब स्थितिसत्त्व भी उसी अनुपातमें घटता जाता है जिसका विशेष खुलासा गाथा ४२७ की टीकामें किया ही है। और इस प्रकार जब पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध होता है तब असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होने लगती है। इसके बाद संख्यात हजार स्थितिबन्ध होनेपर अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यानरूप आठ कषायोंका चार संज्वलन और पुरुषवेदमें संक्रमण करता है। इसके बाद स्थितिबन्धपृथक्त्वके जानेपर दर्शनावरणकी स्त्यानगृद्धि आदि तीन निद्राओं और नामकर्मकी नरकगति आदि तेरह प्रकृतियोंका संक्रम करता है। इसके बाद मनःपर्यय-ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंका देशघातिकरण करता है।

तदनन्तर यह जीव हजारों स्थितिकाण्डकोंके व्यतीत होनेपर चार संज्वलन और नौ नोकषायोंकी अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न करता है। चार संज्वलन और तीन वेद इनमेंसे जिन दो प्रकृतियोंका उदय होता है उनकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्तप्रमाण और शेष ग्यारह प्रकृतियोंकी एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थिति स्थापित करता है। इन प्रकृतियोंके जिन निषेकोंका अन्तर किया जाता है उनकी निक्षेप विधिको उपशम-श्रेणिके समान जान लेना चाहिए। अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न होनेके अनन्तर समयमें ये सात करण प्रारम्भ हो जाते हैं—१. मोहनीयका एक स्थानीय बन्ध, २. मोहनीयका एक स्थानीय उदय, ३. मोहनीयका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध, ४. आनुपूर्वी संक्रम, ५. लोभका असंक्रम, ६. नपुंसकवेदका आयुक्तकरण संक्रम और ७. बन्धके बाद छह आवलिकाल जानेपर उदीरणाका प्रारम्भ। आनुपूर्वी संक्रमके अनुसार नपुंसकवेद और स्त्रीवेदके द्रव्यका पुरुषवेदमें संक्रम, सात नोकषायोंके द्रव्यका क्रोध कषायमें संक्रम, क्रोध संज्वलनका मानसंज्वलनमें संक्रम, मानसंज्वलनका मायासंज्वलनमें संक्रम तथा मायासंज्वलनका लोभसंज्वलनमें संक्रम होने लगता है। मात्र लोभसंज्वलनका अन्य किसी प्रकृतिमें संक्रम न होकर उसका स्वमुखसे ही क्षय होता है। अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न होनेके बाद प्रतिलोभ संक्रम नहीं होता।

इसके बाद संख्यात हजार स्थितिबन्धोंके जानेपर नपुंसकवेदका पुरुषवेदमें संक्रम करता है। यहाँ पुरुषवेद आदि जिस प्रकृतिका बन्ध होता है उसके बन्धद्रव्यसे उदयद्रव्य असंख्यातगुणा और उदयद्रव्यसे संक्रम द्रव्य असंख्यातगुणा जानना चाहिए। यतः प्रदेशबन्ध योगोंके अनुसार होता है और योगोंमें चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकारकी हानि और अवस्थान देखा जाता है तदनुसार प्रदेशबन्ध भी चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकारकी हानि और अवस्थानकी अपेक्षा भजनीय जानना चाहिए। इसके बाद क्रमसे स्त्रीवेद और सात नोकषायोंका संक्रामक होता है। यहाँ इतना और जानना चाहिए कि जितने अनु-भागको लिए हुए कर्मका जितना बन्ध होता है उससे अनन्तगुणे अनुभागके साथ कर्मका उदय होता है

और उससे अनन्तगुणे अनुभागसे युक्त कर्मका संक्रम होता है। किन्तु इतना विशेष जानना चाहिए कि जो अप्रशस्त कर्म हैं उनका अनुभागोदय अनन्तगुणा हीन होता है और प्रदेशोदय असंख्यातगुणा अधिक होता है। मात्र संक्रम भजनीय है, कारण कि एक काण्डकघात होने तक वह तदवस्थ रहता है। उसके बाद काण्डकके बदलनेपर उसका प्रमाण अनन्तगुणा हीन हो जाता है।

इस प्रकार यह जीव सात नोकषायोंका संक्रामक होता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि अन्तमें पुरुषवेदका जो एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवक बन्ध शेष रहता है सो एक तो अपगतवेदी होनेके बाद ही उसका नाश करता है। दूसरे जिस समय यह जीव पुरुषवेदके प्राचीन सत्कर्मके साथ छह नोकषायों-का क्षयकर प्रथम समयवर्ती अपगतवेदी होता है उसी समयसे यह चार संज्वलनोंके अनुभागका अश्वकर्णकरण कारक होता है। प्रकृतमें अश्वकर्णकरणकी अपवर्तनोद्वर्तनकरण और हिंडोलकरण ये दो संज्ञाएँ होनेका कारण यह है कि संज्वलन क्रोधसे संज्वलन लोभ तकके अनुभागको देखनेपर वह उत्तरोत्तर अनन्तगुणा हीन दिखलाई देता है और संज्वलन लोभसे लेकर संज्वलन क्रोध तकके अनुभागको देखनेपर वह उत्तरोत्तर अनन्तगुणा अधिक दिखलाई देता है।

जिस समय यह जीव अनुभागकी अपेक्षा अश्वकर्णकरणको प्रारम्भ करता है उस समय काण्डकघात-के लिए अनुभागके जिन स्पर्धकोंको ग्रहण करता है वे क्रोधमें सबसे थोड़े होते हैं तथा मान, माया और लोभमें क्रमसे विशेष अधिक होते हैं। तथा घात करनेपर जो अनुभाग स्पर्धक शेष रहते हैं वे लोभमें सबसे कम रहते हैं तथा माया, मान और क्रोधमें अनन्तगुणे शेष रहते हैं। और ऐसा करते समय पूर्व स्पर्धकोंकी जघन्य वर्गणासे नीचे नये अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है। यहाँ जिस प्रकार इन अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है उसी प्रकार यथा सम्भव वे पूर्व स्पर्धकोंके साथ उदीर्ण भी होते हैं। इसी प्रकार द्वितीयादि समयों-में भी जानना चाहिए। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि प्रति समय जो अपूर्व स्पर्धक किये जाते हैं वे पूर्वमें किये गये अपूर्व स्पर्धकोंकी अपेक्षा उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे हीन होते हैं। ऐसा होते हुए प्रथम समयसे जिन अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना होती है वे क्रोधके सबसे थोड़े होते हैं तथा इनसे मान, माया और लोभके उत्तरोत्तर विशेष अधिक होते हैं। इस प्रकार अश्वकर्णकरणके अन्तिम समय तक अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करता है। यह अश्वकर्णकरणका काल क्रोधवेदकके कालका सधिक तीसरे भाग-प्रमाण है।

तदनन्तर क्रोधादि चारों कषायों सम्बन्धी पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंका अपकर्षण कर कृष्टियोंकी रचना करता है। यहाँ ऐसा समझना चाहिए कि अपकर्षण किये गये द्रव्यमें पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध आवे उतना सूक्ष्म कृष्टियों सम्बन्धी द्रव्य है, शेष बहु भागप्रमाण द्रव्य बादर कृष्टियों सम्बन्धी है। क्रोधादि चारों कषायोंमेंसे प्रत्येककी संग्रह कृष्टियाँ तीन-तीन हैं और अन्तर कृष्टियाँ अनन्त हैं। यहाँ इतना विशेष जानना कि जो क्रोध कषायके उदयसे क्षपकश्रेणीपर चढ़ता है उसके क्रोधादि चारों कषायोंकी बारह संग्रह कृष्टियाँ होती हैं। जो मानके उदयसे क्षपकश्रेणीपर चढ़ता है उसके मानादि तीन कषायोंकी नौ संग्रह कृष्टियाँ होती हैं। जो मायाके उदयसे क्षपकश्रेणिपर चढ़ता है उसके माया और लोभकी छह संग्रह कृष्टियाँ होती हैं और जो लोभके उदयसे श्रेणिपर चढ़ता है उसके एक मात्र लोभ-कषायकी तीन संग्रह कृष्टियाँ होती हैं। यह हम पहले ही बतला आये हैं कि एक-एक संग्रह कृष्टिकी अन्तर कृष्टियाँ अनन्त होती हैं। ये सब लोभसे लेकर क्रोध तक उत्तरोत्तर अनन्तगुणी होती हैं और क्रोधसे लेकर लोभतक अनन्तगुणी हीन होती हैं। यहाँ इन संग्रह कृटियोंके मध्य तथा नीचेकी अन्तर कृष्टिसे दूसरी अन्तर कृष्टिके मध्य जो अन्तर पाया जाता है उसे क्रमसे संग्रह कृष्ट्यन्तर तथा कृष्टयन्तर कहते हैं, सो

लोभसे लेकर क्रोधपर्यन्त स्वस्थान अन्तर अनन्तगुणे क्रमको लिए हुए हैं। उससे बादर संग्रह कृष्टियोंका अन्तर अनन्तगुणा है। सो इसका विशेष विचार मूलमें किया ही है, इसलिए इसे वहाँसे जानना।

ऐसा नियम है कि प्रति समय यह जीव संग्रह कृष्टियोंके नीचे नई पूर्व कृष्टियोंको करता है और पूर्वमें की गई कृष्टियोंके पार्श्वमें उनके समान अनुभागवाली कृष्टियोंको भी करता है। जो अनन्तगुणी हीन शक्तिवाली कृष्टियाँ नीचे की जाती हैं उनकी अधस्तन् कृष्टि संज्ञा है और जो पार्श्वमें पूर्व कृष्टियोंके समान शक्तिवाली की जाती है उनकी पार्श्व कृष्टि संज्ञा है।

इस विधिसे दूसरे समयमें जो संग्रह कृष्टियाँ और उनके मध्य अन्तर संग्रह कृष्टियाँ की जाती हैं वे सब मिलकर तेईस प्रकारकी हो जाती हैं तथा इनके अतिरिक्त जो अन्तर कृष्टियाँ होती हैं इन सबमें होनेवाले प्रदेश विन्यासके क्रमसे ऊँटकी रचना बन जाती है। जैसे ऊँटकी पीठ पिछले भागमें ऊँची होकर पुनः मध्यमें नीची होती है तथा आगे भी नीच-उच्चरूपसे जाती है उसी प्रकार यहाँ भी प्रदेशपुंज आदिमें बहुत पुनः थोड़ा होता है तथा पुनः सन्धियोंमें थोड़ा बहुत होकर निक्षिप्त होता है, इसलिए दिये जानेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणि उष्ट्रकूटके समान हो जाती है। यहाँ दूसरे समयमें जैसे कृष्टियोंमें दिये जानेवाले प्रदेश-पुंजके तेईस उष्ट्रकूट बन जाते हैं उसी प्रकार आगे भी कृष्टिकरणके सभी कालोंमें जानना चाहिए। किन्तु सर्वत्र सब मिलाकर द्रव्यको देखने पर वह लोभकी प्रथम संग्रहकृष्टिकी नवीन जघन्य कृष्टिसे लेकर क्रोधकी तीसरी संग्रह कृष्टिकी पुरातन अन्त कृष्टितक अनन्तवाँ भाग घटता क्रम लिए दिखलाई देता है।

कृष्टियों और स्पर्धकोंमें यह अन्तर है कि प्रथम कृष्टिसे लेकर अन्त कृष्टि तक प्रत्येक कृष्टिका अनुभाग उत्तरोत्तर अनन्तगुणा है। परन्तु स्पर्धकोंमें प्रथम वर्गणासे लेकर अन्तिम वर्गणा तक वह विशेष अधिक, विशेष अधिक पाया जाता है।

यह जीव जिस कालमें कृष्टियोंकी रचना करता है उस कालमें उसके पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंका उदय रहता है और इस प्रकार जब क्रोध संज्वलनकी प्रथम स्थितिमें उच्छिष्टावलिमात्र काल शेष रहता है तब कृष्टिकरणके कालको समाप्त करता है। तदनन्तर समयमें वह क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी प्रथम स्थिति करके मध्यकी कृष्टियोंको वेदता है। वहाँ क्रोधके उच्छिष्टावलिमात्र जो निषेक शेष रहे उन्हें तो वह परमुखसे वेदता है और जो दो समय कम दो आवलिप्रमाण नवकबन्ध शेष रहता है उसे कृष्टिरूपसे परिणाम कर नाश करता है।

कृष्टियोंको रचनेवाला तो लोभसे लेकर क्रोधतक क्रम लिए कृष्टियोंकी रचना करता है, किन्तु कृष्टियोंका वेदक पहले क्रोधकी संग्रहकृष्टिको वेदता है, फिर मान, माया और लोभकी संग्रहकृष्टियोंको वेदता है। उसमें भी वेदनकालमें जो क्रोधकी तीसरी संग्रहकृष्टि है उसे पहले वेदता है। उसके बाद दूसरी और पहली संग्रह कृष्टियोंको वेदता है। इस प्रकार क्रोधकी तीसरी कृष्टिको वेदता हुआ यह जीव प्रथम समयमें सर्व कृष्टियोंके असंख्यातवें भागका नाश करता है, दूसरे समयमें उसके असंख्यातवें भागका नाश करता है। इस प्रकार उपान्त्य समय तक जानना चाहिए। यहाँ कौन कृष्टियाँ बन्ध-उदयसे रहित हैं, किन कृष्टियोंका उदय होता है और कौन कृष्टियाँ बन्ध उदय दोनों सहित हैं आदि, सो इसका विचार मूलसे कर लेना चाहिए।

कृष्टियोंके संक्रमणके विषयमें यह नियम है कि विवक्षित कषायकी प्रथमादि संग्रह कृष्टियोंका द्रव्य अपनी अगली संग्रहकृष्टियोंमें और अगले कषायकी प्रथम संग्रहकृष्टिमें संक्रामित होता है। मात्र लोभकी प्रथम संग्रहकृष्टिका द्रव्य लोभकी द्वितीय और तृतीय संग्रहकृष्टियोंमें तथा लोभकी द्वितीय संग्रहकृष्टिका द्रव्य

उसीकी तीसरी संग्रहकृष्टिमें संक्रमित होता है तथा लोभकी तृतीय संग्रहकृष्टिका द्रव्य अन्य किसीमें संक्रमित नहीं होता।

यह कृष्टिवेदक जीव प्रत्येक समयमें बारह कृष्टियोंके अग्र भागसे असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंका नाश करता है। यहाँ काण्डकघात नहीं होता तथा यहाँ जिस द्रव्यका संक्रमण होता है उसके असंख्यातवें भागप्रमाण द्रव्यसे अधस्तन अपूर्व कृष्टियोंको करता है तथा असंख्यात बहुभागप्रमाण जो संक्रमण द्रव्य शेष रहता है उसे अन्तर कृष्टियोंको देता है। बन्ध द्रव्यके सम्बन्धमें यह व्यवस्था है कि बन्धद्रव्यका अनन्तवें भागप्रमाण द्रव्य पूर्व कृष्टियों सम्बन्धी है, शेष अनन्त बहुभागप्रमाण द्रव्य अन्तर कृष्टियोंको प्राप्त होता है। क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिमें कषायसम्बन्धी संक्रमण द्रव्यका अभाव होनेसे मात्र उसके बन्धद्रव्यसे अपूर्व कृष्टियोंको करता है तथा शेष ग्यारह प्रकारकी संग्रह कृष्टियोंमें संक्रमण और बन्ध दोनों प्रकारका द्रव्य पाया जाता है, इसलिए यथा सम्भव उन दोनोंसे अपूर्व कृष्टियोंको करता है। एक नियम यह भी है कि जिस समय जिस कषायकी जिस कृष्टिका वेदन करता है उस समय उस कषायकी उसी कृष्टिको बाँधनेके साथ शेष कषायोंकी प्रथम कृष्टिको बाँधता है। तथा जिस समय जिस कृष्टिको वेदता है उस समय उसकी प्रथम स्थितिमें एक समय अधिक आवलिप्रमाण स्थिति शेष रहनेपर उसकी जघन्य उदीरणा होनेके साथ उसका अन्तिम समयवर्ती वेदक होता है। और इस प्रकार जब लोभसंज्वलनकी द्वितीय संग्रहकृष्टिमें एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण काल शेष रहता है तब यह जीव अनिवृत्तिकरणको समाप्त करनेके साथ लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिको सूक्ष्म कृष्टिरूप परिणमाता है। इस समय मात्र एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवकबन्ध और एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण उच्छिष्ट द्रव्य बादर कृष्टिरूप शेष रहता है सो अगले समयमें सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानको प्राप्त होकर उस कालके भीतर उक्त दोनों प्रकारके द्रव्यको क्रमसे स्तिवुक संक्रमण द्वारा सूक्ष्म कृष्टिरूप परिणमाकर उनका अभाव करता है। सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानको प्राप्तकर उसके प्रथम समयमें जो कार्य विशेष प्रारम्भ होते हैं उनका विवरण इस प्रकार है—

(१) सूक्ष्म कृष्टिकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितिके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिका एक स्थितिकाण्डकायाम होता है। (२) मोहके कृष्टिगत द्रव्यकी अनुसमयापवर्तना होने लगती है। (३) ज्ञानावरणादि कर्मोंका स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात पूर्ववत् चालू रहता है। तथा यहाँ नवीन उदयादि गुणश्रेणिकी रचना करता है। ऐसा करते हुए अपकर्षित किये गये द्रव्यके एक भागको गुणश्रेणिमें निक्षिप्त करता है, शेष रहे बहुभागप्रमाण द्रव्यको अन्तरके अन्तिम भागसे लेकर ऊपर द्वितीय स्थितिमें यथाविधि निक्षिप्त करता है।

इस विधिसे सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानका जब संख्यात बहुभाग प्रमाण काल व्यतीत होकर एक भागप्रमाण काल शेष रहता है तब अन्तिम स्थितिकाण्डकको ग्रहण करनेके साथ सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके कालके बराबर गुणश्रेणि करता है और इस प्रकार सूक्ष्मलोभका वेदन करता हुआ यह जीव क्रमसे इस गुणस्थानके अन्तिम समयको प्राप्त होकर मोहनीयका सर्वथा अभाव करता है।

तदनन्तर समयमें क्षीणमोहको प्राप्त होकर यह जीव उस गुणस्थानके प्रथम समयमें ज्ञानावरणादि छह कर्मोंकी गुणश्रेणि रचना साधिक क्षीणमोहके कालप्रमाण करता है। यहाँ मात्र सातावेदनीयका ईर्यापथ बन्ध होता है जिसका काल एक समय है। यहाँ घाति कर्मोंके स्थितिकाण्डकका प्रमाण एक मुहूर्तमात्र और अघाति कर्मोंके स्थितिकाण्डकका प्रमाण शेष रही स्थितिके असंख्यात बहुभागप्रमाण है। जिस समय यह जीव घाति कर्मोंके अन्तिम स्थितिकाण्डकका पतन करता है उस समय इसकी कृतकृत्य छद्मस्थ संज्ञा होती है। इसके आगे घाति कर्मोंकी उदयावलिके बाहर स्थित स्थितिकी उदीरणा तब तक करता है जब जाकर उनकी स्थिति उदयावलिके बाहर स्थित रहती है। उदयावलिमें प्रवेश करनेपर क्रमसे उदय होकर उसका

विच्छेद होता है। इस गुणस्थानमें जिसके निद्रा और प्रचलाका उदय है उसके उनकी उपान्त्य समयमें उदय व्युच्छित्ति हो जाती है। शेष १४ घाति प्रकृतियोंकी अन्तिम समयमें व्युच्छित्ति होती हैं। वेद तीन हैं और कषाय चार हैं, सो इनके द्विसंयोगी भंग बारह होते हैं। इनमेंसे किसी एक वेद और किसी एक कषायके उदयमें जीव क्षपकश्रेणि पर चढ़नेका अधिकारी है। इस दृष्टिसे होनेवाली विशेषताको मूलसे जान लेना चाहिए।

इसके बाद चार घातिकर्मोंकी उदय और सत्त्व व्युच्छित्ति हो जानेके कारण यह जीव सर्वज्ञ-सर्वदर्शी सयोगी जिन हो जाता है। इसके प्रथम समयमें ही चार घाति कर्मोंका अभाव होनेसे अनन्त चतुष्टयकी युगपत् प्राप्ति होती है। ऐसा नियम है कि ज्ञानावरणके समूल नाशसे केवलज्ञानकी प्राप्ति होती है। दर्शनावरणके समूल नाशसे केवलदर्शनकी प्राप्ति होती है। वीर्यान्तरायके नाशसे अनन्त वीर्यकी प्राप्ति होती है और नौ नोकषायों तथा शेष चार अन्तरायोंके नाशसे अनन्त सुखकी प्राप्ति होती है। यह पहले ही बतला आये हैं कि मोहकी सात प्रकृतियोंके क्षयसे क्षायिक सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति होती है और शेष चारित्रमोहनीयकी अप्रत्याख्यानावरण आदि बारह प्रकृतियोंके क्षयसे क्षायिक चारित्रकी प्राप्ति होती है।

नौ नोकषाय और दानान्तराय आदि चार अन्तरायोंके उदयका बल पाकर संसारी जीवोंके वेदनीयके उदयजन्य जो इन्द्रियज सुख-दुख देखे जाते हैं उनका इनके सर्वथा अभाव हो जाता है, क्योंकि उन कर्मोंका बल न मिलनेसे वेदनीयकर्म अपना कार्य करनेमें अक्षम है। इसके सातावेदनीयका एक समयवाला स्थितिबन्ध होनेसे सातावेदनीय निरन्तर उदय प्रकृति होनेके कारण जिस समय असातावेदनीयका उदय होता है वह सातारूप परिणम जाता है। इनके परमौदारिक शरीर होता है, क्योंकि एक तो बारहवें गुणस्थानके अन्तिम समय तक इनके शरीरमें रहनेवाले निगोद जीवोंका अभाव हो जाता है, दूसरे उनके गलित होकर प्रति समय शेष रही स्थितिप्रमाण दिव्यतम नवीन नोकर्म वर्गणाओंका बन्ध होता रहता है। इतनी विशेषता है कि समुद्घातरूप अवस्थामें दोनों प्रतर और लोकपूरणकालके भीतर तीन समयतक इन नोकर्म वर्गणाओंका बन्ध नहीं होता। सयोगी जिनके शेष कालमें उक्त वर्गणाओंका निरन्तर बन्ध होता रहता है।

जब आयुमें अन्तर्मुहूर्तकाल शेष रहता है तब शेष तीन अघाति कर्मोंकी स्थितिको आयुकर्मकी स्थितिके बराबर करनेके लिए यथासम्भव केवली जिन समुद्घात करते हैं। दण्ड, कपाट, प्रतर और लोक-पूरणके भेदसे वह चार प्रकारका है। इसके करने और समेटनेमें ८ समय लगते हैं। जिस समय केवली जिन समुद्घातके सम्मुख होते हैं तब आवर्जितकरण होता है। इसका काम केवली जिनको समुद्घातके सम्मुख करना है।

केवली जिनके स्वस्थान अवस्थाके रहते हुए तथा आवर्जित करणके कालमें स्थिति और अनुभागका घात नहीं होता। यहाँ उदयादि अवस्थित गुणश्रेणि आयाम है तथा गुणश्रेणिका द्रव्य भी अवस्थित रहता है। मात्र स्वस्थान केवलीके स्वस्थान गुणश्रेणि आयामसे आवर्जितकरण सम्बन्धी गुणश्रेणि आयाम संख्यात गुणा हीन होता है। स्वस्थान गुणश्रेणिके कालमें जितने द्रव्यका अपकर्षण होता है उससे आवर्जितकरणके कालमें असंख्यातगुणे द्रव्यका अपकर्षण होता है। इसका कारण अवशिष्ट रहे अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आयुकर्मको जानना चाहिए। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि आवर्जितकरणके सम्पन्न होनेके बाद केवली जिन केवलिसमुद्घात क्रिया सम्पन्न करते हैं। आवर्जितकरण गुणश्रेणिका काल आवर्जितकरण करनेके समयसे लेकर शेष रहा सयोगी जिनका काल और अयोगी जिनके कालका संख्यातवाँ भाग इन दोनोंको मिलानेपर जितना होता है उतना होता है।

समुद्घात करते समय प्रारम्भके चार समयोंमें एक-एक समयके भीतर आयुकर्मके बिना शेष तीन अघाति कर्मोंकी अवशिष्ट रही स्थितिके असंख्यात बहुभागका घात करता है और अप्रशस्त कर्मोंके शेष रहे अनुभागके अनन्त बहुभागका घात करता है। इसके आगे स्थितिकाण्डक और अनुभागकाण्डक अन्तर्मुहूर्त-प्रमाण होता है। जिस समय यह जीव लोकपूरण क्रिया सम्पन्न करता है उस समय योगकी एक वर्गणा होती है। इसका तात्पर्य यह है कि इसके पहले आत्मप्रदेशोंमें योगके अविभाग प्रतिच्छेद हीनाधिक होते हैं यहाँ वे सभी प्रदेशोंमें समान हो जाते हैं सो ये सूक्ष्म निगोदिया जीवके जघन्य योगसम्बन्धी जघन्य वर्गणासे भी हीन होते हैं जो मात्र एक समय तक रहते हैं। इसके बाद पुनः हीनाधिक हो जाते हैं।

केवलिसमुद्घातके बाद केवली जिन योगनिरोधकी क्रिया सम्पन्न करते हैं। पहले जो बादर मन, वचन, काय होते हैं उन्हें यथाविधि सूक्ष्म करते हैं और इस प्रकार क्रमसे मनोयोग और वचनयोगका तथा बादर काययोगका अभावकर वे सूक्ष्म काययोगी होकर सूक्ष्मक्रिया प्रतिपाति ध्यानको प्राप्त होते हैं। तथा जिस समय सूक्ष्म काययोगका प्रारम्भ होता है उसी समयसे लेकर पहले योगसम्बन्धी पूर्व स्पर्धकोंसे नीचे अन्तर्मुहूर्त काल तक श्रेणिके असंख्यातवें भागप्रमाण अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना करते हैं। इनकी प्रथमादि समयोंमें किस प्रकार रचना होती है इसे मूलसे जान लेना चाहिए। परन्तु जीवप्रदेशोंके अपकर्षणकी विधि इससे उलटी है। अर्थात् योगको उत्तरोत्तर कम करनेके लिए प्रथम समयमें जितने जीवप्रदेशोंका अपकर्षण करते हैं, द्वितीयादि समयोंमें उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे जीवप्रदेशोंका अपकर्षण करते हैं। ये योगसम्बन्धी सभी अपूर्व स्पर्धकोंके समान जगश्रेणीके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं।

इसके बाद वह अपूर्व स्पर्धकोंसे नीचे जगश्रेणिके असंख्यातवें भागप्रमाण सूक्ष्म कृष्टियोंको करते हैं जो अपूर्व स्पर्धकोंसे असंख्यातगुणी हीन शक्तिवाली होती हैं। जिस समय ये कृष्टिकरणकी क्रिया सम्पन्न करते हैं उसके अनन्तर समयमें दोनों प्रकारके स्पर्धकोंका अभावकर अर्थात् उन्हें सूक्ष्म कृष्टिरूप करके सूक्ष्म कृष्टिगत योगी हो जाते हैं। इस प्रकार सूक्ष्म कृष्टिगत योगी होकर प्रथम समयमें सब कृष्टियों के असंख्यातवें भागप्रमाण नीचेकी और ऊपरकी कृष्टियोंको ।मध्यम कृष्टिरूप परिणमाकर नष्ट करते हैं तथा बहुभागप्रमाण कृष्टियोंको उदय द्वारा नष्ट करते हैं। इसके बाद उत्तरोत्तर विशेष हीन कृष्टियोंका उदय होता है और इस प्रकार सूक्ष्म कृष्टिके वेदक सयोगी जिन तीसरे सूक्ष्मक्रिया अप्रतिपाति ध्यानको ध्याते हैं। जब सयोग गुणस्थानका अन्तिम समय प्राप्त होता है तब जो कृष्टियोंके असंख्यात बहुभागप्रमाण मध्यकी कृष्टियाँ शेष रहती हैं उन सबका नाश करते हैं।

जिस समय सयोगी गुणस्थानका अन्तर्मुहूर्त काल शेष रहता है उस समय वेदनीय, नाम और गोत्र कर्मके अन्तिम स्थितिकाण्डकको नाश करनेके लिए ग्रहण करते हैं। इसमें सयोगी और अयोगी गुणस्थानके कालके जितने समय शेष रहते हैं तत्प्रमाण निषेकोंको छोड़कर गुणश्रेणिशीर्ष सहित सम्पूर्ण उपरिम स्थितिको ग्रहण करते हैं। इस प्रकार उक्त कर्मोंकी स्थितिको घटाते हुए अयोगी जिनके प्रथम समयमें आयुकर्मके समान शेष कर्मोंकी स्थिति शेष रह जाती है। तब ये अन्तर्मुहूर्तकाल तक शीलके ईशपनेको प्राप्त होकर समुच्छिन्नक्रियानिवृत्ति नामके ध्यानको ध्याते हैं। और इस प्रकार यह जीव सब कर्मोंसे विप्रमुक्त होकर सिद्धिगतिको प्राप्त हो जाता है। इस सिद्धिगतिको प्राप्त हुए वे सिद्ध भगवान् हमें उत्कृष्ट सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चरित्र लब्धिके साथ उत्कृष्ट समाधि प्रदान करें।

यह लब्धिसार ग्रन्थका संक्षिप्त सार है। इसमें उन विषयोंको कम स्पर्श किया गया है जिनके लिए बहु वक्तव्य अपेक्षित था। हो सकता है कि इसमें कहीं कोई त्रुटि रह गई हो तो जिज्ञासु जन मूल आगमसे मिलाकर उसका स्वाध्याय करेंगे और त्रुटियोंके लिए हमें क्षमा करेंगे।

# २. ग्रन्थ और ग्रन्थकार

## वाचना द्वारा प्राप्त आगम परम्परा

भगवान् महावीरके बाद तीन अनुबद्ध केवली और पाँच श्रुतकेवली हुए हैं। अन्तिम श्रुतकेवली भगवान् भद्रबाहु थे। इनके जीवनकाल तक समग्र अंग-पूर्वज्ञानकी परम्पराका महागंगा नदीके प्रवाहके समान विच्छेद नहीं हुआ था। इसके बाद उसमें क्रमसे कमी आती गई, जिसमें ६८३ वर्ष लगे। इस ६८३ वर्षकी परम्पराका उल्लेख त्रिलोकप्रज्ञप्ति तथा धवला, जयधवला आदि ग्रन्थोंमें अनेक आचार्योंने किया है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि आचार्य वीरसेनने धवलामें ६८३ वर्षप्रमाण कालगणना-का निर्देश नहीं किया है। वहाँ यह भी बतलाया है कि इस श्रुत विच्छेदकी कड़ीमें श्रुतका समूल विच्छेद कभी नहीं हुआ, उसका एक देश ज्ञान अविकल बना रहा[1]। इस कालमें जितना भी परम्परानुमोदित श्रुत लोकमें अवस्थित है यह उसीका सुपरिणाम है।

ऐसे ही मूल श्रुतके ज्ञाता जितने भी आचार्य हमारी दृष्टिमें आये हैं उनमेंसे प्रकृतमें दो प्रमुख हैं—एक धरसेन और दूसरे गुणधर। धरसेन सोरठ देशके गिरिनारकी चन्द्रगुफामें ध्यान-अध्ययन करते हुए रहते थे[2]। लगता है कि जन्मसे लेकर इनका पूरा जीवन मुख्यतया सौराष्ट्रमें ही व्यतीत हुआ था।

आचार्य वीरसेनने धवला (पु० १, पृ० ६८ आदि) में षट्खण्डागमके समुद्धारका इतिहास लिपिबद्ध किया है उससे कई तथ्योंपर प्रकाश पड़ता है, यथा—

१. उस समय दक्षिणापथ और उत्तरापथके जितने भी दिगम्बर मुनिसंघ थे उनमें परस्पर सम्पर्क बना हुआ था।

२. उसे और मजबूत करनेके लिए ही दक्षिणापथके आचार्योंका आन्ध्र प्रदेशमें बहनेवाली वेण्णा नदीके तटपर एक सम्मेलन हुआ था।

३. उसी सम्मेलनमें सम्मिलित हुए आचार्योंको लक्ष्यकर गिरिनारकी चन्द्रगुफावासी धरसेन आचार्यने एक पत्र लिखा था, जिसके द्वारा ग्रहण-धारण करनेमें समर्थ योग्य दो साधुओंको भेजनेका संकेत किया गया था। इससे विदित होता है कि गौतम गणधरसे लेकर वाचनाका जो क्रम चालू था वह गुरुपरम्परासे उन तक आगे भी बराबर चालू रहा।

प्रश्न यह है कि आचार्य धरसेनने वाचना देनेके लिए दक्षिणसे ही योग्य दो साधुओंको क्यों बुलाया था; क्या सौराष्ट्र या उसके आस-पासके प्रदेशमें वाचना ग्रहण करनेमें समर्थ योग्य साधुओंका सर्वथा अभाव हो गया था, यदि हाँ तो क्यों? यह एक प्रश्न है जिसकी ओर अभी तक किसी भी इतिहास लेखकका ध्यान नहीं गया है। दक्षिण-प्रतिपत्ति पवाइज्जमाण–आचार्य परम्परासे आई हुई है और उत्तर प्रतिपत्ति अपवाइज्जमाण आचार्य परम्परासे आई हुई नहीं है इसके बीज इसमें छिपे हुए तो हैं ही। साथ ही इससे और भी कई तथ्योंपर प्रकाश पड़ना सम्भव है।

षट्खण्डागमकी उपलब्ध टीका धवला आदि ग्रन्थोंमें ६८३ वर्ष तक मूल अंग पूर्व सम्बन्धी श्रुत-परम्परा क्रमिक रूपसे न्यून होते जानेका जो निर्देश किया गया है उसे उत्तरोत्तर किस काल तक और

---

१. धवला पु० १, पृ० ६५।
२. धवला पु० १, पृ० ६८।

कौन-कौन आचार्य अपने पूर्ववर्ती गुरुसे अविकालरूपमें कितनी वाचना ग्रहण करनेमें समर्थ हुए मात्र इस तथ्यकी ओर ही संकेत करता है। इससे पुरुषोंके क्रमसे मूल आगममें वाचनाक्रमसे किस प्रकार प्रामाणिकता बनी रही यह स्पष्ट हो जाता है।

बौद्ध परम्परामें जो संगीतिके और श्वेताम्बर परम्परामें जो वाचनाके उल्लेख दृष्टिगोचर होते हैं, दिगम्बर परम्परा अनेक आचार्यों द्वारा किये गये अपनी-अपनी स्मृतिके द्वारा संकलनरूप वैसी वाचनाको स्वीकार न कर गुरुपरम्परासे मिलनेवाली क्रमिक वाचनाको ही स्वीकार करता है। इससे दिगम्बर परम्परामें वर्तमान कालमें उपलब्ध होनेवाले गुरुपरम्परानुसारी आगमकी प्रामाणिकता सुस्पष्ट हो जाती है।

इस विधिसे देखनेपर मालूम होता है कि धरसेन और गुणधरको अपने पूर्ववर्ती गुरुओंसे जो वाचना मिली थी वही धरसेन आचार्यने पुष्पदन्त और भूतबलि आचार्यको दी और उस आधारपर पुष्पदन्त और भूतबलिने षट्खण्डागमकी रचना की। तथा गुणधर आचार्यने स्वयं कषायप्राभृतकी रचनाकर उसे क्रमसे आर्यमंक्षु और नागहस्तिको समर्पित किया। जिनसे क्रमशः वाचना लेकर आचार्य यतिवृषभने चूर्णिसूत्र लिखे।

वर्तमानकालमें षट्खण्डागम और कषायप्राभृतके अविकल रूपमें पाये जानेका यह संक्षिप्त इतिहास है। षट्खण्डागमपर यद्यपि आचार्य कुन्दकुन्द आदिने अनेक टीकाएँ लिखीं, पर वर्तमानमें एकमात्र आचार्य वीरसेन द्वारा लिखित टीका ही उपलब्ध होती है। तथा कषायप्राभृतपर सर्वप्रथम आचार्य यतिवृषभने चूर्णिसूत्र लिखे, उच्चारणाएँ भी अनेक लिखी गईं। जिनको सम्मिलितकर वर्तमानमें जयधवला टीका पाई जाती है। अस्तु,

कषायप्राभृत

जैसा कि हम पहले १४ पूर्वोंका संकेत कर आये हैं, पाँचवाँ पूर्व उनमेंसे एक है। उसके बारह वस्तु अधिकार हैं और उसके २० प्राभृत नामक अधिकार हैं। प्रकृतमें तीसरा पेज्ज-दोसपाहुड (कसायपाहुड) विवक्षित है। इसीको माध्यम बनाकर आचार्य गुणधरने २३३ गाथाओं द्वारा प्रकृत पेज्जदोसपाहुडकी रचना की है।

यद्यपि आचार्य गुणधरने गाथा २ में १५ अधिकारोंमें विभक्त १८० गाथाओंके बनानेकी प्रतिज्ञा की है, अतः कितने ही व्याख्यानाचार्य शेष ५३ गाथाओंको नागहस्ति आचार्य कृत मानते हैं। किन्तु जयधवला टीकाके रचयिता आचार्य वीरसेन उनके इस मतसे सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि ये गाथाएँ गुणधरभट्टारककृत नहीं मानी जातीं तो उन्हें अज्ञताका प्रसंग प्राप्त होता है। स्पष्ट है कि आचार्य गुणधरने सभी २३३ गाथाओंकी रचना करके भी मात्र पन्द्रह अधिकार सम्बन्धी प्रयोजनीय १८० गाथाओंका ही उल्लेख किया है।

कषायप्राभृतमें निर्दिष्ट १५ अधिकारोंकी प्ररूपणाके अन्तमें एक चूलिका नामका स्वतन्त्र अधिकार भी उपलब्ध होता है। इसमें सूत्र गाथा संख्या १२ है। उनमेंसे क्षपणासम्बन्धी १० सूत्र गाथाएँ २३३ गाथाओंमेंसे ही ली गई हैं। प्रारम्भकी और अन्तकी शेष दो सूत्र गाथाएँ नई हैं। इनके रचयिता आचार्य गुणधर हैं या अन्य कोई इसका संकेत चूर्णिसूत्रोंसे तो इसलिए नहीं मिलता, क्योंकि इन पर चूर्णिसूत्रोंका सर्वथा अभाव है। जयधवला टीकामें अवश्य ही चूलिका अधिकारका स्वतन्त्र अस्तित्व स्वीकार किया गया है। वहाँ लिखा है—

एवमेत्तियेण परूवणापबंधेण सत्थाणसजोगिकेवलिविसयं परूवणाविसेसं सरिसमाणिय संपहि एत्थेव चरित्तमोहणीयपुरस्सराणं घादिकम्माणं खवणाविही समप्पदि त्ति कयणिच्छओ एदस्सेव खवणाहियारस्स चूलियापरूवणट्ठमुवरिमाओ सुत्तगाहाओ पढइ तत्थ ताव पढमा सुत्तगाहा—

इतना निर्देश करनेके बाद चूलिकासम्बन्धी १२ गाथाएँ देकर जयधवलामें उनकी क्रमसे व्याख्या प्रस्तुत की गई है।

प्रारम्भकी और अन्तकी दो गाथा सूत्र इस प्रकार हैं—

अण-मिच्छ-मिस्स सम्मं अट्ठणवुंसित्थिवेदछक्कं च ।
पुंवेदं च खवेदि हु कोहादीए च संजलणे ॥ १ ॥
जाव ण छदुमत्थादो तिण्हं घादीण वेदगो होइ ।
अधणंतरेण खइया सव्वण्हू सव्वदरिसी य ॥ १२ ॥

लगता है कि इन दो सूत्रगाथाओंके रचयिता भी स्वयं गुणधर आचार्य ही हैं। फिर भी उपसंहारात्मक सूत्रगाथाएँ होनेके कारण इन्हें २३३ मूल सूत्रगाथाओं के अतिरिक्त स्वतन्त्र रूपसे नहीं स्वीकार किया गया है। इसकी पुष्टि चूलिकाके अन्तमें पाये जानेवाले जमधवलाके समाप्तिसूचक इस वचनसे होती है—

तदो चरित्तमोहक्खवणासण्णिदो कसायपाहुडस्स पण्णारसमो अत्थाहियारो समप्पदि त्ति जाणावणट्ठमुवसंहारवक्कमाह—चरित्तमोहक्खवणा त्ति समत्ता।

### षट्खण्डागम और कषायप्राभृत

यह मूल आगम साहित्य है। इसे आगम इसलिये कहते हैं, क्यों कि भगवान् आदिनाथसे लेकर १४ पूर्वों और यथासम्भव ११ अंगोंमें जो निश्चित तत्त्व व्यवस्था निरूपित की गई और अन्तमें उसी रूपमें जिसकी प्ररूपणा भगवान् महावीरने की वही आचार्य परम्परासे आचार्य धरसेन और गुणधर को प्राप्त हुई। इसे सिद्धान्त कहनेका कारण भी यही है। यह किसीके चिन्तनका फल नहीं है, क्योंकि इस तत्त्वप्ररूपणाकी पृष्ठभूमिमें केवलज्ञानका माहात्म्य है। जितने भी तीर्थंकर जिन हुए उन्होंने कभी भी अपनी कल्पनाओंको उपदेशका माध्यम नहीं बनाया। केवलज्ञान होनेपर जो वस्तुव्यवस्था ज्ञानमें आई, उसीकी प्ररूपणा की और वही आचार्यपरम्परासे वाचना द्वारा आती हुई इन दोनों परमागमोंमें निबद्ध की गई।

षट्खण्डागम जीवस्थानको छोड़ कर शेष पाँच खण्डों की आधारभूत वस्तु महाकम्मपयडिपाहुड है।[1] तथा कषायप्राभृतकी आधारभूत वस्तु पेज्ज-दोसपाहुड (कसायपाहुड) है। जीवस्थानकी आधारभूत सामग्री अन्य मूल अंग-पूर्व भी हैं।[2]

धरसेन और गुणधर दोनों ही क्रमसे महाकम्मपयडिपाहुड और पेज्जदोसपाहुडके पूर्ण ज्ञाता आचार्य थे। इनमेंसे कौन अल्प ज्ञाता था और कौन अधिक ज्ञाता था, अपनी कल्पित तर्कणाको माध्यम बना कर ऐसा विधान जो कोई भी करता है वह उपहास्यास्पद ही प्रतीत होता है।[3]

१. धवला द्वि० आ०, भा० १ पृ० १२६।
२. धवला द्वि० आ० भा० १ पृ० १२४ आदि।
३. भगवान महावीर और उनकी आचार्य परम्परा पृ० २८।

वस्तुस्थिति यह है कि महाकम्मपयडिपाहुडमें आठों कर्मों को माध्यम बना कर प्ररूपणा हुई है और पेज्जदोसपाहुडमें मात्र मोहनीय कर्मको माध्यम बना कर प्ररूपणा हुई है। इसलिए यथासम्भव इन दोनों आगमोंकी विषयवस्तुका मूलके अनुसार होना स्वाभाविक है। स्पष्ट है कि आचार्य गुणधरने जो संक्रम, उदय-उदीरणाकी स्वतन्त्र प्ररूपणा की है वह महाकम्मपयडिके आधारसे न करके मात्र पेज्जदोसपाहुडके आधारसे ही की है। यह कैसे माना जाय कि पेज्जदोसदाहुडमें इन अधिकारों की प्ररूपणा नहीं की गई, अतः उन्होंने इसे महाकम्मपयडिपाहुडसे लिया है। यह मात्र कल्पना ही है। रहा अल्पबहुत्व अधिकार सो वह दोनों में समान है। अन्तर केवल इतना है कि महाकम्मपयडिपाहुडमें आठ कर्मोंको आश्रय बना कर उसकी प्ररूपणा हुई है और पेज्जदोसपाहुडमें मात्र मोहनीय कर्मको आश्रय बना कर उसकी प्ररूपणा हुई है। इसलिये कषाय प्राभृतमें भी इसकी प्ररूपणा पेज्जदोसपाहुडसे ही की गई है ऐसा स्वीकार करना ही तर्कसंगत प्रतीत होता है।

एक बात यह भी समझनी चाहिये कि मूल आगमको संक्षिप्तकर विषय विभागके क्रमसे पुस्तकारूढ़ करते समय यह पुस्तकारूढ़ करनेवाले आचार्य की इच्छापर निर्भर रहा है कि वह किसे प्राथमिकता दे। देखो कषायप्राभृतमें पहले मोहनीयकर्मके सत्त्वकी प्ररूपणा की गई, बन्धकी नहीं। जब कि सत्त्वकी प्ररूपणा बन्धके बाद ही होनी चाहिये थी ऐसा कहा जा सकता है। यह भी एक तर्क ही है। इससे यथार्थतापर कोई प्रकाश नहीं पड़ता। मेरी रायमें धवला और जयधवलामें जो श्रुतावतारका इतिहास दिया है उसे ही प्रामाणिक माना जाना चाहिये।[1] अपनी बुद्धिसे ऐसे सूक्ष्म विषयपर कुछ भी टीका-टिप्पणी करना आगमानुसारी तर्क संगत प्रतीत नहीं होता।[2]

## चूर्णिसूत्र

आचार्य यतिवृषभने कषायप्राभृत की सूत्रगाथाओंपर चूर्णिसूत्रोंकी रचना की है। यद्यपि आचार्य गुणधरने पन्द्रह अधिकारोंको १८० गाथाओंमें निबद्ध करने की प्रतिज्ञा की है। किन्तु इसमें कुल गाथाएँ २३३ हैं। इनके अतिरिक्त चूलिकामें दो गाथाएँ और है। इन सबको जयधवलाटीकाकारने गाथा सूत्र कहा है तथा २३३ सूत्रगाथाओंमें से ५३ गाथाकी रचना भी स्वयं गुणधर आचार्यने ही की है यह भी स्पष्ट किया है।[3]

१२ सम्बन्ध गाथाओंके तथा ३५ संक्रामण गाथाओंके साथ चूर्णिसूत्रों पर दृष्टिपात करनेसे भी यह स्पष्ट हो जाता है कि ये गाथाएँ गुणधर आचार्य द्वारा ही निबद्ध होनी चाहिये। यथा—'पुव्वम्मि पंचमम्मि दु' इस प्रथम गाथा पर 'णाणपवादस्स पुव्वस्स' इत्यादि चूर्णिसूत्र हैं। 'गाहासदे असीदे' इत्यादि ११ गाथाओंके पूर्व 'अत्थाहियारो पण्णारसविहो' यह चूर्णिसूत्र है। तथा उसके बाद चूर्णिसूत्रों द्वारा उनका नाम-निर्देश किया गया है। १३, १४ वीं गाथाऐं तो १८० गाथाओंमें सम्मिलित हैं ही और ये गुणधर आचार्य द्वारा निबद्ध हैं ऐसे सबने एक स्वरसे स्वीकार किया है। उनमेंसे १४वीं गाथाका अन्तिम पाद 'अद्धापरिमाणणिद्देसो' है। इसके बाद ही अद्धापरिमाणका निर्देश करनेवाली 'आवलिय अणाहारे' इत्यादि छह गाथाएँ निबद्ध की गई हैं। गुणधर आचार्यके अभिप्रायानुसार १८० गाथाओंमें विभक्त जिन पन्द्रह अधिकारोंका नाम निर्देश किया गया है उनमें अद्धापरिमाण अधिकार सम्मिलित नहीं है। ऐसा होते हुए भी स्वयं गुणधर आचार्य

---

१. धवला द्वि० आ०, भा० १ पृ० ६८ जयधवला द्वि० आ०, भा० १, पृ० ७९।

२. तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा भा०२, पृ० २८। कषायपाहुड सुत्त प्रस्तावना पृ. १४।

३. जयधवला द्वि० आ०, भा० १,पृ० १६५।

अद्धापरिमाण अधिकारका अलगसे उल्लेख करते हैं। इससे मालूम पड़ता है कि 'आवलिय अणाहारे' इत्यादि छ गाथाओंको भी स्वयं गुणधर आचार्यने निबद्ध किया है। अब रही संक्रमणसम्बन्धी ३५ गाथाऐं सो उनपर तो चूर्णिसूत्र हैं ही। इससे भी ऐसा ही ज्ञात होता है कि इन ५३ गाथाओंको निबद्ध करनेवाले आचार्य गुणधर ही हैं। यद्यपि आचार्य वीरसेनने अद्धापरिमाण अधिकारको सब अधिकारोंमें समान होनेसे स्वतन्त्र अधिकार माननेका निषेध किया है, पर उससे उक्त तथ्यके फलित करनेमें कोई बाधा नहीं आती।

यद्यपि कषायप्राभृतकी समाप्ति १५ अधिकारोंकी समाप्तिके बाद चूलिका नामक अनुयोगद्वारके समाप्त होने पर ही होती है। फिर भी यतिवृषभ आचार्यने अपने चूर्णिसूत्रों द्वारा पश्चिम स्कन्ध नामक अधिकारकी रचना अलगसे की है। इस पर जयधवलकारने जो शंका—समाधान किया है उसका अनुवाद अविकल रूपसे हम यहाँ दे रहे हैं—

शंका—महाकर्मप्रकृतिप्राभृतके २४ अनुयोगद्वारोंसे सम्बन्ध रखनेवाले इस पश्चिम स्कन्ध अधिकार-की इस कषायप्राभृतमें किसलिए प्ररूपणा की जा रही है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि दोनों स्थलोंपर उसे स्वीकार करनेमें कोई बाधा नहीं आती। यथा—

महाकम्मपयडिपाहुडस्स चउवीसाणियोगद्दारेसु पडिबद्धो एसो पच्छिमक्खंधाहियारो कधमेत्थ कसायपाहुडे परूविज्जदि त्ति णासंका कायव्वा, उहयत्थ वि तस्स पडिबद्धत्तब्भुवगमे बाहाणुवलंभादो।

यह चूर्णिसूत्रोंका सामान्य स्वरूप है।

## जयधवला टीका

इसमें जहाँ कषायप्राभृतके प्रत्येक गाथा सूत्रका अलगसे विवेचन उपलब्ध होता है वहीं प्रत्येक गाथा सूत्र पर जितने चूर्णिसूत्र आये हैं उनकी भी स्वतन्त्ररूपसे व्याख्या की गई है। इतना अवश्य है कि अधिक-तर अधिकारोंमें पहले उस उस अधिकार सम्बन्धी सब गाथा सूत्र दे दिये गये हैं। उसके बाद उनपर जितने चूर्णि सूत्रोंकी रचना हुई है वे भी व्याख्याके साथ दिये गये हैं। इसके लिए देखो संक्रम अधिकार, वेदक अधिकार, उपयोग अधिकार आदि। एक चारित्रमोहक्षपणा अधिकार ऐसा अवश्य है जिसमें प्रत्येक गाथासूत्र-पर चूर्णिसूत्र और जयधवला टीका अलग-अलग दी गई हैं। सम्भवतः इस प्रकारकी व्यवस्था चूर्णि-सूत्रकार यतिवृषभ आचार्य द्वारा ही की गई प्रतीत होती है।

## लब्धिसार और उसके कर्ता आचार्य नेमिचन्द्र

नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्तीने लब्धिसारकी रचनामें उक्त तीनों सिद्धान्त ग्रन्थोंका समानरूपसे उपयोग किया है। इसमें दर्शनमोह उपशमना अधिकारसे लेकर अन्त तकके सभी अधिकारोंका विषय सम्मलित किया गया है। उक्त जयधवला टीका ६०००० श्लोक प्रमाण मानी जाती है। इतने महा परिमाणवाले ग्रन्थके एक तिहाई भागको ६५३ गाथाओंमें संकलित कर देना यह कोई साधारण काम नहीं है। उल्लेख-नीय बात यह है कि ऐसा करते हुए कोई विषय छूटने भी नहीं पाया है। साथ ही जिस विषयका जय-धवला टीकामें विशेष स्पष्टीकरण किया गया है उसे भी लब्धिसारमें निरूपित कर दिया गया है। लब्धिसारमें ऐसी अधिकतर गाथाएँ हैं जिन्हें समझनेके लिए टीकाकी सहायता लेनी पड़ती है। नेमिचन्द्र

सिद्धान्त चक्रवर्तीने कब और किस स्थान पर बैठकर इस ग्रन्थकी रचना की इसपर आगे संक्षेपमें प्रकाश डाला जाता है। साथ ही यह भी देखना है कि इनके दीक्षागुरु और शिक्षागुरु कौन थे ? नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्तीकी तीन रचनाएँ प्रसिद्ध हैं—गोम्मटसार जीवकाण्ड कर्मकाण्ड, लब्धिसार और त्रिलोकसार। क्षपणासार स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं है, लब्धिसारका ही एक अंग है, ये तीनों रचनाएँ ऐसी हैं जिनसे उनकी बहुज्ञताको समझनेमें सहायता मिलती है, उनमेंसे यहाँ हम लब्धिसारको ही लेते हैं। उसके अन्तमें प्रशस्तिके रूपमें ये दो गाथाएँ आई हैं—

वीरिंदणंदिवच्छेणप्पसुदेणभयणंदिसिस्सेण।
दंसण-चरित्तलद्धी सुसूइया णेमिचंदेण ॥६५२॥
जस्स य पायपसाएणणंतसंसारजलहिमुत्तिण्णो।
वीरिंदणंदिवच्छो णमामि तं अभयणंदिगुरुं ॥६५३॥

आशय यह है कि वीरनन्दि और इन्द्रनन्दिके वत्स, अल्पश्रुतज्ञानी तथा अभयनन्दिके शिष्य नेमिचन्द्रने दर्शन-चारित्र लब्धिको भले प्रकार निबद्ध किया है ॥६५२॥ जिसके चरणप्रसादसे अनन्त संसार समुद्रको पार किया उन अभयनन्दिगुरुको मैं वीरनन्दि और इन्द्रनन्दिका वत्स नमस्कार करता हूँ ॥६५३॥

इनमेंसे प्रथम गाथासे तो यही स्पष्ट होता है कि नेमिचन्द्र आचार्य वीरनन्दि और इन्द्रनन्दिसे छोटे थे तथा अभयनन्दिके शिष्य थे। कैसे शिष्य थे इसका पता दूसरी गाथाके पूर्वार्धसे लगता है। नेमिचन्द्रने अभयनन्दिको संसार समुद्रसे पार करनेवाला कहा है। इससे मालूम पड़ता है कि नेमिचन्द्रने अभयनन्दिसे दीक्षा ली थी। तथा दूसरी गाथामें पुनः इस बातको दुहराया गया है कि नेमिचन्द्र वीरनन्दि और इन्द्रनन्दिसे छोटे थे। मेरी समझमें नेमिचन्द्रने स्वयंको वीरनन्दि और इन्द्रनन्दिका वत्स कहा है उसका भी तात्पर्य यही है।

अब देखना यह है कि उन्होंने दोनों मूल सिद्धान्त ग्रन्थोंकी वाचना किससे ली थी, क्योंकि उन्होंने दोनों सिद्धान्त ग्रन्थोंके आधारसे यथासम्भव गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्ड और लब्धिसारकी रचना की है। लब्धिसारसे तो इसपर विशेष प्रकाश नहीं पड़ता। हाँ गो० कर्मकाण्डसे इस विषयका समाधान हो जाता है। वहाँ लिखा है—

जत्थ वरनेमिचंदो महणेण विणा सुणिम्मलो जादो।
सो अभणणंदिणिम्मलसुओवही हरउ पाणमलं ॥४०८॥

जिसका आश्रय पाकर उत्कृष्ट नेमिचन्द्र बिना मथन किये अत्यन्त निर्मल हो गये वह अभयनन्दिद्वारा प्ररूपित निर्मल श्रुतरूपी सागर हमारा पापमल हरो ॥४०८॥

यद्यपि कर्मकाण्ड गाथा ७८५ में इन्द्रनन्दिको श्रुतसागरमें पारंगत कहनेके साथ गुरु भी कहा गया है। पर मेरी समझमें यहाँ पर गुरु शब्द बड़प्पनके अर्थमें ही प्रयुक्त हुआ है। दक्षिणमें ऐसी प्रथा भी रही है कि जो सहपाठी होनेके साथ अपनेसे बड़ा हो उसे गुरु शब्द द्वारा सम्बोधित करनेकी परिपाटी रही है। इस बातका समर्थन गो० कर्मकाण्डकी इस गाथासे होता है—

वरइंदणंदिगुरुणा पासे सोऊण सयलसिद्धंतं।
सिरिकणयणंदिगुरुणो सत्तट्ठाणं समुद्दिट्ठं ॥३९६॥

उत्कृष्ट इन्द्रनन्दि गुरुके पास समस्त सिद्धान्तको सुनकर श्री कनकनन्दि गुरुने सत्त्वस्थानकी प्ररूपणा की ॥३९६॥

अथवा यह भी हो सकता है कि नेमिचन्द्रने प्रमुखरूपमें अभयनन्दिसे वाचना ली होगी और विशेष हृदयंगम करनेके अभिप्रायसे इन्द्रनन्दिको माध्यम बनाकर भी सिद्धान्त ग्रन्थोंका स्वाध्याय किया होगा। सत्त्वस्थानकी प्ररूपणाका सम्बन्ध कनकनन्दिसे आता है और इस बातको ध्यानमें रखकर ही उन्होंने कनकनन्दिको भी गुरु कहना मान्य रखा होगा। पर अभी यह बात विचारणीय है कि सत्त्वस्थानको ग्रन्थ रूप किसने दिया, क्योंकि जहाँ एक ओर नेमिचन्द्र आचार्य सत्त्वस्थानकी प्ररूपणाका श्रेय कनकनन्दिको देते हैं वहीं दूसरी ओर वे यह भी कहते हैं कि इस प्रकार विस्तारपूर्वक सत्त्वस्थानका मैंने सम्यक् वर्णन किया। जो इसे पढ़ता है, सुनता है और अभ्यासकर हृदयंगम करता है वह मोक्षसुखका भोक्ता होता है। यथा—

एवं सत्तट्ठाणं सवित्थरं वण्णियं मए सम्मं।
जो पढइ सुणइ भावइ सो पावइ णिव्वुदिं सोक्खं ॥३९५॥

सत्त्वस्थानकी स्वतन्त्र प्रतियाँ आराके जैन सिद्धान्त भवनमें उपलब्ध हैं। उनको सावधानीसे देखकर और उनका गो० कर्मकाण्डके सत्त्वस्थान प्रकरणसे मिलान करके ही यह निश्चय किया जा सकता है कि इस प्रकरणके संकलनमें किसका कितना योगदान है।

कनकनन्दिके गुरु इन्द्रनन्दि थे यह गो० कर्मकाण्डकी गाथा ३९६से ज्ञात होता है। उसकी संस्कृत टीकामें इन्द्रनन्दिको सूरि कहनेके साथ भट्टारक भी कहा गया है। यह संस्कृत टीका केशववर्णीकृत कर्णाटक वृत्तिका लगभग रूपान्तर है, इसलिए बहुत सम्भव है कि अपनी कर्णाटक वृत्तिमें केशववर्णीने भी इन्द्रनन्दिको भट्टारक समझ बूझकर लिपिबद्ध किया होगा। हो सकता है कि १०-११ वीं शताब्दिमें नग्न भट्टारकोंकी परम्परा प्रचलित हो गई हो। जो कुछ भी हो, यह विचारणीय अवश्य है। इससे कई तथ्योंपर बहुत कुछ प्रकाश पड़ना सम्भव है। ३९६ गाथाकी संस्कृत टीका इस प्रकार है—

सूरिमतल्लिकाश्रीमदिन्द्रनन्दिभट्टारकपार्श्वे सकलसिद्धान्तं श्रुत्वा श्रीकनकनन्दिसिद्धान्तचक्रवर्तिभिः सत्त्वस्थानं सम्यक् प्ररूपितम्।

इस प्रकार पूर्वोक्त विवेचनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती उसी समयके आचार्य हैं जब अभयनन्दि, वीरनन्दि, इन्द्रनन्दि और कनकनन्दि आदि मनीषी इस भूमण्डलको अपनी उपस्थितिसे अलंकृत कर रहे थे। इन सब आचार्योंका काल विक्रमकी ११वीं शताब्दि है, अतः इस हिसाबसे इन्हें भी विक्रमकी ११वीं शताब्दिका समझना चाहिये। इस विषयमें विशेष स्पष्टीकरण अन्यत्र से जानना चाहिये।

अब देखना यह है कि उन्होंने किस स्थान पर बैठकर सिद्धान्तादि ग्रन्थोंकी रचना कर करणानुयोगकी श्रीवृद्धिमें चार चाँद लगाये हैं। उन्होंने स्वयं तो इस सम्बन्धमें कुछ लिखा नहीं। परन्तु कर्मकाण्डके अन्तमें जहाँ भगवान् बाहुबलिके उत्तुंग जिन बिम्बका सम्मानके साथ उल्लेख किया गया है वहीं श्री वीरमार्तण्ड चामुण्डरायद्वारा निर्मापित श्री जिनमन्दिरका भी उल्लेख किया है। इससे प्रतीत होता है कि उन्होंने अपनी गोम्मटसार, लब्धिसार आदि ग्रन्थोंकी रचनाके लिए यही स्थान उपयुक्त समझा होगा।

लब्धिसारवृत्ति और उसके कर्ता

वर्तमान समयमें लब्धिसारपर चारित्र मोहउपशमना अधिकार तक ही एक वृत्ति पाई जाती है। वृत्तिका प्रारम्भ करते हुए ये दो अनुष्टुप् छन्द उपलब्ध होते हैं—

जयन्त्वन्वहमर्हन्तः सिद्धाः सूर्युपदेशकाः।
साधवो भव्यलोकस्य शरणोत्तममंगलम् ॥१॥
श्रीनागार्यतनूजातशान्तिनाथोपरोधतः ।
वृत्तिर्भव्यप्रबोधाय लब्धिसारस्य कथ्यते ॥२॥

प्रथम छन्दमें पञ्च परमेष्ठीका जय-जयकार कर भव्य जीवोंके लिए वे शरणभूत, उत्तम और मंगलस्वरूप हैं यह सूचित किया गया है। तथा दूसरे छन्दमें श्रीनागार्यके सुपुत्र शान्तिनाथको प्रेरणासे भव्य जीवोंको सम्यग्ज्ञानकी प्राप्तिके निमित्त लब्धिसारग्रन्थकी वृत्तिके निर्माणकी प्रतिज्ञा की गई है।

इन दोनों छन्दोंके बाद जो उत्थानिका दी गई है उससे ऐसा भी प्रतीत होता है कि लब्धिसारकी रचना सम्यक्त्व चूडामणि चामुण्डरायके प्रश्नके अनुसार हुई है।

इन दोनों छन्दोंमेंसे अन्तिम छन्द और उत्थानिका ऐसी है जिनसे लब्धिसारवृत्तिके निर्माण पर अंशतः प्रकाश पड़ता है। किन्तु इस वृत्तिका रचयिता कौन है यह स्पष्ट नहीं होता। गोम्मटसार कर्मकाण्डके अन्तमें जो प्रशस्ति उपलब्ध होती है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि मूलसंघ कुन्दकुन्दाम्नायी सूरत पट्टके[१] भट्टारक श्री ज्ञानभूषणके शिष्य और उनके उत्तराधिकारी भट्टारक प्रभाचन्द्रके द्वारा दिये गये सूरि या आचार्य पदसे अलंकृत श्री नेमिचन्द्रने कर्णाटकीय वृत्तिके अनुसार मात्र गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्ड की वृत्तिकी ही रचना की थी और उसका नाम तत्वप्रदीपिका रखा था। श्री केशववर्णीने जिस कर्णाटक वृत्तिकी रचना की है वह भी गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्ड तक ही सीमित है[२]। दोनों वृत्तियोंके अन्तरंगकी परीक्षा करने पर यह स्पष्ट हो जाता है—

१. गोम्मटसार जीवकाण्ड और कर्मकाण्डके प्रत्येक अधिकारके अन्तमें इस प्रकारका पुष्पिका वाक्य उपलब्ध होता है—

इत्याचार्य श्रीनेमिचन्द्रसिद्धान्तचक्रवर्तिविरचितायां गोम्मटसारापरनामपंचसंग्रहवृत्तौ तत्त्वदीपिकाख्यायां.... .... .... .... ....।

जब कि लब्धिसारके प्रत्येक अधिकारके अन्तमें इस प्रकार अधिकारकी समाप्ति सूचक पुष्पिका वाक्य उपलब्ध होते हैं—

इति क्षायिकसम्यक्त्वप्ररूपणं समाप्तम्। इति देशसंयमलब्धिविधानाधिकारः। आदि।

२. उक्त उदाहरणोंसे यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि तत्वदीपिका यह नाम केवल जीवकाण्ड-कर्मकाण्ड वृत्तिका है, लब्धिसारवृत्तिका नहीं। लब्धिसार वृत्तिमें कुछ ऐसे उद्धरण भी उपलब्ध होते हैं जिनसे ऐसा प्रतीत होता है कि लब्धिसार वृत्तिकी रचना करते समय वृत्तिकारके सामने तत्सम्बन्धी टिप्पण रहे हैं[३]। एक दूसरे स्थल पर वृत्तिकार यह भी संकेत करते हैं कि दर्शनमोहक्षपणाके अवसरपर सम्भव ३३ अल्पबहुत्वपदोंका प्रवचनके अनुसार व्याख्यान किया[४]।

---

१-२. भट्टारक सम्प्रदाय पृ० २०१।२ प्रशस्ति गो० कर्मकाण्ड।

३. एवं दर्शनमोहक्षपणटिप्पणम्।

४. एवं दर्शनमोहक्षपणावसरे सम्भवदल्पबहुत्वपदानि त्रयस्त्रिंशत्संख्यानि प्रवचनानुसारेण व्याख्यातानि।

यहाँ टिप्पण और प्रवचनसे वृत्तिकारको कौन विवक्षित है यह स्पष्ट ज्ञात नहीं हो सका।

नागपुरके सेनगण मन्दिरमें कर्मकाण्ड टीकाकी एक हस्तलिखित प्रति उपलब्ध है[1]। सम्भव है कि यह कर्मकाण्डकी मुद्रित टीकासे भिन्न होनी चाहिये, क्योंकि इसमें जो प्रशस्ति दी गई है उसमें और कर्मकाण्डकी मुद्रित टीकाकी प्रशस्तिमें अन्तर है। उक्त हस्तलिखित प्रतिमें जो प्रशस्ति दी गई है वह इस प्रकार है—

मूलसंघे महासाधुलक्ष्मीचन्द्रो यतीश्वरः।
तस्य पादस्य वीरेन्दुविबुधा विश्ववेदिनः॥
तदन्वये दयांभोधिज्ञानभूषो गुणाकरः।
टीकां हि कर्णकाण्डस्य चक्रे सुमतिकीर्तियुक्॥३॥

इस प्रशस्तिमें मूलसंघ बलात्कार गणके शिष्य-प्रशिष्यके रूपमें लक्ष्मीचन्द्र, वीरचन्द्र और ज्ञातभूषण इन भट्टारकोंके नाम देकर ज्ञानभूषणको भट्टारक सुमतिकीर्तिसे मिलकर कर्मकाण्डकी टीकाका रचयिता कहा गया है। जब कि मुद्रित कर्मकाण्डके अन्तमें पायी जानेवाली प्रशस्तिमें शिष्य-प्रशिष्यके रूपमें ज्ञानभूषण, प्रभाचन्द्र और नेमिचन्द्र ये तीन नाम देकर नेमिचन्द्रको गोम्मटसार जीवकाण्ड और कर्मकाण्डकी वृत्तिका रचयिता बतलाया गया है। साथ ही उसमें यह भी कहा गया है कि कर्णाटदेशके राजा मल्लिभूपालके अनुरोध-वश त्रैविद्य मुनिचन्द्रसे नेमिचन्द्रने सिद्धान्तकी शिक्षा लेकर श्री धर्मचन्द्र और अभयचन्द्र भट्टारक तथा वर्णी-लाला आदिके आग्रहसे गुजरातके चित्रकूटमें जिनदास द्वारा निर्मापित जिनालयमें बैठकर उक्त वृत्तिकी रचना की। इसके निर्माणमें खण्डेलवाल कुलतिलक साह सांगा और साह सहेस भी निमित्त हुए। नेमिचन्द्र ने यह वृत्ति त्रैविद्य विशालकीर्तिकी सहायतासे लिखी[2]।

ये दो प्रशस्तियाँ हैं। इनके आधारसे ये तथ्य फलित होते हैं—

१. गोम्मटसार कर्मकाण्डकी दो टीकायें हैं—एक ज्ञानभूषण भट्टारक द्वारा रचित और दूसरी उनके शिष्य नेमिचन्द्र द्वारा निर्मित।

२. नेमिचन्द्रने सिद्धान्तकी शिक्षा कर्णाटकके त्रैविद्य मुनिचन्द्रसे ली। तथा अपनी वृत्तिकी रचना कारंजा बलात्करगण पट्टके भट्टारक त्रैविद्य विशालकीर्तिकी सहायतासे की।

३. नेमिचन्द्रकी इस वृत्तिको संशोधित करके अभयचन्द्रने लिखा। ये भट्टारक ज्ञानभूषणके पूर्ववर्ती भट्टारक वीरचन्द्रके सहाध्यायी तथा भट्टारक लक्ष्मीचन्द्रके शिष्य थे। इतना अवश्य है कि बलत्कारगण सूरत पट्टकी भट्टारकपरम्परामें नेमिचन्द्रका उल्लेख दृष्टिगोचर नहीं होता[3]।

इतने विवेचनके बाद हमें जो महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलती है वह यह है कि गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्डकी वृत्तिकी रचनामें कारंजा, सूरत और कर्णाटकके भट्टारकोंने सम्यग्ज्ञान प्रसारकी दृष्टिसे परस्पर सहयोग किया है। कर्मकाण्डकी जिस दूसरी टीकाका हम पूर्वमें उल्लेख कर आये है उसकी रचना में सूरत और कर्णाटकके भट्टारकोंका परस्पर सहयोग होना चाहिये, क्योंकि उसकी प्रशस्तिमें जिन सुमति-कीर्ति भट्टारकका उल्लेख किया गया है वे सम्भवतः कर्णाटक प्रदेशीय ही होने चाहिये। गोम्मटसार

---

१. भट्टारकसम्प्रदाय पृ. १८३।

२. भारतीय जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था कलकत्ता।

३. भट्टारक सम्प्रदाय पृ० ३०१।

कर्मकाण्ड-जीवकाण्डकी वृत्तिमें जिन भट्टारक धर्मचन्द्र का नाम आता है वे बलात्कारगण कारंजा पट्टके भट्टारक थे यह इस गणकी कारंजा शाखाके अध्ययनसे ज्ञात हो जाता है।

विशालकीर्ति नामके कई भट्टारक हुए हैं। यह सम्भावना की जाती है कि ये तत्त्वज्ञान तरंगिणीके रचयिता विशालकीर्ति ही होने चाहिये[1]। किन्तु इनकी शुरू परम्पराका मेल बलात्कार गण सूरत शाखासे बैठता है[2] न कि बलात्कार गण ईडरशाखाकी भट्टारक परम्परासे। अतः यह स्पष्ट है कि बलात्कार गण सूरत शाखाके जिन भट्टारक विशालकीर्तिके सहयोगसे कर्मकाण्डकी टीका रची जानेका उल्लेख मिलता है उन्हींके प्रशिष्य नेमिचन्द्रने कर्णाटक वृत्तिके अनुसार गो० जीवकाण्ड-कर्मकाण्डकी वृत्तिकी रचना की होगी।

इतना सब होते हुए भी यह विवादास्पद ही है कि लब्धिसारकी वृत्तिकी रचना किसने की। जब तक कोई तथ्य सामने नहीं आते तब तक निर्विवादरूपसे नेमिचन्द्रको ही इसका रचयिता मानना उपयुक्त प्रतीत नहीं होता[3]। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि इसकी रचना की शैली आदिको देखते हुए उसी कालके उक्त भट्टारकोंके सम्मिलित सहयोगसे इसकी रचना की गई होनी चाहिये। यदि किसी एक भट्टारकका यह काम होता तो वह या अन्य कोई रचयिताके रूपमें उनके नामका उल्लेख अवश्य करते, जो कुछ भी हो, यह विषय है विचारणीय ही।

## ३. अर्थसंदृष्टि

लब्धिसारकी संस्कृत टीकामें बीजगणितके रूपमें अर्थदृष्टिका उपयोग किया गया है। प्रकृतमें गाथा संख्याके अनुसार तत्सम्बन्धी कुछ संकेतोंका उल्लेख यहाँ कर देना उपयुक्त प्रतीत होता है—

| | | | |
|---|---|---|---|
| गाथा | ३४ | स्तोक अन्तर्मुहूर्त—२१ | |
| ,, | ,, | संख्यातगुणा ,, २११ | |
| ,, | ,, | पुनः सं. गु. ,, २१११ | |
| ,, | ३९ | अन्तर्मुहूर्त ,, २११ | |
| ,, | ,, | प्रमाण—प्र., फल—फ, इच्छा—इ अपसरणशलाका<br>२११ १ २१११ १ | |
| ,, | ४० | अन्तःकोटाकोटि सागरोपम | सा० अंतः को. २ |
| ,, | ,, | संख्यातगुणहीन ,, ,, | सा० अं. को. २<br>४ |
| ,, | ४१ | अधःप्रवृत्तकरणमेंसे प्रथम समयसम्बन्धी स्थितिविशेष | सा. अं. को<br>४ |
| ,, | ,, | संख्यातगुणहीन ,, ,, | सा. अं. को २<br>४ ४ |
| ,, | ,, | पुनः ,, ,, | सा० अं० को २<br>४ ४ ४ |
| ,, | ४२ | असंख्यात लोक | ≡ a |

१. ती. महावीर और उनकी आचार्य परम्परा पृ. ४१८

२. भट्टारक सम्प्रदाय पृ. १८४–१८५।

३. जैनधर्मका प्राचीन इतिहास पृ. २६३।

यहाँ गा० ३४ संख्यानगुणेमें संख्यातका संकेत ११ स्वीकार किया गया है और गा० ४१ में संख्यात गुणहीन बतलानेके लिए संख्यातका संकेत-४ स्वीकार किया गया है । तथा गाथा ४२में प्रतिहारके रूपमें स्वीकृत अन्तर्मुहूर्तके प्रमाणका संकेत २ ११ ११ ११ ११ २ स्वीकार किया गया है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण तीन रूपमें स्वीकार किया गया है। आगे भी इसी प्रकार यथा सम्भव जानना चाहिए ।



गाथा ५६ अपवर्तित द्रव्य निरक्षेप रचना

सर्वत्र कर्मस्थिति—क०

गाथा ७० समयप्रबद्ध स०, साधिक बारहका संकेत १२-,
सात कर्मोंका संकेत ७, अनन्तका संकेत ख, मोहनीयकी सत्रह प्रकृतियोंका संकेत १७, अपकर्षणका संकेत ओ; पल्योपमका संकेत प० ।

गाथा ७१–७२ आवलिका संकेत ८, द्विगुणहानिका संकेत १६
रूपोनेका संकेत १ =

गाथा ७७ सागरोपमपृथक्त्व—सा० ८. ।

गाथा ८४ अन्तर्मुहूर्त २११ का संख्यात बहुभाग २११ $\frac{४}{५}$, एक भाग २११ $\frac{१}{५}$, इसमें बहुभागका संकेत $\frac{४}{५}$ एक भागका संकेत $\frac{१}{५}$।

गाथा ८५ यहाँ अन्तर्मुहूर्तमात्र अन्तरकरणके कालका संकेत २११।३
४।४

यहाँ शीर्षसे संख्यातगुणेके संकेत २११३ में संख्यातगुणे का संकेत ३
४

अर्थसंदृष्टिके ये कतिपय संकेत हैं । स्वयं वृत्तिकारने अपने संकेतोंका कोई विवरण नहीं दिया है । संकेतोंमें कहीं-कहीं विविधता भी दृष्टिगोचर होती है । उदाहरणार्थ अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयके परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण हैं। असंख्यात लोकका संकेत चिह्न ≡ ∂ है। उसमें प्रथम समयके परिणामोंका संकेत उन्होंने यह रखा है— ≡ ∂ $\frac{१ \quad १⌒}{२११११।११२।}$ इन्हें विशेषाधिक करनेके लिए १ ______ १⌒ के
२१११२११११२

स्थानमें ३ ______ ११⌒ ऐसा करके पहले १ के स्थानमें ३ अंक कर दिया है। तथा अन्तिम समयके
१ ______

परिणामोंका संकेत ≡ ∂२१११११।११२ (१⌒) इस प्रकार दिया है। यहाँ प्रथम समयके परिणाम असंख्यात
२१११२११११२

लोकप्रमाण होते हुए भी और असंख्यात लोकका संकेत ∂ ≡ होते हुए भी इन परिणामोंकी कल्पना उक्त प्रकारके संकेतके रूपमें की गई है। अस्तु ।

## ४. सैद्धान्तिक चर्चा

कर्णाटक वृत्तिके रचयिता केशववर्णी हैं। इन्होंने जीवकाण्ड प्रथम गाथाकी उत्थानिकामें षट्खण्डागमके छह खण्डोंका नामोल्लेख अवश्य किया है[1]। पर इससे ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने षट्खण्डागमके छहों खण्डोंका धवला टीका सहित पूरा अध्ययन करके अपनी जीवतत्त्वदीपिका वृत्तिकी रचना की होगी। यही स्थिति संस्कृत वृत्तिके रचयिताके सम्बन्धमें भी कही जा सकती है। इतना अवश्य है कि गुरुपरम्परासे वाचना द्वारा उन्हें यथासम्भव सिद्धान्त विषयक जितना ज्ञान प्राप्त हुआ उसी आधारपर इन वृत्तियोंकी रचना की गई है। उसमें भी नेमिचन्द्र रचित वृत्ति कर्णाटक वृत्तिका अनुकरण मात्र है। इसे स्पष्ट करनेके लिए यहाँ एक उदाहरण दे देना इष्ट समझते हैं—

( १ ) जीवकाण्डका अर्थ है गुणस्थानों और मार्गणास्थानोंके आलम्बनसे जीवोंकी विविध अवस्थाओं और परिणामोंको सूचित करनेवाला ग्रन्थ। आ० नेमिचन्द्र सि० च० ने इसका संकलन मुख्यतया जीवस्थान, क्षुल्लकबन्ध, जीवस्थानचूलिका, वेदनाखण्ड और वर्गणाखण्डके आधारसे किया है।

यह तो हम जानते हैं कि गुणस्थानोंकी प्ररूपणा मिथ्यात्व, सासादन, मिश्र और अविरति आदि जीवोंके परिणामोंके आधारसे ही की गई है। अब रहे मार्गणास्थान, सो इनमें भी भावमार्गणाएँ ही विवक्षित हैं। द्रव्यमार्गणाएँ नहीं। इसके लिए क्षुल्लकबन्ध तो प्रमाणस्वरूप है ही। साथ ही इसकी पुष्टि जीवस्थान सत्प्ररूपणाके इस वचनसे भी होती है—

'इमानि' इत्यनेन भावमार्गणास्थानानि प्रत्यक्षीभूतानि निर्दिश्यन्ते, नार्थमार्गणास्थानानि[2]....पृ० १३२।

सूत्रमें आये हुए 'इमानि' इस पदसे प्रत्यक्षीभूत भावमार्गणास्थानोंका निर्देश किया है, द्रव्यमार्गणाओंका निर्देश नहीं किया है।

आगे गति पदकी व्याख्याके प्रसंगसे जो वचन आया है उससे भी उक्त तथ्यकी पुष्टि होती है।[3]

इन तथ्योंसे स्पष्ट है कि सिद्धान्त ग्रन्थोंमें चौदह मार्गणाओंकी प्ररूपणा भावनिक्षेपके रूपमें ही हुई है, द्रव्यनिक्षेपके रूपमें नहीं। गतिमार्गणाके विषयमें भी ऐसा ही समझना चाहिये। श्वेताम्बरकार्मिक ग्रन्थोंमें भी यही व्यवस्था स्वीकार की गई है। ( २ ) प्रकृतमें गतिमार्गणाकी अपेक्षा विचार करनेपर गतिमार्गणा चार भेदोंमें विभाजित की गई है—नारक, तिर्यञ्चयोनिज, मनुष्य और देव। नारक सब नपुंसकवेदी होते हैं, इसलिए उनमें अवान्तर भेद लक्षित नहीं होते। देव स्त्रीवेद और पुरुषवेद इन दो वेदोंमें विभाजित किये गये हैं। तदनुसार उनके देव और देवी ये दो भेद किये गये हैं। तिर्यञ्चयोनिज तीन भेदोंमें विभाजित किये गये हैं। साथ ही उनमें पर्याप्त और अपर्याप्त तथा पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और तदितर तिर्यञ्च ये दो भेद और लक्षित होते हैं। मनुष्य तीन वेदोंमें विभाजित किये गये हैं। उनमेंसे पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी पर्याप्त मनुष्योंकी आगममें मनुष्य पर्याप्त संज्ञा उपलब्ध होती है। स्त्रीवेदी मनुष्योंकी मनुष्यिनी संज्ञा उपलब्ध होती है तथा नपुंसकवेदी अपर्याप्त मनुष्योंकी मनुष्य अपर्याप्त संज्ञा उपलब्ध होती है। यह आगमिक व्यवस्था है। इसी तथ्यको ध्यानमें रखकर गो० कर्मकाण्ड उदय प्रकरणमें मनुष्यिनीके किस वेदका उदय होता है इसका निर्देश करते हुए लिखा है—

मणुसिणिएत्थीसहिदा तित्थयराहारपुरिससंढूणा।
पुण्णिदरेव अपुण्णे सगाणुगदिआउगं णेयं ॥३०१॥

---

१. जीवकाण्ड पृ० ९ भा० ज्ञानपीठ प्रकाशन।

२. जीवस्थान सत्प्ररूपणा १ जैन संस्कृति संरक्षक संघ सोलापुर। ३. वही पृ० १३६-१३७।

मनुष्यिनियोंमें स्त्रीवेदके उदयको सम्मिलित कर देना चाहिये तथा तीर्थंकर, आहारकद्विक, पुरुषवेद और नपुंसकवेदके उदयको कम कर देना चाहिये····॥३०१॥

इस प्रकार सिद्धान्त ग्रन्थोंमें मनुष्यिनी पदसे मनुष्य द्रव्यस्त्रियाँ नहीं ली गई हैं यह स्पष्ट होते हुए भी दोनों वृत्तिकारोंने गो० जीवकाण्ड गाथा १५९ में आये हुए पज्जत्तमणुस्साणं तिचउत्थो माणुसीण परिमाणं। गाथाके इस पूर्वार्ध पदकी व्याख्या करते हुए 'मानुसीण' पदका अर्थ द्रव्यवेदवाली मनुष्यस्त्रियाँ किया है। यथा—

पर्याप्त मनुष्यरुगल राशि त्रिचनुर्भाग मातुषिरय्य द्रव्यस्त्रीयर परिमाणमक्कुं $४२ = ४२ = ४२ \frac{३}{४}$। क० वृ०

पर्याप्त मनुष्यराशेः त्रिचतुर्भागो मानुषीणां द्रव्यस्त्रीणां परिमाणं भवति $४२ = ४२ = ४२ = \frac{३}{४}$।

जो युक्तियुक्त नहीं है। अतः यहाँ ऐसा समझना चाहिये कि वस्तुतः यह संख्या द्रव्यस्त्रियोंकी न होकर भाववेदकी अपेक्षा मनुष्यगतिके स्त्रीवेदी जीवोंकी है। द्रव्यवेदकी मनुष्य स्त्री अपेक्षा तीनों वेदवाली होती हैं। (देखो जीवस्थान सत्प्ररूपणा ९३ टीका)।

आगे गो०[1]जीवकाण्ड गाथा १६३ में भी 'माणुसी' पदका अर्थ भाववेदवाली मनुष्यिनी ही लेना चाहिये, द्रव्यवेदवाली मनुष्यस्त्रियाँ नहीं। आगे आलाप अधिकारमें भी मनुष्यिनियोंके एक स्त्रीवेद आलाप ही लिया गया है सो इससे भी उक्त तथ्यकी पुष्टि होती है। गो० जी० पृ० ९७७ आदि।

(२) इसी प्रकार गाथा १५० में तिर्यंचगतिके जीवोंके ५ भेद और मनुष्य गतिके जीवोंके ४ भेद किये गये हैं। तिर्यञ्चोंमें वहाँ एक भेद तिर्यञ्चयोनिनी भी है। किन्तु उसका वृत्तिकारोंने क्रमसे 'योनिमतिर्यंचरुं' 'योनिमत्तिर्यञ्चः' यह अनुवाद किया है। हिन्दी टीकामें भी उसी बातको दुहराकर योनिमत् तिर्यंच अर्थ किया गया है। सिद्धान्त ग्रन्थोंके अनुवादके समय हम लोगोंसे भी ऐसी ही भूल हुई है। जैसा कि हम पहले लिख आये हैं कि आगममें सामान्य तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, अपर्याप्त ये पाँच भेद तथा मनुष्योंके सामान्य मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और मनुष्य अपर्याप्त ये चार भेद दृष्टिगोचर होते हैं। उन्हें ही संक्षेपमें इस गाथा द्वारा संकलित किया गया है। अतः अनुवाद करते समय न तो योनिमत्तिर्यञ्च ही लिखना चाहिये और न योनिमत् मनुष्य ही। सिद्धान्तकी अपेक्षा ही ये दोनों प्रयोग गलत हैं। द्वितीय आवृत्तिके समय धवलामें मैंने इस भूलका परिमार्जन करना प्रारम्भ कर दिया है।

(३) सर्वार्थसिद्धिमें 'सत्संख्या' इत्यादि सूत्रकी व्याख्या षट्खण्डागम जीवस्थानके अनुसार ही की गई है। उसमें कहीं भी मतभेदकी अपेक्षा ऊहापोह नहीं किया गया है। इसलिए सासादन गुणस्थानमें जो कुछ कम बारह बटे चौदह भाग प्रमाण स्पर्शन कहा गया है वह स्पर्शन अनुयोगद्वारके अनुसार मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा ही जानना चाहिये। अतः किसी किसी हस्तलिखित प्रतिमें जो यह वचन मिलता है—

अथवा येषां मते सासादन एकेन्द्रियेषु नोत्पद्यते तन्मतापेक्षया द्वादश भागा न दत्ताः।

सो यह वचन मूल सर्वार्थसिद्धिका नहीं है, क्योंकि सर्वार्थसिद्धिके सत्प्ररूपणामें जब एकेन्द्रियोंसे लेकर असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्यन्त जीवोंके केवल एकान्तसे एक मिथ्यादृष्टि गुणस्थान ही स्वीकार किया गया है[1] ऐसी अवस्थामें आचार्य पूज्यपादने स्पर्शन प्ररूपणामें मतभेदकी चर्चा नहीं की होगी यह स्पष्ट ही है। हमने

१. पृ० ३१।

सर्वार्थसिद्धिका सम्पादन करते समय सासादन गुणस्थानमें कुछ कम बारह बटे चौदह राजुप्रमाण स्पर्शन कैसे बनता है इसका स्पष्टीकरण टिप्पणमें श्री धवला स्पर्शन प्ररूपणाके आधारसे किया ही है[१]। दूसरे विशेषकी अपेक्षा विचार करते समय एकेन्द्रियोंमें सर्वलोकप्रमाण ही स्पर्शन बतलाया गया है सो इससे भी उक्त तथ्यकी पुष्टि होती है। यदि पूज्यपादको अन्य आचार्योंके मतकी अपेक्षा एकेन्द्रियोंमें सासादन गुणस्थान स्वीकार कर स्पर्शन बतलाना इष्ट होता तो वे विशेषकी अपेक्षा एकेन्द्रियोंमें स्पर्शनकी प्ररूपणा करते समय 'येषां मते' इत्यादि कह कर सासादनमें एकेन्द्रियोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजु अवश्य स्वीकार करते। किन्तु उन्होंने ऐसा कुछ भी संकेत नहीं किया, इसलिए 'अथवा येषां मते' इत्यादि वचन सर्वार्थसिद्धिमें पूज्यपादका स्वीकार न कर प्रक्षिप्त ही जानना चाहिये। भावरूपणासे भी इसकी पुष्टि होती है। आशा है इससे जिस लेखकको कहीं भी किसी प्रकारका भ्रम हुआ है उसका परिहार हो जाता है।

( ४ ) लब्धिसार गाथा ६१ से लेकर ६७ तक की गाथाओंमें उत्कर्षणसम्बन्धी निक्षेप अतिस्थापना आदिकी प्ररूपणा करते हुए गाथा ६५ की संस्कृत वृत्तिमें उक्त गाथामें निरूपित विषयको 'अथवा आचार्यान्तरव्याख्यानमतमेतत्' यह लिखकर भिन्न आचार्यके मतसे उक्त गाथाकी प्ररूपणाका निर्देश किया गया है। किन्तु वस्तुस्थिति यह नहीं है। वस्तुतः नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने गाथा ६२,६३ और ६४ द्वारा एक प्रकार से उत्कर्षण विषयक उत्कृष्ट निक्षेपका निरूपण कर गाथा ६५ द्वारा दूसरे प्रकारसे उत्कृष्ट निक्षेपको घटित करके बतलाया है। प्रथम प्रकार यह है—

( १ ) कोई एक जीव है उसने मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध ७० कोड़ाकोड़ी सागरोपम किया। पुनः बन्धावलि काल जाने पर उसने अगले समयमें उक्त बन्धकी अग्रस्थितिके निषेकसम्बन्धी कुछ परमाणु पुंजका अपकर्षण कर उदय समयसे लेकर निक्षेप किया। पुनः अगले समयमें उस प्रदेशपुंजको उस समय बँधनेवाली अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें उत्कर्षित कर सात हजार वर्षप्रमाण उत्कृष्ट आबाधाको छोड़ कर बन्धस्थितिमें निक्षिप्त किया। ऐसा करनेपर उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण सात हजार वर्ष और एक समय अधिक एक आवलिकम उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है, क्योंकि यहाँ बन्धावलिके बाद प्रथम समयमें अपकर्षण किया और दूसरे समयमें अपकर्षित द्रव्यका उत्कर्षण किया, इसलिए नये बन्धकी उत्कृष्ट स्थितिमेंसे एक समय अधिक एक आवलि तो यह कम हो गया तथा नये बन्धकी आबाधामें उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप नहीं होता, इसलिए उत्कृष्ट स्थितिमेंसे उत्कृष्ट आबाधाकाल और कम हो गया। यह उत्कृष्ट निक्षेपका एक प्रकार अपकर्षणपूर्वक उत्कर्षणको लक्ष्यमें रखकर सूचित किया गया है।

आगे अकर्षण किये विना उत्कृष्ट निक्षेप किस प्रकार घटित होता है इसका निर्देश करते हैं— उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होनेके एक आवलिबाद आबाधाकालके ऊपर स्थित प्रथम निषेकका तत्काल बन्धको प्राप्त समयप्रबद्धमें द्वितीय निषेकसे लेकर उत्कर्षण करनेपर इस प्रकार भी उत्कृष्ट निक्षेप प्राप्त होता है। यहाँ प्रथम बार उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे लेकर एक आवतिकाल बाद अगले समयमें होनेवाले उत्कृष्ट स्थिति बन्धके आबाधाकालके बाद जो निषेक रचना है उसमें प्रथम बार हुई बन्ध स्थितिके प्रथम निषेकका उत्कर्षण होकर निक्षेप विवक्षित है। उदाहरणार्थ प्रथम बार हुए उत्कृष्ट स्थिति बन्धका उत्कृष्ट आबाधाकाल आठ समय है और बन्धावलिकालके दो समय बाद तीसरे समयमें जो पुनः उत्कृष्ट स्थितिबन्ध हुआ उसका भी उत्कृष्ट आबाधकाल आठ समय है। जो दसवें समयपर समाप्त होता है। यतः यहाँ प्रथम समयमें हुए प्राक्तन स्थितिबन्धके नौवें समयमें स्थित निषेकका नये स्थितिबन्धमें उत्कर्षण करना है और यह उत्कर्षण करनेवाला जीव तीसरे समयमें स्थित होकर उत्कर्षण कर रहा है, अतः इस नौवें समयके निषेकका उत्कर्षण

१. पृ० १। पृ० ४६। ३ पृ० ४८

होनेपर उसका दसवें और ग्यारवें समयप्रमाण अतिस्थापनावलिको छोड़कर बारहवें समयके द्वितीय निषेक से लेकर नये बन्धकी उत्कृष्ट स्थितिमें निक्षेप होगा यहाँ नूतन स्थितिबन्धके नौवें और दसवें समयमें निषेक रचना नहीं है और प्राक्तन स्थितिबन्धके नौवें समयके प्रथम निषेकका उत्कर्षण होनेपर दसवें समयके साथ ग्यारहवाँ समय अतिस्थापनामें गया, इसलिए यहाँ भी उत्कृष्ट निक्षेप एक समय और एक आवलि अधिक उत्कृष्ट आबाधासे न्यून उत्कृष्ट बन्धस्थिति प्रमाण जानना चाहिये, क्योंकि प्राक्तन जिस बन्धस्थितिके प्रथम निषेकका उत्कर्षण करना है वह आबाधाके ऊपर स्थित है तथा जिस निषेकका उत्कर्षण करना है उसमें उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप नहीं होता तथा उस निषेकके आगे एक आवलिप्रमाण अतिस्थापनावलि है, इसलिए उत्कृष्ट स्थितिबन्धमेंसे एक समय और एक आवलिकाल अधिक उत्कृष्ट आबाधासमय कम करके उत्कृष्ट निक्षेपका निर्देश किया गया है।

यहाँ ऐसा समझना चाहिए कि प्रत्येक समयमें जिस निषेकका अपकर्षण होता है उससे नीचे अतिस्थानकी छोड़को शेष स्थितिमें अपकर्षित द्रव्यका निक्षेप होता है। और प्रत्येक समयमें जिस निषेकका उत्कर्षण होता है उससे ऊपरसे लेकर यथासम्भव अतिस्थापना होता है जिसमें उत्कर्षित द्रव्यका निक्षेप नहीं होता। इसी तथ्यको ध्यानमें रखकर सम्यग्ज्ञान चन्द्रिका टीकामें आवश्यक प्रकरणका स्वाध्याय करना चाहिये। संस्कृत वृत्तिमें 'इपरि' अग्रे, अन्तिमातिस्थापनावलि युक्त्वा। पाठ होनेसे ही सम्यग्ज्ञान चन्द्रिका टीकामें भी उन्हीं पाठोंको ध्यानमें रख कर अनुसरण किया गया है। जब कि अपकर्षणमें जिस निषेकके प्रदेश पुंजका अपकर्षण किया जाता है ठीक उसके नीचे अतिस्थापना होती है और उत्कर्षणमें जिस निषेकके प्रदेशपुंजका उत्कर्षण किया जाता है ठीक उसके ऊपर अतिस्थापना होती है। अतः प्रकृतमें यह समझना चाहिये कि अतिस्थापनाके विषयमें उक्त टीकाओंमें जो कुछ निर्देश किया गया है उसका उक्त आशयके साथ स्वाध्याय करना चाहिये।

( ६ ) उपशान्तकषाय गुणस्थानमें परिणामों और उदयके सम्बन्धमें आगमके अनुसार यह व्यवस्था है—

( १ ) वहाँ नियमसे अवस्थित परिणाम होता है, क्योंकि वहाँ परिणामोंके हीनाधिक होनेका कोई कारण नहीं पाया जाता।

( २ ) ज्ञानावरणादि ३५ प्रकृतियोंका वह अवस्थित वेदक होता है।

( ३ ) इनके सिवाय अन्य प्रकृतियोंका षड्गुणी हानि, षड्गुणी वृद्धिरूप और अवस्थितवेदक होता है।

यह व्यवस्था चूर्णिसूत्र, जयधवला और लब्धिसार ( गा० ३०६-३०७ ) में एक स्वरसे स्वीकार की गई है।

किन्तु लब्धिसार गा० ३०६ की वृत्तिमें एक तो स्वीकार कर लिया है कि उपशान्तकषाय गुणस्थान में संक्लेश-विशुद्धिरूप परिणाम होते हैं। दूसरे जिन केवल ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंका उक्त जीव अवस्थित वेदक होता है उनके उदयकी हानि-वृद्धि स्वीकार करके भी गा० ३०७ की वृत्तिमें उनका अवस्थित वेदक होता है यह भी स्वीकार कर लिया है जो युक्त नहीं है। अतः यहाँ आगमके अनुसार निर्णय करके स्वाध्याय करना चाहिये।

ये कुछ तथ्य हैं जिनका सैद्धान्तिक चर्चाके प्रसंगसे यहाँ निर्देश किया है।

विचारके लिए और भी विषय हो सकते हैं। पर तत्काल उनपर प्रकाश डालना सम्भव नहीं है।

## सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका टीका

समग्र जैन समाजमें ऐसा एक भी व्यक्ति ढूंढे नहीं मिल सकता जो आचार्यकल्प पण्डित टोडरमलजी से सुपरिचित न हो। उनके द्वारा की गई साहित्य सेवा ही उनके पाण्डित्य और तलस्पर्शी ज्ञानका साक्ष्य है। आचार्यकल्प यह उपाधि उनको केवल प्रशंसामात्र नहीं है। यदि उनकी अन्य रचनाओंको ध्यानमें न भी लिया जाय तो भी एकमात्र सम्यग्ज्ञान चन्द्रिका टीका ही उनके वैदुष्यकी अमर साक्षी है। गोम्मटसार जीवकाण्ड-कर्मकाण्डकी वृत्ति लिखते समय नेमिचन्द्रकी जीवप्रबोधिनी वृत्ति और लब्धिसारकी अनाम संस्कृत वृत्ति तथा माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवका क्षपणासार ग्रन्थ उनके सामने रहा है। उक्त वृत्तियों और क्षपणासारको शब्दशः आधार बनाकर ही उन्होंने इस टीकाकी रचना की है। साथ ही इन ग्रन्थोंपर उन्होंने विस्तृत भूमिकाएँ और दोनों वृत्तियोंमें आई हुई अर्थसंदृष्टियोंपर स्वतन्त्र अर्थसंदृष्टि प्रकरण भी लिखे हैं।

लब्धिसार मुख्यतया छह अधिकारोंमें विभक्त है। पाँचवेंका नाम चारित्रमोहनीय उपशमना है। इस ग्रन्थकी यहींतक संस्कृत वृत्ति पाई जाती है। इसकी रचना किसने की इसपर न तो वृत्तिकारने ही कोई प्रकाश डाला है और न अपनी टीकामें पण्डितजीने ही। अन्तिम अधिकार चरित्रमोहनीयक्षपणा है। इसकी स्वतन्त्र संस्कृत वृत्ति नहीं है। माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवका स्वतन्त्र क्षपणासार ग्रन्थ है जो इस समय कहीं कहीं त्रुटितरूपमें दिल्लीके किसी शास्त्रभण्डारमें मौजूद है। उपलब्ध होनेपर उसे व्यवस्थित कर उसपर काम किया जा सकता है। पण्डितजीने अवश्य उसे ही माध्यम बनाकर चरित्रमोहक्षपण अधिकारकी अपनी टीका लिखी है। पण्डितजीने अपनी टीकामें जितना कुछ लिपिबद्ध किया है उसे यदि हम उक्त संस्कृत वृत्तियों और क्षपणासार का मूलानुगामी अनुवाद कहें तो भी कोई अत्युचित नहीं होगी। इतना अवश्य है कि जहाँ आवश्यक समझा वहाँ भावार्थ आदि द्वारा उन्होंने उसे विशद अवश्य किया है।

पण्डितजीकी सम्यग्ज्ञानचन्द्रिका टीका विशद और सुबोध है। संस्कृत वृत्तियोंकी तुलनामें मूल ग्रन्थोंमें प्रवेश करने और विषयको हृदयंगम करनेमें इससे विशेष सहायता मिलती है। जहाँ भी वृत्तियोंके आधारपर मूल विषयको समझनेमें कठिनाई आती है वहाँ विद्वान भी इसीका सहारा लेकर मूल विषयको समझनेमें समर्थ होते हैं। आमतौरपर जयधवलामें पहले मूल गाथाका स्पष्टार्थ लिखनेके बाद ही उसमें गर्भित अर्थका विशेष विवरण प्रस्तुत किया है पर लब्धिसार वृत्तिमें इस पद्धतिको नाममात्र भी स्पर्श नहीं किया गया है। इससे प्रायः चरित्रमोह उपशमना और क्षपणा प्रकरणमें गाथाके आधारसे अर्थबोध होना कठिन जाता है। सम्यग्ज्ञान चन्द्रिका टीका यतः संस्कृत वृत्तिका ही अनुसरण करती है तो भी उन्होंने उसे बीजगणित (अर्थसंदृष्टि) से मुक्त रखकर इसका निर्माण किया है, इसलिए उसके आधारसे विषयको हृदयंगम करनेमें सरलता जाती है। पण्डितजीने एकादि स्थलपर ऐसा अवश्य ही संकेत किया है कि इसका अर्थ स्पष्टरूपसे मेरे लक्ष्यमें नहीं आया सो इसे उनकी सरलता ही समझनी चाहिये।

पण्डितजीने गोम्मटसारकी टीका विक्रम सं० १८१८ के माघ शुक्ला ५ को पूर्ण की थी ऐसा गोम्मटसारकी प्रशस्तिसे ज्ञात होता है पर उसी कालके भीतर लब्धिसारकी टीका भी गर्भित जानना चाहिये। विज्ञेषु किमधिकम्।

■

# प्रस्तावना

## आचार्यकल्प पण्डित टोडरमलजी

सम्यग्दर्शनचरनगुत पाय कुकर्म खिपाय।
केवलज्ञान उपाय प्रभु भये भजौं शिवराय ॥१॥
जिनवानीके ज्ञानतैं होत तत्त्व श्रद्धान।
चरण धारि केवल लहै पावै पद निरवान ॥२॥
नेमिचन्द आह्लादकर माधवचंद प्रधान।
नमौं जास उजासतैं जाने निज गुणठान ॥३॥
लब्धिसारकौं पायकै करिकैं क्षपणासार।
हो है प्रवचनसार सो समयसार अविकार ॥४॥

ऐसें मंगलाचरण करि लब्धिसारके सूत्रनिका भाषारूप व्याख्यान करिए है ताका प्रयोजन कहा? सो कहिए है—

श्रीमद्गोम्मटसार शास्त्रविषैं जीवकांड कर्मकांड अधिकारनिकरि जीव अर कर्मका स्वरूप प्रगट कीया ताकौं यथार्थ जानि मोक्षमार्गविषैं प्रवर्तना। जातैं आत्महित मोक्ष है तिसहीके अर्थि विवेकी जीवनिका उपाय है। सो मोक्षमार्ग सम्यग्दर्शन सम्यक्चारित्र है, सम्यग्ज्ञान भी मोक्षमार्ग है सो सम्यग्दर्शनका सहकारी ही जानना। तहां सम्यग्दर्शन तीन प्रकार औपशमिक १ क्षायोपशमिक २ क्षायिक ३। बहुरि सम्यक्चारित्र दोय प्रकार देशचारित्र १ सकलचारित्र २। तहाँ देशचारित्र तौ क्षायोपशमिक ही है अर सकलचारित्र तीन प्रकार है—क्षायोपशमिक १ औपशमिक २ क्षायिक ३। सो ऐसै सम्यग्दर्शन सम्यक्चारित्रकी लब्धि भएं केवलज्ञानकौं पाइ तहाँ सयोगी अयोगी जिन होइ सिद्धपदकौं प्राप्त हो है। सो इनि सबनिका स्वरूप नीकैं जान्या चाहिए, जातैं एई आत्माके प्रयोजनभूत कार्य है, तातैं इनिकौं होतै पूर्वे भए कर्मनिके बंध उदय सत्त्वकी कैसी कैसी अवस्था हो है अर जीवका परिणमन कैसें कैसें हो है? इत्यादि विशेष जानना युक्त है। बहुरि याकौं जानै चौदह गुणस्थाननिका भी स्वरूप विशेषपने नीकै जानिए है। अर जीव कर्मादिकी सर्व चर्चानिविषै गुणस्थाननिकी चर्चा प्रधान है, तातै इहां तिन औपशमिक सम्यक्त्व आदिका वर्णन अवश्य करना ऐसा प्रयोजन विचारि उद्यम कीया तब हम यंत्रादि रचना सहित लब्धिसार नाम शास्त्रका मूल गाथानिका एक पुस्तक देख्या। तहां तिन औपशमिक सम्यक्त्वादिकनिका विशेष वर्णन जानि तिनि गाथानिका भाषारूप व्याख्यान करनेका विचार भया। बहुरि लब्धिसारकी टीकाके पुस्तक देखे, तहां औपशमिक चारित्रका वर्णन पर्यंत गाथानिहीकी संस्कृत टीकाकरि समाप्त करी। अवशेष क्षायिक चारित्रादिकका वर्णनरूप गाथानिकी संस्कृत टीका नाहीं। बहुरि एक क्षपणासार नामा जुदा ग्रंथ शास्त्र ताके पुस्तक देखे तहां गाथा तौ नाहीं अर संस्कृत धारारूप ही क्षायिक चारित्रादिकका वर्णन है। सो याके अर्थका अर तिनअवशेष लब्धिसारकी गाथानिके अर्थका प्रयोजन समानसा देख्या, सो ऐसें अवलोकि यह विचार कीया जो औपशमिक चारित्र पर्यंत गाथानिका व्याख्यान तौ संस्कृतटीकाके अनुसारि करना अर अवशेष गाथानिका व्याख्यान क्षपणासारके अनुसारि करना सो ऐसें अनुसार लीए लब्धिसारकी गाथानिका संक्षेप

अर्थ इहां लिखिए है। विस्तार होनेके भयतैं विशेष नाहीं लिखिए है वा कोई कठिन अर्थ मेरी समझिमैं नीके न आवनेतैं इहां न लिखिए है, सो संस्कृत टीका वा क्षपणासारतैं जानियो। बहुरि ऐसैं व्याख्यान करतैं कहीं चूक होइ, बुद्धिकी मंदतातैं अन्यथा लिखों तहां विशेषज्ञानी संवारि शुद्ध करियो, जातैं अर्थ तौ गंभीर है अर बुद्धि मेरी तुच्छ है, तातैं कहीं चूक भी परै। ऐसैं विचारिकरि इस भाषा करनेका प्रारंभ कीजिए है। तहां प्रथम केते इक अर्थ वा संज्ञा विशेष दिखाइए है। जिनिकौं जानैं आगैं तिनिका वर्णन जहां आवै तहां इनिकौं यादिकरि नीके अर्थज्ञानी होइ। तहां इस शास्त्रविषैं दश करणनिका विशेष प्रयोजन है, तातैं प्रथम इनिका स्वरूप कहिए है—

कर्मनिकी दश अवस्था हैं—बंध १ सत्त्व २ उदय ३ उदीरणा ४ उत्कर्षण ५ अपकर्षण ६ संक्रमण ७ उपशम ८ निधत्ति ९ निकांचना १० ए दश करण हैं। सो इनिका स्वरूप गोम्मटसारका कर्मकांडविषैं दश करण चूलिका नामा अधिकार है तहां कह्या है सो जानना। इहां भी प्रयोजन जानि किछू लिखिए है—तहां नवीन पुद्गलनिका कर्मरूप आत्माकैं सम्बन्ध होना ताका नाम बन्ध है। सो च्यारि प्रकार है—प्रकृतिबन्ध १ प्रदेशबन्ध २ स्थितिबन्ध ३ अनुभागबन्ध ४। तहां कर्मरूप होने योग्य जे कार्मण वर्गणारूप पुद्गल तिनिका ज्ञानावरणादि मूल प्रकृति वा उत्तर प्रकृतिरूप परिणमना सो प्रकृतिबन्ध है। तहां जेती प्रकृतिनिका जहां बन्ध संभवै तहां तितनी प्रकृतिबन्ध जानना। बहुरि तिनि प्रकृतिरूप जितनी पुद्गल परमाणू परिणमीं तिनिका प्रमाणरूप प्रदेश बन्ध है, जातैं इहां प्रदेश नाम पुद्गल परमाणूका है सो अभव्य राशितैं अनन्तगुणा ऐसा जो सिद्धराशिके अनन्तवां भागमात्र प्रमाण तिस प्रमाणमात्र परमाणू मिलि एक कार्मण वर्गणा हो है। अर तितनी ही वर्गणा मिलि एक समयप्रबद्ध हो है। इतनी परमाणू समय समय विषैं कर्मरूप होइ एक जीवकैं बंधै, तातैं याका नाम समयप्रबद्ध है। सो यहु सामान्य प्रमाण है। विशेष योगनिकी अधिक हीनताके अनुसारि समयप्रबद्धविषै परमाणूनिकी अधिक हीनता जाननी। बहुरि एक समयविषैं ग्रह्या हूवा जो समयप्रबद्ध सो यथासम्भव मूल प्रकृति वा उत्तर प्रकृतिरूप परिणमै। तहां तिन प्रकृतिनिके परमाणूनिके विभागका विधान गोम्मटसारका बन्ध सत्त्व उदय अधिकारविषै प्रदेश बन्धका व्याख्यान करते कह्या है सो जानना। सो जिस प्रकृतिकै जितनी परमाणू वटमैं आवै तिस प्रकृतिका तितने परमाणूनिका समूहमात्र समयप्रबद्ध जानना। बहुरि जे परमाणू प्रकृतिरूप बन्धीं ते परमाणू तिसरूप इतना काल रहसी ऐसा बंध होतैं स्थितिका प्रमाण होना सो स्थितिबंध है। तहां एक समयविषैं जो स्थितिबंध भया ताविषै बंध समयतैं लगाय आबाधा काल पर्यंत तौ तहां बंधी हुई परमाणूनिके उदय आवने योग्यपनेका अभाव है, तातैं तहां निषेकरचना है नाहीं। ताके पीछै प्रथम समयतैं लगाइ बंधी हुई स्थितिका अन्त समय पर्यंत एक एक समयविषैं एक एक निषेक उदय आवने योग्य हो है। तातैं प्रथम निषेककी स्थिति एक समय अधिक आबाधा कालमात्र है। द्वितीय निषेककी स्थिति दोय समय अधिक आबाधा कालमात्र हैं। ऐसैं क्रमतें द्विचरम निषेककी स्थिति एक समय घाटि स्थितिबंधप्रमाण है। अन्त निषेककी स्थिति सम्पूर्ण स्थितिबंधप्रमाण है। जैसैं मोहकी सत्तर कोडाकोडी सागरकी स्थिति बंधी, तहां सात हजार वर्षका आबाधा काल है अर प्रथम निषेककी स्थिति एक समय अधिक सात हजार वर्ष है। द्वितीयादि निषेकनिकी क्रमतैं एक एक समय अधिक होइ अन्त निषेककी सत्तर कोडाकोडी सागरप्रमाण स्थिति जाननी। ऐसैं ही आयु विना सात कर्मनिका विधान है। बहुरि आयुका स्थितिबंध विषैं आबाधा काल नाहीं गिनिए हैं, जातैं ताका आबाधा काल पूर्व पर्याय विषैं ही व्यतीत हो है। तहां तिस कायके उदय होने योग्यपनाका अभाव हैं, तातैं आयुका प्रथम निषेककी स्थिति एक समय द्वितीय निषेककी दोय समय ऐसैं क्रमतैं अन्त निषेककी सम्पूर्ण स्थितिबंधमात्र स्थिति जाननी। ऐसैं एक समय विषैं बंधी जो स्थिति तिहिविषैं विशेष जानना।

बहुरि सामान्यपनैं जो अंत निषेककी स्थिति तिसप्रमाण है तहां स्थितिबंध कहिए है, जातैं सामान्य कथनविषैं उत्कृष्टका ग्रहण कीजिए है।

बहुरि एक समयविषैं बंध्या जो प्रकृतिका समयप्रबद्ध ताके परिमाणूनिविषैं प्रथमादि निषेकनिका कैसैं विभाग हो है ? ताके जाननेकौं गोम्मटसारविषैं कर्मकांडका कर्मस्थिति रचना सद्भावनामा अंतका जो अधिकार तहां द्रव्यस्थिति गुणहानि नानागुणहानि अन्योन्याभ्यस्तराशि दो गुणहानिका प्रमाण कहि तहां विधान कह्या है सो जानना। इहां भी आगैं संक्षेपसा विधान कहिएगा। बहुरि इनि प्रथमादि निषेकनिकी रचना ऊपरि ऊपरि लिखिए है, तातैं प्रथमादि पहले निषेकनिकौं नीचेंके निषेक कहिए है अर पिछले निषेकनिकौं ऊपरिके निषेक कहिए है ऐसा जानना। बहुरि जैसैं भाजनादि निमित्ततैं पुष्पादिक हैं ते मदिरारूप परिणमैं तिनमैं ऐसी शक्ति हो है जो भक्षणकालविषैं हीनाधिक विशेष लीएं पुरुषकौं उन्मत्तता करै तैसैं रागादि निमित्ततैं पुद्गल हैं ते कर्मरूप परिणमैं, तिनमैं ऐसी शक्ति हो है जे उदयकालविषै हीनाधिक विशेष लीएं जीवकैं ज्ञान आच्छादनादि करैं। ऐसैं बंध होतैं शक्तिका होना ताका नाम अनुभागबंध है। तहां एक प्रकृतिके एक समयविषैं बंधे जे परमाणू तिनविषैं नानाप्रकार शक्ति हो है सो कहिए है—

शक्तिका अविभाग अंश ताका नाम अविभागप्रतिच्छेद है। बहुरि तिनके समूहकरि युक्त जो एक परमाणू ताका नाम वर्ग है। बहुरि समान अविभागप्रतिच्छेदयुक्त जे वर्ग तिनके समूहका नाम वर्गणा है। तहां स्तोक अनुभागयुक्त परमाणूका नाम जघन्य वर्ग है। तिनके समूहका नाम जघन्य वर्गणा है। बहुरि जघन्य वर्गतैं एक अधिक अविभागप्रतिच्छेदयुक्त जे वर्ग तिनके समूहका नाम द्वितीय वर्गणा है। ऐसैं क्रमतैं एक एक अविभागप्रतिच्छेद अधिक वर्गनिका समूहरूप वर्गणा यावत् होइ तावत् तिन वर्गणानिके समूहका नाम जघन्य स्पर्धक है। बहुरि जघन्य वर्गतैं दूणा अविभागप्रतिच्छेद युक्त वर्गनिका समूहरूप द्वितीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणा हो है। बहुरि ताके ऊपरि एक एक अविभागप्रतिच्छेद अधिक क्रम लीएं जे वर्ग तिनिका समूहरूप वर्गणा यावत् होइ तावत् तिनि वर्गणानिका समूहरूप द्वितीय स्पर्धक हो है। ऐसैं ही तृतीय चतुर्थादि स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके वर्गविषैं तौ जघन्य स्पर्धकतैं ( जघन्य स्पर्धककी प्रथम वर्गणाकैं वर्गनिके समूहतैं ) तिगुणे चौगुणे आदि अविभागप्रतिच्छेद जानने। बहुरि इहां सर्व परमाणूनिका प्रमाण ऊपरि पूर्वोक्त एक एक अधिकका क्रम जानना। सो ऐसा विधान यावत् सर्व परमाणू संपूर्ण होंइ तावत् जानना। बहुरि इहां सर्व परमाणूनिका प्रमाणमात्र तौ द्रव्य है अर वर्गणानिका प्रमाणमात्र अनंतप्रमाण लीएं स्थिति है अर अनुभागसंबंधी यथासंभव अनंतप्रमाण लीएं गुणहानि अर नाना गुणहानि अर अन्योन्याभ्यस्तराशि अर दो गुणहानि है। सो इनिकौं स्थापि तहां 'दिवड्ढगुणहाणि भाजिदे पढमा' इत्यादि आगे कहिए है सो विधान तातैं प्रथमादि गुणहानिनिका प्रथमादि वर्गणानिविषैं वर्गनिका प्रमाण ल्यावना। ऐसी वर्गणा एक स्पर्धकविषै जितनी पाइए ताका नाम एक स्पर्धक वर्गणाशलाका है। बहुरि एक गुणहानिविषैं जेता स्पर्धक पाइए है तिनिका नाम एक गुणहानि स्पर्धकशलाका है। ऐसैं अविभागप्रतिच्छेदनिका समूह वर्ग हैं, वर्गनिका समूह वर्गणा है, वर्गणानिका समूह स्पर्धक है, स्पर्धकनिका समूह गुणहानि है। गुणहानिका प्रमाण सोई नाना गुणहानि है ऐसा जानना। सो यहु कथन गोम्मटसारविषैं भी है तथा इहां भी आगै नीके कहिएगा।

बहुरि इन प्रथमादि स्पर्धकनिकी रचना ऊपरि ऊपरि करिए है, तातैं प्रथमादि पहिले स्पर्धकनिकौं नीचले स्पर्धक कहिए। अर पिछले स्पर्धकनिकौं ऊपरले स्पर्धक कहिए। बहुरि पूर्वोक्त विधानतैं प्रथमादि स्पर्धकनिविषैं क्रमतैं परमाणूनिका प्रमाण तौ घटता घटता है अर अनुभाग बंधता बंधता है। तहां प्रथमादि सर्व स्पर्धकनिका च्यारि विभाग करिए है ते घातियानिका तौ लता दारु अस्थि शैलसमान अर अप्रशस्त अघाति-

यानिका निंब कांजीर विष हलाहलसमान अर प्रशस्त अघातियानिका गुड खंड शर्करा अमृतसमान च्यारि भाग जानने। बहुरि घातियानिविषैं लता भागके अर केताइक दारु भागके स्पर्धक देशघाती हैं। अवशेष सर्वघाती हैं। सो विशेष आगे आवेगा अैसैं अनुभागविषैं विशेष है। सो स्थितिसंबंधी एक एक निषेकके परमाणूनिविषैं अैसा अनुभागका विशेष पाइए है। जैसें स्थितिके पहिले निषेक पहलैं उदय आवैं पिछले पीछैं उदय आवैं तैसें अनुभागके पहिले स्पर्धक पहिले उदय आवनेका पिछले स्पर्धक पीछे उदय आवनेका नियम नाहीं है। बहुरि सामान्यपनैं जहां जो उत्कृष्ट अनुभाग पाइए सोई तहां अनुभागबंधका प्रमाण कहिए है। अैसैं बंधका स्वरूप कह्या।

बहुरि अनेक समयनिविषैं बंधे हुए कर्मनिका विवक्षित कालादिकविषैं जीवकैं अस्तित्व ताका नाम सत्त्व है सो च्यारि प्रकार प्रकृतिसत्त्व १ प्रदेशसत्त्व २ स्थितिसत्त्व ३ अनुभागसत्त्व ४। तहां अनेक समयनिविषैं बंधी जो ज्ञानावरणादिक मूल प्रकृति वा तिनकी उत्तर प्रकृति तिनिका जो अस्तित्व सो प्रकृतिसत्व है। बहुरि तिनि प्रकृतिरूप परिणमी अैसे जे अनेक समयनिविषैं बंधी ग्रही हुई पुद्गल परमाणू तिनिका अस्तित्व सो प्रदेशसत्व है, सो समय समय विषैं एक एक समयप्रबद्ध ग्रहे तिनके पूर्वोक्त प्रकार एक एक निषेक क्रमतैं निर्जरैं। तहां जिनि समयप्रबद्धनिके सर्व निषेक गले तिनिका तौ अस्तित्व रह्या ही नाही। बहुरि कोई समयप्रबद्धका अन्य निषेक गलि एक निषेक अवशेष रह्या, कोईके अन्य निषेक गलि दोय निषेक अवशेष रहै। अैसैं क्रमतैं जाका एक निषेक गल्या ताके तिस विना सर्व निषेक अवशेष रहै हैं। जाका कोई निषेक न गल्या ताके सर्व ही निषेक अवशेष रहें। अैसैं अवशेष रहे समस्त निषेक तिनके परमाणूनिका मिल्या हुवा प्रमाण किंचित् उन ड्योढ गुणहानि गुणित समय-प्रबद्ध प्रमाण है। सो याका विधान गोम्मटसारका कर्मस्थिति रचना सद्भाव अधिकारविषैं त्रिकोण रचना करि दिखाया है सो जानना। अैसैं इनि परमाणूनिका अस्तित्व सो प्रदेशसत्व जानना। इहां जो एक प्रकृतिकी विवक्षा होइ तौ एक प्रकृतिसंबंधी समयप्रबद्ध ग्रहण करना। जो सर्व प्रकृतिकी विवक्षा होइ तौ सर्व प्रकृतिसंबंधी समयप्रबद्ध जानना। बहुरि तिनि अनेक समयनि विषैं बंधी प्रकृतिनिकी स्थिति ताका नाम स्थितिसत्व है तहां तिनि प्रकृतिनिका जिस समयप्रबद्धका एक निषेक अवशेष रह्या ताकी एक समयकी स्थिति है, जाका दोय निषेक अवशेष रहे ताके प्रथम निषेककी एक समय अर द्वितीय निषेककी दोय समय स्थिति है। अैसैं क्रमतैं जाका एक हू निषेक न गल्या ताकी प्रथमादि निषेकनिकी एक दोय आदि समयनिकरि अधिक आबाधाकालमात्र स्थितिका क्रमकरि तहां अंत निषेककी संपूर्ण स्थितिबंधमात्र स्थिति है। इहां सत्वविषैं अनेक समयप्रबद्धनिके एक समयविषैं उदय आवने योग्य अनेक निषेक मिलैं जो होइ सो एक निषेक जानना। सो इनि विषैं परमाणूनिका प्रमाण आगे कहेंगे। बहुरि सामान्यपनैं जो एक प्रकृतिकी विवक्षा होइ तौ ताके पहिले बंध्या वा पीछे बंध्या समयप्रबद्धनिविषैं जाके बहुत निषेक सत्ताविषैं पाइए तिस समयप्रबद्धके अंतका निषेककी जेती स्थिति तिस प्रमाण स्थितिसत्व कहना। अर सर्व प्रकृतिकी विवक्षा होइ तौ जिस प्रकृतिका समयप्रबद्धके अंत निषेककी बहुत स्थिति होइ ताका अंत निषेककी स्थितिप्रमाण स्थिति-सत्व कहना। बहुरि तिन अनेक समयनिविषैं बंधी जे प्रकृति तिनिका जो अनुभाग सत्तारूप है ताका नाम अनुभागसत्व है। तहां एक समयविषैं उदय आवने योग्य अनेक समयप्रबद्धनिके निषेक मिलि भया सत्तासंबंधी एक निषेक ताके परमाणूनिविषैं अथवा अनेक समयनिविषैं बंधे समयप्रबद्धनिके गले पीछे अवशेष निषेक रहे तिन सबनिके परमाणूनिविषैं पूर्वोक्त प्रकार अविभागप्रतिच्छेद वर्ग वर्गणा स्पर्धकरूप अनुभागका विशेष जानना। तहां परमाणूनिका प्रमाण पूर्वोक्त प्रकार ल्यावना। बहुरि सामान्यपनैं तहां पूर्वोक्त च्यारि प्रकार अनुभागका ग्रहण जानना। अैसैं सत्वनिका निरूपण कीया।

बहुरि कर्मनिका अपने काल आएं फल देनेरूप होइ खिरनेकौं सन्मुख होना सो उदय है सो च्यारि प्रकार—प्रकृति उदय १ प्रदेश उदय २ स्थिति उदय ३ अनुभाग उदय ४। तहां यथासंभव मूल प्रकृति वा उत्तर प्रकृतिका फल देनेरूप उदय आवना सो प्रकृति उदय है। बहुरि तिस उदयरूप प्रकृतिके जे परमाणू खिरनेकौं सन्मुख होइ उदय आवैं सो प्रदेश उदय है। तहां अनेक समयनिविषैं बंधे समयप्रबद्धनिका तिस विवक्षित एक समयविषैं उदय आवने योग्य जे निषेक तिन सब निषेकनिके परमाणू तिस विवक्षित एक समयविषैं उदय हो हैं सो कहिए है—

जिस समयप्रबद्धका एकहू निषेक न गल्या ताका प्रथम निषेक उदय हो है। जाका प्रथम निषेक पूर्वे गल्या ताका द्वितीय निषेक तहां उदय हो है। ऐसैं क्रमतैं जाके दोय निषेक अवशेष रहे ताका तहां उपांत निषेक उदय हो है। जाका एक निषेक ही अवशेष रह्या ताका सोई अंत निषेक तहां उदय हो है। ऐसैं सर्व निषेक मिली एक समयप्रबद्धमात्र परमाणूनिका उदय हो है। बहुरि तहां उदीरणा उत्कर्षण अपकर्षण आदिका वशतैं विशेष है सो कहिए है—

ऊपरले नीचले अन्य समयनिविषैं उदय आवने योग्य निषेकनिके परमाणू तिस विवक्षित समयविषैं उदय आवने योग्य निषेकनिविषैं मिलाया होइ तौ ते परमाणू भी तिनही की साथि तिसही समयविषैं उदय हो हैं। जैसैं अंक संदृष्टि करि तरेसठिसै परमाणू तौ तिस समय उदय आवने योग्य निषेकनिके थे अर हजार परमाणू अन्य निषेकनिके तहां मिलाए तौ तहां तिहत्तरिसै परमाणूनिका उदय हो है। ऐसै ही तिस समयविषैं उदय आवने योग्य निषेक तिनिके परमाणू अन्य निषेकनिविषै मिलाए होंइ तौ तहां तिनिके अवशेष परमाणू उदय हो हैं। जैसैं तिरेसठिसै परमाणू तिस समयविषैं उदय आवनेयोग्य निषेकनिके थे तिनमैं हजार परमाणू अन्य निषेकनिविषैं मिलाए तौ तहां तरेपनसै परमाणूनिहीका उदय हो है। बहुरि तिस समय विषैं उदय आवने योग्य निषेकनिका केतेइक परमाणू अन्य निषेकनिविषैं अन्य निषेकनिका परमाणू तिनविषैं मिलाए होंइ तौ तहां जेते परमाणू हीन अधिक भए तिनिहीका उदय हो है। जैसैं तिरेसठिसै परमाणू तिस समय उदय आवने योग्य निषेकके थे तिनमैं सातसै परमाणू तौ अन्य निषेकनिके मिले अर हजार परमाणू अन्य निषेकनिविषैं दीए तौं तिस समयविषैं छै हजार परमाणू ही का उदय हो है। ऐसै उदीरणादिककी अपेक्षा विशेष जानना। बहुरि विवक्षित एक समयविषैं जे तिस समयविषैं उदय आवने योग्य निषेक तिनिका ही उदय होइ। ताका उदय होतैं सत्तारूप स्थितिविषैं एक समय घटै है, तातै तहां एक समयमात्र स्थिति उदय जानना। बहुरि कांडकविधानतैं अनेक समयमात्र स्थिति घटाइए है सो विधान आगै लिखेंगे। बहुरि तिस एक समय विषैं अनुभागका उदय होना सो अनुभाग उदय है। तहां तिस समयविषैं उदय आवने योग्य परमाणूनिविषैं पूर्वोक्त प्रकार अविभागप्रतिच्छेद वर्गणा स्पर्धक आदि विशेष जानना। बहुरि जो उत्कर्षण अपकर्षण कांडकादि विधानतैं अनुभागका घटना बधना भया होइ तौ तहां जैसा अनुभाग संभवै तितनाहीका उदय जानना। इहां प्रश्न—जो तिस समय विषैं उदय आवने योग्य परमाणूनिविषैं कोई परमाणूविषै स्तोक अनुभाग है कोई विषैं बहुत है तिनि सबनिका एक समय विषैं कैसैं उदय हो है? ताका समाधान—जैसै कोई वस्तु स्तोक शीतलता करनेकौं कारण है कोई बहुत शीतलता करनेकौं कारण है तिनि सबनिकी गोली एक भई ताका एक काल भक्षण कीया तहां सबनिकी शीतलता मिलैं जैसी शीतलता होनी संभवै तैसी भक्षण करनवालेकैं शीतलता हो है तैसैं कोई परमाणूनिविषैं स्तोक अनुभाग है कोई विषैं बहुत अनुभाग है तिनि सबनिका एक निषेक भया ताका एक कालविषैं उदय आया तहां सबनिका अनुभाग मिलैं जैसा अनुभाग होना संभवै तैसा उदयवालेकैं अनुभाग उदय हो है। सामान्यपनै च्यारि प्रकार अनुभाग यथासंभव तहां जानना। ऐसैं उदयका स्वरूप कह्या।

बहुरि अपक्वपाचन कहिए जो पच्या नाहीं—उदय कालकौं प्राप्त न भया जो कर्म ताका पाचन कहिए पचावना उदय कालविषैं प्राप्त करना ऐसा है लक्षण जाका सो उदीरणा कहिए है। तहां वर्तमान समयतैं लगाए आवलीमात्र कालविषैं उदय आवने योग्य जे निषेक तिनिका नाम उदयावली है। ताके ऊपरिवर्त्ती निषेकनिकौं उदयावलीबाह्य कहिए है। तहां उदयावली बाह्य तिष्ठते जे निषेक तिनके परमाणूनिकौं उदयावलीके निषेकनिविषैं मिलावना। ऐसैं बहुत कालविषैं उदय आवते ते अपक्व कहिए, तिनिकौं उदयावलीके निषेकनिका साथी उदय होनें योग्य करना सो पाचन कहिए ऐसा कार्य जिस समयविषैं होइ तिस समयविषैं उदीरणा नाम पावै है। तिस समयविषैं पीछे सोई द्रव्य सत्तारूप वा उदयरूप कहिए है। ऐसैं उदीरणाका स्वरूप कह्या।

बहुरि स्थिति अनुभागका बंधना ताका नाम उत्कर्षण है। तहां स्तोक कालमैं उदय आवने योग्य जे नीचेके निषेक तिनिके परमाणू ते बहुत कालमें उदय आवने योग्य जे ऊपरिके निषेक तिनिविषैं मिलैं ऐसैं स्तोक स्थितिका बहुत स्थिति होनेका नाम स्थिति उत्कर्षण है। बहुरि स्तोक अनुभागयुक्त जे नीचेके स्पर्धक तिनिके परमाणू ते बहुत अनुभागयुक्त जे ऊपरिके स्पर्धक तिनिविषैं मिलैं ऐसैं स्तोक अनुभागका बहुत अनुभाग होनेका नाम अनुभाग उत्कर्षण है। बहुरि ऐसैं ही स्थिति अनुभागके घटनेका नाम अपकर्षण जानना। तहाँ बहुत कालमें उदय आवने योग्य जे ऊपरिके निषेक तिनके जे परमाणू ते स्तोक कालमैं उदय आवने योग्य जे नीचेके निषेक तिनिविषैं मिलैं ऐसैं बहुत स्थितिका स्तोक स्थिति होनेका नाम स्थिति अपकर्षण है। बहुरि बहुत अनुभागयुक्त जे ऊपरिके स्पर्धक तिनिके जेते परमाणू ते स्तोक अनुभागयुक्त जे नीचेके स्पर्धक तिनिविषैं मिलैं ऐसैं बहुत अनुभागका स्तोक अनुभाग होनेका नाम अनुभाग अपकर्षण है। बहुरि तहाँ विवक्षित सर्व परमाणूनिके समूहकौं उत्कर्षण वा अपकर्षण भागहारका भाग दीएं जो एक भागमात्र परमाणू तिनिकौं ग्रहि यथायोग्य नीचैं वा ऊपरि मिलाइए तहाँ उत्कर्षण वा अपकर्षणका होना संभवै है। सो उत्कर्षणका वा अपकर्षण भागहारका प्रमाण आगे कहिए है—जो गुणसंक्रम भागहार तातैं तौ असंख्यातगुणा अर अधःप्रवृत्त संक्रम भागहारके असंख्यातवे भाग ऐसा पल्यके अर्धच्छेदनिके असंख्यातवां भागमात्र जानना। ऐसैं उत्कर्षण अर अपकर्षणका स्वरूप कह्या।

बहुरि अन्य प्रकृतिका परमाणू अन्य प्रकृतिरूप जो होइ ताका नाम संक्रमण है। जैसैं संक्लेशपनेतैं पूर्वै असाता वेदनी बांधी थी पीछे विशुद्धताके बलतैं ताका परमाणू साता वेदनीयरूप होइ परिणमैं। ऐसैंही यथायोग्य अन्य प्रकृतिका भी संक्रम जानना। तहाँ संक्रमण होनेविषैं पांच प्रकार भागहार संभवै हैं—उद्वेलन १ विध्यात २ अधःप्रवृत्त ३ गुणसंक्रम ४ सर्वसंक्रम ५। सो इनका कथन गोम्मटसारका कर्मकांडविषैं पंच भागहार चूलिका अधिकार है तहाँ जानना वा यहां यथावसर कहेंगे। किछू स्वरूप अब भी कहिए है—

उद्वेलन प्रकृतिके जे परमाणू तिनकौं उद्वेलन भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र परमाणू जहाँ अन्य प्रकृतिरूप होइ परिणमै तहां उद्वेलन संक्रमण कहिए। बहुरि जहां मंद विशुद्धतायुक्त जीवकैं जाका बंध न पाइए ऐसी जो विवक्षित प्रकृति ताके परमाणूनिकौं विध्यातभागहारका भाग दीएं एक भागमात्र परमाणू अन्य प्रकृतिरूप होइ परिणमैं तहां विध्यात संक्रमण कहिए। बहुरि जहां जाका बंध संभवै ऐसी जो विवक्षित प्रकृति ताके परमाणूनिकौं अधःप्रवृत्त भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र परमाणू अन्य प्रकृतिरूप होइ परिणमै तहां अधःप्रवृत्त संक्रमण कहिए। बहुरि जहां विवक्षित अशुभ प्रकृतिके परमाणूनिकौं गुणसंक्रमण भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र परमाणू अन्य प्रकृतिरूप होइ परिणमैं। बहुरि प्रथम समय जेती परमाणू परिणईं, तातैं दूसरे समय असंख्यातगुणी परिणमैं, तातैं तीसरे समय असंख्यातगुणी परिणमैं ऐसैं समय समय गुणकार संभवैं तहां गुणसंक्रमण भागहार कहिए। बहुरि तहां विवक्षित प्रकृतिके परमाणू

अन्य प्रकृतिरूप समय समय परिणमता संता अन्त समयविषैं अन्त फालिरूप ही अवशेष परमाणू ते सर्व ही अन्य प्रकृतिरूप होइ परिणमैं तहां सर्व संक्रमण कहिए। अब इनि भागहारनिका प्रमाण कहिए हैं—

सर्व संक्रमण भागहारका तौ प्रमाण एक है, जातैं अवशेष रही परमाणूनिकौं एकका भाग दीएं सर्व परमाणूमात्र प्रमाण आवै है, तातैं असंख्यातगुणा अैसा पल्यका अर्धच्छेद प्रमाणके असंख्यातवे भागमात्र गुणसंक्रमण भागहारका प्रमाण हैं। बहुरि तातैं असंख्यात गुणा जो उत्कर्षण वा अपकर्षण भागहार तिसतैं भी असंख्यातगुणा अैसा पल्यके अर्धच्छेदनिके असंख्यातवें भागमात्र अधःप्रवृत्त संक्रमण भागहारका प्रमाण है। बहुरि तातैं असंख्यातगुणी जो संख्यात पल्यमात्र कर्मकी स्थिति तातैं भी असंख्यातगुणा अैसा सूच्यंगुलका असंख्यातवां भागमात्र विध्यात संक्रमण भागहारका प्रमाण है। बहुरि तातैं असंख्यातगुणा अैसा सूच्यंगुलका असंख्यातवां भागमात्र उद्वेलन संक्रमण भागहारका प्रमाण है। अैसैं संक्रमणका स्वरूप कह्या।

बहुरि विवक्षित प्रकृतिके जे उदयावलीतैं बाह्य निषेक तिनिके परमाणू जे उदयावलीविषैं प्राप्त करने योग्य न होंइ सो उपशांत द्रव्य कहिए। इहाँ उपशम विधानतैं मोहका उपशम करिए है ताका ग्रहण न करना, जातैं उपशमभाव मोहहीका है अर उपशांतकरण सर्व प्रकृतिनिकैं पाइए हैं। अर उपशांत आदि तीन करण अष्टम गुणस्थान पर्यंत ही कह्या अर उपशमभाव ग्यारहवां गुणस्थान पर्यंत पाइए है।

बहुरि जे विवक्षित प्रकृतिके परमाणू संक्रमण होनेकौं वा उदयावलीविषैं प्राप्त होनेकौं योग्य न होंइ सो निधत्तिकरण द्रव्य है। बहुरि जो विवक्षित प्रकृतिके परमाणू संक्रमण करनेकौं वा उदयावलीविषैं प्राप्त करनेकौं वा उत्कर्षण अपकर्षण करने योग्य न होइ सो निःकाचना द्रव्य है। अैसैं इन तीन करणनिका स्वरूप कह्या। इहां अैसा नियमतैं जानना जो उपशांतादिरूप द्रव्य है सो उपशांतादिरूप ही रहै है। पूर्वैं उपशांतादिरूप था पीछैं अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें उदीरणा आदिरूप होइ तौ पीछैं किछू दोष नाहीं है। या प्रकार दश करणनिका स्वरूप पहिचानना। अब इहां दर्शन-चारित्र लब्धिकरि मोक्षका साधन करिए है—

सो मोक्षकी प्राप्ति संवर निर्जरातैं होइ। संवर निर्जरा हैं ते बंध सत्त्वकी हानि भएं होंइ सो दर्शन-चारित्र लब्धिविषैं बंध सत्त्वकी हानि कैसैं होइ सो सामान्य स्वरूप इहां कहिए है। विशेष आगें कहिएगा। तहां च्यारि प्रकार बंध मिटनेका क्रम कहिए है—

दर्शन-चारित्र लब्धिके निमित्ततैं पहिलैं मिथ्यात्व नारकगति आदि अति अप्रशस्त प्रकृतिनिका पीछैं ज्ञानावरणादि अप्रशस्त प्रकृतिनिका वा प्रशस्त प्रकृतिनिका बंध अभाव हो है। तहां प्रकृतिबंधका क्रमतैं घटना ताका नाम प्रकृति बंधापसरण कहिए है, जातैं अपसरण नाम घटनेका है। बहुरि प्रदेशबंध योगनिके अनुसारि है, तातैं योगनिकी चंचलता हीन भए प्रदेशबंध हीन हो है। सर्वथा योग नाश भएं प्रदेशबंधका सर्वथा अभाव हो है। बहुरि स्थितिबंध कषायनिके अनुसारि है, सो मिथ्यात्व कषायादिककौं हीन होतैं स्थितिबंध घटै है। तहां बहुरि स्थितिबंधका क्रमतैं घटना सो स्थितिबंधापसरण है, सो पूर्वैं जेता स्थितिबंध होता था तातैं विवक्षित कालविषैं जेता स्थितिबंध घट्या तिस प्रमाण लीएं तहां स्थितिबंधापसरण जानना। बहुरि घटे पीछैं अवशेष जेता रह्या तितना तहां स्थितिबंध जानना। बहुरि स्थितिबंधापसरण भएं जेता कालविषैं समान स्थितिबंध सम्भवै सो स्थितिबंधापसरणका काल जानना। इहां दृष्टान्त—जैसैं पूर्वैं लक्षवर्षमात्र स्थितिबंध संभवै था, तातैं एक हजार वर्ष प्रमाण स्थितिबंधापसरण भया तब अवशेष निन्याणवै हजार वर्षमात्र स्थितिबंध रह्या। सो स्थितिबंधापसरणके कालका पहिला समयविषैं इतना स्थितिबंध होइ, बहुरि इतना ही दूसरे समय होइ, अैसैं स्थितिबंधापसरणके कालका अंत समय पर्यन्त समान स्थितिबंध हूवा करै, पीछैं आठसै वर्षमात्र अन्य स्थितिबंधापसरण भया तब अठ्याणवै हजार दोयसै वर्षमात्र अवशेष स्थितिबंध रह्या। सो तिस स्थितिबंधापसरण

कालके प्रथमादि समयनिविषैं तितना समान स्थितिबंध हूवा करै। ऐसैं ही यथासम्भव प्रमाण जानि स्वरूप जानना। ऐसैं स्थितिबंध घटतैं अपना व्युच्छित्ति होनेका समयविषैं जघन्य स्थितिबंध हो है, पीछै स्थितिबंधका नाश है। सो आयु विना सर्व प्रकृतिनिका ऐसैं क्रमतैं जानना। आयुका स्थिति-बंधापसरण न संभवै है, जातैं नरक विना तीन आयुका स्थितिबंध विशुद्धतातैं अधिक हो है। बहुरि अन्य सर्व शुभाशुभ प्रकृतिनिका स्थितिबंध संक्लेशतातैं तौ बहुत हो है अर विशुद्धतातैं स्तोक हो है। बहुरि अनुभागबंध है सो पापप्रकृतिनिका तौ संक्लेशतातैं बहुत हो है अर विशुद्धतातैं स्तोक हो है। बहुरि पुन्य प्रकृतिनिका संक्लेशतातैं स्तोक हो है अर विशुद्धतातैं बहुत हो है। सो अनंतगुणा वा यथासम्भव घटता वा बधता अप्रशस्त वा प्रशस्त प्रकृतिनिका अनुभागबंध अधिक हीन क्रमतैं जैसें जहां संभवै तैसैं तहां जानना। बहुरि प्रशस्त प्रकृतिनिका अनुभागबंध अधिक होनेतैं किछू आत्माका बुरा होता नाही, जातैं संसारविषैं रहना तौ स्थितिबंधके अनुसारि है अर घातियानितैं आत्माका बुरा होइ सो घातिया अप्रशस्त ही है, तातैं दर्शनचारित्रकी लब्धितैं प्रशस्त प्रकृतिनिके अनुभागकी अधिकता अप्रशस्त प्रकृतिनिके अनुभागकी हीनता हो है। तहां कषायनिका अभाव भए सर्वथा अनुभागबंधका अभाव हो है। ऐसैं बंधके अभावतैं संवर होनेका विधान जानना। अब सत्त्वनाशका क्रम कहिए है—

दर्शन-चारित्र लब्धिके निमित्ततैं पहलैं मिथ्यात्वादि अति अप्रशस्त प्रकृतिनिका पीछैं ज्ञानावरणादि अप्रशस्त प्रकृतिनिका वा प्रशस्त प्रकृतिनिका सत्त्व नाश हो है सो सत्त्वनाश स्वमुख उदय करि अर परमुख उदय करि दोय प्रकार हो है। तहां जो प्रकृति अपने ही रूप रहि अपनी स्थिति सत्त्वका अंत निषेकका उदय भए अभावकौं प्राप्त होइ ताका स्वमुख उदय करि सत्वनाश कहिए। जैसैं संज्वलन लोभ है सो क्षपक सूक्ष्मसांपरायका अंतविषैं अपने ही रूप उदय होइ नाशकौं प्राप्त हो है। बहुरि जो प्रकृति संक्रमणके वशतैं अन्य प्रकृतिरूप परिणमि करि अपना अभावकौं प्राप्त होइ ताका परमुख उदय करि सत्त्वनाश कहिए। जैसैं अनंतानुबंधीका विसंयोजन होतैं अनंतानुबंधी कषाय है सो अन्य कषायरूप परिणमि नाशकौं प्राप्त हो है। ऐसैं ही यथासंभव अन्यत्र जानना। बहुरि एक एक सत्ताके निषेकके परमाणू एक एक समयविषैं उदयरूप होइ निर्जरैं। बहुरि दर्शन-चारित्र लब्धिके निमित्ततैं ऊपरिके निषेकनिके परमाणू नीचले निषेक-रूप होइ परिणमैं हैं। तहां एक एक समयविषैं साधिक समयप्रबद्धकी वा अनेक समयप्रबद्धनिकी निर्जरा होइ अर बंध समय समय प्रति एक एक समयप्रबद्धका ही होइ, तातैं तहां निर्जरा बहुत हो है अर बंध स्तोक हो है। अथवा किसी कालविषैं कोई प्रकृतिका बंध नाही हो है, केवल निर्जरा ही हो है। ऐसैं सर्व कर्म परमाणूनिका नाश भए सर्वथा प्रदेशसत्त्वका नाश हो है।

बहुरि स्थितिसत्व जो पाइए है तातैं एक एक समय व्यतीत होतैं तौ एक एक समय घटै ही है। बहुरि दर्शन-चारित्र लब्धिके निमित्ततैं स्थिति कांडकविधानतैं वा अपकृष्ट विधानतैं स्थितिसत्त्वका घटना हो है। तहां प्रथम कांडक विधान कहिए है—

बहुत प्रमाण लीए स्थितिसत्त्व था ताके समय समय विषैं उदय आवने योग्य बहुत ही निषेक थे तिनविषैं केते इक ऊपरिके निषेकनिका फालिक्रमसे नाश करि स्थितिसत्त्व घटावना। तहां तिनि नाश करने योग्य निषेकनिके जे सर्व परमाणू तिनिकौं नाश कीए पीछै जो स्थिति रहैगी ताके आवलीमात्र ऊपरिके निषेक जिनमें मिलाया उनके ऊपरके निषेक छोडि सर्व निषेकनिविषैं मिलाइए है। तहां तिनि सर्व परमाणूनिविषैं केते इक परमाणू पहिले समय मिलाइए है, केते इक दूसरे समय मिलाइए है, ऐसैं यथासंभव अंतर्मुहूर्त काल पर्यंत परमाणूनिकौं नीचले निषेकनिविषैं प्राप्त करिए तहां अंत समयविषैं अवशेष रहे सर्व परमाणूनिकौं नीचले निषेकनिविषैं प्राप्त होते संतै तिनि नाश करने योग्य निषेकनिका नाश भया तब जितने निषेकनिका नाश भया तितना समयप्रमाण स्थितिसत्त्व तहां घटता भया। इहां दृष्टांत—

जैसें स्थितिसत्त्व अठतालीस समयमात्र था ताके अठतालीस ही निषेक थे अर तिनि सर्व निषेकनिकी पचीस हजार परमाणू थीं तिनिविषैं आठ निषेकनिका नाश करना तहां तिनि निषेकनिके एक हजार परमाणू तिनिके अवशेष रहैंगे जे चालीस निषेक तिनिविषैं अन्तिम फालिकी अपेक्षा ऊपरिके दोय निषेक छोडि नीचेके अठतीस निषेकनिविषैं मिलाइए है, तहां तिन निषेकनिविषैं केते इक परमाणू तौ पहिले समय मिलाइए, केते इक दूसरे समय मिलाइए, ऐसैं च्यारि समय पर्यंत मिलाइए है। तहां चौथे समय अवशेष सर्व परमाणूनिकौं तिनि अठतीस निषेकनिविषैं मिलाए तिनि आठ निषेकनिका अभाव हो है। तिनिके अभाव होतैं अठतालीस समयका स्थिति सत्त्व था सो चालीस समयहीका रहै है। ऐसें ही यथासंभव प्रमाण जानि दार्ष्टांतविषैं विधान जानना। अब इहां संज्ञा कहिए है—

ऐसें ऊपरिके निषेकनिकौं क्रमतैं निचले निषेकरूप परिणमाइ स्थितिका घटावना ताका नाम स्थिति-कांडक है वा स्थितिखंड है। बहुरि इस एक कांडकविषैं निषेकनिका नाश करि जेती स्थिति घटाई ताके प्रमाणका नाम स्थितिकांडक आयाम है। जैसें दृष्टांतविषैं आठ समय। बहुरि तिनिका नाश करने योग्य निषेकनिका जो सर्व द्रव्य ताका नाम कांडकद्रव्य है। जैसें दृष्टांतविषैं एक हजार। बहुरि इस द्रव्यकौं अवशेष स्थितिके निषेकनिविषैं मिलावना तहां आवलीमात्र निषेकनिविषैं न मिलाया ताका नाम अतिस्थापनावली है। जैसें दृष्टांतविषैं दोय निषेक। बहुरि या विना अन्य अवशेष स्थितिके निषेकनिविषैं तिस कांडक द्रव्यकौं मिलावना ताका नाम कांडकोत्करण है वा कांडकघात है। बहुरि एक कांडकका अपकर्षण अंत-र्मुहूर्त काल करि पूर्ण होइ ताका नाम कांडोत्करणकाल है। जैसें दृष्टांतविषैं च्यारि समय। बहुरि इस कालके प्रथम समयविषैं तिस कांडक द्रव्यकौं ग्रहि जेते परमाणू अवशेष निषेकनिविषैं मिलाए ताका नाम प्रथम फालि है। द्वितीय समयविषैं मिलाए ताका नाम द्वितीय फालि है। ऐसें ही क्रमतैं अंत समय विषैं मिलाए ताका नाम चरम फालि है। अन्त समयतैं पहिले समय विषैं मिलाए ताका नाम द्विचरम फालि है। ऐसें एक कांडक समाप्त भएं द्वितीय कांडक प्रारम्भ हो है। ऐसें ही अनेक कांडक भएं स्तोक स्थितिसत्व अवशेष रहि जाइ तब कांडक क्रिया न हो है। एक एक समय व्यतीत होतैं एक एक समय क्रमतैं घाटि तिस अवशेष स्थितिका नाश हो है। ऐसैं कांडक विधान कह्या। अब अपकृष्टि विधान कहिए है--

विवक्षित कर्म प्रकृतिके सर्व निषेकसम्बन्धी सर्व परमाणू तिनकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एकभागमात्र परमाणू ग्रहेताका नाम अपकृष्ट द्रव्य है। तिस अपकृष्ट द्रव्यविषैं केते इक परमाणू तौ उदया-वलीविषैं मिलाए, केते इक परमाणू गुणश्रेणि आयामविषैं मिलाए, अवशेष परमाणू उपरितन स्थितिविषै मिलाए। तहां वर्तमान समयतैं लगाय आवलीमात्र समयसंबंधी जे निषेक तिनका नाम उदयावली है। तिन विषै उदयावली विषैं देने योग्य जो द्रव्य ताकौं निषेक निषेक प्रति एक एक चय घटता क्रम करि मिलाईए। बहुरि तिनि आवलीमात्र निषेकनिके ऊपरिवर्ती यथासंभव अंतर्मुहूर्तके समयसंबंधी जे निषेक तिनिका नाम गुण-श्रेणी आयाम है। तिनिविषै गुणश्रेणी आयामविषैं देने योग्य जो द्रव्य ताकौं निषेक निषेक प्रति असंख्यात-गुणा क्रम लीएं मिलाइए है। बहुरि तिनके उपरिवर्ती अवशेष सर्व स्थितिसंबंधी निषेक तिनका नाम उपरितन स्थिति है। तिनविषैं अन्तके आवलीमात्र निषेकनिविषैं तौ द्रव्य न मिलाइए है ताका नाम तौ अतिस्थापना-वली है। अर तिस विना अन्य निषेकनिविषैं उपरितन स्थितिविषैं देने योग्य जो द्रव्य ताकौं नाना गुणहानि रचना करि निषेक प्रति चय घटता क्रम लीएं मिलाइए है। इहां दृष्टांत जैसें विवक्षित कर्म प्रकृतिकी स्थिति अठतालीस समय ताके निषेक अडतालीस, तिनके सर्व परमाणू पचीस हजार, तिनिकौं अपकर्षण भागहारका प्रमाण पांच ताका भाग दीएं पांच हजार पाए सो सर्व परमाणूनिमैंस्यौं इतनी परमाणू ग्रहिकरि तिनिविषैं

दोयसै पचास परमाणू तौ उदयावलीविषैं दई सो अठतालीस निषेकनिविषैं प्रथमादि च्यारि निषेक उदयावली के हैं तिनविषैं चय घटता क्रमकरि मिलाइए। बहुरि एक हजार परमाणू गुणश्रेणि आयामविषैं दई सो पांचवा आदि बारहवां पर्यंत आठ निषेक गुणश्रेणि आयामके हैं तिनविषैं असंख्यातगुणा क्रम लीएं मिलाइए। बहुरि तीन हजार सातसै पचास परमाणू उपरितन स्थितिविषैं दई सो छत्तीस निषेक अवशेष रहे तिनिविषैं अंतके च्यारि निषेक अतिस्थापनारूप छोडि अवशेष तेरहवां आदि चवालोस पर्यंत बत्तीस[1] निषेकनिविषैं नाना गुणहानिकी रचना लीएं चय घटता क्रमकरि मिलाइए। ऐसैं ही दार्ष्टांतविषैं यथासंभव प्रमाण जानि स्वरूप जानना। चय घटता क्रमकरि वा असंख्यातगुणा क्रमकरि मिलाइए। मिलावनेका विधान आगे कहेंगे। इहां यहु उदयावलीतैं बाह्य गुणश्रेणी आयामका स्वरूप दिखाया। बहुरि कहीं उदयादिक गुणश्रेणि आयाम हो है तहां अपकृष्ट द्रव्यविषैं केता इक द्रव्यकौं तौ गुणश्रेणि आयाम प्रमाण जे वर्तमान समयसंबंधी निषेकतैं लगाय निषेक तिनिविषैं असंख्यातगुणा क्रमकरि मिलावै। अवशेषकौं उपरितन स्थितिविषैं मिलावै सो इहां गुणश्रेणिआयामविषैं उदयावली गर्भित भई, तातैं उदयादि गुणश्रेणि आयाम कहिए।

बहुरि गुणश्रेणिके निषेकनिका प्रमाणमात्र जो यह गुणश्रेणिआयाम कह्या सो कहीं गलितावशेष हो है, कहीं अवस्थित हो है। तहां गलितावशेष गुणश्रेणिका प्रारंभ करनेकौं प्रथम समय विषैं जो गुणश्रेणि आयामका प्रमाण था तामैं एक एक समय व्यतीत होतैं ताके द्वितीयादि समयनिविषैं गुणश्रेणिआयाम क्रमतैं एक एक निषेक घटता होइ अवशेष रहै ताका नाम गलितावशेष हैं। बहुरि अवस्थित गुणश्रेणिआयामके प्रारंभ करनेका प्रथम द्वितीयादि समयनिविषैं गुणश्रेणिआयाम जेताका तेता रहै। ज्यूं ज्यूं एक एक समय व्यतीत होइ त्यूं त्यूं गुणश्रेणिआयामके अनंतरिवर्ती ऐसा उपरितन स्थितिका एक एक निषेक गुणश्रेणि आयामविषैं मिलता जाइ तहां अवस्थित गुणश्रेणिआयाम कहिए है। बहुरि इस गुणश्रेणि आयामके अंतके बहुत निषेकनिका नाम कहीं गुणश्रेणि शीर्ष कह्या है। कहीं अंतके एक निषेकका ही नाम गुणश्रेणी शीर्ष है। जातैं शीर्ष नाम ऊपरिवर्ती अंगका है। ऐसैं विवक्षित स्थानविषैं यथासंभव प्रमाण जानि गुणश्रेणि निर्जराका विधान जानना।

बहुरि इहां उदयावलीविषैं दीया द्रव्य ताका नाम उदीरणा जानना। बहुरि जहां स्तोक स्थिति सत्त्व अवशेष रहै है तहां गुणश्रेणिका भी अभाव हो है। अपकृष्ट द्रव्यविषैं केताइक द्रव्यकौं उदयावलीविषैं देइ अवशेषकौं उपरितन स्थितिविषैं दे है। बहुरि एक समय अधिक आवलीमात्र स्थिति रहैं आवलीके उपरिवर्ती जो एक निषेक ताका द्रव्यकौं अपकर्षणकरि उदयावलीके[2] निषेकनिविषै एक समय घाटि आवली-का दोय त्रिभागमात्र निषेकनिकौं अतिस्थापनारूप छोडि समय अधिक आवलीकौं त्रिभागमात्र निषेकनिविषैं मिलावै है। तहां जघन्य उदीरणा नाम पावे है। ऐसैं अपकृष्टि विधान है। इहां ऐसा जानना—

कांडकविधानतैं तौ स्थिति सत्त्वका घटना मूलतैं हो है जातैं तहां ऊपरिके केते इक निषेकनिका नाशकरि स्थिति सत्त्वका घटना मूलतैं है। बहुरि अनुकृष्टि विधानविषैं ऊपरिकी निषेकनिकी केती इक पर-माणूनिहीकी स्थिति घटाइए है। मूलतैं निषेक नाश नाही होइ, तातैं मूलतैं स्थितिसत्त्व घटना न हो है। बहुरि स्थितिसत्त्वविषैं आवलीमात्र अवशेष रहै ताका नाम उच्छिष्टावली है। तहां उदीरणा आदि कार्य न हो है। पूर्वै कार्य भए थे तिनिकरि एक एक समयविषैं उदय आवने योग्य ऐसे

---

१. यहां जिस ४८वें निषेकके कुछ द्रव्यका अपकर्षण हुआ है उसे भी अतिस्थापनावलिमें सम्मिलित कर उनका कथन किया गया है।

२. मुद्रित प्रतिमें 'अपकर्षणकरि उदयावलिके निषेकनिविषैं एक समयघाटि आवलिका उपरिवर्ती जो एक निषेकताका द्रव्यकौं अपकर्षणकरि उदयावलिके' ऐसा पाठ है।

अनेक समयप्रबद्धमात्र परमाणूके समूहरूप निषेक भए तिनकरि एक समय विषैं गलै निर्जरै हैं। याका नाम अधोगलन है। ऐसैं उच्छिष्टावली व्यतीत भये सर्वथा स्थितिसत्त्वका नाश हो है। ऐसैं मुख्यपनैं संक्षेप स्वरूप दिखाया है। विशेष आगे कहें ही गे। बहुरि सत्तारूप विवक्षित कर्म प्रकृतिके जे परमाणू तिनविषैं अनुभागकी अधिकता हीनताकरि स्पर्धक रचना है सो पूर्वे विधान कह्या है। तहां नीचेके स्पर्धक स्तोक अनुभाग युक्त हैं। ऊपरिके स्पर्धक बहुत अनुभागयुक्त है। तहां जो निषेक उदय आवै है ताके अनुभागका भी उदय पूर्वोक्त प्रकार हो है। बहुरि दर्शन-चारित्र लब्धितैं अप्रशस्त प्रकृतिनिका अनुभाग घटावना हो है। तहां जैसे स्थिति घटावने विषैं कांडक विधान कह्या तैसे इहां भी विधान जानना। सो कहिए है—

बहुत अनुभाग युक्त ऊपरिके बहुत स्पर्धकनिका अभाव करि तिनके परमाणूनिकौं स्तोक अनुभाग युक्त नीचेके स्पर्धकनिविषैं क्रमतैं मिलाइ अनुभागका घटावना ताका नाम अनुभाग कांडक है वा अनुभाग खंडन है। ताकौं लांछित करना कहिए खंडन करना सो अनुभाग कांडकोत्करण है वा अनुभाग कांडकघात है। बहुरि एक अनुभाग कांडकका घात अंतर्मुहूर्तकालकरि संपूर्ण होइ तिस कालका नाम अनुभाग कांडकोत्करण काल है। तिस कालविषै नाश करने योग्य स्पर्धकनिके परमाणूनिकौं ग्रहि नाश कीएं पीछे जे अवशेष स्पर्धक रहे तिनिविषैं केते इक ऊपरिके स्पर्धक अतिस्थापनारूप छोड़ि अन्य सर्व स्पर्धकनिविषै मिलावै है। इहां दृष्टांत—

जैसे विवक्षित प्रकृतिके पांचसै स्पर्धक थे तिनिका अनंतका प्रमाण पांच ताका भाग दीएं तहां बहुभागप्रमाण च्यारिसै स्पर्धकनिका नाश करना। तहां तिनिके परमाणूनिकौं अवशेष सौ स्पर्धक रहैंगे तिनिविषैं दश स्पर्धक अतिस्थापनारूप छोडि निचै स्पर्धकनिविषैं मिलावै हैं। ऐसे ही यथासंभव प्रमाण जानि दृष्टांतविषै स्वरूप जानना। बहुरि इहां एक अनुभाग कांडककरि जेता अनुभाग घटाया ताका नाम अनुभाग कांडक आयाम है। बहुरि नाश करने योग्य स्पर्धकनिके सर्व परमाणूनितैं ग्रहि करि अनुभाग कांडकका प्रथम समयविषैं जेती परमाणू अवशेष स्पर्धकनिविषै मिलाई ताका नाम प्रथम फालि है। द्वितीय समय विषै मिलाई ताका नाम द्वितीय फालि हैं ऐसैं ही क्रम जानना। या प्रकार एक कांडककौ समाप्त भए अन्य कांडकका प्रारम्भ हो है सो ऐसे अनेक अनुभाग कांडकनिकरि अनुभाग घटाइए हैं। बहुरि जहां विशुद्धता बहुत हो है तहां अंतर्मुहूर्त करि होता था जो कांडकघात ताका अनुभाग हो है। अर समयापवर्तन हो है तहां समय समय प्रति अनंतगुणा क्रमकरि अनुभाग घटाइए है। पूर्व समय विषै जो अनुभाग था ताकौ अनंतका भाग दीएं बहुभागका नाशकरि एक भागमात्र अनुभाग अवशेष राखै है। ऐसैं समय समय प्रति अनुभागका घटावना भया तातैं याका नाम अनुसमयापवर्तन है।

बहुरि संज्वलन कषाय विषैं अनुभाग घटनेका क्रमकरि अपूर्व स्पर्धक रचना अर बादर कृष्टि रचना हो है। संज्वलन लोभ विषैं सूक्ष्म कृष्टि रचना हो है सो इनिका विशेष व्याख्यान आगैं होगा। बहुरि सर्वत्र स्तोक अनुभागयुक्तकी तौ नीचैं रचना अर बधती अनुभागयुक्तकी ऊपरि रचना जानना। ताकी अपेक्षा स्पर्धकनिकौं कृष्टिनिकौं नीचैं ऊपरि कहिए है। ऐसैं क्रमतैं अप्रशस्त प्रकृतिनिका अनुभागसत्त्वका नाश हो है। प्रकृतिसत्त्व नाश भएं सर्वथा तिनिका अनुभागसत्त्व नाश हो है। बहुरि प्रशस्त प्रकृतिनिका कांडकादि विधानतैं अनुभागसत्त्वका नाश करिए है। प्रकृतिसत्त्वका नाशकी साथि तिनिका अनुभागसत्वका नाश जानना। या प्रकार सत्त्वनाशका क्रमकरि निर्जरा होनेका विधान जानना। बहुरि संवर निर्जराके योगतैं सर्व कर्मका सर्वथा नाश भएं शुद्धात्माकी व्यक्त अवस्थारूप मोक्ष हो है सो यहु दर्शन-चारित्र लब्धिका फल है। इहां कोई क्रियानिका किंचित् स्वरूप दिखाया है। इनिका भी वा अन्य क्रिया अनेक हो हैं तिनिका विशेष व्याख्यान आगें ग्रंथ विषैं होइ होगा। अब इहां केती एक संज्ञा कहीं वा आगैं संज्ञा कहैंगे तिनका स्वरूप दिखाइए है।

कर्म प्रकृतिनिका कथनविषैं तिनिकी परमाणूनिका नाम द्रव्य है। जैसें बंधरूप परमाणूनिका नाम बंध द्रव्य है, सत्त्वरूप परमाणूनिका नाम सत्त्वद्रव्य है। स्थिति कांडकके निषेकनिकी परमाणूनिका नाम कांडक द्रव्य है। तहां प्रथमादि फालिनिके परमाणूनिका नाम प्रथमादि फालिनिका द्रव्य है। ऊपरिके वा नीचैके निषेक छोडि बीचिके केते इक निषेकनिका अभाव करनेरूप अंतरकरण हो है। तहां अभाव करनेरूप निषेकनिके परमाणूनिका नाम अंतरकरण द्रव्य हैं। उदय आवनेकौं अयोग्य कीए परमाणूनिका नाम उपशम द्रव्य है। विवक्षित सत्तारूप निषेक था तिस विषैं नवीन परमाणू मिलाईं तिनका नाम दीयमान द्रव्य है। आगैं सत्तारूप थीं अर ए नवीन मिलीं इनि सब परमाणूनिके समूहका नाम दृश्यमान द्रव्य है। ऐसें ही अन्यत्र जानना।

बहुरि कांडक नाम पर्वका है अर जैसें साठानिविषैं पैली हो है तैसें मर्यादारूप स्थानका नाम पर्व है। जैसें स्थितिविषैं घटनेकरि मर्यादारूप स्थान भया ताका नाम स्थिति कांडक है। अनुभागविषैं घटनेकरि मर्यादारूप स्थान भया ताका नाम अनुभाग कांडक है। बहुरि अनंतानुबंधीकी स्थितिविषैं च्यारि स्थान कहे तहां च्यारि पर्व कहे। बहुरि अपकृष्ट द्रव्यके मिलावनेके जहां तीन स्थान हैं तहां तीन पर्व कहे। ऐसें ही अन्यत्र जानना।

बहुरि आयाम नाम लंबाईका है सो कालके समय भी युगपत् न हो हैं, तातैं कालका प्रमाणविषैं आयाम संज्ञा कहिए है। वा कहीं ऊपरि ऊपरि रचना होइ तहां तिनिका प्रमाणविषैं भी आयाम संज्ञा कहिए है। जैसें स्थितिके प्रमाणका नाम स्थिति आयाम है। स्थिति कांडकके निषेकनिके प्रमाणका नाम स्थिति कांडक आयाम है। अंतरकरणविषैं जितने निषेकनिका अभाव कीया है ताका नाम अंतरायाम है। गुण श्रेणिके निषेकनिके प्रमाणका नाम गुणश्रेणि आयाम है। ऐसें ही अन्यत्र जानना।

बहुरि गुण नाम गुणकारका है तहां गुणकारकी पंक्ति लीएं जहां निषेकनिविषैं द्रव्य दीजिए ताका नाम गुणश्रेणि है। समय समय गुणकार लीएं विवक्षित प्रकृतिकी परमाणू अन्य प्रकृतिरूप संक्रमण करै ताका नाम गुणसंक्रम है। गुणकार लीएं हानि कहिए हीनता घटवारी जहां होइ ताका नाम गुणहानि है। ऐसें ही अन्यत्र जानना।

बहुरि कर्मस्थितिविषैं निषेकनिका प्रमाणरूप स्थिति कहिए है—जैसे विवक्षित निषेकनिके ऊपरिवर्ती निषेकनिका नाम उपरितन स्थिति है। गुणश्रेणिका कथनविषैं तौ गुणश्रेणि आयामतैं ऊपरिवर्ती निषेकनिका नाम उपरितन स्थिति है। केवल उदीरणाका कथनविषै उदयावलीतैं ऊपरिवर्ती निषेकनिका नाम उपरितन स्थिति है इत्यादि जानना।

बहुरि विवक्षित प्रमाण लीएं नीचले निषेकनिका नाम प्रथम स्थिति है। बहुरि उपरिवर्ती सर्वस्थितिके निषेकनिका नाम द्वितीय स्थिति है। जैसें अंतरायामतैं नीचले निषेकनिका नाम प्रथम स्थिति, ऊपरले निषेकनिका नाम द्वितीय स्थिति है। अथवा संज्वलन क्रोधका जेता प्रमाण लीएं प्रथम स्थिति स्थापी ताके निषेकनिका नाम प्रथम स्थिति है। अवशेष सर्व स्थितिके निषेकनिका नाम द्वितीय स्थिति है। इत्यादि जानना।

बहुरि समुदायरूप एक क्रिया विषैं जुदा जुदा खंडकरि विशेष करना ताका नाम फालि है। जैसें कांडक द्रव्यका कांडकोत्करण काल विषैं अन्यत्र प्राप्त करना तहां प्रथम समय प्राप्त कीया सो कांडककी प्रथम फालि, द्वितीय समयविषैं प्राप्त कीया सो द्वितीय फालि, इत्यादि। बहुरि ऐसें ही उपशमन कालविषैं पहले समय जेता द्रव्य उपशमाया सो उपशमकी प्रथम फालि, द्वितीय समय उपशमाया सो ताकी द्वितीय फालि इत्यादि ऐसें ही अन्यत्र जानना। बहुरि अन्य निषेकके परमाणू अन्य निषेक विषैं मिलाइए तहां मिलावना वा देना वा निक्षेपण करना कहिए। जिनि निषेकनिविषैं दीएं ते निषेक निक्षेपणरूप जानने।

अर जिनि निषेकनिविषैं न मिलाइए ते निषेक अतिस्थापनरूप जानने। बहुरि द्वितीय स्थितिके निषेकनिका द्रव्यकौं प्रथम स्थितिके निषेकनिविषैं मिलाइए तहां आगाल संज्ञा कहिए है। अर प्रथम स्थितिके निषेकनिका द्रव्यकौं द्वितीय स्थितिके निषेकनि विषैं मिलाइये तहां प्रत्यागाल संज्ञा कहिये। बहुरि विवक्षितके कालका जो प्रमाण सोई ताका काल है। जैसैं एक कांडकका घात करनेका जो काल ताका नाम कांडकोत्करण काल है। तहां प्रथम समयविषैं प्रथम फालिका पतन जो नीचले निषेकनिविषैं प्राप्त होना सो हो है। तातैं तिस प्रथम समयकौं प्रथम फालिका पतन काल कहिए। द्वितीय समयकौं द्वितीय फालिका पतन काल कहिए। ऐसैं ही अन्त समयकौं चरम फालि पतन काल कहिए। ताके पूर्व समयकौं द्विचरम फालि पतन काल कहिए। बहुरि जिस कालविषैं अंतरकरण करिए ताका नाम अंतरकरण काल है। बहुरि जिस कालविषैं क्रोधकौं वेदै ताके उदयकौं भोगवै ताका नाम क्रोध वेदककाल है। ऐसैं ही अन्यत्र जानना।

बहुरि आवलीमात्र कालका वा तितने कालसंबंधी निषेकनिका नाम आवली है। तहां वर्तमान समयतैं लगाय आवलीमात्र कालकौं आवली कहिए वा तिनिके निषेकनिकौं भी आवली कहिए वा उदयावली कहिए। अर ताके ऊपरिवर्ती जो आवली ताकौं द्वितीयावली कहिए वा प्रत्यावली कहिए। बहुरि बंध समयतैं लगाय आवलीपर्यंत उदीरणादि क्रिया न होइ सकै ताका नाम बंधावली है वा अचलावली है वा आबाधावली है। बहुरि द्रव्य निक्षेपण करतैं जिनि आवलीमात्र निषेकनिविषैं नाहीं निक्षेपण करिए ताका नाम अतिस्थापनावली है। बहुरि स्थितिसत्व घटतैं जो आवलीमात्र स्थिति अवशेष रहि जाय ताका नाम उच्छिष्टावली है। बहुरि जिस आवलीविषैं संक्रमण पाइए सो संक्रमणावली अर उपशमन करना पाइए सो उपशमावली। इत्यादि ऐसैं ही अन्यत्र जानना।

बहुरि अन्तः नाम माहीका है सो उक्त प्रमाणतैं किछू घाटि होइ तहां अंतः संज्ञा हो है, तहां कोडाकोडीके नीचैं कोडिके ऊपरि ताकौं अन्तःकोटाकोटी कहिये। मुहूर्त्ततैं घाटि आवलीतैं अधिक ताकौं अंतर्मुहूर्त कहिये। दिवसतैं किछू घाटि ताकौं अंतर्दिवस कहिये इत्यादि। बहुरि तीनके ऊपरि नवके नीचैं ताका नाम पृथक्त्व है। वा कहीं बहुत हजारोंका भी नाम पृथक्त्व है। सो यथासंबंध जानना। बहुरि कहीं दृष्टांत अपेक्षा संज्ञा हो है जैसैं कोऊ गायका पूंछ क्रमतैं घटता हो है तैसैं इहां एक एक चय घटता क्रमकरि निषेक पाइए तहां गोपुच्छ संज्ञा कहिए। बहुरि द्रव्य देनेविषैं जहां ऊंटकी पीठिवत् हीन अधिकपना होइ तहां उष्ट्रकूट संज्ञा कहिए। बहुरि जहां समान पाटीका आकारवत् सर्वस्थाननिविषैं समान रचना होइ तहां समपट्टिका कहिए इत्यादि जानना। या प्रकार जैसैं व्याकरणविषैं केती इक संज्ञा तौ संज्ञा संधिविषैं कहीं, केती इक संज्ञा जहां प्रयोजन भया तहां कहीं तैसैं इस ग्रंथविषै केती इक संज्ञा तौ इहां पीठबंधविषैं कही हैं। केती इक संज्ञा आगैं शास्त्रविषैं जहां प्रयोजन होगा तहां कहिएगा। अब इहां द्रव्यका विभाग करनेका विधानकौं कारण करण सूत्र कहिए है। तहां नाना गुणहानिविषैं चय घटता क्रमरूप द्रव्यके विभागका विधान कहिए है—

पहिलैं द्रव्य १ स्थिति २ गुणहानि ३ नाना गुणहानि ४ दो गुणहानि ५ अन्योन्याभ्यस्त ६राशि इनका स्वरूप वा प्रमाण जानना। तहां प्रथम सम्बन्ध विषैं स्थिति रचनाकी अपेक्षा करि विवक्षित समयविषैं ग्रहण कीए जे समयप्रबद्ध परिमाण परमाणू सो द्रव्य है। ताकी आबाधारहित स्थितिबंधके समयनिका जो प्रमाण सो स्थिति है। तहां एक गुणहानिविषैं निषेकनिका प्रमाण सो गुणहानि आयाम है। स्थितिविषैं गुणहानिका जो प्रमाण सो नाना गुणहानि है। गुणहानि आयामतैं दूणा प्रमाण सो दो गुणहानि है। नाना गुणहानिमात्र दूवा माडि परस्पर गुणें जो प्रमाण होइ सो अन्योन्याभ्यस्त राशि है। जैसैं मिथ्यात्वका द्रव्य तौ अपने समयप्रबद्धमात्र है। स्थिति सत्तर कोडाकोडी सागर है। स्थितिकौं नाना गुणहानिका भाग दीए जो प्रमाण होइ तितना गुणहानिआयाम है। पल्यके अर्धच्छेदनिविषैं पल्यकी वर्गशलाकाके अर्धच्छेद घटाएं जो होइ तितना नाना गुण-

हानि है। गुणहानि आयामतैं दूणा दो गुणहानि है। पल्यकौं पल्यको वर्गशलाकाका भाग दीजिए इतना अन्यो-न्याभ्यस्तराशि है। ऐसैं ही अन्य प्रकृतिनिविषैं यथासम्भव प्रमाण जानना। अब अनुभाग रचनाकी अपेक्षा कहिए है—

विवक्षित कर्म प्रकृतिके परमाणूनिका प्रमाण सो तो द्रव्य है। तहां सर्व वर्गणानिका जो प्रमाण सो स्थिति है। एक गुणहानिविषैं वर्गणानिका प्रमाण सो गुणहानिआयाम है। स्थितिविषैं गुणहानिका प्रमाण सो नानागुणहानि है। दूणा गुणहानिमात्र दो गुणहानि है। नाना गुणहानिमात्र दूवानिकौं परस्पर गुणें जो होइ सो अन्योन्याभ्यस्तराशि है। सो सर्व प्रकृतिनिकी अनुभाग रचनाविषैं इन छहोंनिका प्रमाण यथा-संभव हीनाधिकपनांकौं लीए अनन्त प्रमाण जानना। बहुरि जहां कांडकादि द्रव्य ग्रहिकरि यथायोग्य निषेकनि विषैं निक्षेपण करना होइ तहां कहिए है—

जेता द्रव्य ग्रह्या होइ सो तीहि प्रमाण तो द्रव्य है। जितने निषेकनिविषैं देना होइ तिनिका प्रमाण मात्र स्थिति है। गुणहानिका प्रमाण बंधकी स्थितिरचना विषैं कह्या तितना है। याका भाग इहां सम्भवती स्थितिकौं दीएं नाना गुणहानिका प्रमाण आवै है। दूणा गुणहानिमात्र दो गुणहानि है। नाना गुणहानिमात्र दूवानिकौं परस्पर गुणैं अन्योन्याभ्यस्त राशिका प्रमाण हो है। सो इहां इन छहोका प्रमाण विवक्षित स्थानविषैं जैसा संभवै तैसा जानना। अब इहां स्थिति रचना अपेक्षा निषेकनिविषैं द्रव्यका प्रमाण ल्यावनेकौं विधान कहिए है—

प्रथम दृष्टांत—जैसें द्रव्य तरेसठिसै ६३००, स्थिति अठतालीस ४८, गुणहानि आयाम आठ ८, नाना गुणहानि छह ६, दो गुणहानि सोलह १६, अन्योन्याभ्यस्त राशि चौसठि ६४, स्थापि विधान कहिए है—"दिवड्ढ गुणहाणिभाजिदे पढमा" सर्व द्रव्यकौं साधिक ड्योढ गुणहानिका भाग दीएं प्रथम निषेक होइ जैसें तरेसठिसैं-कौं साधिक बारहका भाग दीएं पांचसै बारा होइ। बहुरि 'तं दोगुणहाणिणा भजिदे पचयं' तिस प्रथम निषेककौं दो गुणहानिका भाग दीएं चयका प्रमाण आवै है। जैसें पांचसै बाराकौं सोलहका भाग दीएं बत्तीस होइ सो द्वितीयादि निषेकनिविषैं एक एक चय प्रमाण द्रव्य घटता जानना। जैसें द्वितीय निषेकनिविषैं च्यारिसै असी, तृतीयविषैं च्यारिसै अठतालीस इत्यादि जानना।

बहुरि ऐसैं क्रमतैं जिस निषेकविषै प्रथम निषेकतैं आधा प्रमाण होइ तहांतैं लगाय दूसरी गुणहानि जाननी। जैसें दूसरी गुणहानिका प्रथम निषेक दोय सै छप्पन। बहुरि तहां चयका प्रमाण प्रथम गुणहानितैं आधा है। जैसें सोलह। सो इहां भी द्वितीयादि निषेकनिविषैं एक एक चय घटता क्रम जानना। ऐसैं प्रथम गुणहानितैं द्वितीय गुणहानिविषै द्रव्य चय निषेकनिका प्रमाण आधा भया। याही प्रकार तृतीयादि गुणहानिनि-विषै पूर्व पूर्व गुणहानितै द्रव्य चय निषेकनिका प्रमाण क्रमतै आधा आधा जानना। सो जितना नाना गुणहानिका प्रमाण होइ तितनी गुणहानिनि विषैं ऐसैं रचना करनी। जैसैं दृष्टांतविषै रचना ऐसी—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| २८८ | १४४ | ७२ | ३६ | १८ | ९ |
| ३२० | १६० | ८० | ४० | २० | १० |
| ३५२ | १७६ | ८८ | ४४ | २२ | ११ |
| ३८४ | १९२ | ९६ | ४८ | २४ | १२ |
| ४१६ | २०८ | १०४ | ५२ | २६ | १३ |
| ४४८ | २२४ | ११२ | ५६ | २८ | १४ |
| ४८० | २४० | १२० | ६० | ३० | १५ |
| ५१२ | २५६ | १२८ | ६४ | ३२ | १६ |

बहुरि अन्यप्रकार विधान कहिए है—

सर्व द्रव्यकौ एक घाटि अन्योन्याभ्यस्त राशिका भाग दीएं अंत गुणहानिके द्रव्यका प्रमाण आवै है

जैसैं तरेसठिसैंकौं तरेसठिका भाग दीएं सौ होइ । बहुरि द्विचरम गुणहानि आदि विषैं दूणा दूणा होइ। आधा अन्योन्याभ्यस्त राशिकरि अंत गुणहानिके द्रव्यकौ गुणें प्रथम गुणहानिका द्रव्य हो हैं। जैसैं सौकौं बत्तीस करि गुणें बत्तीससै होइ। ऐसैं गुणहानिके द्रव्यका प्रमाण ल्याइ अब गुणहानिनिविषैं निषेकनिके द्रव्यका प्रमाण ल्याइए है, तहां प्रथम गुणहानिका सर्व द्रव्य वा निषेकनिका प्रमाण जानना।

जैसैं द्रव्य बत्तीससै ३२००, निषेक आठ, तहां 'अद्धाणेण सव्वधने खंडिदे मज्झिमधणमागच्छदि' अध्वान जो निषेकनिका प्रमाणमात्र गच्छसोकरि सर्वधन जो सर्वद्रव्य सो भाजित कीएं बीचके निषेकका प्रमाणमात्र मध्यम धन आवै है। जैसैं बत्तीससैकौं आठका भाग दीएं च्यारिसै होइ। बहुरि 'तं रूऊणद्धांणूणेण णिसेयभागहारेण हृदे पचयं' तिस मध्यम धनकौ एक घाटि गच्छका आधा प्रमाण करि हीन जो निषेक भागहार दो गुणहानि ताका भाग दीएं चयका प्रमाण आवै है। जैसैं सातका आधा साढा तीन ताकरि हीन सोलहकौं कीएं साढा बारह ताका भाग च्यारिसैकौं दीएं बत्तीस पाये सो चयका प्रमाण है। बहुरि 'तं दोगुणहाणिणा गुणिदे आदिणिसेयं, तिस चयकौं दो गुणहानिकरि गुणैं प्रथम निषेकका प्रमाण आवै हैं। जैसैं बत्तीसकौं सोहलकरि गुणें पांचसै बारह होइ। बहुरि 'तत्तो विशेषहीणकमं' तहां पीछें द्वितीयादि निषेकनिविषैं विशेष कहिए चयका प्रमाण ताकरि हीनक्रम जानना। एक एक चयमात्र घटता क्रमतैं जानना। तहां एक एक अधिक गुणहानिकरि चयकौं गुणें अंत निषेकका प्रमाण हो हैं। जैसैं नवकरि बत्तीसकौं गुणें दोयसै अठचासी होइ। बहुरि ऐसैं ही द्वितीयादि गुणहानिका द्रव्य स्थापि तहां निषेकनिके द्रव्यका प्रमाण ल्यावना। द्वितीयादि गुणहानिनिविषैं पूर्व गुणहानितैं द्रव्यका वा चयका वा निषेकका प्रमाण क्रमतैं आधा आधा जानना। ऐसैं विधान कह्या।

बहुरि अनुभाग रचनाविषैं भी ऐसैं ही विधान जानना। विशेष इतना—इहां द्रव्यादिकका प्रमाण जैसा संभवै तैसा जानना। बहुरि तहां जैसैं निषेकनिविषैं परमाणूनिका प्रमाण ल्याया तैसैं इहां वर्गणानिविषैं परमाणूनिका प्रमाण ल्यावना। बहुरि ऐसैं ही देने योग्य द्रव्यविषैं भी विधान जानना। विशेष इतना—इहां द्रव्यादिकका प्रमाण जैसा संभवै तैसा जानना। बहुरि पूर्वोक्त प्रकार तहां निषेकनिका प्रमाण ल्याइ प्रथमादि निषेकनिका जो प्रमाण आवै तितना द्रव्य पूर्वैं जिनिविषैं द्रव्य देना तिनि सत्ताके प्रथमादि निषेकनिविषैं याकौं मिलाय देना। बहुरि जहां द्रव्यकौं स्तोक निषेकनिहीविषैं देनां होइ तहां गुणहानि रचना तौ संभवै नाहीं। तहां द्रव्य कैसैं देना ? सो कहिए हैं—

जैसैं एक गुणहानिके निषेकनिविषैं द्रव्यके प्रमाण ल्यावनेका विधान कह्या है तैसैं ही "अद्धाणेण सव्वधणे खंडिदे मज्झिमधणमागच्छदि" इत्यादि विधानतैं तहां प्रथमादि निषेकनिका प्रमाण ल्यावना। विशेष इतना—इहां जितने निषेकनिविषैं द्रव्य देना होइ तीहि प्रमाण गच्छ स्थापना। अर जेता द्रव्य तहां देने योग्य होइ तीहि प्रमाण द्रव्य स्थापना। ऐसैं कीएं जो प्रथमादि निषेकनिका प्रमाण आवै तितने द्रव्यकौं विवक्षितके पूर्वैं सत्तारूपी जे प्रथमादि निषेक पाइए हैं तिनविषैं मिलाय देना। उदयावलीविषैं द्रव्य देना होइ तहां वा स्तोक स्थिति रहि गएं उपरितन स्थितिविषैं द्रव्य देना होइ तहां वा अन्यत्र ऐसा विधान जानना। बहुरि गुणश्रेणी आयाम आदि विषैं द्रव्य देना होइ तहां विधान कहिए हैं—

'प्रक्षेपयोगोद्धता मिश्रपिंडप्रक्षेपकाणां गुणको भवेदिति' इस करण सूत्र अनुसारि विधान जानना। सो कहिए है—जैसैं सीरके द्रव्यका नाम तौ मिश्रपिंड है। अर सीरीनिके विसवानिका नाम प्रक्षेप है। सो प्रक्षेपका जोड देइ ताका भाग मिश्रपिंडकौं दीएं जो एक भागका प्रमाण आवै सो प्रक्षेपक, जे अपने अपने विसवे तिनिका गुणकार हो है। सो इनकौं परस्पर गुणैं जो जो प्रमाण आवै सो सो अपने अपने विसवानिके स्वामी जे सीरी तिनिका द्रव्य जानना। इहां सीरका द्रव्य मिश्रपिंड सो सतरहसै १७००, बहुरि सीरीनिके विसवे

एकका एक, दूसरेके च्यारि, तीसरेके सोलह, चौथेके चौसठि १ । ४ । १६ । ६४ ए प्रक्षेप । बहुरि इनिका जोड पिच्यासी ताका भाग मिश्रपिंडकौं दीएं बीस पाए, ताकरि अपने अपने प्रक्षेप जे बिसवे तिनकौं गुणैं पहिलेका बीस दूसरेका असी तीसराका तीनसै बीस चौथाका बारहसै असी द्रव्य आवै हैं । अैसैं ही गुण-श्रेणीका आयामविषैं जेता द्रव्य देना सो तौ मिश्रपिंड जानना । बहुरि गुणश्रेणिआयामके प्रथम समयकी एक शलाका, द्वितीय समयकी तातैं असंख्यातगुणी शलाका, तृतीय समयकी तातैं असंख्यातगुणी शलाका इसहीं प्रकार असंख्यातगुणा क्रम लीएं ताका अंत समय पर्यंतकी शलाका जाननी । इसका नाम प्रक्षेपक है । इनिकौं जोडें जो प्रमाण आवै ताका भाग तिस सर्व द्रव्यकौं दीएं जो प्रमाण होइ तिसकरि अपनी अपनी शलाकानिका प्रमाणकौं गुणैं गुणश्रेणीआयामके प्रथमादि समयसंबंधी निषेकनि विषैं द्रव्य देनेका प्रमाण आवै है । इतना इतना द्रव्य गुणश्रेणीआयामके प्रथमादि निषेकनि विषैं मिलाइए है । बहुरि अैसैं ही गुणसंक्रमविषैं विधान जानना । इहां जो गुण संक्रमकरि अन्य प्रकृतिरूप परिणमावने योग्य सर्व द्रव्य सो मिश्रपिंड अर गुणसंक्रमकालके प्रथमादि समय संबंधी एक आदि क्रमतैं असंख्यातगुणी शलाका सो प्रक्षेपक है । इनिके जोडका भाग मिश्रपिंडकौं देइ लब्धकरि अपनी अपनी शलाकाकौं गुणैं गुणसंक्रमकालका प्रथमादि समयनिविषैं अन्य प्रकृतिरूप परिणमावने योग्य द्रव्यका प्रमाण आवै है । याही प्रकार अन्यत्र भी यथासंभव मिश्रपिंड वा प्रक्षेपनिका प्रमाण जानि जैसा जहां संभवै तैसा तहां जानना । या प्रकार द्रव्य देना आदि विषै विधान कह्या । अब सत्ताविषैं जे निषेक पाइए हैं तिनके द्रव्य जाननेका विधान कहिए है—

विवक्षित कोई एक समयविषैं जो सत्तारूप कर्म परमाणूनिका द्रव्य है तहां स्थितिसत्त्वका प्रथम समय वर्तमान है । तींहि विषैं उदय आवने योग्य जो द्रव्य सो प्रथम निषेकका द्रव्य है । ताका प्रमाण तौ संपूर्ण समयप्रबद्धमात्र है । काहेतैं ? सो कहिए है—

पूर्वैं जे समय समय प्रति समयप्रबद्ध बांधे तिनिविषैं जिस समयप्रबद्धका एक हू निषेक पूर्वैं गल्या नाहीं ताका तौ प्रथम निषेक इस समय विषैं उदय होने योग्य है । जाका एक निषेक पूर्वैं गल्या ताका द्वितीय निषेक इस समय विषैं उदय होने योग्य है । इसही क्रमतैं जाका एक निषेक विना अवशेष सर्व निषेक गले ताका अंत निषेक इस समय विषैं उदय होने योग्य है । अैसैं एक एक समयप्रबद्धका एक एक निषेक मिलि इस विवक्षित समयविषैं उदय आवने योग्य संपूर्ण समयप्रबद्धमात्र द्रव्य भया सो सत्ताका प्रथम निषेक है । जैसैं एक समयप्रबद्धका पांचसै बारह, दूसरेका च्यारिसै असी इत्यादि निषेकनिका द्रव्य मिलि तिरेसठिसै होइ । बहुरि स्थितिसत्त्वका दूसरे समयविषैं उदय आवने योग्य द्रव्य प्रथम निषेक घाटि समयप्रबद्ध मात्र है । कैसैं ? सो कहिए है—

प्रथम समयविषैं जिस समयप्रबद्धका प्रथम निषेक गलै ताका तो दूसरा निषेक है । अर जाका दूसरा निषेक गलै ताका तीसरा निषेक इत्यादि क्रमतैं दूसरे समय उदय आवने योग्य निषेक हैं सो सर्व मिलि प्रथम निषेक घाटि समयप्रबद्धमात्र हो हैं । सो यह सत्ताका द्वितीय निषेक है । इहां प्रथम निषेकमात्र चय घटता भया । जैसैं एक समयप्रबद्धका च्यारिसै असी, दूसरेका च्यारिसै अठतालीस इत्यादि निषेकनिका द्रव्य मिलि सत्तावनसै अठ्यासी होइ । इहां प्रथम समयविषैं जाका अन्त निषेक गल्या ताका तौ कोई निषेक रह्या नाहीं । अर प्रथम निषेक जाका इस दूसरे समयविषैं उदय होयगा अैसा समयप्रबद्ध न बधैगा तब वाका सत्त्व होइगा, इस समयविषैं है नाहीं, तातैं सत्ताके द्वितीय निषेकका प्रमाण पूर्वोक्त जानना । बहुरि स्थितिसत्त्वका तृतीय समयविषैं उदय आवने योग्य प्रथम द्वितीय निषेक घाटि समयप्रबद्धमात्र द्रव्य है । कैसैं ? सो कहिए है—

दूसरे समय जाका द्वितीय निषेक गल्या ताका तीसरा निषेक, जाका तीसरा निषेक गल्या ताका चौथा निषेक इत्यादि क्रमतैं तीसरे समयविषैं उदय आवने योग्य है सो सर्व मिलि प्रथम द्वितीय निषेक घाटि समयप्रबद्धमात्र द्रव्य है। सो सत्ताका तृतीय निषेक है। इहां द्वितीय निषेकमात्र चय घटता भया। जैसैं एक समयप्रबद्धका च्यारिसैं अठतालीस, दूसरेका च्यारिसैं सोला इत्यादि मिलि तरेपनसै आठ होइ। इहां भी पूर्ववत् कारण जानना। ऐसैं ही क्रमतैं स्थिति सत्वका अन्त समयविषैं उदय आवने योग्य समयप्रबद्ध अन्त निषेकमात्र द्रव्य है। काहेतैं ? सो कहिए है—इस वर्तमान समयविषैं जो सत्त्व द्रव्य है तिसविषैं स्थितिसत्वका अंत समयविषैं एक समयप्रबद्धकौं एक अंत निषेक अवशेष रहेगा। अवशेष सर्व समयनिविषै गलैंगे। बहुरि जिनिका आगामी कालविषैं बंध होइगा तिन समयप्रबद्धनिका तिस समय विषैं उदय आवने योग्य निषेक होंगे तिनिका अबार अस्तित्व नाहीं। तातैं समयप्रबद्धका एक अंत निषेकमात्र ही सत्ताका अन्त निषेक जानना। जैसैं अंत निषेकके परमाणू नव, या प्रकार इन सर्व सत्ताके निषेकनिका जोड दीएं किंचिदून द्वयर्ध गुणहानि गुणित समयप्रबद्धमात्र प्रमाण हो है सोइ सत्व द्रव्य जानना। जैसैं तरेसठिसै अर सत्तावनसै अट्यासी इत्यादि एक एक निषेक घाटि क्रम लीएं सत्ताके निषेक लिखि तिनिका जोड दीएं गुणहानि आयाम आठ ताका ड्योढ बारह तामैं किछू घटाइ ताकरि समयप्रबद्धका प्रमाण तरेसठिसै ताकौं गुणें इकहत्तरि हजार तीनसै च्यारि हो है। सो यहु कथन त्रिकोण यंत्रकी रचनाकरि गोम्मटसारविषैं दिखाया है सो जानना। या प्रकार स्थिति सत्वके निषेकनिका द्रव्य स्वयंसिद्ध तौ ऐसा क्रम लीएं जानना।

बहुरि जो उत्कर्षण अपकर्षण गुणश्रेणि संक्रमण आदिके वशतैं अन्य निषेकनिका द्रव्य अन्य निषेकनिविषैं प्राप्त भया होइ वा अन्य प्रकृतिका द्रव्य अन्य प्रकृतिविषैं प्राप्त भया होइ तौ तहां यथासम्भव आय द्रव्यकी अधिकता कीएं व्यय द्रव्यकी हीनता कीएं जिस प्रमाण लीएं संभवै तिस प्रमाण लीएं सत्ताके निषेकनिकी रचना जाननी। इहां जैसैं लोकविषैं जमा खरच कहिए तैसैं विवक्षित विषैं और परमाणू आनि मिलैं ताका नाम आय द्रव्य है विवक्षितमैंस्यौं परमाणू निकसि अन्यत्र प्राप्त भए ताका नाम व्यय द्रव्य जानना। विशेष इतना—जहां निषेकनिका द्रव्य चय घटता क्रम लीएं निकसै, जैसैं निषेकनिका द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ एक भाग ग्रहण कीया तहां पूर्वै निषेकनिका सत्त्व जैसैं चय घटता क्रम लीएं था तैसैं ही चय घटता क्रम लीएं द्रव्यका ग्रहण भया। बहुरि जहां निषेकनिविषैं चय घटता क्रम लीएं द्रव्य मिलाया, जैसे उदयावली आदिके निषेक पूर्वै चय घटता क्रम लीएं थे तिनविषैं चय घटता क्रम लीएं ही द्रव्य दीया। तहां तौ आय व्यय होत संतै भी यथासम्भव चय घटता अनुक्रम रहै है। बहुरि जहां निषेकनिका द्रव्य हीनाधिक क्रम लीएं ग्रहण करिए वा कोई निषेकनिका द्रव्य ग्रहण करिए कोई निषेकनिका नाही ग्रहण करिए, बहुरि जहां हीनाधिक क्रमकरि वा गुणकार क्रमकरि द्रव्य दीया होइ तहां जो निकस्या वा मिलाया द्रव्य स्तोक होइ अर सत्त्व द्रव्य बहुत होइ तौ यथासम्भव चय घटता क्रम रहै अर निकस्या वा मिलाया द्रव्य बहुत होई अर सत्त्वद्रव्य स्तोक होइ तौ तहां चय घटता क्रम नाही रहै है। ऐसैं स्थितिसत्त्वविषैं निषेकनिका प्रमाण आवै है। बहुरि अनुभाग सत्त्वविषैं वर्गणानिका प्रमाण पूर्वोक्त प्रकार ल्यावना वा वर्गणानिविषैं यथासम्भव द्रव्य निकासैं वा मिलाएं पूर्वोक्त प्रकार चय घटता क्रमका रहना वा न रहना जानना। बहुरि अनिवृत्तिकरणविषैं अपूर्व स्पर्धक वा कृष्टिनिका नवीन सत्त्व हो है। ताका विधान तहां अवसर आएं लिखैंगे सो जानना। ऐसैं सत्वद्रव्यविषैं क्रम जानना।

या प्रकार इहां द्रव्य देना आदि विषैं विधान कह्या है सो ऐसैं इहां जो यहु कथन कीया है ताकौं नीकैं यादि करि लेना। जो इस कथनका स्मरण होइगा तौ आगैं ग्रंथविषैं नीकैं प्रवेश होगा अर अर्थकौं नीकैं पहिचानौगे। इस ही वास्तैं पहिलैं यहु केताइक कथन कीया है। जाका इहां व्याख्यान कीया ताका प्रयोजन ग्रंथविषैं जहां आवै तहां कथन कीया ताके अनुसारि स्वरूप जानना। बहुरि व्याख्यान तौ सर्व आगैं ग्रंथविषैं होइ होगा। ऐसैं पीठबंध कीया। ■

# विषयसूची


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| **१ प्रथमोपशम सम्यक्त्व** | १-२ |
| प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करनेका अधिकारी | २ |
| पाँच लब्धियोंके नाम और उनका स्वरूप | ३ |
| कैसे कर्मबन्ध और सत्त्वके समय उक्त सम्यक्त्व प्राप्त होता है | ३ |
| ३४ बन्धापसरणोंका निर्देश | ७ |
| गतियोंमें कहाँ कितने बन्धापसरण होते हैं | १० |
| गतियोंके आधारसे बन्ध योग्य प्रकृतियोंका निर्देश | १३ |
| प्रकृतमें स्थिति बन्ध आदिके सम्बन्धमें विशेष विचार | १४ |
| तीन दण्डकोंमें प्रकृतियोंका विचार | १५ |
| प्रकृतमें उदय योग्य प्रकृतियों आदिका विचार | १६ |
| प्रकृत सत्त्वके सम्बन्धमें विशेष विचार | २० |
| तीन करणोंका नाम निर्देश | २१ |
| उक्त तीन करण कितने काल तक होते हैं इसका निर्णय | २१ |
| तीनों करणोंका स्वरूप | २२ |
| अधःप्रवृत्तकरणके सम्बन्धमें विशेष विचार | २७ |
| अपूर्वकरणके सम्बन्धमें विशेष विचार | ३७ |
| प्रकृतमें गुणश्रेणिके विषयमें विशेष विचार | ३९ |
| अपकर्षणके विषयमें विशेष विचार | ४१ |
| उत्कर्षणके विषयमें विशेष विचार | ४५ |
| गुणश्रेणिकी प्ररूपणा | ५३ |
| गुणसंक्रमकी प्ररूपणा | ५८ |
| स्थिति काण्डकघात आदिका विचार | ५९ |
| अनुभागकाण्डकघात | ६१ |
| अनिवृत्तिकरणका स्वरूप और उसमें होनेवाले कार्य | ६४ |
| अन्तरकरणसम्बन्धी विशेष विचार | ६६ |
| तदनन्तर होनेवाले विशेष कार्य | ६८ |
| अन्तर कालके प्रथम समयमें प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्ति | ७० |
| मिथ्यात्वके द्रव्यको तीन भागोंमें विभक्त करनेकी विधि | ७१ |
| प्रकृतमें उपयोगी अल्पबहुत्व | ७४ |
| उक्त सम्यग्दृष्टि सासादनगुणस्थानको कब प्राप्त करता है | ८० |
| उक्त सम्यक्त्वको प्राप्त करनेवाले जीवके उपयोग और लेश्यादि कौन-कौन होते हैं | ८१ |
| उक्त सम्यक्त्वसे च्युत हुए जीवके दर्शनमोहनीयत्रिकमेंसे किसी एकका उदय नियमसे होता है | ८२ |
| दर्शनमोहके अन्तरके भरनेकी विधिका निर्देश | ८२ |
| सम्यक् प्रकृतिके उदयमें होनेवाले चलादि दोष | ८३ |
| मिश्रगुणस्थान और तत्सम्बन्धी विशेष विचार | ८६ |
| मिथ्यादृष्टि और उसकी श्रद्धा | ८६ |
| **२ क्षायिक सम्यक्त्व** | |
| किसके पादमूलमें क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्त होता है | ८८ |
| क्षायिक सम्यक्त्वका निष्ठापन कहाँ होता है | ८९ |
| अनन्तानुबन्धीको विसंयोजनाका स्वरूप निर्देश | ८९ |
| अनिवृत्तिकरणके कालमें किये जानेवाले कार्य विशेष | ९० |
| वहाँ स्थितिसत्त्वका विचार | ९२ |
| विसंयोजना होनेके बाद विश्राम पूर्वक तीन करण करनेका विधान | ९३ |
| अनिवृत्तिकरणमें किये जानेवाले कार्यविशेष | ९६ |
| कितनी सत्त्व स्थितिके रहने पर दूरापकृष्टि संज्ञक सत्त्वस्थिति होती है आदिका कथन | ९७ |
| जहाँ असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होने लगती है वहाँ भागहार विशेषका निर्देश | १०० |
| मिथ्यात्व आदिके क्षपणा विषयक विशेष विचार | १०० |
| जब सम्यक्त्वका आठ वर्ष प्रमाण स्थिति सत्त्व रहता है तब होनेवाले कार्यविशेष | १०५ |
| आठ वर्षकी स्थितिके बाद होनेवाले कार्यविशेष | १०९ |
| सम्यक्त्वके अन्तिम काण्डकके पतनके समय होनेवाले कार्यविशेष | १२० |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| कृतकृत्यवेदकके कालका निर्देश | १२४ |
| कृतकृत्यवेदक यदि मरता है तो कब कहाँ जन्म लेता है | ,, १२४ |
| प्रकृतमें कब कौन लेश्या होती है इसका निर्देश | १२५ |
| प्रकृतमें कार्यविशेषका निर्देश | १२७ |
| प्रकृतमें उपयोगी अल्पबहुत्वका निर्देश | १२९ |
| क्षायिक सम्यक्त्वका माहात्म्य | १३८ |
| जघन्य और उत्कृष्ट क्षायिक लब्धि कहाँ होती है इसका खुलासा | १३८ |
| **३ देशसंयमलब्धि** | |
| चारित्रसंयम लब्धिके दो भेदोंका और वे कहाँ होती हैं इसका निर्देश | १४० |
| मिथ्यादृष्टिके प्रथमोपशम सम्यक्त्वके साथ देशसंयमको प्राप्त करनेकी विधि | १४१ |
| मिथ्यादृष्टिके वेदक सम्यक्त्वके साथ देशसंयमको प्राप्त करनेकी विधि | १४२ |
| देशसंयतके अवस्थित गुणश्रेणि होनेका नियम | १४३ |
| देशसंयतके दो भेद और उनके होनेवाले कार्यविशेष | १४५ |
| देशसंयतके गुणश्रेणिके संबंधमें विशेष निर्देश | १४६ |
| प्रकृतमें अल्पबहुत्वका निर्देश | १४७ |
| देशसंयतके प्रतिपातगत आदि तीन स्थानोंका निर्देश | १५२ |
| मनुष्यों और तिर्यंचोंमें जघन्य आदि स्थानोंके क्रमका निर्देश | १५७ |
| **४ सकलसंयमलब्धि** | |
| सकल संयमके तीन भेदोंका निर्देश | १५८ |
| मिथ्यादृष्टि, अविरत सम्यग्दृष्टि और देश संयत इनमें से कोई भी सकल संयमको प्राप्त कर सकते हैं | १५९ |
| सकलसंयमका देशसंयमके समान कथन करनेकी सूचना | १५९ |
| प्रतिपातगत आदि तीन स्थानोंके विषयमें विशेष कथन | १६२ |
| प्रतिपद्यमान स्थान आर्य-म्लेच्छोंके जघन्य-उत्कृष्ट किस प्रकार होते हैं | १६५ |
| अनुभयरूप संयमस्थानोंका कथन | १६६ |
| सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यातसंयमको लक्ष्यकर विशेष कथन | १६७ |
| प्रतिपातगत आदि सभी संयमस्थानोंको लक्ष्य कर विशेष विचार | १६८ |
| **५ चारित्रमोह उपशमना** | |
| वेदक सम्यग्दृष्टि द्वितीयोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त कर चारित्रमोहका अधिकारी होता है | १७२ |
| क्षायिक सम्यग्दृष्टि भी उक्त चारित्रको प्राप्त करनेका अधिकारी है | १७३ |
| प्रकृतमें स्थितिसत्त्वका विचार | १७३ |
| वेदक सम्यग्दृष्टि द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि कैसे होता है इसका निर्देश | १७४ |
| द्वितीयोपशम सम्यक्त्वके प्राप्त होनेके अन्त-र्मुहूर्त बाद चारित्रमोहकी उपशमना प्रारंभ होनेका निर्देश | १८२ |
| प्रकृतमें आठ अधिकारोंका निर्देश | १८३ |
| क्षायिक सम्यग्दृष्टिकी अपेक्षा स्थितिकाण्डक आदिके विषयमें निर्देश | १८४ |
| प्रकृतमें गुणश्रेणिके काल आदिका निर्देश | १८७ |
| अपूर्वकरणके किस भागमें किन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होती है इसका निर्देश | १८८ |
| अनिवृत्तिकरणमें क्रियमाण कार्योंका निर्देश | १८९ |
| उक्त करणके प्रथम समयमें सत्त्व और बन्धके विषयमें निर्देश | १९० |
| उक्त करणके बहुभाग जाने पर कब कितना स्थितिबन्ध होता है इसका निर्देश | १९१ |
| प्रकृतमें बन्धापसरण कब कितना होता है इसका निर्देश | १९३ |
| प्रकृतमें स्थितिबन्धके क्रमकरणका निर्देश | १९४ |
| इसके बाद क्रम परिवर्तनका निर्देश | १९५ |
| क्रमकरणके अन्तमें उदीरणा विशेषका निर्देश | १९८ |
| बन्धकी अपेक्षा जो प्रकृतियाँ देशघाती हो जाती है उनका निर्देश | १९९ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| अन्तरकरण तथा उस समय होनेवाले कार्य विशेषोंका निर्देश | २०० |
| अन्तरकरण करनेके प्रथम समयमें मोहनीयके जो सात करण होते हैं उनका निर्देश | २०५ |
| क्रमसे उपशमको प्राप्त होनेवाली संख्यापूर्वक प्रकृतियोंका निर्देश | २०८ |
| नपुंसकवेदके उपशमनाके कालमें होनेवाले कार्य विशेषोंका निर्देश | २०९ |
| तदनन्तर स्त्रीवेदकी उपशमनाके कालमें होने वाले कार्योंका निर्देश | २१३ |
| तदनन्तर सात नोकषायोंकी उपशमनाके कालमें होनेवाले कार्योंका निर्देश | २१५ |
| पुरुषवेदके नवकबन्ध तथा उस समय होने वाले कार्योंके विषयमें विशेष खुलासा | २१६ |
| अन्तरकरणके बाद आनुपूर्वी संक्रमका प्रारम्भ आदि कार्य विशेष | २२३ |
| अपगतवेदीके कार्य विशेषोंका निर्देश | २२३ |
| संज्वलन क्रोधकी उपशम विधिके साथ कार्य विशेषोंका निर्देश | २२५ |
| संज्वलन मानकी उपशमन विधिके साथ कार्य विशेषोंका निर्देश | २२७ |
| संज्वलनमायाकी उपशमन विधिके साथ अन्य कार्योंका निर्देश | २३१ |
| संज्वलन लोभकी उपशमन विधिके साथ अन्य कार्योंका निर्देश | २३२ |
| संज्वलन लोभकी सूक्ष्मकृष्टिकरणका निर्देश | २३५ |
| कृष्टिगत द्रव्यके चार विभागोंका निर्देश | २४० |
| उक्त चार विभागोंमें किस विधिसे द्रव्यका निक्षेप होता है इसका निर्देश | २४५ |
| पूर्व और अपूर्व कृष्टियोंके संधिगत विशेषताका निर्देश | २५१ |
| कृष्टियोंके शक्ति सम्बन्धी अल्प बहुत्वका निर्देश | २५२ |
| प्रकृतमें स्थितिबन्धके प्रमाणका निर्देश | २५३ |
| प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यान लोभद्विकका संज्वलन लोभमें कब संक्रम नहीं होता इस बातका निर्देश | २५५ |
| बादर लोभकी स्थितिमें एक आवली शेष रहनेपर उसकी उपशमन विधि समाप्त हो जाती है इस बातका निर्देश | २५६ |
| सूक्ष्म साम्परायमें होनेवाले कार्योंका निर्देश | २५६ |
| इसके प्रथम समयमें किन कृष्टियोंका उदय होता है इसका निर्देश | २५८ |
| द्वितीयादि समयोंमें उक्त बातका विचार | २६२ |
| सूक्ष्म कृष्टियोंके उपशमविधिका निर्देश | २६४ |
| प्रकृतमें स्थितिबन्धके विषयमें विशेष निर्देश | २६५ |
| पूर्वोक्त अर्थका उपसंहार | २६५ |
| चारित्र मोहके उपशान्त होने पर उपशान्त मोह गुणस्थानमें समान परिणाम होते हैं इसका निर्देश | २६६ |
| इस गुणस्थानके और यहाँ होने वाली गुणश्रेणिके कालका निर्देश | २६७ |
| यह उदयादि अवस्थित गुणश्रेणि है, इसमें दिया जानेवाला द्रव्य भी अवस्थित है इसका निर्देश | २६८ |
| यहाँ कौन प्रकृतियाँ अवस्थित उदयवाली और कौन अनवस्थित उदयवाली हैं इस बातका निर्देश | २७० |
| भवक्षयपूर्वक उपशांतकषायसे गिरनेवालेके विषयमें विशेष खुलासा | २७३ |
| अद्धाक्षयसे गिरनेवालेके विषयमें विशेष खुलासा | २७५ |
| गिर कर सूक्ष्मसाम्परायमें आये हुए जीवके कार्यविशेषका निर्देश | २७६ |
| उक्त जीवके प्रथम समयमें कितना बन्ध होता है इसका निर्देश | २७७ |
| इस गुणस्थानमें अनुभागबन्धके विषयमें विशेष निर्देश | २७९ |
| अवरोहकके अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें लोभ निमित्तक होनेवाले कार्योंका खुलासा | २८० |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| अवरोहकके मायाकी अपेक्षा कथन | २८३ |
| ,, मानकी ,, | २८४ |
| ,, क्रोधकी ,, | २८५ |
| ,, पुरुषवेदकी ,, | २८९ |
| ,, स्त्रीवेदकी ,, | २९० |
| ,, नपुंसकवेदकी ,, | २९२ |
| तदनन्तर प्रकृतमें होनेवाले कार्य विशेषोंका निर्देश | २९४ |
| क्रमकरणकी व्युच्छित्तिके बाद होनेवाले कार्य विशेष | २९७ |
| अनिवृत्तिकरणके अन्तमें निधत्तीकरण आदिकी व्युच्छित्तिका निर्देश | ३०१ |
| अपूर्वकरणके पुनः प्राप्त होनेपर गुणश्रेणि आदि सम्बन्धी जो कार्य होते हैं उनका खुलासा | ३०२ |
| तदनन्तर स्वस्थान अप्रमत्त होकर उसके बाद जो कार्य विशेष होते हैं उनका निर्देश | ३०४ |
| अधःप्रवृत्तकरणमें होनेवाले कार्य विशेषों का निर्देश | ३०५ |
| इसके बाद उसी सम्यक्त्वके कालके भीतर संयतासंयत और असंयत भी हो जाता है | ३०६ |
| उक्त जीवके सासादन होकर मरने पर वह नियमसे देव होता है इसका सकारण कथन | ३०६ |
| प्रकृतमें भूतबलि आचार्यके अभिप्रायका निर्देश | ३०७ |
| अभी तककी प्ररूपणा पुरुषवेदके साथ क्रोधकषाय वाले की अपेक्षा की है इसका निर्देश | ३०७ |
| चारों कषायोंमेंसे प्रत्येक कषायके उदयसे चढ़े हुए जीवके प्रथम स्थिति कितनी होती है इस बातका निर्देश | ३०८ |
| इसी विषयका और विशेष खुलासा | ३११ |
| उक्त जीवके इन कषायोंमेंसे किसका कब उपशम होता है इस बातका निर्देश | ३११ |
| उक्त जीव कब कितनी गुणश्रेणि करता है इस बातका निर्देश | ३१२ |
| उक्त जीवके अन्तर सम्बन्धी कथन करनेके साथ यह पूरा कथन पुरुष वेदकी अपेक्षा किया है इस बातका निर्देश | ३१३ |
| स्त्रीवेदके साथ चढ़े हुए जीवकी अपेक्षा कथन | ३१४ |
| नपुंसकवेदके ,, ,, | ३१४ |
| पुरुषवेदसे चढ़कर उतरे हुए जीवकी अपेक्षा अल्पबहुत्वका निर्देश | ३१५ |


## ६ चारित्रमोहक्षपणा


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| चारित्रमोहकी क्षपणा सम्बन्धी अधिकारोंका निर्देश | ३३२ |
| इसके परिणाम आदि कैसे होते हैं इसका स्पष्टीकरण | ३३३ |
| अधःप्रवृत्तकरणमें गुणश्रेणि आदि चार कार्य नहीं होते इस बातका निर्देश | ३३७ |
| प्रकृतमें किस प्रकृतिका कैसा अनुभाग बन्ध होता है इस बातका निर्देश | ३३७ |
| कितनी स्थितिका बन्धापसरण होता है इस बातका निर्देश | ३३७ |
| प्रथमकरणके आदिमें होनेवाले स्थितिबन्धसे अन्तमें कितनी स्थिति बँधती है इस बातका निर्देश | ३३८ |
| अपूर्वकरणमें होनेवाले कार्यविशेष | ३३८ |
| प्रकृतमें गुणश्रेणिके विषयमें निर्देश | ३३८ |
| प्रकृतमें गुणसंक्रमके विषयमें निर्देश | ३३९ |
| अपकर्षण-उत्कर्षणके विषयमें विशेष विचार | ३३९ |
| इस करणके प्रारम्भ और अन्तमें स्थितिकाण्ड आदिके प्रमाणका निर्देश | ३४१ |
| इस करणके प्रारम्भमें कितना स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व होता है इस बातका निर्देश | ३४२ |
| एक स्थिति काण्डकके पतन के समय संख्यात हजार अनुभागकाण्डकोंका पतन होता है इस बातका निर्देश | ३४३ |
| इस करणमें किस क्रमसे किन प्रकृतियों की बन्ध-व्युच्छित्ति होती है इस बातका निर्देश | ३४३ |
| तीसरे करणके प्रथम समयमें स्थितिकाण्डक आदि सब नये होते हैं इस बातका निर्देश | ३४४ |
| इस करणके प्रथम समयमें विसदृश और बादमें सदृश स्थितिकाण्डक होते हैं इस बातका निर्देश | ३४४ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| यहाँ जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डकके प्रमाणका कथन | ३४४ |
| यहाँ प्रथम समयमें बन्ध और सत्त्वके प्रमाण का निर्देश | ३४५ |
| यहाँ आगे स्थितिबन्धापसरणके साथ स्थिति बन्धके विषयमें खुलासा | ३४५ |
| जहाँ पल्यका असंख्यातवाँ भाग स्थितिबन्ध होता है वहाँ से असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होने लगती है इस बातका निर्देश | ३५३ |
| आगे क्रमसे आठ कषायों और सोलह प्रकृतियोंका संक्रामक होता है इस बातका खुलासा | ३५४ |
| आगे जिन प्रकृतियोंका देशघातीकरण होता है आदिका निर्देश | ३५५ |
| अन्तरकरण करनेके प्रथम समयमें सात करण होते हैं आदिका निर्देश | ३५८ |
| नपुंसकवेदादिका किस विधिसे संक्रामक होता है इस बातका निर्देश | ३५९ |
| बंध उदय संक्रम और गुणश्रेणिमे तारतम्यका विचार | ३६० |
| बन्ध, उदय, संक्रम और गुणश्रेणिमें स्वस्थान अपेक्षा विचार | ३६१ |
| नपुंसकवेदके संक्रामक होनेके बाद स्त्रीवेदके संक्रमणके समय जो कार्य होते हैं उनका निर्देश | ३६२ |
| सात नोकषायोंके संक्रमणके समय होनेवाले कार्यविशेष | ३६३ |
| क्रोधसंज्वलनकी अपेक्षा उक्त बातोंका विचार | ३६९ |
| संज्वलनचतुष्कके अनुभागकी अश्वकरणक्रिया का विधान व अन्य कार्य | ३७० |
| अपूर्व स्पर्धककरणविधान | ३७६ |
| कितने द्रव्यसे अपूर्व स्पर्धक रचना होती है इसका विधान | ३७९ |
| लोभादिकके स्पर्धकोंकी वर्गणा सम्बन्धी विशेष विचार | ३८७ |
| प्रकृतमें उपयोगी करणसूत्रका निर्देश | ३८८ |
| क्रोधादिकका काण्डकसम्बन्धी विशेष विचार | ३८८ |
| अश्वकर्णकरणके प्रथम समयमें उक्त स्पर्धकोंमेंसे किनका उदय होता है इसका विचार | ३९० |
| आगे पूर्वोक्तविधिसे स्पर्धक रचनाका विधान | ३९३ |
| प्रकृतमें किस क्रमसे द्रव्य दिया जाता है और दिखाई देता है इसका निर्देश | ३९४ |
| प्रथम अनुभागकाण्डकका पतन होनेके बाद जो कार्य होते हैं उनका निर्देश | ३९५ |
| प्रकृतमें जो अल्पबहुत्व बना है उसका निर्देश | ३९७ |
| अश्वकर्णकरणके अन्तिम समयमें जो स्थिति बन्ध और सत्त्व रहता है उसका निर्देश | ३९८ |
| अश्वकर्णकरणके काल आदि दूसरे कार्योंका निर्देश | ३९९ |
| कृष्टिकरणविधिका निर्देश | ४०० |
| बादारकृष्टि और सूक्ष्म कृष्टिको कितना द्रव्य मिलता है इसके साथ अन्य बातोंका निर्देश | ४०१ |
| किस कषायके उदयसे चढ़े हुए जीवके कितनी कृष्टियाँ होती हैं इस बातका निर्देश | ४०३ |
| एक-एक संग्रह कृष्टिके भीतर अन्तर कृष्टियाँ अनन्त होती हैं | ४०४ |
| कृष्टियोंके मध्य अन्तरका विचार | ४०५ |
| इन कृष्टियोंमें द्रव्यके बटवारेका विधान | ४०८ |
| पार्श्वकृष्टियों सम्बन्धी विधान | ४०९ |
| सब कृष्टियोंके भेदोंके साथ उनकी होनेवाली उष्ट्रकूट रचनाका निर्देश | ४१५ |
| प्रकृतमें स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्वका निर्देश | ४१६ |
| कृष्टि और अनुभागके लक्षणका निर्देश | ४१७ |
| कृष्टिकरणके कालमें स्पर्धकोंका ही वेदक होता है इसका निर्देश | ४१७ |
| बादमें कृष्टिवेदक कालमें स्थिति बन्ध सत्त्व आदिका निर्देश | ४१७ |
| कृष्टिकारक और वेदकके क्रमका निर्देश | ४१९ |
| कृष्टिवेदनके प्रथम समयमें होनेवाले कार्यों का निर्देश | ४१९ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रकृतमें अल्पबहुत्वका निर्देश | ४२१ |
| द्वितीयादि समयोंमें उक्त विषयका विशेष स्पष्टीकरण आदि | ४२३ |
| प्रत्येक समयमें इन कृष्टियोंका बन्ध और उदय कैसे होता है इसका निर्देश | ४२५ |
| संक्रमणद्रव्यके विभागका निर्देश | ४२६ |
| कृष्टिवेदक इन कृष्टियोंको कैसे नष्ट करता है इसका निर्देश | ४२८ |
| आयद्रव्यसे स्वस्थान गोपुच्छ नहीं बनता इसके कारणका निर्देश | ४२९ |
| स्वस्थान-परस्थान गोपुच्छके होनेके कारणका निर्देश | ४३० |
| मध्यमखण्ड करनेकी विधिका निर्देश | ४३१ |
| संक्रमण द्रव्यका अधस्तन और अन्तर कृष्टियोंमें किस विधिसे वटवारा होता है इसका निर्देश | ४३२ |
| बन्धद्रव्यकी अपेक्षा विचार | ४३२ |
| कृष्टियोंके अन्तरालमें एक एक अपूर्व कृष्टि होती है इसका निर्देश | ४३३ |
| बन्धद्रव्यको कृष्टियोंमें जिस विधिसे देते हैं उसका निर्देश | ४३४ |
| विविध कृष्टियोंके बननेकी विधिका निर्देश | ४३५ |
| क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिका वेदक जीव उसका कैसे नाश करता है इसका निर्देश | ४४५ |
| उक्त कृष्टिके वेदन कालके अन्तिम समयमें जो कार्य होते हैं उनका निर्देश | ४४६ |
| क्रोधकी दूसरी संग्रह कृष्टिके वेदक कालमें होनेवाले कार्य विशेष | ४४७ |
| विवक्षित कषायकी प्रथमादि संग्रह कृष्टियोंके द्रव्यका किस विधिसे संक्रमण होता है इसका निर्देश | ४४९ |
| कृष्टियोंके बन्धके विषयमें विशेष नियम | ४५० |
| उक्त विषयमें अल्पबहुत्वका निर्देश | ४५० |
| विवक्षित संग्रह कृष्टिके वेदन कालके अन्तमें होनेवाले कार्योंका निर्देश | ४५१ |
| क्रोधकी तीसरी संग्रह कृष्टिके वेदनकालमें होनेवाले कार्य विशेष | ४५२ |
| उक्त विधिसे मानकी तीनों संग्रह कृष्टियोके वेदन कालके समय जो कार्य होते हैं उनका क्रमसे निर्देश | ४५२ |
| मायाकी अपेक्षा उक्त विचार | ४५४ |
| लोभकी अपेक्षा ,, ,, | ४५६ |
| सूक्ष्म कृष्टियोंका अवस्थान कहाँपर है उसका निर्देश | ४५७ |
| सूक्ष्म कृष्टियोंके करनेकी अपेक्षा अल्पबहुत्व का निर्देश | ४५७ |
| सूक्ष्म कृष्टियोंका निर्माण कैसे होता है इसका निर्देश | ४५८ |
| प्रकृतमें पुनः अल्पबहुत्वका निर्देश | ४६७ |
| सूक्ष्मसाम्परायकी जिस स्थानपर प्राप्ति होती है उसका निर्देश | ४७० |
| वहाँ होनेवाले स्थिति बंध और स्थिति सत्त्व का विचार | ४७० |
| प्रकृतमें जो कार्य होते हैं उनका निर्देश | ४७१ |
| प्रकृतमें गुणश्रेणि और अन्तरके आयामका निर्देश | ४७९ |
| सूक्ष्म उदीर्ण व अनुदीर्ण कृष्टियोंके अल्प-बहुत्वका निर्देश | ४८० |
| अन्तिम स्थिति काण्डक द्वारा गुणश्रेणि रचनाका विधान | ४८० |
| यहाँ दीयमान और दृश्यमान द्रव्य का निर्देश | ४८१ |
| लोभके अन्तिम काण्डकके पतनके बाद होनेवाले कार्योंका निर्देश | ४८२ |
| अन्तिम समयमें पाँच कर्मोंके स्थितिबंध व शेष कर्मोंके स्थितिसत्त्वका निर्देश | ४८२ |
| क्षीणकषाय व वहाँ होनेवाले कार्योका निर्देश | ४८३ |
| यहाँ घाति व अघाति कर्मोंका स्थितिसत्त्व कितना है इसका निर्देश | ४८४ |

| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रकृतमें कृतकृत्य संज्ञा प्राप्त होनेका सकारण निर्देश | ४८५ |
| जो मानादिक तीन सहित श्रेणि चढता है उसके विषयमें विशेष निर्देश | ४८५ |
| उक्त जीवोंके स्त्रीवेद सहित श्रेणी चढने पर होने वाले कार्योंका निर्देश | ४८८ |
| नपुंसक वेद सहित चढ़े हुए उक्त जीवोंके विषयमें विशेष कथन | ४८८ |
| अन्तिम समयमें तीन घाति कर्मोंका नाश होकर तदनन्तर यह जीव सयोगी जिन हो जाता हैं इसका निर्देश | ४८९ |
| घातिचतुष्कके नाशसे अनन्त चतुष्टयकी प्राप्तिका निर्देश | ४९० |
| अनन्त सुखकी प्राप्तिके कारणोंका निर्देश | ४९१ |
| क्षायिक सम्यक्त्व और चारित्रकी प्राप्तिके कारणोंका निर्देश | ४९१ |
| इन्द्रिय खेद कारणोंका अभाव होनेसे केवली के इन्द्रियातीत सुख हैं इसका निर्देश | ४९२ |
| सातासातजन्य सुख-दुख केवलीके क्यों नहीं होता इनके कारणका निर्देश | ४९२ |
| केवलीके साताके एक समयवाला स्थिति बन्ध होता है इसका निर्देश | ४९२ |
| केवलिसमुद्घात और उसमें होनेवाले कार्यों का निर्देश | |
| केवलीके प्रति समय दिव्यतम नोकर्मका बन्ध आदिका निर्देश | ४९३ |
| समुद्घातगत अनाहारक अवस्थामें नोकर्मका ग्रहण नहीं | ४९३ |
| केवली समुद्घात कब करते हैं इसका निर्देश | ४९४ |
| इसके पहले आवर्जितकरण करनेका निर्देश | ४९४ |
| इस करणमें होनेवाले गुणश्रेणि आदि कार्यों का निर्देश | ४९५ |
| केवलिसमुद्घातमें होनेवाले कार्य विशेषोंका निर्देश | ४९७ |
| लोकपूरण समुद्घातमें योगकी एक वर्गणा रहनेका निर्देश | ४९८ |
| इसके बाद योगनिरोध करनेका निर्देश | ४९९ |
| योगनिरोधकी विधिका निर्देश | ४९९ |
| सूक्ष्मकाय योग करनेके कालमें जीवप्रदेशों के पूर्व स्पर्धकोंके अपूर्व स्पर्धक करने की विधि का निर्देश | ५०४ |
| तदनन्तर अपूर्व स्पर्धकोंको सूक्ष्मकृष्टिरूप परिणमाता है इस विधिके क्रमका निर्देश | ५०५ |
| कृष्टिकरणके बाद दोनों प्रकारके स्पर्धकोंका नाश कर सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती ध्यानका ध्याना होता है | ५०७ |
| तदनन्तर योग निरोधपूर्वक अयोगी जिनके समुच्छिन्नक्रियानिवृत्ति ध्यानकी प्राप्ति होकर वहाँ आयुकर्मकी स्थितिके समान शेष कर्मोंकी स्थिति होती है आदिका निर्देश | ५१० |
| उपान्त्य समयमें ७२ और अन्तिम समयमें १३ प्रकृतियोंका नाश कर वह सिद्ध पदका भोक्ता होता है | ५११ |
| ईषत्प्राग्भार पृथ्वीके प्रमाणका निर्देश | ५११ |
| कहाँ कौन शुक्ल ध्यान होता है इसका निर्देश | ५१२ |
| सिद्ध परमेष्ठीसे उत्कृष्ट रत्नत्रय और समाधि-की प्राप्तिकी कामना | ५१२ |
| ग्रन्थकर्ता द्वारा रचित प्रशस्ति | ५१३ |
| पण्डितजी द्वारा मंगल कामना | ५१४ |
| अर्थसंदृष्टि अधिकार | ५१५ |

# लब्धिसार

■

ॐ

द्रव्यानुयोग परम गम्भीर और सूक्ष्म है, निर्ग्रन्थप्रवचनका रहस्य है, शुक्ल ध्यानका अनन्य कारण है। शुक्ल ध्यानसे केवलज्ञान समुत्पन्न होता है। महाभाग्यसे उस द्रव्यानुयोगकी प्राप्ति होती है।

दर्शनमोहका अनुभाग घटनेसे अथवा नष्ट होनेसे, विषयके प्रति उदासीनतासे और महत्पुरुषके चरणकमलकी उपासनाके बलसे द्रव्यानुयोग परिणत होता है।

ज्यों-ज्यों संयम वर्धमान होता है, त्यों-त्यों द्रव्यानुयोग यथार्थ परिणत होता है। संयमकी वृद्धिका कारण सम्यक्‌दर्शनकी निर्मलता है, उसका कारण भी 'द्रव्यानुयोग' होता है।

सामान्यतः द्रव्यानुयोगकी योग्यता पाना दुर्लभ है। आत्मारामपरिणामी, परम वीतरागदृष्टिवान्, परम असंग ऐसे महात्मा पुरुष उसके मुख्य पात्र हैं।

हे आर्य! द्रव्यानुयोगका फल सर्व भावसे विराम पानेरूप संयम है। इस पुरुषके इन वचनोंको तू अपने अंतःकरणमें कभी भी शिथिल मत करना। अधिक क्या? समाधिका रहस्य यही है। सर्व दुःखसे मुक्त होनेका अनन्य उपाय यही है।

❀ ❀ ❀

यदि मन शंकाशील हो गया हो तो 'द्रव्यानुयोग' विचारना योग्य है; प्रमादी हो गया हो तो 'चरणकरणानुयोग' विचारना योग्य है; और कषायी हो गया हो तो 'धर्मकथानुयोग' विचारना योग्य है; जड हो गया हो तो 'गणितानुयोग' विचारना योग्य है।

—श्रीमद् राजचंद्र

ॐ

श्री आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती
विरचित

# लब्धिसार

**संस्कृत तथा हिन्दी टीकाद्वय सहित**

**जयंत्यन्वहमर्हंतः सिद्धाः सूर्युपदेशकाः । साधवो भव्यलोकस्य शरणोत्तममंगलम् ॥ १ ॥**
**श्रीनागार्यतनूजातशांतिनाथोपरोधतः । वृत्तिर्भव्यप्रबोधाय लब्धिसारस्य कथ्यते ॥ २ ॥**

जो भव्य जीवोंके लिए शरणरूप और सर्वोत्कृष्ट मंगलस्वरूप हैं वे अरहंत सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु जयवन्त हों ॥१॥

श्री नागार्यके पुत्र शान्तिनाथके अनुरोधवश मैं ( संस्कृत टीकाकार ) भव्य जीवोंको उत्कृष्ट सम्यग्ज्ञानको प्राप्तिके लिए श्री लब्धिसार ग्रन्थकी वृत्ति लिखता हूँ ॥२॥

श्रीमन्नेमिचंद्रसिद्धांतचक्रवर्ती सम्यक्त्वचूडामणिप्रभृतिगुणनामांकितचामुंडरायप्रश्नानुरूपेण कषायप्राभृतस्य जयधवलाख्यद्वितीयसिद्धांतस्य पंचदशानां महाधिकाराणां मध्ये पश्चिमस्कंधाख्यस्य पंचदशस्यार्थं संगृह्य लब्धिसारनामधेयं शास्त्रं प्रारभमाणो भगवत्पंचपरमेष्ठिस्तवप्रणामपूर्विकां कर्तव्यप्रतिज्ञां विधत्ते—

अब कर्तव्यका प्रारंभ करिए है । आगैं चामुंडराय नामा राजाके प्रश्नके वशतैं कषायप्राभृत अर ताहीका द्वितीय नाम जयधवल ताके पंद्रह अधिकार तिनिविषैं पश्चिम स्कंधनामा पंद्रह्वां अधिकार ताका अर्थकौं ग्रहण करि श्रीनेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती लब्धिसार नामा ग्रंथ कीया, ताके सूत्रनिका संक्षेपमात्र अर्थ लिखिए है । तहां प्रथम लब्धिसार टीकाके अनुसारि केतेइक सूत्रनिका अर्थ लिखिए है । टीकाविषैं विस्तारतैं व्याख्यान है । इहां ग्रंथ बधनेके भयतैं संकोचरूप व्याख्यान करिए है । तहां प्रथम ही मंगल करिए है—

विशेष—श्रीनेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्तीने षट्खण्डागमके अन्तर्गत जीवस्थान खण्डके चूलिकानामक अर्थाधिकारकी ८ वीं चूलिका और कषायप्राभृतके स्वयं गुणधर आचार्य द्वारा स्थापित अन्तके ६ अर्थाधिकारोंका आलम्बन लेकर लब्धिसार और क्षपणासार महान् ग्रन्थकी रचना की है । कषायप्राभृतके अन्तमें पश्चिमस्कन्धनामक एक अनुयोगद्वार अवश्य है । किन्तु उसमें केवलिसमुद्धातके प्रथम समयसे लेकर सिद्धिगति प्राप्त होने तकके कार्यविशेषका मात्र निर्देश है । उसमें दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयकी उपशमना और क्षपणाका विधान नहीं है ।

चौपाई—श्री अरहंत सिद्धिवर सूरि। उपाध्याय धारै गुणभूरि॥
साधु परम मंगल जग श्रेष्ठ। जय शरणागतकौं परमेष्ठ॥

**अथ मूल सूत्र**

**सिद्धे जिणिंदचंदे आयरिय-उवज्झाय-साहुगणे।**
**वंदिय सम्मद्दंसण-चरित्तलद्धिं परूवेमो॥ १॥**

**सिद्धान् जिनेन्द्रचन्द्रान्-आचार्योपाध्यायसाधुगणान्।**
**वंदित्वा सम्यग्दर्शनचारित्रलब्धिं प्ररूपयामः॥ १॥**

सं० टी०—सिद्धान् जिनेंद्रचंद्रानाचार्योपाध्यांश्च साधुगणान् वंदित्वा सम्यग्यदर्शनचारित्रलब्धिं प्ररूपयामः। सम्यग्दर्शन-सम्यक्चारित्रयोर्लब्धिः—प्राप्तिर्यस्मिन् प्रतिपाद्यते स लब्धिसाराख्यो ग्रंथः तं प्ररूपयामः इति शास्त्रकारेण कृत्यप्रतिज्ञा दर्शिता। पूर्वं किं कृत्वा? वंदित्वा—स्तुत्वा प्रणम्य चेत्यर्थः। कान्? जिनेंद्रचंद्रान्-जिनेंद्रा अर्हन्तः चंद्रा इव चंद्राः, सकललोकप्रकाशकाल्हादकत्वात्। मुख्यो वायं चंद्रशब्दः। तथा सिद्धान्—कृतकृत्यानुपलब्धस्वात्मनश्च तथा आचार्यान् पंचाचारप्रवर्तनपरान् तथा उपाध्यायान्—उपेत्य विनयादधीयते भव्यलोका येभ्य इत्युपाध्यायास्तान् तथा साधुगणांश्च—साधयंति मोक्षमार्गमाराधयंतीति साधवस्तेषां गणान् देशान्तरकालान्तरवर्तिनः समूहान् गुरुकुलभेदभिन्नान् वा॥ १॥

स० चं०—जिनेंद्र अरहंत तेई भए सकल लोकके प्रकाशनेतैं वा आल्हाद करनेतैं चंद्रमा तिनिकौं अर कृतकृत्य भए सिद्ध भगवान तिनिकौं अर पंचाचारके प्रवर्तक आचार्य तिनिकौं अर अध्ययन करना करवानाविषैं अधिकारी उपाध्याय तिनकौं अर मोक्षमार्गके साधक साधुसमूह तिनिकौं वंदिकरि सम्यग्दर्शन—सम्यक्चारित्रकी लब्धि कहिए प्राप्ति सो जिसविषैं प्रतिपादन करिए असा लब्धिसार नामा शास्त्र ताकौं हम प्ररूपै हैं। असी आचार्य प्रतिज्ञा करी॥ १॥

एवं कृतपंचपरमेष्ठिस्तवप्रणामरूपमुख्यमंगल आचार्यः प्रथमोद्दिष्टसम्यग्दर्शनप्राप्त्युपायप्ररूपणं प्रक्रमते—

**चदुगदिमिच्छो सण्णी पुण्णो गब्भज विसुद्ध सागारो।**
**पढमुवसमं स गिण्हदि पंचमवरलद्धिचरिमम्हि॥ २॥**

**चतुर्गतिमिथ्यः संज्ञी पूर्णः गर्भजो विशुद्धः साकारः।**
**प्रथमोपशमं स गृह्णाति पंचमवरलब्धिचरमे॥ २॥**

सं० टी०—चतुर्गतिमिथ्यादृष्टिः संज्ञी पूर्णो गर्भजो विशुद्धः साकारः प्रथमोपशमं गृह्णाति पंचमवरलब्धिचरमे। अनादिः सादिर्वा मिथ्यादृष्टिरेव चतसृष्वपि गतिषूत्पन्नः दर्शनमोहस्य प्रथमोपशमं गृह्णाति करोतीत्यर्थः। तिर्यग्गतौ तु संज्ञी पंचेंद्रिय एव नान्यः। तिर्यग्मनुष्यगत्योस्तु पर्याप्तको गर्भजश्चैव नान्यः। स च चतुर्गतिमिथ्यादृष्टिर्विशुद्ध एव क्षयोपशमलब्धिप्रथमसमयादारभ्य प्रतिसमयमनंतगुणवृद्धया वर्धमानविशुद्धिरित्यर्थः। सोऽपि साकारोपयोगवानेव, गुणदोषादिविचाररूपज्ञानोपयोगे सत्येव तत्त्वार्थश्रद्धानरूपसम्यक्त्व-

---

१. सो पुण पंचिदिओ सण्णी मिच्छाइट्ठी पज्जत्तओ सव्वविसुद्धो जी० चू० ८, सू० ४। सो देवो वा णेरइओ वा तिरिक्खो वा मणुसो वा। इत्थिवेदो पुरिसवेदो णवुंसयवेदो वा। मणजोगी वचिजोगी कायजोगी वा। कोधकसाई माणकसाई मायकसाई लोभकसाई वा, किंतु हायमाणकसाओ। असंजदो। मदि-सुदसागारुवजुत्तो। तत्थ अणागारुवजुत्तो णत्थि, तत्थ बज्झत्थे पउत्तीए अभावादो। छण्णं लेस्साणमण्णदरलेस्सो, किंतु हायमाण असुहलेस्सो वड्ढमाणसुहलेस्सो। भव्वो। आहारी। ध० पु० ६, पृ० २०७। क० पा० पृ० ६१५।

प्राप्तिसंभवात्, अनाकारे दर्शनोपयोगे तद्विचाराभावात् । कस्मिन् काले प्रथमोपशमं गृह्णाति ? पंचमी लब्धिः करणलब्धिः तस्या वरः उत्कृष्टो भागः अनिवृत्तिकरणपरिणामः, तस्य लब्धिः प्राप्तिः तस्याः चरमसमये प्रथमोपशमसम्यक्त्वं गृह्णाति जीव इत्यर्थः । स च भव्य एव, अभव्यस्य तद्ग्रहणायोग्यत्वात् । विशुद्ध इत्यनेन शुभलेश्यत्वं संगृहीतम्, उदयप्रस्तावे स्त्यानगृद्ध्यादित्रयोदयाभावस्य वक्ष्यमाणत्वात् जागरत्वमप्युक्तमेव ॥२॥

तहां प्रथम ही प्रथमोपशमसम्यक्त्वका विधान कहिए है—

स० चं०–च्यारयो गतिवाला अनादि वा सादि मिथ्यादृष्टि संज्ञी पर्याप्त गर्भज मंद कषायरूप जो विशुद्धता ताका धारक, गुण दोष विचाररूप जो साकार ज्ञानोपयोग ताकरि संयुक्त जो जीव सोई पांचवीं करण लब्धिविषैं उत्कृष्ट जो अनिवृत्तिकरण ताका अंत समयविषैं प्रथमोपशम सम्यक्त्वकौं ग्रहण करै। इहां ऐसा जानना—

जो मिथ्यादृष्टि गुणस्थानतैं छूटि उपशम सम्यक्त्व होइ ताका नाम उपशम सम्यक्त्व है। बहुरि उपशमश्रेणी चढ़ता क्षयोपशम सम्यक्त्वतैं जो उपशम सम्यक्त्व ताका नाम द्वितीयोपशम सम्यक्त्व है, तातैं मिथ्यादृष्टिका ग्रहण कीया है। बहुरि सो प्रथमोपशम सम्यक्त्व तिर्यंच गतिविषैं असंज्ञी जीव हैं तिनकैं न हो है। अर मनुष्य तिर्यंचविषैं लब्धि-अपर्याप्तक अर सन्मूर्छन हैं तिनकैं न हो है। बहुरि च्यारयो गतिविषैं संक्लेशताकरि युक्त जीवकैं न हो है। बहुरि अनाकार दर्शनोपयोगका धारीकैं न हो है, जातैं तहां तत्त्वविचार न संभवै है। बहुरि आगें तीन निद्राके उदयका अभाव कहेंगे, तातैं सूता जीवकैं न हो है। अर भव्यहीके सम्यक्त्व हो है, तातैं अभव्यकैं न हो है। ए भी विशेषण इहां संभवै हैं ॥ २ ॥

विशेष—यहाँ मुख्यरूपसे तीन बातोंका स्पष्टीकरण करना है—(१) जिस अनादि मिथ्यादृष्टि भव्य जीवका संसारमें रहनेका काल अधिकसे अधिक अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण शेष रहता है वह उक्त कालके प्रथम समयमें प्रथमोपशम सम्यक्त्वके योग्य अन्य सामग्रीके सद्भावमें उसे ग्रहण कर सकता है। उस समय उसे प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्ति नियमसे होती है ऐसा कोई नियम नहीं है। मुक्त होनेके पूर्व इस कालके मध्यमें कभी भी वह प्रथमोपशम-सम्यक्त्वको प्राप्त करता है। प्रथमोपशमसम्यक्त्वके छूटने पर सादि मिथ्यादृष्टि जीव पुनः पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके जाने पर ही उसे प्राप्त करनेके योग्य होता है, इसके पूर्व नहीं। (२) संस्कृत टीकामें शुद्ध पदका शुभ लेश्यारूप अर्थ किया है। किन्तु नरकगतिमें शुभ लेश्याओंकी प्राप्ति सम्भव नहीं है। जीवस्थान चूलिकामें विशुद्धपदके स्थानमें सर्वविशुद्ध पद आया है। वहाँ इस पदका अर्थ 'जो जीव अधःप्रवृत्तकरण आदि तीन करण करनेके सन्मुख है' यह जीव लिया गया है। प्रकृतमें विशुद्ध पदका यही अर्थ ग्रहण करना चाहिए। (३) यहाँ गाथामें अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें यह जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करता है ऐसा कहा गया है सो उसका आशय यह लेना चाहिए कि अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयके व्यतीत होने पर अगले समयमें यह जीव प्रथमोपशमसम्यक्त्वको प्राप्त करता है। शेष कथन सुगम है।

अथ पंचलब्धिनामोद्देशं तत्कार्यविभागं च कुर्वन्नाह—

**खयउवसमियविसोही देसणपाउग्गकरणलद्धी य ।**
**चत्तारि वि सामण्णा करणं सम्मत्तचारित्ते ॥ ३ ॥**

**क्षयोपशमविशुद्धी देशनाप्रायोग्यकरणलब्धयश्च ।**
**चतस्रोऽपि सामान्यात् करणं सम्यक्त्वचारित्रे ॥ ३ ॥**

सं० टी०—क्षयोपशमविशुद्धिदेशनाप्रायोग्यताकरणलब्धयश्च चतस्रोऽपि सामान्यात् करणं सम्यक्त्वचारित्रे। लब्धिशब्दः प्रत्येकमभिसंबध्यते क्षयोपशमलब्धिः विशुद्धिलब्धिः देशनालब्धिः प्रायोग्यतालब्धिः करणलब्धिश्चेति एताः पंच लब्धयः। अत्र आद्याश्चतस्रोऽपि लब्धयः सामान्यादपि भव्याभव्यसाधारण्यादपि भवंति[2]। करण-लब्धिः पुनर्भव्यस्यैव सम्यक्चारित्रे च साध्ये भवति ॥ ३ ॥

आगैं प्रथमोपशम सम्यक्त्व होनेतैं पहलैं मिथ्यादृष्टि गुणस्थानविषैं पंच लब्धि हो हैं तिनिका व्याख्यान करिए हैं—

सं० चं०—क्षयोपशम १ विशुद्धि १ देशना १ प्रायोग्यता १ करण १ ए पाँच लब्धि हैं। तहाँ आदिकी च्यारि तौ साधारण हैं। भव्यकैं वा अभव्यकै भी हो हैं। बहुरि करण लब्धि भव्यहीकैं सम्यक्त्व वा चारित्रकौं साध्यभूत होत संतैं ही हो है ॥ ३ ॥

अब क्रम प्राप्त क्षयोपशमलब्धिका स्वरूप कहते हैं—

अथ क्रमप्राप्तक्षयोपशमलब्धिस्वरूपं कथयति—

**कम्ममलपडलसत्ती पडिसमयमणंतगुणविहीणकमा।**
**होदूणुदीरदि जदा तदा खओवसमलद्धी दु[2] ॥ ४ ॥**

**कर्ममलपटलशक्तिः प्रतिसमयमनंतगुणविहीनक्रमा।**
**भूत्वा उदीर्यते यदा तदा क्षयोपशमलब्धिस्तु ॥ ४ ॥**

सं० टी०—कर्ममलपटलशक्तिः प्रतिसमयमनंतगुणहीनक्रमा भूत्वा उदीर्यते यदा तदा क्षयोपशम-लब्धिस्तु—कर्मसु मलान्यप्रशस्तकर्माणि ज्ञानावरणादीनि तेषां पटलं समूहः तस्य शक्तिरनुभागः सा यदा यस्मिन् समये अनंतगुणविहीनक्रमा अनंतैकभागप्रमाणीभूत्वा क्रमेणोदेति तदा तस्मिन समये तदनुभागानंतबहु-भागहानिः क्षयोपशमलब्धिः। तुशब्देन पुनः प्रतिसमयं तदनंतबहुभागहानिक्रमः सूच्यते। देशघातिस्पर्धकाना-मुत्कृष्टानुभागानंतैकभागमात्राणामुदये सत्यपि सर्वघातिस्पर्धकानामुत्कृष्टानुभागानंतबहुभागप्रमाणानामुदयाभावः क्षयः, तेषामेवानुदयप्राप्तानां कर्मस्वभावेन सदवस्था उपशमः, तयोर्लब्धिः क्षयोपशमलब्धिः ॥ ४ ॥

सं० चं०—कर्मनिविषैं मलरूप जे अप्रशस्त ज्ञानावरणादिक तिनिका पटल जो समूह ताकी शक्ति जो अनुभाग सो जिस कालविषैं समय समय प्रति अनंतगुणा घटता अनुक्रमरूप होइ उदय होइ तिस कालविषैं क्षयोपशम लब्धि हो है, जातैं उत्कृष्ट अनुभागका अनंतवां भागमात्र जे देश-घाती स्पर्धक तिनिके उदयकौं होतैं भी उत्कृष्ट अनुभागका अनंत बहुभागमात्र जे सर्वघाती स्पर्धक तिनिके उदयका अभाव सो तौ क्षय, अर तेई सर्वघाती स्पर्धक जे उदय अवस्थाकौं न प्राप्त भए तिनकी सत्ता अवस्था सो उपशम तिनकी प्राप्ति सो क्षयोपशमलब्धि जाननी ॥ ४ ॥

विशेष—क्षमोपशम लब्धिमें यथासम्भव घाति और अघाति सभी अप्रशस्त कर्मोंसम्बन्धी अनुभाग शक्तिकी प्रति समय अनन्तगुणहानि होना विवक्षित है। किन्तु इस जीवके विशुद्धिलब्धिवश सातादि परावर्तमान प्रकृतियोंके बन्ध योग्य ही विशुद्धि होती है। असाता आदिके बन्ध योग्य संक्लेश नहीं होता ऐसा यहाँ समझना चाहिए।

---

१. खयउवसमियविसोही देसण-पाओग्ग-करणलद्धी य। चत्तारि वि सामण्णा करणं पुण होई समत्ते ॥ ध० पु० ९, पृ० २०५। (२) एदाओ चत्तारि वि लद्धीओ भवियाभवियमिच्छाइट्ठीणं साहारणाओ, दोसु वि एदाणं संभवादो। ध० पु० ९, पृ० २०५। २. पुव्वसंचिदकम्ममलपडलस्स अणुभागफद्दयाणि जदा विसोहिए पडिसमयमणंतगुणहीणाणि होदूणुदी रज्जंति तदा खओवसमलद्धी होदि।

अथ विशुद्धिलब्धिस्वरूपमाह—

आदिमलद्धिभवो जो भावो जीवस्स सादपहुदीणं ।
सत्थाणं पयडीणं बंधणजोगो विसुद्धलद्धी सो[1] ॥ ५ ॥

**आदिमलब्धिभवो यः भावो जीवस्य सातप्रभृतीनाम् ।**
**शस्तानां प्रकृतीनां बंधनयोग्यो विशुद्धिलब्धिः सः ॥ ५ ॥**

सं० टी०—आदिमलब्धिभवो यो भावो जीवस्य सातप्रभृतीनां शस्तानां प्रकृतीनां बंधनयोग्यो विशुद्धिलब्धिः सः । मिथ्यादृष्टिजीवस्य प्रागुक्तक्षयोपशमलब्धौ सत्यां सातादिप्रशस्तप्रकृतिबन्धहेतुर्यो भावो धर्मानुरागरूपशुभपरिणामो भवति तत्प्राप्तिर्विशुद्धिलब्धिरित्युच्यते । अशुभकर्मानुभागस्यानंतगुणहानौ सत्यां तत्कार्यस्य संक्लेशपरिणामस्य हानिर्यथा यथा भवति तद्विरुद्धस्य विशुद्धिपरिणामस्य तथा तथा संभवत्सुसंगत एवेति ॥ ५ ॥

अब विशुद्धिलब्धिका स्वरूप कहते हैं—

स० चं—पहली जो क्षयोपशम लब्धि तातैं उपज्या जो जीवकैं साता आदि प्रशस्त प्रकृति-बंध करनेकौं कारण धर्मानुरागरूप शुभ परिणाम होइ ताकी जो प्राप्ति सो विशुद्धि लब्धि है । सो अशुभ कर्मका अनुभाग घटैं संक्लेशताकी हानि अर ताका प्रतिपक्षी विशुद्धताकी वृद्धि होनी युक्त ही है ॥ ५ ॥

अथ देशनालब्धिस्वरूपमाचष्टे—

छद्दव्वणवपयत्थोपदेसयरसूरिपहुदिलाहो जो ।
देसिदपदत्थधारणलाहो वा तदियलद्धी दु[2] ॥ ६ ॥

**षड्द्रव्यनवपदार्थोपदेशकरसूरिप्रभृतिलाभो यः ।**
**देशितपदार्थधारणलाभो वा तृतीयलब्धिस्तु ॥ ६ ॥**

सं० टी०—षट्द्रव्यनवपदार्थोपदेशकरसूरिप्रभृतिलाभो यः, देशितपदार्थधारणलाभो वा तृतीय-लब्धिस्तु । षट्द्रव्याणि जीवपुद्गलधर्माधर्मकालाकाशानि । पंचास्तिकाया अत्रैवांतर्भूताः । नव पदार्थाः जीवाजीवा-स्रवबंधसंवरनिर्जरामोक्षपुण्यपापानि । सप्त तत्त्वान्यत्रैवांतर्भूतानि । तेषामुपदेशकराः आचार्योपाध्यायादयः, तेषां लाभो यस्तद्देशनाप्राप्तिः चिरातीतकाले उपदेशितपदार्थधारणलाभो वा स देशनालब्धिर्भवति । तुशब्देनोपदेशक-रहितेषु नारकादिभवेषु पूर्वभवश्रुतधारिततत्त्वार्थस्य संस्कारबलात् सम्यग्दर्शनप्राप्तिर्भवति इति सूच्यते ॥ ६ ॥

आगै देशनालब्धिका स्वरूप कहै हैं—

स० चं—छह द्रव्य नव पदार्थका उपदेश करनेवाले आचार्यादिकका लाभ तिनके उपदेशकी प्राप्ति अथवा उपदेशित पदार्थके धारनेकी प्राप्ति सो तीसरी देशनालब्धि है । तुशब्दकरि नारकादि

---

१. पडिसमयमणंतगुणहीणक्कमेण उदीरिदअणुभागफद्दयजणिदजीवपरिणामो सादादिसुहकम्मबंधणिमित्तो असादादिअसुहकम्मबंधविरुद्धो विसोही णाम । तिस्से उवलंभो विसोहिलद्धी णाम । ध० पु० ६, पृ० २०४ ।

२. छद्दव्व-णवपयत्थोवदेसो देसणा णाम । तीए देसणाए परिणदआइरियादीणमुवलंभो देसिदत्थस्स गहण-धारण-विचारणसत्तीए समागमो अ देसणलद्धी णाम । ध० पु० ६, पृ० २०४ ।

विषैं जहां उपदेश देनेवाला नाहीं तहां पूर्व भवविषैं धारया हूवा तत्त्वार्थके संस्कार बलतैं सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति जाननी ॥ ६ ॥

अथ प्रायोग्यतालब्धिस्वरूपं कथयति—

**अंतोकोडाकोडी विट्ठाणे ठिदिरसाण जं करणं।**
**पाउग्गलद्धिणामा भव्वाभव्वेसु सामण्णा[1] ॥ ७ ॥**
**अंतःकोटाकोटिद्विस्थाने स्थितिरसयोः यत्करणम्।**
**प्रायोग्यलब्धिर्नामा भव्याभव्येषु सामान्यात् ॥ ७ ॥**

सं० टी०—अंतःकोटाकोटिद्विस्थाने स्थितिरसयोर्यत्करणं प्रायोग्यतालब्धिनामा भव्याभव्येषु सामान्यात्। कश्चिज्जीवो लब्धित्रयसंपन्नः प्रतिसमयं विशुद्धचन् आयुर्वर्जितसप्तकर्मणां तत्कालस्थितिमेककांडकघातेन छित्वा कांडकद्रव्यमंतःकोटाकोटिमात्रावशिष्टस्थितौ निक्षिपति। अप्रशस्तानां घातिनामनुभागं बानंतबहुभागप्रमाणं खंडयित्वा तद्द्रव्यं लतादारुसमाने द्विस्थानमात्रे अघातिनां च निंबकांजीरसमाने अवशिष्टानुभागे निक्षिपति तदा जीवस्य तत्करणं प्रायोग्यतालब्धिर्नाम वेदितव्या, सा च भव्याभव्ययोः साधारणा भवति। विशुद्धचा प्रशस्तप्रकृतीनामनुभागखंडनं नास्ति ॥ ७ ॥

अब प्रायोग्यलब्धिका स्वरूप कहते हैं—

स० चं०—पूर्वोक्त तीन लब्धिसंयुक्त जीव समय समय विशुद्धताकरि वर्धमान होत संता आयु बिना सात कर्मनिकी अंतःकोटाकोटीमात्र स्थिति अवशेष राखै। तिस कालविषैं जो पूर्वै स्थिति थी ताकौं एक कांडक घातकरि छेदि तिस कांडकके द्रव्यकौं अवशेष रही स्थितिविषैं निक्षेपण करै है। बहुरि घातियानिका लता दारुरूप, अघातियानिका निंब·कांजीररूप द्विस्थानगत अनुभाग इहां अवशेष रहै है। पूर्वै अनुभाग था तामैं अनन्तका भाग दीएं बहुभागमात्र अनुभागकौं छेदि अवशेष रह्या अनुभागविषैं प्राप्त करै है। तिस कार्य करनेकी योग्यताकी प्राप्ति सो प्रायोग्यता लब्धि है। सो भव्यकैं वा अभव्यकैं भी समान हो है ॥ ७ ॥

विशेष—विशुद्धिवश इसके प्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागका घात नहीं होता है इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए।

अथ प्रसंगायातां प्रथमोपशमसम्यक्त्वग्रहणायोग्यतां प्रतिपादयति—

**जेट्ठवरट्ठिदिबंधे जेट्ठवरट्ठिदितियाण सत्ते य।**
**ण य पडिवज्जदि पढमुवसमसम्मं मिच्छजीवो हु[2] ॥ ८ ॥**
**ज्येष्ठावरस्थितिबंधे ज्येष्ठावरस्थितित्रिकाणां सत्त्वे च।**
**न च प्रतिपद्यते प्रथमोपशमसम्यक्त्वं मिथ्यजीवो हि ॥ ८ ॥**

सं० टी०—ज्येष्ठावरस्थितिबंधे ज्येष्ठावरस्थितित्रयाणां सत्त्वे च न च प्रतिपद्यते प्रथमोपशमसम्यक्त्वं मिथ्यादृष्टिर्जीवः खलु। सर्वसंक्लिष्टसंज्ञिपंचेंद्रियपर्याप्तजीवसंभविन्युत्कृष्टस्थितिबंधे सर्वविशुद्धक्षपकसंभविनि

---

१. सव्वकम्माणमुक्कस्सट्ठिदिमुक्कस्साणुभागं च घादिय अंतोकोडाकोडीट्ठिदिम्हि वेट्ठाणाणुभागे च अवट्ठाणं पाओग्गलद्धी णाम। ध० पु० ९, पृ० २०४। २. एवदिकालट्ठिदिएहि कम्मेहि सम्मत्तं ण लहदि। जी० चू० ८, सू० १। एदं देसामासियसुत्तं, तेण एदेसु कम्मेसु जहण्णट्ठिदिबंधे उक्कस्सट्ठिदिबंधे जहणुक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मेसु जहणुक्कस्सअणुभागसंतकम्मेसु जहण्णुक्कस्सपदेससंतकम्मेसु च संतेसु सम्मत्तं ण पडिवज्जदि त्ति घेत्तव्वं। ध० पु० ६, पृ० २०३।

जघन्यस्थितिबंधे सर्वसंक्लिष्टसंज्ञिपंचेंद्रियपर्याप्तकसंभविन्युत्कृष्टस्थित्यनुभागप्रदेशसत्त्वे सर्वविशुद्धक्षपकसंभविनि जघन्यस्थित्यनुभागप्रदेशसत्त्वे प्रथमोपशमसम्यक्त्वं जीवो न प्रतिपद्यते, उत्कृष्टबन्धसत्त्वयोस्तीव्रसंक्लेश-निबंधनत्वात् जघन्यबंधसत्त्वयोश्च तीव्रविशुद्धिनिबंधनत्वेन मिथ्यादृष्टित्वाभावात् प्रागेव गृहीतसम्यग्दर्शनस्य क्षपकश्रेण्यारोहणात्। ततोऽन्तःकोटाकोटिस्थितिद्विस्थानानुभागबंधसत्त्वपरिणामकर्मणां जीवः प्रथमोपशमयोग्यो भवतीति तात्पर्यम् ॥८॥

अब प्रसंग प्राप्त प्रथमोपशमसम्यक्त्वके ग्रहणकी योग्यता बतलाते हैं—

स० चं०—संक्लेशी संज्ञी पंचेंद्री पर्याप्तके संभवता अैसा उत्कृष्ट स्थिति बंध अर उत्कृष्ट स्थिति अनुभाग प्रदेशका सत्त्व, बहुरि विशुद्ध क्षपक श्रेणीवालोंकैं संभवता अैसा जघन्य स्थितिबंध अर जघन्य स्थिति अनुभाग प्रदेशका सत्त्व इनिकौं होतैं जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वकौं न ग्रहै है ॥ ८ ॥

अथ प्रथमोपशमसम्यक्त्वाभिमुखस्य स्थितिबंधपरिणाममाह—

**सम्मत्तहिमुहमिच्छो विसोहिवड्ढीहि वड्ढमाणो हु ।**
**अंतोकोडाकोडिं सत्तण्हं बंधणं कुणइ[२] ॥ ९ ॥**

**सम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यः विशुद्धिवृद्धिभिः वर्धमानः खलु ।**
**अंतःकोटाकोटिं सप्तानां बंधनं करोति ॥ ९ ॥**

सं० टी०—सम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यादृष्टिर्विशुद्धिवृद्धिभिर्वर्धमानः खलु अंतःकोटीकोटयाः सप्तानां बंधनं करोति। प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखो मिथ्यादृष्टिर्जीवः प्रतिसमयमनंतगुणविशुद्धिवृद्धया वर्धमानः प्रायोग्यता-लब्धिकालप्रथमसमयादारभ्य आयुर्वर्जितसप्तकर्मस्थितिबंधं पूर्वस्थितिबन्धस्य संख्यातैकभागमात्रमंतः-कोटाकोटिप्रमितं बध्नाति ॥ ९ ॥

अब प्रथमोपशम सम्यक्त्वके अभिमुख हुए जीवके स्थितिबन्धके योग्य परिणाम बतलाते हैं—

स० चं०—प्रथमोपशम सम्यक्त्वकौं सन्मुख भया मिथ्यादृष्टि जीव सो विशुद्धताकी वृद्धिकरि वर्धमान होत संता प्रायोग्यलब्धिका प्रथम समयतैं लगाय पूर्व स्थितिबंधके संख्यातवैं भागमात्र अंतःकोटाकोटी सागरप्रमाण आयु विना सात कर्मनिका स्थितिबंध करै ॥ ९ ॥

अथ प्रायोग्यतालब्धिकाले प्रकृतिबंधापसरणावतारमाह—

**तत्तो उदहिसदस्स य पुधत्तमेत्तं पुणो पुणोदरिय ।**
**बंधम्मि पयडिबंधुच्छेदपदा होंति चोत्तीसा[२] ॥ १० ॥**

**ततः उदये शतस्य च पृथक्त्वमात्रं पुनःपुनरुदीर्य ।**
**बंधे प्रकृतिबंधोच्छेदपदानि भवंति चतुस्त्रिंशत् ॥ १० ॥**

सं० टी०—तत उदधिशतस्य च पृथक्त्वमात्रं पुनः पुनरवतीर्य बन्धे प्रकृतिबंधोच्छेदपदानि भवंति चतुस्त्रिंशत्। तस्मादंतःकोटाकोटिसागरोपमप्रमितात् स्थितिबन्धनात् पल्यसंख्यातैकभागोनां स्थितिमंतर्मुहूर्तं यावत्समानामेव बध्नाति। पुनस्ततः पल्यसंख्यातैकभागोनामपरां स्थितिमंतर्मुहूर्तं यावत् बध्नाति। एवं पल्यसंख्यातैकभागहानिक्रमेण पल्योनामन्तःकोटीकोटिसागरोपमस्थितिमंतर्मुहूर्तं यावद् बध्नाति। एवं पल्यसंख्यातैक-भागहानिक्रमेणैव पल्यद्वयोनां पल्यत्रयोनामित्यादिस्थितिमंतर्मुहूर्तं यावद् बध्नाति। तथा सागरोपमहीनां द्विसागरोपम-

१. एदेसिं चेव सव्वकम्माणं जावे अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं बंधदि तावे पढमसम्मत्तं लभदि। जी० चू० ८, सू० ३। २. एत्थ विसोधीए वड्ढमाणाए सम्मत्ताहिमुहमिच्छादिट्ठिस्स पयडीणं बंधवोच्छेदकमो उच्चदे। ध० पु० ६, पृ० १३५। क० पा०, पृ० ६१७। जयध० पु० १२, पृ० २२१।

हीनां त्रिसागरोपमहीनां इत्यादिसप्ताष्टशतलक्षसागरोपम-पृथक्त्वहीनामंतःकोटाकोटिस्थितिमंतर्मुहूर्तं यावद् बध्नाति तदा एकं नारकायुःप्रकृतिबन्धापसरणस्थानं भवति, तदा नारकायुर्बंधव्युच्छित्तिर्भवतीत्यर्थः। पुनरपि पूर्वोक्तक्रमेण सागरोपमशतपृथक्त्वहीनामंतःकोटीकोटिस्थितिं यदा बध्नाति तदा तिर्यगायुर्बंधव्युच्छेदो भवति। एवमनेन सागरोपमशतपृथक्त्वहानिक्रमेण स्थितिबन्धे एकैकं प्रकृतिबन्धव्युच्छेदपदं भवति यावत् चतुस्त्रिंशत्तमं प्रकृतिबंध-व्युच्छेदपदं प्राप्नोति तावन्नेतव्यं॥ १०॥

अब प्रायोग्यलब्धिके समय होनेवाले प्रकृतिबन्धपसरणका कथन करते हैं—

स० चं—तिस अंतःकोटाकोटी सागरस्थितिबंधतैं पल्यका संख्यातवां भागमात्र घटता स्थिति-बंध अन्तर्मुहूर्त पर्यंत समानता लीएं करै। बहुरि तातैं पल्यका संख्यातवाँ भागमात्र घटता स्थितिबंध अंतर्मुहूर्त पर्यंत करै। ऐसैं क्रमतैं संख्यात स्थितिबंधापसरणनिकरि पृथक्त्व सौ सागर घटैं पहला प्रकृतिबंधापसरणस्थान होइ। बहुरि तिस ही क्रमतैं तिसतैं भी पृथक्त्व सौ सागर घटैं दूसरा प्रकृति-बंधापसरणस्थान होइ। ऐसैं इस ही क्रमतैं इतना इतना स्थितिबंध घटैं एक एक स्थान होइ। ऐसैं प्रकृतिबंधापसरणके चौतीस स्थान होंइ। इहां पृथक्त्व नाम सात वा आठका है, तातैं इहाँ पृथक्त्व सौ सागर कहनेतैं सातसै वा आठसै सागर जानने॥ १०॥

अथ चतुस्त्रिंशत्प्रकृतिबन्धापसरणस्थानानि गाथापंचकेनाह—

**आऊ पडि णिरयदुगे सुहुमतिये सुहुमदोण्णि पत्तेयं।**
**बादरजुद दोण्णि पदे अपुण्णजुद बि-ति-चसण्णि-सण्णीसु॥११॥[1]**

**आयुः प्रति निरयद्विकं सूक्ष्मत्रयं सूक्ष्मद्वयं प्रत्येकं।**
**बादरयुतं द्वे पदे अपूर्णयुतं द्वित्रिचतुरसंज्ञिसंज्ञिषु॥ ११॥**

सं० टी०—प्रथमं नारकायुषो व्युच्छित्तिपदं, द्वितीयं तिर्यगायुषः, तृतीयं मनुष्यायुषः, चतुर्थं देवायुषः, पंचमं नरकगतितदानुपूर्व्योः, षष्ठं सूक्ष्मापर्याप्तकसाधारणप्रकृतीनां संयुक्तानाम्, सप्तमं सूक्ष्मापर्याप्तकप्रत्येक-प्रकृतीनां संयुक्तानाम्, अष्टमं बादरापर्याप्तकसाधारणानां संयुक्तानाम्, नवमं बादरापर्याप्तकप्रत्येकानां संयुक्तानाम्, दशमं द्वीन्द्रियजात्यपर्याप्तकनाम्नोः संयुक्तयोः, एकादशं त्रीन्द्रियजात्यपर्याप्तकनाम्नोः, द्वादशं चतुरिंद्रिय-जात्यपर्याप्तयोः, त्रयोदशं असंज्ञिपंचेंद्रियजात्यपर्याप्तयोः, चतुर्दशं संज्ञिपंचेन्द्रियजात्यपर्याप्तयोः॥ ११॥

अब चौतीस स्थाननिविषैं क्रमतैं कैसी कैसी प्रकृतिका व्युच्छेद हो है सो कहिए है—

स० चं—पहला नरकायुका व्युच्छित्तिस्थान है। इहांतैं लगाय उपशम सम्यक्त्व पर्यंत नरकायुका बंध न होइ। ऐसैं ही आगैं जानना। दूसरा तिर्यंचायुका है। तीसरा मनुष्यायुका है। चौथा देवायुका है। इहाँ प्रथमोपशम सम्यक्त्वविषैं आयुबंधका अभाव है, तातैं सर्व आयुबंधकी व्युच्छित्ति कही है। बहुरि पांचवाँ नरकगति-नरकानुपूर्वीका है। छठा संयोगरूप सूक्ष्म-अपर्याप्त-साधारणनिका है। इहां संयोगरूप कहनेकरि तीनोंका मिलाप लीएं तौ इहाँ ही पर्यंत बंध होइ। अर इन तीनोंविषैं कोई प्रकृति बदलें यथासम्भव इनि प्रकृतिनिविषैं कोई प्रकृतिका बंध आगें भी होइ ऐसा संयोगरूप कहनेका अभिप्राय जानना। आगैं संयोगरूप कहनेका ऐसैं ही अर्थ समझना। बहुरि सातवाँ संयोगरूप सूक्ष्म-अपर्याप्त-प्रत्येकका है। आठवाँ संयोगरूप बादर-अपर्याप्त-साधारणनिका है। नवमा संयोगरूप बादर-अपर्याप्त-प्रत्येकका है। दशवाँ संयोगरूप बेंद्रीजाति-अपर्याप्तका है। ग्यारहवां संयोगरूप तेंद्री-अपर्याप्तका है। बारहवाँ संयोगरूप चौंद्री-अपर्याप्तका है। तेरहवाँ संयोगरूप असंज्ञी पंचेंद्रिय-अपर्याप्तका है। चौदहवाँ संयोगरूप संज्ञी पंचेंद्रिय-पर्याप्तका है॥ ११॥

---

१. ध० पु० ६, पृ० १३५-१३९।

**अट्ठ अपुण्णपदेसु वि पुण्णेण जुदेसु तेसु तुरियपदे ।**
**एइंदिय आदावं थावरणामं च मिलिदव्वं ॥ १२ ॥**

**अष्टौ अपूर्णपदेष्वपि पूर्णेन युतेषु तेषु तुर्यपदे ।**
**एकेंद्रियमातपः स्थावरनाम च मेलयितव्यम् ॥ १२ ॥**

सं० टी—अष्टापूर्णपदेष्वपि पूर्णेन युतेषु तेषु तुर्यपदे एकेंद्रियमातपः स्थावरनाम च मेलयितव्यं । पंचदशं सूक्ष्मपर्याप्तसाधारणानां संयुक्तानाम्, षोडशं सूक्ष्मपर्याप्तप्रत्येकानां संयुक्तानाम्, सप्तदशं बादरपर्याप्त-साधारणानां संयुक्तानाम्, अष्टादशं बादरपर्याप्तप्रत्येकैकेंद्रियजात्यातपस्थावराणां संयुक्तानाम्, एकान्नविंशं द्वींद्रियजातिपर्याप्तयोः संयुक्तयोः, विंशं त्रींद्रियजातिपर्याप्तयोः, एकविंशं चतुरिंद्रियजातिपर्याप्तयोः, द्वाविंशं असंज्ञिपंचेंद्रियजातिपर्याप्तयोः ॥ १२ ॥

सं० चं—पंद्रहवां संयोगरूप सूक्ष्म पर्याप्त साधारणनिका है । सोलहवाँ संयोगरूप सूक्ष्म पर्याप्त प्रत्येकनिका है । सतरहवां संयोगरूप बादर पर्याप्त साधारणनिका है । अठारहवां संयोगरूप बादर पर्याप्त प्रत्येक एकेंद्री आतप स्थावरनिका है । उगणीसवां संयोगरूप बेंद्री पर्याप्तका है । बीसवां संयोगरूप तेंद्री पर्याप्तका है । इकवीसवां चौंद्री पर्याप्तका है । बावीसवां असंज्ञी पंचेंद्री पर्याप्तका है ॥ १२ ॥

**तिरिगदुगुज्जोवो वि य णीचे अपसत्थगमण दुभगतिए ।**
**हुंडासंपत्ते वि य णउंसए वाम-खीलीए ॥ १३ ॥**

**तिर्यग्द्विकोद्योतोऽपि च नीचैः अप्रशस्तगमनं दुर्भगत्रिकं ।**
**हुंडासंप्राप्तेऽपि च नपुंसकं वामनकीलिते ॥ १३॥**

सं० टी०—त्रयोविंशं तिर्यग्गतितदानुपूर्व्योद्योतानां संयुक्तानाम्, चतुर्विंशं नीचैर्गोत्रस्य, पंचविंशं अप्र-शस्तगमनदुर्भगदुःस्वरानादेयानां संयुक्तानाम्, षड्विंशं हुंडसंस्थानासंप्राप्तसृपाटिकासंहननयोः, सप्तविंशं नपुंसक-वेदस्य, अष्टाविंशं बामनसंस्थानकीलितसंहननयोः ॥ १३ ॥

सं० चं०—तेईसवां संयोगरूप तिर्यंचगति, तिर्यंचानुपूर्वी उद्योतका है । चौईसवां नीच गोत्रका है । पचीसवां संयोगरूप अप्रशस्त विहायोगति दुर्भग दुःस्वर अनादेयनिका है । छबीसवां हुंडसंस्थान सृपाटिका संहननका है । सत्ताईसवां नपुंसकवेदका है । अठाईसवां बामन संस्थान कीलित संहननका है ॥ १३ ॥

**खुज्जद्धं णाराए इत्थीवेदे य सादिणाराए ।**
**णग्गोध-वज्जणाराए मणुओरालदुग-वज्जे ॥ १४ ॥**

**कुब्जार्धनाराचं स्त्रीवेदं च स्वातिनाराचे ।**
**न्यग्रोधवज्रनाराचे मनुष्यौदारिकद्विकवज्रे ॥ १४ ॥**

सं० टी०—एकान्नत्रिंशं कुब्जसंस्थानार्द्धनाराचसंहननयोः, त्रिंशं स्त्रीवेदस्य, एकत्रिंशं स्वातिसंस्थान-नाराचसंहननयोः, द्वात्रिंशं न्यग्रोधसंस्थानवज्रनाराचसंहननयोः, त्रयस्त्रिंशं मनुष्यगतितदानुपूर्व्यौदारिकशरीर-तदंगोपांगवज्रवृषभनाराचसंहननानां संयुक्तानाम् ॥ १४ ॥

सं० चं०—गुणतीसवां कुब्ज संस्थान अर्धनाराच संहननका है। तीसवां स्त्री वेदका है। इकतीसवां स्वाति संस्थान नाराच संहननका है। बत्तीसवां न्यग्रोध संस्थान वज्रनाराच संहननका है। तेतीसवां संयोगरूप मनुष्यगति मनुष्यानुपूर्वी औदारिक शरीर औदारिक अंगोपांग वज्रवृषभ नाराच संहननका है ॥ १४ ॥

**अथिरअसुभजस-अरदी सोय-असादे य होंति चोतीसा ।**
**बंधोसरणट्ठाणा भव्वाभव्वेसु सामण्णा[1] ॥ १५ ॥**

**अस्थिर-अशुभायशः अरतिः शोकासाते च भवंति चतुस्त्रिंशं ।**
**बंधापसरणस्थानानि भव्याभव्येषु सामान्यानि ॥ १५ ॥**

सं० टी०—चतुस्त्रिंशं अस्थिराशुभायशस्कीर्त्यरतिशोकासातानां संयुक्तानां प्रकृतीनां बंधव्युच्छित्तिपदं। प्रकृतिबन्धापसरणस्थानानि चतुस्त्रिंशदपि भव्याभव्ययोः समानानि भवन्ति। सर्वत्र सागरोपमशतपृथक्त्वहान्या आयुर्वर्जसप्तप्रकृतिस्थितिबन्धक्रमोऽपि पूर्ववद्द्रष्टव्यः ॥ १५ ॥

सं० चं०—चौंतीसवां संयोगरूप अस्थिर अशुभ अयश अरति शोक असातानिका बंध व्युच्छित्तिस्थान है। ऐसैं ए कहे चौंतीस स्थान ते भव्य वा अभव्यके समान हो हैं ॥ १५ ॥

विशेष—इन चौंतीस बन्धापरणोंमें बतलाई गई प्रकृतियोंमेंसे कुछ प्रकृतियाँ अशुभ हैं, कुछ प्रकृतियाँ अशुभतर हैं और कुछ प्रकृतियाँ अशुभतम हैं, अतः इनकी बन्धव्युच्छित्ति विशुद्धिको प्राप्त होनेवाले भव्य और अभव्य दोनोंके हो जाती है। किन्तु करणलब्धि भव्योंके ही होती है।

अथ एतेषां प्रकृतिबंधापसरणस्थानानां चतुर्गतिसंभवविशेषं कथयति—

**णर-तिरियाणं ओघो भवणति-सोहम्मजुगलए विदियं ।**
**तदियं अट्ठारसमं तेवीसदिमादि दसपदं चरिमं ॥ १६ ॥**

**नरतिरश्चामोघः भवनत्रिसौधर्मयुगलके द्वितीयं ।**
**तृतीयं अष्टादशमं त्रयोविंशत्यादिदशपदं चरमम् ॥ १६ ॥**

सं० टी०—नरतिरश्चोरोघः। भवनत्रिकसौधर्मयुगले द्वितीयं तृतीयं अष्टादशं त्रयोविंशादीनि दशपदानि चरमं। मनुष्यगतौ तिर्यग्गतौ च प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखस्य मिथ्यादृष्टेः पदानि चतुस्त्रिंशदपि संभवंति। तद्बंधयोग्यानां सप्तदशोत्तरप्रकृतीनां मध्ये नारकायुरादिषट्चत्वारिंशत्प्रकृतिबन्धापसरणकथनात्। तथाहि—नारकायुरादिषु षट्सु पदेषु नव, अष्टादशे पदे तिस्रः, तत्तत्पदेषु द्वित्रिचतुरिंद्रियजातयस्तिस्रः, त्रयोविंशादिषु द्वादशसु पदेषु तिर्यग्द्विकोद्योतादयः एकत्रिंशत्। एवं चतुस्त्रिंशत्पदेषु षट्चत्वारिंशत्प्रकृतयो बन्धतो व्युच्छिन्ना इति सूत्रे सूचितत्वात्, शेषा एकसप्ततिप्रकृतयस्तेन बध्यंते। भावनादित्रये सौधर्मैशानयोश्च कल्पयोर्बन्धयोग्यानां त्र्यधिकशतप्रकृतीनां मध्ये तिर्यगायुरादिषु चतुर्दशसु पदेषु एकत्रिंशत्प्रकृतयो बन्धतो व्युच्छिन्नाः। शेषाः द्वासप्ततिप्रकृतयो बध्यंते ॥ १६ ॥

नरक, तिर्यञ्च और देवगतिमें बन्धपसरणोंका निर्देश—

सं० चं०—मनुष्यतिर्यंचनिकैं तौ समान्योक्त चौंतीसौ स्थान पाइए है। तिनके बंधयोग्य

---

१. कुदो एस बंधवोच्छेदकमो ? असुह-असुहयर-असुहतमभेएण पयडीणमवट्ठाणादो। एसो पयडिबंधवोच्छेदकमो विसुज्झमाणाणं भव्वाभव्वमिच्छादिट्ठीणं साहारणो। किन्तु तिण्णि करणाणि भव्वमिच्छादिट्ठिस्सेव, अण्णत्थ तेसिमणुवलंभादो। ध० पु ६, पृ० १३९।

एकसौ सतरह प्रकृतिनिविषैं चौतीस स्थाननिकरि छियालीस प्रकृतिकी व्युच्छित्ति हो है। तहां आदिके छह स्थाननिविषैं नव अर अठारहवाँ स्थाननिविषैं एकेंद्रियादिक तीन अर उगणीसवाँ आदि बीचिके स्थाननिविषैं वेंद्री तेंद्री चौंद्री ए तीन अर तेईसवाँ आदि बारह स्थाननिविषैं इकतीस असैं छियालीसकी व्युच्छित्ति हो है। अवशेष इकहत्तरि बांधिए है। बहुरि भवनत्रिक सौधर्म युगलविषैं दूसरा तीसरा अठारहवाँ अर तेईसवाँ आदि दश अर अंतका चौंतीसवाँ ए चौदह स्थान ही संभवै हैं। तहां इकतीस प्रकृतिकी व्युच्छित्ति हो है। बंधयोग्य एकसौ तीनविषैं बहत्तरि प्रकृतिनिका बंध अवशेष रहै है॥ १६॥

विशेष—दर्शनमोहनीयकी उपशामना करनेवाले जीवके तीर्थंकर प्रकृतिकी सत्ता तो होती ही नहीं। सादि मिथ्यादृष्टिके कदाचित् आहारकद्विककी सत्ता सम्भव है, परन्तु आहारद्विककी उद्वेलना करनेके बाद ही उक्त जीव दर्शनमोहनीयके उपशमना करनेके योग्य होता है। कारण कि सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वके उद्वेलना कालसे आहारकद्विकका उद्वेलना काल अल्प है। इसलिए भी दर्शनमोहनीयकी उपशमना करनेके सन्मुख हुए मिथ्यादृष्टि जीवके उक्त दो प्रकृतियोंकी सत्ता नहीं पाई जाती।

अथ नरकगतौ देवगतौ च विशेषेण बंधापसरणपदसंभवं कथयति—

**ते चेव चोद्दसपदा अट्ठारसमेण हीणया होंति।**
**रयणादिपुढविछक्के सणक्कुमारादिदसकप्पे॥ १७॥**

**तानि चैव चतुर्दशपदानि अष्टादशेन हीनानि भवंति।**
**रत्नादिपृथ्वीषट्के सनत्कुमारादिदशकल्पे॥ १७॥**

सं० टी०—तान्येव चतुर्दशपदानि अष्टादशेन हीनानि भवंति। रत्नप्रभादिपृथ्वीषट्के सनत्कुमारादिदशकल्पेषु नरकगतौ रत्नप्रभादितमःप्रभापर्यंते पृथ्वीषट्के प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यादृष्टेः प्रकृतिबंधापसरणपदानि पूर्वोक्तान्येव अष्टादशेन हीनानि त्रयोदश भवंति। तेषु तिर्यगायुरादयोऽष्टाविंशतिप्रकृतयो बन्धतो व्युच्छिन्नाः, तद्योग्यप्रकृतिशतमध्ये तदपनयने शेषाः द्वासप्ततिप्रकृतयो बध्यंते। एवं देवगतौ सनत्कुमारादिसहस्रारपर्यंतेषु दशसु कल्पेष्वपि बंधापसरणपदानि बंधव्युच्छिन्नप्रकृतयो बध्यमानप्रकृतयश्च ज्ञातव्याः॥ १७॥

रत्नप्रभा आदि छह पृथिवियोंमें और सनत्कुमार आदि दश कल्पोंमें बन्धापसरणोंका निर्देश—

स० चं०—रत्नप्रभा आदि छह नरक पृथ्वीनिविषैं अर सनत्कुमारादि दश स्वर्गनिविषैं पूर्वोक्त चौदह स्थान अठारहवाँ बिना पाइए है। तिन तेरह स्थाननिकरि अठाईस प्रकृति व्युच्छित्ति हो हैं। तहाँ बंधयोग्य सौ प्रकृतिनिविषैं बहत्तरिका बंध अवशेष रहै है॥ १७॥

अथानतादिषु प्रकृतिबंधापसरणस्थानानि कथयति—

**ते तेरस विदिएण य तेवीसदिमेण चावि परिहीणा।**
**आणदकप्पादुवरिमगेवेज्जंतो त्ति ओसरणा॥ १८॥**

**तानि त्रयोदश द्वितीयेन च त्रयोविंशतिकेन चापि परिहीनानि।**
**आनतकल्पाद् उपरिमग्रैवेयकांतमित्यपसरणाः॥ १८॥**

सं० टी०—तानि त्रयोदश द्वितीयेन त्रयोविंशेन चापि परिहीनानि आनतकल्पाद्युपरिमग्रैवेयकांतं यावदपसरणानि। देवगतौ प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखस्य मिथ्यादृष्टेरानतप्राणतादिषूपरिमग्रैवेयकपर्यंतेषु विमानेषु वर्तमानस्य

विशुद्धिविशेषात्तान्येव पूर्वोक्तानि त्रयोदश प्रकृतिबंधापसरणस्थानानि द्वितीयेन त्रयोविंशेन च हीनान्येकादशप्रकृति-बंधापसरणस्थानानि भवंति, तेष्वबध्यमानाः प्रकृतयश्चतुर्विंशतिः । तद्योग्यषण्णवतिप्रकृतिमध्ये तदपनयने शेषा द्वासप्ततिः प्रकृतयो बध्यंते ॥ १८ ॥

आनतकल्पसे लेकर नौग्रैवेयक तकके देवोंमें बन्धापसरणोंका निर्देश—

सं० चं०—आनत स्वर्गादि उपरिम ग्रैवेयक पर्यंतविषैं तेरह स्थान दूसरा तेईसवां विना पाइए। तहां तिनि ग्यारह स्थाननिकरि चौबीस घटाइ बंध योग्य छिनवै प्रकृतिनिविषैं बहत्तरि बांधिए है ॥ १८ ॥

अथ सप्तमपृथिव्यां बंधापसरणपदानि कथयति—

**ते चेवेक्कारपदा तदिऊणा बिदियठाणसंपत्ता ।**
**चउवीसदिमेणूणा सत्तमिपुढविम्हि ओसरणा ॥ १९ ॥**

**तानि चैवैकादशपदानि तृतीयोनानि द्वितीयस्थानसंयुक्तानि ।**
**चतुर्विंशतिकेनोनानि सप्तमीपृथिव्यामपसरणानि ॥ १९ ॥**

सं० टी०—तान्येवैकादशपदानि तृतीयोनानि द्वितीयस्थानसंयुक्तानि चतुर्विंशेनोनानि तान्येव सप्तम-पृथिव्यामपसरणानि । नरकगतौ सप्तमपृथिव्यां प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखस्य मिथ्यादृष्टेः प्रकृतिबंधापसरणस्थानानि पूर्वोक्तानि तृतीयस्थानरहितानि द्वितीयस्थानसहितान्येकादश चतुर्विंशेन स्थानेन रहितानि दश भवंति । तेष्व-बध्यमानाः प्रकृतयस्त्रयोविंशतिः । उद्योतेन सह चतुर्विंशतिर्वा । तद्योग्यषण्णवतिप्रकृतिमध्ये तदपनयने त्रिसप्ततिर्द्विसप्ततिर्वा प्रकृतयो बध्यंते, उद्योतबंधाबंधयोस्तदा संभवात् ॥ १९ ।

सातवीं पृथिवीमें बन्धापसरणोंका निर्देश—

सं० चं०—सातवीं नरक पृथ्वीविषैं जे ग्यारह स्थान तीसरा करि हीन अर दूसरा करि सहित चौईसवां करि हीन पाइए तहां तिनि दश स्थाननिकरि तेईसवां उद्योत सहित चौबीस घटाइ बंधयोग्य छिनवे प्रकृतिनिविषैं तेहत्तरि बांधिए है, जातैं उद्योतकौं बंध वा अबंध दोनों संभवैं हैं ॥ १९ ॥

अथ मनुष्यतिर्यग्गत्योः प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यादृष्टिना बध्यमानाः प्रकृतयः कथ्यंते—

**घादिति सादं मिच्छं कसायपुंहस्सरदि भयस्स दुगं ।**
**अपमत्तडवीसुच्चं बंधंति विसुद्धणरतिरिया[1] ॥ २० ॥**

**घातित्रयं सातं मिथ्यं कषायपुंहास्यरतयः भयस्य द्विकम् ।**
**अप्रमत्ताष्टविंशोच्चं बध्नंति विशुद्धनरतिर्यंचः ॥ २० ॥**

सं० टी०—ज्ञानावरणस्य पंच, दर्शनावरणस्य नव, अंतरायस्य पंच, सातवेद्यं, मिथ्यात्वं षोडशकषायाः पुंवेदो, हास्यं रतिर्भयं जुगुप्सा, अप्रमत्तस्याष्टविंशतिरुच्चैर्गोत्रमित्येकसप्ततिप्रकृतीः प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखा विशुद्धा मनुष्यतिर्यंचो बध्नंति, चतुस्त्रिंशद्बंधापसरणपदेषु षट्चत्वारिंशत्प्रकृतीनां बंधव्युच्छेदस्य प्रागेवोक्तत्वात् ॥२०॥

सर्वविशुद्ध मनुष्यों और तिर्यञ्चोंमें बन्धयोग्य प्रकृतियोंका निर्देश—

सं०चं०—ऐसैं व्युच्छित्ति भए प्रथम सम्यक्त्वकौं सन्मुख मिथ्यादृष्टि मनुष्य वा तिर्यञ्च

१. जी० चू० ३, सू० २ । जयध० पु० १२, पृ० २११ ।

हैं ते ज्ञानावरण दर्शनावरण अंतरायकी उगणीस १९ सातावेदनीय १, मिथ्यात्व १ कषाय सोलह् १६ पुरुषवेद १ हास्य १ रति १ भय १ जुगुप्सा १, अप्रमत्तकी अठाईस २८, उच्चगोत्र १ अैसैं इकहत्तरि प्रकृति बांधे हैं ॥ २० ॥

विशेष—प्रथमदंडकमें इस गाथासूत्रमें जिन ४३ प्रकृतियोंका क्रमोल्लेख है वे और अप्रमत्तसंयतके बँधनेवाली अन्य जो २८ प्रकृतियाँ हैं वे सब मिलाकर ७१ प्रकृतियाँ परिगणित की गई हैं।

अथाप्रमत्तस्याष्टाविंशतिं प्रकृतीरुद्दिशति—

**देव-तस-वण्ण-अगुरुचउक्कं समचउर-तेज-कम्मइयं ।**
**सग्गमणं पंचिंदी थिरादिछण्णिमिणमडवीसं ॥ २१ ॥**

**देवत्रसवर्णागुरुचतुष्कं समचतुरस्रतेजः कार्मणकम् ।**
**सद्गमनं पंचेंद्रियस्थिरादिषण्णिर्माणमष्टाविंशम् ॥ २१ ॥**

सं० टी०—देवत्रसवर्णागुरुचतुष्काणि समचतुरस्रसंस्थानं तैजसं कार्मणं सद्गमनं पंचेंद्रियजातिः स्थिरादिषट्कं निर्माणमित्यष्टाविंशतिः ॥ २१ ॥

अप्रमत्तजीवके बन्ध योग्य उक्त २८ प्रकृतियोंका निर्देश—

स० चं—देवचतुष्क ४, त्रसचतुष्क ४, वर्णचतुष्क ४, अगुरुलघुचतुष्क ४, समचतुरस्र १, कार्माण १, तैजस १, शुभविहायोगति एक १, पंचेंद्री १, स्थिर आदि छह् ६, निर्माण १ ए अठाईस प्रकृति अप्रमत्तसंबंधी जाननी ॥ २१ ॥

अथ देवनरकगत्योः प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यादृष्टिना बध्यमानाः प्रकृतीरुद्दिशति—

**तं सुरचउक्कहीणं णरचउवज्जजुद पयडिपरिमाणं ।**
**सुरछप्पुढवीमिच्छा सिद्धोसरणा हु बंधंति ॥ २२ ॥**

**तत् सुरचतुष्कहीनं नरचतुर्वज्रयुतं प्रकृतिपरिमाणं ।**
**सुरषट्पृथिवीमिथ्याः सिद्धापसरणा हिं बध्नंति ॥ २२ ॥**

सं० टी०—तत्सुरचतुष्कहीनं नरचतुष्कवज्रयुतं प्रकृतिपरिमाणं सुरषट्कपृथ्वीमिथ्यादृष्टयः सिद्धापसरणाः खलु बध्नंति । तिर्यग्मनुष्यबन्धप्रकृतिषु सुरचतुष्कमपनीय नरचतुष्के वज्रवृषभनाराचसंहनने च प्रक्लृप्ते द्विसप्तति प्रकृतीः प्रसिद्धबन्धापसरणाः सुरमिथ्यादृष्टयः षट्पृथ्वीनारकमिथ्यादृष्टयश्च बध्नंति ॥ २२ ॥

देवों और छह् पृथिवियोंमें बंधनेवाली प्रकृतियोंका निर्देश—

स० चं—तिन इकहत्तरिविषैं देवचतुष्क घटाइ मनुष्यचतुष्क वज्रवृषभनाराच मिलाएँ बहत्तरि प्रकृतिनिकौं सिद्ध भए हैं बंधापसरण जिनके अैसे मिथ्यादृष्टि देव छह पृथ्वीनिके नारकी बाँधै हैं। इहाँ देवचतुष्कविषैं देवगति, देवानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर वैक्रियिकअंगोपांग जानना। अर मनुष्यचतुष्कविषैं मनुष्यगति मनुष्यगत्यानुपूर्वी औदारिक औदारिक अंगोपांग जानने।

विशेष—दूसरे दण्डकमें उक्त ७१ प्रकृतियोंमेंसे देवगतिचतुष्कको कम कर तथा मनुष्यगतिचतुष्क और वज्रर्षभनाराचसंहननको मिलाकर ७२ प्रकृतियाँ परिगणित की गई हैं।

---

१. जी० चू० ४, सू० २। जयध० पु० १२, पृ० २११।

अथ सप्तमपृथिव्यां बंधप्रकृतीरुद्दिशति—

**तं णरदुगुच्चहीणं तिरियदु णीचजुद पयडिपरिमाणं ।**
**उज्जोवेण जुदं वा सत्तमखिदिगा हु बंधंति[1] ।। २३ ।।**

**तत् नरद्विकोच्चहीनं तिर्यग्द्विकं नीचयुतं प्रकृतिपरिमाणं ।**
**उद्योतेन युतं वा सप्तमक्षितिगा हि बध्नंति ।। २३ ।।**

सं० टी०—तन्नरद्विकोच्चैर्गोत्रहीनं तिर्यग्द्विकनीचैर्गोत्रयुतप्रकृतिपरिमाणं उद्योतेन युतं वा सप्तमक्षितिगाः खलु बध्नंति । सुगमं ।। २३ ।। इति प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यादृष्टेः प्रकृतिबंधाबंधविभागः कथितः ।

सातवीं पृथिवीमें बंधनेवाली प्रकृतियोंका निर्देश—

स० चं—तिनि बहत्तरनिविषैं मनुष्यद्विक उच्चगोत्र विना अर तिर्यंचद्विक नीचगोत्र सहित बहत्तरि अथवा उद्योतसहित तेहत्तरि प्रकृतिनिकौं सातवीं नरक पृथ्वीवाले बांधै हैं ।। २३ ।। ऐसैं प्रकृतिबंध-अबंधका विभाग कह्या ।

विशेष—दूसरे दंडकमें उक्त ७२ प्रकृतियोंमेंसे मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रको कम कर तथा तिर्यंचगतिद्विक, उद्योत और नीचगोत्रको मिलाकर कुल ७३ प्रकृतियाँ तीसरे दण्डकमें परिगणित की गई हैं ।

अथ स्थित्यनुभागबंधभेदं कथयति—

**अंतोकोडाकोडीठिदिं असत्थाण सत्थगाणं च ।**
**बिचउट्ठाणरसं च य बंधाणं बंधणं कुणइ[2] ।। २४ ।।**

**अंतःकोटाकोटिस्थितिं अशस्तानां शस्तकानां च ।**
**द्विचतुःस्थानरसं च च बंधानां बंधनं करोति ।। २४ ।।**

सं० टी०—अंतःकोटीकोटिस्थितिं अशस्तानां शस्तानां च द्विचतुःस्थानरसं च च बंधानां बंधनं करोति । चतुस्त्रिंशद्बंधापसरणपदेषु पदं प्रति पदं प्रति सागरोपमशतपृथक्त्वहीनामंतःकोटीकोटिसागरोपमप्रमितां बध्यमानप्रकृतीनां स्थितिं चतुर्गतिविशुद्धिमिथ्यादृष्टिर्बध्नाति । तत्र तत्र पदे अप्रशस्तप्रकृतीनां द्विस्थानगतमनुभागं प्रतिसमयमनंतगुणहान्या बध्नाति, प्रशस्तप्रकृतीनामनुभागं चतुःस्थानगतं प्रतिसमयमनंतगुणवृद्ध्या बध्नाति, तद्विशुद्धेः प्रतिसमयमनंतगुणवृद्धिसंभवात् ।। २४ ।।

अब स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धके भेदका कथन करते हैं—

स० चं०—प्रथम सम्यक्त्वकौं सन्मुख च्यार्यो गतिवाला मिथ्यादृष्टि जीव बध्यमान प्रकृतिनिकी चौंतीस बंधापसरण स्थाननिविषैं एक एक स्थान प्रति पृथक्त्व सौ सागर घटता क्रम लीए अंतःकोटाकोटी सागरप्रमाण स्थिति बाँधे हैं । अर अनुभाग अप्रशस्त प्रकृतिनिका तौ दोय स्थानकौं प्राप्त समय समय अनंत अनंतगुणा घटता बाँधै है । प्रशस्त प्रकृतिनिका च्यारि स्थानकौं प्राप्त समय समय अनंतगुणा बंधता बांधै है ।। २४ ।।

---

१. जी० चू० ५, सू० २ । जयध० पु० १२, पृ० २१२ ।

२. ध० पु० ६, पृ० २०९ । जयध० पु० १२, पृ० २१३ ।

अथ सम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यादृष्टेः प्रदेशबंधविभागं कथयति—

**मिच्छणथीणति सुरचउ समवज्जपसत्थगमणसुभगतियं ।**
**णीचुक्कस्सपदेसमणुक्कस्सं वा पबंधदि हु[1] ॥ २५ ॥**

**मिथ्यानस्त्यानत्रिकं सुरचतुःसमवज्रप्रशस्तगमनसुभगत्रिकं ।**
**नीचैरुत्कृष्टप्रदेशमनुत्कृष्टं वा प्रबध्नाति हि ॥ २५ ॥**

सं० टी०—मिथ्यात्वमनंतानुबंधिनः स्त्यानगृद्ध्यादित्रयं सुरचतुष्कं समचतुरस्रसंस्थानं वज्रवृषभनाराचसंहननं प्रशस्तविहायोगमनं सुभगत्रयं नीचैर्गोत्रमित्येकान्नविंशतेः प्रकृतीनामुत्कृष्टं वा प्रदेशं प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखो विशुद्धश्चातुर्गतिको मिथ्यादृष्टिर्बध्नाति ॥ २५ ॥

अब सम्यक्त्वके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टिके प्रदेशबन्धके विभागको कहते हैं—

सं० चं०—यहु जीव मिथ्यात्व १ अनंतानुबंधीचतुष्क ४ स्त्यानगृद्धित्रिक ३ देवचतुष्क ४ समचतुरस्र १ वज्रवृषभनाराच १ प्रशस्तविहायोगति १ सुभगादि तीन ३ नीच गोत्र १ इन उगणीस प्रकृतिनिका उत्कृष्ट वा अनुत्कृष्ट प्रदेशबंध करै है ॥ २५ ॥

**एदेहिं विहीणाणं तिण्णि महादंडएसु उत्ताणं ।**
**एकट्ठिपमाणाणमणुक्कस्सपदेसबंधणं कुणइ[2] ॥ २६ ॥**

**एतैर्विहीनानां त्रिषु महादंडकेषूक्तानाम् ।**
**एकषष्टिप्रमाणानामनुत्कृष्टप्रदेशबंधनं करोति ॥ २६ ॥**

सं० टी०—एतैर्विहीनानां त्रिषु महादंडकेषूक्तानां एकषष्टिप्रमाणानां प्रकृतीनामनुत्कृष्टप्रदेशबन्धनं करोति ॥ २६ ॥

स० चं०—इनकरि जे हीन जे महादंडकनिविषैं कहीं ऐसी प्रकृतिनिविषैं इकसठि प्रकृतिनिका अनुत्कृष्ट प्रदेशबंध करै है ॥ २६ ॥

अथैतत्प्रकृतिसम्भवं कथयति—

**पढमे सव्वे बिदिये पण तदिये चउ कमा अपुणरुत्ता ।**
**इदि पयडीणमसीदी तिदंडएसु वि अपुणरुत्ता ॥ २७ ॥**

**प्रथमे सर्वे द्वितीये पंच तृतीये चतुः क्रमादपुनरुक्ताः ।**
**इति प्रकृतीनामशीतिः त्रिदंडकेष्वपि अपुनरुक्ताः ॥ २७ ॥**

सं० टी०—सिद्धांते प्रथमदंडके[3] सर्वाः घातित्रयादयः एकसप्ततिप्रकृतयः उक्ताः,। द्वितीयदंडके[4] नरचतुष्कं वज्रवृषभनाराचसंहननमिति पंच प्रकृतयः अपुनरुक्ता उक्ताः, तृतीयदंडके[5] तिर्यग्द्विकं नीचैर्गोत्रं उद्योत इति चतस्रः प्रकृतयः अपुनरुक्ता उक्ताः । एवं क्रमात्त्रिष्वपि दंडकेषु अपुनरुक्तानां प्रकृतीनामशीतिः प्रोक्ताः ॥ २७ ॥

---

(१) जयध० पु० पृ० १२, पृ० २१३, । ध० पु० ६, पृ० २१० ।

(२) जयध० पु० १२, पृ० २१३ । ध० पु० ६, पृ० २१० । (३) जीव चू० ३, सू० २ । ध० पु० ६ पृ० १३३ । (४) जी० चू० ४, सू० २ । ध० पु० ६, पृ० १४० । (५) जी० चू० ५, सू० २ । ध० पु० ६, पृ० १४१ ।

अब तीन महादण्डकोंमें सम्भव प्रकृतियोंको बतलाते हैं —

स० चं—मनुष्य तिर्यंचकै बंधयोग्य जो पहिला दंडक तीहिं विषैं सर्व इकहत्तर ही अपुनरुक्त बहुरि भवन त्रिकादिककै योग्य जो दूसरा दंडक तीहिंविषैं मनुष्यचतुष्क; वज्रवृषनाराच ए पाँच अपुनरुक्त हैं। अन्य प्रकृति पहिला दंडकविषैं कही हीं थीं। अर सातवीं पृथ्वीवालोंकैं योग्य तीसरा दंडकविषैं तिर्यंचद्विक २, नीचगोत्र १, उद्योत १ ए च्यारि अपुनरुक्त हैं। अन्य प्रकृति पहिला दूसरा दंडकविषैं कहीं हीं थी। ऐसैं तीनों दंडकनिविषैं अपुनरुक्त असी प्रकृति जाननी ॥ २७ ॥

ऐसैं बंध कहि अब तिस ही जीवकैं उदय कहै हैं—

विशेष—प्रथम दंडकमें जिन ७१ प्रकृतियोंकी परिगणना की गई है उनका उल्लेख गाथा २० और २१ में किया गया है।

एवं प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखस्य विशुद्धमिथ्यादृष्टेः प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबंधाबंधभेदमभिधाय तस्यैवोदयप्रकृतिभेदमाह—

**उदये चउदसघादी णिद्दापयलाणमेक्कदरगं तु।**
**मोहे दस सिय णामे वचिठाणं सेसगे सजोगेक्कं[1] ॥**

**उदये चतुर्दश घातिनः निद्राप्रचलानामेकतरकं तु।**
**मोहे दश स्यात् नामनि वचःस्थानं शेषकं सयोग्येकं ॥ २८ ॥**

सं० टी०—नरकगतौ[2] प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखविशुद्धमिथ्यादृष्टेरुदये वर्तमानाः प्रकृतयो ज्ञानावरणस्य पंच, दर्शनावरणस्य स्त्यानगृद्ध्यादित्रयेण निद्राप्रचलाभ्यां च रहिताः चतस्रः, अंतरायस्य पंच, मोहनीयस्य दशकं नवकमष्टकं वा स्थानानि[3], नारकायुरेका, नाम्नो वाक्स्थानमेकान्नत्रिंशत् (प्रकृतयः) वेदनीयस्यैका, नीचैर्गोत्रं।

अत्र मोहनीयस्य
```
        ०
      २ । २
        १
  ४ । ४ । ४ । ४
        १
```
अष्ट प्रकृतिस्थानेन युक्ताः कस्यचिज्जीवस्य चतुःपंचाशत्प्रकृतयः,

तद्भंगाः मोहनीयस्याष्टौ, वेदनीयभंगाभ्यां गुणिताः षोडश, नामप्रकृतीनां स्थिरसुभगयुगद्वयवर्जितानां नरकगतावप्रशस्तानामेवोदयाद् भंगाभावः। पुनस्ता एव कस्यचिज्जीवस्य भयेन जुगुप्सया वा
```
        १
      २ । २
        १
  ४ । ४ । ४ । ४
        १
```
नवप्रकृतिस्थानेन युक्ताः

---

१. ध० पु० ६, पृ० २१०।

२. ध० पु० ६, पृ० २११।

३. भयसहियं च जुगुच्छासहियं दोहिं वि जुदं च ठाणाणि। मिच्छादि-अपुव्वंते चत्तारि हवंति णियमेण। गो० क०, गा० ४७७।

पंचपंचाशत्प्रकृतयः तद्भंगाः पूर्वे एव भयजुगुप्साभ्यां गुणिता द्वात्रिंशत्। पुनः कस्यचिज्जीवस्य ता एव भयजुगुप्साभ्यां २ दशप्रकृतिस्थानेन युक्ताः षट्पंचाशत्प्रकृतयः, तद्भंगाः प्राग्वत् षोडश।

२ । २
१
४ । ४ । ४ । ४
१

भयजुगुप्सयोर्युगपदुदयसंभवाद् भंगाभावः। तिर्यग्गतौ[1] पूर्वोक्तप्रकृतिषु संहनने प्रक्षिप्ते मोहाष्टकस्थानयुक्ताः पंचपंचाशत्प्रकृतयः, तद्भंगा ० मोहस्य चतुर्विंशतिः, वेदनीयस्य द्वौ, नामकर्मणः[2] 'संठाणे संहडणे विहायजुम्मे य २ । २ चरिमचदुजुम्मे'

१ । १ । १
४ । ४ । ४ । ४
१
१ । १
१ । १
१ । १ इत्यनेनोक्ता द्वापंचाशदुत्तराण्येकादशशतानि ११५२। चतुर्विंशत्या
१ । १
१ । १
१ १ १ १ १ १
१ १ १ १ १ १

द्वाभ्यां च गुणितानि षण्णवत्युत्तरद्विशत्यधिकानि पंचपंचाशत्सहस्राणि ५५२९६ भवंति। पुनस्ता एव प्रकृतयः भयेन जुगुप्सया वा १ मोहनवकस्थानयुक्ताः षट्पंचाशद्भंगाः पूर्वभंगा एवं द्वाभ्यां गुणिता

२ । २ द्वानवत्युत्तरपंचशत्यधिकदशसहस्रसंयुक्तैकलक्षसंख्याः ११०५९२।
१ । १ । १
४ । ४ । ४ । ४
१

पुनस्ता एव प्रकृतयो युगपद्भयजुगुप्साभ्यां २ मोहदशकस्थानयुक्ताः सप्तपंचाशत्, तद्भंगा भय-
२ । २ जुगुप्साभंगद्वयरहितास्त एव षण्णवत्यु-
१ । १ । १
४ । ४ । ४ । ४
१

त्तरद्विशत्यधिकानि पंचपंचाशत्सहस्राणि ५५२९६। पुनरेतान्येव त्रीणि स्थलान्युद्योतेनाधिकानि षट्पंचाशत्सप्तपंचाशदष्टपंचाशत्प्रकृतिकानि भवंति, भंगाः पुनः पूर्ववदेव। मनुष्यगतावपि[3] तिर्यग्गतिवत्। अयं तु विशेषः— उद्योतनामयुक्तं स्थलत्रयं नास्ति, तदुदयस्य तिर्यग्गतावेवेति नियमात्। उच्चैर्गोत्रस्याप्युदयोऽस्तीति तिर्यग्गतिभंगा एव गोत्रभंगद्वयेन गुणिताः मनुष्यगतौ भंगा भवंति

| ५५ | ५६ | ५७ |
|---|---|---|
| ११०५९२ | २२११८४ | ११०५९२ |

१. ध० पु० ६, पृ० २१२। जयध० पु० १२, पृ० २१९।

२. संठाणे संहडणे विहायजुम्मे य चरिमचदुजुम्मे। अविरुद्धेगदरादो उदयट्ठाणेसु भंगा दु। गो. क०, गा. ५९९। ३. ध० पु० ६, पृ० ३१२।

देवगतावपि[1] नरकगतिवत् । अयं तु विशेषः—तत्र नामकर्मप्रकृतयः प्रशस्ता एव, उच्चैर्गोत्रमेव, मोहप्रकृतिषु नपुंसकवेदमपनीय स्त्रीपुंवेदद्वयमेलनात् द्विगुणभंगाः— ० अतः कारणात् स्थलत्रयेऽपि भंगा एवं—

२ । २
१ । १
४ ४ ४ ४
१

५४ ५५ ५६ । पुनर्निद्रया प्रचलया वा युक्ताः पूर्वोक्ता एव गतिचतुष्टये प्रकृतयः एकाधिका भवंति,
३२ ६४ ३२

भंगाश्च पूर्वोक्ता एव निद्राप्रचलाभंगद्वयेन गुणिता भवंति ॥ २८ ॥ अथ प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखस्य विशुद्ध-मिथ्यादृष्टेरुदययोग्यप्रकृतीनां स्थित्यनुभागौ व्याचष्टे—

अब प्रकृतमें उदय प्रकृतियोंको बतलाते हैं—

स० चं०—प्रथम सम्यक्त्व सन्मुख जीवकैं नरकगतिविषैं ज्ञानावरणकी पाँच ५, दर्शनावरणकी निद्रादि पाँच विना च्यारि ४, अन्तरायकी पाँच ५, मोहनीयकी दश १० वा नव वा आठ, आयुकी एक नरकायु, नामकी भाषापर्याप्ति कालविषैं उदय आवने योग्य गुणतीस, तिनिके नाम गति १, जाति १, शरीर ३, अंगोपांग १, निर्माण १, संस्थान १, वर्णचतुष्क ४, अगुरुलघु १, स्थिरयुगल २, शुभयुगल २, त्रस १, बादर १, पर्याप्त १, दुर्भग, अनादेय १, अयशस्कीर्ति १, प्रत्येक १, उपघात १, परघात १, उश्वास १, अशुभविहायोगति १, दुःस्वर १, ए जानने । बहुरि वेदनीयकी एक कोई, गोत्रकी एक नीच गोत्र ऐसैं इनि प्रकृतिनिका उदय है। इहां मोहनीयकी वा नामकी उदय प्रकृतिनिका अर प्रकृति बदलनेतैं भंग हो है तिनिका गोम्मटसारविषैं कर्मकांडका जो स्थानसमुत्कीर्तन अधिकार तिहिविषैं विशेष वर्णन है तहाँतैं जानना । ऐसैं मोहनीयकी मिथ्यात्व अर अनंतानुबंधी आदि च्यारि प्रकार क्रोधादिविषैं कोई एक अर नपुंसक वेद अर हास्य शोक युगलविषैं एक, रति अरति युगलविषैं एक ऐसैं आठ प्रकृति सहित कोई जीवकैं चौवन प्रकृतिका उदय हो है। तहां मोहनीयके च्यारि कषाय अर दोय युगलके बदलनेतैं आठ भंग अर दोय वेदनीयके भंगनितैं गुणें सोलह भंग हो हैं । नामकी अप्रशस्तहीनिका इहां उदय है, तातैं नामकर्मकी अपेक्षा भंग नाहीं हैं। बहुरि भय वा जुगुप्सा विषै कोई एक मिलाएं मोहकी नव सहित पचवनका उदय होइ । तहां पूर्वोक्त सोलह भंगनिकौं भय जुगुप्साकरि गुणें बत्तीस भंग हो हैं । बहुरि भय जुगुप्सा दोऊनि करि युक्त मोहकी दश सहित छप्पन प्रकृतिका उदय होइ, तहां सोलह ही भंग जानने, जातैं इहां दोऊनिका उदय युगपत् है । इहां क्रोध सहित अन्य प्रकृति लगाएं प्रथम भंग, क्रोधकी जायगा मान कहैं दूसरा भंग, ऐसैं ही प्रकृति बदलनेतैं भंगनिका होना जानना ।

बहुरि तिर्यंच गतिविषैं पूर्वोक्त प्रकृतिनिविषैं एक संहनन मिलाएं पचावन, छप्पन, सत्तावनका उदय जानना । तहां पचावन उदय विषैं इहां तीनों वेद पाइए, तातैं तिनके बदलनेतैं मोहके भंग चौईस हो हैं । अर वेदनीयके दोय हैं ही। अर नामके 'संठाणे संहडणे' इत्यादि सूत्रकरि छह संस्थान, छह संहनन, विहायोगतियुगल, सुभगयुगल, स्वरयुगल, आदेययुगल, यशस्कीर्तियुगल इनिके बदलनेतैं ग्यारहसै बावन भंग हो हैं, जातैं इहां इन सबनिका उदय संभवै है । ऐसैं ए भंग कहे । इनकौं परस्पर गुणैं पचावन हजार दोयसै छिनवै भंग भए । बहुरि छप्पनका उदयविषैं भय-

१. ध० पु० ६, पृ० २१३ । जयध० पु० १२, पु० २१९ ।

जुगुप्सातैं गुणैं तिनतैं दूणे ११०५९२ भंग भए। बहुरि सत्तावनका उदयविषैं पचावनकेवत् ही ५५२९६ भंग जानने। बहुरि तिनविषैं उद्योत प्रकृति मिलाएं तहां छप्पन सत्तावन अट्ठावनका उदय हो है। तहां भंग तीनों जायगा पूर्वोक्त प्रकार ही जानने।

बहुरि मनुष्यगतिविषैं तिर्यंचवत् उदय जानना। विशेष इतना–तहां उद्योत सहित उदय नाहीं है। बहुरि तहां दोऊ गोत्रनिका उदय संभवै है, तातैं तिर्यंचगतिविषैं कहे भंगनितैं तीनों जायगा गोत्रके बदलनेतैं दूणा भंग जानने।

बहुरि देवगतिविषैं नरकवत् उदय जानना। विशेष इतना–इहां नामकी प्रशस्त प्रकृतिनिहीका अर उच्चगोत्रका अर मोहविषैं नपुंसक वेद विना स्त्री पुरुषविषैं कोई एक वेदका उदय पाइए है। तहां दोय वेदके बदलनेतैं नरक गतिविषैं कहे भंगनितैं तीनों जायगा दूणे भंग जानने। ऐसैं ए भंग निद्राका उदय रहित जीवनिकी अपेक्षा कहे। बहुरि इन च्यारयो गतिविषैं जे उदय कहे तिनविषैं निद्रा प्रचलाविषैं कोई एक प्रकृति मिलाएं एक एक प्रकृतिनिकरि अधिक उदय हो है। तहां इन दोऊ प्रकृतिनिके बदलनेतैं सर्वत्र पूर्वोक्त भंगनितैं दूणे भंग जानने॥ २८॥

अब प्रकृतमें उदय योग्य प्रकृतियोंके स्थिति और अनुभागको बतलाते हैं—

**उदइल्लाणं उदये पत्तेक्कठिदिस्स वेदगो होदि।**
**बिचउट्ठाणमसत्थे सत्थे उदयल्लरसभुत्ती[1]॥ २९॥**

**उदयवतामुदये प्राप्ते एकस्थितिकस्य वेदको भवति।**
**द्विचतुःस्थानमशस्ते शस्ते उदीयमानरसभुक्तिः॥ २९॥**

**सं० टी०**—उदयवतां कर्मणामुदयं प्रति उदयमुद्दिश्य एकस्थितेरुदयागतस्यैकनिषेकस्य वेदकोऽनुभविता भवति स जीवः, उदयवत्प्रकृतीनामप्रशस्तानां द्विस्थानगतस्य रसस्य प्रशस्तानां चतुःस्थानगतस्य रसस्य भुक्तिरनुभवस्तेन जीवेन क्रियते॥ २९॥ अथ तस्य प्रदेशोदयमुदीरणां बब्रवीति—

स० चं०—उदयवान प्रकृतिनिका उदय अपेक्षा एक स्थिति जो उदयकौं प्राप्त भया एक निषेक ताहीका भोक्ता सो जीव हो है। बहुरि अप्रशस्त प्रकृतिनिका द्विस्थानरूप अर प्रशस्त प्रकृतिनिका चतुःस्थानरूप अनुभागका भोगवना ताकौं हो है॥ २९॥

अब प्रकृतमें प्रदेशोदय और उदीरणाको बतलाते हैं—

**अजहण्णमणुक्कस्सप्पदेसमणुभवदि सोदयाणं तु।**
**उदयिल्लाणं पयडिचउक्काणमुदीरगो होदि[2]॥ ३०॥**

**अजघन्यमनुत्कृष्टप्रदेशमनुभवति सोदयानां तु।**
**उदयवतां प्रकृतिचतुष्काणामुदीरको भवति॥ ३०॥**

---

१. ध० पु० ६, पृ० २१३। जयध० पु० १२, पृ० २२०।

२. उदयस्सुदीरणस्स य सामित्तादो ण विज्जदि विसेसो। मोत्तूण तिण्णि ट्ठाणं पमत्त जोगी अजोगी य। गो० क०, गा० २७८।

सं० टी०—सोदयानां प्रकृतीनामजघन्यमनुत्कृष्टं च प्रदेशमनुभवति स जीवः। पुनरुदयवतां प्रकृति-स्थित्यनुभागप्रदेशानां चतुर्णामुदीरको भवति स जीवः, उदयोदीरणयोः स्वामिभेदाभावात्[1] ॥ ३० ॥ अथ तस्य सत्त्वप्रकृतीरुद्दिशति—

सं० चं०—उदय प्रकृतिनिका अजघन्य वा अनुत्कृष्ट प्रदेशकौं भोगवै है। जघन्य वा उत्कृष्ट परमाणूनिका इहां उदय नाहीं। बहुरि प्रकृति प्रदेश स्थिति अनुभाग जे उदयरूप कहे तिनहीका यहु उदीरणा करनेवाला हो है। जातैं जाकैं जिनिका उदय ताकौं तिनहीकी उदीरणा भी संभवै है ॥ ३० ॥

अैसैं उदय उदीरणा कहि अब सत्त्व कहै हैं—

**दुति आउ तित्थहारचउक्कणा सम्मगेण हीणा वा।**
**मिस्सेणूणा वा वि य सव्वे पयडी हवे सत्तं ॥ ३१ ॥**

**द्वित्रिआयुःतीर्थाहारचतुष्कैः सम्यक्त्वेन हीना वा।**
**मिश्रेणोना वापि च सर्वेषां प्रकृतीनां भवेत् सत्त्वम् ॥ ३१ ॥**

सं० टी०—अनादिमिथ्यादृष्टिः सादिमिथ्यादृष्टिर्वा प्रथमोपशमसम्यक्त्वयोग्यो भवति। तत्रानादिमिथ्या-दृष्टेर्जीवस्याबद्धायुष इतरायुस्त्रयेण तीर्थकरत्वेनाहारकचतुष्केण सम्यक्त्वसम्यग्मिथ्यात्वाभ्यां च दशभिः प्रकृति-भिरूनाः सर्वाः प्रकृतयः १३८ सत्त्वेन विद्यंते। तस्यैव बद्धायुषः नवभिरूनाः १३९, सादिमिथ्यादृष्टेरबद्धायुषः इतरायुस्त्रयं तीर्थकरत्वमाहारकचतुष्कमित्यष्टभिरूनाः १४०, तस्यैवोद्वेल्लितसम्यक्त्वस्य नवभिरूनाः १३९, तस्यैवोद्वेल्लितसम्यग्मिथ्यात्वस्य दशभिरूनाः १३८, तस्यैव बद्धायुषः इतरायुर्द्वयेन तीर्थकरत्वेनाहारकचतुष्केण वा सप्तभिरूनाः १४१, तस्यैवोद्वेल्लितसम्यक्त्वस्याष्टभिरूनाः १४०, तस्यैवोद्वेल्लितसम्यग्मिथ्यात्वस्य नवभिरूनाः १३९ समस्ताः प्रकृतयः सत्त्वेन विद्यन्ते। अनुद्वेल्लिताहारकचतुष्कस्य तीर्थकरसत्कर्मणश्च सादिमिथ्यादृष्टेः प्रथमोपशमसम्यक्त्वाभिमुखस्यासंभवात् ॥ ३१ ॥ अथ सत्कर्मप्रकृतीनां स्थित्यादिसत्त्वपूर्वकं प्रायोग्यतालब्धि-मुपसंहरति—

सं० चं०—सम्यक्त्व सन्मुख अनादि मिथ्यादृष्टिकैं अबद्धायुकैं तौ भुज्यमान विना तीन आयु ३, तीर्थंकर १, आहारकचतुष्क ४, सम्यग्मोहनी १, मिश्रमोहनी १, इनि दश विना एकसौ अठतीसका सत्त्व है। बहुरि तिस ही बद्धायुकैं एक बध्यमान आयु सहित एकसौ गुणतालीसका सत्त्व हो है। बहुरि सम्यक्त्व सन्मुख सादि मिथ्यादृष्टिकैं अबद्धायुकैं तौ भुज्यमान विना तीन आयु ३, तीर्थंकर १, आहारकचतुष्क ४ इनि आठ विना एकसौ चालीसका सत्त्व है। सम्यक्त्व मोहनीकी उद्वेलना भएं एकसौ गुणतालीसका सत्त्व हो है। मिश्रमोहनीकी उद्वेलना भएं एकसौ अठतीसका सत्त्व हो है। बहुरि तिस ही बद्धायुकैं बध्यमान आयु सहित एकसौ इकतालीस, एकसौ चालीस, एकसौ गुणतालीसका सत्त्व हो है। जातैं आहारकचतुष्टयकी उद्वेलना भएं विना अर तीर्थंकर सत्तावाला जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वके सन्मुख न हो है ॥ ३१ ॥

---

१. ध० पु० ६ पृ० २०९। जयध० पु० १२, पृ० २०७।

अब सत्त्वप्रकृतियोंके स्थिति आदि तीनको कहते हैं—

**अजहण्णमणुक्कस्सं ठिदीतियं होदि सत्तपयडीणं[1] ।**
**एवं पयडिचउक्कं बंधादिसु होदि पत्तेयं ॥ ३२ ॥**

**अजघन्यमनुत्कृष्टं स्थितित्रिकं भवति सत्त्वप्रकृतीनाम् ।**
**एवं प्रकृतिचतुष्कं बंधादिषु भवति प्रत्येकम् ॥ ३२ ॥**

सं० टी०—तस्य सत्कर्मप्रकृतीनामुक्तानां स्थित्यनुभागप्रदेशसत्त्वमजघन्यानुत्कृष्टं भवति, जघन्योत्कृष्टाभावस्य पूर्वमभिहितत्वात् । एवं बंधादिषु बंधोदयोदीरणासत्त्वेषु प्रकृतिचतुष्कं प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशाः प्रत्येकमुक्तप्रकारेण प्रतिनियमिताः । ईदृशः प्रकृतिबंधः, ईदृशः स्थितिबन्धः, ईदृशोऽनुभागबंधः, ईदृशः प्रदेशबंधः इत्यादि विभज्य रूपिताः प्रायोग्यतालब्धिकालचरमसमयपर्यंतं प्रत्येतव्याः ॥ ३२ ॥ अथ क्रमप्राप्तां करणलब्धिमाचष्टे—

सं० चं०—तिन सत्तारूप प्रकृतिनिका स्थिति अनुभाग प्रदेश हैं ते अजघन्य अनुत्कृष्ट हैं जघन्य वा उत्कृष्ट स्थिति अनुभाग प्रदेशका सत्त्व इहां न संभवै है । ऐसैं प्रकृति स्थिति अनुभाग प्रदेशरूप चतुष्क है सो बंध उदय उदीरणा सत्त्वविषैं प्रत्येक कह्या । सो प्रायोग्यता लब्धि का अंत पर्यंत जानना ॥ ३२ ॥

अब क्रमप्राप्त करणलब्धिको कहते हैं—

**तत्तो अभव्वजोग्गं परिणामं बोलिऊण भव्वो हु ।**
**करणं[2] करेदि कमसो अधापवत्तं अपुव्वमणियट्टिं[3] ॥ ३३ ॥**

**ततः अभव्ययोग्यं परिणामं मुक्त्वा भव्यो हि ।**
**करणं करोति क्रमशः अधःप्रवृत्तमपूर्वमनिवृत्तिम् ॥ ३३ ॥**

सं० टी०—ततः पश्चादभव्ययोग्यं लब्धिचतुष्टयसंभविनं विशुद्धपरिणामं नीत्वा भव्यः खलु क्रमेणाधःप्रवृत्तकरणमपूर्वकरणमनिवृत्तिकरणं च विशिष्टनिर्जरासाधनं विशुद्धपरिणामं करोति ॥ ३३ ॥ अथ त्रिकरणपरिणामकालमल्पबहुत्वसहितं कथयति—

सं० चं०—तहां पीछे अभव्यकैं भी योग्य ऐसा च्यारि लब्धिरूप परिणामकौं समाप्तकरि भव्य है सोई अधःप्रवृत्त, अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरणको करै है । सो इन तीनों करणनिका व्याख्यान गोम्मटसारविषैं जीवकांडका गुणस्थानाधिकारविषैं वा कर्मकांडका त्रिकोण चूलिका अधिकारविषैं विशेष व्याख्यान है तहांतैं जानना । इहां भी सामान्यसा गाथानिका अर्थ कहिए है ॥ ३३ ॥

अब तीन करणोंसम्बन्धी परिणामोंके कालको और उसके अल्पबहुत्वको बतलाते हैं—

**अंतोमुहुत्तकाला तिण्णि वि करणा हवंति पत्तेयं ।**
**उवरीदो गुणियकमा कमेण संखेज्जरूवेण ॥ ३४ ॥**

---

१. ध० पु० ६, पृ० २०८–२०९ । जयध० पु० १२, पृ० २०७ ।

२. कधं परिणामाणं करणसण्णा ? ण एस दोसो, असि-वासीणं व सहायतमभावविवक्खाए करणाणं करणत्तुवलंभादो । ध० पु० ६, पृ० २१७ । येन परिणामविशेषेण दर्शनमोहोपशमादिर्विवक्षितो भावः क्रियते निष्पाद्यते स परिणामविशेषः करणमित्युच्यते । जयध० पु० १२, पृ० २३३ । ३. क० पा० पृ० ६२१ । ध० पु० ६, पृ० २१४ ।

**अंतर्मुहूर्तकालानि त्रीण्यपि करणानि भवंति प्रत्येकम् ।**
**उपरितः गुणितक्रमाणि क्रमेण संख्यातरूपेण ॥ ३४ ॥**

सं० टी—एते त्रयोऽपि करणपरिणामाः प्रत्येकमंतर्मुहूर्तकाला भवंति । तथापि उपरितः अनिवृत्तिकरणकालात्क्रमेणापूर्वकरणाधःप्रवृत्तकरणकालौ संख्येयरूपेण गुणितक्रमौ भवतः । तत्र सर्वतः स्तोकांतर्मुहूर्तः अनवृत्तिकरणकालः २१ ततः संख्येयगुणः अपूर्वकरणकालः २११ ततः संख्येयगुणः अधःप्रवृत्तकरणकालः २१११ । अथाधःप्रवृत्तकरणस्वरूपं निरुक्तिपूर्वकं व्याचष्टे--

सं० चं०—तीनों ही करण प्रत्येक अंतर्मुहूर्त कालमात्र स्थितियुक्त हैं तथापि ऊपरतैं संख्यातगुणा क्रम लीएं हैं । अनिवृत्तिकरणका काल स्तोक है । तातैं अपूर्वकरणका संख्यातगुणा है । तातैं अधःप्रवृत्तकरणका संख्यातगुणा है ॥ ३४ ॥

विशेष—कषायप्राभृत चूर्णिसूत्रमें तीनों करणोंके साथ चौथी उपशामनाद्धाको पृथक् से परिगणित किया है । इस द्वारा उपशम सम्यग्दर्शनका काल लिया गया है ।

अब अधःप्रवृत्तकरणका स्वरूप कहते हैं—

**जम्हा हेट्ठिमभावा उवरिमभावेहिं सरिसगा होंति ।**
**तम्हा पढमं करणं अधापवत्तो त्ति णिद्दिट्ठं[1] ॥ ३५ ॥**

**यस्मादधस्तनभावा उपरितनभावैः सदृशा भवंति ।**
**तस्मात् प्रथमं करणं अधःप्रवृत्तमिति निर्दिष्टम् ॥ ३५ ॥**

सं० टी०—यस्मात्कारणादधस्तनसमयवर्तिजीवविशुद्धिपरिणामाः उपरितनसमयवर्तिजीवविशुद्धिपरिणामैः संख्यया विशुद्धया च सदृशा भवंति तस्मात्कारणात्प्रथमः करणपरिणामः अधःप्रवृत्त इत्यन्वर्थतो निर्दिष्टः । तथाहि—

तत्काले प्रथमसमयद्वितीयपुंजस्य परिणामसंख्याविशुद्धी द्वितीयसमयप्रथमपुञ्जस्य परिणामसंख्याविशुद्धिभ्यां सदृशे । तथा प्रथमद्वितीयतृतीयसमयेषु तृतीयद्वितीयप्रथमपुंजानां परिणामसंख्याविशुद्धी अन्योन्यं सदृशे । एवमधस्तनोपरितनसमयपरिणामपुंजसंख्याविशुद्धिसादृश्यं नेतव्यं यावच्चरसमयचरमपुंजे परिणामाः अप्राप्ताः, प्रथमसमयप्रथमपुंजस्य चरमसमयचरमपुंजस्य च संख्याविशुद्धिसादृश्याभावात् ॥३५॥ अथापूर्वानिवृत्तिकरणयोः स्वरूपं निरूपयति—

सं० चं०—जातैं इहां नीचले समयवर्ती कोई जीवके परिणाम ऊपरले समयवर्ती कोई जीवके परिणामनिके सदृश हो हैं, तातैं याका नाम अधःप्रवृत्तकरण है । भावार्थ—करणनिका नाम नानाजीव अपेक्षा है सो अधःकरण मांडै कोई जीवकौं स्तोक काल भया कोई जीवकौं बहुत काल भया तिनके परिणाम इस करणविषैं संख्या वा विशुद्धताकर समान भी हो हैं ऐसा जानना ॥ ३५ ॥

विशेष—प्रथम समयसम्बन्धी प्रथम पुंजके परिणाम और अन्तिम समयसम्बन्धी अन्तिम पुंजके परिणाम ये किन्हीं परिणामों के सदृश नहीं होते । अन्य जितने परिणाम हैं वे यथायोग्य सदृश भी होते हैं और विसदृश भी होते हैं ।

अब अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणका स्वरूप कहते हैं—

---

१. उवरिमपरिणामा अध हेट्ठा हेट्ठिमपरिणामेसु पवत्तंति त्ति अधापवत्तसण्णा । ध० पु० ६, पृ० २१७ । जयध० पु० १२, पृ० २३३ । गो० जी० गा० ४८ ।

**समए समए भिण्णा भावा तम्हा अपुव्वकरणो हु[1] ।**
**अणियट्टी वि तहं वि य पडिसमयं एक्कपरिणामो[2] ॥ ३६ ॥**

**समये समये भिन्ना भावा तस्मादपूर्वकरणो हि ।**
**अनिवृत्तिरपि तथैव च प्रतिसमयमेकपरिणामः ॥ ३६ ॥**

सं० टी०—अधःप्रवृत्तकरणकालस्योपरि अंतर्मुहूर्तकालपर्यंतं यस्मात्कारणात् समये समये भिन्ना एव अपूर्वा एव विशुद्धिपरिणामाः खलु भवंति, तस्मात्कारणात्सोऽपूर्वकरण इत्युच्यते । अधस्तनोपरितनसमयेषु विशुद्धिपरिणामानां संख्याविशुद्धिसादृश्यं नास्तीत्यर्थः ।

अनिवृत्तिकरणोऽपि तथैव पूर्वोत्तरसमयेषु संख्याविशुद्धिसादृश्याभावात् भिन्नपरिणाम एव । अयं तु विशेषः—प्रतिसमयमेकपरिणामः, जघन्यमध्यमोत्कृष्टपरिणामभेदाभावात् । यथाधःप्रवृत्तापूर्वकरणपरिणामाः प्रतिसमयं जघन्यमध्यमोत्कृष्टभेदादसंख्यातलोकमात्रविकल्पाः षट्स्थानवृद्धया वर्धमानाः संति न तथाऽनिवृत्तिकरणपरिणामाः, तेषामेकस्मिन् समये कालत्रयेऽपि विशुद्धिसादृश्यादैक्यमुपचर्यते ॥ ३६ ॥ अथाधःप्रवृत्तकरणस्य विशेषलक्षणं कथयति—

स० चं०—समय समयविषैं जीवनिके भाव भिन्न ही होंइ सो अपूर्वकरण है । भावार्थ—कोई जीवकौं अपूर्वकरण माडें स्तोक काल भया, कोईकौं बहुत काल भया । तहां तिनके परिणाम सर्वथा सदृश न होंइ । नीचले समयवालौंके परिणामतैं ऊपर समयवालोका परिणाम अधिक संख्या व विशुद्धता युक्त होइ अर इहाँ जिनकौ करण माडें समान काल भया तिनके परिणाम परस्पर सदृश भी होंइ अथवा असदृश भी होंइ अैसा जानना । बहुरि जहां समय समय एक ही परिणाम होइ सो अनिवृत्तिकरण है । भावार्थ—जिनिकौं अनिवृत्तिकरण माडें समान काल भया तिनिके परिणाम समान ही होंइ । बहुरि नीचले समयवर्तीनितैं ऊपरि समयवर्तीनिके विशुद्धि अधिक होइ अैसा जानना ॥ ३६ ॥

अब अधःप्रवृत्तकरणका विशेष लक्षण कहते हैं—

**गुणसेढी गुणसंकम ठिदिरसखंडं च णत्थि पढमम्हि ।**
**पडिसमयमणंतगुणं विसोहिवड्ढीहिं वड्ढदि हु[3] ॥ ३७ ॥**

**गुणश्रेणिः गुणसंक्रमं स्थितिरसखंडं च नास्ति प्रथमे ।**
**प्रतिसमयमनंतगुणं विशुद्धिवृद्धिभिर्वर्धते हि ॥ ३७ ॥**

सं० टी०—प्रथमे अधःप्रवृत्तकरणे गुणश्रेणिविधानं गुणसंक्रमविधानं स्थितिकांडकघातोऽनुभागकांडकघातश्च न संति तु पुनः प्रतिसमयमनंतगुणवृद्धया विशुद्धिर्वर्धते ॥ ३७ ॥

स० चं०—पहिला अधःकरणविषैं गुणश्रेणि, गुणसंक्रमण, स्थितिकांडकघात, अनुभागकांडकघात न होइ । बहुरि इहां समय समय प्रति अनंतगुणी विशुद्धता बधै है ॥ ३७ ॥

---

१. एदमणंतरपरूविदं समए समए अणुकट्टिवोच्छेदलक्खणमपुव्वकरणलक्खणमवहारेयव्वमिदि वुत्तं होइ । जयध० पु० १२, पृ० २५४ । ध० पु० ६, पृ०२२० । गो० जी० गा० ५१ । २. क० पा०, पृ० २५६, एत्थ समयं पडि एक्केक्को चेव परिणामो होदि, एक्कम्हि समए जहण्णुक्कस्सपरिणामभेदाभावा । ध० पु० ६, पृ० २२१ । गो० जी० गा० ५६-५७ । ३. क० पा०, पृ० ६२४ । ध० पु० ६, पृ० २२२ ।

**सत्थाणमसत्थाणं चउविट्ठाणं रसं च बंधदि हु ।**
**पडिसमयमणंतेण य गुणभजियकमं तु रसबंधे[1] ॥ ३८ ॥**

**शस्तानामशस्तानां चतुर्द्विस्थानं रसं च बध्नाति हि ।**
**प्रतिसमयमनंतेन च गुणभजितक्रमं तु रसबंधे ॥ ३८ ॥**

सं० टी०—अधःप्रवृत्तकरणपरिणामे वर्तमानो जीवः सातादिप्रशस्तप्रकृतीनां चतुःस्थानानुभागं प्रतिसमयमनंतगुणं बध्नाति, असाताद्यप्रशस्तप्रकृतीनां द्विस्थानानुभागं प्रतिसमयमनंतैकभागमात्रं बध्नाति ॥ ३८ ॥

स० चं—अर सातादि प्रशस्त प्रकृतिनिका समय समय प्रति अनंतगुणा चतुःस्थानरूप अनुभाग बांधै है अर सातादि अप्रशस्त प्रकृतिनिका सगय समय प्रति अनंतवें भागमात्र अनुभाग बांधै है ॥ ३८ ॥

**पल्लस्स संखभागं मुहुत्तअंतेण ओसरदि बंधे ।**
**संखेज्जसहस्साणि य अधापवत्तम्मि ओसरणा[2] ॥ ३९ ॥**

**पल्यस्य संख्यभागं मुहूर्तांतरेण अपसरति बंधे ।**
**संख्येयसहस्राणि च अधःप्रवृत्ते अपसरणानि ॥ ३९ ॥**

सं० टी० - अधःप्रवृत्तकरणकाले प्रथमसमयादारभ्यांतर्मुहूर्तपर्यंतं प्राक्तनस्थितिबंधात्पल्यसंख्यातैकभागन्यूनां स्थितिं बध्नाति, ततः परमंतर्मुहूर्तपर्यंतं पुनरपि पल्यासंख्यातैकभागन्यूनां स्थितिं बध्नाति । एवं तत्कालचरमसमयं यावत् स्थितिबंधापसरणानि संख्यातसहस्राणि भवंति । अनेनांतर्मुहूर्तेन प्र. एकस्यां अपसरणशलाकायां

१ २ ११

फ.एतावति काले—इ २ ११ १ कियत्यः स्थितिबंधापसरणशलाका भवंतीति त्रैराशिकेण लब्धा अपसरणशलाकाः १ ॥ ३९ ॥

स० चं०—अधःप्रवृत्तका प्रथम समयतैं लगाय अन्तर्मुहूर्त पर्यंत पूर्वस्थिति बंधतैं पल्यका संख्यातवां भागमात्र घटता स्थितिबंध हो है। बहुरि तहां पीछैं अंतर्मुहूर्त पर्यंत तातैं भी पल्यका संख्यातवां भागमात्र घटता स्थितिबंध है। अैसैं एक अन्तर्मुहूर्त करि पल्यका संख्यातवां भागमात्र घटता स्थितिबंधापसरण होइ । अैसैं अपसरण अधःप्रवृत्तविषै संख्यात हजार हो हैं ॥ ३९ ॥

**आदिमकरणद्धाए पढमट्ठिदिबंधदो दु चरिमम्हि ।**
**संखेज्जगुणविहीणो ठिदिबंधो होइ णियमेण[3] ॥ ४० ॥**

**आदिमकरणाद्धायां प्रथमस्थितिबंधतस्तु चरमे ।**
**संख्यातगुणविहीनः स्थितिबंधो भवति नियमेन ॥ ४० ॥**

सं० टी०—अधःप्रवृत्तकरणप्रथमसमये स्थितिबंधः अंतःकोटिसागरोपमप्रमितः । सा अंतःको २ । तस्माच्चरमसमये स्थितिबंधः संख्यातगुणहीनो नियमेन भवति सा अं को २ संख्यातसहस्रापसरणशलाकामहत्त्वेन तथाभावाविरोधात् ॥ ४० ॥ ४

---

१. अप्पसत्थकम्मंसे जे बंधइ ते दुट्ठाणिए अणंतगुणहीणे च, पसत्थकम्मंसे जे बंधइ ते च चउट्ठाणिए अणंतगुणे च समये समये । क० पा०, पृ० ६२४ ।

२. ट्ठिदिबंधे पुण्णे पुण्णे अण्णं ट्ठिदिबंधं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागहीणं बंधदि । क० पा०, पृ० ६२४ ।

स० चं०—ऐसैं होतैं प्रथम करणके कालविषैं प्रथम समयसम्बन्धी अन्तःकोटाकोटी सागर-प्रमाण स्थितिबंधतैं ताके अन्तसमयविषैं संख्यातगुणा घाटि हो है[1] ॥ ४० ॥

**तच्चरिमे ठिदिबंधो आदिमसम्मेण देससयलजमं ।**
**पडिवज्जमाणगस्स वि संखेज्जगुणेण हीणकमो[2] ॥ ४१ ॥**

**तच्चरमे स्थितिबंध आदिमसम्येन देशसकलयमम् ।**
**प्रतिपद्यमानस्यापि संख्येयगुणेन हीनक्रमः ॥ ४१ ॥**

**सं० टी०**—अधःप्रवृत्तकरणचरमसमये प्रथमसम्यक्त्वाभिमुखस्य यः स्थितिबंधः सा अं को २ तस्मा-
४

द्देशसंयमेन सह प्रथमसम्यक्त्वं प्रतिपद्यमानस्य स्थितिबंधः संख्यातगुणहीनः सा अं को २-तस्मात्सकलसंयमेन
४ । ४

सह प्रथमसम्यक्त्वं प्रतिपद्यमानस्य स्थितिबंधः संख्यातगुणहीनः सा अं को २-॥ ४१ ॥
४ । ४ । ४

स० चं०—तीहि अंतसमयविषैं जो स्थितिबंध कह्या तातैं देशसंयम सहित प्रथमोपशम सम्यक्त्वकौं प्राप्त होनेवाले जीवकैं संख्यातगुणा घाटि स्थितिबंध हो है । तातैं सकलसंयम सहित प्रथमोपशम सम्यक्त्वकौं प्राप्त होनेवालेकैं संख्यातगुणा घाटि हो है ॥ ४१ ॥

**आदिमकरणद्धाए पडिसमयमसंखलोगपरिणामा ।**
**अहियकमा हु विसेसे मुहुत्तअंतो हु पडिभागो[3] ॥ ४२ ॥**

**आदिमकरणाद्धायां प्रतिसमयमसंख्यलोकपरिणामाः ।**
**अधिकक्रमा हि विशेषे मुहूर्तान्तर्हि प्रतिभागः ॥ ४२ ॥**

**सं० टी०**—अधःप्रवृत्तकरणकाले प्रथमसमयादारभ्याचरमसमयं त्रिकालगोचरजीवसंभविनो विशुद्धि-परिणामाः असंख्येयलोकमात्राः ≡ ∂ ते च प्रतिसमयं विशेषाधिकाः क्रमेण गच्छंति तत्र प्रथमसमये—

≡ ∂ २ ९ ९ ९ । ९ २ । (ऊपर: १ … १ … ^) द्वितीयसमयविशेषाधिकाः— ≡ ∂ २ ९ ९ ९ । ९ २ । (ऊपर: ३ … १ ^) एवं प्रतिसमयं
२ ९ ९ ९ २ ९ ९ ९ ९ २      २ ९ ९ ९ २ ९ ९ ९ । ९ २

---

१. अधापवत्तपढमसमयट्ठिदिबंधादो चरिमसमयट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणहीणो । ध० पु० ६, पृ० २२३ ।

२. एत्थेव पढमसम्मत्त-संजमासंजमाभिमुहस्स ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणहीणो । पढमसम्मत्तसंजमाभिमुहस्स अधापवत्तकरणचरिमसमयट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणहीणो । ध० पु० ६, पृ० २२३ ।

३. पढमसमयपाओग्गपरिणामा असंखेज्जा लोगा, अधाकरणविदियसमयपाओग्गा वि परिणामा असंखेज्जा लोगा । एवं समयं पडि अधापवत्तपरिणामाणं पमाणपरूवणं कादव्वं जाव अधापवत्तकरणद्धाए चरिमसमओ त्ति । पढमसमयपरिणामेहिंतो विदयसमयपाओग्गपरिणामा विसेसाहिया । विसेसो पुण अंतोमुहुत्तपडिभागिओ । ध० पु. ६, पृ० २१४ । जयध० पु० १२, पृ० २३५ । गो. जो., गाथा, ४९ ।

विशेषाधिकक्रमेण गत्वा चरमसमये परिणामाः– ≡ ३ २ ० ० ० । ० २ । एवं प्रतिसमयं विशेषाधिका
२ ० ० ० २ ० ० ० ० २

अपि तत्परिणामा आलापापेक्षया असंख्यातलोकमात्रा इत्युच्यंते। विशेषे आनेतव्ये आदिधनस्यांतर्मुहूर्तमात्रः प्रतिभागहारो भवति। तत्प्रमाणं– २ ० ० ० ० २ । 'पदकदिसंखेण भाजिदे पचयं' इत्यनेनानीतं विशेषं
२

संस्थाप्य आदिधनगुणकारभागहाराभ्यामुपर्यधश्च गुणयित्वा गुणकारभूतं द्विकं हारस्य हारं कृत्वा समीक्ष्यमाणे आदिधनस्य भागहारः। अधःप्रवृत्तकरणकालात्संख्येयगुणः किंचिदूनो भवति सोऽप्यंतर्मुहूर्तमात्र एव ।। ४२ ।।

स० चं०—पहला करणविषैं त्रिकालवर्ती जीवनिके जे कषायनिके विशुद्धस्थान कहे हैं तिनिविषैं अधःप्रवृत्तकरणविषैं संभवते असंख्यात लोकमात्र हैं। तिनविषै समय-समय प्रति संभवते असंख्यात लोकमात्र परिणाम हैं। ते प्रथम समयतैं द्वितीयादि समयनिविषैं क्रमतैं समान प्रमाणरूप एक-एक विशेष जो चय ताकरि बधते जानने। तहां आदि धन जो प्रथम समयसम्बन्धी परिणाम ताकौं अंतर्मुहूर्तमात्र भागहारका भाग दीएं विशेषका प्रमाण आवै है। 'पदकदिसंखेण भाजिदे पचयं' इस सूत्रकरि गच्छका वर्ग संख्यातगुणा ताका भाग सर्वधनकौ दीएं जो चयका प्रमाण आवै है सो प्रथमसमयसंबंधी परिणामनिकौं किंचिदून संख्यातगुणा अधःप्रवृत्तकरण कालमात्र जो अंतर्मुहूर्त ताका भाग दीएं भी इतना ही प्रमाण आवै है ।। ४२ ।।

**ताए अधापवत्तद्धाए संखेज्जभागमेत्तं तु ।**
**अणुकट्टीए[1] अद्धा णिव्वग्गणकंडयं तं तु[2] ।। ४३ ।।**

**तस्या अधःप्रवृत्ताद्धायाः संख्येयभागमात्रं तु ।**
**अनुकृष्टया अद्धा निर्वर्गणकांडकं तत्तु ।। ४३ ।।**

सं० टी०—तस्या अधःप्रवृत्ताद्धायाः संख्येयभागमात्रोऽनुकृष्टयद्धा एकसमयपरिणामनानाखंडसंख्येत्यर्थः। अनुकृष्टयः प्रतिसमयपरिणामखंडानि तासामद्धा आयामः तत्संख्येत्यर्थः। तदेव तत्परिणाममेव निर्वर्गणकांडकमित्युच्यते। वर्गणा समयसादृश्यं ततो निष्क्रांता उपर्युपरि समयवर्तिपरिणामखंडा तेषां कांडकं पर्व निर्वर्गणकांडकं। तानि च अधःप्रवृत्तकरणकाले संख्येयसहस्राणि भवंति ।। ४३ ।।

स० चं—तिहिं अधःप्रवृत्त कालप्रमाण जो ऊर्ध्वगच्छ ताके संख्यातवें भागमात्र अनुकृष्टिका गच्छ हो है। एक एक समयसंबंधी परिणामनिविषैं एते एते खंड हो हैं ते वर्गणा कांडक समान जानने। वर्गणा जो समयनिकी समानता ताकरि रहित ऊपरि समयवर्ती परिणाम खंड तिनिका कांडक जो पर्व ताका नाम निर्वर्गणाकांडक है। ते अधःकरणके कालविषै संख्यात हजार हो हैं ।। ४३ ।।

---

१. तेसिं (असंखेज्जलोगमेत्तपरिणामट्ठाणाणं) परिवाडीए विरचिदाणं पुणरुत्तापुणरुत्तभावगवेसणा अणुकट्ठी णाम। अनुकर्षणमनुकृष्टिमन्योन्येन समानत्वानुचिन्तनमित्यनर्थान्तरम्। ................इह पुण तहा ण होइ, किंतु अंतोमुहुत्तमेत्तमवट्ठिदमद्धाणं सगद्धाए संखेज्जदिभागं गंतूणाणुकट्ठिवोच्छेदो होदि। जयध० पु० १२, पृ० २३५। २. एदिस्से अद्धाए संखेज्जदिभागो णिव्वग्गणकंडयं णाम। ध० पु० ६, पृ० २१५। जयध० पु० १२, पृ० २३६।

विशेष—प्रथम समयवर्ती जीवके परिणामोंकी उपरितन समयवर्ती जीवोंके जहाँ तकके परिणामोंके साथ समानता पाई जाती है वहीं तकके परिणामखंडोंमें अनुकृष्टिरचना बनती है। निर्वर्गणाकाण्डक भी उसीका नाम है। यह प्रथम समयके परिणामोंकी अपेक्षा कथन है। द्वितीयादि समयोंकी अपेक्षा भी इन दोनोंका इसीप्रकार विचार कर लेना चाहिए। एक निर्वर्गणाकाण्डक अध:प्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भाग कालप्रमाण होता है।

**पडिसमयगपरिणामा णिव्वग्गणसमयमेत्तखंडकमा।**
**अहियकमा हु विसेसे मुहुत्तअंतो हु पडिभागो[1] ॥ ४४ ॥**

**प्रतिसमयगपरिणामा निर्वर्गणसमयमात्रखंडक्रमा:।**
**अधिकक्रमा हि विशेषे मुहूर्तांतर्हि प्रतिभाग: ॥ ४४ ॥**

सं० टी० प्रतिसमयगा: परिणामा: निर्वर्गणसमयमात्रखंडा: कृता: अध:प्रवृत्तकरणकालसंख्यातैकभागमात्रखंडा: कृता इत्यर्थ:। ते च संख्यातावलिसमयमात्रा एव जघन्यखंडात् आ उत्कृष्टखंडं विशेषाधिका गच्छंति। तद्विशेषे साध्ये आदिखंडस्यांतर्मुहूर्तमात्र: प्रतिभागहार:। सोऽपि पूर्ववदानेतव्य: ॥ ४४ ॥

स० चं०—समय समयसंबंधी परिणामनिविषैं निर्वर्गणकांडक समान खंड कीजिए, ते भी प्रथम खंडतैं द्वितीयादि खंड क्रमतैं विशेष जो समानप्रमाण लीएँ चय ताकरि बधता हैं। तहाँ प्रथम खंडकौं अंतर्मुहूर्तका भाग दीएँ विशेषका प्रमाण आवै है ॥ ४४ ॥

**पडिखंडगपरिणामा पत्तेयमसंखलोगमेत्ता हु।**
**लोयाणमसंखेज्जा छट्ठाणाणी विसेसे वि[2] ॥ ४५ ॥**

**प्रतिखंडगपरिणामा: प्रत्येकमसंख्यलोकमात्रा हि।**
**लोकानामसंख्येया: षट्स्थानानि विशेषेऽपि ॥ ४५ ॥**

सं० टी०—प्रतिनियता: खंडा जघन्यमध्यमोत्कृष्टभेदभिन्ना: तद्गता: परिणामा: विशुद्धिपरिणामविकल्पा: प्रत्येकमेकस्मिन्नेकस्मिन् खंडे असंख्येयलोकमात्रा: संति। अनन्तभागवृद्धिरसंख्यातभागवृद्धि: संख्यातभागवृद्धि: संख्यातगुणवृद्धिरसंख्यातगुणवृद्धिरनंतगुणवृद्धिरिति षट्स्थानान्येकस्मिन् खंडे असंख्येयलोकमात्राणि संति। अनुकृष्टिविशेषेऽप्यसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानानि भवन्ति ॥ ४५ ॥

स० चं०—तहां एक एक खंडविषैं जघन्य मध्यम उत्कृष्टता लीए विशुद्ध परिणामनिके भेद असंख्यात लोकमात्र हैं। तहां जैसें गोम्मटसारका ज्ञानाधिकारविषै पर्याय समासविषै षट्स्थानपतित वृद्धिका अनुक्रम कह्या है तैसैं इहां एक एक खंडविषै वा एक एक अनुकृष्टि विशेषविषैं भी असंख्यात लोकमात्र बारह षट् स्थानपतित वृद्धि संभवैं हैं ॥ ४५ ॥

---

१. विवक्खियसमयपरिणामाणं जत्तो परमणुकट्टिवोच्छेदो तं णिव्वग्गणकंडयमिदि भण्णदे। संपहि एदाणि खंडाणि किमण्णोण्णं सरिसाणि आहो विसरिसाणि त्ति पुच्छिदे सरिसाणि ण होंति, विसरिसाणि चेवेत्ति घेत्तव्वं, अण्णोण्णं पेक्खिदूण जहाकममेदेसिं विसेसाहियकमेणावट्ठाणदंसणादो। एसो विसेसो अंतोमुहुत्तपडिभागिओ। जयध० पु० १२, पृ० २३६। ध० पु० ६, पृ० २१५।

२. अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमओ त्ति ताव पादेक्कमेक्केक्कम्मि समये असंखेज्जलोगमेत्ताणि परिणामट्ठाणाणि छवड्ढिकमेणावट्ठिदाणि ट्ठिदिबंधोसरणादीणं कारणभूदाणि अत्थि। जयध० पु० १२, पृ० २३४। ध० पु० ६, पृ० २१४।

विशेष—जिस करणमें ऊपर-ऊपरके समयवर्ती जीवोंके परिणाम पूर्व-पूर्वके समयवर्ती जीवोंके परिणामोंके सदृश भी होते हैं उस करणको **अधःप्रवृत्तकरण** कहते हैं। इसका काल अन्तर्मुहूर्त है और इस करणमें होनेवाले परिणामोंका प्रमाण असंख्यात लोकप्रमाण है। फिर भी इसके प्रथम समयके योग्य परिणाम भी असंख्यात लोकप्रमाण है, दूसरे समयके योग्य परिणाम भी असंख्यात लोकप्रमाण हैं। इसी प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि ये प्रत्येक समयके परिणाम उत्तरोत्तर सदृश वृद्धिको लिये हुए विशेष अधिक हैं। यह अधःप्रवृत्तकरणके स्वरूपनिर्देशके साथ उसके काल और उसके प्रत्येक समयमें होनेवाले परिणामोंकी क्रमवृद्धिको लिये हुए किस प्रकार कहाँ कितने परिणाम होते हैं इसका सामान्य निर्देश है। आगे इस करणके प्रत्येक समयमें परिणामस्थानोंकी व्यवस्था किस प्रकार है इसे स्पष्ट करके बतलाते हैं। ऐसा नियम है कि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें जितने परिणाम होते हैं वे अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण खण्डोंमें विभाजित हो जाते हैं, जो उत्तरोत्तर विशेष अधिक प्रमाणको लिए हुए होते हैं। यहां पर उन परिणामोंके जितने खण्ड हुए, निर्वर्गणाकाण्डक भी उतने समयप्रमाण होता है। आगे भी इसी प्रकार जानना चाहिए। विवक्षित समयके परिणामोंकी जिससे आगे अनुकृष्टिका विच्छेद हो जाता है उसका निर्वर्गणाकाण्डक संज्ञा है। इस निर्वर्गणाकाण्डकमें प्रत्येक समयके परिणामोंके जितने खण्ड किये गये हैं उनमेंसे प्रथम खण्डसे दूसरे खण्डको और दूसरे आदि खण्डोंसे तीसरे आदि खण्डोंको विशेष अधिक कहा है सो उस विशेषका प्रमाण तत्प्रायोग्य अन्तर्मुहूर्तका भाग देनेपर प्राप्त होता है। ये सब खण्ड परस्परमें समान न होकर विसदृश ही होते हैं, क्योंकि प्रत्येक समयके परिणाम खण्ड उत्तरोत्तर विशेष अधिक प्रमाणको लिये हुए होते हैं। इनमेंसे प्रथम समयके प्रथम खण्डगत परिणाम तो नाना जीवोंकी अपेक्षा अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें ही पाये जाते हैं। शेष अनेक खण्ड और तद्गत परिणाम दूसरे समयमें स्थित जीवोंके भी होते हैं। साथ ही यहाँ असंख्यात लोकप्रमाण अन्य अपूर्व परिणाम भी होते हैं जो अन्तिम खण्डरूपसे दूसरे समयमें होते हैं। ये अपूर्व परिणाम प्रथम समयके अन्तिम खण्डमें तत्प्रायोग्य अन्तर्मुहूर्तका भाग देने पर जो लब्ध आवे उतने अधिक होते हैं। तीसरे समयमें दूसरे समयके जितने खण्ड और तद्गत परिणाम हैं। उनमेंसे प्रथम खण्ड और तद्गत परिणामोंको छोड़कर वे सब प्राप्त होते हैं। साथ ही यहाँ असंख्यात लोकप्रमाण अन्य अपूर्व परिणाम भी प्राप्त होते हैं जो अन्तिम खण्डरूपसे तीसरे समयमें पाये जाते हैं। इसी प्रकार इसी प्रक्रियासे अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयके प्राप्त होनेतक चौथे आदि समयोंमें भी परिणामस्थानोंकी व्यवस्था जान लेनी चाहिए।

यहां अंकसंदृष्टि द्वारा इसी विषयको स्पष्ट किया जाता है। अधःप्रवृत्तकरणका काल अन्तर्मुहूर्त है, जो अंक संदृष्टिसे १६ लिया गया है। कुल परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण हैं, जो यहां ३०७२ लिये गये हैं। ये सब परिणाम प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक उत्तरोत्तर समान वृद्धिको लिये हुए हैं। इस हिसाबसे यहाँ समान वृद्धि या चयका प्रमाण ४ है। प्रथम स्थानमें वृद्धिका अभाव है, इसलिये प्रथम समयको छोड़कर १५ समयोंमें वृद्धि हुई है, अतः एक कम सब समयोंके आधे को चय और समयोंकी संख्यासे गुणित करनेपर $१६ - १ = १५;\ १५ \div २ = \frac{१५}{२};\ \frac{१५}{२} \times ४ \times १६ = ४८०$ चयधनका प्रमाण होता है। इसे सर्वधन ३०७२ में से घटाकर शेष २५७२ में सब समयोंका भाग देने पर १६२ लब्ध आता है। यह प्रथम समयके परिणामोंका प्रमाण है। आगे इसमें चय ४ के उत्तरोत्तर मिलाते जाने पर द्वितीयादि समयोंके परिणामोंका प्रमाणक्रमसे १६६,

१७०, १७४, १७८, १८२, १८६ आदि होता है। १६वें समयके परिणामोंका प्रमाण २२२ होता है।

अब ऊपरके समयोंमें स्थित जीवोंके परिणामोंकी पूर्वके समयोंमें स्थित जीवोंके परिणामोंके साथ सदृशता और विसदृशता किस प्रकार है यह बतलानेके लिए अनुकृष्टि रचना करते हैं। अधःप्रवृत्तकरणके प्रत्येक समयके सब परिणामोंको उसीके अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कालके संख्यातवें भागप्रमाण कालके समयप्रमाण भागोंमें विभक्त करे। इस हिसाबसे सख्यातका प्रमाण ४ स्वीकार करके उसका भाग १६ में देनेपर ४ लब्ध आये। निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण भी इतना ही है। अतः प्रत्येक समयके परिणामोंको चार-चार खण्डोंमें विभाजित करना चाहिए। उसमें भी प्रथम खण्डसे द्वितीय खण्ड, द्वितीय खण्डसे तृतीय खण्ड और तृतीय खण्डसे चतुर्थ खण्ड विशेष अधिक है। यहाँ *विशेष या चयका प्रमाण उक्त अन्तर्मुहूर्तका भाग निर्वर्गणाकाण्डकके प्रमाणमें देनेपर जो लब्ध आवे* उतना है। पहले अंकसंदृष्टिमें निर्वगणाकाण्डकका प्रमाण ४ बतला आये हैं, अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण भी इतना ही है। अतः अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण ४ का भाग निर्वर्गणाकाण्डकके प्रमाण ४ में देनेपर लब्ध १ आया। यही प्रकृतमें विशेषका प्रमाण है। इस हिसाबसे यहाँ सब समयोंके प्रथम खण्डमें तो वृद्धिका प्रश्न ही नहीं उठता। दूसरे, तीसरे और चौथे खण्डमें पहलेसे दूसरेमें, दूसरेसे तीसरेमें और तीसरेसे चौथेमें क्रमसे उत्तरोत्तर १-१ संख्याकी वृद्धि हुई है। अतः वृद्धिरूप चयधन १ + २ + ३ = ६ होता है। इसे पृथक्-पृथक् प्रथमादि समयोंके परिणाम पुंजोंमेंसे घटा देने पर क्रमसे १५६, १६०, १६४, १६८ आदि प्राप्त होते हैं। इनमें खंडप्रमाण संख्या ४ का भाग देने पर सर्वत्र प्रथमादि समयोंमें प्रथम समयके खण्ड क्रमसे ३९, ४०, ४१, ४२ आदि संख्याप्रमाण प्राप्त होते हैं। इनमें क्रमसे चयधनके मिलाने पर प्रत्येक समयके चारों खण्डोंके परिणाम पुंजोंका प्रमाण आ जाता है। रचना इस प्रकार है—

| समय क्रम सं० | परिणामोंका प्रमाण | प्रथम खंड | द्वि० खंड | तृ० खंड | च० खंड |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | १६२ | ३९ | ४० | ४१ | ४२ |
| २ | १६६ | ४० | ४१ | ४२ | ४३ |
| ३ | १७० | ४१ | ४२ | ४३ | ४४ |
| ४ | १७४ | ४२ | ४३ | ४४ | ४५ |
| ५ | १७८ | ४३ | ४४ | ४५ | ४६ |
| ६ | १८२ | ४४ | ४५ | ५६ | ४७ |
| ७ | १८६ | ४५ | ४६ | ४७ | ४८ |
| ८ | १९० | ४६ | ४७ | ४८ | ४९ |
| ९ | १९४ | ४७ | ४८ | ४९ | ५० |
| १० | १९८ | ४८ | ४९ | ५० | ५१ |
| ११ | २०२ | ४९ | ५० | ५१ | ५२ |
| १२ | २०६ | ५० | ५१ | ५२ | ५३ |
| १३ | २१० | ५१ | ५२ | ५३ | ५४ |
| १४ | २१४ | ५२ | ५३ | ५४ | ५५ |
| १५ | २१८ | ५३ | ५४ | ५५ | ५६ |
| १६ | २२२ | ५४ | ५५ | ५६ | ५७ |

**पढमे चरिमे समये पढमं चरिमं च खंडमसरित्थं ।**
**सेसा सरिसा[1] सव्वे अट्ठुव्वंकादिअंतगया ॥ ४६ ॥**

**प्रथमे चरमे समये प्रथमं चरमं खंडमसदृशम् ।**
**शेषाः सदृशाः सर्वे अष्टोर्वंकाद्यंतगताः ॥ ४६ ॥**

सं० टी०—अधःप्रवृत्तकरणकालस्य प्रथमसमये प्रथमखंडं ३९, चरमसमये चरमखंडं च ५७ । उपरितनाधस्तनसमयखंडैरसदृक्षमेव, शेषाणि द्वितीयखंडादीनि द्विचरमसमयखंडपर्यंतानि सर्वाण्यपि खंडान्युपरितनाधस्तनसमयवर्तिखंडैः सदृशानि भवन्ति । तानि प्रथमादिचरमपर्यंतानि सर्वाण्यपि खंडान्यष्टांकादीनि उर्वंकांतानि भवंति, षट्स्थानानामादिरष्टांकः अनंतगुणवृद्धिरूपः अन्त उर्वंकः अनन्तभागवृद्धिरूप इति वचनात् ॥ ४६ ॥

सं० चं०—प्रथम समयका प्रथम खंड अंत समयका अंत खंड ए तौ कोऊ खंडनिके समान नाहीं, अवशेष सर्व खंड अन्य खंडनिकरि यथायोग्य समानता धरैं हैं । तहां खंडनिविषैं जो परिणामपुंज कह्या तीहिंविषैं पहिला परिणाम तौ अष्टांक कहिए । पूर्व परिणामतैं अनंतगुणा वृद्धिरूप है । अर अंतका परिणाम ऊर्वंक कहिए पूर्व परिणामतैं अनंतभाग वृद्धिरूप है, जातैं षट्स्थाननिकी आदि तौ अष्टांक अर अंत ऊर्वंक कह्या है ॥ ४६ ॥

विशेष—पिछली गाथाके विशेषार्थमें हम अंक संदृष्टि दे आये हैं । उसे देखनेसे यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रथम समयका प्रथम खण्ड और अन्तिम समयका अन्तिम खण्ड अन्य किसी खण्डके सदृश नहीं हैं । इनके अतिरिक्त सब समयोंके अन्य सब परिणाम खण्ड यथा सम्भव सदृश हैं ।

**चरिमे सव्वे खंडा दुचरिमसमओ त्ति अवरखंडाए ।**
**असरिसखंडाणोली अधापवत्तम्हि करणम्हि ॥ ४७ ॥**

**चरमे सर्वे खंडा द्विचरमसमय इति अवरखंडैः ।**
**असदृशखंडानामावलिरधःप्रवृत्ते करणे ॥ ४७ ॥**

सं० टी०—अधःप्रवृत्तकरणकाले चरमसमयवर्तीनि जघन्यमध्यमोत्कृष्टानि सर्वाण्यपि प्रथमसमयादिद्विचरमसमयपर्यंतवर्तीनि जघन्यानि च खंडानि अंकुशाकारपंक्तिगतानि उपरि सादृश्याभावादसदृशानीत्युच्यन्ते ॥ ४७ ॥

स० चं०—अधःप्रवृत्त करण कालविषैं अंत समयसंबंधी तौ सर्व खंड अर प्रथम समय तैं लगाय द्विचरम समय पर्यंतका प्रथम खंड हैं ते तिनिके ऊपरिके समयसंबंधी जे सर्व खंड तिनितैं समान नाहीं तातैं असदृश हैं ॥ ४७ ॥

विशेष—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर उपान्त्य समय तकके सब प्रथम खण्डोंका अपनेसे ऊपरके समयोंके अन्य किसी खण्डके साथ सादृश्य नहीं है । इसीप्रकार अन्तिम समयके सब परिणाम खण्ड भी उनसे ऊपर अन्य परिणाम खण्डोंका अभाव होनेसे विसदृश ही हैं । अतः इन परिणाम खण्डोंकी अंकुशाकार रचना इस प्रकार होती है—

---

१. ध० पु० ६, पृ० २१६ ।

३९ ४० ४१ ४२ ४३ ४४ ४५ ४६ ४७ ४८ ४९ ५० ५१ ५१ ५३ ५४
५५
५६
५७

इन सब परिणामोंका योग ९१२ होता है। अधःप्रवृत्तकरणके ३०७२ परिणामोंमेसे उक्त ९१२ परिणाम अपुनरुक्त हैं। शेष सब परिणाम पुनरुक्त हैं। उदाहरणार्थ प्रथम समयके १६२ परिणामोंमेंसे प्रारम्भके ३९ परिणाम अपुनरुक्त हैं। पहले समयके शेष दूसरे, तीसरे, और चौथे खण्डके परिणाम पुनरुक्त हैं, क्योंकि नाना जीवोंकी अपेक्षा ये द्वितीयादि तीनों खण्डोंके परिणाम दूसरे समयमें, तीसरे और चौथे खण्डके परिणाम तीसरे समयमें और चौथे खण्डके परिणाम चौथे समयमें भी पाये जाते हैं। इसीप्रकार यथा सम्भव आगे भी समझ लेना चाहिए।

अब अधःप्रवृत्तकरणसम्बन्धी परिणामोंमें विशुद्धिका तारतम्य बतलाते हैं—

**पढमे करणे अवरा णिव्वग्गणसमयमेत्तगा तत्तो।**
**अहिगदिणा वरमवरं तो वरपंती अणंतगुणियकमा ॥ ४८ ॥**

**प्रथमे करणे अवरा निर्वर्गणसमयमात्रकाः ततः।**
**अहिगतिना वरमवरमतो वरपंक्तिरनंतगुणितक्रमा ॥ ४८ ॥**

सं० टी०—अधःप्रवृत्तकरणकाले निर्वर्गणकांडकसमयमात्राः प्रतिसमयप्रथमखंडजघन्यपरिणामाः उपर्युपर्यनंतगुणितक्रमा गच्छंति। ततः प्रथमनिर्वर्गणकांडकचरमसमयप्रथमखंडजघन्यपरिणामात् प्रथमसमयचरमखंडोत्कृष्टपरिणामोऽनन्तगुणः। ततो द्वितीयकांडकप्रथमसमयप्रथमखंडजघन्यपरिणामोऽनंतगुणः। ततः प्रथमकांडकद्वितीयसमयचरमखंडोत्कृष्टपरिणामोऽनंतगुणः, ततो द्वितीयकांडकद्वितीयसमयप्रथमखंडजघन्यपरिणामोऽनंतगुणः एवं जघन्यादुत्कृष्टोऽनंतगुणः। उत्कृष्टाज्जघन्योऽनंतगुणोऽहिगत्या गच्छति यावच्चरमकांडकचरमसमयप्रथमखंडजघन्यपरिणामं प्राप्नोति। तस्माच्चरमकांडकप्रथमसमयचरमखंडोत्कृष्टपरिणामोऽनंतगुणः। तस्मात्प्रतिसमयचरमखंडोत्कृष्टपरिणामपंक्तिरनंतगुणितक्रमा गच्छति यावच्चरमकांडकचरमसमयचरमखंडोत्कृष्टपरिणामं प्राप्नोति। सर्वत्र जघन्यपरिणामादुत्कृष्टपरिणामः असंख्यातलोकमात्रवारानंतगुणितः। उत्कृष्टपरिणामाज्जघन्यपरिणामः एकवारमनन्तगुणित इति विशेषो ज्ञातव्यः। सर्वजघन्यविशुद्धेरप्यविभागप्रतिच्छेदाः जीवराशेरनंतगुणाः संतीति अनंतगुणवृद्धयादिषट्स्थानसंभवः ॥ ४८ ॥

स० चं०—प्रथम करणविषैं विशुद्धताके अविभागप्रतिच्छेदनिकी अपेक्षा समय-समयसंबंधी प्रथम प्रथम खंड तिनके जघन्य परिणाम हैं ते उपरि उपरि अनंतगुणे हैं। बहुरि तहां पीछैं निर्वर्गण-

---


१. अधापवत्तकरणपढमसमए जहण्णिया विसोही थोवा। विदियसमए जहण्णिया विसोही अणंतगुणा। एवमंतोमुहुत्तं। तदो पढमसमए उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा। जम्हि जहण्णिया विसोही णिट्ठिदा तदो उवरिमसमए जहण्णिया विसोही अणंतगुणा। विदियसमए उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा। एवं णिव्वग्गणकंडयमंतोमुहुत्तद्धमेत्तं अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति। तदो अंतोमुहुत्तमोसरियूण जम्हि उक्कस्सिया विसोही णिट्ठिदा तत्तो उवरिमसमए उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा। एवमुक्कस्सिया विसोही णेदव्वा जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति। क० पा० चू० पृ० ६२२। जयध० पु० १२, पृ० २४५-२५०। ध० पु० ६ पृ० २१८।

कांडकका अंत समयसंबंधी प्रथम खंडका जघन्य परिणामतैं पहिले समयके अंत खंडका उत्कृष्ट परिणाम अनंतगुणा है। तातैं द्वितीय कांडकके प्रथम समयके प्रथम खंडका जघन्य परिणाम अनंतगुणा है। तातैं प्रथम कांडकका द्वितीय समयके अंत खंडका परिणाम अनंतगुणा है। तातैं द्वितीय कांडकके द्वितीय समयके प्रथम खंडका जघन्य परिणाम अनंतगुणा है। ऐसैं जैसैं सर्प इधरतैं उधर उधरतैं इधर गमन करै है तैसैं जघन्यतैं उत्कृष्टका उत्कृष्टतैं जघन्यका अनंतगुणा क्रम है यावत् अंत कांडकका अंत समयके प्रथम खंडका जघन्य परिणाम होइ। बहुरि तातैं अंत कांडकका प्रथम समयके अंत खंडका उत्कृष्ट परिणाम अनंतगुणा है। तातैं समय समय प्रति अंत खंडके उत्कृष्ट परिणामनिकी पंक्ति अनंतगुणा क्रम लीएं है यावत् अंत कांडकका अंत समयके अंत खंडका उत्कृष्ट परिणाम होइ। इहाँ इतना जानना—जघन्यतैं उत्कृष्ट है सो तौ असंख्यात लोकमात्रबार अनंतगुणा है। अर उत्कृष्टतैं जघन्य है सो एकबार अनंतगुणा है। बहुरि सर्वतैं जघन्य विशुद्धताके भी अविभाग प्रतिच्छेद जीव राशितैं अनंतगुणे हैं, तातैं इहाँ षट्स्थान संभवै हैं॥ ४८॥

विशेष—श्री जयधवला दर्शनमोह उपशमना अधिकारमें विशुद्धिसम्बन्धी अल्पबहुत्वका विचार करते हुए अल्पबहुत्वके स्वस्थान और परस्थान ऐसे दो भेद करके स्वस्थान अल्पबहुत्वका खुलासा इस प्रकार किया है। अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें प्रथम खण्डका जघन्य परिणाम सबसे स्तोक है। उससे वहींके दूसरे खण्डका जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है। उससे वहींके तीसरे खण्डका जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है। उससे वहींके चौथे खण्डका जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है। इस प्रकार प्रथम समयके अन्तिम परिणाम खण्डके जघन्य परिणामके प्राप्त होने तक जानना चाहिए। इसी प्रकार प्रथम समयके प्रथम खण्डका उत्कृष्ट परिणाम सबसे स्तोक है। उससे वहींके दूसरे खण्डका उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है। उससे वहींके तीसरे खण्डका उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है। उससे वहींके चौथे खण्डका उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है। इसी प्रकार प्रथम समयके अन्तिम खण्डके अन्तिम उत्कृष्ट परिणामके प्राप्त होने तक जानना चाहिए। इसी प्रकार द्वितीयादि समयोंके सब खण्डोंसम्बन्धी जघन्य और उत्कृष्ट परिणामोंका स्वस्थान अल्पबहुत्व घटित कर लेना चाहिए। यह स्वस्थान अल्पबहुत्व है। अंक संदृष्टिके अनुसार प्रथम समयके चारों खण्डोंमें १६२ परिणाम पाये जाते हैं, उनमेंसे प्रथम खण्डमें एकसे लेकर उनतालीस तक ३९ परिणाम, दूसरे खण्डमें ४० से लेकर ७९ तक ४० परिणाम, तीसरे खण्डमें ८० से लेकर १२० तक ४१ परिणाम और चौथे खण्डमें १२१ से लेकर १६२ तक ४२ परिणाम परिगणित किये गये हैं। इनमेंसे प्रथम खण्डका १ संख्याक परिणाम विशुद्धिकी अपेक्षा सबसे स्तोक है, उससे दूसरे खण्डका ४० संख्याक जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है, उससे तीसरे खण्डका ८० संख्याक जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है और उससे चौथे खण्डका १२१ वाँ जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है। उत्कृष्टकी अपेक्षा प्रथम खण्डका ३९ संख्याक उत्कृष्ट परिणाम सबसे स्तोक है; उससे दूसरे खण्डका ७९ संख्याक उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है, उससे तीसरे खण्डका १२० संख्याक उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है और उससे चौथे खण्डका १६२ संख्याक उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है। इसी प्रकार आगेके द्वितीयादि सब समयोंमें स्वस्थान अल्पबहुत्व जान लेना चाहिए। यह स्वस्थान अल्पबहुत्वका स्पष्टीकरण है।

परस्थान अल्पबहुत्वकी अपेक्षा विचार इस प्रकार है—प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समय तक एकसे दूसरे और दूसरेसे तीसरे आदि समयोंमें जो जघन्य परिणाम प्राप्त होता है वह

उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धिको लिये हुए होता है। अंक संदृष्टिके अनुसार पहले समयका १ संख्याक जघन्य परिणाम अध:प्रवृत्तकरणके अन्य सब परिणामोंकी अपेक्षा सबसे स्तोक विशुद्धि-को लिये हुए होता है यह स्पष्ट ही है। पहले समयके दूसरे खण्डका ४० संख्याक जो जघन्य परिणाम है वही दूसरे समयके प्रथम खण्डका ४० संख्याक जघन्य परिणाम है, इसलिए यह प्रथम खण्डके १ संख्याक जघन्य परिणामसे अनन्तगुणी विशुद्धिको लिये हुए होता है। प्रथम समयके तीसरे खण्डका ८० संख्याक जो जघन्य परिणाम है वही तीसरे समयके प्रथम खण्डका ८० संख्याक जघन्य परिणाम है, इसलिये यह भी दूसरे समयके ४० संख्याक जघन्य परिणामसे अनन्तगुणी विशुद्धिको लिये हुए होता है। इसीप्रकार प्रथम समयके चौथे खण्डका १२१ संख्याक जो जघन्य परिणाम है वही चौथे समयके प्रथम खण्डका १२१ संख्याक जघन्य परिणाम है, इसलिए यह भी तीसरे समयके ८० संख्याक जघन्य परिणामसे अनन्तगुणी विशुद्धिको लिये हुए होता है। इसप्रकार अन्तर्मुहूर्तप्रमाण प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयतक जघन्य विशुद्धिके अल्पबहुत्वका यह क्रम जानना चाहिए। अंक संदृष्टिकी अपेक्षा यह निर्वर्गणाकाण्डक चौथे समयमें समाप्त हुआ है, इसलिए चौथे समयसम्बन्धी प्रथम खण्डके १२१ संख्याक जघन्य परिणामतक उक्त अल्पबहुत्वका विचार किया गया है। आगे उक्त जघन्य परिणामसे प्रथम समयका उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा होता है, क्योंकि अंक संदृष्टिकी अपेक्षा पहले जो अध:प्रवृत्तकरणके चतुर्थ समयके प्रथम खण्डकी जघन्य विशुद्धि बतला आये हैं वही अध:प्रवृत्तकरणके प्रथम समयके अन्तिम खण्डकी जघन्य विशुद्धि है, और यह उसी अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धि है, इसलिए यह उससे अनन्तगुणी होती है। अंक संदृष्टिकी अपेक्षा वह जघन्य विशुद्धि प्रथम समयके अन्तिम खण्डके १२१ संख्याक परिणामकी थी और यह उसी खण्डके १६२ संख्याक परिणामकी है, इसलिये यह उससे अनन्तगुणी बतलाई है। इस प्रथम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथम समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी होती है। अंक संदृष्टिकी अपेक्षा प्रथम समय सम्बन्धी अन्तिम खण्डके १६२ संख्याक परिणामकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे पाँचवें समय सम्बन्धी प्रथम खण्डके १६३ संख्याक परिणामकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है, क्योंकि प्रथम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि द्वितीय समयसम्बन्धी द्विचरम खण्डके अन्तिम परिणामके सदृश होकर ऊर्वकपनेसे (अनन्तभागवृद्धिरूपसे) अवस्थित है और यह जघन्य विशुद्धि दूसरे समयसम्बन्धी अन्तिम खण्डके अष्टांकरूप जघन्य परिणामरूपसे अवस्थित है, इसलिए यह उक्त उत्कृष्ट विशुद्धिसे अनन्तगुणी है। इससे अध:प्रवृत्तकरणके द्वितीय समय-सम्बन्धी अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है, क्योंकि पूर्वकी जघन्य विशुद्धि द्वितीय समयके अन्तिम खण्डकी जघन्य विशुद्धिस्वरूप है, और यह उससे असंख्यात लोकप्रमाण षट्-स्थानोंको उल्लंघनकर स्थित हुए दूसरे समयके अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धिस्वरूप है, इसलिये यह उससे अनन्तगुणी हो जाता है। अंक संदृष्टिकी अपेक्षा द्वितीय समयके अन्तिम खण्डकी जघन्य विशुद्धि १६३ संख्याक जघन्य परिणामस्वरूप है और द्वितीय समयके अन्तिम खण्डकी यह उत्कृष्ट विशुद्धि २०५ संख्याक परिणामस्वरूप है, इसलिए यह उससे अनन्तगुणी है। इसीप्रकार आगमा-नुसार आगे भी विचार कर लेना चाहिए। यहाँ उसे समझनेके लिए अंक संदृष्टि दी जाती है—




(१) यह १ से लेकर १६ तक संख्या अधःप्रवृत्तकरणके समयोंकी सूचक है।

(२) ( ) ब्रेकेटके भीतरकी संख्या कहाँसे किस संख्यावाला निर्वर्गणाकाण्डक चालू हुआ है इसकी सूचक है।

(३) १, ४० आदि संख्या उस-उस समयके उस-उस संख्याक जघन्य परिणामकी सूचक है और १६२, २०५ आदि संख्या उस-उस समयके उस-उस संख्याक उत्कृष्ट परिणामकी सूचक है।

(४) पहले गाथा ४६ में यह बतला आये हैं कि प्रत्येक षट्स्थान पतित वृद्धिमें उसका आदि अष्टांकप्रमाण होता है और अन्त ऊर्वंकस्वरूप होता है। तदनुसार पिछले उत्कृष्ट स्थानसे अगला जघन्य स्थान अनन्तगुण वृद्धिस्वरूप जानना चाहिए और प्रत्येक उत्कृष्ट स्थान अनन्तभाग वृद्धिस्वरूप जानना चाहिए।

**पढमे करणे पढमा उड्ढगसेढीय चरिमसमयस्स ।**
**तिरियगखंडाणोली असरित्थाणंतगुणियकमा ॥ ४९ ॥**

सं० टी०—अधःप्रवृत्तकरणे प्रथमसमयप्रथमखंडजघन्यपरिणामादारभ्य द्विचरमसमयप्रथमखंडजघन्य-परिणामपर्यंता ऊर्ध्वगा जघन्यपरिणामश्रेणिः, चरमसमयतिर्यक्खंडपरिणामश्रेणिश्च उपरि सादृश्याभावादसदृशी अनंतगुणितक्रमा च वेदितव्या ॥ ४९ ॥ एवमधःप्रवृत्तकरणपरिणामस्वरूपं निरूपितम् ।

स० चं—प्रथम करणविषैं समय समयके परिणामनिकी ऊपरि ऊपरि पंक्ति कीएं अर अंत समयके परिणामनिकी बरोबरि तिर्यक्रूप पंक्ति कीएं अंकुशाकाररचना हो है। सो इनके ऊपरिके परिणामनितैं समानता नाहीं तातै असदृश हैं। बहुरि ए परिणाम अनंतगुणा क्रम लीएं विशुद्धतारूप जानना। ऐसैं अधःकरणका स्वरूप कह्या ॥ ४९ ॥

विशेष—अधःप्रवृत्तकरणका काल अन्तर्मुहूर्त है। उसका अंक संदृष्टिकी अपेक्षा प्रमाण १६ लिया है। इनमेंसे प्रारम्भके १५ समयोंमें ऊर्ध्वगत श्रेणिकी प्रथम पंक्तिमें क्रमसे ३९, ४०, ४१, ४२, ४३, ४४, ४५, ४६, ४७, ४८, ४९, ५०, ५१, ५२, ५३ परिणाम हैं तथा १६ वें समयकी तिर्यक् पंक्तिमें ५४, ५५, ५६ और ५७ परिणाम हैं। इन सब परिणामोंका योग ९१२ होता है जो परस्परमें विसदृश है। अर्थात् अंक संदृष्टिकी अपेक्षा अधःप्रवृत्तकरणके कालका प्रमाण १६ कल्पित करके उनमें जो ३०७२ परिणाम बतलाये गये हैं उनमेंसे उक्त ९१२ परिणाम अपुनरुक्त होनेसे परस्परमें विसदृश हैं—यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इन परिणामोंकी अंकुशाकार रचनाका निर्देश हम पहले ही कर आये हैं। इस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके परिणामोंके स्वरूपका निरूपण किया॥ ४९॥

अथापूर्वकरणलक्षणमाह—

**पढमं व विदियकरणं पडिसमयमसंखलोगपरिणामा।**
**अहियकमा हु विसेसे मुहुत्तअंतो हु पडिभागो[1] ॥ ५०॥**

**प्रथमं व द्वितीयकरणं प्रतिसमयमसंख्यलोकपरिणामाः।**
**अधिकक्रमा हि विशेषे मुहूर्तांतर्हि प्रतिभागः॥ ५०॥**

सं० टी०—यथाधःप्रवृत्तकरणपरिणामाः व्याख्यातास्तथापूर्वकरणपरिणामा व्याख्यातव्याः। अयं तु विशेषः—अधःप्रवृत्तकरणपरिणामेभ्यः अपूर्वकरणपरिणामा असंख्येयलोकगुणिता भवंति। ते च प्रतिसमयं विशेषाधिका गच्छंति यावदपूर्वकरणचरमसमयपरिणामान् प्राप्नुवंति। विशेष आनेतव्ये आदिधनस्यान्तर्मुहूर्तमात्रः प्रतिभागहारः स्यात्॥ ५०॥

अब अपूर्वकरणका लक्षण कहते हैं—

सं० चं०—प्रथम अधःकरणवत् दूसरा अपूर्वकरण है। तहां विशेष—जो असंख्यात लोकमात्र अधःकरणके परिणामनितैं अपूर्वकरणके परिणाम असंख्यात लोकगुणे हैं। ते समय समय प्रति विशेष जो समान प्रमाणरूप चय ताकरि अधिक हैं। सो प्रथम समयसंबंधी परिणामनिकौं अन्तर्मूहूर्तका भाग दीएं चयका प्रमाण आवै है॥ ५०॥

**जम्हा उवरिमभावा हेट्ठिमभावेहिं णत्थि सरिसत्तं।**
**तम्हा विदियं करणं अपुव्वकरणं ति णिद्दिट्ठं[2] ॥ ५१॥**

**यस्मादुपरिभावानामधस्तनभावैः नास्ति सदृशत्वम्।**
**तस्मात् द्वितीयं करणमपूर्वकरणमिति निर्दिष्टम्॥ ५१॥**

सं० टी०—यस्मात्कारणादुपरितनसमयवर्तिपरिणामानामधस्तनसमयवर्तिपरिणामैः सदृशत्वं नास्ति

---

१. एक्केक्कम्मि समए परिणामट्ठाणाणि असंखेज्जा लोगा जयध० भा० १२, पृ० २५२। अपुव्वकरणपढमसमए परिणाम-पंतिआयामो थोवो। विदियसमए विसेसाहिओ। केत्तियमेत्तो विसेसो? असंखेज्जलोगपरिणामट्ठाणमेत्तो। होंतो वि पढमसमयपरिणामपंतिमंतोमुहुत्तमेत्तखंडाणि कादूण तत्थ एयखंडमेत्तो। एवमणंतरोणिधाए विसेसाहियकमेण णेदव्वं जाव चरिमसमयपरिणामपंतिआयामो त्ति।

जयध० भा० १२, पृ० २५३।

२. णवरि समए समए अपुव्वाणि चेव परिणामट्ठाणाणि।

जयध० भा० १२, पृ० २५३।

तस्मात्कारणात् द्वितीयकरणपरिणामः अपूर्वकरण इति निर्दिष्टः । प्रथमसमयसर्वोत्कृष्टविशुद्धेर्द्वितीयसमयजघन्य विशुद्धिरनंतगुणा भवतीति पूर्वोत्तरसमयपरिणामयोः सादृश्यं दूरोत्सारितमेव । अधःप्रवृत्तकरणचरमसमये अप्राप्ता एव परिणामा अपूर्वकरणप्रथमसमये जायंते । तत्राप्राप्ता एव परिणामास्तद्द्वितीयसमये जायते । एवमातच्चरमसमयमपूर्वा एव परिणामा जायंते । इत्यन्वर्था अपूर्वकरणसंज्ञा ॥ ५१ ॥

स० चं—जातैं ऊपरि समयसंबंधी परिणाम हैं ते नीचले समयसंबंधी परिणामनिके समान इहाँ न होंइ । प्रथम समयको उत्कृष्ट विशुद्धतातैं भी द्वितीय समयसंबंधी जघन्यविशुद्धता भी अनंतगुणी है । ऐसैं परिणामनिका अपूर्वपना है तातैं दूसरा करण अपूर्वकरण कह्या है ॥ ५१ ॥

विशेष—जिसमें प्रति समय अपूर्व-अपूर्व परिणाम होते हैं उसे अपूर्वकरण कहते हैं। इसका काल अन्तर्मुहूर्त है जो अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है। इस कालमें कुल परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण होकर भी प्रत्येक समयके परिणाम भी असंख्यात लोकप्रमाण होते हैं। वे सब परिणाम प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समयतक उत्तरोत्तर सदृश वृद्धिको लिये हुए हैं। प्रथम समयके परिणामोंमें अन्तर्मुहूर्तका भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध आवे उतना प्रथम समयसे लेकर उत्तरोत्तर वृद्धि या चयका प्रमाण है। प्रत्येक समयमें प्राप्त होनेवाले ये सब परिणाम अपूर्व-अपूर्व होते हैं, इसलिये यहां भिन्न समयवाले जीवोंके परिणामोंकी तद्भिन्न समयवाले जीवोंके परिणामोंके साथ अनुकृष्टि नहीं बनती। किन्तु एक समयवाले जीवोंके परिणामोंमें सदृशता-विसदृशता बन जाती है। यही कारण है कि इस गुणस्थानमें एक समयवाली ही निर्वगणा स्वीकार की गई है। अब अपूर्वकरणके उक्त स्वरूपको स्पष्ट करनेके लिये यहाँ कल्पित अंक संदृष्टि देते हैं—

कुल परिणामोंकी संख्या ४०९६; अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण ८; चयका प्रमाण १६; नियम यह है कि एक कम पदके आधेको पद और चयसे गुणित करनेपर उत्तरधन प्राप्त होता है। यथा— ८ − १ = ७ ÷ २ = $\frac{7}{2}$ × ८ × १६ = ४४८। इसे सर्वधन ४०९६ मेंसे कम करनेपर ४०९६ − ४४८ = ३६४८ शेष रहते हैं। इसमें पद ८ का भाग देनेपर ३६४८ ÷ ८ = ४५६ लब्ध प्राप्त होता है। यह अपूर्वकरणके प्रथम समयके कुल परिणामोंका योग है। इसमें उत्तरोत्तर एक-एक चय १६ जोड़नेपर द्वितीयादि समयोंमें प्राप्त होनेवाले परिणामोंकी संख्या क्रमसे ४७२, ४८८, ५०४, ५२०, ५३६, ५५२ और ५६८ होती है। यथा—

| समय | परिणाम | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| १ | १ से ४५६ तक | | | ४५६ |
| २ | ४५७ से ४७२ ,, | नये परिणामोंका योग | | ९२८ |
| ३ | ९२९ ,, ४८८ ,, | ,, | ,, | १४१६ |
| ४ | १४१७ ,, ५०४ ,, | ,, | ,, | १९२० |
| ५ | १९२१ ,, ५२० ,, | ,, | ,, | २४४० |
| ६ | २४४१ ,, ५३६ ,, | ,, | ,, | २९७६ |
| ७ | २९७७ ,, ५५२ ,, | ,, | ,, | ३५२८ |
| ८ | ३५२९ ,, ५६८ ,, | ,, | ,, | ४०९६ |

**बिदियकरणादिसमयादंतिमसमओ त्ति अवरवरसुद्धी ।**
**अहिगदिणा खलु सव्वे होंति अणंतेण गुणियकमा[1] ॥ ५२ ॥**
**द्वितीयकरणादिसमयादंतिमसमय इति अवरवरशुद्धिः ।**
**अहिगतिना खलु सर्वे भवंत्यनंतेन गुणितक्रमाः ॥ ५२ ॥**

सं० टी०—अपूर्वकरणप्रथमसमयादारभ्य आ अंतिमसमयं जघन्योत्कृष्टविशुद्धिपरिणामाः अनंतगुणाः । तद्यथा—तत्प्रथमसमये जघन्यविशुद्धिपरिणामादुत्कृष्टविशुद्धिपरिणामोऽनंतगुणः । तस्मादुपरितनसमयजघन्यविशुद्धिपरिणामोऽनंतगुणः । तस्मात्तत्समयोत्कृष्टविशुद्धिपरिणामोऽनंतगुणः । एवं सर्वेऽपि जघन्योत्कृष्टविशुद्धिपरिणामा अनंतगुणितक्रमा अहिगत्या गच्छंति यावच्चरमसमयजघन्योत्कृष्टपरिणामौ । अत्रानुकृष्टिखंडविकल्पो नास्ति, अधस्तनसमयसर्वोत्कृष्टपरिणामादुपरितनजघन्यपरिणामस्यानंतगुणत्वसंभवात् ॥ ५२ ॥

अपूर्वकरणमें विशुद्धिके तारतम्यका निर्देश—

सं० च—दूसरे करणका प्रथम समयतैं लगाय अंत समय पर्यंत अपने जघन्यतैं अपना उत्कृष्ट अर पूर्व समयके उत्कृष्टतैं उत्तर समयका जघन्य परिणाम क्रमतैं अनंतगुणी विशुद्धता लीएं सर्पकी चालवत् जानने । इहाँ अनुकृष्टि नाहीं ॥ ५२ ॥

विशेष—प्रथम समयकी जघन्य विशुद्धि सबसे स्तोक है। उसी समयमें प्राप्त होनेवाली उत्कृष्ट विशुद्धि असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंको उल्लंघनकर प्राप्त होती है, इसलिए प्रथम समयकी जघन्य विशुद्धिसे यह उसी समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है। उससे दूसरे समयमें प्राप्त होनेवाली जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है जो मात्र अनन्तगुणवृद्धिरूप न होकर असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थान पतित विशुद्धिकी वृद्धि होने पर प्राप्त होती है। उससे उसी दूसरे समयमें प्राप्त होनेवाली उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है, क्योंकि यह असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानरूप विशुद्धिको उल्लंघनकर अवस्थित है। इसी प्रकार अंतिम समय तक प्रत्येक समयमें प्राप्त होनेवाली जघन्य और उत्कृष्ट विशुद्धिका यही क्रम जानना चाहिए। इस गुणस्थानमें जघन्यसे उत्कृष्ट, उत्कृष्टसे जघन्य, पुनः जघन्यसे उत्कृष्ट इत्यादि क्रमसे विशुद्धिको सर्पकी चालके समान बतलानेका यही कारण है।

अथापूर्वकरणपरिणामस्य कार्यविशेषज्ञापनार्थमाह—

**गुणसेढीगुणसंकमठिदिरसखंडा अपुव्वकरणादो[2] ।**
**गुणसंकमेण सम्मा-मिस्साणं पूरणो त्ति हवे ॥ ५३ ॥**
**गुणश्रेणीगुणसंक्रमस्थितिरसखंडा अपूर्वकरणात् ।**
**गुणसंक्रमेण सम्यक्-मिश्राणां पूरण इति भवेत ॥ ५३ ॥**

---

१. अपुव्वकरणस्स पढमसमए जहण्णिया विसही थोवा । तत्थेव उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा । बिदियसमए जहण्णिया विसोही अणंतगुणा । समये समये असंखेज्जा लोगा परिणामट्ठाणाणि । एवं णिव्वग्गणा च । चू० सू०, जयध० भा० १२, पृ० २५२ आदि ।

२. अपुव्वकरणपढमसमए ट्ठिदिखंडयं जहण्णगं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो, उक्कस्सगं सागरोवमपुधत्तं । ट्ठिदिबंधो अपुव्वो । अणुभागखंडयमप्पसत्थकम्माणमणंता भागा । तस्स पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणि थोवाणि । अइच्छावणाफद्दयाणि अणंतगुणाणि । णिक्खेवफद्दयाणि अणंतगुणाणि । आगाइदफद्दयाणि अणंतगुणाणि । अपुव्वकरणस्स चेव पढमसमए आउगवज्जाणं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवो अणियट्टिअद्धादो अपुव्वकरणअद्धादो च विसेसाहिओ । जयध० भा० १२ पृ० २६० प्रभृति ।

सं० टी०—अपूर्वकरणप्रथमसमयादारभ्य गुणसंक्रमेण सम्यक्त्वमिश्रप्रकृत्योः पूरणकालचरमसमयपर्यंतं गुणश्रेणिविधानं गुणसंक्रमविधानं स्थितिखंडनमनुभागखंडनं च वर्तते ।। ५३ ।।

स० चं—अपूर्वकरणके प्रथम समयतैं लगाय यावत् सम्यक्त्वमोहनी मिश्रमोहनीका पूरण-काल जो जिस कालविषैं गुणसंक्रमणकरि मिथ्यात्वकौं सम्यक्त्वमोहनी मिश्रमोहनीरूप परिणमावै है तिस कालका अंत समय पर्यंत गुणश्रेणि १ गुणसंक्रमण १ स्थितिखंडन १ अनुभागखंडन १ ए च्यारि आवश्यक हो हैं ।। ५३ ।।

विशेष—अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर जो चार आवश्यक कार्य प्रारम्भ होते हैं वे हैं—गुणश्रेणी, गुणसंक्रम, स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात। इतना विशेष है कि मिथ्यात्व-का अन्तरकरण करनेके बाद उसकी प्रथम स्थिति आवलि और प्रत्यावलि अर्थात् दो आवलिप्रमाण शेष रहने पर उसका गुणश्रेणि रूपसे द्रव्यका निक्षेप नहीं होता, क्योंकि आवलि और प्रत्यावलिप्रमाण प्रथम स्थितिके शेष रहनेके एक समय पूर्व ही आगाल और प्रत्यागालका होना बन्द हो जाता है। यदि कहा जाय कि प्रत्यावलिमेंसे गुणश्रेणिनिक्षेप होनेमें कोई बाधा नहीं है सो यह कहना भी युक्त नहीं है, क्योंकि इस अवस्थामें उदयावलिके भीतर गुणश्रेणिनिक्षेपका होना असम्भव है। यदि कहा जाय कि प्रत्यावलिमेंसे अपकर्षित द्रव्यका उसीमें गुणश्रेणिनिक्षेप हो जायगा सो यह कहना भी युक्त नहीं है, क्योंकि वह स्वयं अतिस्थापनारूप होनेसे उसमें अपकर्षित द्रव्यका निक्षेप होना असम्भव है। इतने वक्तव्यसे यह स्पष्ट हुआ कि मिथ्यात्वके द्रव्यका गुणश्रेणिनिक्षेप उसकी प्रथम स्थितिके आवलि और प्रत्यावलिप्रमाण शेष रहनेके पूर्व समय तक ही होता है। अब रहे शेष तीन आवश्यक कार्य सो इनमेंसे मिथ्यात्वके द्रव्यके स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात ये दो कार्य विशेष तो मिथ्यात्वके प्रथम स्थितिके अन्तिम समय तक होते रहते हैं। तथा मिथ्यात्वके द्रव्यका गुणसंक्रम प्रथमोपशम सम्यक्त्वके हो जानेके बाद सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके पूरण होनेके अन्तर्मुहूर्त काल तक होता रहता है। यह मिथ्यात्व प्रकृतिकी अपेक्षा विचार है। इतनी विशेषता है कि अनुभागकाण्डकघात अप्रशस्त कर्मोंका ही होता है, क्योंकि विशुद्धिके कारण प्रशस्त कर्मोंकी अनुभागवृद्धिको छोड़कर उनके अनुभागका घात नहीं हो सकता।

अब प्रकृतमें स्थितिबन्धापसरण आदिके कालका विचार करते हैं—

**ठिदिबंधोसरणं पुण अधापवत्तादापूरणो त्ति हवे।**
**ठिदिबंधट्ठिदिखंडुक्कीरणकाला समा होंति[1] ।। ५४ ।।**
**स्थितिबंधापसरणं पुनः अधःप्रवृत्तादापूरण इति भवेत्।**
**स्थितिबंधस्थितिखंडोत्कीरणकालाः समा भवंति ।।**

सं० टी०—स्थितिबन्धापसरणं पुनरधःप्रवृत्तकरणप्रथमसमयादारभ्य आगुणसंक्रमणपूरणचरमसमयं प्रवर्तते यद्यपि प्रायोग्यतालब्धिकाले स्थितबन्धापसरणप्रारंभः कथितस्तथापि तत्र तस्यानवस्थितत्वेन अविवक्षितत्वात् करणपरिणामकार्यस्यावश्यंभावेन अवस्थितत्वाधःप्रवृत्तकरणप्रथमसमयादारभ्य स्थितिबंधापसरणं विवक्षितं स्थितिबन्धापसरणस्थितिकांडकत्कोरणकालौ द्वावप्यंतर्मुहूर्तमात्रौ समानावेव ।। ५४ ।।

१. तम्हि ट्ठिदिखंडयद्धा ट्ठिदिबंधगद्धा च तुल्ला। क० पा० चू०, जयध० मा० १२,पृ० २६६।

स० चं०—बहुरि स्थितिबंधापसरण है सो अधःप्रवृत्तकरणका प्रथम समयतैं लगाय तिस गुणसंक्रमण पूरण होनेका काल पर्यंत हो है। यद्यपि प्रायोग्य लब्धितैं ही स्थितिबंधापसरण हो है तथापि प्रायोग्य लब्धिकैं सम्यक्त्व होनेका अनवस्थितपना है, नियम नाहीं, तातैं ग्रहण न कीया। बहुरि स्थितिबंधापसरण काल अर स्थितिकांडकोत्करण काल ए दोऊ समान अंतर्मुहूर्तमात्र हैं ॥ ५४ ॥

विशेष—करणपरिणामोंके कारण उत्तरोत्तर विशुद्धिमें वृद्धि होती जानेके कारण अपूर्वकरणसे लेकर जिस प्रकार एक-एक अन्तर्मुहूर्तकालके भीतर एक-एक स्थितकाण्डकका उत्कीरण नियमसे होने लगता है उसी प्रकार उत्तरोत्तर स्थितिबन्धमें भी अपसरण होने लगता है। इन दोनोंका काल समान अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। उसमें भी प्रथम स्थितिकाण्डकघात और प्रथम स्थितिबन्धापसरणमें जितना काल लगता है उससे दूसरे आदि स्थितिकाण्डकघात और स्थितिबन्धापसरणोंमें उत्तरोत्तर विशेष हीन काल लगता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि स्थितिकाण्डकघात और स्थितिबन्धापसरणोंका एक साथ प्रारम्भ होता है और एक साथ समाप्ति होती है। प्रकृतमें उपयोगी विशेष व्याख्यान टीकामें किया ही है।

गुणश्रेणिका स्वरूपनिर्देश—

**गुणसेढीदीहत्तमपुव्वदुगादो दु साहियं होदि।**
**गलिदवसेसे उदयावलिबाहिरदो दु णिक्खेवो ॥५५॥**[1]

**गुणश्रेणिदीर्घत्वमपूर्वद्विकात् तु साधिकं भवति।**
**गलितावशेषे उदयावलिबाह्यतस्तु निक्षेपः ॥ ५५ ॥**

सं० टी०—गुणश्रेणिदीर्घत्वमपूर्वकरणानिवृत्तकरणकालाभ्यां साधिकं भवति २ ꣹ गुणश्रेणिकरणार्थ-

४
२ ꣹
२ ꣹ ꣹

मपकृष्टद्रव्यस्य निक्षेपयोग्यस्थित्यायाम इत्यर्थः। अधिकप्रमाणं पुनरनिवृत्तिकरणकालसंख्यातैकभागमात्रं २ ꣹ उदयावलिबाह्यप्रथमसमयादारभ्य गलितावशेषे गुणश्रेण्यायामे अपकृष्टद्रव्यस्य निक्षेपो भवति ॥ ५५ ॥

सं० चं०—गुणश्रेणिका दीर्घत्व कहिए निषेक निषेकनिका प्रमाणमात्र आयाम सो अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरणके कालतैं साधिक है। सो अधिकका प्रमाण अनिवृत्तिकरण कालके संख्याततवें भागमात्र जानना। सो यहु गुणश्रेणि आयाम गलितावशेष है। समय व्यतीत होतैं यहु गुण-

---

१. तम्हि चेवापुव्वकरणस्स पढमसमए आउगवज्जाणं गुणसेढिणिक्खेवो त्ति आढत्तो त्ति भणिदं होइ। किमट्ठमाउगस्स गुणसेढिणिक्खेवो णत्थि त्ति चे ? ण, सहावदो चेव, तत्थ गुणसेढिणिक्खेवपवुत्तीए असंभवादो। सो वुण गुणसेढिणिक्खेवो केत्तिओ होइ त्ति पुच्छाए अणियट्टिकरणद्धादो अपुव्वकरणद्धादो च विसेसाहियो त्ति णिद्दिट्ठं। एत्थतणअपुव्वाणियट्टिकरणद्धाणं समुदिदाणं पमाणमंतोमुहुत्तमेत्तं होइ। तत्तो विसेसाहिओ एदस्स गुणसेढिणिक्खेवस्सायामो त्ति वुत्तं होइ। केत्तियमेत्तो विसेसो ? अणियट्टिअद्धाए संखेज्जदिभागमेत्तो। णवरि गलिदसेसायामेण णिसिंचदि त्ति वत्तव्वं। जयध० भा० १२, पृ० २६४-२६५।

श्रेणि आयाम भी घटता होता जाय है। बहुरि उदयावलीतैं बाह्य है जातैं उदयावलीतैं ऊपरि गुणश्रेणि आयामके निषेक हैं। तिस गुणश्रेणि आयामविषैं गुणश्रेणिके अर्थि अपकर्षण कीया द्रव्य-का निक्षेपण करिए है ॥ ५५ ॥

अब इहां प्रसंग पाइ निक्षेपण अतिस्थापनाका स्वरूपादिक कहिए है। तहां अपकर्षण कीया हूवा वा उत्कर्षण कीया हूवा द्रव्यकौं जिनि निषेकनिविषैं मिलाइए ते निषेक निक्षेपणरूप जानने। जिनि निषेकनिविषैं न मिलाइए ते अस्तिस्थापनरूप जानने। सो स्थिति घटाइ उपरिके निषेकनिका द्रव्य नीचले निषेकनिविषैं जहां दीजिए तहां अपकर्षण कहिए। बहुरि स्थिति बधाय नीचले निषेकनिका द्रव्यकौं ऊपरिके निषेकनिविषैं जहां दीजिए तहां उत्कर्षण कहिए। सो इनकी अपेक्षा निक्षेपण अतिस्थापन निषेकनिका प्रमाण कहिए है ॥५५॥

विशेष—प्रथम समयसे दूसरे समयमें तथा दूसरे समयसे तीसरे समयमें इस प्रकार उत्तरोत्तर गुणश्रेणिनिक्षेपका जितना काल है उसके प्रत्येक समयमें निर्जराके लिये उत्तरोत्तर विवक्षित निषेकोंमें अपकर्षित द्रव्यका देना गुणश्रेणिनिक्षेप कहलाता है। यह गुणश्रेणिनिक्षेप गलितावशेष और अवस्थितके भेदसे दो प्रकारका होता है, जिसमें अधस्तन एक-एक निषेकके गलित होते जानेके कारण उत्तरोत्तर गुणश्रेणिनिक्षेपमें एक-एक समय कम होता जाता है उसकी गलितावशेष गुण-श्रेणिनिक्षेप संज्ञा है तथा जिसमें अधस्तन एक-एक निषेकके गलित होनेपर ऊपर एक-एक निषेककी वृद्धि होती जाती है उसकी अवस्थित गुणश्रेणिनिक्षेप संज्ञा है। प्रकृतमें गलितावशेष गुणश्रेणिनिक्षेप विवक्षित है। इसका आयाम (दीर्घता) अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके काल से कुछ अधिक है। अधिकका प्रमाण अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है। आयुकर्मका गुणश्रेणिनिक्षेप नहीं होता, शेष सब कर्मोंका होता है। उसमें भी जिन प्रवृत्तियोंका वर्तमानमें उदय होता है उनका उदय समयसे लेकर निक्षेप होता है और जिन प्रकृतियोंका वर्तमानमें उदय नहीं होता उनका उदयावलिके उपरिम समयसे निक्षेप होता है। प्रकृतमें उदयवाली प्रकृतियोंके गुणश्रेणिरूपसे निक्षेपकी विधि इस प्रकार है—


अपूर्वकरणके प्रथम समयमें डेढ़ गुणहानि प्रमाण समयप्रबद्धोंको अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे भाजित कर वहाँ लब्ध एक खण्ड प्रमाण द्रव्यका अपकर्षण कर उसमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर जो एक भाग द्रव्य प्राप्त हो उसे उदयावलिके भीतर गोपुच्छाकाररूपसे निक्षिप्त कर पुनः शेष बहुभागप्रमाण द्रव्यको उदयावलिके बाहर निक्षिप्त करता हुआ उदयावलिके बाहर अन-न्तर स्थितिमें असंख्यात समयप्रबद्धप्रमाण द्रव्यको निक्षिप्त करता है। उससे उपरिम स्थितिमें असंख्यातगुणे द्रव्यको निक्षिप्त करता है। इस प्रकार अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे विशेष अधिक गुणश्रेणिशीर्षके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित श्रेणिरूपसे निक्षिप्त करता है। पुनः गुणश्रेणिशीर्षसे उपरिम अनन्तर स्थितिमें असंख्यातगुणा हीन द्रव्य निक्षिप्त करता है। उसके बाद अतिस्थापनावलिके पूर्वकी अन्तिम स्थिति तक उत्तरोत्तर क्रमसे विशेष हीन विशेष हीन द्रव्य का निक्षेप करता है। यह उदयवाली प्रकृतियोंकी गुणश्रेणि की अपेक्षा निषेक रचना है। तथा जिन प्रकृतियोंका प्रकृतमें उदय न हो उनमें उदयावलिको छोड़कर पूर्ववत् गुणश्रेणिनिक्षेप विधि जाननी चाहिए। यहाँ अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जैसे गुणश्रेणिनिक्षेपकी विधिका निर्देश किया उसी प्रकार आगे भी द्वितीयादि समयोंमें इस विधिको घटित कर लेना चाहिए।

संयमके जिस स्थानके प्राप्त होने पर जीव पतन कर मिथ्यात्व, असंयमसम्यक्त्व और संयमासंयमको प्राप्त करता है उसे प्रतिपातस्थान कहते हैं, जिस स्थानमें जीव संयमको प्राप्त करता है उसे उत्पादकस्थान कहते हैं तथा सभी संयमस्थानोंको लब्धिस्थान कहते हैं। लब्धिसारमें जिन्हें अनुभय संयमस्थान कहा गया है उनसे संयमलब्धिस्थानोंमें यह अन्तर है कि इनमें संयमसम्बन्धी प्रतिपात आदि सभी संयमस्थानोंको ग्रहण किया गया है। तथा वहाँ संयम लब्धिस्थानोंको प्रतिपातस्थान और उत्पादक स्थानोंसे भिन्न अप्रतिपात-अनुत्पादकस्थानरूपसे भी स्वीकार किया गया है। इस प्रकार जयधवलामें संयमलब्धिस्थानोंके दोनों अर्थ स्वीकार किये गये हैं। लब्धिसारमें इन तीनों स्थानोंमेंसे प्रत्येकको असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थान पतित बतलाया गया है। अल्पबहुत्वका निर्देश करते हुए वहाँ लिखा है कि प्रतिपातस्थान असंख्यात लोकप्रमाण होकर भी सबसे थोड़े हैं। उनसे उत्पादकस्थान असंख्यात गुणा हैं। यहाँ गुणकारका प्रमाण असंख्यात लोक है। उनसे लब्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। यहाँ गुणकार असंख्यात लोकप्रमाण है। दूसरे प्रकारसे अल्पबहुत्वका निर्देश करते हुए लिखा है—प्रतिपातस्थान सबसे थोड़े हैं उनसे प्रतिपद्यमानस्थान असंख्यातगुणे हैं। उनसे अप्रतिपात-अप्रतिपद्यमानस्थान असंख्यातगुणे हैं। तथा उनसे लब्धिस्थान असंख्यातगुणे हैं। तीव्रमन्दताकी दृष्टिसे लिखा है—मिथ्यात्वको प्राप्त करनेवाले संयतका तत्प्रायोग्य संक्लेशके कारण जघन्य संयमस्थान सबसे मन्द अनुभागवाला होता है। इससे उसीका उत्कृष्ट संयमस्थान अनन्तगुणा है, क्योंकि यह पूर्वके संयमस्थानसे असंख्यात लोकप्रमाण-षट्स्थानोंको उल्लंघन कर उत्पन्न हुआ है। इसी प्रकार असंयमसम्यक्त्व और संयमासंयमको गिरकर प्राप्त होनेवाले संयतका जघन्य और उत्कृष्ट संयमस्थान अनन्तगुणा है। उससे संयमको प्राप्त होनेवाले कर्मभूमिक मनुष्यका जघन्य संयमस्थान क्रमशः अनन्तगुणा है। उससे संयमको प्राप्त होनेवाले अकर्मभूमिक मनुष्यका जघन्य संयमस्थान क्रमशः अनन्तगुणा है। उससे इसीका उत्कृष्ट संयमस्थान अनन्तगुणा है। उससे कर्मभूमिकका उत्कृष्ट संयमस्थान अनन्तगुणा है। जयधवलाके अनुसार यहाँ भरत और ऐरावत क्षेत्रमें विनीत संज्ञावाला जो मध्यम खण्ड है उसमें उत्पन्न होनेवाले मनुष्य कर्मभूमिक लेने चाहिए। तथा शेष पाँच खण्डोंमें उत्पन्न होनेवाले मनुष्य अकर्मभूमिक ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि उन पाँच खण्डोंमें धर्म-कर्मकी प्रवृत्तिका अभाव है।

कर्मभूमिक मनुष्योंमें उक्त उत्कृष्ट संयमस्थानसे सामायिक-छेदोपस्थापना संयमके सन्मुख हुए परिहारशुद्धिसंयमका जघन्य संयमस्थान अनन्तगुणा है। यह सामायिक-छेदोपस्थापनासंयमके जघन्य प्रतिपातस्थान और प्रतिपद्यमानस्थानसे असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थान संयमस्थान आगे जाकर वहाँ प्राप्त होनेवाले संयमलब्धिस्थानके समान होकर उत्पन्न होता है। इससे उसीका उत्कृष्ट संयमस्थान अनन्तगुणा है। उससे सामायिक-छेदोपस्थापनासंयमका उत्कृष्ट संयमस्थान अनन्तगुणा है। उससे सूक्ष्मसाम्परायिकसंयमका जघन्य और उत्कृष्ट संयमस्थान क्रमशः अनन्तगुणे हैं। उससे वीतराग संयमका अजघन्य-अनुत्कृष्ट चारित्रलब्धिस्थान अनन्तगुणा है। यह एक ही प्रकारका है, क्योंकि यहाँ कषायका सर्वथा अभाव है, इसलिए चाहे उपशान्तकषाय जीव हो, चाहे क्षीणकषाय आदि गुणस्थानोंवाला जीव हो इन सबके कषायका सर्वथा अभाव होनेसे इन स्थानोंकी चारित्रलब्धिमें किसी प्रकारका भेद नहीं पाया जाता।

अथ प्रतिपद्यमानसकलसंयमलब्धिस्थानस्वामिभेदावधारणार्थमिदमाह—

**तत्तो पडिवज्जगया अज्जमिलेच्छे मिलेच्छअज्जे य।**
**कमसो अवरं अवरं वरं वरं होदि संखं वा ॥ १९५ ॥**

**ततः प्रतिपद्यगता आर्यम्लेच्छे म्लेच्छार्ये च।**
**क्रमशोऽवरमवरं वरं वरं भवति संख्यं वा ॥ १९५ ॥**

सं० टी०—तस्माद् देशसंयमप्रतिपाताभिमुखोत्कृष्टप्रतिपातस्थानादसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानान्यन्तरयित्वा मिथ्यादृष्टिचरस्यार्यखण्डजमनुष्यस्य सकलसंयमग्रहणप्रथमसमये वर्तमानं जघन्यं सकलसंयमलब्धिस्थानं भवति। ततः परमसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानान्यतिक्रम्य म्लेच्छभूमिजमनुष्यस्य मिथ्यादृष्टिचरस्य संयमग्रहणप्रथमसमये वर्तमानं जघन्यं संयमलब्धिस्थानं भवति। ततः परमसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानानि गत्वा म्लेच्छभूमिजमनुष्यस्य देशसंयतचरस्य संयमग्रहणप्रथमसमये उत्कृष्टं संयमलब्धिस्थानं भवति। ततः परमसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानानि गत्वा आर्यखण्डजमनुष्यस्य देशसंयतचरस्य संयमग्रहणप्रथमसमये वर्तमानमुत्कृष्टं सकलसंयमलब्धिस्थानं भवति। एतान्यार्यम्लेच्छमनुष्यविषयाणि सकलसंयमग्रहणप्रथमसमये वर्तमानानि संयमलब्धिस्थानानि प्रतिपद्यमानस्थानानीत्युच्यन्ते। अत्रार्यम्लेच्छमध्यमस्थानानि मिथ्यादृष्टिचरस्य वा असंयतसम्यग्दृष्टिचरस्य वा देशसंयतचरस्य वा तदनुरूपविशुद्धया सकलसंयमं प्रतिपद्यमानस्य सम्भवन्ति। विधिनिषेधयोर्नियमावचने सम्भवप्रतिपत्तिरिति न्यायसिद्धत्वात्। अत्र जघन्यद्वयं यथायोग्यतीव्रसंक्लेशाविष्टस्य, उत्कृष्टद्वयं तु मन्दसंक्लेशाविष्टस्येति ग्राह्यं। म्लेच्छभूमिजमनुष्याणां सकलसंयमग्रहणं कथं संभवतीति नाशंकितव्यं दिग्विजयकाले चक्रवर्तिना सह आर्यखण्डमागतानां म्लेच्छराजानां चक्रवर्त्यादिभिः सह जातवैवाहिकसम्बन्धानां संयमप्रतिपत्तेरविरोधात्। अथवा तत्कन्यकानां चक्रवर्त्यादिपरिणीतानां गर्भेषूत्पन्नस्य मातृपक्षापेक्षया म्लेच्छव्यपदेशभाजः संयमसंभवात् तथाजातीयकानां दीक्षार्हत्वे प्रतिषेधाभावात् ॥ १९५ ॥

प्रतिपद्यमानस्थानोंका कथन—

**सं० चं०—प्रतिपात स्थाननिके ऊपरि असंख्यातलोकमात्र स्थान ऐसे हो हैं जिनिका कोऊ स्वामी नाहीं तिनिका अन्तरालकरि प्रतिपाद्यमान स्थान हो हैं। सो सकलसंयमकी प्राप्तिका प्रथम समयविषैं जे सम्भवैं ते प्रतिपद्यमान स्थान जानना। तहाँ प्रथम आर्यखण्डका मनुष्य मिथ्यादृष्टितैं सकलसंयमी भया ताकैं जघन्य स्थान हो है। बहुरि ताके ऊपरि असंख्यातलोकमात्र षट्स्थान जाय म्लेच्छखण्डका मनुष्य मिथ्यादृष्टितैं सकलसंयमी भया ताका जघन्यस्थान हो है। ताके ऊपरि असंख्यातलोकमात्र षट्स्थान जाइ म्लेच्छखण्डका मनुष्य देशसंयततैं सकलसंयमी भया ताका उत्कृष्ट स्थान हो है। बहुरि तातैं असंख्यातलोकमात्र षट्स्थान जाइ आर्यखण्डका मनुष्य देशसंयततैं सकलसंयमी भया ताका उत्कृष्टस्थान हो है। इहाँ असंख्यातलोकमात्र षट्स्थान जाइ कह्या तहाँ असंख्यात लोकमात्र षट्स्थान पतित वृद्धि जाननी। बहुरि इहां आर्य-म्लेच्छके जघन्य अर मध्यके-बीचिके जे स्थान हैं ते मिथ्यादृष्टितैं वा असंयततैं वा संयतासंयततैं सकलसंयमी भए तिनके यथासम्भव जानने। जातैं किछू नियम कह्या नाहीं।**

---

१. कम्मभूमियस्स पडिवज्जमाणयस्स जहण्णयं संजमट्ठाणमणंतगुणं। अकम्मभूमियस्स पडिवज्जमाणयस्स जहण्णयं संजमट्ठाणमणंतगुणं। तस्सेवुक्कस्सयं पडिवज्जमाणयस्स संजमट्ठाणमणंतगुणं। कम्मभूमियस्स पडिवज्जमाणयस्स उक्कस्सयं संजमट्ठाणमणंतगुणं। क० चु० जयध० पु० १३, पृ० १८३–१८५।

बहुरि इहाँ कोऊ कहै कि म्लेच्छ खण्डका उपज्या मनुष्यकैं सकलसंयम इहां कह्या सो कैसै सम्भवै ? ताका समाधान—जो म्लेच्छ मनुष्य चक्रवर्तीका साथि आर्यखण्डविषैं आवैं अर तिनसेती चक्रवर्ती आदिककैं विवाहादि सम्बन्ध पाइए हैं तिनकैं दीक्षाका ग्रहण सम्भवै है। अथवा म्लेच्छकी कन्या जे चक्रवर्ती आदि परणें तिनके जे पुत्र होंइ तिनकौं माता पक्षकरि म्लेच्छ कहिए, तिनकै दीक्षा ग्रहण सम्भवै है ॥ १९५ ॥

अनुभयस्थानप्रतिपादनार्थमाह—

**तत्तोणुभयट्ठाणे सामाइयछेदजुगलपरिहारे।**
**पडिबद्धा परिणामा असंखलोगप्पमा होंति[1] ॥ १९६ ॥**

**ततोनुभयस्थाने सामायिकछेदयुगलपरिहारे।**
**प्रतिबद्धाः परिणामा असंख्यलोकप्रमा भवंति ॥ १९६ ॥**

सं० टी०—तस्मादार्यखण्डमनुष्यस्य प्रतिपद्यमानोत्कृष्टसंयमलब्धिस्थानादसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानान्यंतरयित्वा सामायिकछेदोपस्थापनसंयमद्वयसंबंधिजघन्यमनुभयस्थानं मिथ्यादृष्टिचरस्य संयमग्रहणद्वितीयसमये भवति। ततः परमसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानानि गत्वा परिहारविशुद्धिसंयमसम्बन्धिजघन्यसंयमस्थानं परिहारविशुद्धिसंयमात्प्रच्युत्य तच्चरमसमये वर्तमानस्य सामायिकछेदोपस्थापनसंयमयोः पतिष्यतो भवति। ततः परमसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानानि गत्वा परिहारविशुद्धिसंयमस्योत्कृष्टं संयमलब्धिस्थानं सर्वविशुद्धस्य भवति। ततः परमसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानानि गत्वा सामायिकछेदोपस्थापनसंयमयोरुत्कृष्टमनुभयस्थानमनिवृत्तिकरणक्षपकस्य चरमसमये भवति। एवं मिथ्यात्वप्रतिपाताभिमुखसर्वजघन्यस्थानादारभ्यानुभयोत्कृष्टसंयमलब्धिस्थानपर्यंतं यावन्ति संयमलब्धिस्थानानि तावन्ति सर्वाण्यपि सामायिकछेदोपस्थापनसंयमद्वयसम्बन्धीनीति ज्ञातव्यं। तानि चोत्तरमनन्तगुणविशुद्धीनि। तत्र प्रतिपातस्थानान्यसंख्यातलोकमात्राणि सर्वतः स्तोकानि $\frac{\equiv a}{९ । ९}$ तेभ्यः प्रतिपद्यमानस्थानान्यसंख्येयलोकगुणितानि $\frac{\equiv a \; ८}{९ । ९}$ तेभ्योऽनुभयस्थानान्यसंख्यातलोकगुणितानि $\frac{\equiv a \; ८}{९}$ सर्वाण्यपि संयमलब्धिस्थानानि मिलित्वासंख्येयलोकमात्राणि ≡ a भागहारभूतासंख्यातलोकस्य संदृष्टिः ९ ॥ १९६ ॥

अनुभयसंयमस्थानोंका कथन—

सं० चं०—तिस उत्कृष्ट प्रतिपद्यमान स्थानके ऊपरि असंख्यातलोकमात्रस्थान ऐसै हैं जिनिका कोऊ स्वामी नाहीं। तिनका अन्तरालकरि उपरि अनुभयस्थान है सो पूर्वोक्त दोऊ विना अन्य समयनिविषैं जे सम्भवैं ते अनुभयस्थान हैं। तहाँ प्रथम मिथ्यादृष्टितैं सकलसंयमी भया ताकैं दूसरा समयविषैं सामायिक छेदोपस्थापना सम्बन्धी जघन्य स्थान हो है। ताके ऊपरि असंख्यातलोकमात्र षट्स्थान जाइ परिहार विशुद्धिका जघन्य स्थान हो है। सो यहु स्थान तिस परिहार

---

१. परिहारशुद्धिसंजदस्स जहण्णयं संजमट्ठाणमणंतगुणं। तस्सेव उक्कस्सयं संजमट्ठाणमणंतगुणं। सामाइय-छेदोवट्ठावणियाणमुक्कस्सयं संजमट्ठाणमणंतगुणं। सुहुमसांपराइयसुद्धिसंजदस्स जहण्णयं संजमट्ठाणमणंतगुणं तस्सेवुक्कस्सयं संजमट्ठाणमणंतगुणं। क० चु०, जयध० पु० १३ पृ० १८५-१८६।

विशुद्धि संयमतैं छूटि सामायिक छेदोपस्थापनकौं सन्मुख होतैं ताका अन्त समयविषैं हो है। इहाँ इस संयमतैं छूटि सकलसंयमी ही रह्या तातैं याकौं सकलसंयमकी अपेक्षा अनुभयस्थान कह्या, प्रतिपातस्थान न कह्या। बहुरि ताके ऊपरि असंख्यातलोकमात्र षट्स्थान जाइ परिहार विशुद्धिका उत्कृष्ट स्थान हो है बहुरि ताके ऊपरि असंख्यातलोकमात्र षट्स्थान जाइ सामायिक छेदोपस्थापनका उत्कृष्ट स्थान हो है। सो यहु क्षपक अनिवृत्तिकरणका अन्तसमयविषैं सम्भवै है ऐसा जानना। ऐसैं जघन्यतैं लगाय उत्कृष्ट पर्यन्त कहे जे अनुभयस्थान ते सर्व सामायिक छेदोपस्थापनसम्बन्धी सम्भवै हैं। परिहारविशुद्धिसम्बन्धी स्थान कहे ते सामायिक छेदोपस्थापनविषैं भी अर तहाँ भी सम्भवै हैं। ऐसा जानना। बहुरि ऐसे ए स्थान कहे तिनिविषैं प्रतिपातस्थान थोरे हैं तेऊ असंख्यातलोकमात्र है। तिनितैं असंख्यातलोकगुणे प्रतिपद्यमानस्थान है। तिनतैं असंख्यात लोकगुणे अनुभयस्थान हैं। इनि सबनिकौं मिलाएं भी असंख्यातलोक प्रमाण ही सकलसंयमके स्थान हो हैं जातैं असंख्यातके भेद बहुत हैं॥ १९६॥

अथ सूक्ष्मसांपराययथाख्यातचारित्रप्ररूपणार्थमिदमाह—

**तत्तो य सुहुमसंजम पडिवज्जय संखसमयमेत्ता हु।**
**तत्तो दु जहाखादं एयविहं संजमे होदि[1]॥ १९७॥**

**ततश्च सूक्ष्मसंयमं प्रतिवर्ज्य संख्यसमयमात्रा हि।**
**ततस्तु यथाख्यातमेकविधं संयमे भवति॥ १९७॥**

सं० टी०—तस्मादनिवृत्तिकरणक्षपणचरमसमयसंभविसामायिकछेदोपस्थापनद्वयोत्कृष्टस्थानादसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानान्यान्तरयित्वा उपशमश्रेण्यामवरोहणे अनिवृत्तिकरणाभिमुखं सूक्ष्मसाम्परायसंयमस्य जघन्यं स्थानं तच्चरसमये भवति। ततः परमसंख्यातसमयमात्रस्थानानि गत्वा सूक्ष्मसाम्परायक्षपकचरमसमये सूक्ष्मसाम्परायसंयमस्योत्कृष्टं स्थानं भवति। तस्मादसंख्येयलोकमात्राणि षट्स्थानान्यन्तरयित्वा यथाख्यातचारित्रमेकमिदं सर्वस्थानेभ्योऽनन्तविशुद्धिकं सकलसंयमोत्कृष्टमुपशान्तकषायक्षीणकषायसयोगकेवल्ययोगकेवलिस्वामिकं भवति, सकलचारित्रमोहनीयप्रकृतीनां प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशरूपाणां सर्वोपशमात्सर्वक्षयाच्च समुद्भूतत्वात्तस्य जघन्यमध्यमोत्कृष्टस्थानविकल्पा न सन्तीत्येकविधत्वं प्रवचने प्रतिपादितं॥ १९७॥

सूक्ष्मसंपराय और यथाख्यातसंयममें संयमस्थानोंका कथन—

सं० चं०—तिस सामायिक छेदोपस्थापनका स्थानतैं उपरि असंख्यातलोकमात्र स्थाननिका अन्तरालकरि उपशमश्रेणितैं उतरतैं अनिवृत्तिकरणके सन्मुख जीवकै अपना अन्त समयविषैं सम्भवता ऐसा सूक्ष्मसांपरायका जघन्यस्थान हो है। ताके ऊपरि असंख्यात समयमात्र स्थान जाइ क्षपक सूक्ष्म सांपरायका अन्तसमयविषैं सम्भवता सूक्ष्मसांपरायका उत्कृष्टस्थान हो है। तातैं उपरि असंख्यातलोकमात्र स्थाननिका अन्तरालकरि यथाख्यात चारित्रका एकस्थान हो है। सो यहु सबनितैं अनन्तगुणी विशुद्धता लीएं उपशान्तकषाय क्षीणकषाय सयोगी अयोगीकैं हो है। यामैं सर्वकषायनिका सर्वथा उपशम वा क्षय है तातैं जघन्य मध्य उत्कृष्ट भेद ही नाहीं॥ १९७॥

---

१. बीयकसायस्स अजहण्णमणुक्कस्सयं चरिमलद्धिट्ठाणमणंतगुणं।

क० चू०, जयध० पु० १३, पृ० १८७।

अथ सामायिकादिसंयमानां प्रतिपातस्थानादिलक्षणस्थानसंख्यान्तस्थानसंख्यास्वामिविषयविभागप्रदर्शनार्थं गाथासप्तकमाह—

पडचरिमे गहणादीसमये पडिवाददुगमणुभयं तु ।
तम्मज्झे उवरिमगुणगहणाहिमुहे य देसं वा ॥ १९८ ॥

पतनचरमे ग्रहणादिसमये प्रतिपातादिद्विकमनुभयं तु ।
तन्मध्ये उपरिगुणग्रहणाभिमुखे च देशमिव ॥ १९८ ॥

पडिवादादीतिदयं उवरुवरिमसंखलोगगुणिदकमा ।
अंतरछक्कपमाणं असंखलोगा हु देसं वा ॥ १९९ ॥

प्रतिपातादित्रितयं उपर्युपरितनमसंख्यलोकगुणितक्रमं ।
अंतरषट्कप्रमाणमसंख्यलोका हि देशमिव ॥ १९९ ॥

मिच्छयददेसभिण्णे पडिवादट्ठाणगे वरं अवरं ।
तप्पाउग्गकिलिट्ठे तिव्वकिलिट्ठे कमे चरिमे ॥ २०० ॥

मिथ्यायतदेशभिन्ने प्रतिपातस्थानके वरमवरम् ।
तत्प्रायोग्यक्लिष्टे तीव्रक्लिष्टे क्रमेण चरमे ॥ २०० ॥

पडिवज्जजहण्णदुगं मिच्छे उक्कस्सजुगलमवि देसे ।
उवरिं सामइयदुगं तम्मज्झे होंति परिहारा ॥ २०१ ॥

प्रतिपद्यजघन्यद्विकं मिथ्ये उत्कृष्टयुगलमपि देशे ।
उपरि सामायिकद्विकं तन्मध्ये भवंति परिहाराणि ॥ २०१ ॥

परिहारस्स जहण्णं सामयियदुगे पडंत चरिमम्हि ।
तज्जेट्ठं सट्ठाणे सव्वविसुद्धस्स तस्सेव ॥ २०२ ॥

परिहारस्य जघन्यं सामायिकद्विके पततः चरमे ।
तज्ज्येष्ठं स्वस्थाने सर्वविशुद्धस्य तस्यैव ॥ २०२ ॥

सामयियदुगजहण्णं ओघं अणियट्टिखवगचरिमम्हि ।
चरिमणियट्टिस्सुवरिं पडंत सुहुमस्स सुहुमवरं ॥ २०३ ॥

सामायिकद्विकजघन्यमोघं अनिवृत्तिक्षपकचरमे ।
चरमानिवृत्तेरुपरि पततः सूक्ष्मस्य सूक्ष्मवरम् ॥ २०३ ॥

खवगसुहुमस्स चरिमे वरं जहाखादमोघजेट्ठं तं ।
पडिवाददुगा सव्वे सामाइयछेदपडिबद्धा ॥ २०४ ॥

क्षपकसूक्ष्मस्य चरमे वरं यथाख्यातमोघज्येष्ठं तत् ।
प्रतिपातद्विकं सर्वाणि सामायिकच्छेदप्रतिबद्धानि ॥ २०४ ॥

सं० टी०—प्रतिपातप्रतिपद्यमानस्थानद्विकं यथासंख्यं पतच्चरसमये संयमग्रहणप्रथमसमये च भवति। अनुभयस्थानं तयोः प्रतिपातस्थानप्रतिपद्यमानस्थानयोर्मध्ये उपरितनगुणस्थानाभिमुखे च भवति। एतत्सर्वं यथा देशसंयमे सविस्तरं प्रतिपादितं तथात्रापि ग्राह्यम्। प्रतिपातादित्रितयं स्वस्वजघन्यस्थानात् स्वस्वोत्कृष्टस्थानपर्यन्तमुपर्युपर्यसंख्यातलोकगुणितक्रमाण्यन्तरेषु षट्स्वपि प्रत्येकमसंख्यातलोकमात्राणि षट्स्थानानि देशसंयमवज्ज्ञातव्यानि। तत्र प्रतिपातस्थानेषु मिथ्यात्वासंयमदेशसंयमाभिमुखभेदभिन्नेषु जघन्यानि तीव्रसंक्लिष्टस्य चरमसमये भवन्ति। उत्कृष्टानि तत्प्रायोग्यमन्दसंक्लिष्टस्य भवन्ति। तथा प्रतिपद्यमानजघन्यस्थानद्वयमार्यम्लेच्छस्वामिकं मिथ्यादृष्टिचरस्य भवति, तदुत्कृष्टस्थानयुगलमपि देशसंयतचरस्य भवति प्रतिपद्यमानस्थानानामुपर्यनुभयस्थानानि सामायिकच्छेदोपस्थापनसंयमद्वयसंबन्धीनि भवन्ति। तत्संयमद्वयस्य जघन्योत्कृष्टस्थानयोर्द्वयोर्मध्ये परिहारविशुद्धिसंयमस्थानानि भवन्ति। परिहारविशुद्धिसंयमस्य जघन्यस्थानं संक्लेशवशात्सामायिकछेदोपस्थापनद्वये पतिष्यतस्तच्चरमसमये भवति। तस्य परिहारविशुद्धिसंयमस्योत्कृष्टस्थानं स्वस्मिन्नेव सर्वविशुद्धस्याप्रमत्तस्यैकान्तवृद्धिचरमसमये भवति। सामायिकच्छेदोपस्थापनद्वयस्य मिथ्यात्वाभिमुखं जघन्यस्थानमोघजघन्यस्थानं सर्वसंयमसामान्यजघन्यस्थानं भवतीत्यर्थः। तयोरुत्कृष्टस्थानमनिवृत्तिकरणक्षपकचरम समये भवति। सूक्ष्मसाम्परायसंयमस्य जघन्यस्थानमुपशमश्रेण्यामवरोहणेऽनिवृत्तकरणस्योपरि पतिष्यतः सूक्ष्मसाम्परायोपशमकस्य चरमसमये भवति। तस्योत्कृष्टस्थानं क्षीणकषायगुणस्थानाभिमुखस्य सूक्ष्मसाम्परायक्षपकस्य चरमसमये भवति। यथाख्यातचारित्रं सर्वसंयमसामान्योत्कृष्टं तस्य जघन्यादिविकल्पाभावात्। प्रतिपातप्रतिपद्यमानस्थानानि सर्वाण्यपि सामायिकछेदोपस्थापनसंयमद्वयप्रतिबद्धान्येव नेतरसंयमसंबन्धीनि अनुभयस्थानानि पुनः सामायिकादिसर्वसंयमसंबन्धीनि संभवति। मिथ्यादृष्ट्यसंयतदेशसंयतानां सकलसंयमग्रहणकाले सामायिकछेदोपस्थापनसंयमयोरेव प्रथमतः प्रतिपत्तिनियमात्। संयमसामान्यापेक्षया प्रतिपद्यमानस्थानानि संयमग्रहणप्रथमसमयवर्तीनि सामायिकछेदोपस्थापनप्रतिबद्धान्येव। तथा सामायिकछेदोपस्थापनसंयमाभ्यां प्रच्यवमानस्यैव मिथ्यात्वासंयमदेशसंयमेषु प्रतिपातः संभवति, न परिहारविशुद्ध्यादिसंयमेभ्यः प्रच्यवमानस्य तत्प्रतिपातः परिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्परायसंयमाभ्यां प्रच्यवमानस्य सामायिकद्विके यथाख्यातचारित्रात्प्रच्यवमानस्य सूक्ष्मसाम्परायसंयमेऽपि च प्रतिपातस्य सिद्धान्ते प्रतिपादितत्वात्।

ननु भवक्षयादुपशमश्रेण्यां मृतस्य सूक्ष्मसाम्पराययथाख्यातचारित्रयोर्देवासंयते प्रतिपातोऽस्ति, अतः कथमसंयतप्रतिपाताभावः? इति चेत् वयमिमे ब्रूमहे—संयमघातिकषायोदयवशोत्पन्नसंक्लेशवशेन गुणस्थानाद्वा क्षयेण बाधस्तनगुणस्थानेषु प्रतिपातस्यात्र विवक्षितत्वात्। भवक्षयहेतुकः प्रतिपातः पुनरत्राविवक्षितः। तत्प्रतिपातविवक्षायां पुनर्देवासंयमाभिमुखतैव, न मिथ्यात्वदेशसंयमाभिमुखता, बद्धदेवायुष एव सकलसंयमिनः संयमकाले मृतस्य देवगतिं मुक्त्वान्यत्र गतावनुत्पादात्। देवगतौ च मिथ्यादृष्टिष्वनुत्पादात् देशसंयमस्य तत्राभावाच्च। तदेवं सामायिकादिपञ्चप्रकारसकलसंयमलब्धिस्वरूपं प्रासङ्गिकं मुख्यतस्तु प्रमत्ताप्रमत्तगुणस्थानवर्तिक्षायोपशमिकसकलसंयमलब्धिस्वरूपं च सविस्तरं प्ररूपितम्॥ १९९–२०४॥

उन परिणाम आदि स्थानोंका विशेष कथन—

सं० चं०—संयमतैं पडतैं अंत समयविषैं अर संयमकौं ग्रहतैं प्रथम समयविषैं क्रमतैं प्रतिपात अर प्रतिपद्यमान ए दोय स्थान हैं। बहुरि इनके बीचि वा ऊपरिके गुणस्थानकौं सन्मुख होतै अनुभय स्थान हो है सो देश संयतवत् इहां भी जानना॥ १९८॥

सं० चं०—प्रतिपात आदि तीन प्रकार स्थान अपने अपने जघन्यतैं उत्कृष्ट पर्यंत उपरि उपरि असंख्यातलोक गुणा क्रम लीएं हैं। तिनके छहौ विषैं प्रत्येक असंख्यात लोकमात्र वार षट्स्थानवृद्धि देशसंयतवत् जाननी॥ १९९॥

सं० चं०—तहां प्रतिपातस्थान मिथ्यात्व असंयत देशसंयतकौं सन्मुख होनेकी अपेक्षा तीन भेद लीए है। तहां जघन्य स्थान तौ तीव्र संक्लेशवालाकैं संयमका अंत समयविषैं हो है अर उत्कृष्ट स्थान यथायोग्य मदंसंक्लेशवालेकैं हो है ॥ २०० ॥

सं० चं०—प्रतिपाद्यमानस्थान आर्य म्लेच्छकी अपेक्षा दोय प्रकार, सो तिनका जघन्य तौ मिथ्यादृष्टितैं संयमी भया ताकैं हो है। उत्कृष्ट देशसंयततैं संयमी भया ताकैं हो है। तिनके ऊपरि अनुभय स्थान हैं ते सामायिक छेदोपस्थापनासंबंधी हैं। तिनिका जघन्य उत्कृष्टके बीचि परिहारविशुद्धिके स्थान हैं ॥ २०१ ॥

सं० चं०—परिहारविशुद्धिका जघन्य स्थान तौ सामायिक छेदोपस्थापनाविषैं पडता जीवकैं ताका अंत समयविषैं हो है। अर ताका उत्कृष्ट स्थान सर्वतैं विशुद्ध अप्रमत्त गुण स्थानवर्ती तिस ही जीवकै एकांत वृद्धिका अंत समयविषैं हो है ॥ २०२ ॥

सं० चं०—सामायिक छेदोपस्थापनाका•जघन्य स्थान मिथ्यात्वकौं सन्मुख जीवकैं संयमका अंतसमयविषैं हो है बहुरि जो जघन्य संयमका स्थान सो ही है। ताका उत्कृष्ट स्थान अनिवृत्तिकरण क्षपकश्रेणिवाला ताका अंत समयविषैं हो है। बहुरि उपशमश्रेणिविषैं पड़तैं सूक्ष्मसाम्परायका अन्त समयविषैं अनिवृत्तिकरणकौं सन्मुख होतैं सूक्ष्मसांपरायका अंतसमयविषैं जघन्य स्थान हो है ॥ २०३ ॥

सं० चं०—क्षपक सूक्ष्मसांपरायका क्षीणकषायके सन्मुख भया ताका अंत समयविषैं सूक्ष्मसांपरायका उत्कृष्ट स्थान हो है। बहुरि यथाख्यात चारित्र सर्व सामान्य चारित्रका उत्कृष्ट स्थान अभेद रूप है। बहुरि प्रतिपात प्रतिपद्यमानके जे स्थान कहे ते सर्व ही सामायिक छेदोपस्थापनसंबंधी ही जानने। जातैं सकल संयमतैं भ्रष्ट होतैं अंत समयविषैं अर सकल संयमकौं ग्रहतैं प्रथम समयविषैं सामायिक छेदोपस्थापन संयम ही हो है। अन्य परिहार विशुद्धि आदि न हो है। इहां कोऊ कहै—

उपशमश्रेणिविषैं मरणकी अपेक्षा सूक्ष्मसांपराय यथाख्याततैं पडि देव पर्याय संबंधी असंयतविषैं पडना हो है तहां प्रतिपातका अभाव कैसैं कहिए ? ताका समाधान—यहां संयमका घात कषायनिके उदयतैं वा गुणस्थानके कालका क्षय होनेतैं जो पडना होइ ताहीकी विवक्षा है। पर्याय नाशतैं पडना होइ ताकी विवक्षा नाहीं। जो यहु विवक्षा होइ तौ ताका प्रतिपातविषैं देवसंबंधी असंयतहीके सन्मुखपना संभवै है, जातैं सकल संयमहीविषैं जो मूवा ताकैं अन्य गति वा मिथ्यात्व देश संयतपना संभवै नाहीं है। ऐसैं प्रसंग पाइ सामायिक आदि पंचप्रकार सकलचारित्रके स्थान कहे। मुख्यपने प्रमत्त अप्रमत्त गुणस्थानविषैं संभवता जौ क्षायोपशमिक सकल चारित्र ताका प्ररूपण कीया ॥ २०४ ॥

विशेष—यहाँ छह अन्तरोंका निर्देश इस प्रकार किया है—प्रतिपातमान संयमके जघन्यलब्धिस्थानके पूर्व पहला अन्तर होता है। सर्वसंक्लेशरूप परिणाम होनेसे यह मिथ्यात्वको प्राप्त होता है। तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणाम होनेसे संयतके उत्कृष्ट प्रतिपातस्थान होता है। यह भी मिथ्यात्वगुणस्थानमें गिरता है। इसके बाद दूसरा अन्तर प्राप्त होता है। इसी प्रकार जो संयत गिरकर असंयतगुणस्थानको प्राप्त होता है उसके ऐसा होनेपर तीसरा अन्तर प्राप्त होता है। इसी प्रकार जो संयत गिरकर संयमासंयमको प्राप्त होता हैं उसके ऐसा होनेपर चौथा अन्तर

प्राप्त होता है। इसीप्रकार जो कर्मभूमिज मनुष्य देशसंयमसे संयमको प्राप्त करता है उसके ऐसा होने पर पाँचवां अन्तर प्राप्त होता है। तथा सामायिक-छेदोपस्थापना संयम और अनिवृत्तिकरणके अभिमुख हुए सूक्ष्मसाम्पराय संयतके मध्य छठा अन्तर प्राप्त होता है। यह छह अन्तरोंका विधान है। इस सम्बन्धमें अन्य सब विशेषताओंको संस्कृत और हिन्दी टीकासे जान लेना चाहिये। वहाँ अन्य सब विशेषताओंका स्पष्ट निर्देश किया ही है। जो प्रतिपातको प्राप्त हुआ उपसमश्रेणीवाला जीव मरकर अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानको प्राप्त होता है उसको यहाँ नहीं लिया गया है इतना यहाँ विशेष जानना चाहिये।

इति क्षायोपशमिकसकलचारित्रप्ररूपणं समाप्तं ॥

# अथ चारित्रोपशमनाधिकारः ॥ ४ ॥

अथ चारित्रमोहोपशमनं परममंगलपूर्वकं प्रतिजानीते—

उवसमियसकलः (?) उपशमितसकलदोषानुपशान्तकषायवीतरागान्तानुपशमकान् प्रणम्य कषायोपशमनं वक्ष्यामीति । अथ चारित्रमोहोपशमनाभिमुखस्य स्वरूपमाह—

**उवसमचरियाहिमुहो वेदगसम्मो अणं विजोयित्ता ।**
**अंतोमुहुत्तकालं अधापवत्तोऽपमत्तो य ॥ २०५ ॥**

**उपशमचरित्राभिमुखो वेदकसम्यक् अनं वियोज्य ।**
**अन्तर्मुहूर्तकालं अधाप्रवृत्तोऽप्रमत्तश्च ॥ २०५ ॥**

सं० टी०—उपशमचारित्राभिमुखो वेदकसम्यग्दृष्टिर्जीवः प्रथममनन्तानुबन्धिचतुष्टयं प्रागुक्तविधिना विसंयोज्यान्तर्मुहूर्तकालपर्यन्तमथाप्रवृत्ताप्रमत्ताभिधानः स्वस्थानाप्रमत्तः प्रमत्ताप्रमत्तपरावृत्तिसहस्राणि कुर्वन् विश्राम्यति । ततः परं दर्शनमोहत्रयं क्षपयित्वा क्षायिकसम्यग्दृष्टिः सन् कश्चिज्जीवश्चारित्रमोहमुपशमयितुं प्रारभते । तस्य दर्शनमोहक्षपणा विधिना प्रागुक्तेनेति नेह पुनरुच्यते । यः पुनर्द्वितीयोपशमसम्यक्त्वेनोपशमश्रेणिमारोहति तस्य दर्शनमोहोपशमविधानप्रतिपादनार्थमिदमाह ॥ २०५ ॥

अब उपशमचारित्रका विधान करते हैं—

अथ उपशान्त कीएं हैं सकल दोष जिनि ऐसे उपशान्त कषाय वीतराग तिनहि प्रणाम करि उपशम चारित्रका विधान कहिए है—

सं० चं०—उपशमचारित्रके सन्मुख भया वेदक सम्यग्दृष्टि जीव सो पहिलैं पूर्वोक्त विधानतैं अनन्तानुबन्धीका विसंयोजन करि अन्तर्मुहूर्तकाल पर्यन्त अधःप्रवृत्त अप्रमत्त कहिए स्वस्थान अप्रमत्त हो है । तहाँ प्रमत्त अप्रमत्तविषैं हजारोंवार गमनागमन करि पीछैं अप्रमत्तविषैं विश्राम करै है । तहाँ पीछैं कोई जीव तीन दर्शन मोहकौं खिपाइ क्षायिक सम्यग्दृष्टी होइ चारित्र मोहके उपशमनका प्रारम्भ करै ताकैं तौ क्षायिक सम्यक्त्व होनेका विधान पूर्वै कह्या है सो जानना । बहुरि कोई जीव द्वितीयोपशम सम्यक्त्व सहित उपशम श्रेणि चढ़ै ताके दर्शनमोहके उपशमनका विधान कहिए है ॥ २०५ ॥

**तत्तो तियरणविहिणा दंसणमोहं समं खु उवसमदि ।**
**सम्मत्तुप्पत्तिं वा अण्णं च गुणसेढिकरणविही ॥ २०६ ॥**

**ततः त्रिकरणविधिना दर्शनमोहं समं खलु उपशमयति ।**
**सम्यक्त्वोत्पत्तिमिव अन्यं च गुणश्रेणिकरणविधिः ॥ २०६ ॥**

सं० टी०—ततः स्वस्थानाप्रमत्तोऽन्तर्मुहूर्तमात्रं विश्रम्य पुनर्विशुद्धिमापूरयन् करणत्रयं विधाय दर्शनमोहं युगपदेवोपशमयति । तत्रापूर्वकरणप्रथमसमयादारभ्य स्थित्यनुभागकाण्डकघातो गुणश्रेणिनिर्जरा च गुणसंक्रमणं विना अन्यत्सर्वं विधानकं प्रथमोपशमसम्यक्त्वोत्पत्तौ यथा प्ररूपितं तथात्रापि द्रष्टव्यम् । अनन्तानुबन्धिविसंयोजनेऽपि पूर्ववदेव स्थितिखण्डनादिविधानं ज्ञातव्यम् ॥ २०६ ॥

स्वस्थान अप्रमत्तके कार्यविशेषका निरूपण—

सं० चं०—स्वस्थान अप्रमत्तविषैं अन्तर्मुहूर्त विश्रामकरि तहाँ पीछैं तीन करणविधिकरि युगपत् दर्शनमोहकौं उपशमावै है। तहाँ अपूर्वकरणका प्रथम समयतैं लगाय प्रथमोपशम सम्यक्त्व-वत् गुणसंक्रमण विना अन्य स्थिति अनुभागकाण्डकका घात वा गुणश्रेणिनिर्जरा आदि सर्व-विधान जानना। अनन्तानुबन्धीका विसंयोजन याकै हो है ताविषैं भी सर्वस्थिति खण्डनादि पूर्वोक्तवत् जानना॥ २०६॥

उक्तार्थमनूद्य तद्विशेषणार्थमिदमाह—

**दंसणमोहुवसमणं तक्खवणं वा हु होदि णवरिं तु।**
**गुणसंकमो ण विज्जदि विज्झद वाधापवत्तं[1] च॥ २०७॥**

**दर्शनमोहोपशमनं तत्क्षपणं वा हि भवति नवरि तु।**
**गुणसंक्रमो न विद्यते विध्यातं वा अधःप्रवृत्तं च॥ २०७॥**

सं० टी०—चारित्रमोहोपशमाभिमुखस्य दर्शनमोहोपशमनं वा तत्क्षपणं वा भवति नियमाभावात्। अयं तु विशेषः—दर्शनमोहोपशमनविधाने गुणसंक्रमो नास्ति, केवलं विध्यातसंक्रमो वा अथाप्रवृत्तसंक्रमो वा संभवति॥ २०७॥

उपशमश्रेणिपर चढ़नेकी योग्यताका निर्देश—

सं० चं०—चारित्रमोहके उपशमावनेकौं सन्मुख भया जीवकैं दर्शनमोहका उपशम होइ वा ताकी क्षपणा होइ। तहां उपशमविधानविषैं केवल गुणसंक्रमण नाही है। विध्यात संक्रमण है सो विशेष आगे कहेंगे॥ २०७॥

विशेष—क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव या द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टि जीव चारित्रमोहनीयकी उपशमना करनेके सन्मुख होता है। क्षायिक सम्यग्दर्शनके उत्पन्न होनेका विधान पहले ही कर आये हैं। द्वितीयोपशम सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिका निर्देश यहाँ किया जा रहा है। प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि या वेदक सम्यग्दृष्टि जीव उपशम श्रेणिपर नहीं चढ़ते। जो वेदक सम्यग्दृष्टि जीव उपशमश्रेणिपर आरोहण करता है वह पहले अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी विसंयोजना कर अनन्तर दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृत्तियोंका उपशम करनेके बाद ही उपशमश्रेणिपर चढ़नेका अधिकारी होता है। इस जोवके दर्शनमोहनीयकी उपशमना करते समय गुणसंक्रम नहीं होता। उसके स्थानपर विध्यातसंक्रम और यथासम्भव अधःप्रवृत्तसंक्रम होते हैं। अधःप्रवृत्तसंक्रम अप्रशस्त-कर्मोंका होता है। विशेष व्याख्यान आगे किया ही है।

तत्र तदानींतनस्थितिसत्त्वविशेषनिर्ज्ञानार्थमिदमाह—

**ठिदिसत्तमपुव्वदुगे संखगुणूणं तु पढमदो चरिमं[2]।**
**उवसामण अणियट्टीसंखाभागासु तीदासु॥ २०८॥**

---

१. णवरि एत्थ गुणसंकमो णत्थि विज्झदो चेव, अप्पसत्थकम्माणं अधापवत्तो वा।
धवला० पु० ६, पृ० २८९।

२. अपुव्वकरणस्स पढमसमये ट्ठिदिसंतकम्मं तं चरिमसमए संखेज्जगुणहीणं। कसाय० चू०, जयध०

**स्थितिसत्त्वमपूर्वद्विके संख्यगुणोनं तु प्रथमतः चरमम् ।**
**उपशामनमनिवृत्तिसंख्यभागेष्वतीतेषु ॥ २०८ ॥**

सं० टी०—अपूर्वकरणस्य प्रथमसमयकर्मस्थितिसत्त्वात्काण्डकघातमाहात्म्येन तच्चरमसमये कर्मस्थितिसत्त्वं संख्यातगुणहीनं भवति । एवमनिवृत्तिकरणेऽपि स्थितिसत्त्वं ज्ञातव्यम् ॥ २०८ ॥

उस समय स्थितिसत्त्व विशेषका विचार—

सं० चं०—अपूर्वकरण वा अनिवृत्तिकरणका प्रथम समयसम्बन्धी स्थिति सत्त्वतैं अन्तसमयविषैं स्थितिसत्त्व है सो काण्डक घात करनेतैं संख्यातगुणा घाटि हो है ॥ २०८ ॥

विशेष—अपूर्वकरके प्रथम समयमें जो स्थितिसत्त्व होता है। उसमेंसे हजारों स्थितिकाण्डकोंका घात होनेसे उसके अन्तमें संख्यातगुणाहीन स्थितिसत्त्व शेष रहता है। इसी प्रकार अनिवृत्तिकरणके प्रथमसमयमें जो स्थितिसत्त्व शेष रहता है उसमेंसे हजारों स्थितिकाण्डकका घात होनेसे उसके अन्तमें संख्यातगुणाहीन स्थितिसत्त्व शेष रहता है। तथा यह जीव अनिवृत्तिकरणके कालमेंसे संख्यात बहुभागको व्यतीत करके जब उसका एकभाग शेष रहता है तब दर्शनमोहनीयत्रिककी उपशामनाका कार्य प्रारम्भ करता है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि अपूर्वकरणके प्रथमसमयसे ही गुणश्रेणि रचना, स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात ये कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं। यहाँ गुणश्रेणिका आयाम अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे कुछ अधिक होता है। और वह गलितशेष होती है।

अथानिवृत्तिकरणकालस्य संख्येयबहुभागेषु गतेषु अवशिष्टैकभागे विधीयमानं क्रियान्तरं प्रदर्शयितुमिदमाह—

**सम्मस्स असंखेज्जा समयपबद्धाणुदीरणा होदि ।**
**तत्तो मुहुत्तअंते दंसणमोहंतरं कुणइ ॥ २०९ ॥**
**सम्यस्य असंख्येयानां समयप्रबद्धानामुदीरणा भवति ।**
**ततो मुहूर्तान्तः दर्शनमोहान्तरं करोति ॥ २०९ ॥**

सं० टी०—अपूर्वकरणप्रथमसमय आरब्धा या गुणश्रेणिः साधिकापूर्वानिवृत्तिकरणकालायामा गलितावशेषप्रमाणानिवृत्तिकरणकालबहुभागपर्यन्तं प्रवर्तते । तत्रापकृष्टद्रव्यस्य पल्यासंख्यातभागखण्डितस्य बहुभागद्रव्यमुपरितनस्थितौ निक्षिप्तं । तदेकभागस्य पुनरसंख्यातलोकखण्डितस्य बहुभागद्रव्यं गुणश्रेण्यायामे निक्षिप्तम् । तदेकभागद्रव्यमुदयावल्यां निक्षिप्तम् । एवं निक्षिप्ते उदये समयप्रबद्धस्यासंख्यातैकभागमात्रमेव द्रव्यं पतति । इदानीं पुनरनिवृत्तिकरणकालसंख्यातैकभागमात्रेऽवशिष्टे सम्यक्त्वप्रकृतिद्रव्यादपकृष्टद्रव्यस्य पल्यासंख्यातभागखण्डितस्य बहुभागमुपरितनस्थितौ निक्षिप्य तदेकभागं पुनरपि पल्यासंख्यातभागेन खण्डयित्वा बहुभागं गुण-

---

पु० १३, पृ० २०४। अपुव्वकरणस्स पढमसमयट्ठिदिसंतकम्मादो तस्सेव चरिमसमयट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणहीणं। पढमसमयअणियट्टिकरणस्स ट्ठिदिसंतकम्मादो चरिमसमयट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणहीणं।
धवला० पु० ६, पृ० २८९।

१. दंसणमोहणीयउवसामणा-अणियट्टिअद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु सम्मत्तस्स असंखेज्जाणं समयपबद्धाणमुदीरणा। तदो अंतोमुहुत्तेण दंसणमोहणीयस्स अंतरं करेदि। कसाय० चू०, पु० १३, पृ० २०५।

श्रेण्यायामे निक्षिप्य तदेकभागं पुनरुदयावल्यां निक्षिपति । अतः कारणात्सम्यक्त्वप्रकृतिद्रव्यस्यासंख्येयाः समयप्रबद्धा उदयनिषेके निक्षिप्योदीर्यन्ते । पल्यस्य भागहारभूतासंख्येयरूपबाहुल्यमाहात्म्यात् यत्रासंख्येयसमयप्रबद्धोदीरणाकरणं कथ्यते तत्र पल्यासंख्यातभाग एवापकृष्टद्रव्यस्य भागहारो नासंख्यातलोक इति वचनात् । अतः परमन्तर्मुहूर्तकाले गते दर्शमोहस्यान्तरं करोति ॥ २०९ ॥

अपूर्वकरण आदिमें कार्यविशेषका निर्देश—

बहुरि अनिवृत्तिकरण कालकौं संख्यातका भाग दीजिए तहां बहुभाग व्यतीत भएं अवशेष एकभाग रहै है तहां कार्य हो है सो कहैं है —

सं० चं०—अपूर्वकरणका प्रथम समयविषैं जो साधिक अपूर्व अनिवृत्तिका कालमात्र आयाम धरें गलितावशेष गुणश्रेणिका आरम्भ कीया था सो अनिवृत्तिकरणका बहुभाग पर्यन्त प्रवर्तै है। तहां अपकर्षण कीया द्रव्यकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ बहुभाग उपरितन स्थितिविषैं दीजिए है। अवशेष एक भागकौं असंख्यातलोकका भाग देइ बहुभाग गुणश्रेणि आयामविषैं एकभाग उदयावलीविषैं दीजिए है। सो इहां उदयावलीविषैं दीया द्रव्य समयप्रबद्धके असंख्यातवें भागमात्र आवै है। अनिवृत्तिकरणकालका संख्यातवाँ भाग अवशेष रहैं सम्यक्त्वमोहनीका द्रव्यकौं अपकर्षण करि याकौं पल्यका असंख्यातवाँ भागका भाग देइ बहुभाग उपरितन स्थितिविषैं देना। अवशेष एक भागकौं पल्यका असंख्यातवाँ भागका भाग देइ तहां बहुभाग गुणश्रेणि आयामविषैं दीजिए है। एकभाग उदयावलीविषैं दीजिए है। सो इहां उदयावलीविषैं दीया जो उदीरणा द्रव्य सो असंख्यात समयप्रबद्ध प्रमाण आवे हैं जातैं ऐसा कह्या है जहाँ असंख्यात समयप्रबद्धकी उदीरणा होइ तहां भागहार पल्यका असंख्यातवाँ भागमात्र है। असंख्यात लोकप्रमाण नाही है। बहुरि यातैं परें अन्तर्मुहूर्तकाल व्यतीत भएं दर्शनमोहका अन्तर करै है ॥ २०९ ॥

विशेष—जो दर्शनमोहनीयकी उपशमना कर रहा है उसके सम्यक्त्वके असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होती है। इस सम्बन्धमें चूर्णिसूत्रमें बतलाया है कि दर्शनमोहनीय उपशामनासम्बन्धी अनिवृत्तिकरणकालके संख्यात बहुभाग जानेपर सम्यक्त्वके असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होती है। जयधवलामें इस विषयपर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि पहले असंख्यातलोकप्रमाण प्रतिभागके अनुसार सब कर्मोंकी उदीरणा होती थी, किन्तु इस स्थानपर परिणामोंके माहात्म्यवश सम्यक्त्वके असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होने लगती है। इसी तथ्यको लब्धिसारकी टीकामें स्पष्ट किया गया है। बात यह है कि अपूर्वकरणके प्रथम समयसे जो गुणश्रेणि रचना होती है। वहाँ अपकर्षितद्रव्यमें पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर बहुभागप्रमाण द्रव्य गुणश्रेणिसे उपरितन स्थितियोंमें निक्षिप्त होता है। जो एकभाग शेष रहता है उसमें असंख्यातलोकप्रमाण समयोंका भाग देनेपर गुणश्रेणिआयाममें निक्षिप्त होता है। और शेष एकभाग उदयावलिमें निक्षिप्त होता है। इस प्रकार जबतक निक्षिप्त होता है तबतक उदयमें समयप्रबद्धका असंख्यात एकभागप्रमाणद्रव्य ही पतित होता है। किन्तु अनिवृत्तिकरणका संख्यातवाँ भागकाल शेष रहनेपर सम्यक्त्व प्रकृतिके अपकृष्टद्रव्यमें पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर बहुभागप्रमाणद्रव्य उपरितन स्थितियोंमें निक्षिप्त होता है। अवशिष्ट रहे एकभागमें पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर बहुभागप्रमाणद्रव्य गुणश्रेणि-आयाममें

निक्षिप्त होता है तथा शेष शेष एकभागप्रमाणद्रव्य उदयावलिमें निक्षिप्त होता है। इस कारण सम्यक्त्वप्रकृतिकी उदयस्थितिमें असंख्यातसमयप्रबद्ध निक्षिप्त होकर उनकी उदीरणा होती है, क्योंकि यहाँ भागहार अल्प है, इसलिए प्रति समय इतने द्रव्यकी उदीरणा होने लगती है। इसके अन्तर्मुहूर्तके बाद अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न होती है।

अथान्तरकरणप्रदर्शनार्थमाह—

**अंतोमुहुत्तमेत्तं आवलिमेत्तं च सम्मतियठाणं।**
**मोत्तूण य पढमट्ठिदिं दंसणमोहंतरं कुणइ[1] ॥ २१० ॥**

**अन्तर्मुहूर्तमात्रं आवलिमात्रं च सम्यक्त्वत्रयस्थानम्।**
**मुक्त्वा च प्रथमस्थितिं दर्शनमोहान्तरं करोति ॥ २१० ॥**

सं० टी०—उदयावल्याः सम्यक्त्वप्रकृतेरन्तर्मुहूर्तमात्रीमनुदययोरितरयोर्मिथ्यात्वमिश्रप्रकृत्योश्च आवलीमात्रीं प्रथमस्थितिं मुक्त्वा उपर्यन्तर्मुहूर्तनिषेकाणामन्तरभावमन्तर्मुहूर्तेन कालेन करोति। सम्यक्त्वप्रकृतेर्गुणश्रेणिशीर्षं ततः संख्यातगुणितानुपरितनस्थितिनिषेकांश्च गृहीत्वा अन्तरं करोति, मिथ्यात्वमिश्रयोर्गलितावशेषगुणश्रेण्यायामं सर्वं, ततः संख्यातगुणितानुपरितनस्थितिनिषेकांश्च गृहीत्वा अन्तरं करोतीत्यर्थः। उपरि तिसृणां प्रकृतीनां द्वितीयस्थितिप्रथमनिषेकाः सदृशा एव। अधःप्रथमस्थित्यग्रनिषेकाः विसदृशा इति ग्राह्यम् ॥ २१० ॥

अन्तरकरणके विषयमें विशेष निर्देश—

सं० चं०—नीचेके वा ऊपरिके निषेक छोडि बीचिके केते इक निषेकनिका द्रव्यकौ अन्य निषेकनिविषैं निक्षेपण करि तिनि निषेकनिका अभाव करना सो अंतर करना कहिए है सो जाका उदय पाइए ऐसी जो सम्यक्त्व मोहनी ताकी तौ अंतर्मुहूर्तमात्र अर उदय रहित मिश्र वा मिथ्यात्व तिनिकी आवलीमात्र जो प्रथम स्थिति तीहिं प्रमाण नीचें निषेकनिकौं छोडि ताके ऊपरि जे अंतर्मुहूर्त कालप्रमाण निषेक तिनिका अंतर कहिए अभाव करै है तहां सम्यक्त्वमोहनीका अनिवृत्तिकरण कालका संख्यातवां भागमात्र गुणश्रेणिशीर्ष अर तातैं संख्यातगुणे उपरिवर्ती उपरितन स्थितिके निषेक तिनिका अंतर करै है। अर मिथ्यात्व-मिश्रमोहनीका गले पीछे अवशेष रह्या जो सर्व गुणश्रेणी आयाम अर तातैं संख्यातगुणे उपरितन स्थितिके निषेक तिनका अंतर करै है। सो जितने निषेकनिका अंतर कीया ताके प्रमाणका नाम अंतरायाम है। तिस अंतरायामके नीचैं जे निषेक छोडे तिस प्रमाण प्रथम स्थिति है अर अंतरायामके उपरिवर्ती जे निषेक तिसका नाम द्वितीय स्थिति है। तहां द्वितीय स्थितिके प्रथम निषेक तौ तीनों ही प्रकृतिनिके समान हैं जातैं सो प्रथम निषेक अंतरायामके अनंतरि पाइए। अर प्रथम स्थितिका अंत निषेक समान नाहीं है जातैं प्रथम स्थितिका प्रमाण हीनाधिक है॥ २१० ॥

---

१. एत्थ सम्मत्तस्स पढमट्ठिदिमंतोमुहुत्तमेत्तं ठवेयूण सेसाणमुदयावलिपमाणं मोत्तूणंतरं करेदि त्ति वत्तव्वं। जयध० पु० १३, पृ० २०५।

अथान्तरद्रव्यस्य निक्षेपप्रकारप्रदर्शनार्थं गाथाचतुष्टयमाह—

**सम्मत्तपयडिपढमट्ठिदिम्मि संछुहदि दंसणतियाणं ।**
**उक्कीरयं तु दव्वं बंधाभावादु मिच्छस्स[1] ।। २११ ।।**

**सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितौ संपातयति दर्शनत्रयाणाम् ।**
**उत्कीर्णं तु द्रव्यं बन्धाभावात् मिथ्यस्य ।। २११ ।।**

सं० टी०—दर्शनमोहत्रयस्यान्तरे उत्कीर्णं द्रव्यमुदयवत्याः सम्यक्त्वप्रकृतेः प्रथमस्थितावेव निक्षिपति न द्वितीयस्थितौ यत्र नूतनबन्धोऽस्ति तत्र उत्कृष्य द्वितीयस्थितावपि निक्षिपति । अत्र पुनरप्रमत्तगुणस्थाने दर्शनमोहस्य बन्धाभावात् द्वितीयस्थितौ न निक्षिपतीत्यर्थः ।। २११ ।।

अपकर्षित द्रव्यकी निक्षेपण विधिका विचार—

सं० चं०—तहां जिनि निषेकनिका अभाव कीजिए है तिन तीनों दर्शनमोहकी प्रकृतिके निषेकनिके द्रव्यकौं उदयरूप जो सम्यक्त्वमोहनी ताकी प्रथम स्थितिविषै ही निक्षेपण करै है। जातै जहां नवीन बंध हो है तहां उत्कर्षण करि द्वितीय स्थितिविषैं भी निक्षेपण हो है। सो इहां सातवें गुणस्थानविषै दर्शनमोहका बंध है नाहीं, तातै द्वितीय स्थितिविषै निक्षेपण नाही करै है ।। २११ ।।

**विदियट्ठिदिस्स दव्वं ओक्कड्डिय देदि सम्मपढम्मम्मि ।**
**विदियट्ठिदिम्हि तस्स अणुक्कीरिज्जंतमाणम्हि[2] ।। २१२ ।।**

**द्वितीयस्थितेर्द्रव्यमपकर्ष्य ददाति सम्यक्त्वप्रथमे ।**
**द्वितीयस्थितौ तस्यानुत्कीर्यमाणे ।। २१२ ।।**

सं० टी०—गुणश्रेणिनिर्जरार्थमुदयावलिबाह्यप्रथमसमयादारभ्य सर्वत्रापकृष्टद्रव्यं पल्यासंख्यातभागेन खण्डयित्वा बहुभागमन्तरायामं मुक्त्वा स्वस्वोपरितनद्वितीयस्थितौ निक्षिप्य शेषैकभागं पल्यासंख्यातैकभागेन खण्डयित्वा बहुभागं सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितौ गुणश्रेण्यायामे निक्षिप्य तदेकभागमुदयावल्यां निक्षिपति । एवमन्तरस्य द्वितीयादिफालिद्रव्यं दर्शनमोहत्रयसम्बन्धि प्रतिसमयमसंख्यातगुणितक्रमेण गृहीत्वा सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितावेव निक्षिपति । अन्तरे उपरि चापकृष्टद्रव्यमपि प्रतिसमयमसंख्यातगुणितक्रमेण गृहीत्वा सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितौ अन्तरस्योपरिस्वस्वद्वितीयस्थितौ चाग्रेऽतिस्थापनावलिं मुक्त्वा निक्षिपति ।। २१२ ।।

निक्षेपण विधिका विशेष विचार—

सं० चं०—इहाँ अन्तरकरणकालका प्रथमादि समयनिविषैं गुणश्रेणि निर्जराके अर्थि

---

१. अंतरट्ठिदीसु उक्कीरज्जमाणं पदेसग्गं बंधाभावेणविदियट्ठिदीए ण संछुहदि, सव्वमाणेदूण सम्मत्तस्स पढमट्ठिदीए णिक्खिवदि ।

२. सम्मत्तस्स विदियट्ठिदिपदेसग्गमोकड्डियूण अप्पणो पढमट्ठिदीए गुणसेढिसरूवेण णिक्खिवदि । एवं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं पि विदियट्ठिदिपदेसग्गमोकड्डियूण सम्मत्तपढमट्ठिदिम्मि गुणसेढीए णिक्खिवदि । सत्थाणे वि अधिच्छावणावलियं मोत्तूण समयाविरोहेण णिक्खिवदि । अप्पणो अंतरट्ठिदीसु ण णिक्खिवदि । जयध०, पु० १३, पृ० २०६ ।

उदयावलीतैं बाह्य निषेकनिका अपकर्षण कीया जो द्रव्य ताकौं पल्यका असंख्यातवाँ भागका भाग देइ बहुभाग तौ अन्तरायामकौं छांडि ताके उपरिवर्ती जो उपरितन द्वितीय स्थिति ताविषैं निक्षेपण करि अवशेष एक भागकौं पल्यका असंख्यातवाँ भागका भाग देइ बहुभागकौं सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिरूप इहाँ गुणश्रेणि आयाम ताविषैं निक्षेपण करै है। अवशेष एकभाग उदयावलीविषैं निक्षेपण करै है। ऐसैं अन्तर करनेका कालका प्रथम समयविषैं फालिद्रव्यका अर अपकृष्ट द्रव्यका निक्षेपण करिए है। तहाँ जिन निषेकनिका अन्तर कीजिए है तिनका द्रव्य अन्य निषेकनिविषैं अन्तर करनेका काल अन्तर्मुहूर्त है ताकरि निक्षेपण करिए है। तहाँ तिनिका द्रव्य तिस कालके प्रथम समयविषैं जेता निक्षेपण कीजिए सो प्रथम फालिका द्रव्य, दूसरे समय जेता निक्षेपण करिए सो दूसरी फालिका द्रव्य ऐसैं क्रमतैं अन्तसमयविषैं अवशेष रह्या तिनका द्रव्यकौं निक्षेपण करिए है सो अन्तफालिका द्रव्य जानना। बहुरि जो गुणश्रेणिके अर्थि अपकर्षण कीया द्रव्य सो अपकृष्ट द्रव्य कहिए है। सो प्रथम समय सम्बन्धी फालिद्रव्य वा अपकृष्ट द्रव्यतैं द्वितीयादि समय सम्बन्धी फालिद्रव्यका वा अपकृष्ट द्रव्यका प्रमाण समय-प्रति असंख्यातगुणा है। ताके निक्षेपण करनेका विधान जैसैं प्रथम समयविषैं कह्या तैसैं ही जानना ॥ २१२ ॥

विशेष—सम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्वका बन्ध नहीं होता, इसलिये अन्तरसम्बन्धी स्थितियोंमें से उत्कीरण किये जानेवाले प्रदेशपुंजको द्वितीय स्थिति ( अन्तरायामके ऊपरकी स्थिति )में निक्षिप्त न कर समस्त द्रव्यको सम्यक्त्वकी प्रथम स्थिति ( अन्तरायामसे नीचेकी स्थिति )में निक्षिप्त करता है। तथा सम्यक्त्वकी दूसरी स्थितिके प्रदेशपुंजको अपकर्षित कर अपनी प्रथम स्थितिमें गुणश्रेणिरूपसे निक्षिप्त करता है। इसी प्रकार मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी भी द्वितीय स्थितिके प्रदेशपुंजको अपकर्षित कर सम्यक्त्वकी प्रथम स्थितिमें गुणश्रेणिरूपसे निक्षिप्त करता है। तथा अभिस्थापनावलिको छोड़कर आगमके अनुसार निक्षिप्त करता है, अपनी अन्तरसम्बन्धी स्थितियोंमें निक्षिप्त नहीं करता यह उक्त गाथाका तात्पर्य है।

**सम्मत्तपयडिपढमट्ठिदीसु सरिसाण मिच्छमिस्साणं।**
**ठिदिदव्वं सम्मस्स य सरिसणिसेयम्हि संकमदि[1] ॥ २१३ ॥**

**सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितिषु सदृशानां मिथ्यमिश्राणाम्।**
**स्थितिद्रव्यं सम्यस्य च सदृशनिषेके संक्रामति ॥ २१३ ॥**

सं० टी०—मिथ्यात्वमिश्रयोरुदयावलिबाह्यान्तरायामे सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितिसदृशस्थितयो ये निषेकास्तानुत्कीर्य स्वसमानस्थितिषु सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितिनिषेकेष्वेव निक्षिपति न तेषां निक्षेपविभागोऽस्ति यदुपरिस्थितान्तरायामा निषेकाः फालिगताः सर्वेऽपि पूर्वोक्तविधानेनैव सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितौ गुणश्रेण्यामुदयावल्यां च विभज्य निक्षिप्तीत्यर्थः ॥ २१३ ॥

निक्षेपणके विषयमें विशेष खुलासा—

सं० चं०—मिथ्यात्व अर मिश्रमोहनीकी प्रथम स्थितिके ऊपरि जो अन्तरायामके निषेक सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिके समानवर्ती पर्यन्त पाइए है तिनिका द्रव्यकौं अपने अपने

---

१. समत्तपढमट्ठिदीए सरिसं होदूणुदयावलिबाहिरे जं ट्ठिदं मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्तपदेसग्गं तं सम्मत्तस्सुवरि समट्ठिदीए संकामेदि। जयध० पु० १३, पृ० २०६।

समानवर्ती जे सम्यक्त्वमोहनीके निषेक तिनविषैही निक्षेपण करै है। तहाँ द्रव्य देनेका विधान नाहीं है। भावार्थ ऐसा—जो मिथ्यात्व मिश्रमोहनीकी प्रथम स्थिति तो आवलीमात्र है अर सम्यक्त्वमोहनीकी अन्तर्मुहूर्तमात्र है ताकौं छोडि ऊपरिके निषेकनिका अन्तर करिए है। तहाँ मिथ्यात्व मिश्रमोहनीकी प्रथम स्थितिके ऊपरि जो अन्तरायामका पहिला निषेक था ताका द्रव्यकौं सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिविषै जो आवलीतैं ऊपरि पहिला निषेक है तीहिंविषैं निक्षेपण कीया। ऐसैं ही ताके अन्तरायामके दूसरा निषेकका द्रव्यकौं सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिविषैं आवलीतैं ऊपरि दूसरा निषेक है तीहिविषैं निक्षेपण कीया ऐसैं सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिका अन्तनिषेकके समान जो मिथ्यात्व मिश्रके अन्तरायामका निषेक तीहिं पर्यन्त जे निषेक तिनिका निक्षेपण अपने सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिके निषेकनिविषैं जानना तहाँ द्रव्य विभाग नाही है। बहुरि तिसके ऊपरि तीनों ही दर्शनमोहके अन्तरायामके निषेकनिका द्रव्य पूर्वोक्त प्रकार फालि रूपकरि सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिविषैं गुणश्रेणिविषैं उदयावली-विषैं विभाग करि निक्षेपण करिए है ॥ २१३ ॥

**जावंतरस्स दुचरिमफालिं पावे इमो कमो ताव ।**
**चरिमतिदंसणदव्वं छुहेदि सम्मस्स पढमम्हि[1] ॥ २१४ ॥**

**यावदन्तरस्य द्विचरमफालिं प्राप्नोति अयं क्रमस्तावत् ।**
**चरमत्रिदर्शनद्रव्यं क्षेपयति सम्यस्य प्रथमे ॥ २१४ ॥**

सं० टी०—एवं फालिद्रव्यस्यापकृष्टद्रव्यस्य च यावदन्तरद्विचरमफालिं प्राप्नोति तावदयमेव निक्षेप-क्रमः। पुनर्दर्शनमोहत्रयस्य चरमफालिद्रव्यं तत्रापकृष्टद्रव्यं च सर्वं सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितावेव निक्षिपति न पूर्ववदपकृष्टबहुभागस्य द्वितीयस्थितौ निक्षेपः कर्तव्य इति भावः ॥ २१४ ॥

फालिद्रव्योंकी निक्षेपण विधिका विचार—

सं० चं०—यावत् अन्तरकरणकालका द्विचरम समयवर्ती जो अन्तकी द्विचरम फालि सो प्राप्त होइ तहाँ फालि द्रव्य अर अपकृष्ट द्रव्य ताके निक्षेपण करनेका यहु ही पूर्वोक्त अनुक्रम जानना। बहुरि अन्तरकरणकालका अन्त समयसम्बन्धी जो दर्शनमोहत्रिककी अन्तफालिका द्रव्य है सो अर तहाँ अपकृष्ट द्रव्य सो भी सर्व सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थिति ही विषैं निक्षेपण करिए है। भावार्थ यहु—पूर्वै जैसैं अपकर्षण कीया द्रव्यविषैं बहुभाग उपरितन स्थितिविषैं देने कहे थे तैसैं इहां अपकर्षण कीया द्रव्यका बहुभाग द्वितीय स्थितिविषैं निक्षेपण न करना ॥ २१४ ॥

अथ दर्शनमोहगुणश्रेण्यवसानकथनार्थमिदमाह—

**बिदियट्ठिदिस्स दव्वं पढमट्ठिदिमेदि जाव आवलिया ।**
**पडिआवलिया चिट्ठदि सम्मत्तादिमठिदी ताव[2] ॥ २१५ ॥**

---

१. जाव अंतरदुचरिमफाली ताव एसो चेव कमो। चरिमफालीए णिवदमाणाए जहा पुव्वं मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणमंतरट्ठिदिदव्वमोकड्डणासंकमेण अइच्छावणावलियं मोत्तूण सत्थाणे वि देदि तहा संपहि ण संछुहदि। किंतु तेसिमंतरचरिमफालिदव्वं सम्मत्तपढमट्ठिदीए चेव गुणसेढीए णिक्खिवदि त्ति वत्तव्वं।

जयध० पु० १३, पृ० २०६।

२. बिदियट्ठिदिदव्वं पि ताव पढमट्ठिदीए आगच्छदि जाव आवलिय-पडिआवलियाओ सेसाओ

**द्वितीयस्थितेर्द्रव्यं प्रथमस्थितिमेति यावदावलिका।**
**प्रत्यावलिका तिष्ठति सम्यक्त्वादिमस्थितिः तावत् ॥ २१५ ॥**

सं० टी०—यावत्सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितिः आवलिप्रत्यावलिमात्रावशेषा भवति तावद्द्वितीयस्थिति-द्रव्यमपकर्षणवशेन प्रथमस्थितिमागच्छति तावत्पर्यन्तं दर्शनमोहस्य गुणश्रेणिः प्रवर्तते। सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथम-स्थितौद्वयावलिमात्रावशिष्टायां तस्य गुणश्रेणिर्नास्तीत्यर्थः। ज्ञानावरणादिशेषकर्मणां चारित्रपरिणामनिबन्धना गुणश्रेणी प्रवर्तते इति ग्राह्यम्। प्रथमस्थितेः समयाधिकावल्यवशेषपर्यन्तं सम्यक्त्वप्रकृतेरुदीरणा वर्तते। ततः सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितेश्चरमसमयेऽनिवृत्तिकरणकालः समाप्तो भवति। तदनन्तरमन्तरप्रथमसमये द्वितीयो-पशमसम्यग्दृष्टि भवति जीवः ॥ २१५ ॥

दर्शनमोहनीयसम्बन्धी गुणश्रेणिकी पर्यवसानविधि—

सं० चं०—सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिविषैं उदय आवली अर प्रति आवली ए दोय आवली अवशेष रहैं तहां पर्यन्त द्वितीय स्थितिका द्रव्यकौं अपकर्षणका वशतैं प्रथम स्थितिविषै निक्षेपण करिए है। तहां ही पर्यन्त दर्शनमोहकी गुणश्रेणि प्रवर्तै है। सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिविषैं दोय आवली अवशेष रहैं दर्शनमोहकी गुणश्रेणि नाहीं हो है, अन्य कर्मनिकी सकल-चारित्रसम्बन्धी गुणश्रेणि तहां भी प्रवर्तै है। बहुरि सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिविषैं एक समय अधिक आवली अवशेष रहै तहाँ पर्यन्त सम्यक्त्वमोहनीको उदीरणा प्रवर्तै है। ऊपरिके निषेकनिका द्रव्यकौं उदयावलीविषैं दीजिए है। बहुरि तिस प्रथम स्थितिका अन्तसमयविषैं अनि-वृत्तिकरणकाल समाप्त हो है ॥ २१५ ॥

अथ दर्शनमोहद्रव्यस्य संक्रमप्रतिपादनार्थमाह—

**सम्मादिठिदिज्झीणे मिच्छदव्वादु सम्मसंमिस्से।**
**गुणसंकमो ण णियमा विज्झादो संकमो होदि[1] ॥ २१६ ॥**

**सम्यगादिस्थितिक्षीणे मिथ्यद्रव्यात् सम्यसंमिश्रे।**
**गुणसंक्रमो न नियमात् विध्यातः संक्रमो भवति ॥ २१६ ॥**

सं० टी०—सम्यक्त्वप्रकृतिप्रथमस्थितौ निरवशेषं गलितायां संजातद्वितीयोपशमसम्यक्त्वस्य जीवस्य मिथ्यात्वद्रव्यात् गुणसंक्रमेण विना सूच्यंगुलासंख्यातभागमात्रविध्यातसंक्रमेण भक्तैकभागमात्रं द्रव्यं गृहीत्वा सम्यक्त्वसम्यग्मिथ्यात्वप्रकृत्योः प्रतिसमयं विशेषहीनक्रमेण निक्षिपति ॥ २१६ ॥

---

त्ति। तत्तो परमागाल-पडिआगालवोच्छेदो। तत्तो पाए सम्मत्तस्स गुणसेढिविण्णासो णत्थि। पडिआवलियादो चेव उदीरणा। आवलियाए समयाहियाए सेसाए सम्मत्तस्स जहण्णिया ट्ठिदिउदीरणा। तदा पढमट्ठिदीए चरिमसमये अणियट्टिकरणद्धा समत्ता। से काले पढमसम्मत्तमुप्पाइय सम्मइट्ठी जायदे।

जयध० पु० १३, पृ० २८९।

१. सम्मत्तस्स पढमट्ठिदोए झीणाए जं तं मिच्छत्तस्स पदेसग्गं सम्मत्तसम्मामिच्छत्तेसु गुणसंकमेण संकमदि जहा पढमदाए समत्तमुप्पाएंतस्स तहा एत्थ णत्थि गुणसंकमो, इमस्स विज्झादसंकमो चेव।

कसाय० चू०, जयध० पु० १३, पृ० २०७।

प्रकृतमें संक्रमसम्बन्धी ऊहापोह—

सं० चं०—सम्यक्त्वमोहनीकी प्रथम स्थितिका क्षय होतें ताके अनन्तरि अन्तरायामका प्रथम समय प्राप्त होइ तीहिंविषैं द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टी हो है। तहाँ गुणसंक्रमण तौ नियमतैं इहां है नाहीं तातैं मिथ्यात्वके द्रव्यकौं सूच्यंगुलका असंख्यातवाँ भागमात्र जो विध्यात संक्रमण भागहार ताका भाग देइ तहां एक भागमात्र मिथ्यात्वके द्रव्यकौं मिश्रसम्यक्त्वमोहनीविषैं निक्षेपण करै है। बहुरि तातै द्वितीयादि समयनिविषैं विशेष घटता क्रम लीएं निक्षेपण करै है॥ २१६॥

अथ द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टिविशुद्धेरेकान्तवृद्धिकालप्रमाणं दर्शयितुमिदमाह—

**सम्मत्तुप्पत्तीए गुणसंकमपूरणस्स कालादो।**
**संखेज्जगुणं कालं विसोहिवड्ढीहिं वड्ढदि हु[1]॥ २१७॥**

**सम्यक्त्वोत्पत्तौ गुणसंक्रमपूरणस्य कालात्।**
**संख्येयगुणं कालं विशुद्धिवृद्धिभिः बर्धते हि॥ २१७॥**

सं० टी०—प्रथमोपशमसम्यक्त्वोत्पत्तौ गुणसंक्रमपूरणकालो यावदन्तर्मुहूर्तमात्रः पूर्वं प्ररूपितः तत्संख्येयभागगुणं कालमयं द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टिः प्रतिसमयमनन्तगुणितक्रमेण विशुद्धया बर्धते। अयं च विशुद्धयेकान्तवृद्धिकालोऽन्तर्मुहूर्तमात्र एव॥ २१७॥

अन्तर्मुहूर्ततक निरन्तर विशुद्धिकी वृद्धिका निर्देश—

सं० चं०—प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिविषैं पूर्वै गुणसंक्रम पूरणकाल अन्तर्मुहूर्तमात्र कह्या था तातैं संख्यातगुणा काल पर्यन्त यहु द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टी प्रथम समयतैं लगाय समय समय प्रति अनन्तगुणी विशुद्धताकरि बधै है। ऐसैं इहां एकान्तविशुद्धताकी वृद्धिका काल अन्तर्मुहूर्तमात्र जानना॥ २१७॥

एकान्तवृद्धिकालात्परं तस्यामवस्थाविशेषं प्ररूपयितुमिदमाह—

**तेण परं हायदि वा वड्ढदि तव्वड्ढिदो विसुद्धीहिं।**
**उवसंतदंसणतियो होदि पमत्तापमत्तेसु[2]॥ २१८॥**

**तेन परं हीयते वा बर्धते तद्वृद्धितो विशुद्धिभिः।**
**उपशान्तदर्शनत्रिकः भवति प्रमत्ताप्रमत्तयोः॥ २१८॥**

सं० टी०—तस्मादेकान्तवृद्धिकालात्परं द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टिः संक्लेशपरिणामवशात् विशुद्धया हीयते वा संक्लेशहान्या विशुद्धया वर्धते वा अयं च व्यवस्थाया कियन्तमपि कालं हानिवृद्धिं विना अवस्थितो वा भवति। एवमुपशमितदर्शनमोहत्रयो जीवः संक्लेशविशुद्धिपरावृत्तिवशेन बहुवारं प्रमत्ताप्रमत्तगुणस्थानयोः परावर्तते॥ २१८॥

१. पढमदाए सम्मत्तमुप्पादयमाणस्स जो गुणसंकमेण पूरणकालो तदो संखेज्जगुणं कालमिमो उवसंतदंसणमोहणीओ विसोहीए वड्ढदि। वही, पृ० २०८।

२. तेण परं हायदि वा वड्ढदि वा अवट्ठायदि वा। तदो चेव वा ताव उवसंतदंसणमोहणिज्जो असाद-अरदि-सोग-अजसगित्तिआदीसु बंधपरावत्तिसहस्साणि कादूण। वही, पृ० २०८।

तदनन्तर विशुद्धिमें हानि-वृद्धिका निर्देश—

सं॰ चं॰—तिस एकान्त वृद्धिकालतैं पीछैं विशुद्धताकरि घटै वा बधै वा हानि वृद्धि विना जैसाका तैसा रहै किछू नियम नाहीं। ऐसैं उपशमाए हैं तीन दर्शनमोह जानैं ऐसा जीव बहुत बार प्रमत्त अप्रमत्तनिविषै उलटनिकरि प्राप्त हो है ॥ २१८ ॥

अथ द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टेरुपशमश्रेण्यारोहणावसरं प्रदर्शयितुमिदमाह—

**एवं पमत्तमियरपरावत्तिसहस्सयं तु कादूण।**
**इगवीसमोहणीयं उवसमदि ण अण्णपयडीसु[1] ॥ २१९ ॥**

**एवं प्रमत्तमितरं परावृत्तिसहस्रकं तु कृत्वा।**
**एकविंशमोहनीयं उपशमयति न अन्यप्रकृतीषु ॥ २१९ ॥**

सं॰ टी॰—एवं पूर्वोक्तप्रकारेणायं द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टिर्वा क्षायिकसम्यग्दृष्टिर्वा प्रमत्ताप्रमत्तपरावृत्तिसहस्राणि कृत्वा द्वादशकषायनवनोकषायभेदभिन्नमेकविंशतिप्रकृतिकं चारित्रमोहनीयमेवोपशमयितुमुपक्रमते नान्यकर्मप्रकृतीस्तासामुपशमकरणाभावात् ॥ २१९ ॥

तदनन्तर उपशमश्रेणिमें होनेवाले मुख्य कार्यका निर्देश—

सं॰ चं॰—ऐसैं अप्रमत्ततैं प्रमत्तविषै प्रमत्ततैं अप्रमत्तविषै हजारों बार पलटनिकरि अनन्तानुबन्धीचतुष्क विना अवशेष इकईस चारित्रमोहकी प्रकृतिके उपशमावनेका उद्यम करै है। अन्य प्रकृतिनिका उपशम होता नाहीं जातैं तिनकैं उपशम करना ही है ॥ २१९ ॥

विशेष—उक्त विधिसे यह जीव द्वितीयोपशमसम्यक्त्वको प्राप्त कर विशुद्धि और संक्लेशवश हजारों बार प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत गुणस्थानोंमें परावर्तन कर और क्रमशः सातिशय अप्रमत्तसंयत होकर उपशमश्रेणि पर आरोहण कर चारित्रमोहनीयकी अप्रत्याख्यातावरण चतुष्क आदि २१ प्रकृतियोंका उपशमन करता है। यहाँ अन्य प्रकृतियोंका उपशमन नहीं होता, क्योंकि मोहनीयकर्मके अतिरिक्त अन्य कर्मोंको तीन करणपूर्वक उपशमविधिका निषेध है। उसमें यह जीव सर्वप्रथम अधःकरणको प्राप्त करता है। इसके अन्तमें कार्यविशेष आदिको सूचित करनेवाली चार गाथाओंमें निर्दिष्ट सभी बातोंका खुलासा जयधवला पृ॰ २१४-२२२ में किया ही है सो उसे वहाँसे जान लेना चाहिये। यहाँ मुख्यतया उपशमश्रेणिमें होनेवाले उपयोग और वेदके विषयकें विषयमें विचार करना है। जयधवलामें उपयोगके प्रसंगसे दो उपदेशोंका निर्देश किया है। प्रथम उपदेशके अनुसार श्रुतज्ञानोपयोगी जीव उपशमश्रेणिपर चढ़ता है—यह बतलाया है तथा दूसरे उपदेशके अनुसार श्रुतज्ञान मतिज्ञान तथा चक्षु-अचक्षुदर्शनोपयोगवाला जीव उपशमश्रेणि पर चढ़ता है। किन्तु यह विवक्षाभेदसे कहा गया है। जैसे आगममें सामायिक और छेदोपस्थापना संयमको मिला कर कथन किया जाता है वैसे ही इन दोनों ज्ञानोंके विषयमें भी जानना चाहिये। इतना ही नहीं, आगममें श्रुतज्ञानपूर्वक श्रुतज्ञानके होने पर पिछले श्रुतज्ञानको उपचारसे मतिज्ञान भी स्वीकार किया गया है। इसलिये जिन आचार्योंने श्रुतज्ञानके अतिरिक्त मतिज्ञान तथा चक्षु-अचक्षु दर्शनोपयोगसे उपशम श्रेणिपर आरोहण करना स्वीकार किया है, सम्भवतः उन्होंने इसी तथ्यको ध्यानमें रखकर उक्त निर्देश किया होगा। इस सम्बन्धमें पहले हम जयधवलाके

१. तदो कसाए उवसामेदुं कच्चे अधापवत्तकरणस्स परिणामं परिणमइ। वही. पृ॰ २१०।

इसी प्रकरणमें लिख आये हैं, इसलिये वहाँसे जान लेना। अब रही वेदकी बात सो वस्तुतः वेद तो भावनिक्षेपका विषयभूत भाववेद एक ही प्रकारका है। और इसीलिये मूल सिद्धान्त ग्रन्थोंमें एक मात्र यही वेद स्वीकार किया गया है। लौकिक परिपाटीको ध्यानमें रख कर नाम साम्यकी दृष्टिसे उत्तर कालमें ही वेदके भाववेद और द्रव्यवेद ऐसे ही भेद स्वीकार कर लिये गये हैं।

एवं कृतपरिकरस्याप्रमत्तसंयतस्योपशमश्रेण्यारोहणे क्रियाविशेषविषयानधिकारानुद्देष्टुमिदमाह—

**तिकरणबंधोसरणं कमकरणं देसघादिकरणं च।**
**अंतरकरणं उवसमकरणं उवसामणे होंति॥ २२०॥**

**त्रिकरणं बंधापसरणं क्रमकरणं देशघातिकरणं च।**
**अन्तरकरणमुपशमकरणं उपशामने भवन्ति॥ २२०॥**

सं० टी०—चारित्रमोहोपशमने कर्तव्ये अधःप्रवृत्तकरणमपूर्वकरणमनिवृत्तिकरणं स्थितिबन्धापसरणं क्रमकरणं देशघातिकरणमन्तरकरणमुपशमकरणं चेत्यष्टाधिकारा भवन्ति। तेष्वधःप्रवृत्तकरणं सातिशयाप्रमत्तसंयतः कुरुते तत्करणस्य लक्षणं तत्र क्रियमाणकार्याणि च यथा प्रथमोपशमसम्यक्त्वाभिमुखसातिशयमिथ्यादृष्टेर्भणितानि तथैवात्रापि भणितव्यानि। अयं तु विशेषः—संयमयोग्यप्रकृतिबन्धोदयौ, अनन्तानुबन्धिचतुष्कनरकतिर्यगायुर्वर्जितसर्वप्रकृतिसत्त्वं चावसरे वक्तव्यम्॥ २२०॥

उपशमश्रेणिमें होनेवाले सभी कार्योंका निर्देश—

सं० चं०—अधःकरण १. अपूर्वकरण २. अनिवृत्तिकरण ३. ए तीन करण अर स्थितिबन्धापसरण ४. क्रमकरण ५. देशघातिकरण ६. अन्तरकरण ७. उपशमकरण ८. ऐसैं आठ अधिकार चारित्रमोहके उपशम विधानविषैं पाइए है। तहां अधःकरणकौं सातिशय अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती मुनि करै है। ताका लक्षण वा ताका कीया कार्य जैसे प्रथमोपशम सम्यक्त्वकौं सन्मुख होतैं कहे हैं तैसैं इहां भी जानना। विशेष इतना—इहाँ संयमीकैं सम्भवैं ऐसी प्रकृतिनिका बन्ध-उदय कहना। अर अनन्तानुबन्धीचतुष्क नरक तिर्यंच आयु विना अन्य प्रकृतिनिका सत्त्व कहना॥ २२०॥

अथापूर्वकरणकार्यविशेषप्रतिपादनार्थमिदं गाथाद्वयमाह—

**विदियकरणादिसमये उवसंततिदंसणे जहण्णेण।**
**पल्लस्स संखभागं उक्कस्स सायरपुधत्तं[1]॥ २२१॥**

**द्वितीयकरणादिसमये उपशान्तत्रिदर्शने जघन्येन।**
**पल्यस्य संख्यभागं उत्कृष्टं सागरपृथक्त्वम्॥ २२१॥**

सं० टी०—अपूर्वकरणस्य प्रथमसमये वर्तमानस्य द्वितीयोपशमसम्यग्दृष्टेर्जघन्यं स्थितिकाण्डकं पल्यसंख्यातभागमात्रं, उत्कृष्टं सागरोपमपृथक्त्वप्रमाणम्॥ २२१॥

---

१. एदेण उवसंतदंसणमोहणीयस्स कसायउवसामगस्स अपुव्वकरणपढमसमए ट्ठिदिखंडयपमाणं जहण्णेण पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो, उक्कस्सेण सागरोवमपुधत्तमेत्तमिदि अणुत्तं पि अवगम्मदे।
जयध० पु० १३, पृ० २२३।

अपूर्वकरणमें स्थितिकाण्डकका प्रमाण निर्देश—

सं० चं०—दूसरा अपूर्वकरणका प्रथम समयविषै द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टीकैं जघन्य स्थितिकाण्डक आयाम पल्यका संख्यातवाँ भागमात्र है। उत्कृष्ट पृथक्त्व सागरप्रमाण है ॥ २२१ ॥

**ठिदिखंडयं तु खइये वरावरं पल्लसंखभागो दु।**
**ठिदिबंधोसरणं पुण वरावरं तत्तियं होदि ॥ २२२ ॥**

**स्थितिखंडकं तु क्षायिके वरावरं पल्यसंख्यभागस्तु।**
**स्थितिबंधापसरणं पुनः वरावरं तावत्कं भवति ॥ २२२ ॥**

सं० टी०—तस्मिन्नेवापूर्वकरणप्रथमसमये वर्तमानस्य चारित्रमोहोपशमकस्य क्षायिकसम्यग्दृष्टेर्जघन्यमुत्कृष्टं च स्थितिकाण्डकं पल्यसंख्यातभागमात्रमेव तथापि जघन्यादुत्कृष्टं संख्यातगुणितं दर्शनमोहक्षपणकाले विशुद्धिविशेषेण कर्मस्थितेर्बहुशः खण्डितत्वात्, स्थित्यनुसारेण च काण्डकाल्पबहुत्वस्य न्याय्यत्वात्। स्थितिबन्धापसरणं पुनरुपशमसम्यग्दृष्टेः क्षायिकसम्यग्दृष्टेश्च पल्यसंख्यातभागमात्रमेव। तत्रापि जघन्यादुत्कृष्टं संख्यातगुणितमपि पल्यसंख्यातभागमात्रमेव ॥ २२२ ॥

क्षायिकसम्यग्दृष्टिकी अपेक्षा स्थितिकाण्डकका प्रमाण निर्देश—

सं० चं०—तहां ही अपूर्वकरणका प्रथम समयविषै क्षायिक सम्यग्दृष्टिकैं जघन्य वा उत्कृष्ट स्थिति कांडक आयाम पल्यके संख्यातवे भागमात्र है। जातैं दर्शनमोहकी क्षपणाका कालविषै बहुत स्थिति घटाई है। अर स्थितिके अनुसारि कांडक हो हैं तथापि जघन्य तैं उत्कृष्ट संख्यातगुणा है। बहुरि उपशम वा क्षायिक सम्यग्दृष्टीकैं स्थितिबंधापसरण पल्यका संख्यातवाँ भागमात्र है तथापि जघन्यतैं उत्कृष्ट संख्यातगुणा है ॥ २२२ ॥

अथानुभागकाण्डकादिनिर्देशार्थमिदमाह—

**असुहाणं रसखंडमणंतभागा ण खंडमियराणं।**
**अंतोकोडाकोडी सत्तं बंधं च तट्ठाणे[2] ॥ २२३ ॥**

**अशुभानां रसखंडमनंतभागा न खंडमितरेषाम्।**
**अन्तःकोटीकोटिः सत्त्वं बन्धश्च तत्स्थाने ॥ २२३ ॥**

सं० टी०—अशुभानां प्रकृतीनामनुभागस्यानन्तबहुभागमात्रमनुभागकाण्डकमपूर्वकरणप्रथमसमये प्रारभ्यते न पुनः शुभानां प्रकृतीनां, विशुद्धया शुभप्रकृत्यनुभागस्य खण्डनायोगात्। तत्र प्रथममादिनिषेकाणामनुभागविभागः किंचित्प्रदर्श्यते। तद्यथा—

आयुर्वर्जितसप्तकर्मणां मध्ये विवक्षितैककर्मणः सत्त्वद्रव्यमिदं स $\frac{a}{७}$। १२ – अस्मिन्नानागुणहानिगत-

---

१. जो खीणदंसणमोहणिज्जो कसायउवसामगो तस्स खीणदंसणमोहणिज्जस्स कसायउवसामणाए अपुव्वकरणे पढमट्ठिदिखंडयं णियमा पलिदोवणमस्स संखेज्जदिभागो।

कसाय० चू०, जयध० पु० १३, पृ० २२२।

२. असुभाणं कम्मणमणंता भागा अणुभागखंडयं। ट्ठिदिसंतकम्ममंतोकोडाकोडीए ट्ठिदिबंधो वि अंतोकोडाकोडीए। वही, पृ० २२४।

सर्वनिषेकेषु विभज्य दीयमाने 'साहियदिवड्ढगुणहाणिभाजिदे पढमा' इत्यायातं प्रथमनिषेकद्रव्यमिदं स ∂ । १२ — । अस्मिन्ननुभागविषयानन्तनानागुणहानिगतवर्गणासु विभज्य दीयमाने 'साहियदिवड्ढगुण-

।

७ । १२

हाणिभाजिदे पढमा' इत्यनन्तात्मकसाधिकद्व्यर्धगुणहान्या भक्ते आयातं प्रथमवर्गणाद्रव्यमिदं स ∂ । १२— ।

। ।

७ । १२ । ख ३

२

(४) जिन कर्मोंको मात्र बाँधता है, वेदता नहीं। जैसे परोदयकी विवक्षामें पुरुषवेद और अन्यतर संज्वलन। इनका केवल बन्ध होता है, उदय नहीं होता। उनकी अन्तर स्थितियोंमेंसे उत्कीर्ण होनेवाले प्रदेशपुंजको उत्कर्षण द्वारा अपनी द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त करता है तथा उदयवाली बन्धको प्राप्त होनेवाली प्रकृतियों की प्रथम और द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त करता है तथा जिनका उदय नहीं होता, किन्तु बन्ध होता है उनकी दूसरी स्थितिमें निक्षिप्त करता है।

अथान्तरकरणनिष्पत्त्यनन्तरसमये संभवक्रियाविशेषप्रदर्शनार्थं गाथाद्वयमाह—

सत्तकरणाणि यंतरकदपढमे होंति मोहणीयस्स।
इगिठाणियबंधुदओ ठिदिबंधो संखवस्सं च ॥ २४८ ॥
आणुपुव्वीसंकमण लोहस्स असंकमं च संढस्स।
पढमोवसामकरणं छावलितीदेसुदीरणदा[1] ॥ २४९ ॥

---

१. ताधे चेव मोहणीयस्स आणुपुव्वीसंकमो, लोभस्स असंकमो, मोहणीयस्स एकट्ठाणिओ बंधो, णवुंसयवेदस्स पढमसमयउवसामगो, छसु आवलियासु गदासु उदीरणा, मोहणीयस्स एगट्ठाणिओ उदओ, मोहणीयस्स संखेज्जवस्सट्ठिदिओ बंधो, एदाणि सत्तविहाणि करणाणि अन्तरकदपढमसमए होंति। वही पृ० २३३।

**सप्तकरणानि अन्तरकृतप्रथमे भवन्ति मोहनीयस्य ।**
**एकस्थानको बन्धोदयः स्थितिबन्धः संख्यवर्षं च ॥२४८॥**
**आनुपूर्वीसंक्रमणं लोभस्यासंक्रमं च षण्ढस्य ।**
**प्रथमोपशमकरणं षडावल्यतीतेषूदीरणता ॥२४९॥**

सं० टी०—अन्तरकृतस्य निष्ठितान्तरकरणस्य प्रथमे अनन्तरसमये सप्तकरणानि युगपदेव प्रारभ्यन्ते । तत्र पूर्वमन्तरसमाप्तिपर्यन्तं चारित्रमोहस्य द्विस्थानानुभागबन्धः प्रवृत्तः, इदानीं लतासमानैकस्थानानुभागबन्धस्तस्य प्रवर्तते इत्येकं करणम् । १ । तथा मोहनीयस्य द्विस्थानानुभागोदयः पूर्वमन्तरकरणचरमसमयपर्यन्तमायातः इदानीं पुनस्तस्य लतासमानैकस्थानानुभागोदय एवं प्रवर्तत इत्यपरं करणम् । २ । तथा पूर्वमन्तरकरणकालसमाप्तिपर्यन्तमसंख्येयवर्षमात्रो मोहस्य स्थितिबन्धः प्रवृत्तः, इदानीं पुनरपसरणमाहात्म्यात्संख्येयवर्षमात्रस्तस्य स्थितिबन्धः प्रारब्ध इत्यन्यत्करणम् । ३ । तथा पूर्वमन्तरकरणकालपरिसमाप्तिपर्यन्तं चारित्रमोहस्य नपुंसकवेदादिप्रकृतीनां यत्र तत्रापि द्रव्यसंक्रमः प्रवृत्त इदानीं पुनर्वक्ष्यमाण्यात्प्रतिनियतानुपूर्व्या तद्द्रव्यं संक्रामति । तद्यथा—

स्त्रीनपुंसकवेदप्रकृत्योर्द्रव्यं नियमेन पुंवेद एवं संक्रामति । पुंवेदहास्यादिषण्णोकषायाप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानक्रोधद्वयद्रव्यं नियमेन संज्वलनक्रोधे एव संक्रामति । सज्वलनक्रोधाप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानमानद्वयद्रव्यं नियमेन संज्वलनमाने एव संक्रामति । संज्वलनमानाप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानमायाद्वयद्रव्यं नियमेन संज्वलनमायाद्रव्ये एव संक्रामति । संज्वलनमायाप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानलोभद्वयद्रव्यं संज्वलनलोभे एव नियमतः संक्रामति इत्यानुपूर्व्या संक्रमो नामैकं करणम् । ४ । तथा पूर्वमन्तरकरणसमाप्तिपर्यन्तं संज्वलनलोभस्य शेषसंज्वलनपुंवेदेषु यथासंभवं संक्रमः प्रवृत्तः, इदानीं पुनः संज्वलनलोभस्य कुत्रापि संक्रमो नास्त्येवेत्यपरं करणम् । ५ । तथा इदानीं प्रथमं नपुंसकवेदस्यैवोपशमनक्रिया प्रारभ्यते तदुपशमनानन्तरमेवेतरप्रकृतीनामुपशमनविधानात् इत्येतदेकं करणम् । ६ । तथा पूर्वमन्तरकरणसमाप्तिपर्यन्तं प्रतिसमयबध्यमानसमयप्रबद्धो अचलावल्यतिक्रमे उदीरयितुं शक्यः प्रवृत्तः इदानीं पुनर्बध्यमानानां मोहस्य वा ज्ञानावरणादिकर्मणां वा समयप्रबद्धो बन्धप्रथमसमयादारभ्य षट्स्वावलीषु गतास्वेवोदीरयितुं शक्यो नैकसमयोनास्वपीत्यन्यत्करणम् । ७ । अधुनातननूतनबन्धस्य तथाविधस्वभावसंभवात् ॥२४८–२४९॥

स० चं०—अन्तर कीए पीछैं ताके अनंतरि प्रथम समयविषै सात करणनिका युगपत् प्रारम्भ हो है। तहाँ पूर्वैं अन्तर करनेकी समाप्ति पर्यंत मोहका दारुलता समान द्विस्थानगत बंध अर उदय था अर अब लता समान एक स्थानगत बंध उदय होने लागे सो दोय करण तौ ए भए। बहुरि पूर्वै मोहका स्थितिबंध असंख्यात वर्षका होता था अब संख्यात वर्षमात्र होने लगा सो एक करण यहु भया। बहुरि पूर्वैं चारित्रमोहका परस्पर प्रकृतिनिका जहाँ तहाँ संक्रमण होता था अब आनुपूर्वी संक्रमण होने लगा सो इसविषै ऐसा नियम भया—जो स्त्री नपुंसक वेदका तौ पुरुष वेद ही विषै अर पुरुषवेद छह हास्यादिक अप्रत्याख्यान प्रत्याख्यान क्रोधका संज्वलन क्रोध ही विषै अर संज्वलन क्रोध अप्रत्याख्यान प्रत्याख्यान मानका संज्वलन मान ही विषै अर संज्वलन मान अप्रत्याख्यान प्रत्याख्यान मायाका संज्वलन माया ही विषै अर संज्वलन माया अप्रत्याख्यान प्रत्याख्यान लोभका संज्वलन लोभ ही विषै संक्रमण हो है अन्यथा न होइ सो एक करण यहु भया। बहुरि पूर्वैं संज्वलन लोभका संज्वलन क्रोधादिविषै वा पुरुषवेदविषै संक्रमण होता था अब याका संक्रमण कहीं न होइ सो एक करण यहु भया। बहुरि अब नपुंसक वेदको उपशम-

क्रियाका प्रारम्भ भया सो एक करण यहु भया। बहुरि पूर्वे बन्ध भएँ पीछैं एक आवली काल व्यतीत भएँ उदीरणा करनेकी समर्थता थी अब जो बन्ध हो है ताकी बंध समयतैं छह आवली व्यतीत भएँ ही उदीरणा करनेकी समर्थता हो है। सो एक करण यहु भया ॥२४८-२४९॥

विशेष—यह जीव अन्तरकरण समाप्तिके कालसे ले कर जो सात करण प्रारम्भ करता है उनका खुलासा इस प्रकार है। (१) उनमेंसे प्रथम करण मोहनीयकर्मका आनुपूर्वीसंक्रम है। खुलासा इस प्रकार है—स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके प्रदेशपुंजको यहाँसे लेकर पुरुषवेदमें संक्रमित करता है। पुरुषवेद, छह नोकषाय तथा प्रत्याख्यानावरण और अप्रत्याख्यानावरणक्रोधको क्रोध संज्वलनमें संक्रमित करता है, अन्य किसीमें नहीं। क्रोध संज्वलन, और दोनों प्रकारके मानको मान संज्वलनमें, मान संज्वलन और दोनों प्रकारकी मायाको मायासंज्वलनमें तथा माया संज्वलन और दोनों प्रकारके लोभको लोभसंज्वलनमें संक्रमित करता है। यह आनुपूर्वी संक्रम है।

(२) लोभका असंक्रम यह दूसरा करण है। अन्तरकरणके बाद लोभ संज्वलनका संक्रम नहीं होता यह इसका तात्पर्य है।

(३) मोहनीयका एक स्थानीय बन्ध होता है यह तीसरा करण है। यद्यपि इससे पूर्व मोहनीयका द्विस्थानीय बन्ध होता था। किन्तु अन्तरकरणके बाद वह एक स्थानीय होने लगता है।

(४) नपुंसकवेदका प्रथम समय उपशामक यह चौथा करण है, क्योंकि प्रथम ही आयुक्त करणके द्वारा नपुंसकवेदकी यहाँसे उपशमन क्रिया प्रारम्भ हो जाती है।

(५) छह आवलियोंके जानेपर उदीरणा यह पाँचवाँ करण है। साधारणतः बन्धावलिके बाद उदीरणा होने लगती है। परन्तु यहाँ पर उसके विरुद्ध यह कहा गया है कि छह आवलियोंके जानेपर उदीरणा होती है सो ऐसा स्वभाव ही है। वैसे कल्पित उदाहरण द्वारा कषाय प्राभृत चूर्णिमें इसे स्पष्ट किया गया है। परन्तु वह उदाहरण मात्र समझानेके लिये ही दिया गया है तो उसे जयधवला पृ० २६७ आदिसे जान लेना चाहिये।

(६) मोहनीयकर्मका एकस्थानीय उदय होने लगता है। इसका तात्पर्य यह है कि अन्तरकरणके पहले मोहनीयका जो देशघाति द्विस्थानीय उदय होता रहा वह अन्तरकरणके बाद एक स्थानीय होने लगता है।

(७) अन्तरकरणके बाद मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध संख्यात वर्ष-प्रमाण होने लगता है यह सातवाँ करण है। आशय यह है कि अन्तरकरणके पहले मोहनीयका असंख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध होता था, वह अन्तरकरणके बाद घटकर संख्यात वर्षप्रमाण हो जाता है जो उत्तरोत्तर घटकर दसवें गुणस्थानके अन्तिम समयमें अन्तर्मुहूर्तमात्र रह जाता है। इतना विशेष समझना चाहिये कि अन्तरकरणके बाद शेष कर्मोंका स्थितिबन्ध असंख्यात वर्ष प्रमाण होनेमें कोई बाधा नहीं है।

इस प्रकार ये सात करण हैं जो अन्तरकरणके बाद नियमसे होते हैं।

अथ चारित्रमोहोपशमनप्रक्रमप्रदर्शनार्थमिदमाह—

**अंतरपढमादु कम्मे एक्केक्कं मत्त चदुसु तिय पयडिं।**
**समगुच सामदि णवकं समऊणावलिदुगं वज्जं ॥ २५० ॥**

**अन्तरप्रथमात् क्रमेण एकैकं सप्त चतुर्षु त्रयीं प्रकृतिम्।**
**समुच्य शमयति नवकं समयोनावलिद्विकं वर्ज्यम् ॥ १५० ॥**

सं० टी०—अन्तरकरणसमाप्त्यनन्तरसमयादारभ्य क्रमेणान्तर्मुहूर्तेनान्तर्मुहूर्तेन कालेन एकामेकां सप्त चतुर्ष्वन्तर्मुहूर्तेषु त्रयीं त्रयीं प्रकृतिं समयोनद्वयावलिमात्रनवकबन्धसमयप्रबद्धान् वर्जयित्वाऽयमनिवृत्तिकरण-विशुद्धसंयत उपशमयति कषायत्रयं वा परेणान्तर्मुहूर्तेन युगपदुपशमयतीति विशेषो ग्राह्यः। ता एवोपशम्य-मानाः प्रकृतीरुद्दिशति ॥२५०॥

स० चं०—अन्तर कीएँ पीछैं प्रथम समयतैं लगाय क्रमतैं एक एक अन्तर्मुहूर्तकाल करि तौ एक एक सात प्रकृतिनिकौं अर च्यारि अन्तर्मुहूर्तविषै क्रमतैं तीन-तीन प्रकृतिनिकौं उपशमावै है। तहाँ समय घाटि दोय आवलीमात्र नवक समयप्रबद्धकौं नाही उपशमावै है सो याका स्वरूप आगै कहेंगे सो जानना ॥२५०॥

**एय णउंसयवेदं इत्थीवेदं तहेव एयं च।**
**सत्तेव णोकसाया कोहादितियं तु पयडीओ[1] ॥ २५१ ॥**

**एको नपुंसकवेदः स्त्रीवेदः तथैव एकः च।**
**सप्तैव नोकषायाः क्रोधादित्रयं तु प्रकृतयः ॥ २५१ ॥**

सं० टी०—एको नपुंसकवेदस्तथैवैकः स्त्रीवेदः सप्त नोकषाया हास्यादयः षट् पुंवेदश्चेति क्रोधत्रयं मानत्रयं मायात्रयं लोभत्रयं चेत्युपशम्यमानाः प्रकृतयः क्रमेण ज्ञातव्याः ॥२५१॥

स० चं०—एक नपुंसक वेद एक स्त्रीवेद तैसैं ही सात नोकषाय अर तीन क्रोध तीन मान तीन माया तीन लोभ ऐसैं क्रमतैं उपशम होनेरूप इकईस प्रकृति हैं ॥२५१॥

**विशेष**—अन्तरकरणके पश्चात् मोहनीय कर्मकी शेष २१ प्रकृतियोंका किस क्रमसे और कितने कालमें उपशमन अर्थात् सर्वोपशमन करता है इस तथ्यका इस गाथामें निर्देश किया गया है। विशेष स्पष्टीकरण आचार्य स्वयं आगे करेंगे ही।

---

१. अंतरादो पढमसमयकदादो पाए णवुंसयवेदस्स आउत्तकरणउवसामओ णवुंसयवेदे उवसंते से काले इत्थिवेदस्स उवसामगो। इत्थिवेदे उवसंते से काले से काले सत्तण्हं णोकसायाणं उवसामगो। पढम-समयअवेदो तिविहं कोहमुवसामेइ। जाधे कोधस्स बंधोदया वोच्छिण्णा ताधे पाए माणस्स तिविहस्स उवसा-मगो। ताधे पाये तिविहाए मायाए उवसामगो। ताधे चेव जाओ दो आवलियाओ समयूणाओ एत्तियमेत्ता लोहसंजलणस्स समयपबद्धा अणुवसंता। किट्टीओ सव्वाओ चेव अणुवसंताओ, तव्वदिरित्तं लोहसंजलणस्स पदेसग्गं उवसंतं। दुविहो लोहो सव्वो चेव उवसंतो णवकबंधुच्छिट्ठावलियवज्जं। क० चू०, जयध० पु० १३, पृ० २७२ से ३१८।

अथ प्रथमोद्दिष्टस्य नपुंसकवेदस्योपशमनविधानं प्रदर्शयितुमिदमाह—

**अंतरकदपढमादो पडिसमयमसंखगुणविहाणकमे-**
**णुवसामेदि हु संढं उवसंतं जाण ण च अण्णं ॥ २५२ ॥**

**अन्तरकृतप्रथमतः प्रतिसमयमसंख्यगुणविधानक्रमे- ।**
**णोपशाम्यति हि षण्ढं उपशान्तं जानीहि न चान्यम् ॥ २५२ ॥**

सं० टी०—अन्तरनिष्ठापनानन्तरसमयात्प्रभृति प्रतिसमयमसंख्यातगुणितक्रमेण नपुंसकवेदद्रव्यं गुणसंक्रमभागहारासंख्यातभागेन खण्डयित्वा एकं खण्डमुपशमयति यावन्नपुंसकवेदोपशमसमाप्तिर्भवति तावदन्तर्मुहूर्तकालपर्यन्तं कामप्यन्यां प्रकृतिं नोपशमयति । कर्मणः प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशानामुदीरणाशतैरप्युदयायोग्यतया सदवस्थाकारणमुपशमनं सर्वत्र ज्ञेयम् । तत्र नपुंसकवेदस्य प्रथमसमये उपशमनफालिद्रव्यमिदं स a । १२– । ४२ / ७ । १० । ४८ । गु a

द्वितीयसमये ततोऽसंख्येयगुणमुपशमनफालिद्रव्यमिदं स a । १२– । ४२ / ७ । १० । ४८ । गु a a । तृतीयसमये ततोऽसंख्येयगुणमुपशमनफालिद्रव्यमिदं स a । १२– । ४२ / ७ । १० । ४८ गु a a a । एवमन्तर्मुहूर्तमात्रोपशमनकालचरमसमयमसंख्यातगुणितक्रमेण नपुंसकवेदमुपशमयतीत्यर्थः ॥२५३॥

नपुंसकवेदके उपशमनाविधिका निर्देश—

स० चं०—अन्तर करनेके अनंतरि प्रथम समयतैं लगाय समय समय प्रति नपुंसकवेदका उपशम हो है। तहाँ नपुंसकवेदके द्रव्यकौं गुणसंक्रम भागहारका असंख्यातवां भागमात्रभागहारका भाग देइ तहाँ एक भागमात्र द्रव्यकौं प्रथम समयविषै उपशमावै है। ऐसें नपुंसकवेदका उपशम कालकी समाप्ति पर्यन्त असंख्यातगुणा क्रम लीएं द्रव्य उपशमावै है। सो समय समय प्रति जो द्रव्य उपशमाया ताहीका नाम उपशमन फालिका द्रव्य जानना ॥२५२॥

विशेष—नपुंसकवेदका उपशम करते समय विवक्षित प्रकृतियोंकी उदय उदीरणा होती रहती है। जैसे जो जीव क्रोध संज्वलन और पुरुषवेदके उदयमें श्रेणि आरोहण करता है उसके इन दो प्रकृतियोंकी उदय और उदीरणा होती है। अन्य वेद और कोई एक कषायके उदयसे श्रेणिपर चढ़नेवालेके उनकी उदय-उदीरणा होती है। गाथा २५३ में इष्टकी उदय-उदीरणा होती है उसका यही आशय है। तथा नपुंसकवेदको उपशमाते समय जो उसका अन्य प्रकृतियोंमें संक्रम होता है वह गुणसंक्रम होनेसे प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणे कर्म पुंजका संक्रम होता है। और प्रति समय संक्रमको प्राप्त होनेवाले कर्मपुञ्जसे असंख्यातगुणे कर्मपुञ्जको उपशमाता है। जब नपुंसकवेदका उपशम करता है तब शेष कर्मोंकी उपशम क्रिया नहीं होती।

१. सेसाणं कम्माणं ण किंचि उवसामेदि । जं पढमसमये पदेसग्गमुवसामेदि तं थोवं । जं विदियसमये उवसामेदि तमसंखेज्जगुणं । एवमसंखेज्जगुणाए सेढीए उवसामेदि जाव उवसंतं । वही पृ० २७२-२७३ ।

अथोदीरणादिद्रव्याल्पबहुत्वप्रदर्शनार्थमिदमाह—

**संढादिमउवसमगे इट्ठस्स उदीरणा य उदओ य।**
**संढादो संकमिदं उवसमियमसंखगुणियकमा[1] ॥ २५३ ॥**

**षण्ढादिमोपशामके इष्टस्योदीरणा च उदयश्च।**
**षण्ढात् संक्रमितमुपशमितमसंख्यगुणितक्रमः ॥ २५३ ॥**

सं० टी०—नपुंसकवेदोपशमकस्य प्रथमसमये विवक्षितस्योदयप्राप्तस्य पुंवेदस्योदीरणा द्रव्यमिदं—स ∂ । १२– । २ / ७ १० । ४८ । ओ प प / ∂∂∂ तत्कालापकृष्टस्य पल्यासंख्यातैकभागेन भक्तस्य बहुभागमुपरितनस्थितौ दत्वा तदेकभागं पुनः पल्यासंख्यातभागेन खण्डयित्वा बहुभागं गुणश्रेण्यां निक्षिप्य तदेकभागस्यैवोदयनिक्षेपणात्। तस्मादुदीरणाद्रव्यात्तदात्वे पुंवेदस्यैवोदयमानं द्रव्यमसंख्यातगुणं स ∂ । १२– । २ / ७ । १० । ४८ । ओ प ८५ / ∂∂ गुणश्रेण्यां प्राग्निक्षिप्तपल्यासंख्यातबहुभागमात्रत्वात्। तस्मादुदयद्रव्यान्नपुंसकवेदस्य संक्रमणद्रव्यमसंख्यातगुणं स ∂ । १२– । ४२ / ७ । १० । ४८ गु तद्भागहारादसंख्यातगुणहीनेन गुणसंक्रमभागहारेण खण्डितैकभागमात्रत्वात् तदात्वे नपुंसकवेदस्योपशमनफालिद्रव्यमसंख्यातगुणं—स ∂ । १२– । ४२ / ७ । १० । ४८ । गु / ∂ तद्भागहारादसंख्यातगुणहीनेन भागहारेण खण्डितैकभागमात्रत्वात्। एवं द्वितीयादिसमयेषु चरमसमयपर्यन्तेषूदीरणाद्रव्यचतुष्टयाल्पबहुत्वं नेतव्यम् ॥२५३॥

उदीरणादिरूप द्रव्यके अल्पबहुत्वका निर्देश—

स० चं०—नपुंसकवेदके उपशमकका प्रथम समयविषै विवक्षित उदयकौं प्राप्त भया जो पुरुषवेद ताका सर्व द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहां एक भागकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ बहुभाग उपरितन स्थितिविषै दीया। अवशेष एक भागकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ बहुभाग गुणश्रेणिविषै, एक भाग उदयावलीविषै दीया सो उदयावलीविषै जो दीया सो यहु उदीरणा द्रव्य जेता है तातैं तिसही पुरुषवेदका उदय द्रव्य असंख्यातगुणा है। जातैं पूर्वै गुणश्रेणिका द्रव्य इस निषेकनिविषै दीया था सो पल्यका असंख्यातवाँ भागका भाग दीएँ बहुभागमात्र है। बहुरि तिसतैं नपुंसकवेदका द्रव्य संक्रमण करि पुरुष वेदरूप भया सो असंख्यातगुणा है, जातें तिस भागहारतैं गुणसंक्रम भागहारका प्रमाण असंख्यातगुणा घटता है। बहुरि तातैं नपुंसकवेदको उपशम फालिका द्रव्य असंख्यातगुणा है, जातै तहाँ भागहार तिस भागहारके असंख्यातवें भागमात्र है। ऐसैं ही द्वितीयादि समयनिविषै भी अल्पबहुत्व जानना ॥२५३॥

---

१. णवुंसयवेदस्स पढमसमयउवसाभगस्स जस्स वा तस्स वा कम्मस्स पदेसग्गस्स उदीरणा। उदयो असंखेज्जगुणो। णवुंसयवेदस्स पदेसग्गमण्णपयडिसंकमिज्जमाणयमसंखेज्जगुणं। उवसामिज्जमाणयमसंखेज्जगुणं। एवं जाव चरिमसमय उवसंते त्ति। वही पृ० २७२ से २७४।

अस्मिन्नवसरे स्थितिखण्डादिसंभवासंभवप्रदर्शनार्थं गाथाद्वयमाह—

**अंतरकरणादुवरिं ठिदिरसखंडाण मोहणीयस्स ।**
**ठिदिबंधोसरणं पुण संखेज्जगुणेण हीणकमं[1] ।। २५४ ।।**

**अन्तरकरणादुपरि स्थितिरसखण्डानां मोहनीयस्य ।**
**स्थितिबंधापसरणं पुनः संख्यगुणेन हीनक्रमं ।। २५४ ।।**

सं० टी०—अन्तरकरणस्योपरि नपुंसकवेदोपशमनप्रथमसमयादारभ्य मोहनीयस्य स्थितिखण्डनमनुभागखण्डनं च नास्ति उपशम्यमानकर्मस्थितेः काण्डकघातो नास्तीति परमगुरूपदेशात् । तर्ह्यनुपशम्यमानमोहप्रकृतीनां स्थितिकाण्डकघातो भवेदिति नाशङ्कितव्यं उपशमनकाले मोहप्रकृतीनां सर्वासामपि स्थितिः सदृश्येवेति च परमागमसम्प्रदायस्य परमगुरुपर्वं क्रमायातस्य सद्भावात् स्थित्यनुसारित्वादनुभागस्यापि खण्डनं बिना तादृगवस्थं सिद्धमेव । मोहनीयस्य स्थितिबंधापसरणं पुनः संख्यातगुणहीनक्रमेण वर्तते । अंतरकरणसमाप्त्यनन्तरं संख्यातसहस्रवर्षमात्रस्थितिबन्धसंभवात् तदनुसारेण स्थितिबन्धापसरणस्य तत्संख्यातबहुभागमात्रस्थितिबन्धं प्रति संख्यातगुणहीनत्वोपपत्तेः ।। २५४ ।।

स्थितिकाण्डकघातादिमें क्या सम्भव है, क्या नहीं इसका निर्देश—

स० चं०—अन्तरकरणतैं उपरि नपुंसकवेद उपशमावनेका प्रथम समयतैं लगाय मोहनीयका स्थितिकांडकघात अर अनुभागकांडकघात नाहीं है जातैं उपशमरूप होती जो कर्मकी स्थिति ताकैं कांडकघात न हो है । इहाँ कोऊ कहैगा कि—उपशमरूप न होतीं नपुंसकवेद बिना अन्य प्रकृतिनिका तौ कांडकघात होता होयगा सो न हो है जातैं इहाँ सर्व मोह प्रकृतिनिकी स्थिति समान है अर स्थिति अनुसारि अनुभागका भी कांडकघात बिना अवस्थितपना ही है । बहुरि मोहनीयका स्थितिबंधापसरणका आयाम संख्यातगुणा घटता क्रम लीए वर्तै है ।।२५४।।

विशेष—अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न होनेके बाद मोहनीयकी किसी भी प्रकृतिका स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डक घात नहीं होता । इसका विशेष स्पष्टीकरण करते हुए जयधवलामें जो कुछ लिखा है उसका भाव यह है कि यदि अन्तरकरण क्रिया होनेके बाद नपुंसकवेद या चारित्रमोहसम्बन्धी अन्य प्रकृतिका स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात स्वीकार किया जाय तो उस-उस प्रकृतिकी उपशमानेकी क्रिया सम्पन्न होनेके पूर्व उस प्रकृतिके जिन प्रदेशपुंजोंको नहीं उपशमाया गया है उसके साथ जो प्रदेशपुंज उपशमाये जा चुके हैं उनके भी स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघातका प्रसंग प्राप्त होता है । किन्तु उपशमाये गये प्रदेश पुंजका न तो स्थितिकाण्डकघात ही सम्भव है और न अनुभागकाण्डकघात ही सम्भव है, क्योंकि उनका प्रशस्त उपशामना द्वारा उपशम हुआ है । (२) उक्त तथ्यके समर्थनमें दूसरा तर्क यह दिया गया है कि यदि उपशमाई जानेवाली प्रकृतिको छोड़ कर उस समय नहीं उपशमायी जानेवाली मोह प्रकृतियोंका स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात स्वीकार किया जाता है तो उपशमश्रेणिमें बारह कषाय और नौ नोकषायोंकी स्थितियोंमें विषमता हो जायगी जो युक्त नहीं है, क्योंकि इन कर्मोंकी उपशान्त अवस्थामें स्थिति सदृश रहती है ऐसा गुरु परम्परासे उपदेश चला आ रहा है । (३) साथ ही आगम प्रमाणसे भी इसका समर्थन करते हुए लिखा है

१. जाधे पाए मोहणीयस्स बंधो संखेज्जवस्सट्ठिदिगो जादो ताधे पाए ट्ठिदिबंधे पुण्णे-पुण्णे संखेज्जगुणहीणो ट्ठिदिबंधो । वही पृ० २७५ ।

कि माया वेदकके कार्योंका उल्लेख करते हुए जो चूर्णिसूत्र आये हैं उनमें जहाँ मोहनीय कर्मको छोड़ कर शेष कर्मों का स्थितिबन्धके साथ स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात स्वीकार किया है वहाँ माया संज्वलन और लोभ संज्वलनका मात्र स्थितिबन्ध तो स्वीकार किया है पर स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात नहीं स्वीकार किया है। इस प्रकार उक्त तर्क और प्रमाणसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न होनेके बाद मोहनीयकी किसी भी प्रकृतिका स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात नहीं होता।

**जत्तो पाये होदि हु ठिदिबंघो संखवस्समेत्तं तु ।**
**तत्तो संखगुणूणं बंधोसरणं तु पयडीणं ॥ २५५ ॥**

**यतः प्रायेण भवति हि स्थितिबन्धः संख्यवर्षमात्रः तु ।**
**ततः संख्यगुणोनं बन्धापसरणं तु प्रकृतीनाम् ॥ २५५ ॥**

सं० टी०—यतः कारणात्संख्यातसहस्रवर्षमात्रः स्थितिबन्धः प्रायेण भवति ततः कारणात् संख्यातगुणोनं स्थितिबन्धापसरणं वध्यमानप्रकृतीनां भवतीति सूत्रोक्तत्वात्—

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थितिबन्धः | व १ ० ० ० १ | व ० ० ० १ | व १ ० ० ० १ |
| | | ५ | ५५ |
| स्थितिबन्धाप- | व १ ० ० ० १ ४ | व १ ० ० ० १ ४ | व १ ० ० ० १ ४ |
| सरणप्रमाणं | ५ | ५ । ५ | ५ । ५ । ५ |

मोहनीयवर्ज्यानांज्ञानावरणादिशेषकर्मणांस्थितिबन्धः अन्तरकरणचरमसमयस्थितिबन्धादसंख्यातगुणहीनःपल्यासंख्यातबहुभागमात्रस्यापसरणात् । तत्र तीसियानां स्थितिबन्धः पल्यासंख्यातैकभागमात्रोऽपि सर्वतः स्तोकः प अस्मादसंख्येयगुणो वीसियानां स्थितिबन्धः प अस्मादर्धेनाधिको वेदनीयस्य स्थितिबन्धः
aa a
प ३ ॥ २५५ ॥
a २

स० चं०—जातैं इहां मोहका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षमात्र हो है तातैं पूर्व स्थितिबन्धापसरणतैं इहां स्थिति बन्धापसरण संख्यातगुणा घटता सम्भवै है। बहुरि ज्ञानावरणादिकनिका स्थितिबन्ध अंतर करनेका अंत समयसम्बन्धी स्थितिबन्धतैं असंख्यातगुणा घटता है जातैं इनके स्थितिबंधापसरणका प्रमाण पल्यकौं असंख्यातका भाग दीएं बहुभागमात्र है। तहां तीसीयनिका स्थितिबंध पल्यका असंख्यातवां भागमात्र है। औरनितैं स्तोक है। तातैं असंख्यातगुणा वीसीयनिका है। तातैं ड्योढ़ा वेदनीयका है॥ २५५ ॥

अथोपरि भविष्यत्स्थितिबन्धापसरणप्रमाणावधारणार्थमाह—

**वस्साणं बत्तीसादुवरिं अंतोमुहुत्तपरिमाणं ।**
**ठिदिबंधाणोसरणं अवरट्ठिदिबंधणं जाव[1] ॥ २५६ ॥**

---

१. तस्समए पुरिसवेदस्स ठिदिबंधो सोलसवस्साणि । संजलणाणं ठिदिबंधो बत्तीसवस्साणि । सेसाणं पुण कम्माणं ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । वही पृ० २८९ ।

**वर्षाणां द्वात्रिंशदुपरि अन्तर्मुहूर्तपरिमाणम् ।**
**स्थितिबन्धानामपसरणमवरस्थितिबन्धनं यावत् ॥ २५६ ॥**

सं० टी०—द्वात्रिंशद्वर्षमात्रस्थितिबन्धस्योपरि अन्तर्मुहूर्तपरिमाणं स्थितिबन्धापसरणं सर्वजघन्यस्थितिबन्धपर्यंतं भवतीति ज्ञातव्यम् ॥ २५६ ॥

आगे स्थितिबन्धापसरणके प्रमाणका निर्देश—

स चं—बत्तीस वर्षका स्थितिबंध जहां होइ तहांतैं लगाय जहां जघन्य स्थितिबंध होइ तहां पर्यंत तिस बंधापसरणका प्रमाण अंतर्मुहूर्तमात्र जानना ॥ २५६ ॥

अथ स्थितिबन्धापसरणविषयनिर्देशार्थमिदमाह—

**ठिदिबंधाणोसरणं एयं समयप्पबद्धमहिकिच्चा ।**
**उत्तं णाणादो पुण ण च उत्तं अणुववत्तीदो[1] ॥ २५७ ॥**

**स्थितिबन्धानामपसरणमेकं समयप्रबद्धमधिकृत्य ।**
**उक्तं नानातः पुनः न च उक्तमनुपपत्तितः ॥ २५७ ॥**

सं० टी०—विवक्षितापसरणेनापसृत्य विवक्षितबन्धप्रथमसमये बध्यमानमेकं समयप्रबद्धमधिकृत्य विवक्षितं स्थितिबन्धापसरणमुक्तं न पुनरन्तर्मुहूर्तकाले द्वितीयादिसमयेषु बध्यमानसमयप्रबद्धानां प्रत्येकं स्थितिबन्धापसरणमन्तर्मुहूर्तकालपर्यन्तं समस्थितिबन्धाभ्युपगमने नानासमयप्रबद्धानधिकृत्य स्थितिबन्धपसरणानुपपत्तेः । अनेनान्तर्मुहूर्तकालपर्यंतमेकेनैकस्थितिबन्धापसरणेन प्राक्तनस्थितिबन्धादपसृत्य समस्थितीनेव समयप्रबद्धान् बध्नातीत्ययमर्थो ज्ञाप्यते ॥ २५७ ॥

स्थितिबन्धापसरणविशेषका निर्देश—

स० चं—स्थितिबंधापसरण है सो विवक्षित स्थितिबंधका प्रथम समयविषे जेता स्थितिबंधका प्रमाण हो है तितनाही अंतर्मुहूर्त कालपर्यन्त बंधते समयप्रबद्धनिके स्थितिबंधका प्रमाण हो है। समय समय प्रति नाना समयप्रबद्धनिके स्थितिबंधापसरण होनेकरि समय समय स्थितिबंध घटनेकी अनुपपत्ति कहिए अप्राप्ति है ॥ २५७ ॥

विशेष—बन्धावलिके व्यतीत होनेपर अपगतवेदी जीव अपने प्रथम समयमें जितने द्रव्यका संक्रम करता है उत्तरोत्तर अधःप्रवृत्त भागहारसे भाजितकर द्वितीय समयोंमें विशेष हीन विशेष हीन द्रव्यको संक्रमित करता है। यह जो अल्पबहुत्व है वह विवक्षित एक समयप्रबद्धके द्रव्यका संक्रम स्वीकार करनेपर ही घटित होता है, क्योंकि संक्रममें नाना समय प्रबद्धोंका संक्रम स्वीकार करनेपर योगमें वृद्धि और हानि होनेकी अपेक्षा उक्त अल्पबहुत्वरूप संक्रम नहीं घटित होता। इसलिये प्रकृतमें एक समयप्रबद्धकी अपेक्षा ही पूर्वोक्त अल्पबहुत्व समझना चाहिये। योगकी चार वृद्धि और चार हानि प्रसिद्ध ही हैं।

अथ नपुंसकवेदोपशमनान्तरकालभाविक्रियान्तरप्रदर्शनार्थमाह—

**एवं संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सगेसु तीदेसु ।**
**संढुवसमदे तत्तो इत्थिं च तहेव उवसमदि ॥ २५८ ॥**

---

१. एस कमो एयसमयपबद्धस्स चेव । वही पृ० २८९ ।

**एवं संख्येयेषु स्थितिबन्धसहस्रकेषु अतीतेषु ।**
**षण्ढोपशान्ते ततः स्त्रीं च तथैव उपशमयति ॥ २५८ ॥**

सं० टी०—एवं पूर्वोक्तप्रकारेण संख्यातसहस्रेषु स्थितिबन्धेषु गतेषु अन्तर्मुहूर्तकालेन नपुंसकवेदे उपशमिते ततः परं स्त्रीवेदमपि नपुंकवेदोपशमनप्रकारेणैवान्तर्मुहूर्तकालेनोपशमयति । अत्र स्त्रीवेदद्रव्यं संस्थाप्य ततः संक्रमफालिद्रव्यमुपशमनफालिद्रव्यं च गृहीत्वा उदयमानप्रकृतेरुदीरणाद्रव्यमुदयद्रव्यं च संस्थाप्य पूर्ववदल्प-बहुत्वं वक्तव्यम् । प्रतिसमयमसंख्यातगुणितक्रमश्च ज्ञातव्य इत्यर्थः । मोहवर्जितानां ज्ञानावरणादिकर्मणां स्थित्यनुभागखण्डनं नपुंसकवेदोपशमनकालचरमसमयस्थित्यनुभागखण्डनादन्यदेव स्त्रीवेदोपशमनकालप्रथमसमये प्रारभ्यते । स्थितिबन्धस्त्वायुर्वर्जितसर्वकर्मणां प्राक्तनस्थितिबन्धादन्य एव प्रारभ्यते ॥ २५८ ॥

नपुंसकवेदकी उपशमनाके बाद स्त्रीवेदकी उपशमक्रियाका निर्देश—

स० चं—ऐसैं संख्यात हजार स्थितिबंध व्यतीत भए अंतर्मुहूर्त कालकरि नपुंसक वेदका उपशम हो है। तहां पीछैं तैसैं ही नपुंसकवेद उपशमवत् अंतर्मुहूर्त कालकरि स्त्रीवेदकौं उपशमावै है। इहां स्त्रीवेदका द्रव्यकौं स्थापि संक्रमण फाली द्रव्यादिकका वा अल्पबहुत्वका वा समय समय असंख्यातगुणा क्रमका वर्णन पूर्वोक्तवत् जानना बहुरि इहां इतना जानना ज्ञाना-वरणादिकनिकास्थिति अनुभागकांडकघात अर आयु विना सात कर्मनिका स्थितिबंध पूर्व प्रमाणतैं अन्य प्रमाण धरै हो है ॥ २५८ ॥

विशेष—कषायप्राभृत चूर्णिसूत्रमें नपुंसकवेदका आयुक्तकरण उपशामक होता है यह कहा है। जयधवला टीकामें आयुक्तकरणका अर्थ उद्यतकरण और प्रारम्भकरण किया है तो इसका तात्पर्य इतना ही है कि जैसे ही यह जीव चारित्रमोहनीयकी अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न कर लेता है उसके बाद दूसरे समयमें ही वह नपुंसकवेदकी उपशमन क्रियाका प्रारम्भ कर देता है। और जिस समभ नपुंसकवेदकी उपशमन क्रिया सम्पन्न होती है उसके अनन्तर समयसे स्त्रीवेदकी उपशमन क्रिया प्रारम्भ होती है।

अथ स्त्रीवेदोपशमनकाले कार्यविशेषप्रतिपादनार्थमिदमाह—

**थीयद्धासंखेज्जदिभागेपगदे तिघादिठिदिबंधो ।**
**संखतुवं रसबंधो केवलणाणेगठाणं तु[1] ॥ २५९ ॥**

**स्त्री अद्धा संख्येयभागेऽपगते त्रिघातिस्थितिबन्धः ।**
**संख्यातं रसबन्धः केवलज्ञानैकस्थानं तु ॥ २५९ ॥**

सं० टी०—स्त्रीवेदोपशमनकालस्य संख्यातैकभागे गते सति मोहनीयस्य स्थितिबन्धः सर्वतः स्तोकः संख्यातसहस्रवर्षमात्रः । ततः संख्येयगुणः संख्यातसहस्रवर्षमात्रो घातित्रयस्थितिबन्धः । ततोऽसंख्येयगुणः पल्यासंख्यातैकभागमात्रो नामगोत्रस्थितिबन्धः । ततः साधिकः सातवेदनीयस्थितिबन्धः । तदैव केवलज्ञान-दर्शनावरणद्वयरहितस्य घातित्रयस्य लतासमानैकस्थानानुभागबन्धश्च भवति । एवं संख्यातसहस्रेषु स्थिति-

१. इत्थिवेदस्स उवसामणद्धाए संखेज्जदिभागे गदे तदो णाणावरणीय-दंसणावरणीय-अंतराइयाणं संखेज्जवस्सठिदिगो बंधो तस्समए चेव एदासिं तिण्हं मूलपयडीणं केवलणाणावरण-केवलदंसणावरणवज्जाओ सेसाओ जाओ उत्तरपयडीओ तासिमेगट्ठाणिओ बंधो । वही पृ० २८० ।

बन्धेषु गतेषु अन्तर्मुहूर्तकालेन स्त्रीवेदोऽप्युपशमितो भवति ॥ २५९ ॥

स्त्रीवेदकी उपशसनामें कार्यविशेषका निर्देश—

सं० चं०—स्त्रीवेद उपशमावनेके कालका संख्यातवाँ भाग गएं मोहका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षमात्र औरनितैं स्तोक हो है। तातैं संख्यातगुणा संख्यात हजार वर्षमात्र तीन घातियानिका तातैं असंख्यातगुणा पल्यका असंख्यातवाँ भागमात्र नामगोत्रका तातैं किछू अधिक साता वेदनीयका स्थितिबन्ध हो है। बहुरि इसही कालविषै केवल ज्ञानावरण केवल दर्शनावरण बिना तीन घातियनिका लता समान एकस्थान गत ही अनुभाग बन्ध हो है ॥ २५९ ॥

विशेष—स्त्रीवेदके उपशमन करनेके कालमेंसे संख्यातवें भागप्रमाणकालके जानेपर ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायकी १४ प्रकृतियोंका स्थितिबन्ध पहले जो असंख्यात वर्ष-प्रमाण होता था वह न होकर अब संख्यात वर्षप्रमाण होने लगता है। तथा अनुभागबन्ध इससे पहले जो द्विस्थानीय होता था उसके स्थानपर लतारूप एक स्थानीय होने लगता है। मात्र केवलज्ञानावरण और केवलदर्शनावरणके अनुभागबन्धके लिए यह नियम लागू नहीं है। इस गाथाका उत्तरार्ध त्रुटिपूर्ण जान पड़ता है। उसके संशोधनका कोई आधार न मिलनेसे उसे वैसा ही रहने दिया है।

स्त्रीवेदोपशमनानन्तरकालभाविक्रियाविशेषप्ररूपणार्थमिदमाह—

**थीउवसमिदाणंतरसमयादो सत्तणोकसायाणं।**
**उवसमगो तस्सद्धा संखज्जदिमे गदे तत्तो[1] ॥ २६० ॥**

**स्त्रीउपशमितानन्तरसमयात् सप्तनोकषायाणाम्।**
**उपशामकः तस्याद्धा संख्याते गते ततः ॥ २६० ॥**

सं० टी०—स्त्रीवेदोपशमनान्तरसमयादारभ्य पुंवेदषण्णोकषायप्रकृतीरुपशमयती ॥ २६० ॥

स्त्रीवेदकी उपशमनाके बाद सात नोकषायोंकी उपशमनाका निर्देश—

सं० चं०—ऐसैं स्त्रीवेद उपशमावनेके अनन्तर समयतैं लगाय पुरुषवेद छह हास्यादिक इन सात प्रकृतिनिकौं उपशमावै है। तिनके उपशमावनेका काल अन्तर्मुहूर्तमात्र है। ताका संख्यातवाँ भाग गए कहा ? सो कहैं हैं ॥ २६० ॥

तदुपशमनकालस्यान्तर्मुहूर्तस्य संख्यातैकभागे गते ततः परं संभविकार्यविशेषप्रतिपादनार्थमिदमाह—

**णामदुग वेयणियट्ठिदिबंधो संखवस्सयं होदि।**
**एवं सत्तकसाया उवसंता सेसभागंते[2] ॥ २६१ ॥**

---

१. इत्थिवेदे उवसंते से काले सत्तण्हं णोकसायाणं उवसामगो। ताधे चेव अण्णं ठिदिखंडयमण्ण-मणुभागखंडयं च आगाइदं, अण्णो च ठिदिबंधो पबद्धो। वही पृ० २८२।

२. एवं संखेज्जसु ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु सत्तण्हं णोकसायाणमुवसामणाद्धाए संखेज्जदिभागे गदे तदो णामागोद-वेदणीयाणं कम्माणं संखेज्जवस्सठिदिगो बंधो। एदेण कमेण ठिबंधसहस्सेसु गदेसु सत्त णोकसाया उवसंता। वही पृ० २८४।

**नामद्विके वेदनीयस्थितिबन्धः संख्यवर्षको भवति ।**
**एवं सप्तकषाया उपशान्ताः शेषभागान्ते ॥ २६१ ॥**

सं० टी०—सप्तनोकषायोपशमनकालसंख्यातबहुभागावशेषावसरे सर्वतः स्तोकः संख्यातसहस्रवर्षमात्रो मोहस्थितिबन्धः । ततः संख्येयगुणः संख्यातसहस्रवर्षमात्रो घातित्रयस्थितिबन्धः । ततः संख्यातगुणः संख्यातसहस्रवर्षमात्रो वोसियस्थितिबन्धः । ततः साधिकः संख्यातसहस्रवर्षमात्रो वेदनीयस्थितिबन्धश्च भवति । एवं नपुंसकवेदोपशमनप्रकारेणैव सप्त नोकषायाः संख्यातसहस्रस्थितिबन्धेषु गतेषु अवशेषबहुभागचरमसमये उपशमिता भवन्ति ॥ २६१ ॥

सात नोकषायोंकी उपशमनाके समय कार्यविशेषका निर्देश—

सं० चं०—सर्व ही कर्मनिका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण हो है। तहाँ स्तोक मोहका तातैं संख्यातगुणा तीन घातियानिका तातैं संख्यातगुणा नामगोत्रका तातैं किछू अधिक वेदनीयका जानना। ऐसैं नपुंसकवेदका उपशमवत् सात नोकषाय हैं ते उपशमनका अवशेष बहुभाग रहे थे तिनिका अन्त समयविषै उपशमाना हो है ॥ २६१ ॥

अत्र संभवद्विशेषप्रदर्शनार्थमिदमाह—

**णवरि य पुंवेदस्स य णवकं समऊणदोण्णिआवलियं ।**
**मुच्चा सेसं सव्वं उवसंतं होदि तच्चरिमे[1] ॥ २६२ ॥**

**नवरि च पुंवेदस्य च नवकं समयोनद्वयावलिकाम् ।**
**मुक्त्वा शेषं सर्वमुपशान्तं भवति तच्चरमे ॥ २६२ ॥**

सं० टी०—पुंवेदनवकबन्धस्य समयोनद्व्यावलिमात्रसमयप्रबद्धान् वर्जयित्वा शेषं पुंवेदद्रव्यं सर्वमपि तदुपशमनकालचरमसमये उपशमितं भवतीत्ययं विशेषो द्रष्टव्यः । पुंवेदसत्त्वद्रव्योपशमनकालचरमसमये समयोनद्व्यावलिमात्रनवकबन्धसमयप्रबद्धानामुपशमनवर्जितमवस्थानं कथमिति चेदुच्यते, तद्यथा—

पुंवेदोपशमनकालाभ्यन्तरे आवलिद्वयेऽवशिष्टे द्विचरमावलिप्रथमसमये बद्धस्य समयप्रबद्धस्य बन्धप्रथमसमयादारभ्य बन्धावलिचरमसमयपर्यन्तमुपशमनं नास्ति । सर्वत्र नवकबन्धस्याचलावलिव्यतिक्रमे सत्येवोपशमनापकर्षणादिक्रियासम्भवो न बन्धावल्यामिति परागमसम्प्रदायाद्बन्धावल्यां व्यतिक्रान्तायां तदनन्तरचरमोपशमनावल्यां प्रथयसमयादारभ्य समयं समयं प्रत्येकैकफाल्युपशमनविधानेन उपशमनावलिचरमसमये चरमफालिद्रव्यं सर्वसंक्रमेणोपशमितं द्विचरमावलिद्वितीयसमये[2] बद्धसमयप्रबद्धस्योपशमनकालचरमावलिप्रथमसमयपर्यन्तमुपशमनं नास्ति । ततः परं समयं प्रत्येकैकफालिद्रव्योपशमनविधानेनोपशमनावलिचरमसमये चरमफालिद्रव्यं वर्जयित्वा शेषं सर्वमुपशमितं । पुनर्द्विचरमावलितृतीयसमये बद्धसमयप्रबद्धस्योपशमनचरमावलिद्वितीयसमयपर्यन्तमुपशमनं नास्ति । ततः परं समयं प्रत्येकैकफाल्युपशमनविधानेन चरमफालिद्विचरमफालिद्रव्यं वर्जयित्वा शेषसर्वमुपशमितम् । एवमनेन क्रमेण गत्वा द्विचरमावलिचरमसमये बद्धसमयप्रबद्धस्योपशमनचरमावलिद्विचरमसमयपर्यन्तमुपशमनं नास्ति । ततः परं चरमसमये एकफालिद्रव्यमुपशमितम्, अवशिष्टं सर्वद्रव्यमनुपशमितमास्ते, तत उपशमनकालचरमावल्यां बद्धसमयप्रबद्धानामावलिमात्राणामुपशमनचरमावलिचरमसमये किंचिदपि द्रव्यं नोपशमितं तेषामद्यापि बन्धावलिव्यतिक्रमाभावात् । पुनरुपरितनोच्छिष्टावल्यां पुंवेदस्य बन्ध एव नास्ति,

१. णवरि पुरिसवेदस्स वे आवलिया बंधा समयूणा अणुवसंता । वही पृ० २८४।

२. मुद्रितप्रतौ 'द्विचरमफालिद्विचरमसमये' इति पाठः ।

उदयोऽपि नास्ति। एवं पुंवेदोपशमनकालचरमसमये द्विचरमावलिद्वितीयादिसमयबद्धसमयप्रबद्धाः समयोनावलिमात्राश्चरमावलिबद्धसमयप्रबद्धाः सम्पूर्णावलिमात्रास्ते सर्वेऽपि मिलित्वा समयोनद्व्यावलिमात्राः समयप्रबद्धा अनुपशमिता अवतिष्ठन्ते द्विचरमावलिप्रथमसमयबद्धसमयप्रबद्धस्य पुंवेदोपशमनकालचरमावलिचरमसमये सर्वात्मनोपशमितत्वात्। द्वितीयादिसमयबद्धसमयप्रबद्धानां किंचिन्न्यूनत्वेऽपि एकदेशविकृतमनन्यवद्भवतीति न्यायेन सर्वेऽपि पुंवेदनवकबन्धसमयप्रबद्धाः समयोनद्व्यावलिमात्राः पुंवेदोपशमनकालचरमसमये उपशमनवर्जिताः सन्तीति श्रीमन्माधवचन्द्रत्रैविद्यदेवानां तात्पर्यव्याख्यानम् ॥ २६२ ॥

०
उच्छिष्टावलिः ० १
० १ २
० १ २ ३
० १ २ ३ ४
० १ २ ३ ४ ४
० १ २ ३ ४ ४ ४

---

० १ २ ३ ४ ४ ४ ४
उपशमनावलिः १ २ ३ ४ ४ ४ ४
२ ३ ४ ४ ४ ४
३ ४ ४ ४ ४

---

४ ४ ४ ४
बंधावलिः ४ ४ ४
४ ४
४

**पुरुषवेदके नवकबन्धकी उपशमनविधि—**

सं० चं०—इतना विशेष है जो तिस अन्तसमयविषै पुरुषवेदका एक समय घाटि दोय आवलीमात्र नवक समयप्रबद्धनिकौं छोडि अवशेष सर्व उपशमावै हैं। नवीन जे समयप्रबद्ध बँधे ते नवक समयप्रबद्ध कहिए सो बन्ध समयतैं लगाय आवलीकालकौं बन्धावली कहिए तिस बन्धावलीविषै सो बंध्या द्रव्य उपशम होने योग्य नाहीं। अर एक समयप्रबद्धके उपशमावनेकी समय समय सम्बन्धी आवलीमात्र फालि इहां हो है तातैं समय घाटि दोय आवलीमात्र समयप्रबद्ध उपशमै नाहीं। कैसैं ? सो कहिए है—

उपशमकालका अन्तविषै दोय आवली तिनका नाम इहाँ द्विचरमावली अर चरमावली है। सो द्विचरमावलीका प्रथम समयविषै जो समयप्रबद्ध बंध्या था सो बन्धावली व्यतीत भए चरमावलीका प्रथम समयतैं लगाय समय समय प्रति एक एक फालिका उपशमन करि चरमावलीका अन्तसमयविषै सर्व उपशम्या। बहुरि द्विचरमावलीका द्वितीय समयविषै जो समयप्रबद्ध बंध्या था सो बन्धावली व्यतीत भए चरमावलीका द्वितीय समयतैं लगाय चरम आवलीका अन्तसमय पर्यन्त अन्य फाली तौ उपशमै अर एक अन्त फाली नाही उपशमी। बहुरि ऐसैं ही द्विचरमावलीका तृतीयादि समयनिविषै बँधे समयप्रबद्ध ते बन्धावली व्यतीत भए चरमावलीका

तृतीयादि समयतैं लगाय अन्तसमयपर्यन्त समयनिविषै अन्य फाली तौ उपशमै अर क्रमतैं दोय तीन च्यारि आदि फाली उपशमी नाहीं। तहाँ ऐसैं क्रमतैं द्विचरमावलीका अन्तसमयविषै बन्ध्या समयप्रबद्धकी चरमावलीका अन्तसमयविषै एक फाली उपशमी अवशेष उपशमी नाहीं ऐसैं तौ द्विचरमावलीविषै बँधे समयप्रबद्धनिकी फाली न उपशमी। बहुरि चरमावलीके प्रथमादि सर्व समयनिविषै बँधे समयप्रबद्धनिके किछू भी द्रव्यका उपशम भया नाहीं। जातैं तिनकी बन्धावली व्यतीत नाहीं भई। बहुरि तातैं उपरिवर्ती उच्छिष्टावलीविषैं पुरुषवेदका बन्ध भी अर उदय भी है नाहीं। ऐसैं पुरुषवेदकौं उपशमकालका अन्तसमयविषै द्विचमावरलीके तौ एक समय घाटि आवलीमात्र अर चरमावलीके सम्पूर्ण आवलीमात्र मिलि एक समय घाटि दोय आवलीमात्र समयप्रबद्ध उपशमै नाहीं। इहाँ अंशकौं अंशीवत् कहिए इस न्यायकरि उपशमी नाहीं जे समय-प्रबद्धकी फाली तिनका भी नाम समयप्रबद्ध ही कह्या है ऐसा जानना॥ २६२॥

**विशेष**—पुरुषवेदका उपशम करनेवाला जीव छह नोकषायोंके साथ ही उसका उपशम करता हैं। मात्र इसके उदय और बन्धकी व्युच्छित्ति एक साथ होनेसे छह नोकषायोंके साथ इसके उपशमन होनेपर भी एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवकबन्धरूप समयप्रबद्ध बच जाते हैं जिनका उपशमन बादमें होता है। खुलासा इस प्रकार है—ऐसा नियम है कि नये कर्मका बन्ध होनेपर एक आवलिकालतक वह तदवस्थ रहता है। इस नियमके अनुसार पुरुषवेदके उपशम होनेको अन्तिम उपशमनावलिके प्रथम समयमें पुरुषवेदका एक कम दो आवलिप्रमाण नवक समयप्रबद्ध अनुपशान्त रहता है, क्योंकि पुरुषवेदकी उपान्त्य उपशमनावलिमें पुरुषवेदके आवलि-प्रमाण नवक समयप्रबन्धोंमेंसे प्रथम समयप्रबद्धकी एक-एक फालिका अन्तिम उपशमनावलिके प्रत्येक समयमें उपशम होकर तदनन्तर उच्छिष्टावलिके प्रथम समयमें वह पूरा उपशान्त रहता है। यह तो उपान्त्य उपशमनावलिके प्रथम समयमें बँधे हुए समयप्रबद्धके उपशमनकी व्यवस्था है। उपान्त्य उपशमनावलिके दूसरे समयमें बँधे हुए समयप्रबद्धका अन्तिम उपशमनावलिके द्वितीय समयसे उपशमन प्रारम्भ होकर अन्तिम एक फालिको छोड़कर शेष समस्त द्रव्य उपशान्त हो जाता है। इसी प्रकार उपान्त्य उपशमनावलिके तीसरे समयमें बँधे हुए समयप्रबद्धका अन्तिम उपशमनावलिके दूसरे समयसे उपशमन प्रारम्भ होकर अन्तिम दो फालियोंको छोड़कर उसके अन्तिम समयमें शेष समस्त द्रव्य उपशान्त हो जाता है। इसी प्रकार उपान्त्य उपशमनावलिके अन्तिम समयतक बँधे हुए समयप्रबद्धका विचार कर लेना चाहिए। साथ ही इतना विशेष जानना चाहिए कि अन्तिम उपशमनावलिके प्रत्येक समयमें बँधे हुए प्रत्येक समयप्रबद्धकी उसी आवलिके भीतर उपशमनक्रिया नहीं होती, इसलिए एक तो अन्तिम उपशमनावलिके अन्तिम समयके बाद प्रथम समयमें उपान्त्य उपशमनावलिसम्बन्धी एकसमयप्रबद्धकम एक आवलि-प्रमाण समयप्रबद्ध अनुपशान्त रहते हैं। दूसरे अन्तिम उपशमनावलिसम्बन्धी समस्त समयप्रबद्ध अनुपशान्त रहते है। इस प्रकार पुरुषवेदसे उपशमश्रेणिपर चढ़े हुए जीवके उसके अन्तिम समयमें एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवकसमयप्रबद्ध अनुपशान्त रहते हैं यह सूत्रगाथामें कहा गया है। और यह इसलिए बन जाता है कि पुरुषवेदके बन्ध और उदयकी व्युच्छित्ति तो एक साथ होती ही है। साथ उक्त नवक समयप्रवद्धोंको छोड़कर शेष पुरुषवेद सम्बन्धी पूरे द्रव्यकी उपशमनाका भी वही अन्तिम समय है। मूलमें अंक संदृष्टि दी ही है। उसमें आवलिके लिए तथा एक समयप्रबद्धकी समस्त फालियोंके लिए ४ अंक कल्पित किये गये हैं। '०' शून्य पूरे समय-

प्रबद्धके उपशम होनेको सूचित करनेके लिए कल्पित किया गया है। संदृष्टिमें उपान्त्य उपशमनावलिको बन्धावलि, अन्तिम उपशमनावलिको उपशमनावलि और उसके बादकी आवलिको उच्छिष्टावलि कहा गया है।

अथ पुंवेदोपशमनकालचरमसमये स्थितिबन्धप्रमाणप्ररूपणार्थमिदमाह—

**तच्चरिमे पुंबंधो सोलसवस्साणि संजलणगाण।**
**तद्दुगाणि सेसाणं संखेज्जसहस्सवस्साणि[1] ॥ २६३ ॥**

**तच्चरमे पुंबंधः षोडशवर्षाणि संज्वलनकानाम्।**
**तद्द्विकानि शेषाणां संख्यसहस्रवर्षाणि ॥ २६३ ॥**

सं० टी०—तस्य पुंवेदोपशमनकालस्य सवेदानिवृत्तिकरणस्य चरमसमये षोडशवर्षमात्रः पुंवेदस्थितिबन्धः। संज्वलनचतुष्टयस्य स्थितिबंधो द्वात्रिंशद्वर्षप्रमितः। घातिचतुष्टयस्य संख्यातसहस्रवर्षमात्रः स्थितिबन्धः। ततः संख्येयगुणो नामगोत्रयोः संख्यातसहस्रवर्षमात्रः स्थितिबन्धः। ततः साधिको वेदनीयस्य संख्यातसहस्रवर्षमात्रः स्थितिबन्धः ॥ २६३ ॥

पुरुषवेदके उपशमनाकालके अन्तिम समयमें स्थितिबन्धका विधान—

स० चं०—तिस पुरुषवेदका उपशमनकाल पर्यन्त सवेद अनिवृत्तिकरण है ताका अन्तसमयविषै पुरुषवेदका सोलह वर्षमात्र संज्वलनचतुष्कका बत्तीस वर्षमात्र औरनिका संख्यात हजार वर्षमात्र तहाँ स्तोक तीन घातियानिका तातैं संख्यातगुणा नामगोत्रका तातैं साधिक वेदनीयका स्थितिबन्ध हो है ॥ २६३ ॥

अथ पुंवेदस्य प्रथमस्थितौ आवलिद्वयावशेषायां संभवत्क्रियान्तरप्रतिपादनार्थमिदमाह—

**पुरिसस्स य पढमठिदी आवलिदोसुवरिदासु आगाला।**
**पडिआगाला छिण्णा पडियावलियादुदीरणदा[2] ॥ २६४ ॥**

**पुरुषस्य च प्रथमस्थितिः आवलिद्वयोरुपरतयोरागालाः।**
**प्रत्यागालाः छिन्नाः प्रत्यावलिकात उदीरणता ॥ २६४ ॥**

सं० टी०—पुंवेदस्य प्रथमस्थितिः क्रमेण गलित्वा यदा द्व्यावलिमात्रावशेषा भवति तदा आगालप्रत्यागालौ व्युच्छिन्नौ। आवलिद्वयावशेषप्रथमसमयात्प्रभृति गुणश्रेणिनिर्जरापि व्युच्छिन्ना किन्तु तदैवोदयावलिबाह्योपरितनावलिद्रव्यस्योदयावल्यामुदीरणापि पूर्वोक्तलक्षणा प्रारब्धा ॥ २६४ ॥

प्रकृतमें अन्य कार्योंका निर्देश—

स० चं०—पुरुषवेदकी अन्तरायामके नीचैं कही थी जो प्रथमस्थिति तीहिंविषै दोय आवली अवशेष रहैं आगाल प्रत्यागालका व्युच्छेद भया। बहुरि दोय आवली अवशेष रहैं तहाँ

---

१. तस्समए पुरिसवेदस्स ट्ठिदिबंधो सोलस वस्साणि। सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। वही पृ० २८५।

२. पुरिसवेदस्स पढमट्ठिदीए जाधे बे आवलियाओ सेसाओ ताधे आगाल-पडिआगालो वोच्छिण्णो। वही पृ० २८५।

प्रथम समयतैं लगाय पुरुषवेदकी गुणश्रेणि निर्जराका व्युच्छेद भया तहाँ उदयावलीतैं बाह्य ऊपरि निषेकनिविषै तिष्ठता द्रव्यकौं उदयावलीविषै दीजिए है। ऐसी उदीरणा ही पाइए है। इनिका लक्षण पूर्वोक्त जानने ॥ २६४ ॥

विशेष—पुरुषवेदकी कितनी स्थिति शेष रहने तक आगाल और प्रत्यागाल होते है इसका समाधान जयधवलामें दो प्रकारसे किया गया है। प्रथम समाधानके अनुसार तो यह बतलाया गया है कि पुरुषवेदकी प्रथम स्थितिमें एक समय अधिक दो आवलियाँ शेष रहने तक आगाल और प्रत्यागाल होते हैं। पूरी दो आवलिप्रमाण स्थितिके शेष रहनेपर उन दोनोंकी व्युच्छित्ति हो जाती है किन्तु दूसरी व्याख्याके अनुसार दो आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिके शेष रहने तक आगाल और प्रत्यागाल होते रहते हैं। किन्तु एक समय कम दो आवलिप्रमाण प्रथमस्थितिके शेष रहनेपर वे दोनों व्युच्छिन्न हो जाते हैं। इसपर प्रश्न होता है कि यदि ऐसा है तो सूत्रमें यह क्यों कहा कि जब पुरुषवेदकी प्रथम स्थिति दो आवलिप्रमाण शेष रहती है तब आगाल और प्रत्यागाल व्युच्छिन्न हो जाते हैं सो इसका समाधान यह कहकर किया है कि यह कथन उत्पादानुच्छेदनयका आश्रय लेकर किया गया है, क्योंकि उत्पादानुच्छेदके अनुसार विवक्षित वस्तुके सद्भावका जो अन्तिम समय है उस समयमें ही उसके अभावका प्रतिपादन किया जाता है। जैसे मिथ्यात्वगुणस्थानमें उसके जिन १६ प्रकृतियोंका बन्ध होता है, इस नयके अनुसार वहीं उनकी बन्धव्युच्छित्ति कही जाती है। प्रथमस्थितिमें स्थित द्रव्यका उत्कर्षण कर द्वितीय स्थितिमें निक्षेप करना आगाल है और द्वितीय स्थितिमें स्थित द्रव्यका अपकर्षणकर प्रथम स्थितिमें निक्षिप्त करना प्रत्यागाल है। यहीं प्रत्यावलिमेंसे प्रतिसमय असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा होती है।

अन्तरकरणसमाप्त्यनन्तरसमयादारभ्य संक्रमविशेषप्ररूपणार्थमिदमाह—

**अंतरकदादु छण्णोकसायदव्वं ण पुरिसगे देदि।**
**एदि हु संजलणस्स य कोधे अणुपुव्विसंकमदो[1] ॥ २६५ ॥**

**अंतरकृतात् षण्णोकषायद्रव्यं न पुरुषके ददाति।**
**एति हि संज्वलनस्य च क्रोधे आनुपूर्विसंक्रमतः ॥ २६५ ॥**

सं० टी०—अन्तरकृतादन्तरकरणसमाप्तिसमयात्परं हास्यादिषण्णोकषायद्रव्यं पुंवेदे न संक्रमत्येव अपि तु संज्वलनक्रोधे एव संक्रमति पूर्वोद्दिष्टानुपूर्वीसंक्रमानतिक्रमात् ॥ २६५ ॥

अन्तरकरणके बाद—

सं० चं०—अन्तर करनेतैं पीछैं हास्यादि छह नोकषायनिका द्रव्य है सो पुरुषवेदविषै संक्रमण नाहीं करै है संज्वलन क्रोधविषै ही संक्रमण करै हैं जातैं इहाँ आनुपूर्वी संक्रमण पाइए है ॥ २६५ ॥

---

१. अंतरकदादो पाए छण्णोकसायाणं पदेसग्गं ण संछुहदि पुरिसवेदे, कोहसंजलणे संछुहदि। वही पृ० २६७।

अथ पुंवेदनवकबन्धद्रव्यस्योपशमनविधानप्ररूपणार्थमिदमाह—

**पुरिसस्स उत्तणवकं असंखगुणियक्कमेण उवसमदि ।**
**संकमदि हु हीणकमेणधापवत्तेण हारेण[1] ॥ २६६ ॥**

**पुरुषस्य उक्तनवकं असंख्यगुणितक्रमेण उपशमयति ।**
**संक्रमति हि हीनक्रमेणाधःप्रवृत्तेन हारेण ॥ २६६ ॥**

१०
सं० टी०—पुंवेदस्य प्रागुक्तनवकद्रव्यं समयोनद्व्यावलिमात्रसमयप्रबद्धप्रमितं स ∂ । ४२ पुंवेदानि-
७ । २
वृत्तिचरमसमये अनुपशमितं सदवतिष्ठते । पुनरपगतवेदप्रथमसमये पुंवेदोपशमनकालद्विचरमावलिद्वितीयसमयबद्धसमयप्रबद्धस्य सर्वात्मनोपशमितत्वात् द्विसमयोनद्व्यावलिमात्रसमयप्रबद्धरूपं पुंवेदनवकबन्धसत्त्वमनुपशमितमास्ते । तस्मिन्नपगतवेदप्रथमसमये व्यतिक्रान्तबन्धावलिकसमयप्रबद्धस्य यावदुपशमितं द्रव्यं स ∂ तद-
७ । २ । गु
नन्तरद्वितीयसमये ततोऽसंख्येयगुणं द्रव्यमुपशमयति स ∂ एवं चरमफालिपर्यन्तसंख्यातगुणितक्रमेणोप-
७ २ । गु
∂
शमनद्रव्यं ज्ञातव्यम् । एवमितरेषामपि समयप्रबद्धानां स्वस्वबन्धावलिव्यतिक्रान्तसमयादारभ्य प्रतिसमयमसंख्यातगुणितक्रमेणोपशमनफालिद्रव्यं नेतव्यम् । एवमपगतवेदप्रथमसमयादारभ्य समयोनद्व्यावलिमात्रकाले सर्वं पुंवेदनवकबन्धमुपशमितं भवतीति ज्ञातव्यम् । एको नवकबन्धसमयप्रबद्धः एकावलिमात्रकाले उपशमितो भवति । अत एवावलिसमयमात्राणि एकसमयफालिद्रव्याणि कृतानि तान्यङ्कसंदृष्ट्या तावन्ति । ४ । तथा पुंवेदनवकबन्धस्यैकसमयप्रबद्धद्रव्यं स ∂ अपगतवेदप्रथमसमये अथाप्रवृत्तभागहारेण खण्डयित्वा तदेकभागद्रव्यं संज्वलनक्रोध-
७ । २
द्रव्ये संक्रमयति स ∂ अवशिष्टबहुभागद्रव्यं पुनरप्यथाप्रवृत्तभागहारेण खण्डयित्वा तदेकभागद्रव्यं द्वितीयसमये
७ । २ । अ
१०
संक्रमयति स ∂ अ अवशिष्टं तद्बहुभागद्रव्यं पुनरप्यथाप्रवृत्तभागहारेण खण्डयित्वा तदेकभागं तृतीयसमये
७ । २ । अ अ
१० १
संक्रमयति स । ∂ अ अ एवमनेन क्रमेण समयोनद्व्यावलिचरमसमयपर्यन्तं विशेषहीनं द्रव्यं संक्रमयति ।
७ । २ । अ अ अ
तथा पुनः पुंवेदनवकबन्धस्यापरं समयप्रबद्धद्रव्यं प्रतिसमयमसंख्यातभागहीनक्रमेण संक्रमयति, पुनरन्यत्समयप्रबद्धद्रव्यं प्रतिसमयं संख्यातभागहीनक्रमेण, पुनरन्यत्समयप्रबद्धद्रव्यं संख्यातगुणहीनक्रमेण संक्रमयति, पुनरपरं

---

१. जो पढमसमयअवेदो तस्स पढमसमयअवेदस्स संतं पुरिसवेदस्स दोआवलियबन्धा दुसमयूणा अणुवसंता । जो दोआवलियबंधा दुसमयूणा अणुवसंता तेसिं पदेसग्गमसंखेज्जगुणाए सेढीए उवसामिज्जदि । परपयडीए पुण अधापवत्तसंकमेण संकामिज्जदि । एस कमो एयसमयपबद्धस्स चेव । वही पृ० २८७ से २८९ ।

समयप्रबद्धद्रव्यं प्रतिसमयमसंख्यातगुणहीनक्रमेण संक्रमयति। तथा पुनरन्यत्समयप्रबद्धद्रव्यं प्रतिसमयमसंख्यात-भागवृद्धिक्रमेण, पुनरन्यत्समयप्रबद्धद्रव्यं संख्यातभागवृद्धिक्रमेण, पुनरन्यत्समयप्रबद्धं संख्यातगुणवृद्धिक्रमेण, पुनरेकं समयप्रबद्धद्रव्यमसंख्यातगुणवृद्धिक्रमेण संक्रमयति। चतुःस्थानपतितहानिवृद्धिपरिणतयोगसंचितसमयबद्धानां द्रव्यहीनाधिकभावमाश्रित्य तत्संक्रमणद्रव्यस्यापि चतुःस्थानहानिवृद्धिक्रमस्य प्रवचनयुक्त्या प्रवृत्तिर्दर्शिता॥२६६॥

पुरुषवेदके नवकबन्धके उपशमनका विधान—

सं० चं०—पुरुषवेदके पूर्वोक्त समयप्रबद्ध जे नाहीं उपशमाए थे ते वेदरहित जो अपगत वेद अनिवृत्तिकरण ताके प्रथमादि समयनिविषै ऐसैं उपशमाइए है। जो पुरुषवेदका उपशमकालकी द्विचरमावलीका द्वितीय समयविषै बंध्या समयप्रबद्धकी एक फालि अवशेष रही थी ताका अपगतवेदका प्रथमसमयविषै उपशम हो है। ताकौं होतैं समयप्रबद्ध सर्व उपशम्या अवशेष दोय समय घाटि दोय आवलीमात्र समयप्रबद्ध रहैं तहाँ जाकी बन्धावली व्यतीत भई ऐसा जो समय-प्रबद्ध ताका द्रव्य अपगतवेदका प्रथम समयविषै जितना उपशमा तातैं द्वितीयादि समयनिविषै अन्तफालि पर्यन्त क्रमतैं असंख्यातगुणा द्रव्य उपशमाइए है और अन्य समयप्रबद्धनिका द्रव्यविषै बन्धावली व्यतीत होतैं समय-समय असंख्यातगुणा क्रम लीएं उपशम फालिनिका द्रव्य जानना। एक नवक समयप्रबद्ध एक आवलीकालविषै उपशमै तातैं तहाँ एक समयप्रबद्धकी आवलीप्रमाण फाली जानना। ऐसैं अपगतवेदका प्रथमसमयतैं लगाय समय घाटि दोय आवली-मात्र कालविषै पुरुषवेदके सर्व नवक समयप्रबद्ध उपशमाइए है। ऐसैं तौ उपशम विधान जानना।

बहुरि पुरुषवेदका कोई एक नवक समयप्रबद्धकौं अधःप्रवृत्तभागहारका भाग देइ तहाँ एक भागमात्र द्रव्य है सो अपगतवेदका प्रथम समयविषै संज्वलन क्रोधरूप होइ संक्रमण करै है। बहुरि अवशेष बहुभागमात्र द्रव्यकौं अधःप्रवृत्त भागहारका भाग देइ तहाँ एक भाग द्वितीय समयविषै संक्रमण करै है। बहुरि अवशेष बहुभागकौं तैसैं ही भाग दीएं एकभाग तृतीय समय-विषै संक्रमण करै। ऐसैं समय घाटि दोय आवलीका अन्तपर्यन्त विशेष घटता क्रम लीएं संक्रमण करै है। बहुरि अन्य कोई नवक बन्धका समयप्रबद्ध समय-समय प्रति असंख्यात भाग घटता क्रमकरि कोई संख्यात भाग घटता क्रमकरि कोई संख्यातगुणा घटता क्रमकरि कोई असंख्यात-गुणा घटता क्रमकरि कोई संख्यात भागवृद्धि क्रमकरि कोई असंख्यात भागवृद्धि क्रमकरि कोई संख्यातगुणा वृद्धि क्रमकरि कोई असंख्यातगुणा वृद्धि क्रमकरि संज्वलन क्रोधविषै संक्रमण करै है। जातैं चतुःस्थान पतित हानि-वृद्धिरूप योगनिकरि बँधै समयप्रबद्धनिकी द्रव्य हीनाधिक सम्भवै है। तातैं संक्रमण द्रव्यकैं भी चतुःस्थान पतित हानि-वृद्धिका अनुक्रम सम्भवै है॥ २६६॥

विशेष—अनिवृत्तिकरणके सवेदभागके अन्तिम समयमें पुरुषवेदका जो एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवक समयप्रबद्ध अनुपशमित होकर अवशिष्ट रहा था जो कि अवेदभागके प्रथम समय एक समय कम होकर दो समय कम दो आवलिप्रमाण अनुपशमित अवस्थामें अवशिष्ट रहता है उसका इतने ही कालके भीतर एक तो उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित श्रेणिरूपसे उपशम करता है और दूसरे अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा उसका क्रोधसंज्वलनमें संक्रम करता है। पुरुष-वेदकी उसके सवेदभागके अन्तिम समयमें बन्ध व्युच्छित्ति हो जाती है, अतः जब यहाँ पुरुषवेदका बन्ध ही नहीं होता ऐसी अवस्थामें उसका गुणसंक्रम न कहकर अधःप्रवृत्तसंक्रम क्यों स्वीकार किया गया है, क्योंकि ऐसा नियम है कि जिस प्रकृतिका बन्ध होता हो उसीका अधःप्रवृत्तसंक्रम

सम्भव है। यह एक प्रश्न है। समाधान यह है कि बन्धकी व्युच्छित्ति हो जानेपर भी पुरुषवेद और तीन संज्वलन आदिके नवक बन्धका अधःप्रवृत्त संक्रम होता है ऐसा स्वीकार किया गया है। संक्रम विधिका खुलासा इस प्रकार है—पहले समयमें विवक्षित समयप्रबद्धमेंसे जितने द्रव्यका संक्रम और उपशम हुआ उतने द्रव्यको उस समयप्रबद्धमेंसे कम कर दूसरे समयमें जो बहुभाग-प्रमाण द्रव्य शेष बचा उसमें अधःप्रवृत्तसंक्रमका भाग देनेपर जो एकभाग प्राप्त होता है उसका उस दूसरे समयमें संक्रम करता है। इसी प्रकार तृतीयादि समयोंमें भी जान लेना चाहिए। यह संक्रम प्रकृतमें एकसमयप्रबद्धकी अपेक्षा स्वीकार किया गया है, नाना समयप्रबद्धोंकी अपेक्षा नहीं, इसलिए यहाँ योगके अनुसार चार वृद्धि और चार हानि सम्भव न होकर उत्तरोत्तर विशेषहीन होकर ही संक्रम होता है ऐसा स्वीकार किया गया है।

अथापगतवेदस्य प्रथमसमये स्थितिबन्धप्रमाणप्रदर्शनार्थमिदमाह—

**पढमावेदे संजलणाणं अंतोमुहुत्तपरिहीणं।**
**वस्साणं बत्तीसं संखसहस्सियरगाण ठिदिबंधो[1] ॥ २६७ ॥**

**प्रथमावेदे संज्वलनानां अन्तर्मुहूर्तपरिहीनम्।**
**वर्षाणां द्वात्रिंशत् संख्यसहस्रमितरेषां स्थितिबन्धः ॥ २६७ ॥**

सं० टी०—प्रथमसमयवर्तिन्यपगतवेदे संज्वलनक्रोधादिचतुष्टयस्य स्थितिबन्धोऽन्तर्मुहूर्तहीनो द्वात्रिंशद्वर्षप्रमितः। सवेदचरमसमयवर्तिनः प्राक्तनस्थितिबन्धात्संपूर्णद्वात्रिंशद्वर्षमात्र दन्तर्मुहूर्तस्थितिबन्धापसरणवशेनापगतवेदप्रथमसमये एवंविधस्थितिबन्धस्य युक्तत्वात्। शेषकर्मणां तीसियवीसियवेदनीयानां प्राक्तनस्थितिबन्धात्संख्यातगुणहीनः स्थितिबन्धः संख्यातसहस्रवर्षमात्र एव पूर्वोक्तात्पबहुत्वविधानेन ज्ञातव्यः ॥ २६७ ॥

अपगतवेदीके प्रथमसमयमें स्थितिबन्धसम्बन्धी विधान—

सं० चं०—अपगतवेदका प्रथम समयविषै संज्वलन चतुष्कका तौ अन्तर्मुहूर्त घाटि बत्तीस वर्षमात्र स्थितिबन्ध है जातैं बत्तीस वर्ष स्थिति थी तामैं एक बार स्थितिबन्धापसरण करि अन्तर्मुहूर्त घटया। बहुरि अन्य कर्मनिका पूर्वस्थिति बन्धतैं संख्यातगुणा घटता पूर्वोक्त प्रकार हीनाधिक क्रम लीएं संख्यात हजार वर्षमात्र स्थितिबन्ध हो है ॥ २६७ ॥

अथापगतवेदस्य संभवत्क्रियान्तरप्रदर्शनार्थं गाथाद्वयमाह—

**पढमावेदो तिविहं कोहे उवसमदि पुव्वपढमठिदी।**
**समयाहियआवलियं जाव य तक्कालठिदिबंधो[1] ॥ २६८ ॥**

---

१. पढमसमयअवेदस्स संजलणाणं ट्ठिदिबंधो बत्तीस वस्साणि अंतोमुहुत्तूणाणि। सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। वही पृ० २८९।

१. पढमसमयअवेदो तिविहं कोहमुवसामेइ। सा चेव पोराणिया पढमट्ठिदी हवदि (पृ २९०)। एदेण कमेण जाधे आवलिय-पडिआवलियाओ सेसाओ कोधसंजलणस्स ताधे विदियट्ठिदीदो पढमट्ठिदीदो आगाल-पडिआगालाओ वोच्छिण्णो। पडिआवलियादो चेव उदीरणा कोहसंजलणस्स। वही पृ० २९१। आगाल-पडिआगालवोच्छेदे तदो पहुडि कोहसंजलणस्स णत्थि गुणसेढिणिक्खेवो। तदो पडिआवलिादो चेव पदेसग्गमोकड्डियूणासंखेज्जे समयपबद्धे उदीरेदि। जयध० पु० १३ पृ० २९२। पडि आवलियाए एकम्हि समए सेसे कोहसंजलणस्स जहण्णिया ट्ठिदिउदीरणा। वही पृ० २९२।

**प्रथमावेदस्त्रिविधं क्रोधं उपशमयति पूर्वप्रथमस्थितिः ।**
**समयाधिकावलिकां यावच्च तत्कालस्थितिबन्धः ॥ २६८ ॥**

सं० टी०—प्रथमसमयवर्त्यपगतवेदानिवृत्तिकरणविशुद्धिसंयतः तत्कालप्रथमसमयादारभ्य पुंवेदनवकबन्धेन सहाप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधत्रयमुपशमयति । तत्र संज्वलनक्रोधस्योदयमानस्य पूर्वमन्तरकरणप्रारम्भे स्थापितान्तर्मुहूर्तमात्री प्रथमस्थितिः पुंवेदप्रथमस्थितौ विशेषाधिका सैवेदानीमपि गलितावशेषप्रमाणा समयाधिकावलिमात्रावशेषा यावत्तावत्प्रवर्तते । उच्छिष्टावल्याः प्रथमस्थितिव्यपदेशासम्भवात् । उपरि मानादीनां यथाभिनवा प्रथमस्थितिः करिष्यति तथा संज्वलनक्रोधस्य नूतनप्रथमस्थितिकरणानुपपत्तेश्च । संज्वलनक्रोधस्य प्रथमस्थितौ यदा आवलिप्रत्यावलिद्वयमवशिष्यते तदा आगालप्रत्यागालौ व्युच्छिन्नौ । तदैव संज्वलनक्रोधस्य गुणश्रेणिनिर्जरापि व्युच्छिन्ना केवलं प्रागुक्तक्रमेण प्रत्यावलिद्रव्यस्योदीरणा भवति ॥ २६८ ॥

अपगतवेदीके अन्य कार्योंका निर्देश —

सं० चं०—प्रथम समयवर्ती अपगतवेदी संयमी सो अपगतवेदका प्रथम समयतैं लगाय पुरुषवेदका नवक समयप्रबद्ध सहित अप्रत्याख्यान प्रत्याख्यान संज्वलन इनि तीनों क्रोधनिकौं उपशमावै है। तहाँ उदयरूप जो संज्वलन क्रोध ताकी प्रथम स्थिति पूर्वै जो अन्तरकरणका प्रारम्भविषै अन्तर्मुहूर्तमात्र प्रथम स्थिति स्थापी थी ताका प्रमाण पुरुषवेदकी प्रथम स्थितितैं साधिक था तिसविषै व्यतीत भएं पीछैं जो अवशेष रह्या तामैं एकसमय अधिक आवलीमात्र अवशेष रहैं तहांतैं पहिलैं इहाँ संज्वलनक्रोधकी प्रथम स्थिति जाननी । जातैं उच्छिष्टावली अवशेष रहै प्रथम स्थिति नाम न पावै है। बहुरि जैसैं मानादिककी नवीन प्रथमस्थितिका स्थापन करेंगे तैसैं क्रोधकी प्रथमस्थिति नवीन न हो है जातैं संज्वलन क्रोधका ही उदय चल्या आवै है, तातैं अन्तरकरणविषै स्थापी जो प्रथम स्थिति ताका ही इहाँ ग्रहण किया सो इस प्रथम स्थितिविषै आवली प्रत्यावली ए दोय अवशेष रहैं आगाल प्रत्यागालका अर संज्वलन क्रोधकी गुणश्रेणि निर्जराका व्युच्छेद हो है। द्वितीयावलीका द्रव्यकौं उदयावलीविषै देनेरूप केवल उदीरणा ही पाइए है ॥ २६८ ॥

विशेष—पुरुषवेदके पुराने सत्कर्मके उपशान्त होने पर उसके नवक बन्धको क्रमसे उपशमाता हुआ ही अपगतवेदी जीव प्रत्याख्यान, अप्रत्याख्यान और संज्वलनरूप तीन क्रोधोंकी उपशमविधिका प्रारम्भ करता है। इस जीवने पहले जो अन्तरकरण क्रिया करते हुए क्रोध संज्वलनकी प्रथम स्थिति पुरुष वेदकी प्रथम स्थितिसे साधिक स्थापित की थी, वह प्रथम स्थिति अपगत वेदके प्रथम समयमें गलित होकर जितनी शेष बची वही शेष बची प्रथम स्थिति यहाँ प्रवृत्त रहती है। जिस प्रकार आगे मानादिककी उपशामना करते समय अपूर्व प्रथम स्थिति स्थापित की जाती है उस प्रकार यहाँ पर तीन क्रोधके उपशमानेके लिये अपूर्व प्रथम स्थिति नहीं स्थापित की जाती। किन्तु पहले जो प्रथम स्थिति रची थी वही पुरानी प्रथम स्थिति तीन क्रोधोंके उपशमाने तक चालू रहती है। इस क्रमसे जब क्रोध संज्वलनकी प्रथम स्थिति उदयावलि और प्रति उदयावलिप्रमाण शेष रहती है तब आगाल-प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति हो जाती है। यह कथन यहाँ उत्पादानुच्छेदकी अपेक्षा किया है। क्योंकि यहाँ पर दो आवलियोंसे एक समय कम दो आवलियाँ ली गई हैं। आगाल-प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति हो जाने पर क्रोधसंज्वलनका गुणश्रेणि निक्षेप नहीं होता, क्योंकि सबसे जघन्य गुणश्रेणि आयाम एक आवलिप्रमाण है, उससे कम नहीं। इसलिये

प्रत्यावलिमेंसे ही प्रदेशपुंजका अपकर्षण कर वह जीव असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणा करता है।

तस्य क्रोधत्रयस्योपशमनकालचरमसमये संज्वलनक्रोधप्रथमस्थितौ समयाधिकावलिमात्रावशेषकर्मणां स्थितिबन्ध ईदृशो भवतीति वक्ष्यते—

**संजलणचउक्काणं मासचउक्कं तु सेसपयडीणं।**
**वस्साणं संखेज्जसहस्साणि हवंति णियमेण[1] ॥ २६९ ॥**
**संज्वलनचतुष्काणां मासचतुष्कं तु शेषप्रकृतीनाम्।**
**वर्षाणां संख्येयसहस्राणि भवंति नियमेन ॥ २६९ ॥**

सं० टी०—संज्वलनक्रोधादिचतुष्टयस्यापगतवेदप्रथमसमयादारभ्यान्तर्मुहूर्तमात्रस्थितिबन्धापसरणेषु संख्यातसहस्रेषु गतेषु क्रोधत्रयोपशमनकालचरमसमये स्थितिबन्धश्चतुर्मासमात्रः। शेषकर्मणां तीसियवीसिय-वेदनीयानां प्राक्तनस्थितिबन्धात्संख्यातगुणहीनोऽपि संख्यातसहस्रवर्षमात्र एव पूर्वोक्ताल्पबहुत्वक्रमेण प्रवर्तते ॥ २६९ ॥

संज्वलन क्रोध आदिके स्थिति बन्धके प्रमाण निर्देश—

स० चं०—अपगतका प्रथम समयतैं लगाय अंतर्मुहूर्तमात्र आयाम धरें ऐसे संख्यात हजार स्थितिबंध भएं क्रोधत्रिकका उपशम कालका अंतसमयविषैं संज्वलन चतुष्कका स्थितिबंध च्यारि मासमात्र हो है। बहुरि तिस ही अंतसमयविषै और कर्मनिका पूर्वस्थितिबंधतैं संख्यातगुणा घटचा ऐसा संख्यात हजार वर्षमात्र पूर्वोक्त प्रकार हीनाधिकपना लीएं स्थितिबंध हो है ॥ २६९ ॥

अथ क्रोधद्रव्यस्य संक्रमविशेषप्रदर्शनार्थमिदमाह—

**कोहदुगं संजलणगकोहे संछुहदि जाव पढमठिदी।**
**आवलितियं तु उवरिं संछुहदि हु माणसंजलणे[2] ॥ २७० ॥**
**क्रोधद्विकं संज्वलनक्रोधे संक्रामति यावत् प्रथमस्थितिः।**
**आवलित्रिकं तु उपरि संक्रामति हि मानसंज्वलने ॥ २७० ॥**

सं० टी०—अपगतवेदे प्रथमसमयादारभ्य संज्वलनक्रोधप्रथमस्थितिरावलित्रयावशेषा यावत्तावद्भ-वति। तावदप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानक्रोधद्वयद्रव्यं गुणसंक्रमेण गृहीत्वा संज्वलनक्रोधे संक्रमयति। तत्र प्रथमा संक्रमावलिः, द्वितीया उपशमनावलिः, तृतीया उच्छिष्टावलिरिति व्यपदिश्यते। ततः परं तद्द्रव्यं संक्रमणावलिचरमसमयपर्यन्तं संज्वलनमाने संक्रमयति ॥ २७० ॥

क्रोधके द्रव्यके संक्रमण विशेषका विधान—

सं० चं०—अपगत वेदका प्रथम समयतैं लगाय संज्वलन क्रोधकी प्रथम स्थितिविषै तीन

---

१. चदुण्हं संजलणाणं ठिदिबंधो चत्तारि मासा। सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्स-सहस्साणि। वही पृ० २९२।

२. कोहसंजलणे दुविहो कोहो ताव संछुहदि जाव कोहसंजलणस्स पढमट्ठिदीए तिण्णि आवलियाओ सेसाओ त्ति तिसु आवलियासु समयूणासु सेसासु तत्तो पाए दुविहो कोहो कोहसंजलणंण संकमदि। वही पृ० २९३-२९४।

आवली अवशेष रहैं तावत् अप्रत्याख्यान प्रत्याख्यान क्रोधादिकका द्रव्यकौं गुणसंक्रम भागहार करि ग्रहि संज्वलन क्रोधविषै संक्रम कराइए है। बहुरि संक्रमावली १ उपशमावली २ उच्छिष्टावली ३ ए तीन आवली रहीं तिनविषै संक्रमावलीका अंतसमय पर्यंत तिन दोऊनिका द्रव्य संज्वलन मानविषै संक्रमण हो है ॥ २७० ॥

विशेष—क्रोधसंज्वलनकी प्रथम स्थिति तीन आवलि प्राप्त होने तक ही अप्रत्याख्यानक्रोध और प्रत्याख्यान क्रोधका क्रोधसंज्वलनमें संक्रम होता है। उसमें एक समय कम होने पर उक्त दोनों क्रोधोंका मानसंज्वलनमें संक्रम होने लगता है। इस प्रकार जब क्रोधसंज्वलनकी प्रथम स्थिति उच्छिष्टावलिमात्र शेष रहती है तब क्रोधसंज्वलनकी बन्धव्युच्छित्ति और उदय व्युच्छित्ति हो जाती है। ऐसा होने पर भी चूर्णिसूत्रमें जो यह कहा है कि जब क्रोध संज्वलनकी प्रथम स्थितिमें एक समय कम एक आवलि काल शेष रहता है तब क्रोधसंज्वलनके बन्ध-उदयकी व्युच्छित्ति हो जाती है सो यहाँ पूरी उच्छिष्टावलि न कह कर एक समय कम उच्छिष्टावलि इसलिये कही, क्योंकि जिस समय क्रोधकी उदयव्युच्छित्ति होती है उसी समय उदयव्युच्छित्तिके कारण प्रथम-निषेकस्थितिके मानसंज्वलनके उदयमें स्तिवुक संक्रमके द्वारा संक्रमित हो जाने पर उच्छिष्टा-वलिमें एक समय कम हो जाता है

अथ उपशमनावलिचरमसमये संभवत्क्रियाविशेषप्ररूपणार्थमिदमाह—

**कोहस्स पढमठिदी आवलिसेसे तिकोहमुवसंतं।**
**ण य णवकं तत्थंतिमबंधुदया होंति कोहस्स[1] ॥ २७१ ॥**
**क्रोधस्य प्रथमस्थितिः आवलिशेषं त्रिक्रोधमुपशान्तं।**
**न च नवकं तत्रान्तिमबन्धोदया भवन्ति क्रोधस्य ॥ २७१ ॥**

स० चं०—आयु बिना सात कर्मनिका स्थितिकांडकायाम अर स्थितिसत्त्व अर स्थितिबंध ए तीनों अपूर्वकरणका प्रथम समयविषै जो पाइए है तिनितैं ताके अन्त समयविषै संख्यातगुणे घाटि हो हैं ॥४०६॥

**अंतोकोडाकोडी अपुव्वपढमम्हि होदि ठिदिबंधो ।**
**बंधादो पुण सत्तं संखेज्जगुणं हवे तत्थ ॥४०७॥**

**अंतःकोटीकोटिः अपूर्वप्रथमे भवति स्थितिबन्धः ।**
**बन्धात् पुनः सत्त्वं संख्येयगुणं भवेत् तत्र ॥४०७॥**

स० चं०—अपूर्वकरणका प्रथम समयविषै स्थितिबंध अन्तःकोटाकोटी प्रमाण है सो पृथक्त्व लक्ष कोडि सागरप्रमाण है। बहुरि तहां स्थितिसत्त्व आलाप करि तितना ही है, तथापि स्थिति-बंधतैं संख्यातगुणा है। ऐसैं स्थितिकांडकका स्वरूप कह्या ॥४०७॥

**एक्केक्कट्ठिदिखंडयणिवडणठिदिओसरणकाले ।**
**संखेज्जसहस्साणि य णिवडंति रसस्स खंडाणि ॥४०८॥**

**एकैकस्थितिखंडकनिपतनस्थित्यपसरणकाले ।**
**संख्येयसहस्राणि च निपतंति रसस्य खंडानि ॥४०८॥**

स० चं०—एकस्थितिखंडनिपतन कहिए स्थितिकांडकघात जाविषैं होइ ऐसा स्थिति-कांडकोत्करण काल तीहिं विषै संख्यात हजार अनुभागकांडकनिका निपतन कहिए घात हो है। भावार्थ यहु—अपूर्वकरणका प्रथम समयविषैं स्थितिकांडकका अर अनुभागकांडकका युगपत् प्रारम्भ भया। तहां यथायोग्य काल गएं प्रथम अनुभागकांडक पूरा भया अर स्थितिकांडक सोई है। बहुरि अनुभागकांडक दूसरा भया, बहुरि तीसरा भया ऐसैं संख्यात हजार अनुभागकांडक भएं प्रथम स्थितिकांडकका काल पूर्ण हो है। ऐसैं ही द्वितीयादि स्थितिकांडक कालनिविषैं क्रम जानना ॥४०८॥

---

१. तदो ट्ठिदिसंतकम्मं ट्ठिदिबंधो च सागरोवमकोडिसदसहस्सपुधत्तमंतोकोडीए। बंधादो पुण संतकम्मं संखेज्जगुणं। वही पृ० ७४२। ध० पु० ६, पृ० ३४५।

**असुहाणं पयडीणं अणंतभागा रसस्स खंडाणि ।**
**सुहपयडीणं णियमा णत्थि त्ति रसस्स खंडाणि ॥४०९॥**

**अशुभानां प्रकृतीनां अनंतभागा रसस्य खंडानि ।**
**शुभप्रकृतीनां नियमात् नास्तीति रसस्य खंडानि ॥४०९॥**

स० चं०—अशुभ प्रकृतिनिका अनन्त बहुभागमात्र अनुभागकांडकका प्रमाण है। पूर्वे जो अनुभाग था ताकौं अनन्तका भाग दीएं तहां बहुभागमात्र प्रथम अनुभागकांडकविषैं घटाइए है अवशेष एक भागमात्र अनुभाग रहै है। बहुरि ताकौं अनन्तका भाग दीएं तहां बहुभाग दूसरा अनुभागकांडकविषैं घटाइए है अवशेष एक भाग अनुभाग रहै है। ऐसैं अन्त अनुभागकांडक पर्यन्त क्रम जानना। या प्रकार अप्रशस्त प्रकृतिनिका अनुभागखंड इहां हो है। बहुरि प्रशस्त प्रकृतिनिका अनुभागखंड नियमतैं न हो है जातैं विशुद्ध परिणामनिकरि शुभप्रकृतिनिके अनुभाग का घटावना सम्भवता नाहीं। ऐसैं अनुभागखंडका स्वरूप कह्या ॥४०९॥

**पढमे छट्ठे चरिमे भागे दुग तीस चदुर वोछिण्णा ।**
**बंधेण अपुव्वस्स य से काले बादरो होदि ॥४१०॥**

**प्रथमे षट्के चरमे भागे द्विकं त्रिंशत् चतस्रो व्युच्छिन्नाः ।**
**बन्धेन अपूर्वस्य च स्वे काले बादरो भवति ॥४१०॥**

स० चं०—पूर्वोक्त प्रकार स्थितिबंधापसरणनिकरि घटि घटि संख्यात हजार स्थितिबंध भए कहा ? सो कहिए है—

अपूर्वकरणका कालके समान सात भाग करिए तहां प्रथमभागका अंत समयविषैं निद्रा प्रचला इनि दोऊनिके बंधकी व्युच्छित्ति भई। इहां ही निद्रा प्रचलाका द्रव्य है सो गुणसंक्रमण विधान करि इहां बध्यमान स्वजातीय चक्षु अचक्षु अवधि केवलदर्शनावरणीय तिन विषैं संक्रमण करै है। बहुरि यातैं परैं संख्यात हजार स्थितिबन्ध भएं ताका छठा भागका अंत समयविषैं देवगति १ पंचेन्द्री जाति १ वैक्रियिक तैजस आहारक कार्माण शरीर ४ समचतुरस्र संस्थान १ वैक्रियिक आहारक अंगोपांग २ वर्णादि च्यारि ४ देवानुपूर्वी १ अगुरुलघु १ उपघात १ परघात १ उश्वास १ प्रशस्तविहायोगति १ त्रस १ बादर १ पर्याप्त १ प्रत्येक १ स्थिर १ शुभ १ सुभग १ सुस्वर १ आदेय १ निर्माण १ तीर्थंकर १ इन तीस प्रकृतिके बंधकी व्युच्छित्ति हो है। बहुरि यातैं संख्यात हजार स्थितिबंध भए अपूर्वकरणका अंत समयविषैं हास्य १ रति १ भय १ जुगुप्सा १ इन च्यारिनिके बंधकी व्युच्छित्ति हो है। अर इहां ही छह नोकषायनिके उदयकी व्युच्छित्ति हो है। जहां उपरि समयसंबंधी भाव सर्वदा नीचले समय संबंधी भावनिके समान न होइ सो कर्म

---

१. अप्पसत्थाणं कम्माणमणुभागस्स अणंते भागे खंडयं गेण्हदि। ध० पु० ६, ३४५।

२. एवं ट्ठिदिबंधसहस्सेहिं गदेहिं अपुव्वकरणद्धाए संखेज्जदिभागे गदे तदो णिद्दा-पयलाणं बंधवोच्छेदो। ताधे चेव ताणि गुणसंकमेण संकमंति। तदो ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु परभवियणामाणं बंधवोच्छेदो जादो। तदो ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु चरिमसमयअपुव्वकरणं पत्तो। से काले पढमसमयअणियट्टी जादो। क० चु० पृ० ७४३।

नाश करनेवाला सार्थक नामका धारक अपूर्वकरण जानना। याकौं समाप्त होतैं ताके अनंतर समय निज कालविषैं बादर कहिए अनिवृत्तिकरण हो है ॥४१०॥ ताका व्याख्यान करिए है—

**अणियट्टिस्स य पढमे अण्णं ठिदिखंडपहुदिमारभइ ।**
**उवसामणा णिधत्ती णिकाचणा तत्थ वोच्छिण्णा[1] ॥४११॥**

**अनिवृत्तेश्च प्रथमे अन्यं स्थितिखंडप्रभृतिमारभते ।**
**उपशामना निधत्तिः निकाचना तत्र व्युच्छिन्ना ॥४११॥**

स० चं०—अनिवृत्तिकरणका प्रथम समयविषै और ही स्थितिखंडादिक प्रारंभिए है। तहां अपूर्वकरणका अन्त समयवर्तीतैं अन्य ही पल्यका संख्यातवां भागमात्र तौ स्थितिकांडकायाम हो है। अर यातैं पीछैं अवशेष रह्या जो अनुभाग ताका अनंत बहुभागमात्र और ही अनुभागकांडक हो है। अर अपूर्वकरणका अन्त समयसंबंधी स्थितिबंधतैं पल्यका संख्यातवां भागमात्र घटता और ही स्थितिबंध इहां हो है। बहुरि इहां ही अप्रशस्तोपशम १ निधत्ति १ निकाचना १ इन तीन करणनिकी व्युच्छित्ति भई। अब सर्व ही कर्म उदय संक्रमण उत्कर्षण अपकर्षण करनेकौं योग्य भए ॥४११॥

**बादरपढमे पढमं ठिदिखंडं विसरिसं तु बिदियादि ।**
**ठिदिखंडयं समाणं सव्वस्स समाणकालम्हि[2] ॥४१२॥**

**बादरप्रथमे प्रथमं स्थितिखंडं विसदृशं तु द्वितीयादि ।**
**स्थितिखंडकं समानं सर्वस्य समानकाले ॥४२२॥**

स० चं०—अनिवृत्तिकरणका प्रथम समयविषै पहला स्थितिखण्ड है सो तो विसदृश है नाना जीवनिकैं समान नाही है। बहुरि द्वितीयादि स्थितिखंड हैं ते समान कालविषैं सर्व जीवनिके समान है। अनिवृत्तिकरण माढैं जिनकौं समान काल भया तिनकैं परस्पर द्वितीयादि स्थितिकांडक आयामका समान प्रमाण जानना ॥४१२॥

**पल्लस्स संखभागं अवरं तु वरं तु संखभागहियं ।**
**घादादिमठिदिखंडो सेसा सव्वस्स सरिसा हु[3] ॥४१३॥**

---

१. पढमसमयअणियट्टिस्स अण्णं ट्ठिदिखंडयं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो। अण्णमणुभागखंडयं सेसस्स अणंता भागा। अण्णो ट्ठिदिबंधो पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण हीणो।...सव्वकम्माणं पि तिण्णि करणाणि वोच्छिण्णाणि। जहा—अप्पसत्थउवसामणाकरणं णिधत्तीकरणं णिकाचणाकरणं च। क० चु० पृ० ७४३–७४४।

२. पढमं ट्ठिदिखंडयं विसमं जहण्णयादो उक्कस्सयं संखेज्जभागुत्तरं। पढमे ट्ठिदिखंडये हदे सव्वस्स तुल्लकाले अणियट्टिपविट्ठस्स ट्ठिदिसंतकम्मं तुल्लं ट्ठिदिखंडयं पि सव्वस्स अणियट्टिपविट्ठस्स बिदियट्ठिदिखंडयादो बिदियट्ठिदिखंडयं तुल्लं। तदोप्पहुडि तदियादो तदियं तुल्लं। क० चु०, पृ० ७४३।

३.

**पल्यस्य संख्यभागं अवरं तु वरं तु संख्यभागमधिकम् ।**
**घातादिमस्थितिखंडः शेषाः सर्वस्य सदृशा हि ॥४१३॥**

स० चं०—सो प्रथम स्थितिखंड जघन्य तो पल्यका संख्यातवां भागमात्र है। उत्कृष्ट ताका संख्यातवां भाग करि अधिक है। बहुरि द्वितीयादि स्थितिखंड सर्व जीवनिकैं समान हो हैं। इहां कारण कहिए है—

कोई जीवकैं स्थितिसत्त्व स्तोक है। कोईकैं तातैं संख्यातवां भाग करि अधिक है, तातैं स्थितिसत्त्वके अनुसारि स्थितिकांडक भी कोईकैं जघन्य कोईकैं उत्कृष्ट हो है सो अपूर्वकरणका प्रथम समयतै लगाय अनिवृत्तिकरणविषैं यावत् प्रथम खंडका घात न होइ तावत् ऐसैं ही संभवै है। बहुरि तिस प्रथम कांडकका घात भए पीछैं समान समयनिविषैं प्राप्त सर्व जीवनिकैं स्थिति-सत्त्वकी समानता हो है, तातैं द्वितीयादि स्थितिकांडक आयामनिकी भी समानता जाननी ॥४१३॥

**उदधिसहस्सपुधत्तं लक्खपुधत्तं तु बंध संतो य ।**
**अणियट्टिस्सादीए गुणसेढीपुव्वपरिसेसा ॥४१४॥**

**उदधिसहस्रपृथक्त्वं लक्षपृथक्त्वं तु बंधः सत्त्वं च ।**
**अनिवृत्तेरादौ गुणश्रेणी पूर्वपरिशेषा ॥४१४॥**

स० चं०—अपूर्वकरणका प्रथम समयविषैं पूर्वैं स्थितिबंध अन्तःकोटाकोटि सागरप्रमाण था सो अपूर्वकरण विषैं भए संख्यात हजार स्थितिबंधापसरण तिनकरि घटता होइ पृथक्त्व हजार सागरप्रमाण स्थितिबंध भया। बहुरि पूर्वैं स्थितिसत्त्व अन्तःकोटाकोटि सागरप्रमाण था सो अपूर्व-करण विषैं भए संख्यात हजार स्थितिकांडकघात तिनकरि घटता होइ पृथक्त्व लक्षसागरप्रमाण स्थितिसत्त्व भया। बहुरि गुणश्रेणि आयाम इहां अपूर्वकरण काल व्यतीत भए पीछैं जो अवशेष रह्या सो इहां जानना। समय समय प्रति असंख्यातगुणा क्रम लीएं पूर्ववत् गुणश्रेणी अर गुण-संक्रम वर्तै है ॥४१४॥

आगे स्थितिबंधापसरणका क्रम कहिए है—

**ठिदिबंधसहस्सगदे संखेज्जा बादरे गदा भागा ।**
**तत्थासण्णिस्स ट्ठिदिसरिसं ठिदिबंधणं होदि[2] ॥४१५॥**

**स्थितिबंधसहस्रगते संख्येया बादरे गता भागाः ।**
**तत्रासंज्ञिनः स्थितिसदृशं स्थितिबंधनं भवति ॥४१५॥**

स० चं०—ऐसैं प्रथम समय विषैं कह्या अनुक्रम लीए एक स्थितिबंधापसरण करि स्थिति-

---

१. ट्ठिदिबंधो सागरोवमसहस्सपुधत्तमंतो सदसहस्सस्स। ट्ठिदिसंतकम्मं सागरोवमसदसहस्सपुधत्तमंतो कोडीए। गुणसेढिणिक्खेवो जो अपुव्वकरणे णिक्खेवो तस्स सेसे सेसे च भवदि। क० चु० पृ० ७४३-७४४

२. एवं संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु तदो अण्णो ट्ठिदिबंधो असण्णिट्ठिदिबंधसमगो जादो। क० चु० पृ० ७४४।

बंध घटनेतैं एक स्थितिबंध होइ। ऐसैं संख्यात हजार स्थितिबंध भएं अनिवृत्तिकरणके कालका संख्यात भागनिविषै बहुभाग व्यतीत भएं एक भाग अवशेष रह्या तहां असंज्ञी पंचेन्द्री समान स्थितिबंध हो है सो हजार सागरके चारि सातवां भाग मात्र मोहका, तीन सातवां भाग मात्र तीसीयनिका, दोय सातवां भाग मात्र वीसीयनिका स्थितिबंध हो है। चालीस तीस बीस कोडाकोडी सागरस्थितिकी अपेक्षा चारित्रमोहका नाम चालीसीय अर ज्ञानावरणादि च्यारिका नाम तीसीय, नाम गोत्रका नाम बीसीय जानना ॥४१५॥

**ठिदिबंधसहस्सगदे पत्तेयं चदुरतियबिएइंदी।**
**ठिदिबंधसमं होदि हु ठिदिबंधमणुक्कमेणेव[1] ॥४१६॥**

**स्थितिबंधसहस्रगते प्रत्येकं चतुस्त्रिद्विएकेंद्री।**
**स्थितिबंधसमं भवति हि स्थितिबंधमनुक्रमेणैव ॥४१६॥**

स० चं०—पूर्वोक्त क्रम लीएं संख्यात हजार स्थितिबंध प्रत्येक भएं अनुक्रमतैं चौंद्री तेंद्री बेंद्री एकेंद्री समान स्थितिबंध हो है। तहां चौंद्री समान तौ सौ सागरका अर तेंद्री समान पचास सागरका, बेंद्री समान पचीस सागरका, एकेंद्री समान एक सागरका च्यारि सातवां भागमात्र तौ मोहका, तीन सातवां भागमात्र तीसीयनिका, दोय सातवां भागमात्र वीसीयनिका स्थितिबंध हो है। तहां एकेंद्री बेंद्री तेंद्री चौंद्री असंज्ञीकैं सत्तर कोडाकोडी उत्कृष्ट स्थितिका धारक जो मिथ्यात्व ताका क्रमतैं एक पचीस पचास सौ हजार सागरका स्थितिबंध होइ तौ चालीस तीस बीस कोडाकोडी उत्कृष्ट स्थितिका धारक जो मोह अर ज्ञानावरणादि अर नाम गोत्र तिनका केता बंध होइ ऐसैं त्रैराशिक कीएं पूर्वोक्त स्थितिबंधका प्रमाण आवै है। ऐसैं ही त्रैराशिकका क्रम आगैं भी जानना ॥४१६॥

**एइंदियट्ठिदीदो संखसहस्से गदे हु ठिदिबंधे।**
**पल्लेकदिवड्ढदुगं ठिदिबंधो वीसियतियाणं[2] ॥४१७॥**

**एकेंद्रियस्थितितः संख्यसहस्रे गते हि स्थितिबंधे।**
**पल्यैकद्व्यर्धद्विकं स्थितिबंधः वीसियत्रिकाणाम् ॥ ४१७ ॥**

स० चं—एकेंद्रिय समान स्थितिबंधतैं परैं संख्यात हजार स्थितिबंध गएं वीसीयनिका एक पल्य, तीसीयनिका ड्योढ पल्य, मोहका दोय पल्यमात्र स्थितिबंध हो है ॥ ४१७ ॥

**तक्काले ठिदिसंतं लक्खपुधत्तं तु होदि उवहीणं।**
**बंधोसरणो बंधं ठिदिखंडं संतमोसरदि[3] ॥४१८॥**

---

१. तदो संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु चदुरिंदियट्ठिदिबंधसमगो ट्ठिदिबंधो जादो। एवं तीइंदियसमगो बीइंदियसमगो एइंदियसमगो जादो। क० चु० पृ० ७४४।

२. तदो एइंदियट्ठिदिबंधसमगादो ट्ठिदिबंधादो संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु णामा-गोदाणं पलिदोवमट्ठिदिगो बंधो जादो। ताधे णाणावरणीयदंसणावरणीय-वेदणीय-अंतराइयाणं दिवड्ढपलिदोवमट्ठिदिगो बंधो। मोहणीयस्स बेपलिदोवमट्ठिदिगो बंधो। क० चु० पृ० ७४४।

३. ताधे ट्ठिदिसंतकम्मं सागरोवमसदसहस्सपुधत्तं।

**तत्काले स्थितिसत्त्वं लक्षपृथक्त्वं तु भवति उदधीनाम् ।**
**बंधापसरणं बंधः स्थितिखंडं सत्त्वमपसरति ॥४१८॥**

स० चं—तिस कालविषै कर्मनिका स्थितिसत्त्व पृथक्त्व लक्षसागरप्रमाण हो है सो अनिवृत्तिकरणका प्रथम समयसम्बन्धी स्थितिबंधतैं संख्यातगुणा घाटि जानना। बहुरि सर्वत्र ऐसा जानना—स्थितिबंधापसरणनिकरि स्थितिबंध घटै है अर स्थितिकांडकनिकरि स्थितिसत्त्व घटै है ॥ ४१८ ॥

**पल्लस्स संखभागं संखगुणूणं असंखगुणहीणं ।**
**बंधोसरणे पल्लं पल्लासंखं असंखवस्सं ति ॥४१९॥**

**पल्यस्य संख्यभागं संख्यगुणोनमसंख्यगुणहीनम् ।**
**बंधापसरणे पल्यं पल्यासंख्यं असंख्यवर्षमिति ॥४१९॥**

स० चं—पल्यका संख्यातवां भाग अर पूर्व बंधतैं संख्यातगुणा घटता अर असंख्यातगुणा घटता प्रमाण लीएं स्थितिबंधापसरणनिकरि पल्यमात्र अर पल्यका असंख्यातवां भागमात्र अर असंख्यात वर्षमात्र स्थितिबंध हो है। भावार्थ--पल्यमात्र स्थितिबंध होने पर्यंत तौ पल्यका संख्यातवां भागमात्र स्थितिबंधापसरण जानना। तहां पूर्व स्थितिबंधतैं अनंतर स्थितिबंध किछू विशेष घटता हो है। बहुरि तातैं परैं पल्यका असंख्यातवां भागमात्र जो दूरापकृष्टि नामा स्थितिबंध ताके होने पर्यंत पल्यकौं संख्यातका भाग दीएं तहां एक भाग विना बहुभागमात्र स्थितिबंधापसरण जानना। तहां पूर्व स्थितिबंधतैं अनंतर स्थितिबंध संख्यातगुणा घटता हो है। बहुरि तातैं परैं असंख्यात हजार वर्षमात्र स्थितिबंध होने पर्यंत पल्यकौं असंख्यातका भाग दीएं तहां एक भाग बिना बहुभागमात्र स्थितिबंधापसरण जानना। तहां पूर्व स्थितिबंधतैं अनंतर स्थितिबंध असंख्यातगुणा घटता हो है। ऐसैं एक एक स्थितिबंधापसरणविषै स्थितिबंध घटाएं अवशेष स्थितिबंध रहै हैं। तहां पूर्व स्थितिबंधतैं अनंतर स्थितिबंध किछू विशेष घटता हो है। बहुरि याही प्रकार प्रमाण लीएं स्थिति कांडकनिकरि स्थितिसत्वकौं घटाइ पल्यादिमात्र स्थितिसत्त्वका होना जानना ॥४१९॥

विशेष—अनिवृत्तिकरणमें जहाँ जाकर एकेन्द्रिय जीवोंके समान स्थितिबन्ध होता है वहाँ से संख्यात हजार स्थितिबन्धापसरण होनेपर नाम-गोत्रका एक पल्योपम, ज्ञानावरण, दर्शनावरण वेदनीय और अन्तरायका डेढ़ पल्योपम तथा मोहनीयका दो पल्योपम स्थितिबन्ध होने लगता है। अब विचार यह करना है कि अब तक स्थितिबन्धापसरण पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण था, आगे उत्तरोत्तर स्थितिबन्धापसरण द्वारा स्थितिबन्ध घटता क्रम लिये होने पर स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण कितना रहता है इसी तथ्यको इस गाथा द्वारा स्पष्ट किया गया है। आशय यह है कि स्थितिबन्धापसरण द्वारा जिस किसी भी कर्मके पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्धके प्राप्त होने तक प्रत्येक स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण पल्योपमके संख्यातवें भागमात्र होता है। आगे जहाँ जाकर जिस किसी-कर्मका स्थितिबन्ध प्रथम बार पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होता है वहाँ तक प्रत्येक स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण पूर्व-पूर्व स्थितिबन्धसे उत्तरोत्तर संख्यातगुणा घटता क्रम लिये होता है। तथा इससे आगे जहाँ जाकर जिस किसी कर्मका स्थितिबन्ध प्रथम बार असंख्यात वर्ष प्रमाण प्राप्त होता है वहाँ तक प्रत्येक स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण पूर्व-पूर्व

स्थितिबन्धसे उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा घटता क्रम लिये होता है। यह स्थितिबन्धापसरणके विषय में सामान्य नियम है जो बँधनेवाले सभी कर्मोंपर लागू होता है।

**एवं पल्लं जादा वीसीया तीसिया य मोहो य[1] ।**
**पल्लासंखं च कमं बंधेण य वीसियतियाओ[2] ।।४२०।।**

**एवं पल्यं जाते वीसिया तीसिया च मोहश्च ।**
**पल्यासंख्यं च क्रमेण बंधेन च वीसियत्रिकाः ।। ४२० ।।**

स० चं—ऐसैं वीसीयनिका पल्यमात्र स्थितिबंध भया तहां पर्यंत तौ वीसीयनिकेतैं ड्योढा तीसीयनिका अर दूणा मोहका स्थितिबंध है। ऐसा ही क्रम जानना। बहुरि ताके अनंतरि एक स्थितिबंधापसरण होनेकरि वीसीयनिका तौ स्थितिबंध संख्यातगुणा घटता भया। पल्यकौं संख्यातका भाग दीएं तहां बहुभाग घटाएं एक भागमात्र स्थितिबंध रह्या बहुरि अन्य कर्मनिका पल्य-मात्र स्थितिबंध न भया है तातैं पूर्व बंधतैं पल्यका संख्यातवां भागमात्र विशेषकरि हीन स्थितिबंध भया। तहां वीसीयनिका स्तोक स्थितिबंध है। तातैं तीसीयनिका संख्यातगुणा है। जातैं इहां वीसीयनिका तौ पल्यके संख्यातवें भाग भया अर तीसीयनिका साधिक पल्यमात्र है। बहुरि तीसीयनिकेतैं मोहका विशेष अधिक है। ऐसैं अल्पबहुत्व हुआ। इस क्रमकरि संख्यात हजार स्थितिबंध भएं तीसीयनिका पल्यमात्र स्थितिबंध भया। तहां तातैं तीसरा भाग अधिक मोहका स्थितिबंध हो है, जातै तीसीयका पल्यमात्र स्थितिबंध होइ तौ चालीसीयका केता होइ ऐसैं त्रैराशिककरि त्रिभाग अधिक पल्यमात्र मोहका स्थितिबंध आवै है। बहुरि याके अनंतरि तीसीयनिका पल्यका संख्यात बहुभागमात्र एक स्थितिबंधापसरणकरि पूर्व स्थितिबंधतैं संख्यातगुणा घटता स्थितिबंध हो है। तहां नाम गोत्रका स्तोक तातैं तीसीयनिका संख्यातगुणा तातैं मोहका संख्यातगुणा स्थितिबंध हो है। इहां वा आगैं अल्पबहुत्व यथासम्भव स्थितिबंधापसरण होनेतैं संभवै है सो विचारैं प्रगट भासै हैं।

बहुरि इस अनुक्रमतैं संख्यात हजार स्थितिबंध भएं मोहका पल्यमात्र स्थितिबंध हो है। तहां अवशेष छह कर्मनिका स्थितिबंध पल्यके संख्यातवें भागमात्र हो है। ऐसैं वीसीय तीसीय मोहका पल्यमात्र स्थितिबंध होनेका क्रम जानना। बहुरि ताके अनंतरि मोहका पल्यका संख्यात बहुभागमात्र एक स्थितिबंधापसरण भया तब सातौं ही कर्मनिका स्थितिबंध पल्यके संख्यातवें भागमात्र भया। तहां नाम गोत्रका स्तोक तातैं तीसीयनिका संख्यातगुणा तातैं मोहका संख्यातगुणा स्थितिबंध जानना। बहुरि ऐसैं अनुक्रमकरि संख्यात हजार स्थितिबंध भएं नाम गोत्रका दूरापकृष्टि नामा पल्यका संख्यातवां भागमात्र स्थितिबंध हो है। बहुरि ताके अनंतरि पल्यका असंख्यात बहुभागमात्र एक स्थितिबंधापसरण होनेतैं नाम गोत्रका पल्यका असंख्यातवां भागमात्र

---

१. जाधे णामा-गोदाणं पलिदोवमट्ठिदिगो बंधो ताधे अप्पाबहुअं वत्तइस्सामो। तं जहा—णामा-गोदाणं ठिदिबंधो थोवो, णाणावरणीय-दंसणावरणीय-वेदणीय-अंतराइयाणं ठिदिबंधो विसेसाहिओ। मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। क० चु० पृ० ७४५।

२. तदो संखेज्जेसु ट्ठिदिबंधसहस्सेसु गदेसु मोहणीयस्स वि पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ठिदिबंधो जादो। ताधे सव्वेसिं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो ठिदिबंधो जादो। क० चु० पृ० ७४७।

स्थितिबंध हो है तहां अन्य कर्मनिका पल्यके संख्यातवें भागमात्र ही स्थितिबंध है जातैं इनकैं दूरापकृष्टिका उल्लंघन होनेतैं स्थितिबंधापसरण पल्यके संख्यात बहुभागमात्र ही है। तहां नाम गोत्रका स्तोक तातैं तीसीयनिका असंख्यातगुणा तातैं मोहका संख्यातगुणा स्थितिबंध जानना। बहुरि इस क्रमतैं संख्यात हजार स्थितिबंध भए तीसीयनिका स्थितिबंध दूरापकृष्टिकौं उलंघि पल्यके असंख्यातवें भागमात्र भया। तहां नाम गोत्रका स्तोक तातैं तीसीयनिका असंख्यातगुणा तातैं मोहका असंख्यातगुणा स्थितिबंध है। बहुरि इस क्रम लीएं संख्यात हजार स्थितिबंध भएं मोहका भी पल्यका असंख्यातवां भागमात्र स्थितिबंध भया। तहां सर्व ही कर्मनिका पल्यके असंख्यातवें भागमात्र स्थितिबंध हो है। ऐसैं वीसीय तीसीय चालीसीयनिका पल्यके असंख्यातवें भागमात्र स्थितिबंध क्रमतैं हो है॥ ४२०॥

विशेष—इस गाथा द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि उत्तरोत्तर यथा सम्भव स्थितिबन्धापसरण होनेपर सर्व प्रथम वीसिय प्रकृतियोंका एक पल्योपम प्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है। इसके बाद उत्तरोत्तर यथा सम्भव स्थितिबन्धापसरण होनेपर तीसिय प्रकृतियोंका एक पल्योपम-प्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है। उसके बाद उत्तरोत्तर यथा सम्भव स्थितिबन्धापसरण होने पर मोहनीय कर्मका एक पल्योपम प्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है। इसके आगे उत्तरोत्तर यथा सम्भव स्थितिबन्धापसरण होनेपर वीसियत्रिक अर्थात् वीसिय, तीसिय और मोहनीयका स्थिति-बन्ध क्रमसे पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होता है। यह उक्त गाथाका संक्षिप्त तात्पर्य है। विशेष खुलासा चूर्णिसूत्रोंके अनुसार इस प्रकार है—नाम-गोत्रका पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होनेके बाद जो अन्य स्थितिबन्ध होता है वह पूर्वके उक्त स्थितिबन्धसे संख्यातगुणा हीन होता है। शेष कर्मोंका स्थितिबन्ध अपने पूर्वके स्थितिबन्धसे विशेष हीन होता है। उस समय इस प्रकार अल्पबहुत्व प्राप्त होता है—नाम-गोत्रका स्थितिबन्ध सबसे स्तोक होता है, उससे चार कर्मोंका स्थितिबन्ध परस्पर तुल्य होकर संख्यातगुणा होता है। उससे मोहनीय कर्मका स्थितिबन्ध विशेष अधिक होता है।

आगे इस क्रमसे संख्यात हजार स्थितिबन्ध होनेपर ज्ञानावरणादि तीसिय प्रकृतियोंका एक पल्योपमप्रमाण तथा मोहनीयका त्रिभाग अधिक एक पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है। इसके बाद तीसिय कर्मोंका उक्त स्थितिबन्ध संख्यातगुणा हीन स्थितिबन्ध प्राप्त होनेपर अल्प बहुत्वका क्रम इस प्रकार प्राप्त होता है—नाम-गोत्रका स्थितिबन्ध सबसे स्तोक होता है। उससे तीसिय कर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यातगुणा होता है।

इस प्रकार इस क्रमसे संख्यात हजार स्थितिबन्ध व्यतीत हो जानेपर जब मोहनीयका पल्योपमप्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है तब शेष कर्मोंका पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध होता है। पुनः इस स्थितिबन्धके सम्पन्न होनेके बाद मोहनीयका पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है। इस प्रकार यहाँपर सभी सातों कर्मोंका स्थितिबन्ध पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होनेपर अल्पबहुत्व इस प्रकार प्राप्त होता है—नाम-गोत्रका स्थितिबन्ध सबसे स्तोक होता है। उससे तीसिय प्रकृतियोंका स्थितिबन्ध संख्यातगुणा होता है तथा उससे मोहनीयका स्थितिबन्ध संख्यातगुणा होता है।

इस प्रकार इस क्रमसे संख्यात हजार स्थितिबन्ध व्यतीत होकर अन्य स्थितिबन्धके प्राप्त

होनेपर जब नाम-गोत्रका पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध प्राप्त होता है तब शेष कर्मोंका पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध होता है। उस समय यह अल्पबहुत्व प्राप्त होता है--नाम-गोत्रका सबसे थोड़ा स्थितिबन्ध होता है, उससे तीसिय चार कर्मोंका असंख्यातगुणा स्थितिबन्ध होता है, उससे मोहनीयका संख्यातगुणा स्थितिबन्ध होता है।

उसके संख्यात हजार स्थितिबन्ध जानेपर तीन घातिकर्मों और वेदनीयका पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है। उस समय यह अल्पबहुत्व होता है--नाम-गोत्रका सबसे स्तोक स्थितिबन्ध होता है, उससे चार कर्मोंका असंख्यातगुणा स्थितिबन्ध होता है, उससे मोहनीयका असंख्यातगुणा स्थितिबन्ध होता है।

उसके बाद संख्यात हजार स्थितिबन्ध जानेपर मोहनीयका स्थितिबन्ध भी पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण हो जाता है। उस समय सभी कर्मोंका पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिबन्ध हो जाता है। इस प्रकार इस गाथामें उक्त अर्थ गर्भित है ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

**उदधिसहस्सपुधत्तं अब्भंतरदो दु सदसहस्सस्स।**
**तक्काले ठिदिसंतो आउगवज्जाण कम्माणं[1] ॥४२१॥**

**उदधिसहस्रपृथक्त्वं अभ्यंतरतस्तु शतसहस्रस्य।**
**तत्काले स्थितिसत्त्वं आयुर्वर्जितानां कर्मणाम् ॥४२१॥**

स० चं०—तिस मोहनीयका पल्यका असंख्यातवां भागमात्र स्थितिबंध होनेके कालविषै आयु विना अन्य कर्मनिका स्थितिसत्त्व पृथक्त्व हजार सागर प्रमाण हो है सो पृथक्त्व हजार शब्दकरि इहां लक्षके माही यथासम्भव प्रमाण जानना। पूर्वै पृथक्त्व लक्ष सागरका स्थितिसत्व था सो कांडकघातनिकरि इहां इतना रह्या है ॥ ४२१ ॥

**मोहपल्लासंखट्ठिदिबंधसहस्सगेसु तीदेसु।**
**मोहो तीसिय हेट्ठा असंखगुणहीणयं होदि[2] ॥४२२॥**

**मोहगपल्यासंख्यस्थितिबंधसहस्रकेष्वतीतेषु।**
**मोहः तीसियं अधस्तना असंख्यगुणहीनकं भवति ॥४२२॥**

स० चं—मोहका पल्यके असंख्यातवें भागमात्र स्थितिबंध भया तिस कालविषै नाम गोत्रका स्तोक तातैं तीसीयनिका असंख्यातगुणा तातैं मोहका असंख्यातगुणा स्थितिबंध हो है। बहुरि ऐसा अल्पबहुत्व लीएं संख्यात हजार स्थितिबंध भएं नाम गोत्रका स्तोक तातैं मोहका असंख्यातगुणा तातैं तीसीयनिका असंख्यातगुणा ऐसैं अन्य प्रकार स्थितिबंध हो है। इहां विशुद्धताके निमित्ततैं तीसीयनिके नीचैं अति अप्रशस्त जो मोह ताका स्थितिबंध असंख्यातगुणा घटता भया ॥४२२॥

---

१. ताधे ठिदिसंतकम्मं सागरोवमसहस्सपुधत्तमंतोसदसहस्सस्स। क० चु० पृ० ७४७।

२. तदो जम्हि अण्णो ठिदिबंधो तम्हि एक्कसराहेण णामा-गोदाणं ठिदिबंधो थोवो, मोहणीयस्स ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, चउण्हं कम्माणं ठिदिबंधो तुल्लो असंखेज्जगुणो। क० चु० पृ० ७४७।

**तेत्तियमेत्ते बंधे समतीदे वीसियाण हेट्ठादु ।**
**एक्कसराहे मोहे असंखगुणहीणयं होदि[1] ॥ ४२३ ॥**

**तावन्मात्रे बंधे समतीते वीसियानां अधस्तात् ।**
**एकसमये मोहोऽसंख्यगुणहीनको भवति ॥ ४२३ ॥**

स० चं—बहुरि ऐसा अल्पबहुत्वका क्रम लीएं तितने ही संख्यात हजार स्थितिबंध भएं एक ही बार अन्य प्रकार स्थितिबंध भया। तहां मोहका स्तोक तातैं नाम गोत्रका असंख्यातगुणा तातैंच्यारयो तीसीयनिका असंख्यातगुणा स्थितिबंध हो है। इहां विशुद्धताके बलतैं अति अप्रशस्त मोहका स्थितिबंध वीसीयनिके नीचैं असंख्यातगुणा घटता भया ॥ ४२३ ॥

**तेत्तियमेत्ते बंधे समतीदे वेदणीयहेट्ठादु ।**
**तीसियघादितियाओ असंखगुणहीणया होंति[2] ॥४२४॥**

**तावन्मात्रे बंधे समतीते वेदनीयाधस्तात् तु ।**
**तीसियघातित्रिका असंख्यगुणहीनका भवंति ॥ ४२४ ॥**

स० चं—बहुरि ऐसा क्रम लीएं तितने ही संख्यात हजार स्थितिबंध व्यतीत भएं और ही प्रकार स्थितिबंध भया। तहां मोहका स्तोक तातैं नाम गोत्रका असंख्यातगुणा तातैं तीन घातियानिका असंख्यातगुणा तातैं वेदनीयका असंख्यातगुणा स्थितिबंध हो है। इहां विशुद्धतातैं तीसीयनिविषै भी वेदनीयतैं नीचैं अप्रशस्त तीन घातिया कर्मनिका असंख्यातगुणा घटता स्थितिबंध भया ॥ ४२४ ॥

**तेत्तियमेत्ते बंधे समतीदे वीसियाण हेट्ठा दु ।**
**तीसियघादितियाओ असंखगुणहीणया होंति ॥४२५॥**

**तावन्मात्रे बंधे समतीते वीसियानामधस्तात् तु ।**
**तीसियघातित्रिका असंख्यगुणहीनका भवंति ॥ ४२५ ॥**

स० चं—बहुरि ऐसा क्रम लीएं संख्यात हजार स्थितिबंध व्यतीत भएं तहां अन्त स्थितिबंधतैं अन्य प्रकार स्थितिबंध भया। तहां मोहका स्तोक तातैं तीन घातियानिका असंख्यातगुणा तातैं नाम गोत्रका असंख्यातगुणा तातैं वेदनीयका साधिक स्थितिबंध हो है। इहां विशुद्धताके

---

१. एदेण कमेण संखेज्जाणि ठिदिबंधसहस्साणि गदाणि। तदो जम्हि अण्णो ठिदिबंधो तम्हि एक्कसराहेण मोहणीयस्स ठिदिबंधो थोवो। णामा-गोदाणं ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, चउण्हं कम्माणं ठिदिबंधो तुल्लो असंखेज्जगुणो। क० चु० पृ० ७४७।

२. एदेण कमेण संखेज्जाणि ट्ठिदिबंधसहस्साणि गदाणि। तदो जम्हि अण्णो ठिदिबंधो तम्हि एक्कसराहेण मोहणीयस्स ट्ठिदिबंधो थोवो, णामा-गोदाणं ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो। वेदणीयस्स ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो। क० चु० पृ० ७४७-७४८।

बलतैं वीसीयनिके नीचैं अति अप्रशस्त तीन घातिया कर्मनिका असंख्यातगुणा घटता स्थितिबंध हो है ॥ ४२५ ॥

**तक्काले वेयणियं णामागोदाउ साहियं होदि ।**
**इदि मोहतीसवीसियवेयणियाणं कमो बंधे[1] ॥४२६॥**

**तत्काले वेदनीयं नामगोत्रात् साधिकं भवति ।**
**इति मोहतीसियवीसियवेदनीयानां क्रमो बंधे ॥ ४२६ ॥**

स० चं०—तिस कालविषै वेदनीयका स्थितिबंध नाम गोत्रके स्थितिबंधतैं साधिक है। ताका आधा प्रमाणकरि अधिक हो है, जातैं वीसीयनिका स्थितिबंधतैं तीसीयनिका स्थितिबंध ड्योढ गुणा त्रैराशिककरि सिद्ध हो है। ऐसैं मोह तीसीय वीसीय वेदनीयका क्रमतैं बंध भया सोई क्रमकरण जानना। नाम गोत्रतैं वेदनीयका ड्योढा स्थितिबंधरूप क्रम लीएं अल्पबहुत्व होना सोई क्रमकरण कहिए है ॥ ४२६ ॥ आगैं स्थितिसत्वापसरण कहिहै है—

**बंधे मोहादिकमे संजादे तेत्तियेहिं बंधेहिं ।**
**ठिदिसंतमसण्णिसमं मोहादिकमं तहा संते[2] ॥४२७॥**

**बंधे मोहादिक्रमे संजाते तावद्भिर्बंधैः ।**
**स्थितिसत्त्वमसंज्ञिसमं मोहादिक्रमं तथा सत्वे ॥ ४२७ ॥**

सं० चं—बहुरि मोहादिका क्रम लीएँ जो क्रमकरणरूप बंध भया तातैं परैं इस ही क्रम लीएँ तितने ही संख्यात हजार स्थितिबन्ध भएँ असंज्ञी पंचेंद्री समान स्थितिसत्त्व हो है। बहुरि तातैं परैं जैसैं मोहादिकका क्रमकरण पर्यंत स्थितिबंधका व्याख्यान कीया तैसैं ही स्थितिसत्त्वका होना अनुक्रमतैं जानना। तहाँ पल्य स्थिति पर्यंत पल्यका संख्यातवाँ भागमात्र तातैं दूरापकृष्टि पर्यंत पल्यका संख्यात बहुभागमात्र तातैं संख्यात हजार वर्ष स्थितिपर्यंत पल्यका असंख्यात बहुभागमात्र आयाम लीएँ जे स्थितिबन्धापसरण तिनकरि स्थितिबंधका घटना कह्या था तैसैं इहाँ तितने आयाम लीएँ स्थितिकांडकनिकरि स्थितिसत्वका घटना हो है। बहुरि तहाँ संख्यात हजार स्थितिबंधका व्यतीत होना कह्या तैसैं इहाँ भी कहिए वा तहाँ तितने स्थितिकांडकनिका व्यतीत होना कहिए, जातैं स्थितिबंधापसरणका अर स्थितिकांडकोत्करणका काल समान है। बहुरि तहाँ स्थितिबंध जहाँ कह्या था इहाँ स्थितिसत्व तहाँ कहना। बहुरि अल्पबहुत्व त्रैराशिक आदि विशेष बंधापसरणवत् ही इहाँ जानने। सो स्थितिसत्त्वका क्रम कहिए है—

प्रत्येक संख्यात हजार कांडक गएँ क्रमतैं असंज्ञी पंचेंद्री चौंद्री तेंद्री बेंद्री एकेंद्रीनिकैं स्थितिबंधके समान कर्मनिका स्थितिसत्व हजार सौ पचास पचीस एक सागर प्रमाण हो है। बहुरि

---

१. तदो अण्णो ट्ठिदिबंधो एक्कसराहेण मोहणीयस्स ठिदिबंधो थोवो, तिण्हं, घादिकम्माणं ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, णामा-गोदाणं ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो, वेदणीयस्स ठिदिबंधो विसेसाहिओ। क० चु० पृ० ७४८।

२. एदेण कमेण संखेज्जाणि ठिदिबंधसहस्साणि जादाणि। तदो ठिदिसंतकम्ममसण्णिठिदिबंधेण समं जादं। क० चु० पृ० ७४८।

संख्यात हजार स्थितिकांडक भएँ वीसियनिका पल्य, तीसीयनिका ड्योढ पल्य, मोहका दोय पल्य स्थितिसत्त्व हो है। तातैं परैं पूर्व सत्त्वका संख्यात बहुभागमात्र एक कांडक भएँ वीसीयनिका पल्यके संख्यात भागमात्र स्थितिसत्त्व भया तिस कालविषै वीसीयनिकेतैं तीसीयनिका संख्यातगुणा मोहका विशेष अधिक स्थितिसत्त्व भया। बहुरि इस क्रमतैं संख्यात हजार स्थितिकांडक भएँ तीसीयनिका पल्यमात्र मोहका त्रिभाग अधिक पल्यमात्र स्थितिसत्त्व भया। ताके परैं एक कांडक भएँ तीसीयनिका भी पल्यके संख्यातवें भागमात्र स्थितिसत्त्व भया। तिस समय वीसीयनिका स्तोक तातैं तीसीयनिका संख्यातगुणा तातैं मोहका संख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। बहुरि इस क्रम लीएँ संख्यात हजार स्थितिकांडक भएँ मोहका पल्यमात्र स्थितिसत्त्व हो है। बहुरि एक कांडक भएँ मोहका भी पल्यके संख्यातवें भागमात्र स्थितिसत्त्व हो है। तीहिं समय सातौं कर्मनिका स्थितिसत्त्व पल्यके संख्यातवें भागमात्र भया। तहाँ वीसीयनिका स्तोक तीसीयनिका संख्यातगुणा तातैं मोहका संख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। तातैं परैं इस क्रम लीएँ संख्यात हजार स्थितिकांडक भएं वीसीयनिका स्थितिसत्त्व दूरापकृष्टिकौं उलंघि पल्यके असंख्यातवें भागमात्र भया तिस समय वीसीयनिका स्तोक तातैं तीसीयनिका असंख्यातगुणा तातैं मोहका संख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। तातैं परैं इस क्रम लीएं संख्यात हजार स्थितिकांडक तीसीयनिका स्थिति भएं सत्त्व दूरापकृष्टिकौं उलंघि पल्यके असंख्यातवें भागमात्र भया। तब सर्व ही कर्मनिका स्थितिसत्त्व पल्यके असंख्यातवें भागमात्र भया। तहां वीसीयनिका स्तोक तातैं तीसीयनिका असंख्यातगुणा तातैं मोहका असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। बहुरि इस कृमकरि संख्यात हजार स्थितिकांडक भएं नाम गोत्रका स्तोक तातैं मोहका असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। बहुरि इस क्रम लीएं संख्यात हजार स्थितिकांडक भएं मोहका स्तोक तातैं वीसीयनिका असंख्यातगुणा तातैं तीसीयनिका असंख्यातगुणा स्थितिसत्त्व हो है। बहुरि इस क्रम लीएं संख्यात हजार स्थितिकांडक भएं मोहका स्तोक तातैं वीसीयनिका असंख्यातगुणा तातैं तीन घातियानिका असंख्यातगुणा तातैं वेदनीयका असंख्यात गुणा स्थितिसत्त्व हो है। बहुरि इस क्रम लीएं संख्यात हजार स्थितिकांडक भएं मोहका स्तोक तातैं तीन घातियानिका असंख्यातगुणा तातैं नाम गोत्रका असंख्यातगुणा तातैं वेदनीयका विशेष अधिक स्थितिसत्त्व हो है। ऐसैं अंतविषैं नाम गोत्रकातैं वेदनीयका स्थितिसत्त्व साधिक भया तब मोहादिकैं क्रम लीएं स्थितिसत्त्वका क्रमकरण भया ॥ ४२७ ॥

विशेष—पहले जिस विधिसे स्थितिबन्धापसरणों द्वारा उत्तरोत्तर सातों कर्मोंके स्थितिबन्धों के क्रमका निर्देश कर आये हैं वही क्रम स्थितिकाण्डकघात द्वारा स्थितिसत्त्वके विषयमें भी जान लेना चाहिये। टीकामें विशेष प्रकाश डाला ही गया है, इसलिये पृथक्से निर्देश नहीं किया है।

**तीदे बंधसहस्से पल्लासंखेज्जयं तु ठिदिबंधे।**
**तत्थ असंखेज्जाणं उदीरणा समयबद्धाणं[1] ॥४२८॥**

**अतीते बंधसहस्रे पल्यासंख्येयकं तु स्थितिबंधे।**
**तत्र असंख्येयानां उदीरणा समयबद्धानाम् ॥ ४२८ ॥**

स० चं—बहुरि इस क्रमकरणतैं परैं संख्यात हजार स्थितिबंध व्यतीत भएं जो पल्यका

१. ···· ····तदो असंखेज्जाणं समयपबद्धाणमुदीरणा। क० चु० पृ० ७५१।

असंख्यातवां भागमात्र स्थितिबंध होइ ताकों होत संतें तहां असंख्यात समयप्रबद्धनिकी उदीरणा हो है। इहांतें पहलें अपकर्षण कीया द्रव्यकौं उदयावलीविषैं देनेके अर्थि असंख्यात लोकप्रमाण भागहार संभवै था, तहां समयप्रबद्धके असंख्यातवां भागमात्र उदीरणा द्रव्य था अब यहां पल्यका असंख्यातवां भागप्रमाण भागहार होनेतै असंख्यात समयप्रबद्धमात्र उदीरणा द्रव्य भया ॥४२८॥
आगे क्षपणाधिकारका प्रारंभ हो है—

**ठिदिबंधसहस्सगदे अट्ठकसायाण होदि संकमगो।**
**ठिदिखंडपुधत्तेण य तट्ठिदिसंतं तु आवलियविट्ठं[1] ॥४२९॥**

**स्थितिबंधसहस्रगते अष्टकषायाणां भवति संक्रमकः।**
**स्थितिखंडपृथक्त्वेन च तत्स्थितिसत्त्वं तु आवलिकविद्धं ॥४२९॥**

स० चं—असंख्यात समयबद्धमात्र उदीरणा होनेतैं लगाय संख्यात हजार स्थितिकांडक व्यतीत भएं अप्रत्याख्यान क्रोध मान माया लोभरूप आठ कषायनिका संक्रम होइ है। इहां संक्रमणका अर्थ यहु—क्षपणाका प्रारंभ हो है। ए अति अप्रशस्त थे तातैं पहलै इनकी क्षपणा संभवै है। सो इनका जो द्रव्य सो कितना एक क्षपणाका प्रारंभका प्रथम समयविषैं कितना एक दूसरा समयविषैं ऐसैं समय समय प्रति एक-एक फालिका संक्रमण होते अन्तर्मुहूर्तके जेते समय तितनी फालि करि प्रथम कांडकका संक्रमण हो है। ऐसैंही द्वितीय कांडकका संक्रमण हो है। ऐसैं क्रमकरि संख्यात हजार स्थितिकांडकनिकरि आठ कषायनिके द्रव्यका च्यारि संज्वलन कषाय अर पुरुषवेदविषैं संक्रमण हो है। ऐसैं ए परमुखकरि नष्ट हो हैं। अन्य प्रकृतिरूप होनेकरि जाका नाश होइ सो परमुख करि नष्ट कहिए। ऐसैं मोह राजाकी सेनाके नायक अष्ट कषाय तिनका अंत कांडकका नाश होतें अवशेष स्थितिसत्व काल अपेक्षा आवली मात्र रहै है। अर निषेक अपेक्षा समय घाटि आवली मात्र रहै है। जातैं अंत कांडक घातके समयविषै प्रथम निषेकका स्वमुख उदय युक्त जो कोई संज्वलन तींहिविषै संक्रम होइ उदय हो है। बहुरि उदयावलीविषै प्राप्त निषेकका कांडकघात न होइ तातैं समय घाटि आवलीमात्र निषेक अंत फालिकी साथि नाहीं विनसै है ॥४२९॥

**ठिदिबंधपुधत्तगदे सोलसपयडीण होदि संकमगो।**
**ठिदिखंडपुधत्तेण य तट्ठिदिसंतं तु आवलिपविट्ठं[2] ॥४३०॥**

**स्थितिबंधपृथक्त्वगते षोडशप्रकृतीनां भवति संक्रमकः।**
**स्थितिखंडपृथक्त्वेन च तत्स्थितिसत्त्वं तु आवलिप्रविष्टम् ॥४३०॥**

---

१. तदो संखेज्जेसु ट्ठिदिखंडसहस्सेसु गदेसु अट्ठण्हं कसायाणं संकामगो। तदो अट्ठ कसाया ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण संकामिज्जंति। अट्ठण्हं कसायाणमपच्छिमट्ठिदिखंडए उक्किण्णे तेसिं संतकम्ममावलियपविट्ठं सेसं। क० चु० पृ० ७५१।

२. तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं णिरयगदि-तिरिक्खगदिपाओग्गणामाणं, संतकम्मस्स संकामगो। तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण अपच्छिमे ट्ठिदिखंडए उक्किण्णे एदेसिं सोलसण्हं कम्माणं ट्ठिदिसंतकम्ममावलियब्भंतरं सेसं। क० चु० पृ० ७५१।

सं० चं—यातैं ऊपरि पृथक्त्व कहिए संख्यात हजार स्थितिबन्ध व्यतीत भएँ निद्रा-निद्रा १ प्रचला-प्रचला १ स्त्यानगृद्धि १ ए तीन दर्शनावरणकी अर नरक-तिर्यंचगति वा आनुपूर्वी च्यारि ४ एकेंद्रियादि च्यारि जाति ४ आतप १ उद्योत १ स्थावर १ सूक्ष्म १ साधारण १ ए तेरह नामकर्मकी ऐसैं सोलह प्रकृतिनिका संक्रमक हो है। क्षपणा प्रारंभका समयतैं लगाय समय-समय प्रति इनके द्रव्यकौं पूर्वोक्त प्रकार एक फालिका संक्रमण होतैं प्रथम कांडक होइ ऐसैं संख्यात हजार स्थितिकांडकनिकरि संक्रमण हो है। तहाँ अंत कांडक घात होतैं अवशेष स्थितिसत्त्व काल अपेक्षा आवलीमात्र निषेक अपेक्षा समय घाटि आवली मात्र रहै है। ऐसैं इनका उदयावलीतैं बाह्य सर्व निषेक द्रव्यनिका द्रव्य है स्वजाती अन्य प्रकृतिनिविषैं संक्रमण होइ क्षयकौं प्राप्त हो है। अपनी जातिकी अन्य प्रकृतिनिकौं स्वजाती कहिए हैं। जैसैं स्त्यानगृद्धित्रिकको स्वजाती दर्शनावरणकी अन्य प्रकृति हैं ऐसैं अन्य जाननी। बहुरि यहांतै लगाय पृथक्त्व शब्दका अर्थ संख्यात हजार जानना। या प्रकार इहां मोहकी तौ आठका नाश भएं तेरहका सत्त्व रह्या अर दर्शनावरणकी तीनका नाश भएं छहका सत्त्व रह्या अर नामकी तेरहका नाश भएं असी प्रकृति का सत्त्व रह्या। ज्ञानावरण वेदनीय गोत्र अंतरायनिविषैं किसी प्रकृतिका नाश न भया ॥४३०॥ आगैं देशघाति करण कहिए है—

**ठिदिबंधपुधत्तगदे मणदाणा तत्तिये वि ओहिदुगं।**
**लाभं च पुणो वि सुदं अचक्खुभोगं पुणो चक्खु ॥४३१॥**
**पुणरवि मदिपरिभोगं पुणरवि विरियं कमेण अणुभागो।**
**बंधेण देसघादी पल्लासंखं तु ठिदिबंधो[1] ॥४३२॥**

**स्थितिबंधपृथक्त्वगते मनोदाने तावत्यपि अवधिद्विकम्।**
**लाभश्च पुनरपि श्रुतं अचक्षुर्भोगं पुनः चक्षुः ॥४३१॥**
**पुनरपि मतिपरिभोगं पुनरपि वीर्यं क्रमेण अनुभागः।**
**बंधेन देशघातिः पल्यासंख्यस्तु स्थितिबंधः ॥४३२॥**

स० चं—मनःपर्यय आदि बारह प्रकृतिनिका पूर्वैं सर्वघाती द्विस्थानगत अनुभागबंध होता था इहांतैं परैं देशघाति दारु लतारूप द्विस्थानगत अनुभागबंध होने लगा सो देशघातीकरण है। सोई कहिए है—

सोलह प्रकृति संक्रमणतैं परैं पृथक्त्व संख्यात हजार स्थितिकांडक भएं मनःपर्यय ज्ञानावरण अर दानांतरायका बहुरि तितने स्थितिकांडक व्यतीत भएं अवधिज्ञानावरण अवधिदर्शना-

---

१. तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण मणपज्जवणाणावरणीय-दाणंतराइयाणं च अणुभागो बंधेण देसघादी जादो। तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण ओहिणाणावरणीय-ओहिदंसणावरणीय-लाहंतराइयाणमणुभागो बंधेण देसघादी जादो। तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण सुदणाणावरणीय-अचक्खुदंसणावरणीयभोगन्तराइयाणमणुभागो बंधेण देसघादी जादो। तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण चक्खुदंसणावरणीयअणुभागो बंधेण देसघादी जादो। तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण आभिणिबोहियणाणावरणीयपरिभोगंतराइयाणमणुभागो बंधेण देसघादी जादो। तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण वीरियंतराइयस्स अणुभागो बंधेण देसघादी जादो। क० चु० पृ० ७५१–७५२।

वरण लाभांतरायका बहुरि तितने स्थितिकांडक भएं श्रुतज्ञानावरण अचक्षुदर्शनावरण भोगांतरायका बहुरि तितने स्थितिकांडक भएं चक्षुदर्शनावरणका बहुरि तितने स्थितिकांडक भएं मतिज्ञानावरण उपभोगांतरायका बहुरि तितने स्थितिकांडक भए वीर्यांतरायका अनुभागबंध देशघाती हो है। पुरुषवेद संज्वलन कषायका पूर्वै संयतासंयत आदि विषै ही देशघाती अनुभागबंध भया तातै इहां न कह्या। इस अवसर विषै स्थितिबंध यथासंभव पल्यका असंख्यातवां भागमात्र ही जानना ॥४३१—४३२॥ आगे अंतरकरण कहिए है—

**ठिदिखंडसहस्सगदे चदुसंजलणाण णोकसायाणं।**
**एयट्ठिदिखंडुक्कीरणकाले अंतरं कुणइ ॥४३३॥**

**स्थितिखंडसहस्रगते चतुःसंज्वलनानां नोकषायाणां।**
**एकस्थितिखंडोत्कीरणकाले अंतरं करोति ॥४३३॥**

स० चं०—देशघातीकरणतैं परैं संख्यात हजार स्थितिकांडक भए च्यारि संज्वलन अर नव नोकषाय इनका अंतर करै है। औरनिका अंतर न हो है। नीचले ऊपरले निषेकनिकौं छोडि अंतर्मुहूर्तमात्र वीचिके निषेकनिका अभाव करना सो अंतर करना जानना। तहां अंतरकरणकालका प्रथम समयविषैं पूर्वतैं अन्य प्रमाण लीए स्थितिकांडक अनुभाग कांडक स्थितिबंध हो है। बहुरि एक स्थितिकांडकोत्करणका जितना काल तितने काल करि अंतरकौं पूर्ण करै है। इस कालके प्रथमादि समयनिविषैं तिन निषेकनिका द्रव्यकौं अन्य निषेकनिविषै निक्षेपण करै है ॥४३३॥

**संजलणाणं एक्कं वेदाणेक्कं उदेदि तद्दोण्हं।**
**सेसाणं पढमट्ठिदिं ठवेदि अंतोमुहुत्तआवलियं[२] ॥४३४॥**

**संज्वलनानामेकं वेदानामेकमुदेति तद्द्वयोः।**
**शेषाणां प्रथमस्थितिं स्थापयति अंतर्मुहूर्तमावलिकां ॥४३४॥**

स० चं०—संज्वलनचतुष्कविषैं कोई एक अर तीनौं वेदनिविषैं कोई एक ऐसैं उदयरूप दोय प्रकृतिनिकी तौ अंतर्मुहूर्तमात्र प्रथम स्थिति स्थापै है। इन विना जिनका उदय न पाइए ऐसी ग्यारह प्रकृतिनिकी आवलीमात्र प्रथम स्थिति स्थापै है। जैसैं पुरुषवेद अर क्रोधका उदय सहित श्रेणी माडी ताकैं इनि दोऊनिकी तौ अंतर्मुहूर्तमात्र औरनिकी आवलीमात्र प्रथम स्थिति स्थापै है सो वर्तमान समयसंबंधी निषेकतैं लगाय प्रथम स्थिति प्रमाण निषेकनिकौं नीचैं छोडि इनके ऊपरि निषेकनिका अंतर करै है ॥४३४॥

---

१. तदो ट्ठिदिखंडयसहस्सेसु गदेसु अण्णं ट्ठिदिखंडयमण्णमणुभागखंडयमण्णो ट्ठिदिबंधो अंतरट्ठिदीओ च उक्कीरिदुं चत्तारि वि एदाणि करणाणि समगमाढत्तो। चउण्हं संजलणाणं णवण्हं णोकसायवेदणीयाणमेदेसिं तेरसण्हं कम्माणमंतरं। सेसाणं कम्माणं णत्थि अंतरं। क० चु० पृ० ७५२।

२. पुरिसवेदस्स च कोहसंजलणाणं च पढमट्ठिदिमंतोमुहुत्तमेत्तं मोत्तूणमंतरं करेदि। सेसाणं कम्माणमावलियं मोत्तूण अंतरं करेदि। क० चु० पृ० ७५२।

विशेष—भाववेदकी अपेक्षा तीनों वेदोंमेंसे किसी एक वेदसे और चार संज्वलन कषायोंमें से किसी एक कषायसे यह जीव क्षपकश्रेणिपर चढ़नेका अधिकारी है। आगममें भाववेदकी अपेक्षा ही गुणस्थान प्ररूपणा हुई है। कर्मशास्त्रमें बन्ध, उदय और सत्त्वकी प्ररूपणा भी इसी अपेक्षासे की गई है। द्रव्यवेदको आगममें स्थान उत्तरकालीन टीकादि ग्रन्थोंमें ही दृष्टिगोचर होता है। वस्तुतः जीवस्थानमें जीवोंकी मार्गणा, गुणस्थान और जीवसमासरूप जो विविध अवस्थाएं होती हैं उन्हींकी प्ररूपणा की गई है। द्रव्यवेद शरीरसम्बन्धी आंगोपांगोंके अन्तर्गत आता है और आंगोपांग पुद्गलविपाकी आंगोपांग नामकर्मके उदयको निमित्त कर प्राप्त होता है, इसलिये द्रव्यवेदकी जीव भेदोंमें गणना होना सम्भव ही नहीं है। (१) वेदोंका अभाव नौवें गुणस्थानमें हो जाता है, पर आंगोपांग शरीरस्थितिके अन्त तक १४वें गुणस्थान तक और आंगोपांग नामकर्मके उदयकी अपेक्षा १३वें गुणस्थान तक देखे जाते हैं। (२) एकेन्द्रिय जीवोंके आंगोपांग नहीं होने पर नपुंसकवेद होता है। तथा (३) आगममें मनुष्यपदसे पुरुषवेद और नपुंसकवेदवाले मनुष्य जीव लिये गये हैं तथा मनुष्यिनी पदसे स्त्रीवेदके उदयवाले जीव ही लिये गये हैं और वेदनोकषाय जीवविपाकी कर्म है, वेदमार्गणामें पुद्गलविपाकी आंगोपांगका ग्रहण नहीं हुआ है। इन सब हेतुओंसे यह स्पष्ट हो जाता है कि आगममें सर्वत्र नोआगम भावनिक्षेपके अन्तर्गत भाववेद ही लिये गये हैं, द्रव्यवेद नहीं, क्योंकि जीवोंको द्रव्यवेदी कहना यह उपचरित कथन है परमार्थरूप नहीं। शेष कथन सुगम है।

**उक्कीरिदं दु दव्वं संते पढमट्ठिदिम्हि संछुहदि।**
**बंधे वि य आबाधमदिच्छिय उक्कड्डदे णियमा ॥४३५॥**

**अपकर्षितं तु द्रव्यं सत्त्वे प्रथमस्थितौ संस्थापयति।**
**बंधेऽपि च आबाधामतिक्रम्योत्कर्षति नियमात् ॥४३५॥**

स० चं०—तिनि अंतररूप निषेकनिके द्रव्यकौं अंतरकरण कालका प्रथम समयविषैं ग्रह्या सो प्रथम फालि यातैं असंख्यातगुणा दूसरे समय ग्रह्या सो द्वितीय फालि ऐसैं असंख्यातगुणा क्रम लीएं अंतर्मुहूर्तमात्र फालिनिकरि सर्व द्रव्य अन्य निषेकनिविषैं निक्षेपण करै है। अंतररूप निषेकनिविषैं नाहीं निक्षेपण करै है। कहां निक्षेपण करिए सो कहिए है—

बंध उदय रहित वा केवल बंध सहित उदय रहित जे प्रकृति तिनिकी प्रथम स्थिति समय घाटि आवलीमात्र कहो, तिनके द्रव्यकौं अपकर्षण करि उदयरूप अन्य प्रकृतिनिकी प्रथम स्थितिविषैं संक्रमणरूप करि निक्षेपण करै है। अर बंध उदय रहित प्रकृतिनिका द्रव्यकौं अपनी द्वितीय स्थितिविषैं नाहीं निक्षेपण करै है जातै बंध विना उत्कर्षण होना संभवै नाहीं। बहुरि केवल बंध सहित प्रकृतिनिका द्रव्यकौं उत्कर्षण करि अपना द्वितीयस्थितिविषैं निक्षेपण करै हैं वा बंधतो जो अन्य प्रकृति ताकी द्वितीय स्थितिविषैं संक्रमणरूप करि निक्षेपण करै है। बहुरि जे प्रकृति केवल

---

१. जाओ अंतरट्ठिदीओ उक्कीरंति तासिं पदेसग्गमुक्कीरमाणियासु ट्ठिदीसु ण दिज्जदि। जासिं पयडीणं पढमट्ठिदी अत्थि तिस्से पढमट्ठिदीए जाओ संपहि ट्ठिदीओ उक्कीरंति तमुक्कीरमाणगं पदेसग्गं संछुहदि। अथ जाओ बज्झंति पयडीओ तासिमाबाहामधिच्छिदूण जा जहण्णिया णिसेगट्ठिदी तमादिं कादूण वज्झमाणियासु ट्ठिदीसु उक्कड्डिज्जदे। क० चु० पृ० ७५२।

उदय सहित हैं वा बंध उदय सहित हैं तिनकी प्रथम स्थिति अंतर्मुहूर्तमात्र कही तिनविषैं जे केवल उदय सहित हो हैं तिनका द्रव्यकौं अपकर्षण करि अपनी प्रथम स्थितिविषैं निक्षेपण करै है। अन्य प्रकृतिनिका भी द्रव्य इनकी प्रथम स्थितिविषैं संक्रमणरूप निक्षेपण करिए है। बहुरि इनका द्रव्य है सो उत्कर्षण करि बंधती जे अन्य प्रकृति तिनकी अंतरायामतैं संख्यातगुणा जो आबाधा ताकौं छोडि द्वितीय स्थितिविषैं जो जघन्य निषेक तीहिंस्यों लगाय बंधती स्थितिके सर्व निषेकनिविषैं निक्षेपण करिए है। केवल उदयमान प्रकृतिनिका द्रव्य अपनी द्वितीय स्थिति विषैं नाही निक्षेपण करिए है। बहुरि बंध उदय सहित प्रकृतिनके द्रव्यकौं प्रथम स्थितिविषैं वा बंधती द्वितीय स्थितिनिविषैं निक्षेपण करिए है।

इहां अंतरायामके नीचैं निषेकरूप तौ प्रथम स्थिति अर अंतरायामके उपरिवर्ती निषेकरूप द्वितीय स्थिति जाननी। तहां छह तो नोकषाय अर पुरुषवेद सहित श्रेणी चढयाकैं तौ अन्य दोय वेद अर स्त्रीवेद सहित श्रेणी चढयाकैं नपुंसकवेद अर नपुंसकवेद सहित श्रेणी चढयाकैं स्त्रीवेद ए तौ बंध उदयरहित हैं। बहुरि स्त्री वा नपुंसकवेद सहित श्रेणी चढयाकैं पुरुषवेद है सो अर सबनिकैं जिस कषाय सहित श्रेणी चढया तीहिं विना तीन संज्वलन कषाय ए उदय रहित केवल बंध सहित हैं। बहुरि स्त्री वा नपुंसकवेद सहित चढया जीवकैं स्त्री वा नपुंसक वेद केवल उदय सहित है बहुरि पुरुष वेद सहित श्रेणी चढयाकैं पुरुषवेद अर सबनिकैं जिस कषाय सहित श्रेणी चढया सो कषाय ए बंध उदय सहित हैं। सो इनका अंतररूप निषेकनिका द्रव्यकौं पूर्वोक्त प्रकार सत्त्वविषैं अपकर्षण करि तौ प्रथम स्थितिविषैं अर उत्कर्षण कीएं आबाधा छोडि बंधरूप स्थितिविषैं निक्षेपण करिए है। इस अंतरकरण कालविषैं अनुभागकांडक हजारौं हो हैं। अर स्थितिकांडक अर समान स्थितिबंध अर अंतरकरण इन तीनौंका काल समान है तातैं युगपत समाप्त हो हैं ॥४३५॥

विशेष—प्रकृतमें हिन्दी टीकाकार पण्डित प्रवर पं० टोडरमलजी सा० ने पर्याप्त प्रकाश डाल ही दिया है। यहाँ इतना बतला देना आवश्यक प्रतीत होता है कि बन्धकी अपेक्षा तीनों वेदोंमें से यहाँ एक पुरुषवेदका ही बन्ध होता है, किन्तु जो जिस वेदके उदयसे क्षपकश्रेणि चढ़ता है, मात्र उसीका उदय रहता है। इसलिये पुरुषवेदके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके पुरुषवेदकी अपेक्षा बन्ध और उदय दोनों पाये जाते हैं। हाँ अन्य दोनों वेदोंमेंसे किसी भी वेदकी अपेक्षा श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके पुरुषवेदका मात्र बन्ध ही पाया जाता है। इसी प्रकार यथासम्भव चारों संज्वलन कषायोंकी अपेक्षा भी विचार कर लेना चाहिये। उक्त कषायोंमेंसे किसी भी कषायके उदयसे श्रेणि आरोहण करे तो भी यथास्थान बन्ध चारोंका होता है। इस प्रकार इन सब व्यवस्थाओंको ध्यानमें रखकर यहाँ अन्तरकरणसम्बन्धी अन्य व्यवस्थाएं घटित कर लेनी चाहिये। विशेष स्पष्टीकरण हिन्दी टीकामें किया ही है।

आगैं संक्रमण कहिए है—

**सत्त करणाणि अंतरकदपढमे ताणि मोहणीयस्स।**
**इगिठाणियबंधुदओ तस्सेव य संखवस्सठिदिबंधो ॥४३६॥**
**तस्साणुपुव्विसंकम लोहस्स असंकमं च संढस्स।**
**आजुत्तकरणसंकम छावलितीदेसुदीरणदा[1] ॥४३७॥**

---

१. ताधे चेव णवुंसयवेदस्स आजुत्तकरणसंकामगो, मोहणीयस्स संखेज्जवस्सट्ठिदिगो बंधो, मोहणी-

**सप्तकरणानि अंतरकृतप्रथमे तानि मोहनीयस्य ।**
**एकस्थानिकबंधोदयौ तस्यैव च संख्यवर्षस्थितिबंधः ॥४३६॥**

**तस्यानुपूर्विसंक्रमं लोभस्यासंक्रमं च षंढस्य ।**
**आयुक्तकरणसंक्रमं षडावल्यतीतेषूदीरणता ॥४३७॥**

स० चं०—अंतर जानैं कीया ऐसा अंतरकृत जीव ताकैं प्रथम समयविषै सात करणनिका प्रारम्भ भया । ते कहिए है—

मोहनीयका बंध उदय हैं सो दारुपना छोडि केवल लतारूप एक स्थानगत भए ए दोय करण, बहुरि तीस ही मोहनीयका स्थितिबन्ध पल्यका असंख्यातवां भाग प्रमाणतैं घटि संख्यात वर्षमात्र भया एक यहु करण, बहुरि मोह प्रकृतिनिका पूर्वैं जहाँ तहाँ स्वजातीय प्रकृतिनिविषै संक्रमण होता था अब आगैं कहिए है तैसैं आनुपूर्वी संक्रमण होइ अन्यथा न होइ एक यहु करण, बहुरि पूर्वैं लोभका अन्य प्रकृतिनिविषै संक्रमण होता था अब न होइ एक यहु करण, बहुरि नपुंसकवेदका आयुक्तकरण संक्रमण भया याकौं अन्य प्रकृतिरूप परिणमाइ नाश करनेका उद्यमी भया एक यहु करण, बहुरि पूर्वैं कर्मबन्ध पीछैं आवली व्यतीत भए ही उदीरणा होती थी अब छह आवली व्यतीत भए पीछैं ही उदीरणा होइ यहु एक करण, इन सात करणनिका अंतर करने के अनंतर समयविषै युगपत् प्रारम्भ भया ॥४३६–४३७॥

**संछुहदि पुरिसवेदे इत्थीवेदं णउंसयं चेव ।**
**सत्तेव णोकसाए णियमा कोहम्हि संछुहदि[1] ॥४३८॥**
**कोहं च छुहदि माणे माणं मायाए णियमसा छुहदि ।**
**मायं च छुहदि लोहे पडिलोमो संकमो णत्थि[2] ॥४३९॥**

**संक्रामति पुरुषवेदे स्त्रीवेदं नपुंसकं चैव ।**
**सप्तैव नोकषायान् नियमात् क्रोधे संक्रामति ॥४३८॥**
**क्रोधश्च क्रामति माने मानो मायायां नियमेन संक्रामति ।**
**माया च क्रामति लोभे प्रतिलोमः संक्रमो नास्ति ॥४३९॥**

स० चं०—स्त्रीवेद अर नपुंसकवेदका द्रव्य तौ पुरुषवेदविषै संक्रमण करै है । पुरुषवेद छह हास्यादि ऐसैं सात नोकषायनिका द्रव्य संज्वलन क्रोधविषै संक्रमण करै है । क्रोधका द्रव्य मानविषै संक्रमण करै है । मानका द्रव्य मायाविषै संक्रमण करै है । मायाका द्रव्य लोभविषै संक्रमण करै है ऐसैं संक्रमणकरि अन्यरूप परिणमि आप नाशकौं प्राप्त हो है यहु आनुपूर्वी संक्रमण

---

यस्स एगट्ठाणिया बंधोदया, जाणि कम्माणि बज्झंति तेसिं छसु आवलियासु गदासु उदीरणा, मोहणीयस्स आणुपुव्वीसंकमो, लोहसंजलणस्स असंकमो एदाणि सत्त करणाणि अंतरदूसमयकदे आरद्धाणि ।
क० चु० पृ० ७५३ ।

१. क० गा० १३८ । २. क० गा० १३९ ।

जानना। प्रतिलोम कहिए अन्यथा प्रकार संक्रमण अब न हो है। इहांतैं आगैं स्थितिबंधतैं संख्यातगुणा घाटि स्थितिबंधापसरणका प्रमाण मोहनीयका भया जातैं संख्यात वर्ष स्थितिबंध होनेतैं परैं स्थितिबन्धापसरण.का प्रमाण स्थितिबन्धतैं संख्यातगुणा घटता हो है। अर बत्तीस वर्षमात्र स्थितिबन्ध भए पीछै स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण अन्तर्मुहूर्तमात्र हो है ऐसी व्याप्ति सर्वत्र जाननी ॥४३ .–४३९॥

विशेष—पहले जो सात करणोंका निर्देश किया है उनमें एक आनुपूर्वी संक्रमण भी है। उसीके अनुसार यहाँ बतलाया गया है कि नपुंसकवेद और स्त्रीवेदका पुरुषवेदमें संक्रम होता है, पुरुष वेदसहित सात नोकषायोंका क्रोधसंज्वलनमें, क्रोधसंज्वलनका मानसंज्वलनमें, मानसंज्वलन का मायासंज्वलनमें और मायासंज्वलनका लोभसंज्वलनमें संक्रम होता है। तथा लोभ-संज्वलनका स्वमुखसे ही क्षय होता है। नपुंसकवेद और स्त्रीवेदके संक्रमके समयसे लेकर प्रतिलोम संक्रम नहीं होता।

**ठिदिबंधसहस्सगदे संढो संकामिदो हवे पुरिसे।**
**पडिसमयमसंखगुणं संकामगचरिमसमओ त्ति[1] ॥४४०॥**

**स्थितिबंधसहस्रगते षंढः संक्रामितो भवेत् पुरुषे।**
**प्रतिसमयमसंख्यगुणं संक्रामकचरमसमय इति ॥४४०॥**

स० चं—अंतरकरणके अनंतर समयतैं लगाय संख्यात हजार स्थितिबंध व्यतीत भएं नपुंसकवेद है सो पुरुषवेदविषै संक्रमित हो है। नपुंसकवेदकी क्षपणाका प्रथम समयतैं लगाय समय समय प्रति असंख्यातगुणा क्रम लीएं संक्रमकालका अंतसमयविषै नपुंसकवेदके द्रव्यका पुरुषवेदविषै संक्रमण हो है। सो ऐसैं गुणसंक्रमणरूप अनुक्रमतैं संख्यात हजार कांडक भए अंत-समयविषै जो अंत कांडककी अंत फालि ताकौं सर्व संक्रमणकरि संक्रमावै है। ऐसैं नपुंसकवेदको पुरुषवेदरूप परिणमाइ नाशकौं प्राप्त करै है। ऐसा अर्थ स्त्रीवेदकी क्षपणा आदिविषै भी जोडना ॥४४०॥

**बंधेण होदि उदओ अहिओ उदएण संकमो अहिओ।**
**गुणसेढी असंखेज्जापदेसअग्गेण बोधव्वा[2] ॥४४१॥**

**बंधेन भवति उदयः अधिक उदयेन संक्रमोऽधिकः।**
**गुणश्रेणिरसंख्येयप्रदेशाग्रेण बोद्धव्या ॥४४१॥**

स० चं—नपुंसकवेदका संक्रमण कालविषै पुरुषवेदका बंध द्रव्यतैं उदय द्रव्य अधिक है अर उदय द्रव्यकरि संक्रमण द्रव्य अधिक है सो अधिकता असंख्यात प्रदेशसमूहकरि गुणश्रेणि कहिए गुणकारकी पंक्ति तिसरूप जाननी। भावार्थ–इहां पुरुषवेदका जितने प्रदेशनिका बंध हो है तातैं असंख्यातगुणा अधिक ताके प्रदेशनिका उदय हो है। अर तातैं असंख्यातगुणा अधिक प्रदेशनिका तहां संक्रमण हो है। सोई कहिए है—

---

१. तदो संखेज्जेसु ट्ठिदिखंडयसहस्सेसु गदेसु णवुंसयवेदो संकामिज्जमाणो संकामिदो।
क० चु० पृ० ७५३।

२. क० पा० गा० १४४, क० पृ० ७६९।

प्रदेश शब्दकरि परमाणूरूप द्रव्य जानना सो इहां समयप्रबद्ध बंधै है, तीहिंकौं सातका भाग दीएं मोहका द्रव्य होइ, ताकौं कषाय नोकषायका भागके अर्थि दोयका भाग दीएं पुरुष-वेदका द्रव्य होइ सो इतना तौ प्रदेशनिका बंध हो है। बहुरि सर्व सत्तारूप पुरुषवेदका द्रव्यविषै गुणश्रेण्यादिकरि दीया द्रव्य सहित इस समयविषै उदय आवने योग्य निषेकका द्रव्य जेता होइ तितने प्रदेशनिका उदय हो है. ते ए बंध प्रदेशनितैं असंख्यातगुणे हैं। बहुरि नपुंसकवेदका सर्व द्रव्यकौं गुणसंक्रमका भाग दीएं जो प्रमाण आवै तितने नपुंसकवेदके पुरुषवेदविषै संक्रमण हो है। ते ए उदय प्रदेशनितैं असंख्यातगुणे जानने। ऐसैं अल्पबहुत्व कहनेकरि गुणसंक्रमण द्रव्यका प्रमाण जानिए है ॥४४१॥

विशेष—यहाँ बन्ध, उदय और संक्रमके माध्यमसे प्रदेशविषयक अल्पबहुत्वका निर्देश किया गया है। आशय यह है कि प्रकृतमें पुरुषवेद आदि जिस किसी भी कर्मका बन्ध होता है वह प्रत्येक एक समय प्रबद्धमात्र होनेसे उदयमें आनेवाले प्रदेशोंकी अपेक्षा सबसे कम है, क्योंकि यहाँ विवक्षित कर्मके जितने कर्मपुंजका बन्ध होता है उससे उदयमें आनेवाला कर्मपुंज असंख्यात गुणा होता है, क्योंकि आयुकर्मको छोड़कर वेद्यमान किसी भी कर्मका उदय गुणश्रेणिगोपुच्छा के माहात्म्यसे असंख्यातगुणा होता है। इसी प्रकार उसी कर्मके उदयरूप प्रदेशोंकी अपेक्षा संक्रम-रूप प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा होता है, क्योंकि जिन कर्मोंका गुणसंक्रम होता है उन कर्मोंका गुणसंक्रम द्रव्य और जिन कर्मोंका अधःप्रवृत्त संक्रम होता है उनका अधःप्रवृत्त संक्रम द्रव्य असंख्यात समयप्रबद्ध प्रमाण होनेसे वह उदयमें आनेवाले द्रव्यकी अपेक्षा असंख्यातगुणा होता है। यहाँ शंका होती है कि जिन कर्मोंका गुणसंक्रम होता है उनका गुणसंक्रम द्रव्य उसी समयमें उदयमें आनेवाले द्रव्यसे असंख्यातगुणा होओ, क्योंकि गुणसंक्रमभागहारसे अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारके असंख्यातगुणा होनेकी अपेक्षा उदय द्रव्यसे गुणसंक्रम भागहारसे संक्रमको प्राप्त हुए द्रव्यके उस प्रकारके होनेमें कोई बाधा नहीं आती। परन्तु उदयगत गुणश्रेणि गोपुच्छा द्रव्यसे अधःप्रवृत्त संक्रमद्रव्य असंख्यातगुणा होता है यह व्यवस्था नहीं बनती, क्योंकि सर्वत्र अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे अधःप्रवृत्त भागहार असंख्यातगुणा देखा जाता है? समाधान यह है कि सर्वत्र अपकर्षित सम्पूर्ण द्रव्य गुणश्रेणि द्वारा ही निक्षिप्त होता है, क्योंकि उसके असंख्यातवें भाग का ही वहाँ निक्षेप देखा जाता है, इसलिये उस भागहारके माहात्म्यवश उदय द्रव्यसे संक्रमको प्राप्त हुआ द्रव्य असंख्यातगुणा बन जाता है।

**गुणसेढिअसंखेज्जा पदेसअग्गेण संकमो उदओ।**
**से काले से काले भज्जो बंधो पदेसग्गे[1] ॥४४२॥**

**गुणश्रेण्यसंख्येयप्रदेशांगेन संक्रम उदयः।**
**स्वे काले स्वे काले योग्यो बंधः प्रदेशांगः ॥४४२॥**

स० चं—अपने कालविषै स्वस्थान अपेक्षा संक्रमतैं संक्रम अर उदयतैं उदय है सो प्रदेश अपेक्षाकरि असंख्यातरूप गुणकारकी पंक्ति लीएं है। भावार्थ—नपुंसकवेद क्षपणा कालविषै प्रथम समयविषै जेते नपुंसकवेदके प्रदेशनिका पुरुषवेदविषै संक्रमण हो है, तातैं दूसरा समयविषैं असंख्यातगुणा हो है। तातैं तीसरा समयविषै असंख्यातगुणा हो है, ऐसैं अन्त समय पर्यंत जानना।

१. क० पा० गा० १४९, पृ० ७७२।

बहुरि अपना पुरुषवेदका उदय कालविषैं प्रथम समयविषैं जितने पुरुषवेदके प्रदेशनिका उदय हो है तातैं दूसरे समय असंख्यातगुणा तातैं तीसरे समय असंख्यातगुणा ऐसैं अन्त समय पर्यंत जानना। बहुरि अपने पुरुषवेदका बन्धकालविषैं प्रदेशरूप बन्ध है सो भजनीय है। जातैं प्रदेशबन्ध है सो योगनिके अनुसारि है तातैं प्रथमादि समयतैं द्वितीयादि समयनिविषैं पुरुषवेदका बन्ध कदाचित् संख्यातवें भागि असंख्यातवें भागि संख्यातगुणा असंख्यातगुणा बन्धता, कदाचित् ऐसैं ही घटता कदाचित् जितनेका तितने अवस्थितरूप पुरुषवेदके प्रदेशबन्ध इहां हो हैं ॥४४१॥ इन अठाईस गाथानिका अर्थरूप व्याख्यान क्षपणासारविषै नाहीं लिख्या। इहां मोकूं प्रतिभास्या तैसैं लिख्या है।

विशेष—इसका चूर्णिसूत्रों और जयधवला टीका द्वारा इस प्रकार स्पष्टीकरण किया है—विवक्षित्त समयमें प्रदेशोदय अल्प होता है, अनन्तर समयमें असंख्यातगुणा होता है। इसी प्रकार सर्वत्र जानना चाहिये। संक्रमकी प्ररूपणा उदयकी प्ररूपणाके समान ही है। मात्र योगोंकी चार प्रकारकी हानि, चार प्रकारकी वृद्धि और अवस्थानके कारण प्रदेशबन्ध चार प्रकारकी वृद्धि, चार प्रकार हानि और अवस्थानकी अपेक्षा भजनीय है। यह व्यवस्था केवल पुरुषवेदके विषयमें ही नहीं है, क्रोधसंज्वलन आदिके विषयमें भी जाननी चाहिये। मात्र यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि जिन कर्मों का गुणसंक्रम होता है उनकी अपेक्षा प्रथमादि समयोंके संक्रम द्रव्य से द्वितीयादि समयोंका संक्रम द्रव्य उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा घटित हो जाता है। किन्तु जिन कर्मों का अधःप्रवृत्त संक्रम होता है उनका संक्रम द्रव्य उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा नहीं घटित होकर कभी विशेष अधिक द्रव्यका संक्रम होता है और कभी विशेष हीन द्रव्यका संक्रम होता है ऐसा यहाँ समझना चाहिये।

**इदि संढं संकामिय से काले इत्थिवेदसंकमगो।**
**अण्णं ठिदिरसखंडं अण्णं ठिदिबंधमारभइ[1] ॥४४३॥**

**इति षंढं संक्राम्य स्वे काले स्त्रीवेदसंक्रमकः।**
**अन्यस्थितिरसखंडमन्यं स्थितिबंधमारभते ॥४४३॥**

स० चं०—ऐसैं नपुंसकवेदका संक्रमणकरि अपने कालविषैं स्त्रीवेदका संक्रमक कहिए पुरुषवेदविषैं संक्रमणकरि क्षपणा करनेवाला हो है। तहां प्रथम समयविषैं पूर्वतैं अन्यप्रमाण धरैं स्थितिकांडक अनुभागकांडक स्थितिबन्धकौं प्रारंभै है ॥४४२॥

**थीअद्धासंखेज्जाभागेपगदे तिघादिठिदिबंधो।**
**वस्साणं संखेज्जं थीसंकंतापगद्धंते ॥४४४॥**

१. तदो से काले इत्थिवेदस्स पढमसमयसंकामगो। ताधे अण्णं ट्ठिदिखंडयमण्णमणुभागखंडयमण्णो ट्ठिदिबंधो च आरद्धाणि। क० चु० पृ० ७५३।

२. तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण इत्थिवेदक्खवणद्धाए संखेज्जदिभागे गदे णाणावरण-दंसणावरण-अंतराइयाणं तिण्हं घादिकम्माणं संखेज्जवस्सट्ठिदिगो बंधो। तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्तेण इत्थिवेदस्स जं ट्ठिदिसंतकम्मं तं सव्वमागाइदं सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मस्स असंखेज्जा भागा आगाइदा। तम्हि ट्ठिदिखंडए पुण्णे इत्थिवेदो संछुब्भमाणो संछुद्धो। क० चु० पृ० ७५३–७५४।

**स्त्रीअद्धासंख्येयभागेऽपगते त्रिघातिस्थितिबंधः ।**
**वर्षाणां संख्येयं स्त्रीसंक्रमापगतार्धान्ते ॥४४४॥**

स० चं—तहां संख्यात हजार स्थितिकांडकनिकरि स्त्रीवेद क्षपणा कालका संख्यातवां भाग व्यतीत भए ज्ञानावरण दर्शनावरण अंतराय इन तीन घातियानिका स्थितिबन्ध पल्यका असंख्यातवां भागमात्र होता था ताकौं समाप्तकरि संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिबन्ध करै है। तातैं परैं संख्यात हजार स्थितिकांडक व्यतीत भए स्त्रीवेद क्षपणा कालके अवशेष बहुभाग व्यतीत भए जो घात कीए पीछैं स्त्रीवेदका स्थितिसत्त्व अवशेष पल्यका असंख्यातवां भागमात्र रह्या ताकौं अंत स्थिति कांडकरूप करै है तिस ही काल विषैं अवशेष कर्मनिका स्थितिकांडकका पल्यका असंख्यातवां भागमात्र स्थितिसत्त्वके असंख्यातवें भागमात्र था सो ताका असंख्यात भागमात्र आयाम धरैं है, तहां अंत कांडककौं सम्पूर्ण भए स्त्रीवेद भी संक्रमणरूप भया। द्वितीय स्थितिविषैं तिष्ठता ऐसा पल्यका असंख्यातवां भागमात्र आयाम धरैं जो अन्त स्थितिकांडक ताकी अन्त फालिकौं पुरुषवेदविषैं संक्रमणकरि स्त्रीवेदकी सत्ताका नाश करै है ॥४४४॥

**ताहे संखसहस्सं वस्साणं मोहणीयठिदिसंतं ।**
**से काले संकमगो सत्तण्हं णोकसायाणं[1] ॥४४५॥**

**तस्मिन् (अ) संख्यसहस्रं वर्षाणां मोहनीयस्थितिसत्त्वम् ।**
**स्वे काले संक्रमकः सप्तानां नोकषायाणाम् ॥४४५॥**

स० चं—तहां स्त्रीवेद क्षपणाकालका अंतविषैं मोहनीयका स्थितिसत्व असंख्यात वर्ष प्रमाण हो है। बहुरि ताके अनंतरि अपने कालविषैं सात नोकषायनिका संक्रमक कहिए संज्वलन क्रोधरूप परणमाइ नाश करणहारा हो है ॥४४५॥

**ताहे मोहो थोवो संखेज्जगुणं तिघादिठिदिबंधो ।**
**तत्तो संखगुणियो णामदुगं साहियं तु वेयणियं[2] ॥४४६ ॥**

**तत्र मोहः स्तोकः संख्येयगुणं त्रिघातिस्थितिबन्धः ।**
**ततोऽसंख्येयगुणितो नामद्विकं साधिकं तु वेदनीयम् ॥४४६॥**

स० चं०—तहां प्रथम समयविषैं मोहका स्तोक तातैं तीन घातियानिका संख्यातगुणा बहुरि तातैं नाम गोत्रका पल्यका असंख्यातवां भागमात्र है तातैं बहुरि असंख्यातगुणा तातैं वेदनीयका त्रैराशिकतैं आधा प्रमाणकरि साधिक स्थितिबंध हो है ॥४४६॥

---

१. ताधे चेव मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्साणि। से काले सत्तण्हं णोकसायाणं पढमसमयसंकामगो। क० चु० पृ० ७५४।

२. सत्तण्हं णोकसायाणं पढमसमयसंकामगस्स ट्ठिदिबंधो मोहणीयस्स थोवो। णाणावरण-दंसणावरण-अंतराइयाणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो। णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो। वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। क० चु० पृ० ७५४।

**ताहे असंखगुणियं मोहादु तिघादिपयडिठिदिसंतं ।**
**तत्तो असंखगुणियं णामदुगं साहियं तु वेयणियं[1] ॥४४७॥**

**तस्मिन् असंख्यगुणितं मोहात् त्रिघातिप्रकृतिस्थितिसत्त्वम् ।**
**ततोऽसंख्यगुणितं नामद्विकं साधिकं तु वेदनीयं ॥४४७॥**

स० चं—तहां ही प्रथम समयविषै संख्यात वर्षमात्र मोहका स्थितिसत्त्व स्तोक है। तातैं असंख्यातगुणा तीन घातियानिका स्थितिसत्त्व पल्यका असंख्यातवां भागमात्र है। तातैं असंख्यातगुणा नाम गोत्रका स्थितिसत्त्व है। तातैं साधिक वेदनीयका स्थितिसत्त्व है। क्रमकरणके अल्पबहुत्वका अनुक्रम इहां पर्यंत भी प्रवर्तै है। ऐसा जानना ॥४४७॥

**सत्तण्हं पढमट्ठिदिखंडे पुण्णे दु मोहठिदिसंतं ।**
**संखेज्जगुणविहीणं सेसाणमसंखगुणहीणं[2] ॥४४८॥**

**सप्तानां प्रथमस्थितिखंडे पूर्णे तु मोहस्थितिसत्त्वं ।**
**संख्येयगुणविहीनं शेषाणामसंख्यगुणहीनम् ॥४४८॥**

स० चं०—सात नोकषायनिका पहिला स्थितिकांडककौं पूर्ण भए पूर्व स्थिति सत्त्वतैं मोहका तौ स्थितिसत्त्व संख्यातगुणा घटता भया, जातैं संख्यात वर्ष स्थितिसत्त्व होनेतैं स्थिति कांडक आयाम पूर्वस्थिति सत्त्वका संख्यात बहुभागमात्र है। बहुरि अवशेष कर्मनिका स्थितिसत्त्व पूर्व स्थिति सत्त्वतैं असंख्यातगुणा घटता भया, जातैं पल्यका असंख्यातवां भागमात्र स्थितिसत्त्व होनेतैं स्थितिकांडक आयाम पूर्वस्थिति सत्त्वके असंख्यात बहुभागमात्र है ॥४४८॥

**सत्तण्हं पढमट्ठिदिखंडे पुण्णे ति घादिठिदिबंधो ।**
**संखेज्जगुणविहीणं अघादितियाणं असंखगुणहीणं[3] ॥४४९॥**

**सप्तानां प्रथमस्थितिखंडे पूर्णे इति घातिस्थितिबन्धः ।**
**संख्येयगुणविहीनो अघातित्रयाणामसंख्यगुणहीनः ॥४४९॥**

स० चं०—सात नोकषायनिका प्रथम स्थिति खंडकौं सम्पूर्ण होत संतैं पूर्व स्थितिबन्धतैं च्यारि घातिया कर्मनिका तौ संख्यातगुणा घटता अर तीन अघातियानिका असंख्यातगुणा घटता स्थितिबन्ध हो है, जातैं एक स्थितिबन्धापसरणकरि इतनी स्थितिका घटना संभवै है ॥४४९॥

---

१. ताहे ट्ठिदिसंतकम्मं मोहणीयस्स थोवं। तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जगुणं। णामागोदाणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जगुणं। वेदणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं विसेसाहियं। क० चु० पृ० ७५४।

२. पढमट्ठिदिखंडए पुण्णे मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणहीणं। सेसाणं ट्ठिदिसंतकम्मं असंखेज्जगुणहीणं। क० चु० पृ० ७५४।

३. ट्ठिदिबंधो णामा-गोद-वेदणीयाणं असंखेज्जगुणहीणो। घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणहीणो। ७५४।

**ठिदिबंधपुधत्तगदे संखेज्जदिमं गदं तदद्धाए ।**
**एत्थ अघादितियाणं ठिदिबंधो संखवस्सं तु ॥४५०॥**

**स्थितिबन्धपृथक्त्वगते संख्येयं गतं तदद्धायाम् ।**
**अत्र अघातित्रयाणां स्थितिबन्धः संख्यवर्षस्तु ॥४५०॥**

स० चं०—तातैं परै पृथक्त्व कहिए संख्यात हजार स्थितिबन्ध गएं तिस सप्त नोकषाय क्षपण कालका संख्यातवां भाग व्यतीत भया तहां नाम गोत्र वेदनीय इन तीन अघातियानिका स्थितिबन्ध पल्यका असंख्यातवां भागपनाकौं छोडि संख्यात हजार वर्षमात्र हो है ॥४५०॥

**ठिदिखंडपुधत्तगदे संखाभागा गदा तदद्धाए ।**
**घादितियाणं तत्थ य ठिदिसंतं संखवस्सं तु ॥४५१॥**

**स्थितिखंडपृथक्त्वगते संख्यभागा गता तदद्धायाः ।**
**घातित्रयाणां तत्र च स्थितिसत्त्वं संख्यवर्षं तु ॥४५१॥**

स० चं०—तातैं परैं संख्यात हजार स्थितिकांडक गएं सात नोकषाय कालका संख्यात बहुभाग व्यतीत भएं एक भाग अवशेष रहैं तीन घातियानिका स्थितिसत्त्व संख्यात वर्षप्रमाण भया। तातैं आगे च्यारि घातियानिका स्थितिबन्ध अर स्थितिसत्त्व एक कांडककाल पर्यन्त समानरूप होइ। बहुरि केई स्थितिबन्ध अर स्थितिसत्त्व पूर्वतैं संख्यातगुणे घटते हो हैं, जातैं घातिकर्मनिका स्थितिबन्ध वा स्थितिसत्त्व संख्यात वर्षमात्र होनेतैं स्थितिबन्धापसरण वा स्थिति-कांडकका प्रमाण पूर्व स्थितिबंध वा स्थितसत्त्वतैं संख्यात बहुभाग मात्र है। बहुरि नाम गोत्र वेदनीयका स्थितिकांडक पूर्ण होतैं पूर्व स्थितिसत्त्वतैं असंख्यातगुणा घटता स्थितिसत्त्व हो है। अर इनका स्थितिबन्धापसरण पूर्ण होतै पूर्व स्थितिबन्धतैं संख्यातगुणा घटता स्थितिबंध हो है ऐसा अनुक्रम सप्त नोकषाय क्षपणाकालका अन्त पर्यन्त जानना ॥४५१॥

विशेष—इस गाथाका पूरा आशय हिन्दी टीकामें पण्डित जी ने दिया ही है। विशेष स्पष्टीकरणकी दृष्टिसे पुनः दे रहे हैं—तदनन्तर स्थितिकाण्डक पृथक्त्वके व्यतीत होनेके साथ सात नोकषायोंके क्षपणाकालके संख्यात बहुभाग व्यतीत होनेपर ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायका संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिसत्त्व हो जाता है। तदनन्तर घातिकर्मोंके स्थितिबन्ध और स्थितिकाण्डकके पुनः पुनः पूर्ण होनेपर स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व उत्तरोत्तर संख्यात गुणा हीन होता जाता है। तथा नाम, गोत्र और वेदनीयका स्थितिकाण्डक पूर्ण होनेपर असंख्यात गुणा हीन स्थितिसत्त्व होता है। तथा इन्हींके स्थितिबन्धके पूर्ण होनेपर अन्य स्थितिबन्ध संख्यात

१. तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्ते गदे सत्तण्हं णोकसायाणं खवणद्धाए संखेज्जदिभागे गदे णामा-गोद-वेदणीयाणं संखेजाणि ट्ठिदिबंधो। क० चु० पृ० ७५४।

२. तदो ट्ठिदिखंडयपुधत्ते गदे सत्तण्हं णोकसायाणं खवणद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु णाणावरण-दंसणावरण-अंतराइयाणं संखेज्जवस्सट्ठिदिसतकम्मं जादं। क० चु० पृ० ७५४।

गुणा हीन होता है। इस क्रमसे सात नोकषायोंके संक्रामकके अन्तिम स्थितिबन्धके प्राप्त होने तक जानना चाहिये।

**पडिसमयं असुहाणं रसबंधुदया अणंतगुणहीणा।**
**बंधो वि य उदयादो तदणंतरसमय उदयो थ ॥४५२॥**

**प्रतिसमयमशुभानां रसबन्धोदयौ अनन्तगुणहीनौ।**
**बन्धोपि च उदयात् तदनन्तरसमय उदयोऽथ ॥४५२॥**

स० चं०—अशुभ प्रकृतिनिका अनुभागबन्ध अर अनुभागका उदय सो समय समय प्रति अनन्तगुणा घटता हो है। प्रथम समयतैं दूसरे समय दूसरा समयतैं तीसरे समय ऐसैं क्रमतैं अनुभागका बंध अर उदय अनन्तगुणा घटता इहां जानना। बहुरि पूर्व समयसंबंधी उदयतैं उत्तर समयका बंध भी अर अनन्तरवर्ती समयका उदय हो है सो अनंतगुणा घटता अनुभागरूप जानना ॥४५२॥

**बंधेण होदि उदओ अहियो उदएण संकमो अहियो।**
**गुणसेढि अणंतगुणा बोधव्वा होदि अणुभागे ॥४५३॥**

**बन्धेन भवति उदयोऽधिक उदयेन संक्रमोऽधिकः।**
**गुणश्रेणिरनन्तगुणा बोद्धव्या भवति अनुभागे ॥४५३॥**

स० चं०—बंधकरि तो उदय अधिक कहिए है अर उदयकरि संक्रम अधिक है ऐसैं अनुभाग अनन्तगुणा गुणश्रेणी कहिए गुणकारकी पंक्ति जाननी। भावार्थ—विवक्षित एक समय विषैं अनुभागके बंधतैं अनन्तगुणा अनुभागका तौ उदय है अर तातैं अनंतगुणा अनुभागका संक्रम हो है ॥४५३॥

विशेष—यह अनुभागसम्बन्धी बन्ध, उदय और संक्रमविषयक अल्पबहुत्वको सूचित करने वाली गाथा है। नियम यह है कि प्रत्येक समयमें घातिकर्मोंका जितना अनुभागबन्ध होता है उससे उसी समय उन कर्मोंका अनुभागोदय अनन्तगुणा होता है, क्योंकि अनुभागोदयमें प्राचीन सत्तामें स्थित कर्मोंका अनुभाग विवक्षित है। यद्यपि अशुभ कर्मोंके अनुभागकी प्रति समय अनन्तगुणी हानि होती जाती है, फिर भी वह प्रत्येक समयमें प्रत्यग्रबन्धसे अनन्तगुणा होता है। तथा प्रत्येक समयके अनुभागोदयसे अनुभागसंक्रम अनन्तगुणा होता है, क्योंकि अनुभागसत्त्व प्रति समय अनन्तगुणा हीन होकर उदयको प्राप्त होता है, जबकि प्राचीन सत्त्व तदवस्थ रहकर ही पर प्रकृतिरूपसे संक्रमको प्राप्त होता है। घातिकर्मोंकी अपेक्षा यह अल्पबहुत्व कहा गया है, इसी प्रकार अघातिकर्मोंके विषयमें जानकर व्याख्यान करना चाहिये।

**गुणसेढि अणंतगुणेणूणाए वेदगो दु अणुभागे।**
**गणणादिकंतसेढी पदेसअग्गेण बोधव्वा ॥४५४॥**

१. क० सु० १४३, पृ० ७६९। २. क० सु० गा० १४६, पृ० ७७०।

**गुणश्रेणिरनन्तगुणेनोना च वेदकस्तु अनुभागः ।**
**गणनातिक्रांतश्रेणी प्रदेशाग्रेण बोद्धव्या ।।४५४।।**

स० चं०—यद्यपि वेदक कहिए उदयरूप अनुभाग सो समय-समय प्रति अनंतगुणा घटतारूप गुणकार पंक्ति लीएं है तथापि प्रदेश अंशकरि गणनातिक्रांत कहिए असंख्यात गुणकारकी पंक्तिरूप जानना। भावार्थ—समय-समय प्रति अनुभागका उदय अनंतगुणा घटता है तथापि प्रदेश जे कर्मपरमाणू तिनका उदय समय-समय प्रति असंख्यातगुणा बंधता जानना ।।४५४।।

विशेष—यहाँ अप्रशस्त कर्मोंका अनुभागोदय और प्रदेशोदय विवक्षित है। उन कर्मोंका प्रति समय अनुभागोदय उत्तरोत्तर अनन्तगुणा हीन होता है और प्रदेशोदय प्रति समय उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा हीन होता है यह उक्त कथनका आशय है।

**बंधोदएहि णियमा अणुभागो होदि णंतगुणहीणो ।**
**से काले से काले भज्जो पुण संकमो होदि[1] ।।४५५।।**

**बन्धोदयाभ्यां नियमादनुभागो भवति अनन्तगुणहीनः ।**
**स्वे काले स्वे काले भाज्यः पुनः संक्रमो भवति ।।४५५।।**

स० चं०—अपने कालविषै अनुभाग है सो बंध अर उदयकरि तौ समय-समय प्रति अणंतगुणा घटता हो है। बहुरि अपने कालविषै संक्रम है सो भजनीय हैं—घटनेका नियमकरि रहित है ।।४५५।।

विशेष—इस गाथा द्वारा कालकी अपेक्षा बन्ध, उदय और संक्रमके अल्पबहुत्वका निर्देश किया गया है। आशय यह है कि विशुद्धिके माहात्म्यवश प्रत्येक समयमें कर्मोंका जो अनुभागबन्ध होता है वह उत्तरोत्तर अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार अनुभागोदय भी प्रत्येक समयमें अनन्तगुणा हीन होता है। किन्तु अनुभाग संक्रम भजनीय है। कारण कि जब तक एक अनुभाग काण्डकका पात होता रहता है तब तक अनुभागसंक्रम अवस्थितरूपसे होता है। पुनः तदनन्तर दूसरे अनुभाग काण्डकके पतनके समय वह अनन्तगुणा हीन हो जाता है। गाथा ४५६ में संक्रमको लक्ष्यमें रखकर स्पष्टीकरण किया गया है।

**संकमणं तदवत्थं जाव दु अणुभागखंडयं पददि ।**
**अण्णाणुभागखंडे आढत्ते णंतगुणहीणं[2] ।।४५६।।**

**संक्रमणं तदवस्थं यावत्तु अनुभागखंडकं पतति ।**
**अन्यांनुभागखंडे आरब्धे अनंतगुणहीनम् ।।४५६।।**

---

१. क० सु० गा० १४८, पृ० ७७२।

२. संकमो पुण अणंतगुणहीणेण भयणिज्जो होइ। किं कारणं ? जाव अणुभागखंडयं ण पादेदि ताव अवट्ठिदो चेव संकमो भवदि। अणुभागखंडए पुण पदिदे अणुभागसंकमो अणंतगुणहीणो जायदि त्ति। जयध० प्रे० का० पृ० ६८५०।

स० चं०—जिस अनुभागकांडकविषै संक्रमण होइ तिस अनुभागकांडकका घात न होइ निवरै तावत् समय समय प्रति अवस्थित समानरूप ही अनुभागका संक्रमण हो है। बहुरि अन्य नवीन अनुभागकांडकका प्रारम्भ भएं पूर्वतैं अनन्तगुणा घटता अनुभागका संक्रम हो है ॥४५६॥

इन पांच गाथानिका अर्थरूप व्याख्यान क्षपणासारविषै लिख्या नाहीं इहां जैसैं प्रतिभास्या तैसैंअर्थ लिख्या है। बुद्धिमान होइ सो स्पष्ट अर्थ जैसा होइ तैसा जानियो।

**सत्तण्हं संकामगचरिमे पुरिसस्स बंधमट्ठवस्सं।**
**सोलस संजलणाणं संखसहस्साणि सेसाणं[1] ॥४५७॥**

**सप्तानां संक्रामकचरमे पुरुषस्य बंधोऽष्टवर्षम्।**
**षोडश संज्वलनानां संख्यसहस्राणि शेषाणाम् ॥४५७॥**

स० चं०—सात नोकषाय संक्रमक कालका अन्त समयविषै पुरुषवेदका अन्त स्थितिबंध अष्टवर्ष प्रमाण हो है। बहुरि संज्वलन चतुष्कका सोलह वर्षमात्र अवशेष मोह आयु विना छह कर्मनिका संख्यात हजार वर्षमात्र स्थितिबन्ध हो है ॥४५७॥

**ठिदिसंतं घादीणं संखसहस्साणि होंति वस्साणं।**
**होंति अघादितियाणं वस्साणमसंखमेत्ताणि[2] ॥४५८॥**

**स्थितिसत्त्वं घातीनां संख्यसहस्राणि भवंति वर्षाणां।**
**भवंति अघातित्रयाणां वर्षाणामसंख्यमात्राणि ॥४५८॥**

स० चं०—तहां ही स्थितिसत्व है सो च्यारि घातियानिका संख्यात हजार वर्षमात्र अर तीन अघातिनिका असंख्यात वर्षप्रमाण जानना ॥४५८॥

**पुरिसस्स य पढमट्ठिदि आवलिदोसुवरिदासु आगाला।**
**पडिआगाला छिण्णा पडिआवलियादुदीरणदा[3] ॥४५९॥**

**पुरुषस्य च प्रथमस्थितौ आवलिद्वयोरुपरतयोरागालाः।**
**प्रत्यागालाः छिन्नाः प्रत्यावलिकाया उदीरणता ॥४५९॥**

स० चं०—पुरुषवेदकी प्रथम स्थितिविषै आवली प्रत्यावली ए दोय उवरैं अवशेष रहैं आगाल प्रत्यागाल नष्ट भए। द्वितीय स्थितिविषै तिष्ठते परमाणूनिकौं अपकर्ष वशतैं प्रथम स्थिति

---

१. सत्तण्हं णोकसायाणं संकामयस्स चरिमो ठिदिबंधो पुरिसवेदस्स अट्ठ वस्साणि, संजलणाणं सोलस वस्साणि, सेसाणं कम्माणं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि ठिदिबंधो। क० चु० पृ० ७५५।

२. ठिदिसंतकम्मं पुण घादिकम्माणं चदुण्हं पि संखेज्जाणि वस्सहस्साणि, णामा-गोद-वेदणियाण-मसंखेज्जाणि वस्साणि। क० चु० पृ० ७५५।

३. पुरिसवेदस्स दोआवलियासु पढमट्ठिदीए सेसासु आगालपडिआगालो वोच्छिण्णो, पढमट्ठिदीदो चेव उदीरणा। समयाहियाए आवलियाए सेसाए जहण्णिया ठिदिउदीरणा। क० चु० पृ० ७५५।

विषै प्राप्त करना सो आगाल कहिए। प्रथम स्थितिविषै तिष्ठते परमाणूनिकौं उत्कर्षण वशतैं द्वितीय स्थितिविषै प्राप्त करना सो प्रत्यागाल कहिए। बहुरि प्रत्यावली जो द्वितीयावलीतैं उदीरणा वर्तें है। प्रत्यावलीके निषेकनिका द्रव्य उदयावलीविषै दीजिए है। बहुरि एक समय अधिक प्रत्यावली अवशेष रहैं जघन्य स्थितिकी उदीरणा हो है, जातैं प्रत्यावलीका प्रथम एक निषेककी उदीरणा हो है उदयावलीविषै ताकौं प्राप्त कीजिए है। बहुरि तीहिं समयविषै वेद सहितपनाका अन्त समयविषै हो है, जातैं उच्छिष्टावली है नाम जाका ऐसी जो प्रत्यावली ताके निषेकनिका उदय न हो है ॥४५९॥

**अंतरकदपढमादो कोहे छण्णोकसाययं छुहदि।**
**पुरिसस्स चरिमसमए पुरिस वि एदेण सव्वयं छुहदि[1] ॥४६०॥**

**अंतरकृतप्रथमात् क्रोधे षण्णोकषायकं संक्रामति।**
**पुरुषस्य चरमसमये पुरुषमपि एतेन सर्वं संक्रामति ॥४६०॥**

स० चं—अंतरकरण करनेके अनन्तरवर्ती प्रथम समयतैं लगाय संक्रमण होता था सो पुरुषवेदके उदय कालका अन्त समयविषै छह नोकषायनिका सर्व सत्त्वकौं संज्वलन क्रोधविषै संक्रमण करैं है। तहां अन्त समयविषै द्वितीय स्थितिविषै प्राप्त संख्यात हजार वर्षमात्र स्थिति सत्त्वरूप अन्त फालि ताकौं सर्व संक्रमणतैं संज्वलन क्रोधविषै निक्षेपणकरि तिन छह नोकषायनिकी सत्ता नाश करैं है। बहुरि तिस ही समयविषै पुरुषवेद भी सर्व संज्वलन क्रोधविषै निक्षेपण करै है ॥४६०॥

विशेष—यहाँ कहा गया है कि अन्तरकरण करनेके बाद प्रथम समयसे लेकर छह नोकषायोंका क्रोधसंज्वलनमें संक्रम होता है आदि। किन्तु चूर्णिसूत्रोंमें इसी बातको अन्तरकरण करनेके दूसरे समयसे छह नोकषायोंका क्रोध संज्वलनमें संक्रम होता है यह कहा गया है। सो दोनों कथनों का तात्पर्य एक ही है। कारण कि अनुदयरूप प्रकृतियों की उदयावलिका प्रमाण स्तिबुक संक्रमके कारण एक समय कम होता जाता है। इसलिये प्रतिसमय निषेक स्थिति एक कम होती जानेसे दोनों कथनों की एकरूपमें संगति बैठ जाती है।

किछू अवशेष रहै है सो कहिए है—

**समऊणदोण्णि आवलिपमाणसमयप्पबद्धणवबंधो।**
**विदिये ठिदिये अत्थि हु पुरिसस्सुदयावली च तदा[2] ॥४६१॥**

**समयोनद्वयावलिप्रमाणसमयप्रबद्धनवबंधः।**
**द्वितीयस्यां स्थितौ अस्ति हि पुरुषस्योदयावली च तदा ॥४६१॥**

स० चं—तहां द्वितीय स्थितिविषै तौ समय घाटि दोय आवलीमात्र नवक समयप्रबद्ध अर

१. अंतरादो दुसमयकदादो पाए छण्णोकसाए कोधे संछुहदि, ण अण्णम्हि कम्हि वि।..........तदो चरिमसमयसवेदो जादो। ताधे छण्णोकसाया संछुद्धा। क० चु० पृ० ७५५।

२. पुरिसवेदस्स जाओ दो आवलियाओ समयूणाओ एत्तिगा समयपबद्धा विदियठिदीए अत्थि, उदयट्ठिदी च अत्थि। सेसं पुरिसवेदस्स संतकम्मं सव्वं संछुद्धं। क० चु० पृ० ७५५।

प्रथम स्थितिविषै असंख्यात समयप्रबद्धमात्र उदयावली कहिए उच्छिष्टावलीके निषेक पुरुषवेदका सत्त्वविषै अवशेष रहैं, अन्य सर्व संख्यात हजार वर्षमात्र स्थिति लीएं पुरुषवेदका पुरातन सत्त्व था सो संज्वलन क्रोधविषै संक्रमणरूप कीया। इहां द्वितीय स्थितिविषै समय घाटि दोय आवली-मात्र नवक समयप्रबद्ध कैसैं अवशेष रहैं ? सो कहिए है—

नवीन बन्ध्या समयप्रबद्धकौं नवक समयप्रबद्ध कहिए सो क्षपणा काल बन्धे पीछैं आवली पर्यंत जो बन्धावली तिसविषै तौ क्षपावना नाही, पीछैं समय समयविषैं एक-एक फालिकरि आवली-विषैं एक एक समयप्रबद्धकौं खिपावै है, तातैं पुरुषवेदकी प्रथम स्थितिविषैं बन्धावली क्षपणावली-उच्छिष्टावली ऐसैं तीन आवली अवशेष रहैं, बन्धावलीका प्रथम समयविषैं जो समयप्रबद्ध बन्ध्या ताकौं बन्धावली गमाइ क्षपणावलीविषैं एक एक फालिकरि सर्व क्षपाया अर बंधावलीका द्वितीय तृतीयादि समयनिविषै जे समयप्रबद्ध बंधे तिनकी क्रमतैं एक दोय तीन आदि फालि अव-शेष राखि क्षपणावलीविषैं तिनकौं खिपाए। ऐसैं बंधावलीका अंत समयविषै बंध्या समयप्रबद्धकी क्षपणावलीका अंत समयविषै एक ही फालि खिपाई। समय घाटि आवलीमात्र फालि अवशेष रही। बहुरि क्षपणावलीके प्रथमादि समयनिविषै बन्धे समयप्रबद्ध तिनकी एक हू फालि न खिपाई। बहुरि उच्छिष्टावलीविषै बंध है ही नाहीं। ऐसैं इहां एक देशकौं सर्व कहिए इस न्यायपैं अवशेष रही फालिनिकौं समयप्रबद्ध संज्ञा कहनेकरि बन्धावलीविषैं बन्धे ऐसे एक घाटि आवलीमात्र समयप्रबद्ध अर क्षपणावलीविषै बन्धे सम्पूर्ण आवलीमात्र समयप्रबद्ध मिलि समय घाटि दोय आवलीमात्र नवक समयप्रबद्ध अवशेष रहैं हैं। सो अपगतवेद होइ उच्छिष्टावलीका प्रथम समयतैं लगाय एक-एक समयविषै एक-एक समयप्रबद्धकौं संज्वलन क्रोधरूप परिणमाइ समय घाटि दोय आवली कालविषै इन नवक समयप्रबद्धनिकौं भी नाश करै है। अब सवेद अनिवृत्तिकरणके अनंतरि अपगतवेदी होइ अश्वकर्ण क्रिया सहित अपूर्व स्पर्धककरणका प्रारम्भ करै है। तहां यातैं पीछैं अवशेष रह्या जो संज्वलनचतुष्कका सत्त्व तिसविषै स्थिति–अनुभाग कांडककी प्रवृत्ति जाननी ॥४६१॥

अब अश्वकर्णकरणका स्वरूप कहिये है—

**से काले ओवट्टणुवट्टण अस्सकण्ण आदोलं।**
**करणं तियसण्णगयं संजलणरसेसु वट्टिहिदि[1] ॥४६२॥**

**स्वे काले अपवर्तनोद्वर्तनं अश्वकर्णमादोलं।**
**करणं त्रिकसंज्ञागतं संज्वलनरसेषु वर्तयति ॥४६२॥**

स० चं० –अपने कालविषैं अपवर्तनोद्वर्तनकरण १ अश्वकर्णकरण १ आदोलकरण १ ऐसैं तीन संज्ञाकौं प्राप्त किया है सो संज्वलनचतुष्कका अनुभागविषै प्राप्त हो है। तहां इहां आरंभ्या जो प्रथम अनुभागकांडक ताका घात भए पीछैं अवशेष अनुभाग क्रोधतैं लगाय लोभपर्यन्त अनन्त-गुणा घटता वा लोभतैं लगाय क्रोधपर्यन्त अनन्तगुणा बँधता हो है। तातैं अपवर्तनोद्वर्तनकरण संज्ञा कहिए। बहुरि जैसैं घोडेका कान मध्य प्रदेशतैं आदि पर्यन्त क्रमतैं घटता हो है तैसैं प्रथम अनुभागकांडकका घात भए पीछैं क्रोध आदि लोभ पर्यन्तका क्रमतैं अनुभाग घटता हो हैं, तातैं

१. अस्सकण्णकरणे त्ति वा आदोलकरणे त्ति वा ओवट्टणउव्वट्टणकरणे त्ति वा तिण्णि णामाणि अस्सकण्णकरणस्स। क० चु० पृ० ७८७।

अश्वकर्ण संज्ञा कहिए। बहुरि जैसै ही वाकैं (हिंडोलेके) रज्जु बँधे है सो रज्जुके बीचिका प्रदेश आदितें अन्तपर्यंत क्रमतै घटता हो है तैसैं पूर्ववत् क्रोधतैं लोभपर्यंन्त अनुभाग घटता हो है तातैं आंदोलनकरण संज्ञा कहिए है ॥४६२॥

विशेष—जैसे घोड़ेका कान मध्यसे लेकर अग्र भागतक उत्तरोत्तर हीयमानरूपसे दिखलाई देता है उसी प्रकार क्रोधसंज्वलनसे लेकर लोभसंज्वलन तक इनके अनुभाग स्पर्धकोंकी उत्तरोत्तर अनन्तगुणे हीनरूपसे रचना है, इसलिए रचना की अपेक्षा इनकी अश्वकर्ण संज्ञा है। अथवा जैसे हिंडोलेकी रस्सियाँ ऊपरसे नीचेतक अन्तरालमें त्रिकोणरूपसे कर्णके आकाररूपसे दिखाई देती हैं उसी प्रकार क्रोधादि संज्वलनोंके अनुभागका विन्यास क्रमसे हीनमान दिखलाई देता है, इसलिए अश्वकर्णकरणकी आंदोलकरण संज्ञा है। इसी प्रकार इसकी अपवर्तन-उद्वर्तन संज्ञा जाननी चाहिये, क्योंकि क्रोधादि संज्वलनोंके अनुभागकी रचना हानि-वृद्धिरूपसे अवस्थित है। जिस समय यह जीव पुरुषवेदके प्राचीन सत्कर्मके साथ छह नोकषायोंका क्षय कर प्रथम समयवर्ती अपगतवेदी होता है उसी समयसे यह अश्वकर्णकारक होता है यह उक्त कथनका आशय है।

**ताहे संजलणाणं ठिदिसंतं संखवस्सयसहस्सं।**
**अंतोमुहुत्तहीणो सोलसवस्साणि ठिदिबंधो[1] ॥४६३॥**

**तत्र संज्वलनानां स्थितिसत्त्वं संख्यवर्षसहस्रम्।**
**अंतर्मुहूर्तहीनः षोडशवर्षाणि स्थितिबन्धः ॥४६३॥**

स० चं०—तहां अश्वकर्णका प्रारम्भ समयविषैं संज्वलनचतुष्कका स्थितिसत्त्व संख्यात हजारवर्षमात्र है। बहुरि स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त घाटि सोलह वर्षमात्र है। एक स्थितिबन्धापसरणकरि पूर्व स्थितिबन्धतैं अन्तर्मुहूर्तहीन स्थितिबन्ध इहां भया और कर्मनिके बन्धसत्त्वका आलाप पूर्ववत् इहां भी कहना ॥४६३॥

विशेष—यद्यपि पहले ही सात नोकषायोंकी क्षपणा करते समय सर्वत्र संज्वलनचतुष्कका स्थितिसत्त्व संख्यात हजार वर्ष था, किन्तु इस अवस्थामें संख्यात हजार स्थितिकांडकोंके द्वारा और भी कम होकर पूर्वोक्त स्थितिसत्त्वसे संख्यातगुणा हीन होकर वह संख्यात हजार वर्षप्रमाण शेष रहता है। इसी प्रकार स्थितिबन्ध भी जो पहले संख्यात वर्ष था वह छह नोकषायोंकी क्षपणा के समय पूरा सोलह वर्ष होकर अब अन्तर्मुहूर्त कम सोलह वर्षप्रमाण शेष रहता है, क्योंकि यहाँसे लेकर स्थितिबन्धापसरणका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त हो जाता है। इतना अवश्य है कि यहाँ पर तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध और स्थितिसत्त्व संख्यात हजार वर्षप्रमाण होता है तथा नाम, गोत्र और वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षप्रमाण और स्थितिसत्त्व असंख्यात हजार वर्ष-प्रमाण होता है।

---

१. छसु कम्मेसु संछुद्धेसु से काले पढमसमयअवेदो। ताधे चेव पढमसमय अस्सकण्णकारगो। ताधे ट्ठिदिसंतकम्मं संजलणाणं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। ठिदिबंधो सोलस वस्साणि अंतोमुहूत्तूणाणि।
क० चु० पृ० ७७९–७८०।

**रससंतं आगहिदं खंडेण समं तु माणगे कोहे ।**
**मायाए लोभे वि य अहियकमा होंति बंधे वि ॥४६४॥**

**रससत्त्वमागृहीतं खंडेन समं तु मानके क्रोधे ।**
**मायायां लोभेऽपि च अधिकक्रमं भवति बंधेऽपि ॥४६४॥**

स० चं०—अपगतवेदी होइ जो प्रथम अनुभागकांडक आगृहीतं कहिए प्रारम्भ किया तिस सहित इस प्रथम अनुभागकांडकका घात होनेतैं पहलै मानविषैं क्रोधविषैं मायाविषै लोभविषै अनुभागसत्त्व है सो अधिक क्रम लीएं है। एक गुणहानिविषैं जेते स्पर्धक पाइए तिस प्रमाणकौं नानागुणहानिका प्रमाण करि गुणें मानके स्पर्धक हैं ते स्तोक हैं, तिनतैं क्रोधके विशेष अधिक हैं, तिनतैं मायाके विशेष अधिक हैं, तिनतैं लोभके विशेष अधिक है। इहां अपने अपने स्पर्धकनिका प्रमाण स्थापि अनन्तका भाग दीएं विशेषका प्रमाण आवै है सो यहु विशेष भी अनन्त स्पर्धकमात्र है, याकरि अधिक अधिक जानने। जैसैं अंक संदृष्टि करि मानके स्पर्धक पांचसै बारा अर तातैं क्रोध माया लोभके क्रमतैं तीन तीन अधिक—कोध मान माया लोभ। बहुरि इस

| कोध | मान | माया | लोभ |
|---|---|---|---|
| ५१५ | ५१२ | ५१८ | ५२१ |

अश्वकर्णका प्रारम्भ समयविषैं जो अनुभागबन्ध हो है तिसविषैं भी ऐसैं ही अल्पबहुत्वका क्रम जानना। बहुरि यहु अनुभागका कथन अन्तदीपक समान है, तातैं याके पहिलें गुणस्थाननिविषैं जो अनुभागसत्त्व है तिस विषैं भी ऐसैं ही अल्पबहुत्व है ऐसैं जानना ॥४६४॥

विशेष—यहाँ अश्वकर्णकरणका आरम्भ करनेवाले जीवने अनुभागकांडकका घात करनेके लिए जिस अनुभागसत्त्वको ग्रहण किया है वह मानसंज्वलनमें सबसे अल्प है। क्रोध, माया और लोभसंज्वलनमें उत्तरोत्तर विशेष अधिक है। यहाँ विशेष अधिकका प्रमाण भी अनन्त स्पर्धकस्वरूप है यह इस गाथाका तात्पर्य है। अनुभागबन्धमें भी इसी प्रकार जानना चाहिये। अर्थात् अनुभागबन्धमें जिस अनुभागको बाँधता है उसमें भी इसी विधिसे अल्पबहुत्व घटित होता है।

**रसखंडफड्ढयाओ कोहादीया हवंति अहियकमा ।**
**अवसेसफड्ढयाओ लोहादि अणंतगुणियकमा ॥४६५॥**

**रसखंडस्पर्धकानि क्रोधादिकानां भवंति अधिकक्रमाणि ।**
**अवशेषस्पर्धकानि लोभादेः अनंतगुणितक्रमाणि ॥४६५॥**

स० चं०—घात करनेकौं प्रथम अनुभागकांडकरूप ग्रहे जे स्पर्धक ते क्रोधके स्तोक

---

१. अणुभागसंतकम्मं सह आगाइदेण माणे थोवं। कोहे विसेसाहियं। मायाए विसेसाहियं। लोभे विसेसाहियं। बंधो वि एवमेव। क० चु० पृ० ७८८।

२. अणुभागखंडयं पुण जमागाइदं तस्स अणुभागखण्डयस्स फद्दयाणि कोधे थोवाणि। माणे फद्दयाणि विसेसाहियाणि। मायाए फद्दयाणि विसेसाहियाणि। लोभे फद्दयाणि विसेसाहियाणि। आगाइदसेसाणि पुण फद्दयाणि लोभे थोवाणि। मायाए अणंतगुणाणि। माणे अणंतगुणाणि। कोधे अणंतगुणाणि। एसा परूपणा पढमसमयअस्सकरणकारयस्स। क० चु० पृ० ७८८।

हैं। तातैं मानके विशेष अधिक हैं। तातैं मायाके विशेष अधिक हैं। तातैं लोभके विशेष अधिक है। इहांतैं पहले जे अनुभागकांडक भए तिनविषैं अनुभागसत्त्वके अनुसारि मानके स्तोक, तातैं क्रोध माया लोभके क्रमतैं विशेष अधिक स्पर्धक ग्रहण होते थे। अब परिणामनिके विशेषतैं विशेष घात पाइ अपने-अपने अनुभागसत्त्वकौं अनंतका भाग दीएं तहाँ बहुभागमात्र अब कीया इस कांडक-करि गृहीत जो अनुभाग है सो क्रोधका स्तोक तातैं मान माया लोभके क्रमतैं विशेष अधिक हो हैं। अंक संदृष्टिकरि इस कांडककरि ग्रहे क्रोधके तीनसै सित्यासी, मानके च्यारिसै असी, मायाके पाँचसै दश, लोभके पाँचसै उगणीस, स्पर्धक जानने—

| क्रोध | मान | माया | लोभ। |
|---|---|---|---|
| ३८७ | ४८० | ५१० | ५१९ |

बहुरि प्रथम अनुभागकांडकका घात भए पीछैं अवशेष स्पर्धक रहे ते लोभके स्तोक, तातैं मायाके अनन्तगुणे, तातैं मानके अनन्तगुणे तातैं क्रोधके अनन्तगुणे जानने। अंकसंदृष्टि करि जैसैं प्रथम कांडकका घात भए पीछे विशेष रहे स्पर्धक ते लोभके दोय, तातैं माया मान क्रोधके क्रमतैं चौगुणे चौगुणे जानना।

| क्रोध | मान | माया | लोभ |
|---|---|---|---|
| १२८ | ३२ | ८ | २ |

इहां आशंका—जो कांडकविषैं विशेष अधिकपना कह्या तौ अवशेष अनुभागविषैं अनन्त-गुणापना कैसैं संभवै ? ताका समाधान—अंक संदृष्टि अपेक्षा कहिए है। मानका अनुभागसत्त्व पाँचसै बारह, तातैं क्रोधका तीन अधिक, मायाका छह अधिक, लोभका नव अधिक है। तहाँ अधिक प्रमाणकौं जुदे राखि पाँचसै बारहकौं अनन्तकी संदृष्टि च्यारि ताका भाग देइ तहां एक भाग विना बहुभाग ५१२/४ तीनसै चौरासी, तामैं क्रोधविषैं तीन अधिक कहे थे ते मिलाएं क्रोध-कांडक विषैं तीनसै सित्यासी स्पर्धकनिका प्रमाण हो है, बहुरि अवशेष एक भागमात्र ५१२/४ एकसौ अठाईस स्पर्धकप्रमाण क्रोधका अवशेष अनुभागसत्त्व हो है। बहुरि इस अवशेष एक भागकौं च्यारिका भाग देइ तहां बहुभाग ५१२।३/४।४ छिनवै तिनकौं पहले बहुभाग तीनसै चौरासी कहे थे तिनमें जोडैं मानकांडकका प्रमाण च्यारिसै असी ४८० हो है। अवशेष एक भाग ५१२/४।४ मात्र बत्तीस स्पर्धक प्रमाण मान का अवशेष अनुभागसत्त्व हो है। बहुरि यहु अवशेष एक भाग रह्या ताकौं च्यारिका भाग देइ तहाँ बहुभाग ५१२।३/४।४।४ चौईस तिनकौं पूर्वं मानकांडक च्यारिसै असी कह्या था तामैं जोडैं अर मायाका अधिक प्रमाण छह तिनकौं अधिक कीएँ माया कांडकका प्रमाण पाँचसै दश ५१० हो है। अवशेष एक भागमात्र ५१२/४।४।४ आठ स्पर्धकप्रमाण मायाका अवशेष सत्त्व हो है। बहुरि इस अवशेष एक भागकौं च्यारिका भाग देइ तहाँ बहुभाग—५१२।३/४।४।४।४ छह तिनकौं अधिक प्रमाण रहित जो मायाकांडक पाँचसै च्यारि तामैं जोडि इहाँ लोभका अधिक

प्रमाण नव तिनकौं अधिक कीएं लोभकांडकका प्रमाण पाँचसै उण्णीस ५१९ आवे है। अवशेष एक भागमात्र ५१२ दोय स्पर्धकप्रमाण लोभके अवशेष अनुभागसत्त्वका प्रमाण हो है। ऐसैं क्रोध
४।४।४।४
मान माया लोभ कांडकका प्रमाण तौ विशेष अधिक क्रम लीएँ हो है। अर अवशेष रह्या अनुभागका प्रमाण अनन्तगुणा क्रम लीएँ हो है। तिनकी रचना ऐसी—

| नाम | क्रोध | मान | माया | लोभ |
|---|---|---|---|---|
| पूर्व अनुभाग | ५१५ | ५१२ | ५१८ | ५२१ |
| कांडक अनुभाग | ३८७ | ४८० | ५१० | ५१९ |
| अवशेष अनुभाग | १२८ | ३२ | ८ | २ |

इहां कांडक अनुभाग अर अवशेष अनुभागके बीचि ड्योढी लीक करी है सो हीनाधिक अनुभाग प्रगट करनेके अर्थि जानना। ऐसैं क्रोधादिकविषैं घटता क्रम लीए अनुभाग प्रगट करना सो अश्वकर्णकरण है, ताका वर्णन कीया।

अब अश्वकर्णकरण अवस्थाविषै ही भए अरपूर्वे संसार अवस्थाविषै संभवते थे जे पूर्व स्पर्धक तिनतैं अनंतगुणा घटता अनुभाग लीएं असे जे अपूर्व स्पर्धक तिनका स्वरूप कहिए है। सो पहिले पूर्व स्पर्धकनिका स्वरूप जाने विना अपूर्व स्पर्धकनिका ज्ञान न होइ तातैं इहाँ पूर्व स्पर्धकनिका किछू स्वरूप कहिए है—

सर्व कर्म परमाणूविषै जाविषै अनुभागके थोरे अविभागप्रतिच्छेद पाइए ऐसी जो परमाणू सो जघन्य वर्ग कहिए। ऐसी ऐसी समान परमाणूनिका पुंज ताका नाम जघन्य वर्गणा है। बहुरि जघन्य वर्गणातैं एक अविभागप्रतिच्छेद जिनमें अधिक पाइए ऐसे एक एक वर्गणा परमाणू तिनका पुंजकौं द्वितीय वर्गणा कहिए। ऐसैं क्रमतैं एक एक अविभागप्रतिच्छेद-करि बंधती जे वर्ग कहिए वर्गका पुंजरूप एक एक वर्गणा यावत् होइ तावत् पर्यंत जेती वर्गणा भई तिन सर्व वर्गणानिका पुंजकौं जघन्य स्पर्धक कहिए। बहुरि ताके अनंतरि जघन्य वर्गतैं दूणा अविभागप्रतिच्छेदयुक्त जे वर्ग तिनका समूहरूप द्वितीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणा हो है। बहुरि पूर्ववत् यातैं एक एक अविभागप्रतिच्छेद बंधती लीएं वर्गनिका पुंजरूप ताकी द्वितीयादि वर्गणा हो है। बहुरि ऐसैं ही जघन्य वर्गतैं तिगुणा चौगुणा आदि जेथवां स्पर्धक होइ तितना गुणा अविभागप्रतिच्छेद युक्त वर्गनिका समूहरूप जो वर्गणा होइ सो तो तृतीय चतुर्थ आदि स्पर्धक-निकी प्रथम वर्गणा जाननी। अर ऊपरि एक एक अविभागप्रतिच्छेद अधिक क्रम लीएं वर्गनिका समूहरूप अपनी अपनी द्वितीयादि वर्गणा जाननी। इहां सर्व कर्म परमाणूनिका प्रमाणकौं किंचित् अधिक ड्योढगुणहानिका भाग दीएं प्रथम वर्गणाके वर्गनिका प्रमाण आवे है। याकौं दोगुण-हानिका भाग दीएं विशेषका प्रमाण आवै है सो एक विशेषकरि घटता द्वितीयादि वर्गणानिविषै वर्गनिका प्रमाण हो है। ऐसैं प्रथम गुणहानिविषै क्रम जानना। बहुरि प्रथम गुणहानितैं द्वितीयादि गुणहानिनिविषै आधा आधा प्रमाण लीएं वर्गणाके वर्गनिका अर विशेषका प्रमाण जानना। ऐसैं

कर्म परमाणूनिविषैं नाना गुणहानि पाइए है। इहां अनुभाग रचना विषै गुणहानि वा नाना गुणहानिनिका प्रमाण यथासम्भव अनंत है। तहां एक एक गुणहानिविषै पूर्वोक्त प्रकार स्पर्धक अनंत हैं। एक एक स्पर्धकविषै वर्गणा अनंती हैं। सो एक गुणहानिविषै जो वर्गणानिका प्रमाण सोई गुणहानि आयामका प्रमाण जानना। ऐसी गुणहानि जेती पाइए तिनके प्रमाणका नाम नाना-गुणहानि है।

अंकसंदृष्टिकरि सर्व कर्म प्रदेशरूप द्रव्य इकतीससै ३१००, गुणहानिप्रमाण आठ, नानागुणहानि पांच तहां सर्व द्रव्यकौं किंचित् अधिक ड्योढ गुणहानिका भाग दीएं प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै वर्ग दोयसै छप्पन है। याकौं दोगुणहानिका भाग दीएं विशेष का प्रमाण सोलह सौ इतना इतना घादि द्वितीयादि वर्गणा होइ। बहुरि ऐसैं क्रमतैं जिस वर्गणाविषै प्रथम गुणहानिका प्रथम वर्गणातैं आधा एकसौ अठाईस वर्ग पाइए सो द्वितीय गुणहानिकी प्रथम वर्गणा है। इस चयका प्रमाण भी आधा आठ है। तातैं आठ आठ घटते द्वितीयादि वर्गणाके वर्ग जानने। ऐसैं गुणहानि गुणहानि प्रति आधा आधा प्रमाण जानना। ऐसी पांच गुणहानि सर्व जाननी। ऐसैं ही यथार्थ कथनका अर्थ जानना। तहां जघन्य स्पर्धकतैं लगाय अनंत स्पर्धक लता भागरूप हैं। तिनके ऊपरि अनन्त स्पर्धक दारुभागरूप हैं। तिनके ऊपरि अनन्त स्पर्धक अस्थिभागरूप हैं। तिनके ऊपरि उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यंत अनंत स्पर्धक शैल भागरूप हैं। तहां प्रथम स्पर्धक देशघातीका जघन्य स्पर्धक है। तातैं लगाय लताभागके सर्व स्पर्धक अर दारु भागके अनंतवां भागमात्र स्पर्धक देशघाती हैं। तहां अंतविषै देशघाती उत्कृष्ट स्पर्धक भया। बहुरि ताके ऊपरि सर्व घातीका जघन्य स्पर्धक है। तातैं लगाय ऊपरिके सर्व स्पर्धक सर्वघाती हैं। तहां अंत स्पर्धक उत्कृष्ट सर्वघाती जानना। तहां केवल विना च्यारि ज्ञानावरण, तीन दर्शनावरण अर सम्यक्त्व मोहनी, संज्वलनचतुष्क, नोकषाय नव, अंतराय पांच इन छबीस प्रकृतिनिकी लता समान स्पर्धककी प्रथम वर्गणा सो एक-एक वर्गके अविभागप्रतिच्छेदनिकी अपेक्षा समान है। बहुरि वेदनीय आयु नाम गोत्र इन अघाति कर्मनिकी भी प्रथम वर्गणा तैसैं ही परस्पर समान है। बहुरि मिथ्यात्व विना केवल ज्ञानावरण केवल दर्शनावरण निद्रा पाँच मिश्रमोहनी संज्वलन विना बारह कषाय इन सर्वघाती बीस प्रकृतिनिके देशघाती स्पर्धक हैं नाहीं, तातैं सर्वघाती जघन्य स्पर्धक वर्गणा तैसैं ही परस्पर समान जाननी। तहाँ पूर्वोक्त देशघाती छव्वीस प्रकृतिनिकी अनुभाग रचना देशघाती जघन्य स्पर्धकतैं लगाय उत्कृष्ट देशघाती स्पर्धक पर्यंत होइ। तहाँ सम्यक्त्वमोहनीका तौ इहां ही उत्कष्ट अनुभाग होइ निवरया, अवशेष पचीस प्रकृतिनिकी रचना तहाँतैं ऊपरि सर्वघाती उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यंत जाननी। बहुरि सर्वघाती बीस प्रकृतिनिकी रचना सर्वघातीका जघन्य स्पर्धकतैं लगाय उत्कृष्ट स्पर्धकपर्यंत हैं। तहां विशेष इतना—सर्वघाती दारुभागके स्पर्धकनिका अनन्त भागमात्र स्पर्धकपर्यन्त मिश्रमोहनीके स्पर्धक जानने। ऊपरि नाहीं हैं। बहुरि इहाँ पर्यंत मिथ्यात्वके स्पर्धक नाहीं हैं। इहाँतैं ऊपरि उत्कृष्ट स्पर्धक पर्यंत मिथ्यात्वके स्पर्धक हैं। बहुरि च्यारि अघातिया कर्मनिकी भी देशघाती जघन्यतैं लगाय उत्कृष्ट पर्यंत वा सर्वघाती जघन्यतैं लगाय उत्कृष्ट पर्यंत परस्पर समान अनुभाग रचना जाननी। ऐसैं संसार अवस्थाविषै संभवते पूर्व स्पर्धक जानने[१] ॥४६५॥

---

१. तम्मि चेव पढमसमए अपुव्वफद्दयाणि णाम करेदि। तेसिं परूवणं वत्तइस्सामो। तं जहा—सव्वस्स अक्खवगस्स सव्वकम्माणं देशघादिफद्दयाणमादिवग्गणा तुल्ला। सव्वघादीणं पि मोत्तूण मिच्छत्तं

इस गाथा द्वारा दो बातोंका निर्देश किया गया है। प्रथम तो प्रकृतमें घात करनेके लिए जो अनुभागकाण्डक ग्रहण किया जाता है उसका चारों संज्वलनोंमें अल्पबहुत्व किसप्रकार प्राप्त होता है और दूसरे घात करनेपर जो अनुभाग सत्त्व शेष रहता है उसका अल्प बहुत्व किस क्रम से प्राप्त होता है। बात यह है कि अश्वकर्णकरण के पहले घातके लिये जो अनुभाग काण्डक ग्रहण किये जाते थे वे मान में सबसे स्तोक होते थे, उनसे क्रोध, माया और लोभ में उत्तरोत्तर विशेष अधिक होते थे। किन्तु अब अश्वकरर्ण क्रिया करते समय काण्डकघातके लिए जो अनुभाग स्पर्धक ग्रहण किये जाते हैं वे क्रोधमें सबसे थोड़े होते हैं तथा क्रमसे मान, माया और लोभमें उत्तरोत्तर विशेष अधिक होते हैं। तथा घात करने पर जो अनुभागस्पर्धक सत्त्वरूपमें शेष रहते हैं वे लोभमें सबसे स्तोक रहते हैं। उनसे माया, मान और क्रोधमें अनन्तगुनं शेष रहते हैं। यहाँ जयधवलामें उक्त दोनों गाथाओंमें जिस तथ्यको स्पष्ट किया गया है उसे अंक संदृष्टि द्वारा इस प्रकार स्पष्ट किया है—

| | क्रोध | मान | माया | लोभ |
|---|---|---|---|---|
| स्पर्धकरूपमें पूर्व सत्त्व | ९६ | ९५ | ९७ | ९८ |
| घातके लिए अनुभागकाण्डक प्रमाण | ६४ | ७९ | ८९ | ९५ |
| काण्डकधातेक बाद शेष रहे स्पर्धकसत्व | ३२ | १६ | ८ | ४ |

पण्डित जी ने इसी विषयको अपनी टीकामें स्पष्ट किया है, इसलिये यहाँ और अधिक नहीं लिखा जा रहा है। आशय एक ही है।

अब इहां अश्वकर्णकरणका प्रथम समयविषै भए ऐसे अपूर्व स्पर्धक तिनिका व्याख्यान करिए है—

**ताहे संजलणाणं देसावरफड्डयस्स हेट्ठादो।**
**णंतगुणूणमपुव्वं फड्डयमिह कुणदि हु अणंतं[1] ॥४६६॥**

**तस्मिन् संज्वलनानां देशावरस्पर्धकस्य अधस्तनात्।**
**अनंतगुणोनमपूर्वं स्पर्धकमिह करोति हि अनंतं ॥ ४६६ ॥**

स० चं०—तहां अश्वकर्णका प्रारंभ समय विषैं च्यारयो संज्वलन कषायनिका युगपत् अपूर्व स्पर्धक देशघाती जघन्य स्पर्धकतैं नीचैं अनंतगुणा घटता अनुभागरूप करै है। पूर्व स्पर्धकनिविषै जघन्य स्पर्धककी जो जघन्य वर्गणा थी ताके नीचैं घटता अनुभाग लीए कोई वर्गणा थी नाहीं सो अब इहां जघन्य स्पर्धककी जघन्य वर्गणाके नीचैं अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणाकी रचना भई। तहाँ पूर्व स्पर्धकनिकी जघन्य वर्गणातैं भी अपूर्व स्पर्धकनिकी उत्कृष्ट वर्गणाविषै भी अनुभागके अविभागप्रतिच्छेद अनंतवां भाग मात्र हो हैं। ऐसैं अपूर्व स्पर्धक हो हैं तिनका प्रमाण अनंत जानना ॥ ४६६॥

---

सेसाणं कम्माणं सव्वघादीणमादिवग्गणा तुल्ला। एदाणि पुव्वफद्दयाणि णाम क० चु० पृ० ७८९।

१. तदो चदुण्हं संजलणाणमपुव्वफद्दयाइं णाम करेदि। ताणि कधं करेदि। लोभस्स तावलोभ संजलणस्स पुव्वफद्दएहिंतो पदेसग्गस्स असंखेज्जदिभागं घेत्तूण पढमस्स देसघादिफद्दयस्स हेट्ठा अणंतभागे अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तयदि क० चु० पृ० ७८९।

विशेष—चारों संज्वलनोंके पूर्व स्पर्धकोंसे सम्बन्ध रखनेवाले प्रदेशपुंजके असंख्यातवें भागको ग्रहण कर प्रथम देशघाति स्पर्धकके नीचे अनन्तवें भागमें अन्य अपूर्व स्पर्धकोंको रचता है। अश्वकर्णकरणके पहले संज्वलनके देशघाति जघन्य स्पर्धकका जितना अनुभाग होता है, इस समय उससे भी अनन्तवें भागप्रमाण अनुभाग स्पर्धकोंको रचता है, इसलिये इनकी अपूर्व स्पर्धक संज्ञा है।

**गणणादेयपदेसगगुणहाणिट्ठाणफड्ढयाणं तु ।**
**होदि असंखेज्जदिमं अवरादु वरं अणंतगुणं[1] ॥४६७॥**

**गणनादेकप्रदेशकगुणहानिस्थानस्पर्धकानां तु ।**
**भवति असंख्येयं अवरतो वरमनंतगुणं ॥४६७॥**

स० चं०—सो अनंत कैसा है ? सो कहिए है—गणनाकरिकैं प्रदेशगुणहानि कहिए अनुभाग रचना विषै जे वर्गणा तिनविषै प्रदेश जे परमाणु तिनका प्रमाण एक-एक विशेष घटतैं संतैं जहाँ आधा होइ तहांतैं पहलैं एक गुणहानि कहिए। तिस एक गुणहानिविषैं स्पर्धकनिका प्रमाण अभव्य राशितैं अनंतगुणा वा सिद्धराशिके अनंतवे भागमात्र है। ताकौं अपकर्षणभागहारतैं असंख्यातगुणा जो भागहार ताका भाग दीएं एक भागमात्र अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण अनन्त संख्यातमात्र जानना। तहां जघन्य अपूर्व स्पर्धकतैं उत्कृष्ट अपूर्व स्पर्धक विषै अनुभागके अविभागप्रतिच्छेद अनंतगुणे जानना। सो अनुभागके अल्पबहुत्वका विशेष इहां कहिए है—

अपूर्व स्पर्धकनिविषै प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद जीवराशितैं अनंतगुणे हैं, तथापि औरनितैं स्तोक हैं। बहुरि याकौं अनंतका भाग देइ तहां बहुभाग तिसहीमैं मिलाएं द्वितीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद हो हैं। ऐसैं ही अंत स्पर्धकपर्यंत क्रम जानना। सो यहु अल्पबहुत्व वर्गणानिविषै पाइए है। जे सर्व परमाणूँरूप वर्ग तिन सबनिकैं अविभागप्रतिच्छेद मिलाय करि कह्या है। बहुरि एक-एक वर्गकी अपेक्षा प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणातैं द्वितीय तृतीयादि स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणाविषैं दूणे तिगुणे आदि अविभागप्रतिच्छेद जानने। जातैं आदि वर्गतैं आदि वर्गके अविभागप्रतिच्छेदका प्रमाण जेथवां स्पर्धक होइ तितनागुणा ही हो है। कषायप्राभृत द्वितीय नाम महाधवलविषैं[2] भी ऐसैं ही कह्या है। सोई विशेष करि कहिए है—

स्थितिसम्बन्धी असंख्यातप्रमाण लीएँ जो स्पर्धकगुणहानि ताकरि गुणित समयप्रबद्धप्रमाण अपना-अपना द्रव्य स्थापि ताकौं अनुभागसम्बन्धी अनंत प्रमाण लीए जो किंचिदून ड्योढ गुणहानि ताका भाग दीएँ प्रथम वर्गणाविषैं परमाणूनिका प्रमाण आवै। एक गुणहानिविषैं जेता स्पर्धकनिका प्रमाण सो एक गुणहानि स्पर्धकशलाका कहिए है। एक स्पर्धकविषैं जेता वर्गणानिका प्रमाण सो एक स्पर्धकवर्गणा शलाका कहिए। इन दोऊनिकौं परस्पर गुणैं अनुभागसम्बन्धी गुणहानि आयामका प्रमाण होइ। बहुरि प्रथम वर्गणाकौं गुणहानितैं दूणा प्रमाण लीएं जो दो

---

१. ताणि पगणणादो अणंताणि पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणमसंखेज्जदिभागो एत्तियमेत्ताणि ताणि अपुव्वफद्दयाणि। क० चु० पृ० ७८९।

२. यहाँ महाधवल पदसे जयधवल विवक्षित है।

गुणहानि ताका भाग दीएं विशेषका प्रमाण आवै है। वर्गणा वर्गणा प्रति जितनी परमाणू घटैं ताका नाम इहां विशेष जानना सो विशेषकौं दो गुणहानिकरि गुणें प्रथम वर्गणा होइ। बहुरि एक परमाणु विषैं जेते अविभागप्रतिच्छेद पाइए तिनके समूहका नाम वर्ग है, याकरि प्रथम वर्गणाकौं गुणैं प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण हो है। बहुरि यातैं दूणे द्वितीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद हैं, यातैं द्वितीय भाग अधिक तृतीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके हैं, यातैं तृतीय भाग अधिक चतुर्थ स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके, ऐसैं क्रमतैं उत्कृष्ट संख्यातवां भाग अधिक पर्यंत तौ संख्यातभागवृद्धि, ताके ऊपरि उत्कृष्ट असंख्यातवां भाग अधिक पर्यंत असंख्यात भागवृद्धि ताके ऊपरि अंतपर्यंत अनंत भागवृद्धि हो है। तहां द्विचरम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिकौं एक घाटि अपूर्व स्पर्धकप्रमाणका भाग देइ तहां एक भाग तामें जोडैं चरम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण हो है। सो प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनितैं द्वितीय तृतीयादि स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद क्रमतैं दोय गुणा तिगुणा आदि होइ अंत स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं अपूर्व स्पर्धकप्रमाणकरि गुणित अविभागप्रतिच्छेद हो हैं। सो यहु स्थूलपनैं कथन है।

सूक्ष्मपनेकरि जेते विशेष घटैं तिन विशेषनिके जेते वर्ग होंइ तिनके अविभागप्रतिच्छेद घटावनेकौं द्वितीयादि स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणानिका स्थूलपनै जो अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण कह्या तामैं किंचित् न्यूनपना जानना। तहां प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणातैं द्वितीय वर्गणाविषै एक विशेष, तृतीय वर्गणाविषै दोय विशेष, चतुर्थ वर्गणाविषै तीन विशेष ऐसैं क्रमतैं विशेष घाटि घाटि पाइए है, तातैं सिद्धराशिके अनंतवे भागि वा अभव्य राशितैं अनंतगुणी जो एक स्पर्धक वर्गणाशलाका तितने विशेष प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणातैं द्वितीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै घटते जानने। सो इन विशेषनिके परमाणूनिका प्रमाणकौं दूणा जघन्य वर्गकरि गुणैं जो प्रमाण होइ तितना द्वितीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं ऋण जानना। बहुरि तृतीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणानिविषै प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणातैं एक स्पर्धक वर्गणा शलाकामात्र विशेष घटैं तिनके परमाणूनिका प्रमाणकौं तिगुणा जघन्य वर्गकरि गुणैं तहां ऋण हो है। ऐसैं क्रमतैं अंत स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं एक घाटि अपूर्व स्पर्धक प्रमाणकरि गुणित एक स्पर्धक वर्गणा शलाकामात्र विशेष घटैं तिनके परमाणूनिका प्रमाणकौं अपूर्व स्पर्धकका प्रमाणकरि गुणित जो जघन्य वर्ग ताकरि गुणैं तहां ऋण हो है। ऐसैं कह्या अपना-अपना ऋण ताकौं पूर्वोक्त अपना-अपना स्थूल प्रमाणमैं घटाएँ सूक्ष्म तारतम्यरूप अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण आवै है। ऐसैं अव्यवधान कहिए निरंतरपनैं स्पर्धकनिका अल्पबहुत्व कह्या। बहुरि व्यवधान कहिए सांतर तीहिंकरि कहिए है—

प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणातैं अंत स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद अनंतगुणे हैं। किंचित् ऊन अपूर्व स्पर्धक प्रमाणकरि गुणित जानने। ऐसैं क्रोध मान माया लोभके अपूर्व स्पर्धकनिविषै अनुभागके अविभागप्रतिच्छेदनिका अल्पबहुत्वका व्याख्यान समान जानना ॥४६७॥

विशेष—प्रथम देशघाति स्पर्धकके नीचे अनन्तवें भागमें जो अन्य अपूर्व स्पर्धक किये जाते हैं वे कितने होते हैं इसीका समाधान करते हुए यहाँ बतलाया है कि पूर्व स्पर्धकोंमें जो यथा-विभाग डेढ़ गुणहानिमात्र समयप्रबद्ध सत्त्वरूपसे अवस्थित हैं इनमें अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारका

भाग देने पर जो असंख्यातवां भाग लब्ध आवे उसे ग्रहण कर उसमें स्थित पूर्वस्पर्धकोंके प्रथम देशघाति स्पर्धकके नीचे उसके अनन्तवें भागमें अन्य अपूर्व स्पर्धक बनाता है जो कि अनन्त होकर भी एक गुणहानि स्थानान्तरके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होते हैं। पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणा एक-एक वर्गणाविशेषसे हीन होती हुई जहाँ जाकर दुगुनी हीन होती है उसे एक प्रदेशगुणहानि-स्थानान्तर कहते हैं, जो कि अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागमात्र स्पर्धकोंको लिए हुए होती हैं। इस एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके भीतर जितने स्पर्धक होते हैं उनके असंख्यातवें भागमात्र ये अपूर्व स्पर्धक होते हैं ऐसा यहाँ समझना चाहिये। अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे असंख्यातगुणे भागहारके द्वारा एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके भीतर प्राप्त स्पर्धकों-के भाजित करनेपर जो प्रमाण लब्ध आवे उतने होते हैं। इस प्रकार जो जघन्य अपूर्व स्पर्धक प्राप्त होते हैं उनसे उत्कृष्ट अपूर्व स्पर्धक अनन्तगुणे होते हैं। यह इस गाथाका भाव है।

**पुव्वाण फड्डयाणं छेत्तूण असंखभागदव्वं तु।**
**कोहादीणमपुव्वं फड्डयमिह कुणदि अहियकमो ॥४६८॥**

**पूर्वान् स्पर्धकान् छित्वा असंख्यभागद्रव्यं तु।**
**क्रोधादीनामपूर्वं स्पर्धकमिह करोति अधिकक्रमं ॥४६८॥**

स० चं०—संज्वलन क्रोध मान माया लोभके पूर्व स्पर्धकनिका जो सर्व द्रव्य ताकौं अपकर्षण भागहारमात्र असंख्यातका भाग दीएं तहां एक भागमात्र द्रव्यकौं ग्रहि इहां अपूर्व स्पर्धक करै है। सोई कहिए है—

स्थितिसम्बंधी द्व्यर्धगुणहानि गुणित समयप्रबद्धमात्र मोहनीयका देशघाती द्रव्य है, जातैं मोहके सर्वघाती द्रव्यका इहां अभाव है। ताकौं अनुभागसंबंधी किंचित् अधिक द्व्यर्धगुणहानिका भाग दीएं प्रथम वर्गणा होइ, तातैं प्रथम वर्गणाकौं किंचित् अधिक ड्योढ गुणहानिकरि गुणैं मोहनीयके सर्व द्रव्यका प्रमाण हो है। ताकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भागकौं जुदा राखि बहुभागनिके समान दोय भाग करिए। तहां एक भाग समान भागविषै जुदा राख्या, एक भाग मिलाएं कषायनिका द्रव्य साधिक आधा है। बहुरि एक समान भागमात्र नोकषायनिका द्रव्य किंचिदून आधा है। तहां कषायनिके द्रव्यकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भाग जुदा राखि बहुभागनिके च्यारि समान भाग करने, बहुरि जुदा राख्या एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभागनिकौं प्रथम समान भागविषै जोडैं लोभका द्रव्य हो है। बहुरि अवशेष एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ बहुभाग द्वितीय समान भागविषै जोडैं मायाका द्रव्य हो है। बहुरि अवशेष एक भागकौं आवली-का असंख्यातवां भागका भाग देइ बहुभाग तृतीय समान भागविषै मिलाएं क्रोधका द्रव्य हो है। बहुरि अवशेष एक भागकौं चतुर्थ समान भागविषै मिलाएं मानका द्रव्य हो है। बहुरि नोकषाय-

१. पढमसमए जाणि अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तिदाणि तत्थ कोधस्स थोवाणि, माणस्स अपुव्वफद्दयाणि विसेसाहियाणि, मायाए अपुव्वफद्दयाणि विसेसाहियाणि, लोभस्स अपुव्वफद्दयाणि विसेसाहियाणि। विसेसो अणंतभागो। क० चु० पृ० ७९१।

निका सर्व द्रव्य क्रोधरूप संक्रमण भया तातैं याकौं क्रोधका द्रव्यविषै मिलाइए ऐसैं सर्व मोहके द्रव्यका साधिक आठवां भागमात्र लोभका द्रव्य भया। किंचिदून आठवां भागमात्र मायाका द्रव्य भया। किंचिदून आठवां भागमात्र मानका द्रव्य भया। किंचिदून पांचगुणा आठवां भागमात्र क्रोधका द्रव्य भया। ऐसैं अपने अपने द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहां एक भागमात्र द्रव्य ग्रहि अपूर्व स्पर्धक करिए है ते क्रोधादिकनिके अपूर्व स्पर्धक अधिक क्रम लीएं हैं। तहां क्रोधके अपूर्व स्पर्धक स्तोक हैं। यातैं याकौं अनंतका भाग दीए एक भागमात्र अधिक मानके अपूर्व स्पर्धक हैं। बहुरि यातैं याकौं पूर्व भागहारतैं एक अधिक भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र अधिक मायाके अपूर्व स्पर्धक हैं। बहुरि यातैं याकौं पूर्व भागहारतैं एक अधिक भागहारका भाग दीएं तहां एक भागमात्र अधिक लोभके अपूर्व स्पर्धक हैं।

अंक संदृष्टिकरि जैसैं क्रोधके अपूर्व स्पर्धक अठारह १८ याकौं छहका भाग दीएं तीन पाए तिनकौं तहां अधिक कीएं मानके इकईस हो हैं। याकौं पूर्व भागहारतैं एक अधिक सात ताका भाग दीएं तीन पाए तिनकरि अधिक मायाके चौईस हो हैं। इनकौं पूर्व भागहारतैं एक अधिक आठ तिनिका भाग दीएं तीन पाए तिनकरि अधिक लोभके सत्ताईस हो हैं। ऐसैं यथार्थकरि क्रोधादिकनिके अपूर्व स्पर्धक क्रमतैं अधिक अधिक जानने। ऐसैं अपूर्व स्पर्धक करनेके कालके प्रथमादि समयनिविषै अपूर्व स्पर्धक करिए है ॥४६८॥

विशेष—यहाँ क्रोध, मान, माया और लोभके अपूर्व स्पर्धक उत्तरोत्तर विशेष अधिक होते हैं इसका स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि उस विशेषका प्रमाण अपूर्व स्पर्धकोंके संख्यातवें भागप्रमाण या असंख्यातवें भागप्रमाण न होकर उत्तरोत्तर अनन्तवें भागप्रमाण है। उदाहरणार्थ—मान लो क्रोधके अपूर्व स्पर्धक १६ और अनन्तका प्रमाण ४ है। तो १६ में ४ का भाग देने पर लब्ध ४ आये। इन्हें १६ में जोड़ने पर २० मानके अपूर्व स्पर्धक हो जाते हैं। आगे १ अधिक ४ का २० में भाग देने पर २४ मायाके अपूर्व स्पर्धक होते हैं। पुनः १ + १ = २ अधिक ४ का भाग २४ में देने पर २८ लोभके अपूर्व स्पर्धक होते हैं। जयधवलामें इसी अंक संदृष्टिकी अपेक्षा क्रोध, मान, माया और लोभके क्रमशः १६, २०, २४ और २८ अपूर्व स्पर्धक बतलाये हैं। पण्डितजीने अपनी टीकामें इसे ही दूसरी अंक संदृष्टि कल्पित कर स्पष्ट किया है। दोनोंका आशय एक है।

**समखंडं सविसेसं णिक्खवियोकड्डिदादु सेसघणं।**
**पक्खेवकरणसिद्धं इगिगोउच्छेण उभयत्थ ॥४६९॥**

**समखंडं सविशेषं निक्षिप्यापकर्षितात् शेषधनं।**
**प्रक्षेपकरणसिद्धं एकगोपुच्छेन उभयत्र ॥४६९॥**

---

१. पढमसमए णिव्वत्तिज्जमाणगेसु अपुव्वफद्दएसु पुव्वफद्दएहिंतो ओकड्डिदूण पदेसग्गमपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए बहुअं देदि। विदियाए वग्गणाए विसेसहीणं देदि। एवमणंतराणंतरेण गंतूण चरिमाए अपुव्वफद्दयवग्गणाए विसेसहीणं देदि। तदो चरिमादो अपुव्वफद्दयवग्गणादो पढमस्स पुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणाए असंखेज्जगुणहीणं देदि। विदियाए पुव्वफद्दयवग्गणाए विसेसहीणं देदि। सेसासु सव्वासु पुव्वफद्दयवग्गणासु विसेसहीणं देदि। क० पु० पृ० ७९२–७९३।

स० चं०—अपकर्षण कीया जो द्रव्य तिसविषैं कितने इक द्रव्य तौ विशेष सहित समखण्ड-रूप अपूर्व स्पर्धकनिविषैं निक्षेपणकरि अवशेष धन हैं सो ऐसैं एक गोपुच्छकरि उभयत्र कहिए पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिविषें निक्षेपण करना सिद्ध भया। सोई कहिए है—

अपकर्षण कीया जो द्रव्य तिसविषैं केता इक द्रव्यकरि तौ अपूर्व स्पर्धक पूर्वैं न थे ते नवीन सद्भावरूप करिए है अर अवशेष द्रव्य रहे सो पूर्व स्पर्धक पूर्वैं थे अर अपूर्व स्पर्धक न भए तिन-विषै निक्षेपण करिए है। तहां अपूर्व स्पर्धक केते द्रव्यकरि करिए है ? सो कहिए है—

पूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाका द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहां एक भागमात्र द्रव्य ग्रहि अपूर्व स्पर्धकको प्रथम वर्गणाविषै तिस द्रव्यकरि केते इक वर्ग करिए है। बहुरि ऐसैं ही दोय घाटि अपकर्षण भागमात्र पूर्व स्पर्धककी द्वितीयादि वर्गणानिके परमाणूनिकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहां एक भागमात्र द्रव्यकौं ग्रहि अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै निक्षेपण करिए है। इनकौं मिलाएं वर्गणाके द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं तहां एक भाग विना बहुभागमात्र द्रव्य भया सो वर्गणाका द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देनेतैं अर एक घाटि अपकर्षण भागहारमात्र वर्गणाका द्रव्य ग्रह्या तातैं एक घाटि अपकर्षण भागहारकरि गुणनेतैं यहु द्रव्य पूर्व स्पर्धककी वर्गणाका द्रव्यके समान हो है, जातैं पूर्व स्पर्धकनिकी सर्व वर्गणानिके द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहां एक भागमात्र द्रव्य अपकर्षण कीया तब तहां बहु-भागमात्र द्रव्य रह्या सो इतना यहु द्रव्य भया, सो इतने द्रव्यकरि तौ अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणा भई। बहुरि ताके ऊपरि इतने इतने द्रव्य ही करि अपूर्व स्पर्धककी अन्य द्वितीयादि वर्गणा भई सो अपूर्व स्पर्धकनिका जो प्रमाण अर एक स्पर्धकनिविषैं जो वर्गणानिका प्रमाण इन दोऊ-निकौं परस्पर गुणें जेता प्रमाण होइ तितनी अपूर्व स्पर्धकनिको वर्गणा हैं सो एक वर्गणाका पूर्वोक्त प्रमाण द्रव्य होइ तौ इतनी वर्गणाका केता द्रव्य होइ ऐसैं त्रैराशिककरि पूर्वोक्त द्रव्यकौं अपूर्व स्पर्धकको वर्गणानिका प्रमाणकरि गुणैं अपूर्व स्पर्धककी वर्गणानिके आदि धनका प्रमाण हो हैं। सो यहु तौ पूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके सदृश अपूर्व स्पर्धकनिकी सर्व वर्गणानिकी समान अपेक्षाकरि समपट्टिका द्रव्य भया। अब इनविषै जो विशेष कहिए चय ते जैसैं बंधती पाइए है सो कहिए है—

पूर्व स्पर्धकनिविषैं गुणहानि गुणहानिप्रति उपरितैं नीचै दूणा दूणा विशेषका प्रमाण है सो इहां पूर्व स्पर्धककी प्रथम गुणहानिके नीचैं अपूर्व स्पर्धकनिकी रचना भई, तातैं पूर्व स्पर्धकनिकी प्रथम गुणहानिविषैं जो विशेषका प्रमाण पूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाकौं दो गुणहानिका भाग दीएं हो है, तातैं दूणां अपूर्व स्पर्धकनिविषैं विशेषका प्रमाण जानना सो ऐसा एक विशेष तो अपूर्व स्पर्धक-की प्रथम वर्गणाके नीचैं भई जो अंत अपूर्व स्पर्धककी अंत वर्गणा तीहिविषैं अधिक हो है। बहुरि ताके नीचैं द्विचरम वर्गणाविषै दोय विशेष अधिक हो हैं। ऐसैं क्रमतैं एक एक विशेष अधिक होइ, अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणाका जेता प्रमाण तितने विशेष प्रथम अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं हो है सो इहां आदि एक उत्तर एक गच्छ अपूर्व स्पर्धक वर्गणामात्र स्थापि "सैकपदाहतपददले" इत्यादि सूत्रकरि जेता संकलनधन होइ तितना उत्तर धन जानना। सो पूर्वोक्त आदि धन अर इस उत्तर धनकौं जोडैं जो प्रमाण होइ तितना द्रव्यकौं तिस अपकर्षण कीया द्रव्यतैं ग्रहि करि ऐसैं अपूर्व स्पर्धकनिकी रचना करिए है। पूर्व स्पर्धक तो पर्वैं थे, तातैं तिनका सद्भाव होनेकौं

इतना द्रव्य तौ जुदा ही अपूर्व स्पर्धकनिविषै दीया सो जैसैं गऊका पूछ क्रमतैं मोटाईकी अपेक्षा घटता हो है तैसैं इहां चय घटता क्रम होनेतैं अपूर्व स्पर्धकनिका एक गोपुच्छ भया। बहुरि ताके ऊपरि पूर्व स्पर्धकनिकी भी रचना चय घटता क्रम लीएं हैं। तातैं पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिका मिल-करि भी एक गोपुच्छ हो है सो ऐसैं एक गोपुच्छ होनेकरि तिस अपकर्षण किया द्रव्यविषै पूर्वोक्त द्रव्य घटाए जो अवशेष द्रव्य रह्या सो पूर्व स्पर्धक वा अपूर्व स्पर्धकनिविषै सर्वत्र विभाग करि देना। तहां अपूर्व स्पर्धककरि वर्गणाप्रमाण एक शलाका स्थापि ताका भाग अपूर्व स्पर्धकवर्गणा प्रमाणकौं दीएं अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी तौ एक शलाका भई अर ताहीका भाग ड्योढ गुणहानि गुणित पूर्व स्पर्धक वर्गणाप्रमाणकौं दीएं असंख्यातगुणा अपकर्षण भागहारका ड्योढगुणा करिए इतनी पूर्व स्पर्धककी वर्गशलाका भई। इहां पूर्व स्पर्धककी एक गुणहानिविषै जो स्पर्धकनिका प्रमाण है ताकौं असंख्यातगुणा अपकर्षण भागहारका भाग दीएं अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण हो है, तातैं असंख्यातगुणा अपकर्षण भागहार कह्या। अर पूर्व स्पर्धकनिविषैं नाना गुणहानि अनंती है तथापि द्रव्यकी अपेक्षा ड्योढ गुणहानिगुणित वर्गणामात्र ही है, तातैं ड्योढका गुणकार कीया है ऐसा जानना। सो पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिकी शलाकानिकौं मिलाय ताका भाग तिस अपकर्षण कीया द्रव्यविषैं जो अवशेष द्रव्य रह्या था ताकौं दीएं जो प्रमाण आया ताकौं पूर्व स्पर्धकसम्बन्धी बहु शलाकाकरि गुणैं पूर्व स्पर्धकनिविषै देने योग्य द्रव्यका विभाग आवै है अर तिसहीकौं अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी एक शलाकाकरि गुणैं अपूर्व स्पर्धकनिविषै देने योग्य द्रव्यका विभाग आवै है सो इस अपूर्व स्पर्धकका विभागरूप द्रव्य अर जिस द्रव्यकरि पूर्वौं अपूर्व स्पर्धककी रचना करनी कही थी ऐसैं चयधन सहित समपट्टिकारूप धन इन दोऊनिकौं मिलाए अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी सर्व द्रव्य भया। सो 'अद्धाणेण सव्वधणे खंडिदे 'इत्यादि सूत्रकरि ताकौं अपूर्व स्पर्धकवर्गणा प्रमाण जो गच्छ ताका भाग दीए मध्य धन होइ। याकौं एक घाटि जो गच्छ ताका आधा प्रमाण करि हीन जो दोगुणहानि ताका भाग दीए विशेष होइ सो एक घाटि गच्छका आधा जो प्रमाण होइ तितने विशेष तिस मध्य धनविषैं जोडें जो होइ तितना द्रव्य अपूर्व स्पर्धकनिकी आदि वर्गणाविषैं दीजिए है, तातैं एक-एक विशेष घटता क्रम लीएं द्वितीयादि वर्गणानिविषैं क्रमतैं दीजिए है। ऐसैं एक घाटि गच्छप्रमाण चयनिकरि हीन द्रव्य अंत वर्गणाविषैं दीजिए है। ऐसैं तौ अपूर्व स्पर्धक नवीन कीए।

बहुरि पूर्व स्पर्धकनिकी रचना तौ पूर्वैं थी ही, अब इनविषैं इहां पूर्वोक्त बहुशलाकानिका जो विभागरूप द्रव्य कह्या था सो देना। सो 'दिवड्ढगुणहाणिभाजिदे पढमा' इत्यादि सूत्रकरि तिस पूर्व स्पर्धकसम्बन्धी विभागरूप द्रव्यकौं साधिक ड्योढ गुणहानिका भाग दीएं जेता प्रमाण होइ तितना द्रव्य तो पूर्व स्पर्धकनिकी आदि वर्गणाविषैं निरूपण करिए है। बहुरि याकौं दो गुणहानिका भाग दीएँ विशेषका प्रमाण होइ सो ऊपरि द्वितीयादि वर्गणानिविषै प्रथम गुणहानि-पर्यंत एक-एक विशेष घटता क्रम लीए अर गुणहानि गुणहानि प्रति आधा-आधा क्रम लीए द्रव्य निक्षेपण करिए है ॥४६९॥

विशेष—यहाँ एक गोपुच्छाकार रूपसे अपूर्व और पूर्व स्पर्धकोंकी रचना कैसे होती है इसका स्पष्टीकरण करते हुए दोनों प्रकारके स्पर्धकोंमें चयक्रमसे उत्तरोत्तर हीन जो द्रव्य प्राप्त होता है उसे अलग करके दो प्रकारके स्पर्धकोंकी प्रत्येक वर्गणामें समानरूपसे कितना द्रव्य प्राप्त होता है इसका निर्देश करके पुनः जिस क्रमसे विशेष (उत्तर) द्रव्यका उत्तरोत्तर विभाजन होकर

एक गोपुच्छाकाररूपसे अपकर्षित द्रव्यकी रचना किस विधिसे बन जाती है इसे ही यहाँ स्पष्ट किया गया है। खुलासा इस प्रकार है—

अपूर्व स्पर्धकोंमें और पूर्व स्पर्धकोंमें वर्गणाक्रमसे किस प्रकार द्रव्यका निक्षेपण होता है उसका क्रम यह है कि अश्वकर्णकरणके प्रथम समयमें पूर्व स्पर्धकोंमेंसे अपकर्षण करके जो अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना होती है उनमेंसे अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें बहुत प्रदेश देता है, उससे दूसरी वर्गणामें विशेष हीन प्रदेश देता है। इस प्रकार अपूर्व स्पर्धकोंकी अन्तिम वर्गणा तक विशेषहीन विशेषहीन द्रव्य देता है। और इस प्रकार अपूर्व स्पर्धककी जो अन्तिम वर्गणा प्राप्त होती है उससे पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें असंख्यातगुणा हीन द्रव्य देता है। उसके बाद आगे पूर्व स्पर्धककी सभी वर्गणाओंमें विशेषहीन विशेषहीन द्रव्य देता है। विशेष स्पष्टीकरण इस प्रकार है—अपूर्व स्पर्धकोंके वर्गणाविशेषोंका जितना प्रमाण प्राप्त हो उनसे पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके द्रव्यको अधिक करके निक्षिप्त करनेपर अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें कितना द्रव्य प्राप्त होता है इसका प्रमाण आ जाता है। ऐसा करनेपर ही पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंकी एक गोपुच्छाकार रूपसे श्रेणिकी उत्पत्ति बन जाती है। इससे आगे दूसरी आदि वर्गणाओंमें दो गुणहानि प्रति-भागके अनुसार एक-एक वर्गणाविशेषसे उत्तरोत्तर हीन करते हुए अपूर्व स्पर्धकोंकी अन्तिम वर्गणा तक ले जाना चाहिये। ऐसा करने पर अपूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे उन्हींकी अन्तिम वर्गणामें निक्षिप्त हुआ प्रदेशपुंज उतने वर्गणाविशेषोंसे हीन होता है आदि वर्गणा-से जितने वर्गणाविशेष न्यून होकर अन्तिम वर्गणा प्राप्त हुई है। ऐसा होते हुए भी अन्तिम वर्गणा आदि वर्गणासे असंख्यातवें भागप्रमाण हीन होती है ऐसा यहाँ समझना चाहिये, क्योंकि वहाँ प्राप्त हुए अपूर्व स्पर्धक एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं, इसलिए अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी वर्गणाओंमें अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा अनन्तवें भाग हीन और परम्परोपनिधाकी अपेक्षा आदि वर्गणासे अन्तिम वर्गणामें असंख्यातवें भागहीन द्रव्यको निक्षिप्त करता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार अपूर्व स्पर्धकों और पूर्व स्पर्धकोंमें किस विधिसे द्रव्यका निक्षेप होता है इसकी विधि कही।


**ओक्कड्डिदं तु देदि अपुव्वादिमवग्गणाए हीणकमं।**
**पुव्वादिवग्गणाए असंखगुणहीणयं तु हीणकमा ॥४७०॥**

**अपकर्षितं तु ददाति अपूर्वादिमवर्गणातः हीनक्रमं।**
**पूर्वादिवर्गणायामसंख्यगुणहीनकं तु हीनक्रमं ॥४७०॥**


स० चं०—पूर्वोक्त विधान करिए अपकर्षण कीया जो द्रव्य तिसविषै ते अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाविषै बहुत द्रव्य दीजिए है, तातैं ताकी द्वितीयादि अंत वर्गणापर्यंत विषै विशेष घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। बहुरि अपूर्व स्पर्धककी अंत वर्गणाविषैं जो द्रव्य दीया तातैं साधिक अपकर्षण भाग जो असंख्यात तितना गुणा घटता पूर्व स्पर्धकको प्रथम वर्गणा-विषैं द्रव्य दीजिए है। इहां नवीन द्रव्य दीया तिसहीकी विवक्षा जाननी। इस पूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाका पुरातन द्रव्य, वर्गणाके द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं बहुभागमात्र है। तिस सहित नवीन दीया द्रव्य है सो अपूर्व स्पर्धककी अंत वर्गणाके द्रव्यतैं एक विशेषमात्र ही घटता जानना। जातैं अपूर्व स्पर्धकनिका एक गोपुच्छ भया है। बहुरि तिस पूर्व स्पर्धककी प्रथम

वर्गणातैं उपरि द्वितीयादि वर्गणानिविषैं एक एक चय घटता द्रव्य निक्षेपण करिए है। इस ही कथनके विशेष निर्णय करनेकौं क्षेत्ररूप कल्पनाकरि स्थापि कथन कीजिए है—

पूर्व स्पर्धकनिका सर्व द्रव्य ड्योढ गुणहानिगुणित प्रथम वर्गणामात्र है सो ड्योढ गुणहानिका जेता प्रमाण तितना लंबा अर प्रथम वर्गणाका जेता परमाणू तिनका प्रमाण तितना चौड़ा क्षेत्र ऐसा स्थापना । यामैं अपकर्षण कीया द्रव्यकौं जुदा करनेके अर्थि चौडाई विषै अपकर्षणका भागहारका जेता प्रमाण तितने खंड करिए तब ऐसा हो है— । तहां ऐसैं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र चौडा क्षेत्र एक खंडका है सो अपकर्षण कीया द्रव्यका स्वरूप जानना। अवशेष बहुभागमात्र चौडा क्षेत्र अवशेष खंडनिका रह्या सो अपकर्षण कीएं पीछै अवशेष पूर्व स्पर्धकस्वरूप जानने। लंबे ते दोऊ ही स्पर्धक गुणहानिमात्र हैं। ते एक खंड बहुखंड ऐसैं भए । बहुरि तहां एक खंड ऐसा तीर्हिविषै अपकर्षण कीया द्रव्यका विभाग करनेके अर्थि एक गुणहानिका स्पर्धक प्रमाणकौं असंख्यातगुणा अपकर्षण भागहारका भाग दीएं अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण होइ अर तहां लंबाई ड्योढ गुणहानिमात्र थी तातैं असंख्यातगुणा जो अपकर्षण भागहार ताकौं ड्योढगुणा कीएं जेता प्रमाण तितना तिस एक खंडकी लंबाईविषै खंड ऐसे करने। तहां एक खंडविषै लंबाईका प्रमाण अपूर्व-




स्पर्धकनिका प्रमाण मात्र आया, चौडे पूर्वोक्त प्रमाणमात्र है ही। बहुरि इन खंडनिविषैं जिस द्रव्यकरि अपूर्व स्पर्धक नवीन बनैं तिस द्रव्यस्वरूप साधिक एक घाटि अपकर्षण भागहारमात्र खंड ग्रहण करने। इहां अपूर्व स्पर्धक प्रमाण गच्छका एकवार संकलन धनमात्र जे पूर्व स्पर्धक-संबंधी विशेषतैं दूणा प्रमाण लीए विशेष तिनका अधिकपना साधिक शब्दकरि जानना। सो तिन खंडनिकौं ग्रहणकरि पूर्वे जे अवशेष बहुखंडमात्र पूर्व स्पर्धकस्वरूप क्षेत्र ऐसा रह्या था ताके नीचैं अविरोधपने जोडिए सो जोडने योग्यतैं सर्व खंडनिकौं चौडाईविषैं बरोबरि आगैं ऐसे स्थापिए तब प्रथम वर्गणाकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एक खंडकी चौडाई है ताकौं इहां ग्रहे हुए खंडनिका प्रमाण एक घाटि अपकर्षण भागहारमात्र ताकरि गुणैं चौडाईका प्रमाण हो है सो अवशेष पूर्व स्पर्धकरूप क्षेत्रकी चौडाईके समान हो है। बहुरि इहां ग्रहे हुए खंडनिका प्रमाणविषैं विशेषनिका साधिकपना कह्या है तातैं तिस पूर्व स्पर्धकस्वरूप क्षेत्रतैं चौडाईका प्रमाण क्रमतैं किछू साधिक जानना। अर इहां जोडनेयोग्य खंडनिकी लंबाई अपूर्व-स्पर्धक प्रमाणमात्र है तातै नीचैं जोड्या क्षेत्रका लंबाईका प्रमाण अपूर्व स्पर्धकप्रमाण मात्र भया सो ऐसैं पूर्व स्पर्धकनिका क्षेत्रके नीचैं तिस द्रव्यकरि अपूर्व स्पर्धककी रचना भई तिस द्रव्यरूप जो ग्रहे खंडनिका अपूर्व स्पर्धकरूप क्षेत्र ताकौं जोडैं ऐसा




भया। ऐसैं पूर्व

स्पर्धकको प्रथम वर्गणातैं अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणा अनुक्रमतैं विशेष अधिक जाननी। बहुरि अपकर्षण कीया द्रव्यविषैं जितना द्रव्यकरि अपूर्व स्पर्धक बनै तिनरूप क्षेत्र जोडनेका विधान तौ कह्या अब अवशेष रह्या द्रव्य पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिविषैं देना तिसरूप क्षेत्र जोडनेका विधान कहिए है—

असंख्यातगुणा अपकर्षण भागहारतै ड्योढगुणा प्रमाण लीएं खंड कीए थे तिनविषैं साधिक एक घाटि अपकर्षण भागहारमात्र खंड ग्रहण कीएं पीछैं अवशेष जे खंड रहे तिन विषैं एक खंड ऐसा |__| ताकौं सकल खंड कहिए। ताकी चौडाई विषैं असंख्यातगुणा अपकर्षणभागहारतैं ड्योढगुणा प्रमाणमात्र खंड ऐसे |__|__|__|__|__| करने सो इतने खंडनिकौं विकल खड कहिए। तहां एक विकल खंडकौं अपूर्व स्पर्धकसंबंधी क्षेत्रकी चौडाई विषै क्रमतै जोडना अर अवशेष विकल्प खंडनिकों तैसै ही पूर्व स्पर्धकसंबंधी क्षेत्रकी चौडाईविषैं अनुक्रम परिपाटी लीएं जोडना। याही प्रकार जेते अवशेष सकल खंड रहे तिनकौं पूर्व अपूर्व स्पर्धकसंबंधी क्षेत्रविषैं अविरोधपने चौडाईविषैं जानने। ऐसै जोडें ऐसा—




क्षेत्र भया। इहां पूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै जोडैं समस्त विकल खंड ते मिलिकरि भी एक सकल खंडप्रमाण न भए, जाते अपकर्षण भागहारमात्र विकल खंडनिकरि हीन हो हैं। ऐसैं पूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं दीया किंचिदून एक सकल खंड है। अर अपूर्व स्पर्धककी अंत वर्गणा विषैं पहिले वा पीछे दीए हुए एक घाटि अपकर्षण भागहारमात्र सकल खंड हैं, तातैं अपूर्व स्पर्धककी अंत वर्गणाविषैं दीया द्रव्यतैं पूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं दीया द्रव्य असंख्यातगुणा घटता है। असंख्यातका प्रमाण इहां साधिक अपकर्षण भागहारमात्र जानना। ऐसैं पूर्वोक्त कथनकौं क्षेत्ररूप स्थापि प्रगट कीया ॥४७०॥


विशेष—श्री जयधवलाजीमें प्रकृत विषयको इस प्रकार स्पष्ट किया है—अपूर्व और पूर्व स्पर्धकोंकी वर्गणाओंमें अपकर्षित द्रव्यका निक्षेप किस विधिसे लेकर समूचे द्रव्यकी एक गोपुच्छाकार रचना हो जाती है इसका निर्देश हम ४६९ गाथाकी टीकाके अन्तमें ही कर आये हैं। यहाँ सर्व प्रथम यह देखना है कि पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें जो द्रव्य प्राप्त होता है वह निक्षिप्त-होने वाले द्रव्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कैसे होता है। आगे इसपर विचार करते हैं। यथा—अपूर्व स्पर्धकोंकी अन्तिम वर्गणामें प्राप्त द्रव्य पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणासे एक वर्गणा विशेष मात्र अधिक होता है। साथ ही पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें प्राप्त हुआ द्रव्य वहाँ पूर्वके

अवस्थित द्रव्यके असंख्यातवें भागमात्र ही होता है, क्योंकि अपकर्षित हुए समस्त द्रव्यके असंख्यात बहुभागप्रमाण द्रव्यके डेढ़ गुणहानि द्वारा अपवर्तित कर पुनः साधिक अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारके द्वारा आदि वर्गणाके भाजित किये जानेपर वहाँ एक खण्डमात्र द्रव्य ही उपलब्ध होता है। अब इसी अर्थको क्षेत्रविन्यास विधिसे स्पष्ट करते हैं—

पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणाके प्रमाणसे समस्त द्रव्यके किये जानेपर डेढ़ गुणहानिप्रमाण आदि वर्गणाएँ प्राप्त होती हैं, इसलिए उनका क्षेत्र विन्यास इस प्रकार स्थापित करना चाहिये—




जितना आदि वर्गणाका विष्कम्भ है उतनी चौड़ाई लिए यह क्षेत्र है। तथा डेढ़ गुणहानि प्रमाण लम्बा है। इस प्रकार क्षेत्रकी स्थापना कर पुनः अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण विष्कम्भकी ओरसे इस क्षेत्रकी फालियाँ ( फाकें ) करनी चाहिये।

ऐसा करके वहाँ एक कम अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारप्रमाण फालियोंको वहीं स्थापितकर उनमेंसे एक फालिको ग्रहणकर उसे पृथक् स्थापित करनेपर  उस निकाली हुई फालिप्रमाण अपूर्व स्पर्धकोंको करनेसे वह अपकर्षित समस्त द्रव्य प्रमाण होती है। अर्थात् अपूर्व स्पर्धकोंकी रचनाके लिये जितने द्रव्यका अपकर्षण किया गया उसका प्रमाण आ जाता है।

पुनः आयामसे अपूर्व स्पर्धकोंको लानेके लिये गुणहानिका जो भागहार अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे असंख्यातगुणा है, द्वितीय भाग अधिक उससे इस फालिको खण्डित करना चाहिये। इस प्रकार खण्डित करनेपर वहाँ एक-एक खण्डका आयाम अपूर्व स्पर्धकके अध्वानप्रमाण होता है। पुनः वहाँ एक कम अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण खण्डोंके पहलेके क्षेत्रके नीचे आगमके अविरोध पूर्वक जोड़ देनेपर पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाके साथ अपूर्व स्पर्धककी समस्त वर्गणाएँ सदृश प्रमाणको लिये हुए उत्पन्न हो जाती हैं।

इतनी विशेषता है कि अपूर्व वर्गणाके अध्वानके संकलनमात्र वर्गणाविशेषोंके बिना गोपुच्छाकार नहीं उत्पन्न होता, इसलिए तत्प्रमाण द्रव्यको भी अवशेष खण्डोंसे ग्रहणकर आगमके अविरोध पूर्वक यहाँ मिला देना चाहिये। किन्तु यह संकलन द्रव्य अप्रधान है, क्योंकि यह एक खण्डप्रमाण द्रव्यके असंख्यातवें भागमात्र है।

पुनः एक कम अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण खण्डोंसे हीन डेढ़ भागहारप्रमाण शेष समस्त खण्ड पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंमें विभाजित होकर पतित होते हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिये। खुलासा इस प्रकार है—

पुनः रूपाधिक द्वितीय भागसे अधिक एक प्रदेश गुणहानिस्थानान्तररूप भागहारका विरलन कर उसपर शेष खण्डोंमेंसे एक खण्डके प्रमाणको समान खण्ड करके देयरूपसे देनेपर एक-एक विरलनके प्रति अपूर्व स्पर्धकोंका आयाम प्राप्त होता है। वहाँ एक विरलनके प्रति प्राप्त फालिको ग्रहणकर उसे अपूर्व स्पर्धकोंके समस्त खण्डोंके पासमें लाकर स्थापित करना चाहिये। पुनः

समस्त विरलन अंकोंके प्रति प्राप्त बहुत खण्ड पूर्व स्पर्धकोंमें पतित होते हैं। इसी प्रकार शेष समस्त खण्डोंको भी पूर्व-अपूर्व स्पर्धकोंमें विभाजित कर देना चाहिये। इस प्रकार देनेपर पूर्व स्पर्धकोंको आदि वर्गणामें प्राप्त हुए सभी विकल खण्डोंको ग्रहणकर एक सकलखण्ड प्रमाण नहीं होता है, क्योंकि कुछ कम एक सकल खंडप्रमाण ही वह उपलब्ध होता है।

अब कितना प्रमाणरूप द्रव्य एक सकल खण्डप्रमाणको प्राप्त है ऐसी पृच्छा होनेपर समाधान यह है कि अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण विकल खण्ड यदि हैं तो एक सकल खण्डका प्रमाण प्राप्त होता है। परन्तु इतने प्रमाणरूप द्रव्य है नहीं, क्योंकि अधस्तन भागहारसे उपरिम खण्डसलाकाका गुणकार अपकर्षण-उत्कर्षणप्रमाण अंकोंसे हीनरूप देखा जाता है। इसलिये पूर्व स्पर्धकोंकी आदि वर्गणामें कुछ कम एक खंड प्रमाण ही द्रव्य प्राप्त हुआ यह सिद्ध होता है। अपूर्व स्पर्धकोंसे कियत्प्रमाण द्रव्य प्राप्त हुआ ऐसी पृच्छा होनेपर कहते हैं कि एक कम अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारप्रमाण सकल खंडप्रमाण और कुछ कम एक खंडप्रमाण द्रव्य प्राप्त होता है। इसलिए अपूर्व स्पर्धककी अन्तिम वर्गणामें निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणा-में निक्षिप्त हुआ प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा हीन है। यहाँ गुणकार कितना है ऐसी पृच्छा होनेपर कहते हैं कि साधिक अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारप्रमाण गुणकार है। इस कारणसे प्रथम पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणामें असंख्यातगुणे हीन प्रदेशपुंजको निक्षिप्तकर उससे पूर्व स्पर्धककी दूसरी वर्गणामें अनन्तवें भागप्रमाण विशेष हीन देता है। तथा इसी प्रकार पूर्व स्पर्धकोंकी शेष समस्त वर्गणाओंमें भी अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा विशेष हीन, विशेष हीन ही द्रव्य देता है।

**कोहादीणमपुव्वं जेट्ठं सरिसं तु अवरमसरित्थं ।**
**लोहादिआदिवग्गणअविभागा होंति अहियकमा[1] ॥४७१॥**

**क्रोधादीनामपूर्वं ज्येष्ठं सदृशं तु अवरमसदृशं ।**
**लोभादिआदिवर्गणाअविभागा भवंति अधिकक्रमाः ॥४७१॥**

**स० चं**—क्रोधादिके चारयो कषायनिका अपूर्व स्पर्धकनिकी उत्कृष्ट वर्गणा जो अंत स्पर्धककी प्रथम वर्गणा सो अनुभागके अविभागप्रतिच्छेदनिके प्रमाणकी अपेक्षा समान हैं। बहुरि जघन्य वर्गणा जो प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणा सो असमान है। तहां लोभादिककी जघन्य वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद क्रमकरि अधिक हैं। लोभकी जघन्य वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद तौ स्तोक हैं, तातैं मायाकीके अधिक है तातैं मानकीके अधिक हैं तातैं क्रोधकीके अधिक हैं ॥४७१॥

**सगसगफड्ढयएहिं सगजेट्ठे भाजिदे सगीआदि ।**
**मज्झे वि अणंताओ वग्गणगाओ समाणाओ[2] ॥४७२॥**

**स्वकस्वकस्पर्धकैः स्वकज्येष्ठे भाजिते स्वकीयादि ।**
**मध्येऽपि अनंता वर्गणाः समानाः ॥४७२॥**

---

१. तेसिं चेव पढमसमए णिव्वत्तिदाणमपुव्वफद्दयाणं लोभस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं थोवं। मायाए आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं विसेसाहियं। माणस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं विसेसाहियं। कोहस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं विसेसाहियं। एवं चदुण्हं पि कसायाणं जाणि अपुव्वफद्दयाणि तत्थ चरिमस्स अपुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं चदुण्हं पि कसायाणं तुल्लमणंतगुणं। क० चु० पृ० ७९१–७९२। २. जयध० प्रे० पृ० ६९२४–६९२८।

स० चं—सामान्य आलापकरि अभव्य राशितैं अनंतगुणा वा सिद्धराशिके अनंतवें भागमात्र हीनाधिकरूप जो अपना अपना स्पर्धकनिका जो प्रमाण ताका भाग अपनी अपनी उत्कृष्ट वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाणकौं दीएं अपनी अपनी आदि वर्गणाका प्रमाण आवै है।

अंकसंदृष्टिकरि जैसैं च्यारयो कषायनिके समान प्रमाण लीएं उत्कृष्ट वर्गणाके अविभाग-प्रतिच्छेद पन्द्रहसौ बारह १५१२, इनकौं लोभ माया मान क्रोधके स्पर्धकनिका प्रमाण क्रमतैं सत्ताईस चौबीस इकईस अठारह तिनका भाग दीएं लोभको जघन्य वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद छप्पन ५६, मायाकीके तरेसठि ६३, मानकीके बहत्तरि ७२, क्रोधकीके चौरासी ८४ हो हैं। अथवा अपनी अपनी जघन्य वर्गणानिके अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाणकौं अपनी-अपनी स्पर्धकनिका प्रमाणकरि गुणैं अपनी अपनी उत्कृष्ट वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण हो है। कैसैं ? सो कहिए है—

लोभादिकको प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद समूहतैं दूसरे स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके दूणे, तीसरे स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके तिगुणे, चौथे स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके चौगुणे ऐसैं क्रमतैं जितने अपने स्पर्धकनिका प्रमाण तितनेगुणे अंत स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण हो है सो च्यारयो कषायनिका समान है। बहुरि मध्यविषैं भी अनंत वर्गणा च्यारयो कषायनिकी परस्पर समान हो है सो कथन आगैं करिए है ॥४७२॥

**जे हीणा अवहारे रूवा तेहिं गुणित्तु पुव्वफलं।**
**हीणवहारेणहियें अद्धं (लब्धं) पुव्वं फलेणहियं ॥४७३॥**

**ये हीना अवहारे रूपाः तैः गुणितं पूर्वफलं।**
**हीनावहारेणाधिके अर्धं (लब्धं) पूर्वं फलेनाधिकं ॥४७३॥**

स० चं—इस गाथाका अर्थरूप व्याख्यान क्षपणसारविषैं किछू कीया नाहीं अर मेरे जाननेमें भी स्पष्ट न आया, तातैं इहां न लिख्या है। बुद्धिमान होइ यथार्थ याका अर्थ होइ सो जानियो ॥४७३॥

**कोहदुसेसेणवहिदकोहे तक्कंडयं तु माणतिए।**
**रूवहियं सगकंडयहिदकोहादी समाणसला ॥४७४॥**

**क्रोधद्विशेषेणावहितक्रोधे तत्कांडकं तु मानत्रयं।**
**रूपाधिकं स्वककांडकहितक्रोधादि समानशलाकाः ॥४७४॥**

स० चं—क्रोधद्विक अवशेष कहिए क्रोधके स्पर्धकनिका प्रमाणकौं मानके स्पर्धकनिका प्रमाणविषै घटाएं जो अवशेष रहै ताका भाग क्रोधके स्पर्धकनिका प्रमाणकौं दीएं जो प्रमाण आवै ताका नाम क्रोधकांडक है। बहुरि मानत्रिकविषैं एक एक अधिक है सो क्रोधकांडकतैं एक अधिकका नाम मानकांडक है। यातैं एक अधिकका नाम मायाकांडक है। यातैं एक अधिकका नाम लोभकांडक है।

अंकसंदृष्टिकरि जैसैं क्रोधके स्पर्धक अठारह, ते मानके इकईस स्पर्धकविषैं घटाएं अवशेष तीन, ताका भाग क्रोधके अठारह स्पर्धककौं दीएं क्रोधकांडकका प्रमाण छह यातैं एक एक अधिक मान माया लोभके कांडकनिका प्रमाण क्रमतैं सात आठ नव रूप जानने। बहुरि अपने अपने कांडकनिका भाग अपने अपने स्पर्धकनिका प्रमाणकौं दीएं जो नाना कांडकनिका प्रमाण

आगै तितनी वर्गणानिके अविभागप्रतिच्छेद  च्यारयो  कषायनिके परस्पर समान हो हैं। कैसैं ? सो कहिए है—

क्रोधादिककी प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणातैं द्वितीय तृतीयादि स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभाग प्रतिच्छेद क्रमतैं दूणे तिगुणे इत्यादि होइ अपना अपना कांडकका जेता प्रमाण तितना स्थान भए जो स्पर्धक ताकी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद च्यारयो कषायनिके समान हो हैं। बहुरि तहातैं ऊपरि प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके जेते अविभागप्रतिच्छेद तितने तितने एक एक स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै बंधते अपने अपने कांडकप्रमाण स्थान भए जो स्पर्धक ताकी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद समान हो हैं। या प्रकार अपना अपना कांडकमात्र स्पर्धक भए च्यारयो कषायनिकी वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिकी समानता होतैं नाना कांडक-प्रमाण वर्गणानिविषै समानता हो है।

अंकसंदृष्टिकरि जैसैं क्रोध मान माया लोभके प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभाग-प्रतिच्छेद क्रमतैं चौरासी बहत्तरि तरेसठि छप्पन हैं। बहुरि ताके ऊपरि एक एक स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै तितने-तितने बंधते अपना कांडकमात्र छह सात आठ नव स्पर्धक भए तहां प्रथम वर्गणाके अविभाग प्रतिच्छेद च्यारयो कषायनिके परस्पर समान पांचसै च्यारि हैं। बहुरि ताके ऊपरि तैसैं ही बधती होतै अपने कांडकमात्र स्पर्धक भए तहां प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद च्यारयो कषायनिके समान एक हजार आठ हो हैं। बहुरि ताके ऊपरि तैसैं ही बधती होतैं अपने कांडक-मात्र स्थान भए तहां प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद च्यारयो कषायनिके समान पन्द्रहसौ बारह हो हैं ऐसैं अपना अपना कांडकका भाग अपना अपना स्पर्धक प्रमाणकौं दीए नाना कांडक का प्रमाण तीन पाया सो तीन ही स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणा परस्पर समानरूप हैं और वर्गणानिका समानरूप नाहीं है।

| क्रोध | मान | माया | लोभ |
|---|---|---|---|
| १५१२ | १५१२ | १५१२ | १५१२ |
| ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० |
| १०९२ | १०८० | १०७१ | १०६४ |
| १००८ | १००८ | १००८ | १००८ |
| ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० |
| ५८८ | ५७६ | ५६७ | ५६० |
| ५०४ | ५०४ | ५०४ | ५०४ |
| ४२० | ४३२ | ४४१ | ४४८ |
| ३३६ | ३६० | ३७८ | ३९२ |
| २५२ | २८८ | ३१५ | ३३६ |
| १६८ | २१६ | २५२ | २८० |
| ८४ | १४४ | १८९ | २२४ |
| | ७२ | १२६ | १६८ |
| | | ६३ | ११२ |
| | | | ५६ |

ऐसैं इहां अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण कह्या है सो विवक्षित वर्गणाविषै जो एक परमाणूरूप वर्ग तीहिंविषै जेते अविभागप्रतिच्छेद पाइए ताकी अपेक्षा कथन कीया है। सर्व वर्गनिका समूहरूप वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण यथा सम्भव जानना ॥४७४॥

**ताहे दव्ववहारो पदेसगुणहाणिफड्ढयवहारो।**
**पल्लस्स पढममूलं असंखगुणियक्कमा होंति[1] ॥४७५॥**

**तत्र द्रव्यावहारः प्रदेशगुणहानिस्पर्धकावहारः।**
**पल्यस्य प्रथममूलं असंख्यगुणितक्रमा भवंति ॥४७५॥**

स० चं०—अश्वकर्णकरणका प्रथम समयविषैं अपूर्व स्पर्धक करनेका द्रव्य ग्रहण करनेके अर्थि सर्व द्रव्यकौं जिस अपकर्षण भागहारका भाग दीया तातैं प्रदेशसंबंधी एक गुणहानिविषैं जो स्पर्धकनिका प्रमाण ताकौं अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण ल्यावनेके अर्थि जाका भाग दीया सो असंख्यातगुणा है। तातैं पल्यका प्रथम वर्गमूल असंख्यातगुणा है। इहां ऐसा प्रयोजन जानना—

जो अपकर्षण भागहारतैं असंख्यातगुणा वा पल्यका प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवे भागमात्र जो भागहार ताका भाग अनुभागसम्बन्धी एक गुणहानिकी स्पर्धक शलाकाकौं दीए प्रथम समय विषैं कीए जे अपूर्व स्पर्धक तिनका प्रमाण आवै है ॥४७५॥

विशेष—इस गाथाका आशय यह है कि अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारसे असंख्यातगुणे और पल्योपमके प्रथम वर्गमूलसे असंख्यातगुणे हीन पल्योपमके असंख्यातवें भागसे एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरप्रमाण स्पर्धकोंके भाजित करने पर जो लब्ध आवे उतने क्रोधादि संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धक होते हैं। खुलासा इस प्रकार है—अश्वकर्णकरणको करनेवाला जीव प्रथम समयमें जिस प्रदेशपुंजका अपकर्षण करता है उससे विवक्षित कर्मसे समस्त द्रव्यके भाजित करने पर अपकर्षण-उत्कर्षणभागहारसंज्ञावाला जो भागहार प्राप्त होता है वह सबसे स्तोक है। इससे अपूर्व स्पर्धकोंकी अपेक्षा प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरका जो भागहार है वह असंख्यातगुणा है। किन्तु यह पल्योपमके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिये पूर्वोक्त भागहारसे पल्योपमके प्रथम वर्गमूलको असंख्यातगुणा कहा है। अतः यह सिद्ध हुआ कि पल्योपमके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण भागहारके द्वारा एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरप्रमाण स्पर्धकोंके भाजित करनेपर जो लब्ध आवे उतने क्रोधादि संज्वलनोंके अपूर्व स्पर्धकोंको प्रथम समयमें रचता है।

**ताहे अपुव्वफड्ढयपुव्वस्सादीदणंतिममुदेदि।**
**बंधो हु लताणंतिमभागो त्ति अपुव्वफड्ढयदो[2] ॥४७६॥**

---

१. पढमसमयअस्सकण्णकरणकारयस्स जं पदेसग्गमोकड्डिज्जदि तेण कम्मस्स अवहारकालो थोवो। अपुव्वफद्दयेहिं पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्स अवहारकालो असंखेज्जगुणो। पलिदोवमपढमवग्गमूलमसंखेज्जगुणं। —क० चु० पृ० ७९२।

२. पढमसमए चेव अपुव्वफद्दयाणि उदिण्णाणि च अणुदिण्णाणि च। अपुव्वफद्दयाणं पि आदीदो अणंतभागो उदिण्णो च अणुदिण्णो च। उवरि अणंता भागा अणुदिण्णा। बंधेण णिव्वत्तिज्जंति अपुव्वफद्दयं पढममादिं कादूण जाव लदासमाणफद्दयाणमणंतभागो त्ति। —क० चु० पृ० ७९३–७९४।

**तस्मिन् अपूर्वस्पर्धकपूर्वस्यादितोऽनंतिममुदेति ।**
**बंधो हि लतानंतिमभाग इति अपूर्वस्पर्धकतः ॥४७६॥**

स० चं०—तिस अश्वकर्णकरणका प्रथम समयविषैं उदय निषेकसम्बन्धी सर्व अपूर्व स्पर्धक अर पूर्व स्पर्धककी आदितैं लगाय ताका अनन्तवां भाग उदय हो है। कैसैं ? सो कहिए है—

अपूर्व स्पर्धकरूप परिणया है अनुभाग सत्त्व जाका ऐसा जो कर्म ताका असंख्यातवां भाग मात्र प्रदेशनिकौं अपकर्षण करि उदीरणा कर्ता जो जीव ताकैं वर्तमान समयविषै उदय आवने योग्य जो उदय निषेक तींहि विषैं सर्व ही अनुभागसत्व अपूर्व स्पर्धकस्वरूप हैं। तातैं ते तौ सर्व ही स्पर्धक उदीरणारूप हैं अर उदय निषेकतैं ऊपरिके निषेक तिनके समान अनुभाग शक्ति धरैं जे अपूर्व स्पर्धक ते उदय न हो हैं। तातैं ते अनुदीर्णरूप हैं। ऐसैं केई अपूर्व स्पर्धकनिका उदय अर केई अपूर्व स्पर्धकनिका अनुदय जानना। बहुरि पूर्व स्पर्धकनिविषैं भी जे प्रथम स्थितिविषै लता दारुरूप स्पर्धक हैं तिनविषैं लता समान अनुभागका अनन्तवां भागमात्र स्पर्धक उदय हो है सो उदीरणारूप है। बहुरि उदय निषेकतैं ऊपरिके निषेकनिके समान शक्ति लीएं लता भागका अनन्तवां भाग उदय न हो है सो अनुदीर्णरूप है। बहुरि ताके उपरिवर्ती लताभागका अनन्त बहुभागनिविषैं बहुभाग अर समस्त दारु भाग है सो उदयकौं न प्राप्त हो है। ऐसैं पूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणातैं लगाय अनन्तवां भाग उदयरूप हो है। अन्य अनुदयरूप है। ऐसैं अश्वकर्णकरणका प्रथम समयविषैं उदय होनेका स्वरूप कह्या। बहुरि इस समयविषैं संज्वलनका बन्ध हो है। तहां पूर्वैं लता भागके अनन्तवें भागमात्र बन्ध होता था सो अब तातैं अनन्तवें भागमात्र अपूर्व स्पर्धक का प्रथम स्पर्धकतैं लगाय अन्त स्पर्धक पर्यन्त अर पूर्व स्पर्धकनिका लता भागका अनन्तवां भाग पर्यन्त जे स्पर्धक तिनरूप होइ बंधरूप स्पर्धक परिणमैं हैं। इहां उदयरूप अनुभागतैं बन्धरूप अनुभाग अनन्तगुणा घटता है। ऐसा जानना ॥४७६॥

विशेष—सामान्य नियम यह है कि अश्वकर्णकरणके प्रथम समयमें कितने ही अपूर्व स्पर्धक उदीर्ण रहते हैं और कितने ही अपूर्व स्पर्धक अनुदीर्ण रहते हैं। तथा पूर्व स्पर्धकोंमें भी आदिसे लेकर अनन्तवें प्रमाण स्पर्धक उदीर्ण रहते हैं और अनुदीर्ण रहते हैं तथा इनसे ऊपर अनन्त बहुभागप्रमाण स्पर्धक अनुदीर्ण रहते हैं। विशेष स्पष्टीकरण इस प्रकार है—संज्वलन कषायके अनन्तवें भागप्रमाण जो पूर्व स्पर्धक लता समान अनुभागको लिये हुए हैं तथा उनसे नीचे जो समस्त अपूर्व स्पर्धक हैं उनकी उस रूपसे उदय प्रवृत्ति होती है, उपरिम स्पर्धकस्वरूपसे उदय प्रवृत्ति नहीं होती। आशय यह है कि उसी समय अपूर्व स्पर्धकरूपसे परिणमन करनेवाले अनुभागसत्कर्मसे प्रदेशपुंजके असंख्यातवें भागका अपकर्षण कर उदीरणा करनेवाले जीवके उदयस्थितिके भीतर सभी अपूर्व स्पर्धकरूपसे अनुभाग-सत्कर्म उपलब्ध होता है। इस प्रकार उपलब्ध होनेपर ही अपूर्व स्पर्धक उदीर्ण होते हैं। किन्तु इतनी विशेषता है कि अपूर्व स्पर्धकरूपसे परिणत हुआ सत्कर्म पूरे रूपसे उदयको प्राप्त नहीं हुआ है, क्योंकि अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी सदृश धनवाले (समान अनुभागवाले) परमाणुओंके प्रत्येक स्पर्धकके प्रति स्थित होनेपर उनमेंसे कितने ही उदयको प्राप्त होते हैं और शेष तदवस्थ रहते हैं, इसीलिये यह स्वीकार किया गया है कि कितने ही अपूर्व स्पर्धक उदीर्ण होते हैं और कितने ही अनुदीर्ण रहते हैं। जो पूर्व स्पर्धक हैं वे भी आदिसे लेकर अनन्तवें भागप्रमाण उदीर्ण और

अनुदीर्ण होते हैं ऐसा समझना चाहिये। लतासमान पूर्ण स्पर्धकोंके अनन्तवें भागसे उपरिम अनन्त बहुभागप्रमाण पूर्ण स्पर्धक अनुदीर्ण ही रहते हैं, क्योंकि उनका अपने रूपसे उदयमें प्रवेश नहीं होता। बन्धके विषयमें ऐसा समझना चाहिये कि लतासमान स्पर्धाकोंकी पहले जो अनन्तवें भागरूपसे प्रवृत्ति होती थी, अब वह उससे अनन्त गुणहानिरूपसे बहुत घटकर अपूर्व स्पर्धकोंके प्रथम स्पर्धकसे लेकर लतासमान स्पर्धकोंके अनन्तवें भागके प्राप्त होने तक इनकी स्पर्धकरूपसे प्रवृत्ति होती है। इतनी विशेषता है कि पहले जो उदयरूपसे प्रवृत्त स्पर्धक कह आये हैं उनसे ये बन्धरूप स्पर्धक अनन्तगुणे हीन होते हैं।

ऐसैं यहु कही सो अश्वकर्णकरण कालका प्रथम समयसम्बन्धी प्ररूपणा जाननी :

**बिदियादिसु समयेसु वि पढमं व अपुव्वफड्डयाण विही।**
**णवरि असंखगुणूणं णिव्वत्तयदि पडिसमयं[1] ॥४७७॥**

**द्वितीयादिषु समयेषु अपि प्रथमं व अपूर्वस्पर्धकानां विधिः।**
**नवरि अ संख्यगुणोनं निर्वर्तयति तु प्रतिसमयम् ॥४७७॥**

स० चं०—अश्वकर्णकरणका द्वितीयादि समयनिविषैं अपूर्व स्पर्धकनिका विधान ताके प्रथम समयवत् जानना। तहां विशेष है सो कहिए है—इस गाथाविषैं लिखनेवालेने अक्षर केते इक न लिखे तातैं आधा गाथाका अर्थ न जानि इहां नाहीं लिख्या है ॥४७७॥

विशेष—अश्वकर्णकरणके दूसरे समयमें जो स्थितिकांडक अनुभागकांडक और स्थिति-बन्धापसरण प्रथम समयमें प्रवृत्त थे वे ही यहां प्रवृत्त रहते हैं। मात्र अनुभागबन्ध प्रथम समयके अनुभागबन्धसे अनन्तगुणा हीन होता है, क्योंकि प्रत्येक समयमें होनेवाली अनन्तगुणी विशुद्धिके माहात्म्यवश क्षपकश्रेणिमें अप्रशस्त कर्मोंका अनुभागबन्ध प्रत्येक समयमें अनन्तगुणा हीन होता जाता है। यहाँ अन्य प्रकार सम्भव नहीं। तथा प्रति समय विशुद्धिमें उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धि होने पर गुणश्रेणिरचना भी प्रति समय असंख्यातगुणे प्रदेशोंको लिए हुए होती है। साथ ही प्रथम समयमें जो एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके असंख्यातवें भागप्रमाण अपूर्व स्पर्धकोंकी रचना की थी, उन्हें पुनः समान अनुभागरूपसे रचता है। तथा उनसे नीचे उनसे असंख्यातगुणे हीन प्रमाणवाले अन्य अपूर्व स्पर्धकोंको भी रचता है यह इस गाथाका तात्पर्य है।

**णवफड्डयाण करणं पडिसमयं एवमेव णवरिं तु।**
**दव्वमसंखेज्जगुणं फड्डयमाणं असंखगुणहीणं[2] ॥४७८॥**

---

१. णवरि य संखगुणूणं·······पडिसमयं। मु०। एत्तो विदियसमए तं चेव अणुभागखंडयं, सो चेव ट्ठिदिबंधो। अणुभागबंधो अणंतगुणहीणो। गुणसेढी असंखेज्जगुणा। अपुव्वफद्दयाणि जाणि पढमसमए णिव्वत्तिदाणि विदियसमए ताणि च णिव्वत्तयदि, अण्णाणि च अपुव्वाणि तदो असंखेज्जगुणहीणाणि। —क० चु० पृ० ७९४।

२. पढमसमए अपुव्वफद्दयाणि णिव्वत्तिदाणि बहुआणि। विदियसमए जाणि अपुव्वाणि अपुव्व-फद्दयाणि कदाणि ताणि असंखेज्जगुणहीणाणि। तदियसमए अपुव्वाणि अपुव्वफद्दयाणि कदाणि ताणि असंखेज्ज-गुणहीणाणि। एवं समए समए जाणि अपुव्वाणि अपुव्वफद्दयाणि कदाणि ताणि असंखेज्जगुणहीणाणि। गुणगारो पलिदोवमवग्गमूलस्स असंखेज्जदभागो। —क० चु० पृ० ७९५।

**नवस्पर्धकानां करणं प्रतिसमयं एवमेव नवरि तु ।**
**द्रव्यमसंख्येयगुणं स्पर्धकमानं असंख्यगुणहीनम् ॥४७८॥**

स० चं०—ऐसैं ही प्रथम समयवत् समय समय प्रति नवीन स्पर्धकनिकौं करै है। विशेष इतना–तहां द्रव्य तौ क्रमतैं असंख्यातगुणा बंधता अपकर्षण करिए है। अर नवीन स्पर्धक कीएं तिनका प्रमाण असंख्यातगुणा घटता हो है। सोई कहिए है—

अश्वकर्णकरणका द्वितीय समयविषैं जो प्रथम समयविषैं पूर्व स्पर्धकनिके द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ एक भागमात्र द्रव्य अपकर्षण किया था तातैं असंख्यातगुणा द्रव्यकौं, पूर्वस्पर्धक अर प्रथम समयविषैं कीए अपूर्वस्पर्धक तिनका जो द्रव्य था तातैं अपकर्षण करि, तिस द्रव्यका असंख्यातवां भागमात्र द्रव्यकरि तौ इहां नवीन अपूर्व स्पर्धक करिए है। ते प्रथम समयविषैं कीए अपूर्व स्पर्धक तिनकी प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके नीचैं घटता अनुभाग लीएं करिए है।

तिस प्रथम वर्गणातैं एक एक वर्गणा प्रति एक एक विशेषमात्र द्रव्यकी अधिकता द्वितीय समयसंबंधी नवीन अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणापर्यंत जाननी। तहां पूर्वोक्त प्रकार समपट्टिका धन चयधन जोडैं जेता द्रव्य होइ तितने द्रव्यकरि तौ इहां नवीन स्पर्धक बनैं। बहुरि अपकर्षण कीया द्रव्य विषैं इतना द्रव्य घटाएं जो अवशेष द्रव्य रह्या ताकौं द्वितीय समयविषैं कीने नवीन अपूर्व स्पर्धक अर प्रथम समयविषैं कीने अपूर्व स्पर्धक अर पूर्व स्पर्धक तिनिका एक गोपुच्छ भया तिसविषैं चय घटता क्रमकरि सर्वत्र देना। बहुरि प्रथम समयविषैं कीए अपूर्व स्पर्धक तिनिके प्रमाणतैं द्वितीय समयविषैं कीए नवीन अपूर्व स्पर्धक तिनका प्रमाण असंख्यातगुणा घटता जानना। बहुरि अश्वकर्णकरणका तृतीय समयविषैं जो द्वितीय समयविषैं द्रव्य अपकर्षण कीया तातैं असंख्यातगुणा द्रव्य पूर्व स्पर्धक अर प्रथम द्वितीय समयविषैं कीए अपूर्व स्पर्धक तिनके द्रव्यतैं अपकर्षण करिए है ताके असंख्यातवां भागमात्र द्रव्यकरि तौ द्वितीय समयविषैं कीए स्पर्धक तिनके नीचैं इहां नवीन अपूर्व स्पर्धक करिए है अर अवशेष द्रव्यकौं तृतीय द्वितीय प्रथम समय-संबंधी अपूर्व स्पर्धकनिका अर पूर्व स्पर्धकनिका एक गोपुच्छ भया ताविषैं क्रमकरि निक्षेपण करिए है। इहां द्वितीय समयविषैं कीए नवीन अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाणतैं तृतीय समयविषैं कीए नवीन अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण असंख्यातगुणा घटता जानना। ऐसैं ही अपूर्व स्पर्धककरण कालका अंत समय पर्यंत समय समय प्रति असंख्यातगुणा द्रव्यकौं अपकर्षण करै है अर नवीन अपूर्व स्पर्धक नीचैं नीचैं हो हैं तिनका प्रमाण असंख्यातगुणा घटता हो है। अन्य विशेष जैसैं प्रथम समयविषैं कह्या है तैसैं जानना ॥४७८॥

विशेष—प्रत्येक समयमें जो नये अपूर्व स्पर्धक किये जाते हैं वे उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे हीन होते हैं। इतने हीन कैसे होते हैं इसका स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि वर्गमूलके पल्यो-पमके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है, इससे दूसरे समयमें जो अपूर्व स्पर्धक किये जाते हैं उन्हें गुणित करनेपर पहले समयमें किये जानेवाले अपूर्व स्पर्धकोंका प्रमाण प्राप्त होता है, अतः सिद्ध हुआ कि प्रथम समयमें किये जानेवाले अपूर्व स्पर्धकोंसे दूसरे समयमें किये जानेवाले अपूर्व स्पर्धक असंख्यातगुणे हीन होते है। यहाँ पल्योपमके असंख्यातवें भागसे पल्योपमके वर्गमूलका असंख्यातवाँ भाग लिया गया है। इसी प्रकार आगे भी तृतीयादि समयोंमें किये जानेवाले अपूर्व

स्पर्धक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणें हीन होते हैं ऐसा यहाँ समझना चाहिये। किन्तु उत्तरोत्तर जो नूतन अपूर्व स्पर्धक किये जाते हैं उनमें गुणश्रेणि रचनाको देखते हुए निक्षिप्त होनेवाला द्रव्य उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा होता है यह स्पष्ट ही है।

**पढमादिसु दिज्जकमं तक्कालजफड्डयाण चरिमो त्ति।**
**हीणकमं से काले असंखगुणहीणयं तु हीणकमं[1] ॥४७१॥**

**प्रथमादिषु देयक्रमं तत्कालजस्पर्धकानां चरम इति।**
**हीनक्रमं स्वे काले असंख्यगुणहीनकं तु हीनक्रमम् ॥४७२॥**

स० चं०—अपकर्षण कीया द्रव्यकौं जैसैं दीया तैसैं जो अनुक्रम सो देय क्रम कहिए सो ऐसैं हैं—

अपूर्व स्पर्धककरण कालका प्रथमादि समयनिविषैं तिस काल कीए स्पर्धकनिका अंतपर्यंत तौ विशेष हीन क्रम लीएं अर ताके अनंतरि असंख्यातगुणा घटता ताके ऊपरि विशेष हीन क्रम लीएं जानना। सो कहिए है—

प्रथम समयविषैं अपकर्षण कीया द्रव्य तिसविषैं तिस समय कीए अपूर्व स्पर्धक तिनकी प्रथम वर्गणाविषैं बहुत द्रव्य दीजिए है। तातैं तिनकी द्वितीय वर्गणा आदि अंतवर्गणा पर्यंत चय घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। बहुरि अपूर्व स्पर्धककी अंत वर्गणाविषैं दीया द्रव्यतैं पूर्व स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणाविषै असंख्यातगुणा घटता द्रव्य दीजिए है। तातैं ताके ऊपरि तिनकी अंत वर्गणा पर्यंत चय घटता क्रमकरि दीजिये है। बहुरि द्वितीय समयविषैं अपकर्षण कीया द्रव्य तिसविषैं तिस समय कीए नवीन अपूर्व स्पर्धक तिनकी प्रथम वर्गणा विषैं बहुत द्रव्य अर द्वितीयादि अंत वर्गणा पर्यंत चय घटता क्रमकरि द्रव्य दीजिए है। बहुरि तिसकी अंत वर्गणाके द्रव्यतैं प्रथम समयविषैं कीए अपूर्व स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणाविषैं असंख्यातगुणा घटता द्रव्य दीजिए है। तातैं ताके ऊपरि तिनकी अंत वर्गणा पर्यंत वा ताके ऊपरि पूर्व स्पर्धकनिकी प्रथमादि अंत वर्गणा पर्यंत चय घटता क्रमकरि दीजिए है। बहुरि तृतीय समयविषैं नवीन बने अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै बहुत द्रव्य, ( के उपरि तिनकी अंत वर्गणा पर्यंत चय घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। ताके ऊपरि द्वितीय समयविषैं कीए अपूर्व स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणाविषैं असंख्यातगुणा घटता द्रव्य दीजिए है। ताके उपरि तिनकी अंत वर्गणा पर्यंत वा प्रथम समयविषैं कीए अपूर्व स्पर्धककी प्रथमादि अंत वर्गणा पर्यंत वा पूर्व स्पर्धकनिकी प्रथमादि अंत वर्गणा पर्यंत चय घटता क्रम लीएं

---

१. पढमसमए णिव्वत्तिज्जमाणगेसु पुव्वफद्दयहिंतो ओकड्डियूण पदेसग्गमपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए बहुअं देदि। विदियाए वग्गणाए विसेसहीणं देदि। एवमणंतराणंतरेण गंतूण चरिमाए अपुव्वफद्दयवग्गणाए विसेसहीणं देदि। तदो चरिमादो अपुव्वफद्दयवग्गणादो पढमस्स पुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणाए असंखेज्ज-गुणहीणं देदि। तदो विदियफद्दयवग्गणाए विसेसहीणं देदि। सेसासु सव्वासु पुव्वफद्दयवग्गणासु विसेसहीणं देदि।—क० चु० पृ० ७९२–७९३। विदियसमए अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए पदेसग्गं बहुअं देदि। विदिय-समए विसेसहीणं। एवमणंतरोपणिधाए विसेसहीणं दिज्जदि। ताव जाव जाणि विदियसमए अपुव्वाणि अपुव्वफद्दयाणि कदाणि। तदो चरिमादो वग्गणादो पढमसमए जाणि अपुव्वफद्दयाणि कदाणि तेसिमादिवग्गणाए दिज्जदि पदेसग्गमसंखेज्जगुणहीणं।………आदि—क० चु० पृ० ७९४।

द्रव्य दीजिए है। ऐसैं ही चतुर्थादि समयनिविषै भी जानना। इहां विवक्षित समयविषै जे अपूर्व स्पर्धक बनैं ते तौ अपकर्षण कीया द्रव्यविषै केते इक द्रव्यतैं बनैं अर तिनके ऊपरि जे स्पर्धक हैं ते पूर्वं थे ही। बहुरि तिन सर्वनिविषै अवशेष द्रव्य विभाग करि दीया तातैं निज कालविषै बने अपूर्व स्पर्धकको अंत वर्गणाविषै दीया द्रव्यतैं अनंतर वर्गणाविषैं असंख्यातगुणा घटता द्रव्य दीया कह्या, अन्यत्र चय घटता क्रम लीएं कह्या है ॥४७९॥

**पढमादिसु दिस्सकमं तक्कालजफड्ढयाण चरिमो त्ति ।**
**हीणकमं से काले हीणं हीणं कमं तत्तो[1] ॥४८०॥**

**प्रथमादिषु दृश्यक्रमं तत्कालजस्पर्धकानां चरम इति ।**
**हीनक्रमं स्वे काले हीनं हीनं क्रमं ततः ॥४८०॥**

स० चं०—अपूर्वस्पर्धक करणकालका प्रथमादि समयनिविषै दृश्य कहिए देखनेमें आवै ऐसा परमाणूनिका प्रमाण ताका अनुक्रम सो दृश्यक्रम कहिए। सो कैसैं है ? सो कहिए है—

तहाँ तिस विवक्षित समयविषैं बने अपूर्व स्पर्धक तिनका तो जो देय द्रव्य सो ही दृश्य द्रव्य है। जातैं तिस समय अपकर्षण कीया द्रव्य हीतैं तिनकी रचना भई हैं। सो तिनकी प्रथम वर्गणातैं लगाय अंत वर्गणापर्यंत विशेष घटता क्रम लीएं दृश्य द्रव्य है। बहुरि तिस अंत वर्गणाके द्रव्यतैं ताके ऊपरि जो वर्गणा तिसका भी दृश्य द्रव्य एक चयमात्र घटता है जातैं दीया द्रव्य तौ तिस अंत वर्गणा द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता है तथापि दीया द्रव्य अर पूर्वं वाका सत्तारूप पुरातन द्रव्य दोऊ मिलि तिसतैं एक चयमात्र घटता दृश्य द्रव्य हो है। बहुरि ताके उपरि पूर्व-स्पर्धकको अंत वर्गणा पर्यंत दीया द्रव्य अर पूर्व द्रव्य मिलि क्रमतैं चय प्रमाण करि घटता दृश्य द्रव्य जानना। ऐसैं विवक्षित समयविषैं कीए अपूर्वस्पर्धक तिनकी प्रथम वर्गणातैं लगाय पूर्व-स्पर्धकनिकी अंत वर्गणा पर्यंत एक गोपुच्छ भया तातैं तहाँ चय घटता क्रम लीएं ही दृश्य द्रव्य जानना।

ऐसैं अश्वकर्णकरणकालका प्रथमादि समयनिविषैं यावत् प्रथम अनुभाग कांडकका घात न होइ तावत् स्थितिकांडक अनुभाग कांडक स्थितिबंध अनुभाग सत्त्व तौ तिन समयनिविषैं समान रूप है। अर अप्रशस्तकर्मनिका अनुभागबंध समय-समय अनंतगुणा घटता है। अर गुणश्रेणि विषै समय-समय असंख्यातगुणा द्रव्यकौं अपकर्षणकरि दीजिए है। अर अतीत समयसंबंधी स्पर्धकनिके नीचैं अपूर्व शक्ति लीएं नवीन अपूर्व स्पर्धक समय-समय प्रति करिए है ॥४८०॥

ऐसैं प्रथम अनुभाग कांडकका घात भएं कहा हो है ? सो कहैं हैं—

**पढमाणुभागखंडे पडिदे अणुभागसंतकम्मं तु ।**
**लोभादणंतगुणिदं उवरिं पि अणंतगुणिदकमं[2] ॥४८१॥**

---

१. तम्हि चेव पढमसमए जं दिस्सदि पदेसग्गं तमपुव्वफद्दयाणं पढमसमए वग्गणाए बहुअं। पुव्व-फद्दयआदिवग्गणाए विसेसहीणं। जहा लोहस्स तहा मायाए माणस्स कोहस्स च।—क० चु० पृ० ७९३। विदिय-समए अपुव्वफद्दएसु वा पुव्वफद्दएसु वा एक्केक्किस्से वग्गणाए जं दिस्सदि पदेसग्गं तमपुव्वफद्दयआदि-वग्गणाए बहुअं। सेसासु अणंतरोपणिधाए सव्वासु विसेसहीणं। —क० चु० पृ० ७९४–७९५।

२. तदो से काले अणुभागसंतकम्मे णाणत्तं। तं जहा—लोभे अणुभागसंतकम्मं थोवं। मायाए अणु-

**प्रथमानुभागखंडे पतिते अनुभागसत्त्वकर्म तु ।**
**लोभादनंतगुणितमुपर्यपि अनंतगुणितक्रमं ॥४८१॥**

स० चं०—ऐसैं प्रथम अनुभागखण्डका पतन होतैं लोभतैं अनंतगुणा क्रम लीए अनुभाग सत्त्वरूप कर्म हो है। तहाँ लोभका स्तोक, तातैं मायाका अनंतगुणा, तातैं मानका अनंतगुणा, तातैं क्रोधका अनंतगुणा अनुभाग सत्त्व हो है ऐसा जानना, जातैं तहाँ अश्वकर्ण क्रियाकरि प्रथम अनुभागकांडकका घात भए पीछैं अवशेष अनुभाग सत्त्व हो है। बहुरि यातैं उपरिवर्ती अश्वकर्ण कालके सर्व समयनिकेविषैं भी ऐसैं ही अल्पबहुत्वका क्रम लीए अनुभाग सत्त्व जानना ॥४८१॥

**आदोलस्स य पढमे णिव्वत्तिदअपुव्वफड्डयाणि बहू ।**
**पडिसमयं पलिदोवममूलासंखेज्जभागभजियकमा[1] ॥४८२॥**

**आंदोलस्य च प्रथमे निर्वर्तितापूर्वस्पर्धकानि बहूनि ।**
**प्रतिसमयं पलिदोपममूलासंख्येयभागभजितक्रमं ॥४८२॥**

स० चं०—आंदोल कहिए अश्वकर्ण ताका प्रथम समयविषै जे अपूर्व स्पर्धक कीए ते बहुत है। पीछे समय-समय प्रति पल्यके वर्गमूलका असंख्यातवां भागकरि भाजित क्रम लीए जानने। प्रथम समयविषै कीए अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाणकौं पल्यके वर्गमूलका असंख्यातवां भागका भाग दीए द्वितीय समयविषै नवीन कीए अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण हो है। याकौं पल्य वर्गमूलका असंख्यातवां भागका भाग दीए तृतीय समयविषै कीए नवीन अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण हो है। ऐसैं ही अपूर्व स्पर्धककरण कालका अंत समय पर्यंत क्रम जानना ॥४८२॥

**आदोलस्स य चरिमे अपुव्वादिमवग्गणाविभागादो ।**
**दोचढिमादीणादी चढिदव्वा मेत्तणंतगुणा[2] ॥४८३॥**

**आंदोलस्य च चरमेऽपूर्वादिमवर्गणाविभागात् ।**
**द्विचटितादीनामादिः चटितव्या मात्रानंतगुणा ॥४८३॥**

स० चं०—ऐसैं क्रमतैं अपूर्व स्पर्धक होतैं अपूर्व स्पर्धक सहित अश्वकर्ण कालका अंत समयविषै सर्व अपूर्व स्पर्धक भए। तहां प्रथम समय स्पर्धककी आदि वर्गणाविषै अनुभागके अविभागप्रतिच्छेद स्तोक हैं। तातैं दूसरे स्पर्धककी आदि वर्गणाविषै दूणे, तीसरे स्पर्धककी आदि वर्गणाविषैं तिगुणे ऐसैं जेथवां स्पर्धक होइ तिसकी आदि वर्गणाविषै तितनेगुणे होंइ सो अनंतगुणा पर्यंत चढना। अंत स्पर्धककी आदि वर्गणाविषैं अनंतगुणे हो हैं ऐसा जानना। इहां विवक्षित वर्गणाकी

---

भागसंतकम्ममणंतगुणं। माणस्स अणुभागसंतकम्ममणंतगुणं। कोहस्स अणुभागसंतकम्ममणंतगुणं।
—क० चु० पृ० ७९५।

१. क० चु० पृ० ७९६।

२. चरिमसमए लोभस्स अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए अविभागपलिच्छेदग्गं थोवं। विदियस्स अपुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदग्गं दुगुणं। तदियस्स अपुव्वफद्दयस्स आदिवग्गणाए अविभागपलिच्छेदग्ग तिगुणं। एवं मायाए माणस्स कोहस्स च। —क० चु० पृ० ७९६।

एक-एक परमाणूविषै पाइए हैं जे अविभागप्रतिच्छेद तिनिकी अपेक्षा अल्पबहुत्व कह्या है। सर्व परमाणू अपेक्षा किंचित् ऊन दूणा तिगुणा क्रम जानना। ऐसैं पूर्वं ही यतिवृषभ आचार्यकरि प्रतिपादन कीया है। च्यारयो कषायनिविषै ऐसैं ही क्रम जानना ॥४८३॥

**आदोलस्स य पढमे रसखंडे पाडिदे अपुव्वादो।**
**कोहादी अहियकमा पदेसगुणहाणिफड्ढया तत्तो ॥४८४॥**
**होदि असंखेज्जगुणं इगिफड्ढयवग्गणा अणंतगुणा।**
**तत्तो अणंतगुणिदा कोहस्स अपुव्वफड्ढयाणं च ॥४८५॥**
**माणादीणहियकमा लोभगपुव्वं च वग्गणा तेसिं।**
**कोहो त्ति य अट्ठ पदा अणंतगुणिदक्कमा होंति ॥४८६॥**

**आदोलस्य च प्रथमे रसखंडे पातिते अपूर्वात्।**
**क्रोधात् अधिकक्रमाः प्रदेशगुणहानिस्पर्धकास्ततः ॥४८४॥**
**भवति असंख्येयगुणं एकस्पर्धकवर्गणा अनंतगुणा।**
**ततः अनंतगुणितं क्रोधस्य अपूर्वस्पर्धकानां च ॥४८५॥**
**मानादीनामधिकक्रमं लोभगपूर्वं च वर्गणा तेषां।**
**क्रोध इति च अष्ट पदानि अनंतगुणितक्रमाणि भवंति ॥४८६॥**

स० चं०—अश्वकर्णका प्रथम समय अनुभागकांडकका घात होत संतै भए ऐसे क्रोधके अपूर्व स्पर्धक स्तोक है। तातैं मानके अपूर्व स्पर्धक विशेष अधिक हैं। तातैं मायाके अपूर्व स्पर्धक विशेष अधिक हैं। तातैं लोभके अपूर्व स्पर्धक विशेष अधिक हैं। बहुरि तातैं प्रदेशसम्बन्धी एक गुणहानिविषै स्पर्धकनिका प्रमाण असंख्यातगुणा है, जातैं याकौं असंख्यातका भाग दीएं अपूर्व-स्पर्धकनिका प्रमाण आवै है। तातैं अपूर्वस्पर्धकनिका प्रमाणकौं असंख्यात करि गुणें याका प्रमाण भया कह्या। बहुरि तातैं एक स्पर्धकविषै पाइए जे वर्गणा तिनका प्रमाण अनंतगुणा है, जातैं पूर्व वा अपूर्व स्पर्धकविषैं वर्गणा अभव्य राशितैं अनन्तगुणी वा सिद्धराशिके अनन्तवें भागमात्र पाइए है। तातैं अनन्तका गुणकार संभवै है। बहुरि तिनतैं क्रोधके सर्व अपूर्व स्पर्धक-निकी वर्गणाका प्रमाण अनन्तगुणा है, जातैं एक स्पर्धककी वर्गणाका प्रमाण कह्या ताकौं क्रोधके अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण प्रदेशसम्बन्धी गुणहानिविषै स्पर्धकनिके प्रमाणके असंख्यातवां भागमात्र प्रमाणकरि गुणें यहु हो है। बहुरि तातैं मानके सर्व अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणा विशेष अधिक हैं। तिनतैं मायाके सर्व अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणा विशेष अधिक है। तातैं लोभके सर्व अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणा विशेष अधिक है। इहां इनके अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण विशेष अधिक क्रम लीएं है। तातैं तिनकी वर्गणानिका प्रमाण भी विशेष अधिक क्रम लीएं कह्या। बहुरि लोभके अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणानिका प्रमाणतैं लोभके पूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण अनन्तगुणा है, जातैं लोभके अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण प्रदेशगुणहानिकी स्पर्धकशलाकाके असंख्यातवें भागमात्र, ताकौं एक स्पर्धककी वर्गणाका प्रमाणकरि गुणैं लोभके अपूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणानिका प्रमाण हो

१. क० चु० पृ० ७९६–७९७।

है अर एक गुणहानिकी स्पर्धक शलाकाकौं प्रदेशसम्बन्धी नाना गुणहानिकरि गुणैं लोभके पूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण हो है। सो इहां एक स्पर्धककी वर्गणाका प्रमाणतैं नाना गुणहानिका प्रमाण अनन्तगुणा है। तातैं अनन्तका गुणकार संभवै है। बहुरि तातैं लोभके पूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणाका प्रमाण अनंतगुणा है, जातै ताकौं एक स्पर्धककी वर्गणा शलाकाकरि गुणैं यहु हो है। बहुरि तिसतैं मायाके पूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण अनंतगुणा है, जातैं प्रथम अनुभागकांडकका घात कीए पीछैं अनुभागसत्त्व अश्वकर्णके आकार भया है तातैं अनंतगुणापना संभवैं है। बहुरि तातैं मायाके पूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणाका प्रमाण अनंतगुणा है। तातैं मानके पूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण अनंतगुणा है। तातैं मानके पूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणानिका प्रमाण अनंतगुणा है। तातैं क्रोधके पूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण अनंतगुणा है। तातैं क्रोधके पूर्व स्पर्धकनिकी वर्गणानिका प्रमाण अनन्तगुणा है। इनविषैं कारण पूर्वोक्त हो है। ऐसैं अल्पबहुत्व जानना ॥४८४-४८६॥

**रसठिदिखंडाणेवं संखेज्जसहस्सगाणि गंतूणं।**
**तत्थ य अपुव्वफड्डयकरणविही णिट्ठिदा होई[1] ॥४८७॥**

**रसस्थितिखंडानामेवं संख्येयसहस्रकाणि गत्वा।**
**तत्र च अपूर्वस्पर्धककरणविधिर्निष्ठिता भवति ॥४८७॥**

स० चं—ऐसैं क्रमकरि हजारौं अनुभागकांडक भए एक स्थितिकांडक होइ, ऐसैं संख्यात हजार स्थितिकांडक जाविषैं होंइ ऐसा अन्तर्मुहूर्तमात्र अश्वकर्णकरणका काल भए तहां अपूर्व स्पर्धक करणकी विधि है सो निष्ठिता कहिए पूर्ण भई। भावार्थ यहु—अपूर्व स्पर्धक क्रिया सहित अश्वकर्णका काल समाप्त भया। आगैं कृष्टिक्रिया सहित अश्वकर्ण क्रिया होसी ऐसा यतिवृषभ आचार्यका तात्पर्य जानना ॥४८७॥

**हयकण्णकरणचरिमे संजलणाणट्ठवस्सठिदिबंधो।**
**वस्साणं संखेज्जसहस्साणि हवंति सेसाणं[2] ॥४८८॥**

**हयकर्णकरणचरमे संज्वलनानामष्टवर्षस्थितिबंधः।**
**वर्षाणां संख्येयसहस्राणि भवंति शेषाणां ॥४८८॥**

स० चं०—अपूर्व स्पर्धक सहित अश्वकर्णकरण कालका अन्त समयविषै संज्वलन चतुष्टयका आठ वर्षमात्र स्थितिबंध है। ताका प्रथम समयविषैं सोलह वर्षमात्र था सो एक एक स्थिति बंधापसरणविषैं अन्तर्मुहूर्तमात्र घाटि इहां अवशेष आठ वर्षमात्र रहै है। बहुरि अवशेष कर्मनिका स्थितिबंध संख्यात हजार वर्षप्रमाण है। ताका प्रथम समयविषैं संख्यात हजार वर्षमात्र था सो एक एक स्थिति बंधापसरण विषैं संख्यातगुणा घादि संख्यात हजार स्थितिबंधापसरणनिकरि घट्या परंतु आलापकरि इतना ही कहिए है ॥४८८॥

---

१. एवमंतोमुहुत्तमस्सकण्णकरणं। —क० चु० पृ० ७९७।

२. अस्सकण्णकरणस्स चरिमसमए संजलणाणं ट्ठिदिबंधो अट्ठवस्साणि। सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। —क० चु० पृ० ७९७।

**ठिदिसत्तमघादीणं असंखवस्साण होंति घादीणं ।**
**वस्साणं संखेज्जसहस्साणि हवंति णियमेण[1] ॥४८९॥**

**स्थितिसत्त्वमघातिनामसंख्यवर्षा भवंति घातिनाम् ।**
**वर्षाणां संख्येयसहस्राणि भवंति नियमेन ॥४८९॥**

स० चं—बहुरि तिस ही अंत समयविषैं अघातिया नाम गोत्र वेदनीय तिनका स्थितिसत्त्व असंख्यात वर्षमात्र है। प्रथम समयविषैं असंख्यात वर्षमात्र था सो असंख्यातगुणा घटता क्रम लीए संख्यात हजार स्थिति कांडकनिकरि घटया तथापि आलापकरि इतना ही कहिए। बहुरि च्यारि घातिया कर्मनिका स्थितिसत्त्व संख्यात वर्षमात्र है। प्रथम समयविषैं भी संख्यात वर्षमात्र था सो संख्यातगुणा घटता क्रम लीए संख्यात हजार स्थिति कांडकनि करि घटया परंतु सामान्य आलाप करि इतना ही कहिए है ॥४८९॥

इति अपूर्वस्पर्धक—अधिकार समाप्त।

●

स० चं०—अब अपूर्व स्पर्धक करनेका कालके अनंतरि समयतैं लगाय कृष्टिकरणका काल है। जिस करणतैं कर्मका अनुभाग कृष कहिये हीन करिए सो सार्थक नाम कृष्टि जानना, सो दोय प्रकार है—वादर कृष्टि १ सूक्ष्म कृष्टि १। तहां संज्वलन कषायनिके पूर्व अपूर्व स्पर्धक जैसैं ईंटनिकी पंक्ति होइ तैसैं अनुभागका एक एक अविभाग प्रतिच्छेद बधती लीएं परमाणूनिका समूहरूप जो वर्गणा तिनके समूहरूप हैं। तिनके अनंतगुणा घटता अनुभाग होनेकरि स्थूल स्थूल खण्ड करिए सो वादर कृष्टिकरण है अर तिन स्थूल खण्डनिका अनंतगुणा घटता अनुभागरूप करि सूक्ष्म सूक्ष्म खण्ड करिए सो सूक्ष्मकृष्टिकरण है तहां वादर कृष्टिकरणका काल प्रमाण जाननेकौं सूत्र कहै हैं—

**छक्कम्मे संछुद्धे कोहे मोहस्स वेदगद्धा जा ।**
**तस्स य पढमतिभागो होदि हु हयकण्णकरणद्धा ॥४९०॥**

**षट्कर्मणि संक्षुब्धे क्रोधे क्रोधस्य वेदकाद्धा या ।**
**तस्य च प्रथमत्रिभागः भवति हि हयकर्णकरणाद्धा ॥४९०॥**

**विदियतिभागो किट्टीकरणद्धा किट्टिवेदगद्धा हु ।**
**तदियतिभागो किट्टकरणो हयकण्णकरणं च[2] ॥४९१॥**

---

१. णामा-गोद-वेदणीयाणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि वस्साणि। चउण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। —क० चु० पृ० ७९७।

२. छसु कम्मेसु संछुद्धे सु जो कोधवेदगद्धा तिस्से कोधवेदगद्धाए तिण्णि भागा। जो तत्थ पढमतिभागो अस्सकण्णकरणद्धा, विदियो तिभागो किट्टीकरणद्धा, तदियतिभागो किट्टीवेदगद्धा। —क० चु० पृ०७९७।

**द्वितीयत्रिभागः कृष्टिकरणाद्धा कृष्टिवेदकाद्धा हि ।**
**तृतीयत्रिभागः कृष्टिकरणं हयकर्णकरणं च ।।४९१।।**

स० चं०—छह नोकषायनिकौं संज्वलन क्रोधविषैं संक्रमणकरि नाश करनेके अनंतरि समयतैं लगाय जो अंतर्मुहूर्तमात्र क्रोधवेदक काल है ताकौं संख्यातका भाग देइ तहां बहुभागके समानरूप तीन भाग करिए। बहुरि अवशेष एक भागकौं संख्यातका भाग देइ तहां बहुभागकौं प्रथम त्रिभागविषैं जोडिए। बहुरि अवशेष एक भागकौं संख्यातका भाग देइ तहां बहुभाग दूसरा त्रिभागविषैं जोडिए। अवशेष एक भाग तीसरा त्रिभागविषैं जोडिए ऐसैं करतैं पहिला त्रिभाग साधिक भया, सो तौ अपूर्व स्पर्धकसहित अश्वकर्णकरणका काल है सो पूर्वैं होइ गया। बहुरि दूसरा त्रिभाग किंचित् ऊन है सो च्यारि संज्वलन कषायनिका कृष्टि करनेका काल है सो अब वर्तैं है। बहुरि तीसरा त्रिभाग किंचिदून है सो क्रोधकृष्टिका वेदककाल है सो आगें प्रवर्तिसी[१]। बहुरि इस कृष्टिकरण कालविषैं भी अश्वकर्णकरण पाइए हैं। जातैं इहां भी अश्वकर्णके आकारि संज्वलन कषायनिका अनुभागसत्त्व वा अनुभागकांडक वर्तैं है। तातैं इहां कृष्टिसहित अश्वकर्णकरण पाइए है ऐसा जानना। तहां प्रथम समयविषैं एक स्थितिबंधापसरण होने करि संज्वलनचतुष्कका अंतर्मुहूर्त घाटि आठ वर्षप्रमाण अन्य कर्मनिका पूर्व स्थिति बंधतैं संख्यातगुणा घटता संख्यात वर्षप्रमाण स्थितिबंध हो है[२]। बहुरि एक स्थितिकांडक घात होने करि घातिया च्यारि कर्मनिका पूर्व स्थिति सत्त्वतैं संख्यात बहुभागमात्र घटता संख्यात हजार वर्षमात्र अर तीन अघातियानिका पूर्व स्थिति सत्त्वतैं असंख्यात बहुभागमात्र घटता असंख्यात वर्षमात्र स्थितिसत्त्व पाइए है[३] ।।४९१।।

**कोहादीणं सगसगपुव्वापुव्वगयफड्ढयेहिंतो ।**
**ओकड्ढिदूण दव्वं ताणं किट्टी करोदि कमे[४] ।।४९२।।**

**क्रोधादीनां स्वकस्वकपूर्वापूर्वगतस्पर्धकान् ।**
**अपकर्षयित्वा द्रव्यं तेषां कृष्टिं करोति क्रमेण ।।४९२।।**

स० चं०—संज्वलन क्रोध मान माया लोभनिका अपना अपना पूर्व अपूर्वस्पर्धकरूप जो सर्व द्रव्य ताकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ एक भागमात्र द्रव्य ग्रहि यथाक्रम लीए तिन क्रोधादिकनिकी कृष्टि करै है ।।४९२।।

---

१. एदाओ तिण्णि वि अद्धाओ सरिसीओ ण होंति। किंतु पढमतिभागो बहुओ, विदियतिभागो विसेसहीणो, तदियतिभागो विसेसहीणो त्ति घेत्तव्वो। जयध. प्र. पृ. ६९६०–६१।

२. संजलणाणमेयट्ठिदिबंधो अंतोमुहुत्तूणट्ठवस्समेत्तो। सेसाणं कम्माणं पुव्विल्लट्ठिदिबंधादो संखेज्जगुणहीणो। क. चु. पृ. ७९८।

३. अण्णं ट्ठिदिखंडयं चदुण्हं घादिकम्माणं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। णामा-गोद-वेदणीयाणमसंखेज्जा भागा। क. चु. पृ. ७९८।

४. पढमसमयकिट्टीकारगो कोधादो पुव्वफद्दएहिंतो च अपुव्वफद्दएहिंतो च पदेसग्गमोकड्डियूण कोहकिट्टीओ करेदि। माणादो ओकड्डियूण माणकिट्टीओ करेदि। मायादो ओकड्डियूण मायाकिट्टीओ करेदि। लोभादो ओकड्डियूण लोभकिट्टीओ करेदि। —क. चु. पृ. ७९८।

**ओक्कट्टिददव्वस्स य पल्लासंखेज्जभागबहुभागो ।**
**बादरकिट्टिणिबद्धो फड्ढयगे सेसइगिभागो ॥४९३॥**

**अपकर्षितद्रव्यस्य च पल्यासंख्येयभागबहुभागः ।**
**बादरकृष्टिनिबद्धः स्पर्धके शेषैकभागः ॥४९३॥**

स० चं०—अपकर्षण कीया जो द्रव्य ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभागमात्र द्रव्य तौ बादर कृष्टिसम्बन्धी है। याकरि बादर कृष्टि निपजै है। अवशेष एक भाग-मात्र द्रव्य पूर्व-अपूर्व स्पर्धकनिविषै निक्षेपण करिए है ॥४९३॥

**किट्टीयो इगिफड्ढयवग्गणसंखाणणंतभागो दु[1] ।**
**एक्केक्कम्हि कसाये तिग तिग अहवा अणंता वा[2] ॥४९४॥**

**कृष्टय एकस्पर्धकवर्गणासंख्यानामनंतभागस्तु ।**
**एकैकस्मिन् कषाये त्रिकत्रिकमथवा अनंता वा ॥४९४॥**

स० चं०—एक एक अविभागप्रतिच्छेद बंधनेका क्रम लीएं प्रत्येक सिद्धराशिका अनंतवां भागमात्र परमाणूका समूहरूप ईंटनिकी पंक्तिके आकार जे वर्गणा, ते एक स्पर्धकविषै, एक गुणहानिविषै जेते स्पर्धक पाइए तिनतैं अनंतगुणी पाईए है। सो ऐसैं एकस्पर्धकविषैं जो वर्गणानिका प्रमाण ताकौं वर्गणाशलाका कहिए। ताके अनंतवें भागमात्र सर्व कृष्टिनिका प्रमाण है। अनुभागका स्तोक बहुत अपेक्षा कृष्टिनिका विभाग करिए है। तहां एक एक कषायविषै संग्रह कृष्टि तीन-तीन हैं। बहुरि एक एक संग्रह कृष्टिविषै अंतर कृष्टि अनंत हैं। तहां नीचैं ही नीचैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टि है तिसविषै अन्तर कृष्टि अनंत हैं। ताके ऊपरि लोभको द्वितीय संग्रह कृष्टि है। तहां अन्तर कृष्टि अनन्त हैं। ताके ऊपरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टि है। तहां अन्तर कृष्टि अनंत हैं। ऐसैं ही क्रोधको तृतीय संग्रह कृष्टि पर्यंत अवशेष नव संग्रह कृष्टि जाननी। तहां एक एक संग्रह कृष्टिविषै अनंत अनंत अन्तर कृष्टि जाननी। एक प्रकार बंधता गुणकाररूप जो अन्तर कृष्टि तिनके समूह ही का नाम संग्रह कृष्टि जानना[3] ॥४९४॥

**अकसायकसायाणं दव्वस्स विभंजणं जहा होई ।**
**किट्टिस्स तहेव हवे कोहो अकसायपडिबद्धं[1] ॥४९५॥**

---

१. एदाओ सव्वाओ वि चउव्विहाओ किट्टीओ एयफद्दयवग्गणाणमणंतभागो पमाणादो। क० चु० पृ० ७९८।

२. एत्थ ताव कोहादिसंजलणकिट्टीओ पादेक्कं तीहिं पविभागाहि रचेदव्वाओ। एवं रचणाए कदाए एक्केक्कस्स कसायस्स तिण्णि तिण्णि संगहकिट्टीओ। जयध० पृ० ६९६५।

३. लोहस्स जहण्णिया किट्टी थोवा। विदिया किट्टि अणंतगुणा। एवमणंतगुणाए सेढीए जाव पढ-माए संगहकिट्टीए चरिमकिट्टि त्ति। तदो विदियाए संगहकिट्टीए जहण्णिया किट्टी अणंतगुणा। एत्थ गुणगारो बारसण्हं पि संगहकिट्टीणं सत्थाणगुणगारेहि अणंतगुणो। विदियाए संगहकिट्टीए सो चेव कमो जो पढमाए संगहकिट्टीए। तदो पुण विदियाए च तदियाए च संगहकिट्टीणमंतरं तारिसं चेव।''''क० चु० पृ० ७९८-७९९।

**अकषायकषायाणां द्रव्यस्य विभंजनं यथा भवति ।**
**कृष्टेस्तथैव भवेत् क्रोधः अकषायप्रतिबद्धः॥४९५॥**

स० चं०—अकषाय कहिए नोकषाय अर कषाय इनिके द्रव्यका विभाग जैसें हो है तैसें ही इन कृष्टिनिके प्रमाणका विभाग जानना। बहुरि नोकषायसम्बन्धी कृष्टि हैं ते क्रोधकी कृष्टिनिविषैं जोडनी, जातैं नोकषायनिका सर्व द्रव्य संज्वलन क्रोधरूप संक्रमण भया है। तहां द्रव्य विभाग कैसें हो है ? सो कहिए है—

पूर्वें अपूर्व स्पर्धककरण कालविषै जैसें अनुक्रम कहि आए हैं तिस अनुक्रम करि सर्व चारित्रमोहका द्रव्य साधिक द्व्यर्ध गुणहानिगुणित प्रथम वर्गणामात्र है। तहां लोभका द्रव्य साधिक आठवां भागमात्र, मायाका किंचिदून आठवां भागमात्र, मानका किंचिदून आठवां भागमात्र, क्रोधका किंचिदून आठवां भागमात्र अर याहीमें किंचिदून द्वितीय भागमात्र नोकषायका द्रव्य मिलाएं क्रोधका द्रव्य पांचगुणा किंचिदून आठवां भागमात्र हो हैं। बहुरि इस अपने अपने द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं अपना अपना अपकर्षण कीया द्रव्यका प्रमाण आवै है। याकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं एक भागमात्र द्रव्य पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिविषै देना है। ताकौं जुदा राखि अवशेष बहुभागनिविषै क्रोधविषैं जो नोकषायनिका द्रव्य मिल्या ताकौं जुदा कीएं जो अपना अपना द्रव्य रह्या ताकौं जुदा जुदा पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभागनिके समानरूप तीन पुंज करने। बहुरि अवशेष एक भागकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभाग प्रथम पुंजविषैं जोडने। बहुरि अवशेष एक भागकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभाग द्वितीय पुंजविषै जोडने। अवशेष एक भाग तृतीय पुंजविषैं जोडना। ऐसैं साधिक त्रिभागमात्र प्रथम पुंज सो अपनी अपनी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्य है। किंचिदून त्रिभागमात्र द्वितीय पुंज सो अपनी अपनी द्वितीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य है। किंचिदून त्रिभागमात्र तृतीय पुंज सो अपनी अपनी तृतीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य है। बहुरि नोकषायसम्बंधी सर्व द्रव्यकौं क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टि विषै मिलावना। या प्रकार कृष्टिसम्बन्धी सर्व द्रव्यकौं चौईसका भाग दीएं क्रोधकी तृतीय कृष्टिका तेरह भागमात्र अर अन्य ग्यारह कृष्टिनिका एक एक भागमात्र द्रव्य हो है। तहां लोभकी कृष्टिविषैं साधिकपना अन्यत्र किंचित् न्यूनपना यथासम्भव जानना। ऐसैं द्रव्यका विभाग कीया। बहुरि याही प्रकार अब कृष्टिके प्रमाणका विभाग करिए है—

एक स्पर्धककी वर्गणा शलाकाके अनंतवे भागमात्र सर्व कृष्टिनिका प्रमाण है। ताकौं आवलीके असंख्यातवां भागका भाग दीएं तहां बहुभागके समान दोय भागकरि अवशेष एक भागकौं प्रथम समान भागविषै मिलाएं साधिक आधा तौ कषायनिके द्रव्यकरि कीया कृष्टिनिका प्रमाण हो है अर द्वितीय समान भागमात्र किंचिदून आधा नोकषायनिके द्रव्यकरि कीया कृष्टिनिका प्रमाण हो है। बहुरि कषायसम्बन्धी कृष्टिनिके प्रमाणकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भाग जुदा राखि बहुभागनिके समानरूप च्यारि भाग करने। बहुरि अवशेष एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभाग प्रथम समान भागविषै मिलाएं साधिक चौथा भागमात्र लोभकी कृष्टिनिका प्रमाण हो है। बहुरि अवशेष एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं तहां बहुभाग दूसरे समान भागविषै मिलाएं किंचिदून चतुर्थ भागमात्र मायाकी कृष्टिनिका प्रमाण हो है। बहुरि अवशेष एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभाग तीसरा समान भागविषै मिलाएं किंचिदून चौथा

भागमात्र क्रोधकी कृष्टिनिका प्रमाण हो है। बहुरि अवशेष एक भाग चौथा समान भागविषै मिलाएं किंचिदून चौथा भागमात्र मानकी कृष्टिनिका प्रमाण हो है। बहुरि नोकषायनि-सम्बन्धी कृष्टिनिका प्रमाण क्रोधकी कृष्टिनिका प्रमाणविषै जोडना। ऐसैं सर्व कृष्टिनिका प्रमाणकौं आठका भाग देइ तहां एक एक भागमात्र लोभ माया मानकी, पांच भागमात्र क्रोधकी कृष्टिनिका प्रमाण हो है। तहां लोभकीविषै साधिकपना अन्यकोविषै किंचित् न्यूनपना यथासम्भव जानना। बहुरि क्रोधकी कृष्टिनिविषै नोकषायसम्बन्धी कृष्टि जुदी कीए अवशेष अपना अपना कृष्टिनिका जो प्रमाण ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभागके समान तीन भाग करिए। बहुरि अवशेष एक भागकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभाग प्रथम समान भागविषै मिलाएं अपना अपना प्रथम संग्रह कृष्टिका आयाम साधिक हो है। बहुरि अवशेष एक भागकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभाग द्वितीय समान भागविषै जोडैं अपना अपना द्वितीय संग्रह कृष्टिका आयाम किंचित् ऊन हो है। बहुरि अवशेष एक भाग तीसरा समान भागविषै जोडैं अपनी अपनी तृतीय संग्रह कृष्टिका आयाम किंचित् ऊन हो है। बहुरि नोकषाय सम्बन्धी कृष्टिनिका प्रमाण ताकौं क्रोधकी तृतीय संग्रहकृष्टिका आयामविषै जोडना। ऐसैं सर्व कृष्टिनिका प्रमाणकौं चौईसका भाग देइ तहां क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिका आयाम तेरह भाग-मात्र अन्य ग्यारह संग्रह कृष्टिनिका आयाम एक भागमात्र हो है। तहां लोभकीविषै साधिकपना अन्यत्र किंचित् न्यूनपना यथासम्भव जानना। इहां संग्रह कृष्टिविषै जितनी अन्तर कृष्टिका प्रमाण होइ तीहिंका नाम संग्रह कृष्टिका आयाम है ॥४९५॥

**पढमादिसंगहाओ पल्लासंखेज्जभागहीणाओ।**
**कोहस्स तदीयाए अकसायाणं तु किट्टीओ[1] ॥४९६॥**

**प्रथमादिसंग्रहाः पल्यासंख्येयभागहीनाः।**
**क्रोधस्य तृतीयायामकषायानां तु कृष्टयः ॥४९६॥**

स० चं०—पूर्वोक्त प्रकार करि प्रथम आदि बारह संग्रह कृष्टिनिका आयाम है सो पल्यका असंख्यातवां भागका क्रमकरि घटता जानना। बहुरि नोकषायसम्बन्धी सर्व कृष्टितैं क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं प्राप्त जानना ॥४९६॥

**कोहस्स य माणस्स य मायालोभोदएण चडिदस्स।**
**बारस णव छत्तिण्णि य संगहकिट्टी कमे होंति[2] ॥४९७॥**

**क्रोधस्य च मानस्य च मायालोभोदयेन चटितस्य।**
**द्वादश नव षट् त्रीणि च संग्रहकृष्टयः क्रमेण भवंति ॥४९७॥**

स० चं—संज्वलन क्रोधका उदय सहित जो जीव श्रेणी चढ़ै ताकैं तो च्यारयो कषायनिकी बारह संग्रह कृष्टि हो हैं। बहुरि मानका उदय सहित श्रेणी चढ़ै ताकैं क्रोधका पहिले ही संक्रमण करि क्षय होइ, तातैं अवशेष तीन कषायनिकी नव संग्रह कृष्टि हो हैं। बहुरि मायाका उदय सहित जो श्रेणी चढ़ै ताकैं क्रोध मानका पहलैं ही संक्रमणकरि क्षय होइ, तातैं दोय कषायनिकी छह संग्रह कृष्टि हो हैं। बहुरि लोभका उदय सहित जो श्रेणी चढ़ै ताकैं क्रोध मान मायाका

१. क० गा० १६३। २. क० गा० १६५।

पहलैंही संक्रमण करि क्षय होइ, तातैं एक लोभ हीकी तीन संग्रह कृष्टि हो हैं। तहां जेती संग्रह कृष्टि होंइ तिनहीविषैं कृष्टि प्रमाणका विभाग यथासंभव जानना ।।४९७।।

**संगहगे एक्केक्के अंतरकिट्टी हवदि हु अणंता ।**
**लोभादि अणंतगुणा कोहादि अणंतगुणहीणा[1] ।।४९८।।**

**संग्रहके एकैकस्मिन् अंतरकृष्टिः भवति हि अनंता ।**
**लोभादौ अनंतगुणा क्रोधादौ अनंतगुणहीना ।।४९८।।**

स० चं—एक एक संग्रह कृष्टि विषैं अन्तर कृष्टि अनंत पाइए हैं जातैं अनंती कृष्टिनिके समूहका ही नाम संग्रह कृष्टि है। बहुरि तहां कृष्टिनिविषै लोभतैं लगाय क्रमतैं अनंतगुणा बंधता अर क्रोधतैं लगाय क्रमतैं अनंतगुणा घटता अनुभाग पाइए है। सोई कहिए है—

लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टि विषैं जो जघन्य कृष्टि है सो स्तोक है। सर्वतैं मंद अनुभाग सहित है। तातैं ताकी दूसरी कृष्टि अनंतगुणी है। अभव्यराशितैं अनंतगुणा वा सिद्ध राशिके अनंतवे भागमात्र अनंतप्रमाण लीएं जो गुणकार तिस करि जघन्य कृष्टिके अनुभागकौं गुणैं द्वितीय कृष्टिका अनुभाग हो है। ऐसै ही आगे भी जानना। बहुरि दूसरी कृष्टितैं तीसरी कृष्टि अनंतगुणी है। ऐसैं ही प्रथम संग्रह कृष्टिकी अंत कृष्टि पर्यंत अनुक्रम जानना। बहुरि तिस प्रथम संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टितैं द्वितीय संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टि अनंतगुणी है, सो इहां गुणकारका प्रमाण अन्य प्रकार हो है, जातैं इहां परस्थान गुणकार भया सो सर्व स्वस्थान गुणकारनितैं यहु अनंतगुणा है, सो ऐसैं गुणकारका भेद ही करि संग्रह कृष्टिनिका भेद भया है। कृष्टिनिका अनुभाग विषैं गुणकारका प्रमाण यावत् एक प्रकार बंधता भया तावत् सो ही संग्रह कृष्टि कही। बहुरि जहां नीचली कृष्टितैं ऊपरली कृष्टिका गुणकार अन्य प्रकार भया तहांतैं अन्य संग्रह कृष्टि कही है। सो इस कथनकौं आगैं व्यक्त करि दिखाइऐगा। बहुरि द्वितीय कृष्टिकी जघन्य कृष्टितैं ताकी द्वितीय कृष्टि अनंतगुणी है। ऐसैं अन्त कृष्टि पर्यंत क्रम जानना। बहुरि द्वितीय कृष्टिकी अन्त कृष्टितैं तृतीय कृष्टिकी जघन्य कृष्टि अनंतगुणी हैं। इहां परस्थान गुणकार जानना। तातैं ताकी द्वितीयादि अंत पर्यंत कृष्टि क्रमतैं अनंतगुणी है। ऐसैं लोभ की तीन संग्रह कृष्टि भईं। बहुरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टितैं मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टि अनन्तगुणी है। बहुरि लोभवत् क्रम जानना। बहुरि मायाकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टितैं मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टि अनन्तगुणी है। बहुरि पूर्वोक्त प्रकार क्रम जानना। बहुरि मानकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टितैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टि अनन्तगुणी है। बहुरि पूर्वोक्त प्रकार क्रम जानना। बहुरि क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टितैं अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणा अनन्तगुणी है, जातैं कृष्टिका अनुभागतैं स्पर्धकका अनुभाग अनन्तगुणापनेकौं लीए है। इहां गुणकार अनुभाग अपेक्षा ही जानना ।।४९८।।

विशेष—यहाँ क्रोधादिकसे प्रत्येककी संग्रह कृष्टियां तीन तीन रचनी चाहिये। इस प्रकार एक-एक कषायकी तीन-तीन संग्रह कृष्टियाँ होती हैं। इस प्रकार कुल संग्रह कृष्टियाँ बारह हो जाती हैं। उनमेंसे सबसे नीचे लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टि होती है। उसकी अवान्तर कृष्टियाँ अनन्त होती हैं। उसके ऊपर लोभकी दूसरी संग्रह कृष्टि होती है। उसकी भी अवान्तर कृष्टियाँ

१. धवला पु० ६, पृ० ३७५–३७६।

अनन्त होती हैं। उसके ऊपर लोभकी तीसरी संग्रह कृष्टि होती है। उसकी भी संग्रह कृष्टियाँ अनन्त होती हैं। इसी प्रकार शेष संग्रह कृष्टियोंका भी आगमके अनुसार विचार कर लेना चाहिये। तीव्र-मन्दताकी अपेक्षा विचार करने पर लोभकी जघन्य कृष्टि सबसे मन्द अनुभागवाली होनेसे स्तोक है। उससे दूसरी कृष्टि अनन्तगुणी है। यहाँ गुणकारका प्रमाण अभव्यराशिसे अनन्तगुणा और सिद्धराशिके अनन्तवें भागप्रमाण है। इस प्रकार प्रथम संग्रह कृष्टिकी अन्तिम संग्रह कृष्टिके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर तृतीयादि कृष्टियाँ अनन्तगुणी-अनन्तगुणी जाननी चाहिये। इस प्रकार जो प्रथम संग्रह कृष्टिकी अन्तिम अवान्तर कृष्टि प्राप्त होती है उससे दूसरी संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टि अनन्तगुणी है। यहाँ गुणकार क्या है इसका निर्देश करते हुए बतलाया है कि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी अवान्तर कृष्टियोंको लानेके लिए जो गुणकार ग्रहण किया था वह स्वस्थान गुणकार था। उससे यह गुणकार अनन्तगुणा है, कारण कि स्वस्थान गुणकारसे परस्थान गुणकार अनन्तगुणा है। यह गुणकार कितना बड़ा है इसका माहात्म्य बतलाते हुए लिखा है कि क्रोधकी तीसरी संग्रह कृष्टिका जो अन्तिम स्वस्थान गुणकार है उससे भी अनन्तगुणा देखा जाता है। इसी प्रकार दूसरी संग्रह कृष्टिका भी पूर्ण विचार पूर्वोक्तरूपसे जानना चाहिये। तथा तीसरी संग्रह कृष्टिके सम्बन्धमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। यहाँ पहली और दूसरी संग्रह कृष्टिके मध्य जिस प्रकार अन्तर है उसी प्रकार दूसरी और तीसरी संग्रह कृष्टिके मध्य भी अंतर जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि प्रथम और द्वितीय संग्रह कृष्टिके मध्य जो अन्तर है उससे दूसरी और तीसरी संग्रहकृष्टिके मध्यका अन्तर अनन्तगुणा है। इसे लानेके लिए कृष्टि गुणकार ही लेना चाहिये। यहाँ जो लोभकी संग्रह कृष्टियोंके सम्बन्धमें जो प्ररूपणा की गई उसी प्रकार क्रमसे माया, मान और क्रोधकी संग्रहकृष्टियों तथा उनकी अवान्तर कृष्टियोंके विषयमें जानना चाहिये। अल्पबहुत्वकी अपेक्षा विचार करनेपर लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिका जघन्य कृष्टि अन्तर सबसे स्तोक है। इस जघन्य कृष्टिको जिस गुणकारसे गुणा करनेपर दूसरी कृष्टि उत्पन्न होती है उसकी जघन्य कृष्टि अन्तर संज्ञा है। इससे द्वितीय कृष्टि अन्तर अनन्तगुणा है। तात्पर्य यह है कि दूसरी कृष्टिको जिस गुणकारसे गुणित करने पर तीसरी कृष्टि प्राप्त होती है इस गुणकारका नाम द्वितीय कृष्टि अन्तर है। इसी प्रकार उत्तरोत्तर अन्तिम कृष्टिके प्राप्त होने तक अन्तरका प्रमाण उत्तरोत्तर अनन्तगुणा जानना चाहिये। आगे लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका अन्तर अनन्तगुणा है। यह परस्थान गुणकार है जो सभी स्वस्थान गुणकारोंसे अनन्तगुणा है। आगे दूसरी संग्रह कृष्टिकी जो अनन्त अन्तर कृष्टियाँ है उन्हें प्राप्त करनेके लिए भी गुणकारका प्रमाण उत्तरोत्तर अनन्तगुणा जानना चाहिये। यह एक क्रम है जो स्वस्थान गुणकार और परस्थान गुणकारकी अपेक्षा आगे सभी संग्रह कृष्टियों और उनकी अन्तर कृष्टियों को प्राप्त करनेके लिए जानना चाहिये। विशेष कथन चूर्णिसूत्रों और उनकी जयधवला टीकासे जानना चाहिये। यहाँ मात्र थोड़ेमें निर्देश किया है। यही आगेकी गाथामें स्पष्ट किया गया है।

अब इस कथनके स्पष्ट करनेकों सूत्र कहे हैं—

**लोभादी कोहो त्ति य सट्टाणंतरमणंतगुणिदकमं।**
**तत्तो बादरसंगहकिट्टी अंतरमणंतगुणिदकमं ॥४९९॥**

**लोभादितः क्रोधांतं च स्वस्थानांतरमनंतगुणितक्रमं।**
**ततो बादरसंग्रहकृष्टेरंतरमनंतगुणितक्रमं ॥४९९॥**

स० चं०—लोभतैं लगाय क्रोध पर्यन्त स्वस्थान अन्तर है सो अनन्तगुणा क्रम लीएं है। बहुरि तिस स्वस्थान अन्तरतैं बादर संग्रह कृष्टि तिनका अन्तर अनन्तगुणा क्रम लीएं है। सोई कहिए है—

बादर संग्रह कृष्टि है तहां एक एक संग्रह कृष्टिविषैं अन्तर कृष्टि सिद्धि राशिके अनन्तवें भागमात्र है। बहुरि तिनके अन्तराल एक घाटि कृष्टि प्रमाण हैं, जातैं दोय बीचि अन्तराल एक होइ, तीनि बीचि दोय होंइ ऐसैं विवक्षित प्रमाणविषैं अन्तराल एक घाटि तिस प्रमाणमात्र हो हैं। बहुरि इहां अन्तरकी उत्पत्तिकौं कारण जे गुणकार तिनकौं अन्तर कहिए। जातैं कारणविषैं कार्यका उपचार हो है। बहुरि इहां कृष्टिनिविषैं गुणकार हीका नाम अन्तर भया, तातैं तिनका नाम कृष्टयन्तर कहिए। बहुरि नीचली संग्रह कृष्टि अर ऊपरली संग्रह कृष्टिनिविषैं ग्यारह अन्तर हो हैं, जातैं संग्रह कृष्टि बारहविषैं एक घाटि अन्तरनिका प्रमाण हो है सो इनका नाम संग्रह कृष्टयन्तर कहिए। भावार्थ यहु—जेते अन्तराल होंइ तितनीवार गुणकार होइ तहां स्वस्थान गुणकारनिका नाम कृष्टयन्तर है। परस्थान गुणकारनिका नाम संग्रह कृष्टयन्तर है। एक ही संग्रह कृष्टिविषै नीचली अन्तर कृष्टितैं ऊपरली अन्तर कृष्टिविषैं गुणकार होइ ताकौं तौ स्वस्थान गुणकार कहिए है। बहुरि जहां नीचली संग्रह कृष्टिकी अन्तकी अन्तर कृष्टितैं अन्य संग्रह कृष्टिकी आदि अन्तर कृष्टिविषैं जो गुणकार होइ ताकौं परस्थान गुणकार कहिए हैं। ऐसैं संज्ञा कहि कृष्टयन्तर वा संग्रह कृष्टिनिका अल्पबहुत्व कहिए है। तहां निस्संदेह होनेकौं अंक संदृष्टि करि भी कथन करिए है—

तहां अनन्तकी संदृष्टि दोय अर एक संग्रह कृष्टिविषैं अन्तर कृष्टिनिके प्रमाणकी संदृष्टि च्यारि जाननी। तहां प्रथम लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टि स्थापि ताकौं तिस अनन्त गुणकार करि गुणैं ताकी द्वितीय कृष्टि होइ। तिस गुणकारका नाम जघन्य कृष्टियन्तर है ताकी संदृष्टि दोयका अंक, बहुरि द्वितीय कृष्टिकौं जिस गुणकार करि गुणैं तृतीय कृष्टि होइ तिस गुणकारका नाम द्वितीय कृष्टयन्तर है। सो यहु जघन्य कृष्टयन्तरतैं अनन्तगुणा है। ताकी संदृष्टि च्यारिका अंक, ऐसैं क्रमतैं तृतीयादि कृष्टयन्तर क्रमतैं अनन्तगुणे होंइ, जिस गुणकार करि द्विचरम कृष्टिकौं गुणैं अन्त कृष्टि होइ सो अनन्तका गुणकार द्विचरम गुणकारतैं अनन्तगुणा है, ताकी संदृष्टि आठका अंक, बहुरि इस प्रथम संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टिकौं जिस गुणकार करि गुणैं द्वितीय कृष्टिकी प्रथम कृष्टि होइ सो परस्थान गुणकार है। तातैं याकौं छोडि द्वितीय संग्रह कृष्टिकी प्रथम कृष्टिकौं जिस गुणकार करि गुणैं ताकी द्वितीय कृष्टि होइ सो प्रथम गुणकार पूर्वोक्त अन्तका स्वस्थान गुणकारतैं अनन्तगुणा है। ताकी संदृष्टि सोलहका अंक ऐसैं हीं बीचि बीचि परस्थान गुणकार छोडि एक एक कृष्टि प्रति गुणकारका प्रमाण अनन्तगुणा जानना। सो कृष्टिनिका जेता प्रमाण तिनमैं एक घाटि तौ अन्तराल पाइए अर तहां ग्यारह परस्थान गुणकार पाइए अर एक जघन्य गुणकार हो है। ऐसैं तेरह घटाएं अवशेष जेता प्रमाण तितनी बार जघन्य गुणकारकौं अनन्तकरि गुणैं जो गुणकार भया तिसकरि क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी द्विचरम कृष्टिकौं गुणैं ताकी अन्तर कृष्टि हो है। अंक संदृष्टि करि अठतालीस कृष्टिनिविषैं तेरह घटाएं

पैंतीस रहे सो पैंतीस वार दोयकौं दोय करि गुणैं सोलहगुणा बादाल प्रमाण हो है। बहुरि इहांतैं स्वस्थान गुणकार छोडि बाहुरि करि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी अन्त वर्गणाकौं जिस गुणकार करि गुणैं द्वितीय संग्रह कृष्टिकी प्रथम वर्गणा होइ सो परस्थान गुणकार पूर्वोक्त अन्तका स्वस्थान गुणकारतैं अनन्तगुणा है। ताकी संदृष्टि बत्तीसगुणा बादाल है। बहुरि लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टिकौं जिस गुणकार करि गुणैं लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी प्रथम कृष्टि होइ सो द्वितीय परस्थान गुणकार सो प्रथम परस्थान गुणकारतैं अनन्तगुणा है। बहुरि लोभकी तृतीय कृष्टिकी अन्त कृष्टिकौं जिस गुणकार करि गुणैं मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी प्रथम संग्रह कृष्टि होइ सो तीसरा परस्थान गुणकार द्वितीय परस्थान गुणकारतैं अनन्तगुणा है। याही प्रकार ग्यारह परस्थान गुणकारनिकौं क्रमतैं अनन्तकरि गुणैं क्रोधकी द्वितीय कृष्टिकी अन्त कृष्टिकौं जिस गुणकार करि गुणैं क्रोधकी तृतीय कृष्टिकी प्रथम कृष्टि होइ तिस गुणकार प्रमाण आवै है।

---

यहु गुणकारनिका यन्त्र है तहां पण्णट्ठीकी संदृष्टि ऐसी ६५ = बादालकी ऐसी ४२ = अर इनके आगैं जितनेका अंक तितनेका इनकौं गुणकार जानना।

| नाम | लोभ | माया | मान | क्रोध | |
|---|---|---|---|---|---|
| तृतीय संग्रहकृष्टि-विषै स्वस्थान गुणकार | ५१२<br>२५६<br>१२८ | ६५ – ४<br>६५ = २<br>६५ = १ | ६५ = २०४८<br>६५ = १०२४<br>६५ = ५१२ | ४२ = १६<br>४२ = ८<br>४२ = ४ | |
| परस्थान गुणकार | ४२=६४ | ४२ = ५१२ | ४२ = ४०९६ | ४२ = ३२७६८ | |
| द्वितीय संग्रहकृष्टि-विषै स्वस्थान गुणकार | ६४<br>३२<br>१६ | ३२७६८<br>१६३८४<br>८१९२ | ६५ = २५६<br>६५ = १२८<br>६५ = ६४ | ४२ = २<br>४२ = १<br>६५ = ३२७६८ | |
| परस्थान गुणकार | ४२=३२ | ४२ = २५६ | ४२ = २०४८ | ४२ = १६३८४ | |
| प्रथम संग्रहकृष्टि-विषै स्वस्थान गुणकार | ८<br>४<br>२ | ४०९६<br>२०४८<br>१०२४ | ६५ = ३२<br>६५ = १६<br>६५ = ८ | ६५ = १६३८४<br>६५ = ८१९२<br>६५ = ४०९६ | अपूर्व स्पर्धक वर्गणा गुणकार |
| परस्थान गुणकार | जघन्य | ४२ = १२८ | ४२ = १०२४ | ४२ = ८१९२ | ४२ = ६५ = |

अंकसंदृष्टिकरि ग्यारह परस्थान गुणकारनिकौं दूणा २ कीएं जैसैं बत्तीस हजार सातसै अडसठिगुणा बादाल प्रमाण होइ। बहुरि यातैं तिस गुणकार करि क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अंत कृष्टिकौं गुणैं लोभके अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अनुभागका अविभाग प्रतिच्छेदनिका प्रमाण हो है। तिस परस्थान गुणकारका प्रमाण अनंतगुणा जानना। ताकी संदृष्टि पण्णट्ठीगुणा बादाल है। ऐसैं गुणकारनिका प्रमाण कह्या। इहां ऐसा अर्थ जानना—

अंक संदृष्टिकरि जैसैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टिविषैं जो अनुभाग पाइए है तातैं दूणा द्वितीय कृष्टिविषैं तातैं चौगुणा तृतीय कृष्टिविषैं हैं। तातैं अठगुणा अंत कृष्टिविषैं है। तातैं बत्तीस गुणित बादालगुणा लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकी प्रथम कृष्टिविषैं अनुभाग है। इहांतैं पहलैं अन्य प्रकार गुणकार था तातैं तहां पर्यन्त प्रथम संग्रह कृष्टिका ही इहां अन्य प्रकार गुणकार भया। तातैं इहांतैं लगाय द्वितीय संग्रह कृष्टि कही। ऐसैं ही अन्त पर्यन्त विधान जानना। बहुरि याही प्रकार यथार्थ कथन जानना। दोयकी जायगा अनन्त जानना। अर संग्रह कृष्टिविषैं च्यारि अन्तर कृष्टि कहीं हैं तहां अनन्ती जाननी। ऐसैं अनुभागके अविभागप्रतिच्छेदनिकी अपेक्षा कृष्टिनिका कथन जानना ॥४९९॥

**लोहस्स अवरकिट्टिगदव्वादो कोधजेट्ठकिट्टिस्स।**
**दव्वो त्ति य हीणकमं देदि अणंतेण भागेण[1] ॥५००॥**

**लोभस्य अवरकृष्टिगद्रव्यात् क्रोधज्येष्ठकृष्टेः।**
**द्रव्यमिति च हीनक्रमं दीयते अनंतेन भागेन ॥५००॥**

स० चं०—लोभकी जघन्य कृष्टिका द्रव्यतैं लगाय क्रोधकी उत्कृष्ट कृष्टिका द्रव्य पर्यन्त हीन क्रमलीए द्रव्य दीजिये है। सोई कहिए है—

कृष्टिविषैं देनेयोग्य अपकर्षण कीया द्रव्यविषैं जो द्रव्य सो सर्वधन है। याकौं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जो गच्छ ताका भाग दीएं मध्य कृष्टिविषैं जितना द्रव्य दीया ताका प्रमाणमात्र मध्य धन हो है। याकौं एक कृष्टि घाटि गच्छका आधाकरि हीन जो दो गुणहानि ताका भाग दीएं एक विशेषका प्रमाण आवै है। याकौं दोगुणहानिकरि गुणैं जो प्रमाण आवै तितना द्रव्य तौ लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टिविषैं दीजिए है। याके आगें द्वितीयादि कृष्टितैं लगाय सर्व संग्रह कृष्टिनिकी अंतर कृष्टि उल्लंघि क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अंत कृष्टिपर्यंत एक एक विशेष घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। इहां पूर्व-पूर्व कृष्टितैं उत्तर-उत्तर कृष्टिविषैं द्रव्य दीया सो ही दृश्यमान है सो अनंतभाग घटता क्रम लीएं है पूर्व कृष्टिकौं अनंतका भाग दीएं तहां एक भागमात्र घटता उत्तर कृष्टिका द्रव्य प्रमाण हो है ॥५००॥

**लोभस्स अवरकिट्टिगदव्वादो कोधजेट्ठकिट्टिस्स।**
**दव्वं तु होदि हीणं असंखभागेण जोगेण[2] ॥५०१॥**

**लोभस्यावरकृष्टिगद्रव्यतः क्रोधज्येष्ठकृष्टेः।**
**द्रव्यं तु भवति हीनं असंख्यभागेन योगेन ॥५०१॥**

स० चं०—लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टिका द्रव्य जो प्रदेशसमूह तातैं क्रोधकी

---

१. लोभस्स जहण्णियाए पदेसग्गं बहुअं। विदियाए किट्टीए विसेसहीणं, एवमणंतरोपणिधाए विसेसहीणमणंतभागेण जाव कोहस्स चरिमकिट्टि त्ति। क० चु० पृ० ८०१।

२. परंपरोपणिधाए जहण्णियादो लोभकिट्टीदो उक्कस्सियाए कोधकिट्टीए पदेसग्गं विसेसहीणमणंतभागेण। क० चु० पृ० ८०१।

तृतीय कृष्टिकी उत्कृष्ट कृष्टिका द्रव्य एक घाटि कृष्टि प्रमाणमात्र विशेषनिकरि घटता भया सो अनंतवां भागमात्र घटता भया जानना। जातैं सर्व कृष्टिनिका प्रमाण एक स्पर्धककी वर्गणाके अनंतवें भागमात्र है सो एक घाटि इतने चय घटनेतैं लोभकी जघन्य कृष्टि का द्रव्यके अनंतवें भागमात्र ही द्रव्य घटता भया है। बहुरि पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिविषै जो देने योग्य द्रव्य कह्या था ताकौं साधिक द्व्यर्ध गुणहानिका भाग दीएं अपूर्व स्पर्धकको आदि वर्गणाविषैं दीया द्रव्यका प्रमाण हो है। सो यहु क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अंत कृष्टिविषै दीया द्रव्यके असंख्यातवें भागमात्र है। बहुरि तिसतैं तिनकी द्वितीय वर्गणा आदि पूर्व स्पर्धकनिकी अंत वर्गणा पर्यंतनिविषैं विशेष घटता क्रम करि द्रव्य दीजिए है। ऐसैं कृष्टिकारकका प्रथम समयका निरूपण जानना ॥५०१॥

**पडिसमयमसंखगुणं कमेण ओकड्डिदूण दव्वं खु।**
**संगहहेट्ठापासे अपुव्वकिट्टी करेदी हु[1] ॥५०२॥**

**प्रथमसमयमसंख्यगुणं क्रमेणापकृष्य द्रव्यं खलु।**
**संग्रहाधस्तनपार्श्वे अपूर्वकृष्टि करोति हि ॥५०२॥**

स० चं०—बहुरि प्रथम समयतैं द्वितीयादि समयनिविषै असंख्यातगुणा क्रम लीएं द्रव्यकौं अपकर्षणकरि संग्रह कृष्टिके नीचैं वा पार्श्वविषैं अपूर्व कृष्टिकौं करै है। पूर्व समयविषै जे कृष्टि करी थीं तिनविषै बारह १२ संग्रह कृष्टिनिकी जे जघन्य कृष्टि तिनतैं अनंतगुणा घटता अनुभाग लीएं नीचैं केती इक नवीन कृष्टि अपूर्व शक्तियुक्त करिए है। याहीतैं इनका नाम अधस्तन कृष्टि जानना। बहुरि पूर्व समयनिविषै जे कृष्टि करी थीं तिनहीके समान शक्ति लीएं तिनके पास केती इक कृष्टि करिए है। भावार्थ यहु—पूर्व समयनिविषैं करी कृष्टिनिविषैं जो नवीन द्रव्यका निक्षेपण करिए सो पार्श्वविषैं करी कृष्टि कहिए है ॥५०२॥

**हेट्ठा असंखभागं पासे वित्थारदो असंखगुणं।**
**मज्झिमखंडं उभयं दव्वविसेसे हवे पासे ॥५०३॥**

**अधस्तनमसंख्यभागं पार्श्वे विस्तारतोऽसंख्यगुणं।**
**मध्यमखंडमुभयं द्रव्यविशेषे भवेत् पार्श्वे ॥५०३॥**

स० चं—संग्रहकृष्टिके नीचैं करी हुई कृष्टिनिका प्रमाण तौ सर्व कृष्टिनिका प्रमाणके असंख्यातवें भागमात्र है। बहुरि पार्श्वविषै करी हुई कृष्टिनिका प्रमाण तिनतैं असंख्यातगुणा है। तहाँ पार्श्वविषैं करी कृष्टि तिनविषै मध्यम खंड अर उभय द्रव्यविशेष हो हैं। अर स्तोक जानि न कह्या तथापि तहां अधस्तन शीर्षका भी होना जानना। कैसैं? सो कहिए है—

द्वितीयादि समयनिविषै समय समय प्रति असंख्यातगुणा द्रव्यकौं पूर्व अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी द्रव्यतैं अपकर्षणकरि तहां पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिविषै देने योग्य द्रव्य जुदा कीएं अवशेष कृष्टिसम्बंधी

---

१. विदियसमए अण्णाओ अपुव्वाओ किट्टीओ करेदि पढमसमए णिव्वत्तिदकिट्टीणमसंखज्जदिभाग-मेत्ताओ। एक्किक्के संगहकिट्टीए हेट्ठा अपुव्वाओ किट्टीओ करेदि। क० चु० पृ० ८०१।

द्रव्य हो है। तिसविषै अधस्तन शीर्ष १, अधस्तन कृष्टि २, मध्यम खंड ३, उभय द्रव्यविशेष ४ ऐसैं च्यारि विभाग करिए सो अधस्तन शीर्षादिकका स्वरूप उपशम चारित्रविषै सूक्ष्मकृष्टिका वर्णन करतैं पूर्वैं विशेषकरि कह्या है सो जानना। वा इहां भी किछू कहिए है—

तहां पूर्व समयविषै करी कृष्टि तिनविषै प्रथम कृष्टितैं लगाय विशेष घटता क्रम है सो सर्व पूर्व कृष्टिनिकौं आदि कृष्टि समान करनेके अर्थि घटे विशेषनिका द्रव्यमात्र जो द्रव्य तहां दीजिए ताका नाम अधस्तन शीर्ष विशेष द्रव्य है। बहुरि पूर्वैं न थी ऐसी करीं जे नवीन कृष्टि तिनिकौं पूर्व कृष्टिको आदि कृष्टिके समान करनेके अर्थि जो द्रव्य दीया ताका नाम अधस्तन कृष्टिद्रव्य है। बहुरि इन सर्व पूर्व अपूर्व कृष्टिनिविषै आदि कृष्टितैं लगाय अन्त कृष्टि पर्यंत विशेष घटता क्रम करनेके अर्थि जो द्रव्य दीया ताका नाम उभय द्रव्य विशेष द्रव्य है। बहुरि इन तीनोंको जुदा कीएं अवशेष जो द्रव्य रह्या ताकौं सर्व कृष्टिनिविषै समानरूप दीजिए ताका नाम मध्यम खंड है। ऐसैं संग्रह कृष्टिनिके पार्श्ववर्ती कृष्टिनिविषै तौ अधस्तन शीर्ष, मध्यम खंड, उभय द्रव्य विशेषरूप तीन प्रकार द्रव्य दीजिए है। अर संग्रहकृष्टिनिके नीचैं जे नवीन कृष्टि करीं तिनविषै अधस्तन शीर्ष, मध्यम खंड, उभय द्रव्य विशेषरूप तीन प्रकार द्रव्य दीजिए है। अब याका विशेष दिखाइए है-तहां द्वितीय समयविषै कैसैं द्रव्य दीजिए है सो वर्णन कीजिए है—

क्रोध मान माया लोभके पूर्व अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी द्रव्यतैं पहले समय जो अपकर्षण कीया द्रव्य तातैं असंख्यातगुणा द्रव्य अपकर्षण करै है। तहां सर्व द्रव्यकौं आठका भाग दीएं एक एक भागमात्र लोभ माया मानका, पांच भागमात्र क्रोधका द्रव्य पूर्वोक्त प्रकार यथासम्भव साधिक वा किंचित् न्यूनपना लीएं जानना। बहुरि याकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं एक भागमात्र द्रव्य पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिविषै देना। ताकौं जुदा राखि अवशेष द्रव्यका पल्यका प्रथम समयवत् बारह संग्रह कृष्टिनिविषै विभाग करिए तब सर्व द्रव्यकौं चौईसका भाग दीए तहां ग्यारह संग्रह कृष्टिनिका एक एक भागमात्र अर क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिका तेरह भागमात्र द्रव्य हो है। इहां साधिकपना वा न्यूनपना यथासम्भव जानि लेना।

अब द्वितीय समयविषै अपकर्षण कीया जो द्रव्य तिसविषै एक एक संग्रह कृष्टिका द्रव्य जो कह्या तिसविषै अधस्तन शीर्षादि च्यारि प्रकार द्रव्यका प्रमाण ल्याइए है—तहां प्रथम समयविषै अन्त कृष्टितैं लगाय कृष्टि २ प्रति जितना द्रव्य बध्या सो एक विशेष है। ताका प्रमाण पूर्वैं कह्या था सो आदिविषै जो विशेषका प्रमाण सो आदि अर एक एक विशेष कृष्टि कृष्टि प्रति बध्या तातैं एक विशेष उत्तर अर प्रथम समयविषै कीनी कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ सो ऐसैं आदि उत्तर गच्छ स्थापि श्रेणी व्यवहार नाम गणितके अनुसारि—

रूपेणोनो गच्छो दलीकृतः प्रचयताडितो मिश्रः।
प्रभवेण पदाभ्यस्तः संकलितं भवति सर्वेषां ॥ १ ॥

इस सूत्रतैं एक घाटि गच्छका आधाकौं विशेषकरि गुणि ताकौं आदिविषैं जोडि ताकौं गच्छकरि गुणैं सबनिका संकलित धन कहिए जोडया हूवा प्रमाण हो है। सो जो जो प्रमाण होइ तितना तितना अधस्तन शीर्ष द्रव्य हो है। सोई कहिए है—

एक विशेष आदि एक विशेष उत्तर अर प्रथम कृष्टिविषै विशेष मिल्या नाहीं तातैं एक

घाटि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै प्रथम समयविषै कीनी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र लोभकी प्रथम संग्रहकृष्टिका जो द्वितीय समय विषैं अपकर्षण द्रव्यविषैं द्रव्य कह्या था तिस द्रव्यकौं द्वितीय समयविषैं अपकर्षण किया तीहिंविषै जो कृष्टिनिविषै देने योग्य द्रव्य कह्या था तीहिंविषै अधस्तन शीर्ष द्रव्य हो है। बहुरि ऐसें ही लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी अंतर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष तौ आदि अर एक विशेष उत्तर अर द्वितीय संग्रह कृष्टिकी अंतर संग्रह कृष्टिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका द्रव्यविषै अधस्तन शीर्ष द्रव्य हो है। बहुरि लोभकी प्रथम द्वितीय संग्रह कृष्टिनिविषै जो अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण तितने विशेष तौ आदि अर एक विशेष उत्तर लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र लोभकी तृतीय संग्रहकृष्टिका द्रव्यविषै अधस्तन शीर्ष द्रव्य हो है। बहुरि लोभकी प्रथम द्वितीय तृतीय संग्रहकृष्टिनिकी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष तौ आदि अर एक विशेष उत्तर अर मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी अन्तर कृष्टि प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र माया की प्रथम संग्रह कृष्टिका प्रमाणविषै अधस्तन शीर्ष द्रव्य हो है। ऐसैं ही अवशेष आठ संग्रह कृष्टिनिविषै अपने अपने नीचैकी संग्रह कृष्टिनिकी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष तौ आदि अर एक विशेष उत्तर अर अपना अपना अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र अपना अपना संग्रह कृष्टिका द्रव्यविषै अधस्तन शीर्षका द्रव्य हो है। इस सर्वको जोडैं एक विशेष आदि एक विशेष उत्तर एक घाटि प्रथम समयविषैं कीनी सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापैं जो संकलन धन होइ तितना सर्व अधस्तन शीर्ष विशेष द्रव्य जानना।

बहुरि प्रथम समयविषै जो लोभकी प्रथम संग्रहकृष्टिकी जघन्य कृष्टिविषै द्रव्यका प्रमाण कह्या था तीहिं प्रमाण एक एक घाटि कृष्टिका द्रव्य स्थापि ताकौं अपनी अपनी संग्रह कृष्टिनिविषै करीं जे अन्तरकृष्टि नवीन कृष्टि तिनका प्रमाणकरि गुणैं अपनी अपनी संग्रह कृष्टिका द्रव्यविषै अधस्तन कृष्टिका द्रव्य प्रमाण हो है। सर्व कृष्टिनि का प्रमाणकरि ताहीकौं गुणैं सर्व अधस्तन शीर्षकृष्टि द्रव्य हो है।

बहुरि प्रथम समय द्वितीय समयसम्बन्धी जो कृष्टिविषै देने योग्य द्रव्य ताकौं जोडैं सर्व धन होइ याकौं पुरातन वा नवीन करी कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जो गच्छ ताका भाग दीए मध्य धन हो है। ताकौं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणकरि न्यून दोगुणहानिका भाग दीए एक उभय द्रव्यका विशेष हो है। सो एक विशेष आदि एक विशेष उत्तर अर क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी पुरातन नवीन कृष्टि प्रमाण गच्छ स्थापि तहां पूर्वोक्त सूत्र अनुसारि संकलन धनमात्र क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषै जो द्वितीय समयविषै कृष्टिनिविषै देने योग्य अपकर्षण द्रव्य कह्या था तिसविषै उभय द्रव्य विशेष द्रव्यका प्रमाण हो है। बहुरि एक अधिक क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिका पुरातन नवीन कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष तौ आदि अर एक विशेष उत्तर अर क्रोधकी प्रथम द्वितीय कृष्टिकी पुरातन नवीन कृष्टिमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषै उभय द्रव्य विशेष द्रव्य हो है। बहुरि एक अधिक क्रोधकी तृतीय द्वितीय संग्रह कृष्टिनिका पुरातन नवीन कृष्टि प्रमाणमात्र विशेष आदि अर एक विशेष उत्तर अर क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी पुरातन नवीन कृष्टिमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै उभय द्रव्य विशेष द्रव्य हो है। बहुरि एक अधिक क्रोधकी तीनों संग्रह कृष्टिनिकी पुरातन

नवीन कृष्टि प्रमाणमात्र विशेष आदि अर एक विशेष उत्तर अर मानकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी पुरातन नवीन कृष्टि प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहाँ संकलन धनमात्र मानकी तृतीय संग्रहकृष्टिविषैं उभय द्रव्य विशेष हो है। ऐसैं एक अधिक अपनी ऊपरिकी संग्रह कृष्टिनिकी पुरातन नवीन कृष्टि प्रमाणमात्र विशेष तौ आदि अर एक विशेष उत्तर अर अपनी-अपनी संग्रह कृष्टिकी पुरातन नवीन कृष्टि प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि संकलनकी अवशेष आठ संग्रहकृष्टिनिविषैं भी उभय द्रव्य विशेष द्रव्यका प्रमाण आवै हैं। इस सर्वकौं जोडैं एक उभय द्रव्य विशेष आदि एक उभय द्रव्य विशेष उत्तर सब पुरातन नवीन कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि संकलन धन कीएं सर्व उभय द्रव्य विशेष द्रव्यका प्रमाण आवै है। बहुरि द्वितीय समयविषै अपकर्षण कीया द्रव्यविषैं जो कृष्टि सम्बन्धी द्रव्य तीहिंविषैं पूर्वोक्त तीन प्रकार द्रव्य घटाएँ जो अवशेष द्रव्य रह्या ताकौं सर्व पुरातन नवीन कृष्टिके प्रमाणका भाग दीएँ एक खंडका प्रमाण आवै ताकौं अपनी-अपनी पुरातन नवीन कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं अपनी-अपनी संगृह कृष्टिका द्रव्यविषैं मध्यम खंडका प्रमाण आवै है। बहुरि तिस एक खंडकौं सर्व पुरातन नवीन कृष्टि प्रमाणकरि गुणैं सर्व मध्यम खण्डका द्रव्य हो है। इहाँ प्रथम समयविषैं कीनी कृष्टिनिकौं पुरातन कहिए। द्वितीय समयविषै करिए हैं तिनकौं नवीन कहिए है। ऐसैं द्वितीय समयविषै अपकर्षण कीया द्रव्यविषै जो कृष्टिसम्बन्धी द्रव्य तिसविषैं च्यारि प्रकार कहे। अब इनके देनेका विधान कहिए है—

लोभकी प्रथम संगृह कृष्टिके नीचैं जे अपूर्व नवीन कृष्टि करीं तिनकी जघन्य कृष्टिविषैं बहुत द्रव्य दीजिए है। तहां अधस्तन शीर्षका द्रव्य तौ न दीजिए है अर अधस्तन कृष्टिका द्रव्यतैं एक कृष्टिका द्रव्य अर मध्यम खंडका द्रव्यतैं एक खंडका द्रव्य अर उभय द्रव्य विशेषका द्रव्यतैं सर्व नवीन पुरातन कृष्टिनिका जेता प्रमाण तितने विशेषनिका द्रव्य ग्रहि तहां ही दीजिए है। ऐसा यतिवृषभ आचार्यका तात्पर्य है। बहुरि द्वितीयादि अंतपर्यंत जे नवीन कृष्टि तिनविषैं अधस्तन कृष्टिका द्रव्यतैं एक कृष्टिका द्रव्य अर मध्यम खंडतैं एक खंड तौ समानरूप सर्वत्र दीजिए है अर उभय द्रव्य विशेष द्रव्यविषैं एक एक विशेषमात्र द्रव्य घटता क्रमतैं दीजिए है। सो कृष्टि-कृष्टि प्रति उभय द्रव्यका एक विशेष जो घट्या सो अनंतवें भागमात्र घट्या तातैं पूर्व कृष्टितैं उत्तर कृष्टिविषैं अनंतवें भागमात्र घटता द्रव्य दीया कहिए है। इहां प्रथम संगृहकृष्टि-का अधस्तन कृष्टि द्रव्य तौ समाप्त भया। बहुरि नवीन कृष्टिकी अंत कृष्टिके ऊपरि पुरातन कृष्टिकी जघन्य कृष्टि है तीहिंविषैं मध्यम खंडका द्रव्यतैं एक खंड अर उभय द्रव्य विशेषतैं जितनी कृष्टि नीचैं नवीन होइ आईं तिनके प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेषनि-का द्रव्य दीजिए है। सो इहां नवीन कृष्टिकी अंत कृष्टिविषै दीया द्रव्यतै एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्य अर एक उभय द्रव्यका विशेषका द्रव्य घटता दीया सो तिस नवीन अंत कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्य तौ असंख्यातवें भागमात्र अर एक उभय द्रव्यका विशेष अनंतवें भागमात्र है तातैं तिस नवीन अंत कृष्टितैं असंख्यातवां भागमात्र द्रव्य पुरातन कृष्टिकी जघन्य कृष्टिविषैं दीया कहिए है। इहां पुरातन जघन्य कृष्टिविषैं प्रथम समयविषैं दीया द्रव्य एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्यके समान है। ताकौं जोडैं एक गोपुच्छाकार होइ जाइ परंतु ताकी इहां विवक्षा नाहीं। इहां द्वितीय समयविषैं दीया द्रव्य हीकी विवक्षा है तातैं असंख्यातवां भाग घटता कह्या ऐसैं आगैं भी जहां नवीन अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं पुरातन जघन्य कृष्टिविषैं दीया द्रव्य असंख्यात बहुभागमात्र घटता है तहां ऐसी ही युक्ति जाननी। बहुरि याके ऊपरि

पुरातन कृष्टिकी द्वितीय कृष्टि तिसविषै अधस्तन शीर्षका द्रव्यतैं एक विशेषका द्रव्य अर मध्यम खंडतैं एक खंडका द्रव्य अर उभय द्रव्य विशेषतैं जितनी कृष्टि नीचैं नवीन अर एक पुरातन होइ आई तिनके प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेषनिका द्रव्य दीजिए है। सो इहां पुरातन जघन्य कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं एक अधस्तन शीर्षके विशेषका द्रव्य बध्या अर एक उभय द्रव्यका विशेष घट्या सो उभय द्रव्यका विशेष विषै प्रथम समयसम्बन्धी विशेषमात्र अधस्तन शीर्षका विशेष घटाएं जो अवशेष रह्या सो पुरातन प्रथम कृष्टिविषैं दीया द्रव्यके अनन्तवें भागमात्र है। तातैं तिस पुरातन प्रथम कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं इस द्वितीय कृष्टिविषै दीया द्रव्य अनन्तवें भागमात्र घटता कहिए है। बहुरि पुरातन कृष्टिकी तृतीयादि अन्त पर्यन्त कृष्टिनिविषैं मध्यम खंडतैं एक एक खंडका द्रव्य तौ समानरूप अर अधस्तन शीर्ष द्रव्यतैं एक एक विशेषका द्रव्य क्रमतैं बधता अर उभय द्रव्यविशेषतैं एक एक विशेषतैं एक एक विशेषका द्रव्य क्रमतैं घटता दीजिए है। तातैं अनन्तवां भागमात्र घटता द्रव्य दीया कहिए। ऐसैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिसम्बन्धी च्यारि प्रकार द्रव्य देनेका विधान कह्या। बहुरि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी पुरातन अन्त कृष्टिके ऊपरि लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकी नवीन कृष्टिकी जघन्य कृष्टि है तिसविषै लोभकी द्वितीय संग्रहकृष्टि सम्बन्धी च्यारि प्रकार द्रव्यविषै अधस्तन शीर्ष द्रव्य तौ न दीजिए है अर अधस्तन कृष्टिका द्रव्यतैं एक कृष्टिका द्रव्य अर मध्यम खंड द्रव्यतैं एक खंडका द्रव्य अर उभय द्रव्य विशेषतैं नीचैं होइ आई जे प्रथम संग्रह कृष्टिकी जे नवीन पुरातनकृष्टि तिनके प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेषनिका द्रव्य दीजिए है। सो इहां प्रथम संग्रह कृष्टिकी पुरातन अन्त कृष्टिविषै दीया द्रव्यतैं एक अधस्तन शीर्ष विशेषका द्रव्य अर एक उभय द्रव्य विशेषका द्रव्य तौ घटता अर एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्य बधता दीया सो एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्यविषै एक अधस्तन शीर्षका विशेष अर एक उभय द्रव्य विशेषका द्रव्य घटाएं जो अवशेष रह्या सो प्रथम संग्रह कृष्टिकी पुरातन अन्त कृष्टिविषै दीया द्रव्य असंख्यातवें भागमात्र है, तातैं तिस पुरातन अन्तकृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं याविषैं दीया द्रव्य असंख्यातवें भागमात्र बधता कहिए है। ऐसैं इहां दीयमान द्रव्यकी अपेक्षा गोपुच्छका अभाव भया। ऐसैं ही आगैं भी जहां पुरातन कृष्टिकी अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं नवीन कृष्टिकी प्रथम कृष्टिविषैं दीया द्रव्य असंख्यातवां भागमात्र बधता है तहां ऐसो ही युक्ति जाननी। बहुरि याके ऊपरि नवीन कृष्टिकी द्वितीयादि अन्त पर्यन्त कृष्टिनिविषैं एक एक उभय विशेष प्रमाण घटता द्रव्य दीजिए है। तहां क्रमतैं अनन्तवां भाग घटता दीया द्रव्य क्रमतैं जानना। इहां अधस्तन कृष्टि द्रव्य समाप्त भया।

बहुरि द्वितीय संग्रह कृष्टिकी तिस नवीन अन्त कृष्टिके ऊपरि पुरातन जघन्य कृष्टि है तिस विषैं अधस्तन शीर्षका द्रव्यतैं तौ नीचैं होईं जे प्रथम संग्रहसम्बन्धी पुरातन कृष्टि तिनके प्रमाण मात्र विशेषनिका द्रव्य अर मध्यम खंड द्रव्यतैं एक खंडका द्रव्य अर उभय द्रव्य विशेषतैं नीचैं होइ आईं जे सर्व नवीन पुरातन कृष्टि तिनका प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेषनिका द्रव्य दीजिए। सो एक एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्य विषैं इहां अधस्तन शीर्षका द्रव्य दीया सो घटाएं अवशेष द्वितीय संग्रहकी जघन्य कृष्टिके समान होइ उभय द्रव्यका विशेष मिलाएं जो द्रव्य भया सो नवीन अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यके असंख्यातवें भागमात्र है, तातैं नवीन अन्त कृष्टि विषैं दीया द्रव्यतैं इहां जघन्य पुरातन कृष्टिविषैं दीया द्रव्य असंख्यातवां भाग मात्र घटता द्रव्य दीया कहिए। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्तपर्यंत पुरातन कृष्टि-

निविषैं क्रमतैं एक एक अधस्तन शीर्षका विशेष बंधता अर एक एक उभय द्रव्यका विशेष घटता दीजिए है। तहां अनंतवां भागमात्र घटता अनुक्रमतैं पूर्वोक्त प्रकार है। ऐसैं लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका च्यारि प्रकार द्रव्य देनेका विधान है। बहुरि ताके ऊपरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी नवीन पुरातन कृष्टि है तिन विषैं द्रव्य देनेका विधान लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिका च्यारि प्रकार द्रव्य स्थापि तहां द्वितीय कृष्टिवत् जानना। विशेष इतना पुरातन कृष्टिनिविषैं अधस्तन शीर्षका द्रव्यतैं जेती नीचैं पुरातन कृष्टि भईं तितने विशेषनिका द्रव्य देना अर नवीन वा पुरातन कृष्टिनिविषैं उभय द्रव्यका विशेषतैं जेती नीचैं नवीन पुरातन कृष्टि भईं तिनके प्रमाण करि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेषनिका प्रमाण द्रव्य देना। इहां लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिका च्यारि प्रकार द्रव्य समाप्त भया। बहुरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी पुरातन अन्त कृष्टिके ऊपरि मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी नवीन जघन्य कृष्टि है तिस विषैं मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी च्यारि प्रकार द्रव्यविषैं अधस्तन शीर्षका द्रव्य बिना एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्य एक मध्यम खंडका द्रव्य अर लोभकी सर्व नूतन पुरातन कृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशषनिका द्रव्य दीजिए है। सो एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्यविषैं लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टिविषैं जो अधस्तन शीर्षका द्रव्य दिया ताकौं घटाएं अवशेष लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टिका प्रथम समयविषै जो द्रव्य था ताका प्रमाण होइ तामैं एक उभय द्रव्यका विशेष घटाएं अवशेष द्रव्य लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टिके असंख्यातवें भागमात्र हैं, तातैं लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं इहां मायाकी जघन्य नूतन कृष्टिविषैं दीया द्रव्य असंख्यातवां भागमात्र बधता जानना। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्त्यपर्यंत नवीन कृष्टिनिविषैं एक एक उभय द्रव्यका विशेषप्रमाण अनंतवां भाग घटता क्रमकरि द्रव्य दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी पुरातन जघन्य कृष्टितैं लगाय क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिका पुरातन अन्त कृष्टिपर्यंत पूर्वोक्त प्रकार विधान द्रव्य देनेका जानना। तहां सर्व नूतन पुरातन कृष्टिनिविषै एक एक मध्यम खंडका द्रव्यकौं देना अर जेती नीचै नूतन पुरातन कृष्टि भई तिनके प्रमाणकरि हीन सर्व नूतन पुरातन कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेषनिका द्रव्यकौं देना अर नवीन कृष्टिनिविषैं एक एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्य देना अर पुरातन कृष्टिविषैं जेती नीचैं पुरातन कृष्टि भईं तिनके प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेषनिका द्रव्य देना। ऐसैं द्वितीय समयविषैं अपकर्षण कीया द्रव्य तिस विषैं जो कृष्टिसम्बन्धी द्रव्य था तिसके निक्षेपण करनेका विधान कह्या। बहुरि जो अपना अपना पूर्व अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी द्रव्य था ताकौं "दिवड्ढगुणहाणिभाजिदे पढमा" इत्यादि विधानकरि तिस द्रव्यकौं साधिक ड्योढ गुणहानिका भाग दीएं लब्ध प्रमाणमात्र अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं बहुत द्रव्य दीजिए है। बहुरि ऊपरि प्रथम गुणहानि पर्यंत चय घटता क्रमकरि दीजिए है। बहुरि ऊपरि गुणहानि गुणहानि प्रति आधा-आधा द्रव्य दीजिए हैं। या प्रकार जैसैं यहु द्वितीय समयविषैं वर्णन कीया तैसैं ही कृष्टिकरण कालका तृतीयादि अंतपर्यंत समयनिविषैं विधान जानना। विशेष इतना–समय समय प्रति अपकर्षण कीया द्रव्यका प्रमाण क्रमतैं असंख्यातगुणा बधता जानना। अर नीचैं-नीचैं नवीन कृष्टि करिए है तिनका प्रमाण क्रमतैं असंख्यातगुणा घटता जानना ॥५०३॥

**पुव्वादिम्हि अपुव्वा पुव्वादि अपुव्वपढमगे सेसे ।**
**दिज्जदि असंखभागेणूणं अहियं अणंतभागूणं ॥५०४॥**

**पूर्वादौ अपूर्वा पूर्वादौ अपूर्वप्रथमके शेषे ।**
**दीयते असंख्यभागेनोनमधिकं अनंतभागोनं ॥५०४॥**

सं० चं०—अपूर्व जो नवीन कृष्टि ताकी अंत कृष्टितैं पूर्वैं जो पुरातन कृष्टि ताकी आदि कृष्टिविषैं तौ असंख्यातवें भाग घटता द्रव्य दीजिए है। बहुरि पूर्वैं जो पुरातन कृष्टिकी अंत कृष्टि तातैं अपूर्व जो नवीन कृष्टि ताकी प्रथम कृष्टिविषैं असंख्यातवां भागमात्र अधिक द्रव्य दीजिए है। बहुरि अवशेष सर्व कृष्टिनिविषैं पूर्व कृष्टितैं उत्तर कृष्टिविषै द्रव्य अनंतवां भागमात्र घटता दीजिए है। सो कथन करिही आए हैं ॥५०४॥[1]

**वारेक्कारमणंतं पुव्वादि अपुव्वआदि सेसं तु ।**
**तेवीस ऊंटकूडा दिज्जे दिस्से अणंतभागूणं ॥५०५॥**

**द्वादशैकादशमनंतं पूर्वादि अपूर्वादि शेषं तु ।**
**त्रयोविंशतिरुष्ट्रकूटा देये दृश्ये अनंतभागोनम् ॥५०५॥**

सं० चं०—तहाँ पुरातन प्रथम कृष्टि तौ बारह अर प्रथम संग्रहकी विना नवीन संग्रह कृष्टि ग्यारह अर अवशेष कृष्टि अनंत जाननी। ऐसैं देय जो देने योग्य द्रव्य तिसविषै तेईस स्थाननिविषैं उष्ट्रकूट रचना हो है।[2] जैसैं ऊँटकी पीठि पछाड़ी तौ ऊँची अर मध्यविषैं नीची अर आगैं ऊंची वा नीची हो है तैसैं इहां पहलैं नवीन जघन्य कृष्टि विषैं बहुत, बहुरि द्वितीयादि नवीन कृष्टिनिविषैं क्रमतैं घटता अर आगैं पुरातन कृष्टिनिविषैं अधस्तन शीर्षविशेष करि बधता अर अधस्तन कृष्टि अथवा उभय द्रव्य विशेषकरि घटता द्रव्य दीजिए है तातैं देयमान द्रव्य विषैं तेईस उष्ट्रकूट रचना हो है। बहुरि दृश्यमानविषैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी नवीन जघन्य कृष्टितैं लगाय क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी पुरातन अंत कृष्टिपर्यंत अनंतवें भागमात्र घटता क्रम लीएँ द्रव्य जानना[3]। जातैं नवीन कृष्टिनिविषे तौ विवक्षित समयविषैं दीया द्रव्य सोई दृश्यमान है अर पुरातन कृष्टिनिविषै पूर्व समयनिविषै दीया द्रव्य अर विवक्षित समयविषै दीया द्रव्य मिलाएँ दृश्यमान द्रव्य हो है सो नूतन कृष्टिनिविषै तौ अधस्तन कृष्टिका द्रव्य दीएं अर पुरातन कृष्टिनिविषै अधस्तन शीर्षका द्रव्य दीएं तौ सर्व कृष्टि पुरातन प्रथम कृष्टिके समान हो

---

१. एदेण कमेण विदियसमए णिक्खिवमाणगस्स पदेसग्गस्स वारसस्स किट्टिट्ठाणेसु असंखेज्जदिभागहीणं एक्कादससु किट्टिट्ठाणेसु असंखेज्जदिभागुत्तरं दिज्जमाणगस्स पदेसग्गस्स सेसेसु किट्टिट्ठाणेसु अणंतभागहीणं दिज्जमाणगस्स पदेसग्गस्स। क० चु० पृ० ८०३।

२. ·······विदियसमए दिज्जमाणयस्स पदेसग्गस्स एसा उट्टकूडसेढी। जहा विदियसमए किट्टीसु पदेसग्गं तहा सव्विस्से किट्टीकरणद्धाए दिज्जमाणगस्स पदेसग्गस्स तेवीसमुट्टकूडाणि। क० चु० पृ० ८०३।

३. जं पुण विदियसमए दीसदि किट्टीसु पदेसग्गं तं जहण्णियाए बहुअं, सेसासु सव्वासु अणंतरोपणिधाए अणंतभागहीणं।

है। तहाँ एक एक मध्यम खंडकौं दीएँ तिनका समान प्रमाण ही रह्या। बहुरि उभय द्रव्य विशेष क्रमतैं एक-एक विशेष घटता दीया सो यहु विशेष विवक्षित कृष्टिकी नीचली कृष्टिका द्रव्यके अनंतवे भागमात्र हैं। तातैं दृश्यमान द्रव्यकी अपेक्षा सर्वत्र अनंतवां भागमात्र घटता क्रम कह्या है। बहुरि अंत कृष्टितैं अपूर्व स्पर्धकको प्रथम वर्गणा विषैं दीया द्रव्य अनंतगुणा घटता है जातैं तहां एक भागविषैं द्वयर्ध गुणहानिका भाग दीएं ताका प्रमाण हो है ॥५०५॥

**किट्टीकरणद्धाए चरिमे अंतोमुहुत्तसंजुत्तो ।**
**चत्तारि होंति मासा संजलणाणं तु ठिदिबंधो[1] ॥५०६॥**

**कृष्टिकरणद्धायाः चरमे अंतर्मुहूर्तसंयुक्ताः ।**
**चत्वारो भवंति मासाः संज्वलनानां तु स्थितिबंधः ॥५०६॥**

सं० चं०—कृष्टि करणकाल अंतर्मुहूर्तमात्र है ताका अंत समयविषैं अंतर्मुहूर्त अधिक च्यारि मासप्रमाण संज्वलन चतुष्कका स्थितिबंध है। अपूर्व स्पर्धक करणकालका अंत समय-विषैं आठ वर्षमात्र था सो एक-एक स्थितिबंधापसरणविषैं अंतर्मुहूर्तमात्र घटि इहां इतना रहै है ॥५०६॥

**सेसाणं वस्साणं संखेज्जसहस्सगाणि ठिदिबंधो ।**
**मोहस्स य ठिदिसंतं अडवस्संतोमुहुत्तहियं[2] ॥५०७॥**

**शेषाणां वर्षाणां संख्येयसहस्रकानि स्थितिबंधः ।**
**मोहस्य च स्थितिसत्त्वं अष्टवर्षोऽन्तर्मुहूर्ताधिकः ॥५०७॥**

स० चं०—बहुरि अवशेष कर्मनिका स्थितिबंध संख्यात हजार वर्षमात्र है। पूर्वै भी संख्यात हजार वर्षमात्र ही था सो संख्यातगुणा घटता क्रमरूप संख्यात हजार स्थितिबंधा-पसरण भएं भी आलापकरि इतना ही कह्या। बहुरि मोहनीयका स्थितिसत्त्व पूर्वै संख्यात हजार वर्षमात्र था सो घटिकरि इहां अंतर्मुहूर्त अधिक आठ वर्षमात्र रह्या है ॥५०७॥

**घादितियाणं संखं वस्ससहस्साणि होदि ठिदिसंतं ।**
**वस्साणमसंखेज्जसहस्साणि अघादितिण्णं तु[3] ॥५०८॥**

**घातित्रयाणां संख्यं वर्षसहस्राणि भवति स्थितिसत्त्वम् ।**
**वर्षाणामसंख्येयसहस्राणि अघातित्रयाणां तु ॥५०८॥**

---

१. किट्टीकरणद्धाए चरिमसमए संजलणाणं ट्ठिदिबंधो चत्तारिमासा अंतोमुहुत्तब्भहिया।
क० चु० पृ० ८०३।

२. सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। तम्हि चेव किट्टीकरणद्धाए चरिमसमए मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि हाइदूण अट्ठवस्समंतोमुहुत्तब्भहियं जादं।
—क० चु०, पृ० ८०३-८०४।

३. तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। णामा-गोद-वेदणीयाणं ट्ठिदिसंत-कम्ममसंखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। —क० चु०, पृ० ८०४।

स० चं०—तीन घातियानिका संख्यात हजार वर्षप्रमाण स्थितिसत्त्व है। बहुरि तीन अघातियानिका असंख्यात हजार वर्षमात्र इहां स्थितिसत्त्व है ॥५०८॥

**पडिपदमणंतगुणिदा किट्टीयो फड्डया विसेसहिया।**
**किट्टीण फड्डयाणं लक्खणमणुभागमासेज्जं ॥५०९॥**[1]

**प्रतिपदनंतगुणिता कृष्टयः स्पर्धका विशेषाधिकाः।**
**कृष्टीनां स्पर्धकानां लक्षणमनुभागमासाद्य ॥५०९॥**

स० चं०—कृष्टि हैं ते तौ प्रतिपद अनंतगुणा अनुभाग लीए हैं। प्रथम कृष्टिका अनुभागतैं द्वितीय कृष्टिका अनुभाग अनंतगुणा, तातैं तृतीय कृष्टिका, ऐसैं अंत कृष्टि पर्यंत क्रमतैं अनंतगुणा अनुभाग पाइए है। बहुरि स्पर्धक हैं ते प्रतिपद विशेष अधिक अनुभाग लीए हैं। स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणातैं द्वितीय वर्गणाविषैं तातैं तृतीय वर्गणाविषैं ऐसैं अनंत वर्गणापर्यंत क्रमतैं किछू विशेष अधिक अनुभाग पाइए है। ऐसैं अनुभागकौं आश्रय करि कृष्टि अर स्पर्धकनिका लक्षण है। द्रव्य अपेक्षा तौ चय घटता क्रम दोऊनिविषैं ही है परंतु अनुभागका क्रमकी अपेक्षा इनका लक्षण जुदा जानि जुदापना कह्या है ॥५०९॥

**पुव्वापुव्वप्फड्डयमणुहवदि हु किट्टिकारओ णियमा।**
**तस्सद्धा णिट्ठायदि पढमट्ठिदि आवलीसेसे[2] ॥५१०॥**

**पूर्वापूर्वस्पर्धकमनुभवति हि कृष्टिकारको नियमात्।**
**तस्याद्धा निष्ठापयति प्रथमस्थितौ आवलिशेषे ॥५१०॥**

स० चं०—कृष्टि करनेवाला तिस कालविषैं पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिहीके उदयकौं नियम करि भोगवै है। जैसैं अपूर्व स्पर्धक करनेतैं पूर्व स्पर्धक सहित अपूर्व स्पर्धक भोगवै है तैसैं कृष्टि करतैं कृष्टिकौं नाहीं भोगवै है ऐसा जानना। या प्रकार संज्वलन क्रोधका प्रथम स्थितिविषैं उच्छिष्टावलिमात्र काल अवशेष रहैं तिस कृष्टिकरण कालकौं निष्ठापन करै समाप्त करै है। इति कृष्टिकरणाधिकारः ॥५१०॥

अथ कृष्टिवेदनाधिकार कहिए हैं—

**से काले किट्टीओ अणुहवदि हु चारिमासमडवस्सं।**
**बंधो संतं मोहे पुव्वालावं तु सेसाणं[3] ॥५११॥**

---

१. गुणसेढि अणंतगुणा लोभादी कोधपच्छिमपदादी। कम्मस्स य अणुभागे किट्टीए लक्खणं एदं। —१६५ ग० क०, पृ० ८०७। ........ किसं कम्मं कदं जम्हा तम्हा किट्टी। क० चु०, पृ० ८०७–८०८।

२. किट्टीओ करेंतो पुव्वफद्दयाणि अपुव्वफद्दयाणि च वेदेदि, किट्टीओ ण वेदयदि।
—क० चु०, पृ० ८०४।

३. से काले किट्टीओ पवेसदि। ताधे संजलणाणं ट्ठिदिबंधो चत्तारि मासा। ट्ठिदिसंतकम्ममट्ठ वस्साणि। तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो ट्ठिदिसंतकम्मं च संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। वेदणीय-

**स्वे काले कृष्टीन् अनुभवति हि चतुर्मासमष्टवर्षं ।**
**बंधः सत्त्वं मोहे पूर्वालापस्तु शेषाणाम् ।।५११।।**

स० चं०—कृष्टिकरण कालके अनंतरि अपने कृष्टिवेदक कालविषैं कृष्टिनिके उदयकौं अनुभवैं है। द्वितीय स्थितिके निषेकनिविषैं तिष्ठती कृष्टिनिकौं प्रथम स्थितिके निषेकनिविषैं प्राप्त करि भोगवै है। तिस भोगवने ही का नाम वेदना है। ताके कालका प्रथम समयविषैं च्यारि संज्वलनरूप मोहका स्थितिबंध च्यारि मास है अर स्थिति सत्त्व आठ वर्षमात्र है। पूर्वे अंतर्मुहूर्त अधिक थे सो अंतर्मुहूर्त घाटि इतने रहे। बहुरि अवशेष कर्मनिका स्थितिबंध स्थितिसत्त्व यद्यपि घटती भया है तथापि आलापकरि पूर्वोक्त प्रकार जैसैं कृष्टिकरण कालका अंत समयविषैं करै तैसैं ही जानना ।।५११।।

**ताहे कोहुच्छिट्ठं सव्वं घादी हु देसघादी हु ।**
**दोसमऊणदुआवलिणवकं ते फड्डयगदाओ[1] ।।५१२।।**

**तत्र क्रोधोच्छिष्टं सर्वं घाति हि देशघाति हि ।**
**द्विसमयोनद्व्यावलिनवकं तत् स्पर्धकगतम् ।।५१२।।**

स० चं०—इहां अनुभागबंध तौ गुड खंड शर्करा अमृतरूप यथासंभव उत्कृष्ट है। बहुरि अनुभागसत्त्व है सो क्रोधकी उच्छिष्टावलीका तौ सर्वघाती है। काहेतैं?—समयघाटि आवली-प्रमाण क्रोधके निषेक उदयावलीकौं प्राप्त भये है। तिनविषैं पूर्व स्पर्धकरूप अनुभाग सत्त्व लता दारु समान शक्तियुक्त है। सो ऐसी शक्तिकी अपेक्षा इहां सर्वघाती न करै है। शैल समानादिकी अपेक्षा सर्वघाती न करे है। सो ए निषेक उदय कालविषैं कृष्टिरूप परिणमि जो वर्तमान समयमें उदय आवने योग्य निषेक तिनविषैं उदयरूप होइ निर्जरै हैं। इहां आवलिविषैं एक समय घाटि कह्या है सो उच्छिष्टावलिका प्रथम निषेक वर्तमान समयविषैं कृष्टिरूप परिणमनेतैं परमुखरूप होइ उदय आवै है तातैं कह्या है। बहुरि संज्वलन चतुष्कका जे दोय समय घाटि दोय आवलि मात्र नवक समयप्रबद्ध रहे हैं तिनविषैं अनुभाग देशघाति शक्ति करि संयुक्त है। जातैं कृष्टिकरण कालविषैं कृष्टिरूप बंध नाही, तातैं ते स्पर्धकरूप शक्तिकरि युक्त है। ते दोय समयघाटि दोऊ आवली कालविषैं कृष्टिरूप परिणमि सत्तानाशकौं प्राप्त होसी। नवक समयप्रबद्धका स्वरूप वा अन्यरूप परिणमनेका विधान पूर्वैं कह्या है सोई जानना। नवक बंध अर उच्छिष्टावलिमात्र निषेक अवशेष रहे तिनका तौ ऐसैं स्वरूप जानना अवशेष सर्व निषेक कृष्टिकरण कालका अन्त समयविषैं ही कृष्टिरूप परिणमै हैं।। ५१२ ।।

विशेष—क्रोधसंज्वलनका जो पूर्वानुभाग उदयावलिके भीतर अवस्थित है वह सर्वघाति-

---

णामा-गोदाणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि वस्ससहस्साणि।

—क० चु०, पृ० ८०४।

१. अणुभागसंतकम्मं कोहसंजलणस्स जं संतकम्मं समयूणाए उदयावलियाए च्छुट्टिदल्लिगाए तं सव्वघादी। संजलणाणं जे दो आवलियबंधा दुसमयूणा ते देसघादी। तं पुण फद्दयगदं।

—क० चु०, पृ० ८०४।

रूपसे ही सम्भव है। इसलिए उसे सर्वघाति स्वीकार किया है। मात्र चारों संज्वलनोंका जो नवक समयप्रबद्ध दो समयकम दो आवलिमात्र अवशिष्ट रहा है उनका अनुभाग अवश्य ही देशघाति है, क्योंकि वह एक स्थानीयस्वरूप है। ऐसा होते हुए भी वह स्पर्धकस्वरूप है, क्योंकि कृष्टिकरण के कालमें स्पर्धकगत अनुभागका ही बन्ध देखा जाता है।

**लोहादो कोहादो कारउ वेदउ हवे किट्टी।**
**आदिमसंगहकिट्टिं वेदयदि ण विदीय तिदियं च ॥५१३॥**

**लोभात् क्रोधात् कारको वेदको भवेत् कृष्टेः।**
**आदिमसंग्रहकृष्टिं वेदयति न द्वितीयां तृतीयां च ॥ ५१३ ॥**

स० चं०—कृष्टिका कारक तौ लोभतैं लगाय क्रम लीएं है। अर वेदक है सो क्रोधतैं लगाय क्रम लीए है। भावार्थ यहु—कृष्टिकरणविषै तौ पहिले लोभकी, पीछै मानकी, पीछै मायाकी, पीछै क्रोधकी ऐसैं क्रम लीएं कृष्टि कही थी। इहां कृष्टिका वेदनेविषै पहिले क्रोधकी, पीछै मानकी, पीछै मायाकी, पीछै लोभकी कृष्टिनिका अनुभवन हो है। बहुरि इतना जानना—

कृष्टिकरणविषै याकौं तृतीय संग्रहकृष्टि कही है ताकौं तौ इहां कृष्टिवेदनविषै प्रथम कृष्टि कहनी अर जाकौं तहां प्रथम कृष्टि कहीं ताकौं इहां तृतीय कृष्टि कहनी[1]। जो ऐसैं न होइ तो पहलैं स्तोक शक्ति लीएं कृष्टिनिका अनुभवन होइ पीछै बहुत शक्ति लीएं कृष्टिनिका अनुभवन होइ सो बनैं नाहीं, जातैं समय समय अनंतगुणा घटता अनुभागका उदय हो है। तातैं संग्रहकृष्टिनिविषै कृष्टिकारकतैं कृष्टिवेदककैं उलटा क्रम जानना। बहुरि तहां अंतर कृष्टिनिविषै पूर्वोक्त प्रकार ही क्रम जानना। बहुरि इहां पहलैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकौं ही अनुभवै है द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टिकौं नाहीं अनुभवैं है ऐसा जानना ॥ ५१३ ॥

**किट्टीवेदगपढमे कोहस्स य पढमसंगहादो दु।**
**कोहस्स य पढमठिदी पत्तो ओवट्टगो मोहे ॥५१४॥**

**कृष्टिवेदकप्रथमे क्रोधस्य च प्रथमसंग्रहात् तु।**
**क्रोधस्य च प्रथमस्थितिः प्राप्तः अपवर्तको मोहे ॥ ५१४ ॥**

स० चं०—कृष्टिवेदक कालका प्रथम समयविषै क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टितैं क्रोधकी प्रथम स्थिति करै है कैसैं? सो कहिए है—

कृष्टिकरण कालका अन्त समयपर्यंत तौ कृष्टिनिका तौ दृश्यमान प्रदेशनिका समूह है सो चय घटता क्रम लीएं गोपुच्छाकाररूप अपने स्थानविषै तिष्ठै है अर स्पर्धकनिका अपने स्थान-

१. एत्थ कोहस्स पढमसंगहकिट्टि त्ति भणिदे जा कारयस्स तदियसंगहकिट्टी सा वेदगस्स पढम संगहकिट्टि त्ति घेतव्वा। तत्तो प्पहुडि पच्छाणुपुव्वीए जहाकममेव संगहकिट्टीणमेत्थ वेदगभावदंसणादो।

जयध० पु०, पृ० ७०१४।

२. तम्हि चेव पढमसमए कोहस्स पढमसमयकिट्टीदो पदेसग्गमोकड्डियूण पढमट्ठिदिं करेदि।

—क० चु०, पृ० ८०४।

विषै प्रदेश समूह एक गोपुच्छाकाररूप तिष्ठै है। तहां कृष्टिनिका द्रव्यतैं स्पर्धकनिका द्रव्य असंख्यातगुणा है तातैं कृष्टि अर स्पर्धकनिकैं एक गोपुच्छाकार है नाही। बहुरि कृष्टिकरण कालकी समाप्तताके अनन्तरि सर्व ही द्रव्य कृष्टिरूप परिणमि एक गोपुच्छाकार तिष्ठै है। तहां संज्वलनके सर्व द्रव्यकौं आठका भाग देइ तहां एक एक भागमात्र लोभ माया मानका, पांच भागमात्र क्रोधका द्रव्य जानना। बहुरि बारह संग्रहकृष्टिनिविषै विभाग कीजिए तौ सर्व संज्वलन द्रव्यकौं चौईसका भाग दीएं तहां अन्य संग्रह कृष्टिनिका एक एक भागमात्र, क्रोधकी प्रथम संग्रह-कृष्टिका तेरह भागमात्र द्रव्य है इहां साधिकपना न्यूनपना है सो यथासम्भव पूर्वोक्त प्रकार जानना। पूर्वै कृष्टिकरण कालका द्वितीय समयविषै जैसैं विधान कह्या है तैसैं कहना। बहुरि प्रथम समयविषैं करी कृष्टिनिका प्रमाणविषैं ताके असंख्यातवें भागमात्र द्वितीयादि समयनिविषै करी कृष्टिनिका प्रमाण जोडैं सर्व पूर्व अपूर्व कृष्टिनिका प्रमाण हो है। सो कृष्टिवेदकका प्रथम समयविषैं क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिका जो द्रव्य ताकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहां एक भाग ग्रहि ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भागमात्र द्रव्यकौं ग्रहि प्रथम स्थितिकौं करै है। सो क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टि वेदकका कालतैं उच्छिष्टावलीमात्र अधिक प्रथम स्थितिके निषेकनिका प्रमाण है। सोई इहां गुणश्रेणि आयाम जानना। ताके वर्तमान उदयरूप प्रथम निषेकविषैं तौ स्तोक द्रव्य दीजिए है। तातैं द्वितीयादि अंत समय पर्यन्त असंख्यातगुणा क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। ऐसैं तिस एक भागमात्र द्रव्यका गुणश्रेणिरूप देना हो है। इहां प्रथम स्थितिका जो अंतका निषेक ताहीका नाम गुणश्रेणिशीर्ष है। बहुरि अवशेष बहुभागमात्र द्रव्य कह्या ताकौं स्थितिकी अपेक्षा क्रोधकी द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टितैं भी अपकर्षण कीया जो द्रव्य तामैं मिलाएं जो द्रव्य भया ताकी इहां आठ वर्षमात्र स्थिति है ताकी संख्यात आवली भई सोई गच्छ, ताका भाग दीएं मध्यधन होइ। तामैं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणमात्र चय मिलाएं द्वितीय स्थितिका प्रथम निषेकविषैं दीया द्रव्यका प्रमाण हो है सो यहु गुणश्रेणिशीर्षविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा हैं। बहुरि ताके असंख्यातवां भाग-मात्र विशेषका प्रमाण है सो द्वितीयादि निषेकनिविषैं अतिस्थापनावलीके नीचैं एक एक विशेष घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। ऐसैं क्रमकरि समय समय प्रति उदयादि गलितावशेष गुणश्रेणि कीजिए है। बहुरि इहां मोहका अपवर्तन घात हो है। इहांतैं पहलैं अश्वकर्णरूप अनुभाग अंतर्मुहूर्त-करि सम्पूर्ण होइ ऐसा कांडकघात वर्तै था। अब संज्वलनकी बारह संग्रहकृष्टि तिनका समय समय प्रति अनंतगुणा घटता अनुभाग होनेकरि अपवर्तनघात वर्तै है ॥५१४॥

विशेष—कृष्टिवेदन कालके प्रथम समयमें कृष्टियोंको उदयावलिमें प्रवेश कराते हुए क्रोध-संज्वलन की प्रथम संग्रह कृष्टिके प्रदेशपुंजका अपकर्षण कर अपने वेदककालसे एक आवलि अधिक करके प्रथम स्थितिको उत्पन्न करता है। यह प्रथम स्थिति इसके ऊपर जो क्रोधवेदककाल है उसके साधिक तृतीय भाग प्रमाण होती है। इस प्रकार प्रथम स्थितिको करके उदयमें सबसे स्तोक देता है, उसके बादकी स्थितिमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजको देता है। इस प्रकार देता हुआ प्रथम संग्रह कृष्टिके वेदककालसे एक आवलिप्रमाण स्थितियोंकी अधिक करके उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे क्रमसे निक्षिप्त करता है। उसके बाद द्वितीय स्थितिको प्रथम स्थितिमें असंख्यातगुणे द्रव्यको निक्षिप्त करता है। इसके आगे सर्वत्र असंख्यात भागरूपसे विशेष हीन द्रव्यको निक्षिप्त करता है। मात्र गुणश्रेणिनिक्षेप गलितशेष जानना चाहिये। यहाँ पर क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि ऐसा कहने

पर करनेकी अपेक्षा जो तीसरी संग्रह कृष्टि है उसे प्रथम जानना चाहिये। कारण कि जो अनुभाग की अपेक्षा जिसमें बहुत अनुभाग है उसका पहले उदय होता है। उत्तरोत्तर जो अनन्तगुणी विशुद्धि होती है उसके माहात्म्यवश इन संग्रह कृष्टियोंका उदय इस विधिसे होता है ऐसा यहाँ जानना चाहिये।

**पढमस्स संगहस्स य असंखभागा उदेदि कोहस्स।**
**बंधे वि तहा चेव य माणतियाणं तहा बंधे[1] ॥५१५॥**

**प्रथमस्य संग्रहस्य च असंख्यभागान् उदयति क्रोधस्य।**
**बंधेऽपि तथा चैव च मानत्रयाणां तथा बंधे ॥५१५॥**

स० चं०—कृष्टिवेदकका प्रथम समयविषैं क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिसम्बन्धी जे अंतर कृष्टि तिनके प्रमाणकौं असंख्यातका भाग दीएं तहां बहुभागमात्र कृष्टि उदय आवै है। तहां एक भागमात्र नीचेकी ऊपरिकी कृष्टिकौं छोडि बीचिकी बहुभागमात्र कृष्टिनिका उदय हो है। जे प्रथम द्वितीयादि कृष्टि तिनकौं नीचली कृष्टि कहिए। बहुरि अंत उपान्त आदि जे कृष्टि तिनकौं ऊपरली कृष्टि कहिए है। तहां उदयरूप न होइ ऐसी नीचली कृष्टि ते तौ अनन्तगुणा बंधता अनुभागरूप होइ करि अर ऊपरिकी कृष्टि अनन्तगुणा घटता अनुभागरूप होइ करि ते कृष्टि बीचिकी कृष्टिरूप परिणमि उदय आवै हैं। बहुरि बंधविषैं भी नीचली ऊपरली असंख्यातवां भागमात्र कृष्टि छोडि बीचिकी असंख्यात बहुभागमात्र कृष्टि जाननी। उदयरूप कृष्टिनिविषैं जो ऊपरली अनुदय कृष्टिनिका प्रमाण तातैं साधिक दूणा प्रमाण लीएं नीचली ऊपरली कृष्टिनिका प्रमाण घटाएं बंधरूप कृष्टिनिका प्रमाण हो है। इनका बंध इहां हो है। बहुरि इहां मानादिककी अपनी अपनी प्रथम संग्रह कृष्टिकी नीचली ऊपरली कृष्टिप्रमाणका असंख्यातवां भागमात्र कृष्टिनिकौं नीचैं ऊपरि छोडि बीचिकी बहुभागमात्र कृष्टि बंधै है। बहुरि इहां मानादिकनिकी तीनों ही संग्रह कृष्टिनिका उदय नाही हैं अर क्रोधकी द्वितीय तृतीय संग्रहकृष्टिका बंध वा उदय नाहीं है, ऐसा जानना ॥५१५॥

विशेष—नियम यह है कि क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिसम्बन्धी जघन्य कृष्टिसे लेकर अधस्तन असंख्यातवें भागको और उसीकी उत्कृष्ट कृष्टिसे लेकर उपरिम असंख्यातवें भागको छोड़कर शेष असंख्यात बहुभागप्रमाण मध्यम कृष्टियाँ उस समय उदयको प्राप्त होती है, क्योंकि अधस्तन और उपरिम असंख्यातवें भागप्रमाण सदृश धनवाली कृष्टियोंका परिणामविशेषके कारण मध्यम कृष्टिरूपसे ही उदय होता है यह इसका तात्पर्य है। तथा बन्ध भी इसी प्रकार जानना चाहिये।

**कोहस्स पढमसंगहकिट्टिस्स य हेट्ठिमणुभयट्ठाणा।**
**तत्तो उदयट्ठाणा उवरिं पुण अणुभयट्ठाणा ॥५१६॥**
**उवरिं उदयट्ठाणा चत्तारि पदाणि होंति अहियकमा।**
**मज्झे उभयट्ठाणा होंति असंखेज्जसंगुणिया ॥५१७॥**

---

१. ताहे कोहस्स पढमाए संगहकिट्टीए असंखेज्जा भागा उदिण्णा। एदिस्से चेव कोहस्स पढमाए संगहकिट्टीए असंखेज्जा भागा बज्झंति। क० चु०, पृ० ८०४।

२. सेसाओ दो संगहकिट्टीओ ण बज्झंति ण वेदिज्जंति। पढमाए संगहकिट्टीए हेट्ठदो जाओ

**क्रोधस्य प्रथमसंग्रहकृष्टेश्चाधस्तनानुभयस्थानानि ।**
**तत उदयस्थानानि उपरि पुनरनुभयस्थानानि ॥१६॥**
**उपरि उदयस्थानानि चत्वारि पदानि भवंति अधिकक्रमाणि ।**
**मध्ये उभयस्थानानि भवंति असंख्येयसंगुणितानि ॥५१७॥**

स० चं०—क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिकी अंतर कृष्टिनिविषैं अधस्तन कहिए प्रथम द्वितीयादि नीचली जे अनुभय स्थान कहिए जिनका उदय अर बंध दोऊ नाही ऐसी नीचली कृष्टि तिनिका प्रमाण स्तोक है। ताकी संदृष्टि दोयका अंक २। बहुरि तातैं ताहीकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भागमात्र विशेषकरि अधिक तिनि अनुभय कृष्टिनिके ऊपरिवर्ती जे नीचली उययस्थाना कहिए जिनिका उदय पाइए बंध न पाइए ऐसी कृष्टि तिनिका प्रमाण है। ताकी संदृष्टि तीनका अंक ३। बहुरि तातैं ताहीकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं तहां एक भागमात्र विशेषकरि अधिक उपरितन कहिए अन्त उपान्त आदि ऊपरिकी अनुभयस्थाना कहिए बंध उदय रहित कृष्टि तिनका प्रमाण है। ताकी संदृष्टि च्यारिका अंक ४। बहुरि तातैं ताहीकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भागमात्र विशेषकरि अधिक तिनि कृष्टिनिके नीचैं पाइए ऐसी ऊपरली उदयस्थाना कहिए उदय सहित बंध रहित कृष्टि तिनका प्रमाण है। ताकी संदृष्टि सातका अंक ७, ऐसैं च्यारि पद तौ अधिक क्रम लीएं हैं बहुरि तातैं असंख्यातगुणा बीचिकी उभयस्थाना कहिए जिनिका बंध भी पाइए अर उदय भी पाइए ऐसी कृष्टिनिका प्रमाण है। सोई कहिए है—

क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिविषै जो कृष्टिनिका प्रमाण ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभागमात्र तौ बीचिकी उभय कृष्टिनिका प्रमाण। बहुरि अवशेष एक भाग रह्या ताकौं 'प्रक्षेपयोगोद्धृतमिश्रपिंड:' इत्यादि सूत्र विधानतैं अंक संदृष्टि अपेक्षा दोय तीन च्यारि सात शलाकानिकौं जोडैं सोलह भया ताका भाग देइ जो एक भागका प्रमाण आया ताकौं अपनी अपनी दोय आदि शलाकानिकरि गुणैं नीचली अनुभय कृष्टि आदिकनिका प्रमाण आवै है। ऐसैं ही बारह संग्रह कृष्टिनिका वेदक कालका प्रथय समय विषै अल्पबहुत्व जानना ॥ ५१६–५१७ ॥

विशेष—क्रोध संज्वलनकी प्रथम संग्रहकृष्टिसम्बन्धी अधस्तन जघन्य कृष्टिसे लेकर असंख्यातवें भागप्रमाण जिन कृष्टियोंका बंध और उदय दोनों नहीं होते वे स्तोक हैं। उनसे उपरिम कृष्टिसे लेकर समस्त कृष्टि अध्वानके असंख्यातवें भागप्रमाण जिन कृष्टिओंका मात्र उदय होता है, बंध नहीं होता वे विशेष अधिक हैं। यहाँ विशेषका प्रमाण अधस्तन अध्वानके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तात्पर्य यह कि अधस्तन अध्वानमें पल्यके असंख्यातवें भागका भाग देने पर जो प्रमाण उपलब्ध है उतना विशेषका प्रमाण है। उसी प्रथम संग्रह कृष्टिकी ऊपर जिन कृष्टियोंका न बंध होता और न उदय होता वे सकल कृष्टि अध्वानके असंख्यातवें भागप्रमाण होकर भी पूर्वोक्त उदय कृष्टियोंसे विशेष अधिक हैं। यहाँ भी विशेषका प्रमाण पहलेके समान जानना चाहिये। इनसे ऊपर जिन कृष्टियोंका मात्र उदय होता है बंध नहीं होता वे विशेष

---

किट्टीओ ण बज्झंति ण वेदिज्जंति ताओ थोवाओ। ........। मज्झे जाओ किट्टीओ बज्झंति च वेदिज्जंति च ताओ असंखेज्जगुणाओ। क० चु०, पृ० ८०४–८०५।

अधिक हैं। यहाँ भी विशेषका प्रमाण पहलेके समान जानना चाहिये। यहाँ पूर्वोक्त अधस्तन और उपरिम असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंको छोड़कर उदय और बंधको प्राप्त होनेवाली शेष समस्त मध्यम कृष्टियाँ पूर्वोक्त कृष्टियोंसे असंख्यातगुणी हैं। यहाँ गुणकार तत्प्रायोग्य पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

**विदियादिसु चउठाणा पुव्विल्लेहिं असंखगुणहीणा।**
**तत्तो असंखगुणिदा उवरिमणुभया तदो उभया॥ ५१८॥**

**द्वितीयादिसु चतुःस्थानानि पूर्वेभ्योऽसंख्यगुणहीनानि।**
**ततः असंख्यगुणितानि उपर्यनुभयानि तत उभयानि॥ ५१८॥**

स० चं०—अब कृष्टिकरण कालका द्वितीयादि समयनिविषै कहिए है—पूर्व समयविषै जे नीचली बंध रहित केवल उदय कृष्टि थीं ते तौ उत्तर समयविषै उभय कृष्टिरूप हो है। अर पूर्व समयविषै अनुभय कृष्टि थीं तिनविषै अंतकी केते इक कृष्टि उभयरूप तिनतैं नीचली केती इक केवल उदयरूप उत्तर समयविषै हो हैं। बहुरि पूर्व समयविषै जे ऊपरिकी केवल उदय कृष्टि थीं ते सर्व उत्तर समयविषैं अनुभयरूप हो हैं। बहुरि पूर्व समयविषैं जे उभय कृष्टि थीं तिनविषै अंतकी केती इक कृष्टि अनुभयरूप तिनतैं नीचै केती इक केवल उदयरूप कृष्टि उत्तर समयविषै हो हैं। ऐसैं समय समय प्रति बंध अर उदयविषै अनुभागका घटना हो है जातैं नीचली कृष्टिनिविषै अनुभाग स्तोक पाइए है, ऊपरिकी कृष्टिनिविषै अनुभाग बहुत पाइये है। ऐसैं होतैं अल्पबहुत्व कहिए है—

नीचेकी अनुभय कृष्टि तौ स्तोक हैं तातैं तिनके ऊपरि जे नीचली केवल उदय कृष्टि ते विशेष अधिक हैं। तातैं परै उपरि पूर्व समयविषैं जो उत्कृष्ट अनुभाग लीएं अंतकी बंधरूप कृष्टि थीं तातैं लगाय नीचैं जे उत्तर समयविषै अनुभय कृष्टि भईं ते विशेष अधिक हैं। तातैं तिनके नीचैं जे विवक्षित समयविषै केवल उदयरूप कृष्टि भईं ते विशेष अधिक हैं। ऐसैं ए च्यारि स्थान तौ पूर्व समयविषै नीचली अनुभय कृष्टि आदिका प्रमाण जो था तातैं असंख्यातगुणे घाटि हैं। बहुरि तिन उदय कृष्टिनितैं पूर्व समयविषै जो ऊपरिकी उदय कृष्टि थीं तिनविषै स्तोक अनुभाग लीएं जो आदिकी जघन्य कृष्टि तीहिं समान कृष्टितैं लगाय जे उत्तर समयविषैं सर्व अनुभय कृष्टि भईं ते असंख्यातगुणी हैं। जातैं पूर्व समयविषै जो ऊपरिकी अनुभय कृष्टिनिका प्रमाण था ताके असंख्यातवे भागमात्र कृष्टि पूर्व समयसंबन्धी ऊपरिकी जघन्य उदय कृष्टितैं नीचैं उत्तरोत्तर समयविषै ऊपरिकी जघन्य अनुभय कृष्टि हो हैं। बहुरि तातैं पूर्व समयसंबंधी ऊपरिकी उदय कृष्टिनिका प्रमाणके असंख्यातवें भागमात्र कृष्टि नीचैं उतरैं इस विवक्षित समयविषैं ऊपरिकी जघन्य उदय कृष्टि हो हैं। बहुरि तिन अनुभय कृष्टिनिका प्रमाणतैं बीचिविषैं जे बंध उदय युक्त उभय कृष्टि हैं ते असंख्यातगुणी हैं। ऐसै द्वितीयादि समयनिविषै कृष्टिनिका अल्पबहुत्व जानना ॥५१८॥

विशेष—उत्तरोत्तर परिणामोंमें विशुद्धि होते जानेके कारण एक तो सत्तामें स्थित अनु-

१. पढमसमयकिट्टीवेदगस्स कोधकिट्टी उदए उक्कस्सिया बहुगी। बंधे उक्कस्सिया किट्टी अणंतगुणहीणा। विदियसमये उदए उक्कस्सिया किट्टी अणंतगुणहीणा। बंधे उक्कस्सिया किट्टी अणंतगुणहीणा। एवं सव्विस्से किट्टीवेदगद्धाए। ध० पु० ६, पृ० ३८४।

भागमें उत्तरोत्तर हानि होती जाती है दूसरे प्रति समय बँधनेवाले अप्रशस्त कर्मोंके अनुभागमें हानि होती जाती है, इसलिये प्रथम समयकी अपेक्षा द्वितीयादि समयोंमें उक्त प्रकारसे अल्पबहुत्व प्राप्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसी तथ्यको आगेकी तीन गाथाओं द्वारा स्पष्ट किया गया है।

**पुव्विल्लबंधजेट्ठा हेट्ठासंखेज्जभागमोदरिय।**
**संपडिगो चरिमोदयवरमवरं अणुभयाणं च ॥५१९॥**

**पौर्विकबंधज्येष्ठात् अधस्तनमसंख्येयभागमवतीर्य।**
**सांप्रतिकः चरमोदयवरमवरं अनुभयानां च ॥५१९॥**

स० चं०—पूर्व समयसंबंधी बंधकी उत्कृष्ट कृष्टि कहिए अंतकी बंध कृष्टि तातैं लगाय पूर्व समयसंबंधी उभय कृष्टिनिके असंख्यातवे भागमात्र कृष्टि नीचैं उतरिकरि साम्प्रतिक कहिए वर्तमान उत्तर समयसम्बन्धी अंतकी केवल उदयरूप उत्कृष्ट कृष्टि हो है। अर ताके अनंतरि उपरि अनुभय कृष्टिकी जघन्य कृष्टि पाइए हैं। बहुरि तिस उत्कृष्ट उदय कृष्टितैं नीचैं पूर्व समयसम्बन्धी उदय कृष्टिके असंख्यातवे भागमात्र कृष्टि नीचैं उतरि साम्प्रतिक उदयकी जघन्य कृष्टि हो है। ताके अनंतर नीचैं उभय कृष्टिकी उत्कृष्ट कृष्टि हो है ऐसैं तौ ऊपरि भी कृष्टिनिविषैं विधान जानना ॥५१९॥

**हेट्ठिमणुभयवरादो असंखबहुभागमेत्तमोदरिय।**
**संपडिबंधजहण्णं उदयुक्कस्सं च होदि त्ति ॥५२०॥**

**अधस्तनानुभयवरात् असंख्यबहुभागमात्रमवतीर्य।**
**संप्रतिबंधजघन्यं उदयोत्कृष्टं च भवतीति ॥५२०॥**

स० चं०—पूर्व समयसम्बन्धी अनुभय कृष्टिकी जो उत्कृष्ट कृष्टि कहिए अंत कृष्टि तातैं पूर्व समयसम्बन्धी अनुभय कृष्टिनिका असंख्यात बहुभागमात्र कृष्टि नीचैं ऊपरि साम्प्रतिक बन्ध कृष्टि जो बन्ध उदय युक्त उभय कृष्टि ताकी जघन्य कृष्टि हो है। बहुरि ताके अनन्तरि नीचली कृष्टि सो केवल उदय कृष्टिनिकी उत्कृष्ट कृष्टि है। तातैं लगाय पूर्व समयसम्बन्धी उदय कृष्टिनिके असंख्यातवे भागमात्र कृष्टि उतरि करि साम्प्रतिक उदय कृष्टिकी जघन्य कृष्टि हो है। ताके नीचैं पूर्व समयसम्बन्धी अनुभय कृष्टिनिके असंख्यातवे भाग मात्र कृष्टि नीचैं उतरि साम्प्रतिक जघन्य अनुभय कृष्टि हो है। सोई सर्व कृष्टिनिविषैं जघन्य कृष्टि है। ऐसैं नीचली कृष्टिनिविषैं विधान जानना। ऐसैं समय-समय प्रति पूर्व समयसम्बन्धी नीचली अनुभय उदय कृष्टि ऊपरली उदय अनुदय कृष्टिनिका प्रमाणतैं उत्तर समयसम्बन्धी तिनका प्रमाण असंख्यातगुणा घटता है। अर बीचिविषैं जो उभय कृष्टि हैं तिनका प्रमाण विशेष अधिक हो है ऐसा जानना ॥५२०॥

**पडिसमयं अहिगदिणा उदये बंधे च होदि उक्कस्सं।**
**बंधुदये च जहण्णं अणंतगुणहीणया किट्टी[1] ॥५२१॥**

---

१. पढमसमयकिट्टीवेदगस्स कोहकिट्टीउदये उक्कस्सिया बहुगी। बंधे उक्कस्सिया अणंतगुणहीणा। विदियसमये उदये उक्कस्सिया अणंतगुणहीणा। बंधे उक्कस्सिया अणंतगुणहीणा। एवं सव्विस्से किट्टीवेदगद्धाए। क० चु० पृ० ८५०-८५१।

**प्रतिसमयमहिगतिना उदये बंधे च भवति उत्कृष्टं ।**
**बंधोदये च जघन्यं अनंतगुणहीनका कृष्टिः ॥५२१॥**

स० चं०—समय-समय प्रति सर्पकी गतिवत् उत्कृष्ट कृष्टि तौ उदय अर बन्ध विषैं बहुरि जघन्य कृष्टि बन्ध अर उदय विषैं अनन्तगुणा घटता क्रमलीएं अनुभाग अपेक्षा जाननी। सोई कहिए है—

सर्व कृष्टिनिके अनंत बहुभागमात्र बीचिकी कृष्टि बंधरूप हैं, तिनतैं साधिक उदयरूप हैं। तिन विषैं जो सर्वतैं स्तोक अनुभाग लीए प्रथम कृष्टि सो जघन्य कृष्टि कहिए। सर्वतैं अधिक अनुभाग लीए अन्त कृष्टि सो उत्कृष्ट कृष्टि कहिए। तहाँ कृष्टिवेदकका प्रथम समय विषैं जो उदयकी उत्कृष्ट कृष्टि सो बहुत अनुभागयुक्त है। तातैं तिसही समयविषैं बन्धकी उत्कृष्ट कृष्टि अनंतगुणा घटता अनुभाग लीए है। तातैं द्वितीय समयविषैं उदयकी उत्कृष्ट कृष्टि अनंतगुणा घटता अनुभाग लीएं है। तातैं तिसही समयविषैं बन्धकी उत्कृष्ट कृष्टि अनंतगुणा घटता अनुभाग लीए है। तातैं तीसरा समय विषैं उदयकी उत्कृष्ट कृष्टि अनंतगुणा घटता अनुभाग लीएं है। तातैं तिस समय विषैं बन्धकी उत्कृष्ट कृष्टि अनन्तगुणा घटता अनुभाग लीएं है। या प्रकार जैसैं सर्प इधरतैं इधर उधरतैं इधर गमन करै है तैसैं विवक्षित समयविषैं उदयकीतैं बन्धकी अर पूर्व समय-सम्बन्धी बन्धकीतैं उत्तर समयसम्बन्धी उदयकी उत्कृष्ट कृष्टिविषै अनन्तगुणा घटता अनुभाग क्रमतैं जानना। बहुरि कृष्टिवेदकका प्रथम समयविषैं बन्धकी जघन्य कृष्टि बहुत अनुभागयुक्त है। तातैं तिस समयविषैं उदयकी जघन्य कृष्टि अनन्तगुणा घटता अनुभागयुक्त है। तातैं दूसरा समय विषैं बन्धकी जघन्य कृष्टि अनंतगुणा घटता अनुभागयुक्त है, तातैं तिस समयविषैं उदयकी जघन्य कृष्टि अनन्तगुणा घटता अनुभागयुक्त है। ऐसैं सर्पकी चालवत् एक समयविषैं बन्धकीतैं उदयकी अर पूर्व समयसम्बन्धी उदयकीतैं उत्तर समयसम्बन्धी बन्धकी जघन्य कृष्टि विषैं अनन्तगुणा अनन्तगुणा घटता अनुभाग जानना। ऐसी प्ररूपणा क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि वेदककालका अंत समय पर्यंत है। बहुरि ताकी द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टि वेदककैं भी ऐसैं ही क्रम जानना ॥५२१॥

विशेष—क्रोधसंज्वलनकी जो प्रथम संग्रह कृष्टियाँ बन्ध उदयरूपसे प्रवृत्त होती हैं उनमेंसे नीचे और ऊपरकी असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंको छोड़कर मध्यम कृष्टिरूपसे प्रवृत्त होती हैं। इस प्रकार प्रवृत्त होनेवाले बन्ध और उदयकी अग्र स्थितियाँ प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी हीन होकर प्रवृत्त होती हैं। उन मध्यम कृष्टियोंमेंसे प्रथम समयमें उदयमें प्रवेश होनेवाली जो अनन्त मध्यम कृष्टियाँ हैं उनमें जो सबसे उपरिम उत्कृष्ट कृष्टि है वह तीव्र अनुभागवाली है। उससे बँधनेवाली जो उत्कृष्ट कृष्टि है वह अनन्तगुणी हीन है, क्योंकि उदयको प्राप्त होनेवाली उत्कृष्ट कृष्टि है उससे अनन्त कृष्टियाँ नीचे उतरकर इसका अवस्थान देखा जाता है। उससे दूसरे समयमें उदयको प्राप्त होनेवाली उत्कृष्ट कृष्टि अनन्तगुणी हीन है। तथा उससे दूसरे समयमें बँधनेवाली उत्कृष्ट कृष्टि अनन्तगुणी हीन है। इसी प्रकार पूरे कृष्टि वेदककालमें अल्प-बहुत्व जानना चाहिये।

अब संक्रमण द्रव्यका विधान कहिए है—

**संकमदि संगहाणं दव्वं सगहेट्ठिमस्स पढमो त्ति ।**
**तदणुदये संखगुणं इदरेसु हवे जहाजोग्गं ॥५२२॥**

**संक्रामति संग्रहाणां द्रव्यं स्वकाधस्तनस्य प्रथम इति ।**
**तदनूदये संख्यगुणमितरेषु भवेत् यथायोग्यम् ॥५२२॥**

स० चं० — संग्रह कृष्टिनिका द्रव्य है सो विवक्षित स्वकीय कषायके नीचैं जो कषाय ताकी प्रथम संग्रह कृष्टिपर्यंत संक्रमण करै है। भावार्थ यहु—जो स्वस्थानविषैं विवक्षित कषायकी संग्रह कृष्टिका द्रव्य तिस ही कषायकी अन्य संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण करै तौ तीसरी संग्रह कृष्टिपर्यन्त करै। अर परस्थानविषैं जो अन्य कषायविषैं संक्रमण करै तौ तिस विवक्षित कषायतैं लगती जो कषाय ताकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण करै। जो द्रव्य जिसविषैं संक्रमण करै सो द्रव्य तिस ही रूप परिणमै है। तहाँ जिस संग्रह कृष्टिकौं भोगवै है ताका अपकर्षण कीया हुआ द्रव्यतैं ताके अनन्तरि भोगने योग्य जो संग्रह कृष्टि तिसविषैं संख्यातगुणा द्रव्य संक्रमण हो है। औरनिविषै यथायोग्य संक्रमण हो है। सोई कहिए है—

जैसैं प्रवृत्तिविषै जमा-खरच कहिए तैसैं इहां आय द्रव्य व्यय द्रव्य कहिए है। जो अन्य संग्रह कृष्टिनिका द्रव्य संक्रमण करि विवक्षित संग्रह कृष्टि विषैं आया—प्राप्त भया ताका नाम आय द्रव्य है। बहुरि विवक्षित संग्रह कृष्टिका द्रव्य संक्रमण करि अन्य संग्रह कृष्टिनिविषैं गया ताका नाम व्यय द्रव्य है। बहुरि इहां क्रोधका प्रथम संग्रह कृष्टि बिना अन्य ग्यारह संग्रह कृष्टिनिका अपना-अपना जो द्रव्य ताकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं जो एक भाग मात्र द्रव्य संक्रमण करै है सो एक द्रव्य कहिए है। बहुरि क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं जो एक भागमात्र द्रव्य संक्रमण करै सो तेरह द्रव्य कहिए है, जातैं अन्य संग्रह कृष्टिका द्रव्यतैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्य नोकषायके द्रव्य मिलनेतैं तेरहगुणा है[2]। तहां लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टि अर द्वितीय संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण करै है, तातैं ताकैं आय द्रव्य दो है। बहुरि लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिका ही अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण करै है,

---

१. कोहविदियकिट्टीदो पदेसग्गं कोहतदियं च माणपढमं च गच्छदि। कोहस्स तदियादो किट्टीदो माणस्स पढमं चेव गच्छदि। माणस्स पढमादो किट्टीदो माणस्स विदियं तदियाए मायाए पढमं च गच्छदि। माणस्स विदियकिट्टीदो माणस्स तदियं च मायाए पढमं च गच्छदि। माणस्स तदियकिट्टीदो मायाए पढमं गच्छदि। मायाए पढमादो पदेसग्गं मायाए विदियं तदियं च लोभस्स पढमं किट्टि च गच्छादि मायाए विदियादो किट्टीदो पदेसग्गं मायाए तदियं लोभस्स पढमं च गच्छदि। मायाए तदियादो किट्टीदो पदेसग्गं लोभस्स पढमं गच्छदि। लोभस्स पढमादो किट्टीदो पदेसग्गं लोभस्स विदियं च तदियं च गच्छदि। लोभस्स विदियादो पदेसग्गं लोभस्स तदियं गच्छदि। क० चु० पृ० ८५६।

२. कोहस्स विदियाए संगहकिट्टीए पदेसग्गं थोवं। पढमाए संगहकिट्टीए पदेसग्गं संखेज्जगुणं, तेरसगुणमेत्तं........। क० चु० पृ० ८११–८१२।

तातैं ताके आय द्रव्य एक है। बहुरि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं मायाकी प्रथम द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण करै है तातैं ताकैं आय द्रव्य तीन हैं। बहुरि मायाकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं मायाकी द्वितीय प्रथम संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण करै है, तातैं ताकैं आय द्रव्य दोय हैं। बहुरि मायाकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संग्रह करै है, तातैं ताकैं आय द्रव्य एक है। बहुरि मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं मानकी प्रथम, द्वितीय, तृतीय संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण हो है, तातैं ताकैं आय द्रव्य तीन हैं। बहुरि मानकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं मानकी द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण हो है, तातैं ताकैं आय द्रव्य दोय हैं। बहुरि मानकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषै मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिका ही अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण हो है, तातैं ताकैं आय द्रव्य एक है। बहुरि मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं क्रोधकी प्रथम द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण हो है, तातैं ताकैं आय द्रव्य पंद्रह हैं। बहुरि क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं क्रोधकी प्रथम द्वितीय कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य संक्रमण हो है, तातैं ताकैं आय द्रव्य चोदह हैं। बहुरि क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्य तेरह तातैं चौदहगुणा संक्रमण हो है, तातैं ताकैं आय द्रव्य एकसौ बियासी है। इहां चौदहगुणा करनेका प्रयोजन कहिए है—

अनंतरि भोगने योग्य संग्रह कृष्टिविषै संख्यातगुणा द्रव्यका संक्रमण होना कह्या है सो इहां संख्यातका प्रमाण अपने गुणकारतैं एक अधिक जानना। सो यहु क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकौं भोगवै है। अर ताके अनंतरि क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकौं भोगवै है, तातैं क्रोधकी प्रथम कृष्टिका अपकर्षण कीया द्रव्यतैं संख्यातगुणा द्रव्यका द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण हो है। बहुरि इहां प्रथम कृष्टिका द्रव्यविषै तेरहका गुणकार है, तातैं एक अधिक कीएं संख्यातका प्रमाण चौदह इहां जानना। अन्य संग्रह कृष्टि वेदकविषै संख्यातका प्रमाण अन्य होगा सो आगै कहैंगे। बहुरि क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै आय द्रव्य है नाहीं, जातैं आनुपूर्वी संक्रमण पाइए है। इहां संक्रमण द्रव्यकौं अपकर्षण द्रव्यका अनुभाग घटनेकी अपेक्षा हानि होनेतैं कह्या है। ऐसैं आय द्रव्यका विभाग कह्या। अब व्यय द्रव्यका विभाग कहिए है—

क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्य क्रोधकी द्वितीय तृतीय मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं एकसौ बियासी तेरह तेरह द्रव्य मिलि ताकैं व्यय द्रव्य दोयसै आठ हो हैं। बहुरि क्रोधकी द्वितीय कृष्टिका द्रव्य क्रोधकी तृतीय मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य दोय हो हैं। बहुरि क्रोधकी तृतीय कृष्टिका द्रव्य मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिहीविषै गया, तातैं ताकै व्यय द्रव्य एक है। बहुरि मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्य मानकी द्वितीय तृतीय मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य तीन हैं। बहुरि मानकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य मानकी तृतीय मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य दोय हैं। बहुरि मानकी तृतीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टि ही विषै गया, तातैं ताके व्यय द्रव्य एक है। बहुरि मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्य मायाकी द्वितीय तृतीय लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य तीन हैं। बहुरि मायाकी द्वितीय कृष्टिका द्रव्य मायाकी तृतीय लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य दोय हैं। बहुरि मायाकी तृतीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषै ही गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य एक है।

बहुरि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्य लोभकी द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य दोय हैं। बहुरि लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषै गया, तातैं ताकैं व्यय द्रव्य एक है। बहुरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य अन्यत्र न जाय है, जातैं विपरीत संक्रमणका अभाव है तातैं ताकैं व्यय द्रव्य नाही है। ऐसैं व्यय द्रव्यका विभाग कह्या ।। ५२२ ।।

विशेष—अंक संदृष्टिकी अपेक्षा मोहनीयका पूरा द्रव्य ४९ अंक प्रमाण हैं। पुनः इसके दो भाग करनेपर उनमेंसे असंख्यातवें भागसे अधिक एक भाग चारों संज्वलन कषायोंका द्रव्य है और असंख्यातवाँ भाग हीन एक भाग नोकषायोंका द्रव्य है। उसका प्रमाण २४ है। कषायके द्रव्यको १२ संग्रह कृष्टियोंमें विभाजित करनेपर क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिको १२वाँ भाग प्राप्त होता है जो २ अंक प्रमाण है। वह मोहनीयके पूरे द्रव्यकी अपेक्षा कुछ कम २४ वें भाग प्रमाण होता है। अंक संदृष्टिकी अपेक्षा वह २ अंक प्रमाण है। किन्तु नोकषायका समस्त द्रव्य क्रोध संज्वलनकी प्रथम संग्रह कृष्टिमें संक्रमित होता है, क्योंकि उसका वेदककी प्रथम संग्रह कृष्टिरूपसे परिणमन देखा जाता है। अतएव नोकषायके समस्त द्रव्यके साथ क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका कुल द्रव्य ( २४ + २ = २६ ) अंक प्रमाण हो जाता है। इसे क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिके २ अंक प्रमाण द्रव्यसे भाजित करने पर २६ ÷ २ = १३ होता है, इसीलिये क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिके द्रव्य को उसीकी दूसरी संग्रह कृष्टिकी अपेक्षा १३ गुणा कहा है।

आगैं अनुसमय अपवर्तनकी प्रवृत्तिका क्रम कहिए है—

**पडिसमयमसंखेज्जदिभागं[1] णासेदि कंडयेण विणा ।**
**बारससंगहकिट्टीणग्गदो किट्टिवेदगो णियमा[2] ।। ५२३ ।।**

**प्रतिसमयमसंख्येयभागं नाशयति कांडकेन विना ।**
**द्वादशसंग्रहकृष्टीनामग्रतः कृष्टिवेदको नियमात् ।। ५२३ ।।**

स० चं०—कृष्टिवेदक जीव है सो कांडक बिना बारह संग्रह कृष्टिनिका अग्रभागतैं सर्व कृष्टिनिके असंख्यातवें भागमात्र कृष्टिनिकौं नष्ट करै है नियमतैं। भावार्थ—कृष्टिकरण कालका अंत समयपर्यंत तौ अंतर्मुहूर्त कालकरि निष्पन्न जो कांडक विधान ताकरि अनुभागका नाश होता था अब कृष्टि भोगनेका प्रथम समयतैं लगाय समय समय प्रति अग्रयात होने लगा। तहां बारह संग्रह कृष्टिनिका जे अंतर कृष्टि तिनविषैं अंत कृष्टितैं लगतीं जे बहुत अनुभाग युक्त ऊपरिकी केते इक कृष्टि तिनका नाशकरि तिनि कृष्टिनिके द्रव्यकौं स्तोक अनुभाग यक्त नीचली कृष्टिनिविषैं निक्षेपण करिए है। तहां जिनि कृष्टिनिका नाश कीया तिनिका नाम घात कृष्टि है सो अपनी अपनी संग्रह कृष्टिविषै अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण स्थापि ताकौं अपकर्षण भागहारके असंख्यातवें भागमात्र जो असंख्यात ताका भाग दीएं अपनी अपनी घात कृष्टिनिका प्रमाण आवै है।

१. मु० प्रतौ पडिसमयं संखेज्जदिभागं इति पाठः।

२. किट्टीणं पढमसमयवेदगो बारसण्हं पि संगहकिट्टीणमग्गकिट्टिमादिं कादूण एक्केक्किस्से संगहकिट्टीए असंखेज्जदिभागं विणासेदि। क० चु० पृ० ८५२।

बहुरि इन घात कृष्टिनिके जे परमाणू ताका नाम घात द्रव्य है, सो अपनी अपनी अन्त कृष्टिका द्रव्यकौं घात कृष्टिनिका प्रमाण करि गुणैं अन्त कृष्टिके नीचैं एक एक विशेष बंधता है। तातैं विशेष अधिक कीएं घात द्रव्यका प्रमाण आवै हैं ॥ ५२३ ॥

विशेष—प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिसे वृद्धिको प्राप्त होता हुआ यह प्रथम समयवर्ती कृष्टिवेदक जीव जो बारह संग्रह कृष्टियाँ हैं उनमेंसे एक-एक कृष्टिसम्बन्धी उत्कृष्ट कृष्टिसे लेकर उपरिम अनन्त कृष्टियोंके असंख्यातवें भागमात्र कृष्टियोंका अपवर्तनाघातके द्वारा एक समयमें घात करता है। उसकी कृष्टियोंकी शक्तिको अपवर्तनाघातके द्वारा अधस्तन कृष्टिरूपसे परिणमाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसी प्रकार द्वितीयादि समयोंमें भी अपवर्तनाघात जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि प्रथम समयमें विनाशको प्राप्त होनेवाली कृष्टियोंसे द्वितीयादि समयोंमें विनाशको प्राप्त होनेवाली कृष्टियाँ उत्तरोत्तर असंख्यातगुणी हीन जानना चाहिये।

**णासेदि परट्ठाणियगोउच्छं अग्गकिट्टिघादादो।**
**सट्ठाणियगोउच्छं संकमदव्वादु घादेदि॥ ५२४॥**

**नाशयति परस्थानकं गोपुच्छमग्रकृष्टिघातात्।**
**स्वस्थानिकगोपुच्छं संक्रमद्रव्यात् घातयति॥ ५२४॥**

स० चं—अग्रकृष्टि घाततैं तौ परस्थान गोपुच्छकौं नष्ट करै है अर संक्रम द्रव्य जो अन्य संग्रहरूप भया ऐसा पूर्वोक्त व्यय द्रव्य तातैं स्वस्थान गोपुच्छकौं नष्ट करै है। कैसैं? सो कहिए है—

विवक्षित एक संग्रहकृष्टिविषैं जो अन्तर कृष्टिनिकैं विशेष घटता क्रम पाइए सो इहां स्वस्थान गोपुच्छ कहिए है। बहुरि नीचली विवक्षित संग्रहकृष्टिकी अन्त कृष्टितैं ऊपरिकी अन्य संग्रह कृष्टिकी आदि कृष्टिकै विशेष घटता क्रम पाइए है सो इहां परस्थान गोपुच्छ कहिए। तहां कृष्टिनिकैं हीन अधिक द्रव्यका संक्रमण होनेतैं चय घटता क्रम नष्ट भया तातैं पूर्वै स्वस्थान गोपुच्छ था ताका संक्रमण द्रव्यकरि नाश भया। बहुरि नीचली संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टि अर ऊपरली संग्रह कृष्टिकी आदि कृष्टि तिनिके बीचि कृष्टिनिका घात होनेतैं एक विशेष घटता क्रम न रह्या तातैं पूर्वै परस्थान गोपुच्छ था ताका घातद्रव्यकरि नाश भया॥ ५२४॥

**आयादो वयमहियं हीणं सरिसं कहिं पि अण्णं च।**
**तम्हा आयद्दव्वा ण होदि सट्ठाणगोउच्छं॥ ५२५॥**

**आयतो व्ययमधिकं हीनं सदृशं कुत्रापि अन्यच्च।**
**तस्मादायद्रव्यान्न भवति स्वस्थानगोपुच्छम्॥ ५२५॥**

स० चं—इहां कोऊ कहै व्यय द्रव्य गया अर आय द्रव्य आया तातैं व्यय द्रव्य करि स्वस्थान गोपुच्छका नाश कह्या, आय द्रव्यकरि स्वस्थान गोपुच्छका होना कह्या, तहां कहिए है—

कहीं संग्रहकृष्टिविषैं आय द्रव्यतैं व्यय द्रव्य अधिक है, कहीं हीन है, कहीं समान है, कहीं आय द्रव्य है, व्यय नाहीं, कहीं व्यय द्रव्य है आय द्रव्य नाहीं। तातैं आय द्रव्यतैं स्वस्थान गोपुच्छ न हो है॥ ५२४॥

अब जैसैं स्वस्थान परस्थान गोपुच्छका सद्भाव हो है तैसैं कहिए है—

**घादयदव्वादो पुण वय आयदखेत्तदव्वगं देदि।**
**सेसासंखाभागे अणंतभागूणयं देदि ॥ ५२६ ॥**

**घातकद्रव्यात् पुनर्व्ययमायतक्षेत्रद्रव्यकं ददाति।**
**शेषासंख्यभागं अनंतभागोनकं ददाति ॥ ५२६ ॥**

स० चं—घात द्रव्यतैं व्यय द्रव्य अर आयतक्षेत्र द्रव्यकौं दीएं एक गोपुच्छ हो है। कैसैं? सो कहिए है—

पूर्वैं जो व्यय द्रव्य कह्या तामैं जिनि कृष्टिनिका घात कीया तिनि कृष्टिनिका व्यय द्रव्य घटाएं अवशेष रहैं तितना द्रव्य घातद्रव्यतैं ग्रहणकरि जिन कृष्टिनिका जितना जितना व्यय द्रव्य भया था तिन कृष्टिनिका तितना तितना देइ पूरण कीएं स्वस्थान गोपुच्छका सद्भाव हो है। घात कृष्टिसम्बन्धी व्यय द्रव्य कितना? सो कहिए है—

अपनी अपनी संग्रहकृष्टिकी अन्त कृष्टिका द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं तिस अन्त कृष्टिका व्यय द्रव्यका प्रमाण आवै है। ताकौं अपनी अपनी घात कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं अर तहां विशेष अधिक कीएं सर्व घात कृष्टिसम्बन्धी व्यय द्रव्यका प्रमाण हो है, सो घात कृष्टिनिका तौ नाश ही भया सो तहां द्रव्य देना ही नाही। तातैं याकौं व्यय द्रव्यविषैं घटाइ अवशेष व्यय द्रव्यमात्र द्रव्य देनेकरि स्वस्थान गोपुच्छकी सिद्धि हो है। बहुरि लोभकी तृतीय संग्रहकृष्टिका घात कीएं पीछैं अवशेष रहीं जे कृष्टि तिनविषैं जो अन्त कृष्टि तिसतैं लोभकी द्वितीय संग्रहकी प्रथम संग्रह कृष्टि है सो बीचि ही कृष्टिका घात होनेतैं एक अधिक लोभकी तृतीय संग्रहकी घात कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जे विशेष कहिए चय तिनकरि हीन भई सो अपने नीचैं लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी घात कृष्टिनिका को प्रमाण तितने विशेषनिका जेता द्रव्य होइ तितना द्रव्यकौं अपने घात द्रव्यतैं ग्रहणकरि तहां लोभकी द्वितीय संग्रहकी प्रथम कृष्टिविषैं दीएं यहु प्रथम कृष्टि तिस तृतीय संग्रहकी अन्त कृष्टितैं एक विशेषमात्र घटती हो है। ऐसैं ही याकी द्वितीयादि घात कीएं पीछैं अवशेष रहीं कृष्टिनिकी अन्त कृष्टिपर्यन्त कृष्टिनिविषैं तितना तितना द्रव्य घात द्रव्यतैं ग्रहणकरि दीएं लोभकी तृतीय द्वितीय संग्रहविषै एक गोपुच्छ भया सो इहां आयतैं नीचैं तृतीय संग्रह ताकी घात कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जे विशेष तिनका द्रव्य प्रमाण तौ चौडा अर अपनी घात कीएं पीछैं अवशेष रहीं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र लंबा क्षेत्र कल्पना कीएं एक आयत चतुरस्र क्षेत्र भया। बहुरि ऐसैं ही आयतैं नीचैं द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टि तिन दोऊनिकी घात कृष्टिनिका जेता प्रमाण तितना विशेष प्रमाण तौ जुदा २ चौडा अर अपनी घात कीए पीछैं अवशेष रहीं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र लम्बा ऐसा दोय आयत चतुरस्र क्षेत्रप्रमाण द्रव्यकौं अपनी घात द्रव्यतैं ग्रहणकरि लोभकी प्रथम संग्रहकी प्रथमादि कृष्टिनिविषै दीए लोभकी तीनों संग्रहकृष्टिनिका एक गोपुच्छ भया। ऐसैं ही क्रमकरि अपने नीचली संग्रह कृष्टिनिकी घात कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेषनिकरि तौ जुदा जुदा चौडा अर अपनी घात कीए पीछैं अवशेष रहीं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र लम्बा ऐसैं क्रमतैं तीन च्यारि पांच छह सात आठ नव दश ग्यारह आयत चतुरस्र क्षेत्ररूप द्रव्य ताकौं अपने अपने घात द्रव्यतैं ग्रहणकरि क्रमतैं मायाकी तृतीय संग्रहादि क्रोधकी प्रथम संग्रह पर्यन्त संग्रह कृष्टिनिविषैं दीए बारह संग्रह कृष्टिनिका एक गोपुच्छ हो है।

ऐसें आयत चतुरस्र क्षेत्ररूप द्रव्य देनेकरि परस्थान गोपुच्छकी सिद्धि भई। या प्रकार स्वस्थान परस्थान गोपुच्छ सम्पूर्ण हो है। बहुरि इहां सर्व मोहनीयका द्रव्य साधिक द्वयर्थ गुणहानि गुणित आदि वर्गणामात्र है ताकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं अर साधिक नवगुणा कीएं समस्त व्यय द्रव्यका प्रमाण आवै है। जातैं सर्व मोहके द्रव्यकौं चौईसका अर अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एक व्यय द्रव्यका प्रमाण होइ अर पूर्वोक्त समस्त व्यय द्रव्यनिकौं जोडैं दोयसै छब्बीस होंइ। तहां दोयसै छब्बीस गुणकारका चौईसकरि अपवर्तन कीएं साधिक नवका गुणकार हो है। बहुरि सर्व मोहनीयके द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारके असंख्यातवां भागका भाग दीएं सर्व घात द्रव्यका प्रमाण हो है। सो इस घात द्रव्यतैं पूर्वोक्त व्यय द्रव्य अर आयत चतुरस्र क्षेत्ररूप जो द्रव्य ग्रहण कीया सो याके असंख्यातवें भागमात्र है, सो घटाएं अवशेष बहुभागमात्र द्रव्य रह्या ताकौं अनंतवां भागमात्र जो एक विशेष ताकरि घटता क्रम लीएं दीजिए है। कैसें? सो कहिए है—सर्व अवशेष घात द्रव्यका घात कीएं पीछैं अवशेष रही कृष्टिका प्रमाणमात्र जो गच्छ ताका भाग दीएं मध्यधन हो है। बहुरि ताकौं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणकरि हीन जो दो गुणहानि ताका भाग दीएं विशेषका प्रमाण हो हैं। बहुरि गच्छका एकबार संकलन धनकरि तिस चयकौं गुणैं उत्तरधन हो है। बहुरि याकौं तिस द्रव्यमें घटाएं अवशेष आदि धन हो है। ताकौं गच्छका भाग दीएं एक खण्डका प्रमाण हो है। तहां एक खंडकौं अर उत्तर धनतैं गच्छप्रमाण अवशेषनिकौं ग्रहि लोभकी जघन्य कृष्टिविषै दीजिए है। बहुरि ताकी द्वितीय कृष्टितैं लगाय क्रोधकी उत्कृष्ट कृष्टिपर्यंत एक एक खंड समानरूप अर उत्तर धनविषै एक एक विशेष घटता दीजिए है। अर ऐसैं अवशेष घात द्रव्य सर्व समाप्त हो है। ऐसैं होतैं सर्वत्र एक गोपुच्छ हो है ॥ ५२६ ॥

**उदयगदसंगहस्स य मज्झिमखंडादिकरणमेदेण।**
**दव्वेण होदि णियमा एवं सव्वेसु समयेसु ॥ ५२७ ॥**

**उदयगतसंग्रहस्य च मध्यमखंडादिकरणमेतेन।**
**द्रव्येण भवति नियमादेवं सर्वेषु समयेषु ॥** ५२७ ॥

स० चं—उदयकौं प्राप्त जो संग्रह कृष्टि ताका इस घात द्रव्य ही करि मध्यम खंडादिक करना हो है। भावार्थ—जिस संग्रह कृष्टिकौं वेदै है ताविषै आय द्रव्यका अभाव है। तातैं संक्रमण द्रव्यकरि कीएं तौ मध्यम खंडादिक होइ नाहीं। तातै मध्यम खंड उभय द्रव्य विशेष इत्यादि वक्ष्यमाण विधान करनेके अर्थि तिस भोगवनेरूप संग्रह कृष्टिनिका घात द्रव्यतै ताका असंख्यातवां भागमात्र द्रव्यकौं जुदा स्थापि अवशेष घात द्रव्य हीकौं पूर्वोक्त प्रकार विशेष घटता क्रम लीएं एक गोपुच्छाकारकरि दीजिए है। एक भागका आगैं मध्यम खंडादि विधानतैं द्रव्य देना कहेंगे सो जानना। ऐसैं समय २ प्रति सर्व समयनिविषैं विधान हो है।

या प्रकार घात द्रव्यकरि एक गोपुच्छ भया। अब जो अन्य संग्रहका विवक्षित संग्रहविषैं द्रव्य आया ताकौं पूर्वैं आय द्रव्य कह्या था ताका नाम इहां संक्रमण द्रव्य कहिए। बहुरि जो नवीन समयप्रबद्धविषैं द्रव्य बंधिकरि कृष्टिरूप हो है सो बंध द्रव्य कहिए। ताका विधान कैसैं है? सो कहिए है—

केता इक संक्रमण द्रव्य अर बंध द्रव्यकरि केती इक नवीन अपूर्व कृष्टि करिए है। तहां

संक्रमण द्रव्यकरि तौ तिनि संग्रह कृष्टिनिकी जो जघन्य कृष्टि ताके नीचैं केती इक नवीन अपूर्व कृष्टि करिए है। सो इनका नाम अधस्तन कृष्टि है। बहुरि केती इक तिनि संग्रह कृष्टिनिकी पूर्व अवयव कृष्टिनिके बीचि बीचि नवीन अपूर्व कृष्टि करिए है। इनका नाम अंतर कृष्टि है। बहुरि बंध द्रव्यकरि अवयव कृष्टिनिके बीचि बिचि ही नवीन अपूर्व कृष्टि करिए हैं सो इनका भी नाम अंतर कृष्टि है। बहुरि केलाइक संक्रमण द्रव्य वा बंध द्रव्यकौं पूर्व कृष्टिनिहीविषै निक्षेपण करै है सौ यहु विधान कहिए है॥ ४२७॥

**हेट्ठा किट्टिप्पहुदिसु संकमिदासंखभागमेत्तं तु।**
**सेसा संखाभागा अंतरकिट्टिस्स दव्वं तु[1]॥ ५२८॥**

**अधस्तनकृष्टिप्रभृतिषु संक्रमितासंख्यभागमात्रं तु।**
**शेषा असंख्यभागा अंतरकृष्टेर्द्रव्यं तु॥ ५१८॥**

स० चं—सक्रमण द्रव्यकौं असंख्यातका भाग दीएं तहां एक भागमात्र द्रव्य तौ नीचली कृष्टि आदिविषैं दीजिए है। भावार्थ यहु—या द्रव्यकरि अधस्तन अपूर्व कृष्टि करिए है। बहुरि अवशेष असंख्यात बहुभाग हैं ते अन्तर कृष्टिनिका द्रव्य हैं, याकरि अन्तर कृष्टि करिए है॥५२८॥

**बंधदव्वाणंतिमभागं पुण पुव्वकिट्टिपडिबद्धं।**
**सेसाणंता भागा अंतरकिट्टिस्स दव्वं तु[2]॥५२९॥**

**बंधद्रव्यानंतिमभागं पुनः पूर्वकृष्टिप्रतिवद्धं।**
**शेषानंता भागा अंतरकृष्टेर्द्रव्यं तु॥५२९॥**

स० चं०—बन्ध द्रव्यकौं अनन्तका भाग दीएं तहां एकभागमात्र तौ पूर्व कृष्टिसम्बन्धी है, या द्रव्यकौं पूर्वै कृष्टि कहीं थीं तिनहीविषैं निक्षेपण करिए है। बहुरि अवशीष अनन्त बहुभाग है ते अन्तर कृष्टिनिका द्रव्य है, या द्रव्यकरि नवीन अन्तर कृष्टि करिए है॥५२९॥

**कोहस्स पढमकिट्टी मोत्तूणेकारसंगहाणं तु।**
**बंधणसंकमदव्वादपुव्वकिट्टिं करेदी हु[3]॥५३०॥**

**क्रोधस्य प्रथमकृष्टिं मुक्त्वा एकादशसंग्रहाणां तु।**
**बंधनसंकमद्रव्यादपूर्वकृष्टिं करोति हि॥५३०॥**

स० चं०—क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि विना अवशेष ग्यारह संग्रह कृष्टिनिकैं यथा सम्भव बन्ध द्रव्य अथवा संक्रमण द्रव्यतैं अपूर्व कृष्टि करै है। क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण द्रव्यके अभावतैं बन्ध द्रव्यकरि ही अपूर्व करण कृष्टि करिए है॥५३०॥

---

१. धवला० पु० ६, पृ० ३८७। जयध० ता० पृ० २१७४–२१७५।

२. धवला० पु० ६, पृ० ३८६। जयध० ता० पृ० २१७२–२१७३।

३. कोहस्स पढमसंगहकिट्टिं मोत्तूण सेसाणमेक्कारसण्हं संगहकिट्टीणं अण्णाओ अपुव्वाओ किट्टीओ

**बंधणदव्वादो पुण चदुसु ट्ठाणेसु पढमकिट्टीसु ।**
**बंधापुव्वकिट्टीदो संकमकिट्टी असंखगुणा ॥ ५३१ ॥**

**बंधनद्रव्यात्पुनः चतुर्षु स्थानेषु प्रथमकृष्टिषु ।**
**बंधापूर्वकृष्टितः संक्रमकृष्टिः असंख्यगुणा ॥५३१॥**

स० चं०—बहुरि बन्ध द्रव्यतैं क्रोधादि च्यारि कषायनिकी प्रथम संग्रह कृष्टिरूप जे च्यारि स्थान तिनहीविषै अपूर्व कृष्टि करिए है । संक्रमण द्रव्यकरि पूर्वै ग्यारह स्थाननिविषैं कृष्टि करनी कही हैं । बहुरि बन्ध द्रव्यकरि निपजी अपूर्व कृष्टिनितैं संक्रमण द्रव्यकरि निपजी कृष्टि पल्यका असंख्यातवाँ भागगुणी हैं, जातैं बन्ध द्रव्य समयप्रबद्धमात्र है, तातैं संक्रमण द्रव्य असंख्यात-गुणा है । अर कृष्टि हैं ते द्रव्य कृष्टिके अनुसारि निपजै हैं ॥५३१॥

विशेष—आशय यह है कि क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिके बँधनेवाले प्रदेश पुंजसे ही अपूर्व कृष्टियोंको रचता है, क्योंकि वहाँ कोई दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है । मान, माया और लोभकी तीनों प्रथम संग्रह कृष्टियोंमें बन्धको प्राप्त होनेवाले और संक्रमित होनेवाले प्रदेशपुंजसे ही अपूर्व कृष्टियोंकी रचना होना सम्भव है । इनके अतिरिक्त शेष संग्रहकृष्टियोंमें संक्रमित होनेवाले प्रदेशपुंजसे ही अपूर्व कृष्टियोंकी रचना होती है, क्योंकि उनमें बन्धको प्राप्त होनेवाले प्रदेशपुंज नहीं पाया जाता ।

**संखातीदगुणाणि य पल्लस्सादिमपदाणि गंतूण ।**
**एक्केक्कबंधकिट्टी किट्टीणं अंतरें होदि[2] ॥ ५३२ ॥**

**संख्यातीतगुणानि च पल्यस्यादिमपदानि गत्वा ।**
**एकैकबंधकृष्टिः कृष्टीनामंतरें भवति ॥५३२॥**

स० चं०—जिनि संग्रहकृष्टिनिका बन्ध सम्भवै तिनकी जे अवयव कृष्टि हैं तिनिविषैं तिनका असंख्यातवां भागमात्र नीचैकी वा उपरिकी कृष्टि तौ बन्ध योग्य ही नाहीं अर बीचिमैं जे बहुभागमात्र बध्यमान कृष्टि हैं तिनिकी दोय कृष्टिनिके बीचि एक अन्तराल बहुरि एक कृष्टि यहु अर एक कृष्टि ऊपरिकी तिनिके बीचि एक अन्तराल ऐसैं जे अन्तराल हैं तिनि विषैं पहला दूसरा आदि असंख्यात पल्यका प्रथम वर्गमूलमात्र अन्तराल उल्लंघि जो अन्तराल है तिसविषैं नवीन एक अपूर्व कृष्टि करिए है । बहुरि ताके ऊपरि तितने ही अन्तराल उल्लंघि जो अन्तराल आवै तहां दूसरी अपूर्व कृष्टि करिए है । ऐसें ही बन्धकी उत्कृष्ट कृष्टिके नीचैं पल्यका असंख्यातका वर्गमूल-मात्र कृष्टि उतरैं तहां अन्तरालविषैं जो उत्कृष्ट अपूर्व कृष्टि करिए है तहां पर्यन्त ऐसें ही क्रम लीएं कृष्टिनिके बीचि अपूर्व कृष्टिनिका होना जानना ॥५३२॥

---

१. बज्झमाणयादो थोवाओ णिव्वत्तेदि । संकामिज्जमाणयादो असंखेज्जगुणाओ । जाओ ताओ बज्झमाणयादो पदेसग्गादो णिव्वज्जंति ताओ चदुसु पढमसंगहकिट्टीसु । क० चु०, पृ० ८५२ ।

२. किट्टी अंतराणि अंतरदुदाए असंखेज्जाणि पलिदोवमपढमवग्गमूलाणि । एत्तियाणि किट्टीअंतराणि गंतूण अपुव्वाकिट्टी णिव्वत्तिज्जदि । क० चू० पृ० ८५३ ।

**दिज्जदि अणंतभागेणूणकमं बंधगे य णंतगुणं ।**
**तण्णंतरे णंतगुणूणं तत्तोणंतभागूणं[1] ॥ ५३३ ॥**

**दीयते अनंतभागेनोनक्रमं बंधके चानंतगुणं ।**
**तदनंतरेऽनंतगुणोनं ततोऽनंतभागोनं ॥५३३॥**

स० चं०—बंध द्रव्य कृष्टिनिविषैं कैसैं दीजिए है सो कहिए है—पूर्वकृष्टिविषैं बहुत द्रव्य दीजिए है। बहुरि दूसरी पूर्व कृष्टिविषैं ताके अनंतवें भागमात्र जो एक विशेष ताकरि घटता द्रव्य दीजिए है। ऐसैं यावत् अपूर्व कृष्टि न प्राप्त होइ तावत् अनन्तभागरूप विशेष घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। बहुरि तहां अन्त कृष्टिविषैं जो दीया द्रव्य तातैं अपूर्व कृष्टिविषै अनंतगुणा द्रव्य दीजिए है। जातैं यहु कृष्टि इसही द्रव्यकरि नवीन निपजै है। बहुरि यातैं याके अनंतरवर्ती जो पूर्वकृष्टि तिसविषैं अनंतगुणा घटता द्रव्य दीजिए है। तातैं उपरि अनंतवां भागरूप विशेष घटता क्रम लीएं द्रव्य यावत् अपूर्व कृष्टि प्राप्त न होइ तावत् दीजिए है। ऐसैं ही अनुक्रम लीए बंधकी उत्कृष्ट कृष्टि पर्यंत बंध द्रव्य देनेका विधान जानना। नवीन बंध द्रव्य करि करी अपूर्व कृष्टि भी अनंत हैं। ऐसैं बंध कृष्टिनिका स्वरूप कह्या है ॥५३३॥

विशेष—चारों प्रथम संग्रह कृष्टियोंके नीचे और ऊपर असंख्यातवें भागको छोड़ कर शेष समस्त मध्यम कृष्टियोंरूपसे परिणमन करनेवाले नवकबन्धका अनुभाग पूर्व कृष्टिरूप भी परिणमता है और अपूर्व कृष्टिस्वरूप भी परिणमता है। उसमेंसे जो प्रदेश पुंज पूर्व कृष्टियोंको प्राप्त होता है वह नवकबन्धरूप समयबद्धके अनन्तवें भागप्रमाण होता है। शेष अनन्त बहुभाग प्रमाण प्रदेश पुंज अपूर्व कृष्टियोंको प्राप्त होता है। इसलिये नवकबन्धरूप समयप्रबद्धके अनन्त बहुभागको पृथक् रखकर जो शेष एक भागप्रमाण प्रदेशपुंज अवशिष्ट रहा उसे पूर्व कृष्टियोंके सम्बन्धसे बन्धको प्राप्त होनेवाली जघन्य कृष्टिसे लेकर सिंचन करता हुआ उनमें जो बन्धरूप जघन्य कृष्टि है उसमें बहुत प्रदेशपुंजका निक्षेपण करता है। नवक बन्धरूप समयप्रबद्धके अनन्तवें भागको पूर्व कृष्टियोंके प्रमाणसे भाजित करनेपर जो एक खण्डप्रमाण द्रव्य प्राप्त हो उसमें अनन्तवें भागप्रमाण द्रव्यके और मिलाने पर जो द्रव्य प्राप्त हो उसे विवक्षित जघन्य कृष्टिरूपसे सिंचित करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उससे आगे दूसरी कृष्टिको विशेष-हीन द्रव्य देता है। यहाँ विशेषका प्रमाण अनन्तवाँ भाग है। तात्पर्य यह है कि बन्धरूप जघन्य कृष्टिमें जितना द्रव्य दिया है उसे निषेक भागहारसे भाजित करने पर जो द्रव्य प्राप्त हो उतना कम देता है। इसी प्रकार अन्तिम पूर्व कृष्टिके प्राप्त होने तक तृतीयादि कृष्टियोंको विशेष हीन विशेष हीन द्रव्य देता है। इस प्रकार पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूलोंको उल्लंघन कर जो अपूर्व कृष्टि प्राप्त होती है उसके पूर्वतक पूर्व कृष्टियोंमें उक्त द्रव्यका निक्षेपण करता है। यहां जो पूर्व कृष्टियोंको रचनाकी विधि कही सो दो पूर्व कृष्टियोंके अन्तराल में जो अपूर्व कृष्टियोंको रचना होती है उसमें अनन्तगुणे द्रव्यको देता है। उसके आगे नवकबन्धके निपजनेवाली अपूर्व कृष्टियोंमें किस क्रमसे द्रव्यका विभाग होता है इसे जयधवला टीकासे जानना चाहिये।

---

१. तत्थ जहण्णियाए किट्टीए बज्झमाणियाए बहुअं। विदियाये किट्टीए विसेसहीणमणंतभागेण। तदियाए विसेसहीणमणंतभागेण। चउत्थीए विसेसहीणं। एवमणंतरोपणिधाए ताव विसेसहीणं जाव अपुव्व-किट्टिमपत्तो त्ति। अपुव्वाए किट्टीए अणंतगुणं। अपुव्वादो किट्टीदो जा अणंतरकिट्टी तत्थ अणंतगुणहीणं।

**संकमदो किट्टीणं संगहकिट्टीणमंतरं होदि ।**
**संगहअंतरजादो किट्टी अंतरभवा असंखगुणा ॥ ५३४ ॥**

**संक्रमतः कृष्टीनां संग्रहकृष्टीनामंतरं भवति ।**
**संग्रहे अंतरजातः कृष्टिरंतर्भवा असंख्यगुणा ॥५३४॥**

स० चं०—संक्रमण द्रव्यतैं निपजीं जे अपूर्व कृष्टि ते केती इक कृष्टि तौ संग्रह कृष्टिनिके नीचैं निपजै हैं अर केती इक पूर्व अवयव कृष्टि थीं तिनिका अंतरालविषैं निपजैं हैं । तहां संग्रह कृष्टिनिका अंतरालविषैं नीचैं निपजी कृष्टिनितैं अवयव कृष्टिनिका अंतराल विषैं निपजी कृष्टि असंख्यातगुणी हैं ॥५३४॥

विशेष—पूर्वमें नवीन बन्धसे उत्पन्न हुई पूर्व-अपूर्व कृष्टियोंकी रचनाका खुलासा कर आये हैं । यहां संक्रमण द्रव्यसे निपजनेवाली कृष्टियोंकी रचनाका खुलासा करना है । उस विषय में ऐसा समझना चाहिये कि संक्रमण द्रव्यसे जो अपूर्व कृष्टियां बनती है वे कृष्टियोंके अन्तरालमें भी उत्पन्न होती हैं और संग्रह कृष्टियोंके अन्तरालमें भी उत्पन्न होती हैं । क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिको छोड़कर शेष ग्यारह संग्रह कृष्टियोंके नीचे उनके असंख्यातवें भागप्रमाणरूपसे जो अपूर्व कृष्टियां रची जाती हैं उन्हें संग्रह कृष्टयोंके अन्तरालमें उत्पन्न हुआ कहा जाता है । तथा उन्हीं ग्यारह संग्रह कृष्टियोंसम्बन्धी कृष्टियोंके अन्तरालमें जो अपूर्व कृष्टियां उत्पन्न होती हैं उन्हें कृष्टियोंके अन्तरालमें उत्पन्न हुई अपूर्व कृष्टियां कहा जाता है । उनमें जो संग्रह कृष्टियोंके अन्तरालमें अपूर्व कृष्टियां उत्पन्न होती हैं वे स्तोक हैं । उनसे कृष्टियोंके अन्तरालमें उत्पन्न हुई कृष्टियां असंख्यातगुणी हैं ।[1]

**संगहअंतरजाणं अपुव्वकिट्टिं व बंधकिट्टिं वा ।**
**इदराणमंतरं पुण पल्लपदासंखभागं तु[2] ॥ ५३५ ॥**

**संग्रहांतरजानामपूर्वकृष्टिमिव बंधकृष्टिमिव ।**
**इतरेषामंतरं पुनः पल्यपदासंख्यभागस्तु ॥ ५३५ ॥**

स० चं—संग्रह कृष्टिनिके नीचैं जे संग्रह कृष्टि कीनी तहां द्रव्य देनेका विधान तौ जैसैं कृष्टिकारकका द्वितीय समयविषैं अपूर्व कृष्टिनिका विधान कह्या था तैसैं जानना विशेष इतना—

तहां अधस्तन अपूर्व कृष्टिकी अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं पूर्व कृष्टिका जघन्य कृष्टिविषैं दीया द्रव्य असंख्यातवें भाग घटता कह्या था इहां असंख्यातगुणा घटता जानना, जातैं इहां अधस्तन कृष्टि द्रव्यतैं मध्यम खंड द्रव्य असंख्यातगुणा घटता है । बहुरि तहां पूर्व कृष्टिकी

---

तदो पुणो अणंतभागहीणं । एवं सेसासु सव्वासु । क० चु०, पृ० ८५३ ।

१. जाओ संकामिज्जमाणयादो पदेसग्गादो किट्टीओ णिव्वत्तिज्जंति ताओ दुसु ओगासेसु । तं जहा—किट्टीअंतरेसु च संगहकिट्टीअंतरेसु च । जाओ संगहकिट्टीअंतरेसु ताओ थोवाओ । जाओ किट्टीअंतरेसु ताओ असंखेज्जगुणाओ । क० चु०, पृ० ८५४ ।

२. जाओ संगहकिट्टी अंतरेसु ताहि जहा किट्टीकरणे अपुव्वाणं णिव्वत्तिज्जमाणियाणं किट्टीणं विधी तहा कायव्वो । जाओ किट्टीअंतरेसु तासि जहा बज्झमाणएण पदेसग्गेण अपुव्वाणं णिव्वत्तिज्ज माणियाणं किट्टीणं विधी तहा कायव्वो । णवरि थोवदरगाणि गंतूण संछुब्भमाणपदेसग्गेण अपुव्वा किट्टि णिव्वत्तिज्जमाणिणा दिस्सदि । ताणि किट्टी-अंतराणि पगणणादो पलिदोवसवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागो । क० चु० पृ० ८५४ ।

अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं अपूर्व कृष्टिकी आदि कृष्टिविषैं दीया द्रव्य संख्यात भाग अधिक कह्या था। इहां असंख्यातगुणा बधता जानना, जातैं इहां मध्यम खंडके द्रव्यतैं अधस्तन कृष्टिका द्रव्य असंख्यातगुणा है।

बहुरि जे अवयव कृष्टिनिके बीचि नवीन कृष्टि कीनीं तहां द्रव्य देनेका विधान जैसैं बंध द्रव्यकरि निपजी अपूर्व कृष्टिनिविषैं विधान कह्या तैसैं जानना। विशेष इतना—तहां असंख्यात पल्यका वर्गमूल प्रमाण अतरालरूप स्थान जाइ जाइ बंध द्रव्यकरि निपजी एक एक अपूर्व कृष्टि कही थी इहां पल्यका प्रथम वर्गमूलका असंख्यातवां भाग मात्र जो उत्कर्षण वा अपकर्षण भागहार ताका जितना प्रमाण तितना अन्तराल भएं संक्रमण द्रव्यकरि एक एक अपूर्व कृष्टि निपजाइए है। अब इहां प्रथम द्रव्य देनेका विशेष तात्पर्य निरूपण करिए है—

तहां प्रथम ही क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि बिना अन्य ग्यारह संग्रह कृष्टिनिविषैं जो आय द्रव्य ताहीका नाम संक्रमण द्रव्य है ताका अर क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं आय द्रव्यका तौ अभाव है, तातैं पूर्वैं कह्या था जो वेद्यमान कृष्टिविषैं घात द्रव्यका असंख्यातवां भागमात्र द्रव्य ताकौं जुदा स्थापना, तिस जुदा स्थाप्या घातद्रव्यकौं देनेका विधान कहिए है—पूर्वकृष्टिनिविषैं एक एक विशेष घटता क्रम है तिस विशेषका प्रमाण ल्याइए है—

इहां घात कीए पीछैं अवशेष सर्व कृष्टिका प्रमाणमात्र जे गच्छ तिस एक घाटि गच्छका आधा प्रमाण करि हीन जो दोगुणहानि ताकरि गुणित जो गच्छ ताका भाग सर्व द्रव्यकौं दीएं एक विशेष हो है। सो लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं एक विशेष आदि अर एकविशेष उत्तर अर एक घाटि अपनी कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि श्रेणी व्यवहार गणिततैं जो संकलन धन आवै तितना अधस्तन शीर्ष द्रव्य है। अर अन्य संग्रह कृष्टिनिविषैं जेती नीचली संग्रहसम्बन्धी कृष्टिका प्रमाण तितने विशेष आदि अर एक विशेष उत्तर अर अपनी अपनी कृष्टिनिका प्रमाण-मात्र गच्छ स्थापि जो संकलन धन आवै तितना तितना अधस्तन शीर्षद्रव्य है। सो याकौं ग्यारह संग्रह कृष्टिनिका आय द्रव्यतैं अर क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका घात द्रव्यतैं ग्रहि करि जुदा स्थापना। याकौं यथायोग्य कृष्टिनिविषैं दीएं सर्व पूर्व कृष्टि लोभकी तृतीय कृष्टिकी प्रथम कृष्टीके समान होइ।

बहुरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी प्रथम कृष्टिकौं अपकर्षण भागहारतैं असंख्यात-गुणा ऐसा जो पल्यका असंख्यातवां भाग ताका भाग दीएं एक खंडका प्रमाण आवै ताकौं अपनी अपनी कृष्टिनिका प्रमाण करि गुणैं अपना अपना मध्यम खंड द्रव्य हो है। सो याकौं ग्यारह संग्रह कृष्टिनिका आय द्रव्यतैं अर क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका घात द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना। याकौं एक एक खंडकरि कृष्टिनिविषैं दीएं सर्व कृष्टि समान ही रहैं हैं। बहुरि एक मध्यम खंडकरि अधिक जो लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी प्रथम कृष्टिका द्रव्य तीहि प्रमाण एक अधस्तन कृष्टिका द्रव्य स्थापि ताकौं अपनी अपनी कृष्टिनिका प्रमाणकौं अपकर्षण भागहारतैं असंख्यात-गुणा जो पल्यका असंख्यातवां भाग ताका भाग दीएं जो संग्रह कृष्टिनिके नीचैं करी अधस्तन कृष्टिनिका प्रमाण ताकरि गुणैं अधस्तन अपूर्व कृष्टिसम्बन्धी द्रव्य हो है। सो याकौं ग्यारह संग्रह कृष्टिनिका आय द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना। याकरि संग्रह कृष्टिनिके नीचैं नवीन अपूर्व कृष्टि निपजै है। क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण द्रव्यके अभावतैं नीचैं अपूर्व कृष्टि न हो है।

बहुरि पूर्व अपूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्रगच्छ सो एक घाटिगच्छका आधा प्रमाण करि हीन जो दो गुणहानि ताकरि गुणित गच्छका भाग इहां संभवता सर्व द्रव्यकौं दीएं उभय द्रव्यका एक

विशेष होइ सो क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं एक विशेष आदि एक विशेष उत्तर अर अपनी भोगवनेरूप क्रोधकी प्रथम संग्रहकी सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां जेता संकलन धन भया तितना उभय द्रव्य विशेष द्रव्य भया ताविषैं अपना एक विशेषका अनंतवां भागमात्र द्रव्य घटाएं जो द्रव्य भया ताकौं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका घात द्रव्यतैं ग्रहिकरि जुदा स्थापना। इहां क्रोधको प्रथम संग्रह कृष्टिका घात द्रव्य जुदा स्थाप्या था सो पूर्ण भया। बहुरि जो पहलैं संग्रह कृष्टि भईं तिनकी कृष्टिनिका प्रमाणतैं एक अधिक विशेष तौ आदि अर एक विशेष उत्तर अर अपनी अपनी पूर्व अपूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि संकलन कीएं अपना अपना उभय विशेष द्रव्य हो है। याकौं ग्यारह संग्रह कृष्टिनिका अपना अपना आय द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना। विशेष इतना—

जो संग्रह कृष्टि बंधै है ताका उभय द्रव्य विशेषविषैं एक विशेषका अनन्तवां भागमात्र द्रव्य घटावना। यह घटाया द्रव्य है सो बंध द्रव्यतैं ग्रहकरि दीजिएगा। याकौं यथायोग्य कृष्टिनिविषैं दीएं सर्व पूर्व अपूर्व कृष्टिनिकैं विशेष घटता क्रमरूप गोपुच्छ हो है। बहुरि इन कहे च्यारि द्रव्यनिकौं घटाएं अवशेष जो अपना अपना आय द्रव्य रह्या ताकौं अपनी अपनी संक्रमण द्रव्यकरि करीं अपूर्व अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणका भाग दीएं एक अन्तर कृष्टिसम्बन्धी एक खंड होइ ताकौं अपनी अपनी संक्रमण द्रव्यकरि करी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण करि गुणैं अपना अपना संक्रमण द्रव्यकरि निपजीं जे अन्तर तिनके समान द्रव्य हो है। ताकौं जुदा स्थापना। याकरि पूर्व कृष्टिनिके बीचि बीचि नवीन अपूर्व कृष्टि निपजाइए है। इहां संक्रमण द्रव्यकरि भईं अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण ल्यावनेकौं उपाय कहिए है—

एक मध्यम खंडकरि अधिक लोभकी तृतीय कृष्टिकी प्रथम कृष्टिका द्रव्यमात्र द्रव्य करि एक कृष्टि होइ तौ पूर्वोक्त च्यारि प्रकार द्रव्यकरि हीन अपना अपना आय द्रव्यकरि केती कृष्टि होइ? ऐसैं त्रैराशिक कीए लब्धमात्र संक्रमण द्रव्यकरि करीं अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण आवै है। बहुरि याका भाग, अपनी अपनी पूर्व कृष्टिनिका भाग दीएं अपनी अन्तर कृष्टिके अन्तरालका प्रमाण आवै है। दोय अपूर्व अन्तर कृष्टिनिके बीचि इतनी पूर्व कृष्टि पाइए है। ऐसैं संक्रमण द्रव्यकरि निपजी कृष्टिनिका द्रव्य विभाग कह्या। अब बंध द्रव्य करि निपजी कृष्टिनिका द्रव्य विभाग कहिए है—

मोहनीयका एक समयप्रबद्ध ताकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं तहां बहुभागके च्यारि समान पुंजकरि अवशेष एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं तहां बहुभाग प्रथम पुंजविषैं जोडें लोभका बंध द्रव्य हो है। अवशेष एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभाग द्वितीय पुंजविषैं जोडें मायाका बंध द्रव्य हो है। अवशेष एक भागकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं तहां बहुभाग तृतीय पुंजविषैं जोडें क्रोधका बंध द्रव्य हो है। अवशेष एक भाग चतुर्थ पुंजविषैं जोडें मानका बंध द्रव्य हो है। अब बंध द्रव्यकरि अन्तर कृष्टिनिका वा तहां अन्तरालनिका प्रमाण ल्यावनेके अर्थि इन द्रव्यविषैं बंध द्रव्यकरि करीं अन्तर कृष्टिनिका विशेष संकलनरूप द्रव्य अर पूर्व एक विशेषका अनन्तवां भागमात्र द्रव्य आगैं कहिए है तिनकौं घटाएं अवशेष जेता जेता द्रव्य रह्या ताकौं इच्छाराशिकरि त्रैराशिक करिए है—

एक मध्यम खंडकरि अधिक लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टिका द्रव्यमात्र द्रव्यकरि एक अन्तर कृष्टि द्रव्य होइ तौ पूर्वोक्त द्रव्यकरि केती अन्तर कृष्टि होंइ ? ऐसैं त्रैराशिक कीएं लब्धमात्र बंध द्रव्यकरि निपजीं अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण सर्व पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणकौं छह गुणहानिका भाग दीएं जितना प्रमाण होइ तितना हो है। ते अन्तर कृष्टि मानविषैं स्तोक, तातैं क्रोधविषैं विशेष अधिक, तातैं मायाविषै विशेष अधिक, तातैं लोभविषैं विशेष अधिक जानना, जातैं इनके द्रव्यविषैं भी ऐसा ही क्रम है। इहां एक एक कषायकी एक एक संग्रह कृष्टिहीका बंध है तातैं च्यारि ही संग्रह कृष्टिनिविषैं बंध कृष्टिकी रचना जाननी। इन बंध द्रव्यकरि करीं अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण है सो पूर्वोक्त संक्रमण द्रव्यकरि करी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणतैं असंख्यातगुणा घटता है। जातैं संक्रमणकी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण ल्यावनेकौं सर्वकृष्टिनिकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीया तातैं इहां बंधकी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण ल्यावनेकौं सर्व कृष्टिनिकौं असंख्यात पल्यका प्रथम वर्गमूलका भाग दीया सो यहु भागहार तिस भागहारतैं असंख्यातगुणा है। बहुरि अपनी अपनी संग्रह कृष्टिकी उपरि नीचैं असंख्यातवां भागमात्र कृष्टि छोडि संक्रमणकी अन्तर कृष्टि सहित जे बीचिकी असंख्यात बहुभागमात्र बंधरूप पूर्व कृष्टि तिनकौं बंध द्रव्यकरि करी अपनी अपनी अपूर्व अन्तर कृष्टिनिके प्रमाणका भाग दीएं लोभ माया मानविषैं गुणहानिका चौथा भागमात्र अर क्रोधविषैं यातैं तेरहगुणा अन्तरालनिका प्रमाण हो है। बंध द्रव्यकरि करी ऐसी दोय अपूर्व अन्तर कृष्टि तिनके बीचि जेती पूर्वकृष्टि पाइए तिनके प्रमाणका नाम इहां अन्तराल जानना सो यहु संक्रमणकी अन्तर कृष्टिनिका अन्तरालतैं असंख्यातगुणा है। ऐसैं प्रमाण ल्याइ अब बंध द्रव्यका विभाग कहिए है—

अपना अपना पूर्वोक्त बंध द्रव्यकौं स्थापि ताकौं अनन्तका भाग देइ तहां एक भाग जुदा राखि अवशेष बहुभाग रहे तिनतैं बंधांतर कृष्टि विशेष द्रव्य ग्रहि जुदा स्थापना ताका प्रमाण कहिए है—बंध द्रव्यकरि करीं जे अपूर्व अन्तर कृष्टि तिनिविषै जो अन्तकी कृष्टि तिसविषैं पूर्व अन्तकी कृष्टितैं जेती कृष्टि नीचै यहु पाइए है तितने विशेष यामैं चाहिये ताकौं तौ आदि स्थापिए। अर बीचिमें जो अन्तरालका प्रमाण तितने विशेष उत्तर स्थापिए अर अपनी अपनी बंध द्रव्यकरि करी अन्तर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापिए ऐसैं स्थापैं जो संकलन धन आवै तितना बन्धान्तर कृष्टिविशेष द्रव्य जानना। इस द्रव्यकरि बंध द्रव्यतैं जे नवीन अपूर्व कृष्टि करीं तिनविषैं जैसैं अन्य कृष्टिनिका अर इनका एक गोपुच्छ होइ तैसैं विशेषनिका सद्भाव हो है। सो एकविशेषका अनन्तवां भागमात्र बंध द्रव्य करि घटते जे पूर्वैं उभय द्रव्यविशेष कहे थे तिनविषै इनका अवस्थान जानना। भावार्थ यहु—

जो अन्य कृष्टिनिविषै तौ पूर्वोक्त संक्रमण द्रव्यका उभय द्रव्य विशेष द्रव्य देना। अर बंधकी अंतर कृष्टिनिविषैं इहां कह्या बंधांतर विशेष द्रव्य सो देना। इहाँ भी एक विशेषका अनंतवां भागमात्र घटतापना जानना। जातैं इहां भी आगैं कहिए है जो एक विशेषका अनंतवां भागमात्र बंध द्रव्य ताका निक्षेपण हो है। ऐसैं दीएं अन्य कृष्टिनिकैं अर बंधकरि करीं नवीन कृष्टिनिकैं एक गोपुच्छ हो है। बहुरि तिन बहुभागनिविषै इतना द्रव्य घटाएं अवशेष जो द्रव्य रह्या ताकौं बंधकी नवीन अंतरकृष्टिनिके प्रमाणका भाग दीएं एक खंडमात्र एक कृष्टिका द्रव्य होइ। ताकौं बंधकी अंतरकृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं सर्व कृष्टिसम्बन्धी द्रव्य होइ सो याका नाम

बंधांतरकृष्टि समान खंड द्रव्य है। इस द्रव्यकरि समान प्रमाण लीए बंधकी नवीन अपूर्व अंतर-कृष्टि निपजै है। बहुरि पूर्वैं जो बंध द्रव्यकौं अनंतका भाग देइ एक भाग जुदा राख्या था तिसतैं बंधविशेष द्रव्य ग्रहि जुदा स्थापना सो कितना है ? सो कहिए है--

पूर्व अपूर्व बंध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र इहां गच्छ सो एक गच्छका आधा प्रमाणकरि हीन जो दोगुणहानि ताकरि गुणित गच्छका भाग तिस जुदा राख्या एक भागकौं दीए एक विशेष होइ, ताकौं अपना सर्व बंध कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं बंधविशेष द्रव्य हो है। इस द्रव्यकौं जहाँ उभय द्रव्य विशेष द्रव्यविषैं अनंतवां भाग घटाया था तहाँ देना। बहुरि जुदा राख्या एक भागविषैं इतना द्रव्य घटाएं जो अवशेष रह्या ताकौं अपनी सर्व बंध कृष्टिके प्रमाणका भाग दीएं एक खंड होइ ताकौं अपनी बंध कृष्टिनिका प्रमाण ही करि गुणैं जो द्रव्य होइ सो बंधका मध्यम खंड द्रव्य जानना। यहु द्रव्य अवशेष रह्या ताकौं बंधकृष्टिनिविषैं समानरूप जहाँ उभय द्रव्यविशेष द्रव्य विषैं एक विशेषका अनंतवां भाग घटाया तहां ही दीजिए है। भावार्थ यहु---

बंधका विशेष अर मध्यम खंडका द्रव्य दीए उभय द्रव्यका विशेषविषै घटाया था द्रव्य सो पूर्ण हो है। ऐसैं बंध द्रव्यका विशेष विभाग जानना। अब इन संक्रमण द्रव्यका वा. बंध द्रव्य देनेका विधान कहिए है—तहाँ लोभकी तृतीय द्वितीय संग्रहकृष्टिविषैं तौ बंध द्रव्यका अभाव है, तातैं तहां संक्रमण द्रव्यहीकौं देनेका विधान कहिए है—

लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं पंचप्रकार द्रव्य कह्या। तहाँ नीचैं जे अपूर्व कृष्टि करीं तिनकी जघन्य कृष्टिविषैं अधस्तन खंडतैं एक खंड अर मध्यम खंडतैं एक खण्ड अर उभय द्रव्य विशेषतैं सर्व पूर्व अपूर्व कृष्टिमात्र विशेष ग्रहि निक्षेपण करै है सो यहु आगैं कृष्टिनिविषैं दीजिए है द्रव्य तातैं बहुत हैं। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीयादि अंतपर्यंत जे अधस्तन अपूर्व कृष्टि तिनविषैं एक एक अधस्तन खंड अर एक एक मध्यम खंड तौ समानरूप अर उभय द्रव्य विशेषविषैं एक एक विशेष घटता ऐसैं द्रव्य दीजिए है। इहाँ अधस्तन खण्ड द्रव्य तौ समाप्त भया। बहुरि ताके ऊपरि पूर्वकृष्टिकी प्रथम कृष्टि तिसविषैं मध्यम खंडतैं एक खंड उभय द्रव्य विशेषतैं जेती कृष्टि होइ आई तितनीकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि निक्षेपण करिए है। सो यहु अपूर्व-कृष्टिकी अंतकृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता है, जातैं मध्यम खंडतैं अधस्तन कृष्टि, खंड असंख्यातगुणा है। अर एक उभय द्रव्य विशेष भी इहाँ घटया है। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीयादि पूर्व कृष्टि तिनविषै एक दोय आदि एक एक बंधता अधस्तन शीर्षका विशेष अर एक एक मध्यम खण्ड अर होइ गईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिप्रमाण उभय द्रव्यका विशेष क्रमतैं यावत् अपकर्षण भागहारका अर्ध प्रमाणमात्र पूर्व कृष्टि होइ तावत् निक्षेपण करिए है। इहां कृष्टिनिविषैं मध्य एक उभय द्रव्यका विशेषविषै एक अधस्तन शीर्ष विशेष घटाएँ जो प्रमाण होइ तितना विशेषकरि घटता दीया द्रव्यका क्रम जानना। बहुरि तिनके ऊपरि संक्रमण द्रव्यकरि करीं अपूर्व अंतरकृष्टि हैं। तीहिंविषैं अंतरकृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्यतैं एक खण्ड अर उभय द्रव्य विशेषतैं भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टि प्रमाणमात्र विशेषनिकौं ग्रहि निक्षेपण करै है। सो यहु नीचली पूर्व कृष्टिविषै दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा हैं। जातैं एक घाटि भई कृष्टिनिका प्रमाणमात्र पूर्व विशेष अर एक मध्यम खण्ड इनकरि हीन जो यहु अंतरकृष्टिसम्बन्धी एक खण्ड है सो पूर्व कृष्टिके समान है। सो तिस दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। तहां एक उभय द्रव्यका हीनपना

जानना। बहुरि ताके ऊपरि जो पूर्व कृष्टि तिसविषै भई पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक मध्यम खण्ड अर भई पूर्व अपूर्व कृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष दीजिए है सो यहु संक्रमणकी अन्तरकृष्टिविषै दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता है, जातैं इहाँ मिलैं अधस्तन शीर्ष विशेष अर मध्यम खण्डका द्रव्य है सो इनकरि हीन अन्तरकृष्टिसम्बन्धी समान खण्डका द्रव्य पूर्वकृष्टिके समान है, तातैं असंख्यातगुणा घटता है। बहुरि ताके ऊपरि पूर्व कृष्टिनिविषै एक एक अधस्तन शीर्ष बंधता अर एक एक मध्यम खण्ड समानरूप अर एक एक उभय द्रव्य विशेष घटता ऐसैं क्रमतैं यावत् आधा अपकर्षण भागहारमात्र पूर्वकृष्टि होइ तावत् निक्षेपण करिए है। बहुरि तिनके ऊपरि संक्रमणकी अपूर्व अन्तरकृष्टि है तिसविषैं संक्रमण अन्तरकृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्यतैं एक खण्ड उभय द्रव्य विशेषतैं भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टि प्रमाणमात्र विशेषनिकौं ग्रहि निक्षेपण करै है। सो यहु यातैं नीचली पूर्व कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं पूर्वोक्त प्रकार असंख्यातगुणा है। बहुरि याके ऊपरि पूर्व कृष्टि तिसविषैं भईं अपूर्व कृष्टिनिका प्रमाण मात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक एक मध्यम खण्ड अर भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष दीजिए है। सो यहु तिनि अन्तर कृष्टिनिविषैं दीया द्रव्यतैं पूर्वोक्त प्रकार असंख्यातगुणा घटता जानना। याही प्रकार अपूर्व कृष्टितैं पूर्व कृष्टिविषैं असंख्यातगुणा घटता अर पूर्व कृष्टितैं अपूर्व कृष्टिविषैं असंख्यातगुणा बधता क्रमकरि लोभकी तृतीय कृष्टिकी अन्तकृष्टि पर्यन्त द्रव्य देनेका विधान जानना। बहुरि ताके ऊपरि लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टि तिसके पंच प्रकार द्रव्य स्थापि तहाँ ताके नीचैं संक्रमण द्रव्य करि करीं जो अधस्तन अपूर्व कृष्टि तिनकी जघन्य कृष्टिविषैं अधस्तन खण्डतैं एक खण्ड मध्यम खंडतैं एक खण्ड उभय द्रव्य विशेषतैं भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि निक्षेपण करै है। सो यहु लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। कारण पूर्वोक्त प्रकार जानना। बहुरि यातैं ऊपरि एक एक अधस्तन खण्ड एक मध्यम खण्ड समानरूप एक एक उभय द्रव्यविशेष घटता क्रमलीएं अधस्तन अपूर्व कृष्टिकी चरम कृष्टि पर्यन्त द्रव्य देना। इहां अधस्तन कृष्टि द्रव्य समाप्त भया।

बहुरि इनके ऊपरि पूर्व कृष्टिकी आदि कृष्टि तिस विषैं भईं पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक मध्यम खण्ड अर भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाण मात्र उभय द्रव्यके विशेष दीजिए है सो यहु अपूर्व कृष्टिकी अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता है। कारण पूर्वोक्त प्रकार जानना। तातैं आगैं जैसैं लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं विधान कह्या है तैसैंही सर्व जानना। विशेष इतना—

इहां अपकर्षण भागहारमात्र बीचिमैं पूर्व कृष्टि भएं अपूर्व कृष्टिकौं निपजावै है। बहुरि ताके ऊपरि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टि है सो याका बंध भी है अर याकैं आय द्रव्य भी है। तातैं इहां पंच प्रकार संक्रमण द्रव्य अर च्यारि प्रकार बंध द्रव्य स्थापि देनेका विधान कहिए है। संक्रमण द्रव्यकरि करी नीचैं अधस्तन अपूर्व कृष्टि ताकी जघन्य कृष्टिविषैं एक एक अधस्तन खण्ड अर एक मध्यम खण्ड अर भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष निक्षेपण करिए है। सो यहु लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकी अन्त कृष्टि विषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्त पर्यन्त अधस्तन कृष्टिनिविषैं एक एक

अधस्तन खण्ड, एक एक मध्यम खण्ड अर भई कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिमात्र उभय द्रव्यकौं विशेषकरि क्रमतैं दीजिए है। बहुरि तिनके ऊपरि पूर्व कृष्टिनिकी प्रथम कृष्टिविषैं भई पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक मध्यम खंड अर भई कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष दीजिए है। सो यहु अपूर्व अधस्तन कृष्टिकी अंत कृष्टिका दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता है सो इहां असंख्यातगुणाका वा असंख्यातगुणा घटताका कारण पूर्वोक्त ही जानना। बहुरि ताके ऊपरि संक्रमण अन्तर कृष्टिका अन्तरालतैं एक घाटि कृष्टि पर्यन्त कृष्टिनिविषैं एक एक अधस्तन शीर्षका विशेष बंधता अर एक एक उभय द्रव्यका विशेष घटता ऐसैं क्रमकरि दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि संक्रमण द्रव्य करि करी अपूर्व अन्तर कृष्टि तीहिं विषैं संक्रमण अन्तरसम्बन्धी समान खंडतैं एक खंड अर उभय द्रव्य विशेषतैं भई कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि ऐसैं ही क्रमतैं अपकर्षण भागहारमात्र बीचिमैं पूर्व कृष्टि भए एक संक्रमणकी अन्तर कृष्टि निपजाइए है। तहां पूर्व कृष्टिविषैं तौ भई पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक मध्यम खंड अर भई कृष्टिनिकरि हीन सर्वकृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय कृष्टिके द्रव्यके विशेष दीजिए है। अर संक्रमणकी अन्तर कृष्टिनिविषैं संक्रमण अन्तर कृष्टिसम्बन्धी समान एक खंड अर भई कृष्टिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष दीजिए है। तहां इतना विशेष जानना—

इनविषैं बंध होनेयोग्य कृष्टिकी जघन्य कृष्टितैं लगाय जे पूर्व कृष्टि अर संक्रमण द्रव्यकरि करीं अपूर्व कृष्टि हैं तिनविषैं पूर्वोक्त संक्रमण द्रव्य अपना एक निषेकका अनन्तवां भागमात्र घाटि दीजिए है। अर तहां ही बंध द्रव्यतैं पूर्व जघन्य बंधकृष्टिविषैं तौ बंध द्रव्यसम्बन्धी मध्यम खंडतैं एक खंड अर बंधविशेष द्रव्यतैं सर्व बंध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष द्रव्य दीजिए है। अर ताके ऊपरि कृष्टिनिविषैं यातैं एक एक बंधका विशेषमात्र घटता क्रम लीए दीजिए है। ऐसैं द्रव्य कीए जो संक्रमण द्रव्यविषैं एक विशेषका अनन्तवां भागमात्र घटता द्रव्य दीया था सो पूर्ण हो है। बहुरि या प्रकार द्रव्य दीया तहां अपूर्व कृष्टिविषैं दीया द्रव्य तौ आयतैं नीचली पूर्व कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा बंधता अर पूर्व कृष्टिविषैं दीया द्रव्य आयतैं नीचली अपूर्व कृष्टिविषै दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता जानना। ऐसैं एक अधिक संक्रमण कृष्टिका अन्तरालका भाग गुणहानिका चौथा भागमात्र तो बंध कृष्टिका अन्तराल ताकौं दीएं जो प्रमाण आवै तितनी संक्रमणकी अपूर्व अन्तर कृष्टि यावत् पूर्ण होंइ तावत् ऐसैं ही क्रम जानना। बहुरि इहां जो संक्रमणकी अन्तर कृष्टि अन्तविषैं भई ताके उपरि जो अन्तरालविषैं बंध द्रव्यकरि अपूर्व अन्तर कृष्टि निपजाइए हैं तिस विषै संक्रमण द्रव्य न दीजिए है—

बंध द्रव्यहीके बन्धान्तर कृष्टि समान खण्ड द्रव्यतैं एक खण्ड अर उभय द्रव्य विशेषकी जायगा जो अन्तर कृष्टिसम्बन्धी विशेष द्रव्य कह्या तिसतैं भई सर्व कृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष अपना एक विशेषका अनन्तवां भागकरि हीन अर मध्यम खण्डतैं एक खण्ड अर बंध विशेष द्रव्यतैं भई बंधकृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सर्व बंध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि दीजिए हैं सो यहु याके नीचैं जो संक्रमण द्रव्यको अन्तर कृष्टि तिसविषैं दीया जो बंध द्रव्य तातैं अनन्तगुणा जानना। बहुरि ताके ऊपरि पूर्व कृष्टि तिसविषैं संक्रमण

द्रव्यतैं भईं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक मध्यम खंड अर भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष अपने एक विशेषका अनन्तवां भागकरि दीजिए है। तहां ही बंध द्रव्यतैं एक मध्यम खंड अर बंध विशेषतैं भईं बंध कृष्टिनिकरि हीन सर्व बंध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि दीजिए। सो याके नीचैं बन्धातर कृष्टिनिविषैं दीया बंध द्रव्यतैं या विषैं दीया बंध द्रव्य अनन्तगुणा घाटि है। इहां अनन्तगुणा वा अनन्तगुणा घाटि द्रव्य कह्या ताका कारण यहु ही जो इहां दीया बंध द्रव्यतैं बन्धान्तरका द्रव्य अनन्तगुणा है। बहुरि ताके ऊपरि पूर्वोक्त प्रकार वीचि वीचि पूर्व कृष्टि होइ एक संक्रमणका अपूर्व कृष्टि होइ ऐसैं एक अधिक संक्रमणका अन्तरालकरि बंधके अन्तरालका भाग दीएं जो प्रमाण आवै तितनी संक्रमणकी अपूर्व अन्तर कृष्टि होंइ तहां द्रव्य देनेका विधान पूर्वोक्त प्रकार जानना। याही प्रकार तावत् बन्धान्तर कृष्टिनिकी अंत कृष्टि होइ तावत् विधान जानना। इहां बंध द्रव्यके अन्तर कृष्टि-सम्बन्धी समान खंड द्रव्य अर बंधान्तर कृष्टिविशेष द्रव्य समाप्त भया। बहुरि ताके ऊपरि पूर्वोक्त प्रकार संक्रमण द्रव्य दोय प्रकार बंध द्रव्यहीका यथायोग्य निक्षेपण हो है सो बंधकी उत्कृष्ट कृष्टिपर्यंत जानना। इहां सर्व बंध द्रव्य समाप्त भया। बहुरि ताके ऊपरि च्यारि प्रकार संक्रमण द्रव्यहीका यथायोग्य निक्षेपण हो है सो अंत कृष्टिपर्यंत जानना। इहां सर्व संक्रमण द्रव्य भी समाप्त भया। बहुरि जैसैं लोभकी तीन संग्रह कृष्टिनिविषैं द्रव्य देनेका विधान कह्या तैसैं ही मान माया विषैं भी कहना। विशेष इतना ही—जो मानका प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण द्रव्यकरि निपजा अपूर्व कृष्टिनिके वीचि अंतराल अपकर्षण भागहारका पंद्रहवां भाग मात्र है। बहुरि क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं भी लोभवत् विधान जानना। विशेष इतना ही—संक्रमकी अंतर कृष्टिनिका अंतराल इहां तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं अपकर्षण भागहारका चौदहवां भागमात्र, द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं अपकर्षण भागहारका एकसौ वियासीवां भाग मात्र जानना। बहुरि लोभ मान मायाकी बध्यमान संग्रह कृष्टिनिकैं बंध रहित जे नीचैं उपरि कृष्टि तिनके वीचि संक्रमण द्रव्यकरि अपूर्व अंतर कृष्टि करिए है ऐसा जानना। बहुरि ताके ऊपरि क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि तिसविषैं संक्रमण द्रव्यका तौ अभाव है, तातैं घात द्रव्यका एक भाग जुदा स्थाप्या था ताका तीन प्रकार द्रव्य अर बंध द्रव्यका च्यारि प्रकार द्रव्य स्थापि तहाँ अधस्तन अपूर्व कृष्टि होनेका तौ अभाव है। क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकी अंत कृष्टिके ऊपरि प्रथम संग्रह कृष्टिकी प्रथम पूर्व कृष्टि है तिसविषैं घात द्रव्यकी भईं पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक मध्यम खंड अर भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष निक्षेपण करिए है। सो यहु दीया द्रव्य क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकी अंत कृष्टिविषैं दीया संक्रमण द्रव्यके अनंतवे भागमात्र घटता है। बहुरि ताके ऊपरि एक एक अधस्तन शीर्ष विशेष बंधता एक एक उभय द्रव्यका विशेष घटता ऐसैं क्रमतैं द्रव्य दीजिए है। इहां विशेष इतना—

बंध होने योग्य कृष्टिकी जघन्य कृष्टि समान पूर्व कृष्टितैं लगाय कृष्टिनिविषैं उभय द्रव्यका विशेष द्रव्य अपने विशेषका अनंतवां भागमात्र घटता दीजिए है। तहां जघन्य बन्ध कृष्टिविषैं बन्ध द्रव्यका एक मध्यम खण्ड अर अपनी बन्ध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र बन्धके विशेष दीजिए है अर ताके ऊपरि कृष्टिनिविषैं एक एक बंधका विशेष घटता क्रम करि दीजिए है। ऐसैं एक जघन्य बन्ध कृष्टिके ऊपरि सवा तीन गुणहानिमात्र कृष्टि भएं ताके ऊपरि अंतराल-विषैं बंध द्रव्यकरि अपूर्व अन्तर कृष्टि निपजाइए है। तहां बन्धान्तर कृष्टिसम्बन्धी समान खण्डतैं

एक खण्ड अर बन्धान्तर कृष्टिके विशेष द्रव्यतैं जेती सर्व कृष्टि होइ आईं तिनकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष अपने एक विशेषके अनंतवें भागकरि हीन सर्व अर मध्यम खण्डतैं एक खण्ड अर भईं सर्व बन्ध कृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सर्व बन्ध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ऐसैं च्यारि प्रकार बन्ध द्रव्य ही दीजिए है। घात द्रव्य न दीजिए है। सो यहु दीया द्रव्य याके नीचली पूर्व कृष्टिविषैं दीया बन्ध द्रव्यतैं दीया अनन्तगुणा है। बहुरि ताके ऊपरि पूर्व कृष्टि तिसविषैं घात द्रव्यतैं ग्रहि पूर्वैं भईं सर्व पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष अर एक मध्यम खण्ड अर भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष अपने अपने विशेषका अनन्तवां भागकरि हीन निक्षेपण करै है। तहाँ ही बंध द्रव्यका एक मध्यम खण्ड अर भईं बन्ध कृष्टिनिकरि हीन बन्ध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र बन्धविशेष निक्षेपण करिए है। सो यहु बन्ध द्रव्य बधान्तर कृष्टिका बन्ध द्रव्यतैं अनन्तगुणा घटता है। याका सर्व पूर्वं द्रव्य वा दीया द्रव्य मिलि तिस बन्धान्तर कृष्टितैं उभय द्रव्यका एक विशेषमात्र घटता हो है। बहुरि ताके ऊपरि पूर्वोक्त प्रमाण पूर्व कृष्टि भएं बन्ध द्रव्यकरि एक अपूर्व कृष्टि निपजै है, तिनविषैं द्रव्यका देना पूर्वोक्त प्रकार जानना। ऐसैं बंधकी उत्कृष्ट कृष्टि पर्यन्त जानना। ताके ऊपरि कृष्टिनिविषैं घात द्रव्यहीका निक्षेपण अपनी उत्कृष्ट कृष्टिपर्यन्त हो है। ऐसैं दीयमान द्रव्यकी पंक्तिका अनुक्रम जानना। सो इहां जैसैं ऊँटकी पीठ आदि विषैं ऊँची, आगैं नीची, आगैं कहीं ऊँची कहीं नीची तैसैं कहीं बहुत, कहीं स्तोक, कहीं किछू हीन, किछू अधिक द्रव्य देनेतैं अनंत जायगा उष्ट्रकूट रचना हो है, जातैं ऐसैं दीएं ही सर्व कृष्टिनिका एक गोपुच्छ होइ। ऐसैं ही यतिवृषभ मुनिका उपदेश है। ऐसैं दीयमान प्रदेशनिका निरूपण कीया।

बहुरि दृश्यमान कहिए पूर्वैं था वा दीया द्रव्य मिलि जैसैं भया सो लोभकी तृतीय संग्रहकी जघन्य कृष्टिविषैं बहुत द्रव्य है, तातैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका घात कीए पीछैं जो उत्कृष्ट कृष्टि रही तहां पर्यंत कृष्टिके द्रव्यके अनंतवें भागमात्र जो एक एक उभय द्रव्यका विशेष तीहिंकरि घटता अनुक्रमतैं दृश्यमान द्रव्य जानना। या प्रकार जैसैं प्रथम समयविषैं दीयमान द्रव्यका निरूपण कीया तैसैं ही द्वितीयादि समयनिविषैं भी जानना। ऐसैं तात्पर्य निरूपण कीया॥ ५३५॥

विशेष—जो संग्रह कृष्टियाँ हैं उनके अन्तरालमें अपकर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजसे जो अपूर्व कृष्टियां रची जाती हैं उनके सम्बन्धमें कृष्टिकरणके समय रची जानेवाली अपूर्व कृष्टियोंकी जो विधि पहले कह आये हैं वही यहाँ जाननी चाहिये, क्योंकि दिये जानेवाले प्रदेशपुंजकी उष्ट्रकूट-रूपसे जो रचना पहले बतला आये हैं उससे इसमें भेद नहीं पाया जाता। किन्तु इनमें सामान्य रूपसे भेद नहीं है ऐसा समझना चाहिये। वास्तवरूपसे देखनेपर तो उसके समान यह नहीं है, क्योंकि उससे इसमें थोड़ा अन्तर है। जो इस प्रकार है—

कृष्टिकरणके समय पहले समयमें कृष्टिरूपसे परिणत प्रदेशपुंजसे दूसरे समयमें कृष्टियोंमें दिया जानेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा होता है। उससे तीसरे आदि समयोंमें दिया जानेवाला प्रदेशपुंज उत्तरोत्तर असंख्यातगुणा होता है। इस प्रकार विशुद्धिके माहात्म्यवश कृष्टिकरणके अन्तिम समय तक जानना चाहिये। ऐसा है ऐसा समझकर वहाँ वर्तमान समयमें रची जाने-वाली अपूर्व कृष्टियोंसम्बन्धी अन्तिम कृष्टिमें निक्षिप्त होनेवाले प्रदेशपुंजसे पूर्व समयमें की गई कृष्टियोंसम्बन्धी जघन्य कृष्टिमें सींचा जानेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातवें भाग हीन होता है, क्योंकि

उसमें मात्र पहले अवस्थित द्रव्य परिहीन देखा जाता है। पुनः वहाँ क्रमसे असंख्यात भागहानि होती हुई पूर्व समयमें की गई संग्रह कृष्टिसम्बन्धी अन्तिम कृष्टिमें निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे वर्तमान समयमें दूसरी संग्रह कृष्टिके नीचे की जानेवाली अपूर्व कृष्टिमें दिया जानेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातवें भाग अधिक होता है। पुनः शेष कृष्टियोंमें उत्तरोत्तर अनन्तवें भागहीन ही प्राप्त होता है। इसी प्रकार आगे भी जानना चाहिये। दृश्यमान प्रदेशपुंज तो सर्वत्र अनन्तवें भाग हीन ही प्राप्त होता है। इस प्रकार यह क्रम कृष्टिकरणके कालके भीतर दूसरे समयसे लेकर इसके ही अन्तिम समय तक कहना चाहिये।

परन्तु कृष्टिवेदकके कालके भीतर यह विधि नहीं होती, क्योंकि कृष्टिवेदक कालके भीतर अपूर्व कृष्टियोंमें दिया जानेवाला प्रदेशपुंज।पूर्व कृष्टियोंके प्रदेशपिंडके असंख्यातवें भागमात्र ही है, इसलिये कृष्टिवेदक कालके भीतर प्रथम समयमें रची जानेवाली अपूर्व कृष्टियोंकी अन्तिम कृष्टिमें प्राप्त हुए प्रदेशपुंजसे पूर्व कृष्टियोंकी प्रथम जघन्य कृष्टिमें प्राप्त होनेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा हीन होता है, अन्यथा पूर्व और अपूर्व कृष्टिकी सन्धियोंमें एक गोपुच्छपना नहीं बन सकता है। इसलिए इस प्रकारका विशेष सम्भव है यह दिखलानेके लिये यहाँ श्रेणिकी प्ररूपणा करते हैं। यथा—पूर्वानुपूर्वीकी अपेक्षा लोभकी जो प्रथम संग्रह कृष्टि है उसके नीचे प्रथम समयमें कृष्टिवेदक जीव अपकर्षित होनेवाले प्रदेशपुंजसे अपूर्व कृष्टियोंकी रचना करते हुए सर्वप्रथम जो जघन्य कृष्टि प्राप्त होती है उसमें बहुत प्रदेशपुंज देता है। उसके बाद अपूर्व कृष्टियोंसम्बंधी अन्तिम कृष्टिके प्राप्त होनेतक उत्तरोत्तर अनन्तवें भागहीन प्रदेशपुंज देता है। तदनन्तर अपूर्व कृष्टियोंसम्बन्धी अन्तिम कृष्टिमें प्राप्त हुए प्रदेशपुंजसे लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टियोंसम्बन्धी पूर्व कृष्टियोंमें जो जघन्य कृष्टि है उसमें असंख्यातगुणा हीन द्रव्य देता है। उससे दूसरी पूर्व कृष्टिमें अनन्तवाँ भागहीन द्रव्य देता है। इस प्रकार प्रथम संग्रह कृष्टिकी अन्तिम कृष्टि तक जानना चाहिये।

पुनः उस संग्रह कृष्टिकी अन्तिम कृष्टिमें दिये गये प्रदेशपुंजसे दूसरी संग्रह कृष्टिके नीचे रची जानेवाली अपूर्व कृष्टिकी जघन्य कृष्टिमें असंख्यातगुणा प्रदेशपुंज देता है। उसके बाद अपूर्व कृष्टियोंसम्बन्धी अन्तिम कृष्टिके प्राप्त होने तक सर्वत्र अनन्त भागहीन द्रव्य देता है।

पुनः अपूर्व अन्तिम कृष्टिमें निक्षिप्त प्रदेशपुंजसे दूसरी संग्रहकृष्टिसे पूर्वमें रचित अन्तर कृष्टियोंकी जो जघन्य कृष्टि है उसमें असंख्यातगुणा प्रदेशपुंज देता है। उससे ऊपर प्रदेशपुंज अनन्त भागहीन होकर जाता है। इतनी विशेषता है कि कृष्टि-अन्तरोंमें प्रदेशविन्यासमें फरक जानना चाहिये। इस प्रकार यह विधि आगे भी जानकर कहनी चाहिये। इस प्रकार कृष्टिवेदकके द्वितीयादि समयोंमें भी इस निषेक प्ररूपणाको जानना चाहिये।

**कोहादिकिट्टिवेदगपढमे तस्स य असंखभागं तु।**
**णासेदि हु पडिसमयं तस्सासंखेज्जभागकमं[1] ॥ ५३६ ॥**

---

१. पढमसमयकिट्टीवेदगस्स जा कोहपढमसंगहकिट्टी तिस्से असंखेज्जदिभागो विणासिज्जदि। किट्टी जाओ पढमसमये विणासिज्जंति ताओ बहुगीओ। जाओ विदियसमये विणासिज्जंति ताओ असंखेज्जदि-हीणाओ। एवं ताव दुचरिमसमयअविणट्ठकोहपढमसंगहकिट्टि त्ति। क. चु. पृ. ८५४–८५५।

**क्रोधादिकृष्टिवेदकप्रथमे तस्य च असंख्यभागं तु ।**
**नाशयति हि प्रतिसमयं तस्यासंख्यभागक्रमम् ॥ ५३६ ॥**

स० चं०—क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका वेदक जीव है सो प्रथम समयविषें सर्व कृष्टिनिका असंख्यातवां भागमात्र कृष्टिनिकौं नासै है-घात करै है। बहुरि द्वितीय समयविषै ताके असंख्यातवें भागमात्र कृष्टिनिका घात करै है। ऐसें ही क्रमतैं समय समय प्रति असंख्यातवाँ भागमात्र क्रमकरि घात कृष्टिनिका प्रमाण क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्विचरम समयपर्यंत जानना, जातैं अन्त समयविषैं नवक बंध अर उच्छिष्टावली बिना विवक्षित संग्रह कृष्टिकी सर्व ही कृष्टिनिका अभाव हो है ॥ ५३६ ॥

विशेष—विशुद्धिके माहात्म्यवश अनुसमय अपवर्तनाके द्वारा विवक्षित संग्रह कृष्टिकी अग्र कृष्टिसे लेकर असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंको नष्ट करता है। ये प्रथम समयमें नष्ट होनेवाली कृष्टियाँ द्वितीयादि समयोंमें नष्ट होनेवाली कृष्टियोंकी अपेक्षा बहुत होती हैं। जो दूसरे समयमें नष्ट होती हैं वे असंख्यातगुणी हीन होती हैं। अपनी कृष्टियोंके वेदक कालके भीतर द्विचरम समयके प्राप्त होने तक अनुसमय अपवर्तनाके द्वारा उक्त कृष्टियोंका इसी प्रकार विनाश होता जाता है। किन्तु अन्तिम समयमें नवक बन्ध तथा उच्छिष्टावलिको छोड़ कर नष्ट नहीं हुई क्रोधसम्बन्धी प्रथम संग्रह कृष्टियोंका अनुत्पादानुच्छेदरूपसे विनाश देखा जाता है।

**कोहस्स य जे पढमे संगहकिट्टिम्हि णट्ठकिट्टीओ ।**
**बंधुज्झियकिट्टीणं तस्स असंखेज्जभागो हु[1] ॥ ५३७ ॥**

**क्रोधस्य च याः प्रथमे संग्रहकृष्टौ नष्टकृष्टयः ।**
**बंधोज्झितकृष्टीनां तस्यासंख्येयभागो हि ॥ ५३७ ॥**

स० चं०—क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि वेदकका सर्व कालविषै जे नष्ट कृष्टि भई, जिनि कृष्टिनिका घात कीया तिनिका प्रमाण कृष्टि वेदकका प्रथम समयविषैं क्रोधका प्रथम संग्रह कृष्टि-विषैं जो ऊपरिकी बंधरहित कृष्टिनिका पूर्वैं प्रमाण कह्या था ताके असंख्यातवें भागमात्र जानना ॥ ५३७ ॥

विशेष—अब कृष्टिवेदकके प्रथम समयसे लेकर विवक्षित प्रथम संग्रहकृष्टिके विनाशकालके द्विचरम समय तक विनाश होनेवाली कृष्टियाँ सब मिलकर कितनी हैं इसी बातको स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि वे उपरिम बन्ध रहित कृष्टियोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। यहाँ प्रथम समयमें कृष्टिवेदकके क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिसम्बन्धी अधस्तन और उपरिम असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंकी बन्ध रहित कृष्टियाँ संज्ञा है। प्रकृतमें क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी अपेक्षा जो कृष्टियोंके विनाशका क्रम कहा है उसी प्रकार शेष संग्रह कृष्टियोंके विषयमें भी जानना चाहिये।

**कोहादिकिट्टियादिट्ठिदिम्हि समयाहियावलीसेसे ।**
**ताहे जहण्णुदीरइ चरिमो पुण वेदगो तस्स[2] ॥ ५३८ ॥**

---

१. एदेण सव्वेण तिचरिमसमयमेत्तीओ सव्वकिट्टीसु पढम-विदियसमयवेदगस्स कोधस्स पढमकिट्टीए अवज्झमाणियाणं किट्टीणमसंखेज्जदिभागो। क. चु. पृ. ८५५।

२. कोहस्स पढमकिट्टिं वेदयमाणस्स जा पढमट्ठिदी तिस्से पढमट्ठिदीए समयाहियाए आवलियाए

**क्रोधादिकृष्टिकादिस्थितौ समयाधिकावलीशेषे ।**
**तत्र जघन्यमुदीरयति चरमः पुनर्वेदकस्तस्य ॥ ५३८ ॥**

स० चं—क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी प्रथम स्थितिविषैं समय अधिक आवली अवशेष रहैं तहां जघन्य स्थितिकी उदीरणा करनेवाला हो है। जो आवलीके उपरि एक समय है तिस सम्बन्धी निषेककौं अपकर्षणकरि उदयावलीविषैं निक्षेपण करै है। बहुरि तहां ही क्रोधको प्रथम संग्रह कृष्टिवेदकका अन्त समयविषै हो है ॥ ५३८ ॥

**ताहे संजलणाणं बंधो अंतोमुहुत्तपरिहीणो ।**
**सत्तो वि य सददिवसा अडमासब्भहियछव्वरिसा ॥ ५३९ ॥**

**तत्र संज्वलनानां बंधोऽन्तर्मुहूर्तपरिहीनः ।**
**सत्त्वमपि च शतदिवसा अष्टमासाभ्यधिकषड्वर्षाः ॥ ५३९ ॥**

स० चं—तहां संज्वलनचतुष्कका स्थितिबंध अन्तर्मुहूर्त घाटि शत दिवस कहिए सौ दिन ताका तीन महीना अर दश दिन है। पहले समय च्यारि मास था सो संख्यात स्थिति बंधापसरणनिकरि घटि इहां इतना रह्या। क्रोधकी तीनौं संग्रह कृष्टिनिका वेदक कालविषैं जो दोय मास घटै तौ एक संग्रहकृष्टि वेदक कालविषैं कितना घटै ऐसैं त्रैराशिकतैं स्थितिबंध घटनेका प्रमाण पूर्वोक्त आया है। बहुरि तहां संज्वलन चतुष्कका स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्त घाटि आठ महीना अधिक छह वर्ष है। प्रथम समय आठ वर्ष था सो घटिकरि इहां इतना रह्या। क्रोधकी तीनौं संग्रह कृष्टिनिका वेदक कालविषैं जो च्यारि वर्ष घटै तौ एक संग्रह कृष्टि वेदक कालविषैं कितना घटै ऐसैं त्रैराशिकतैं स्थिति सत्त्व घटनेका प्रमाण पूर्वोक्त आवै है ॥ ५३९ ॥

**घादितियाणं बंधो दसवासंतोमुहुत्तपरिहीणा ।**
**सत्तं संखं वस्सा सेसाणं संखऽसंखवस्साणि ॥ ५४० ॥**

**घातित्रयाणां बंधो दशवर्षा दशवर्षा अंतर्मुहूर्तपरिहीनाः ।**
**सत्त्वं संख्यं वर्षाः शेषाणां संख्यासंख्यवर्षाः ॥ ५४० ॥**

स० चं—घाति कर्मनिका स्थितिबंध अन्तर्मुहूर्त घाटि दश वर्षमात्र है। प्रथम समय विषैं संख्यात हजार वर्षमात्र था सो इहां संख्यातगुणा क्रमतैं घटि इतना रह्या। बहुरि घातिकर्मनिका

---

सेसाए एदम्हि समये जो विही तं विहिं वत्तइस्सामो। तं जहा—ताधे चेव कोहस्स जहण्णगो ट्ठिदिउदीरगो। कोहपढमकिट्टीए चरिमसमयवेदगो जादो। जा पुव्वपवत्ता संजलणाणुभागसंतकम्मस्स अणुसमयमोहट्टणा सा तहा चेव। क. चु. पृ. ८५५।

१. चदुसंजलणाणं ट्ठिदिबंधो बे मासा चत्तालीसं च दिवसा अंतोमुहुत्तूणा। संजलणाणं ट्ठिदिसंतकम्मं छ वस्साणि अट्ठ च मासा अंतोमुहुत्तूणा। क. चु. पृ. ८५५।

२. तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिबंधो दस वस्साणि अंतोमुहुत्तूणाणि। घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्साणि। सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि वस्साणि। क. चु. पृ. ८५५।

स्थितिसत्त्व संख्यात हजार वर्षमात्र है। पूर्वै संख्यात हजार वर्षमात्र था सो संख्यात हजार स्थिति कांडकनिकरि संख्यातगुणा घटता क्रम लीएं घट्या तथापि आलापकरि संख्यात हजार वर्षमात्र ही रह्या। बहुरि अघाति कर्मनिका स्थितिबंध संख्यात हजार वर्षमात्र है। इहां भी पूर्ववत् तात्पर्य जानना। बहुरि आयु बिना तीन अघातियानिका स्थितिसत्त्व असंख्यात वर्षमात्र है। यद्यपि पूर्वतैं असंख्यातगुणा घटता क्रमकरि घट्या तथापि आलापकरि इतना ही रह्या। ऐसैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिवेदकका निरूपण किया ॥ ५४० ॥

**से काले कोहस्स य विदियादो संगहादु पढमठिदी।**
**कोहस्स विदियसंगहकिट्टिस्स य वेदगो होदि[1] ॥ ५४१ ॥**

**स्वे काले क्रोधस्य च द्वितीयतः संग्रहात् प्रथमस्थितिः।**
**क्रोधस्य द्वितीयसंग्रहकृष्टेश्च वेदको भवति ॥ ५४१ ॥**

स० चं०—क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिवेदकका अनन्तर समयरूप अपने कालविषैं क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टितैं प्रदेश समूहका अपकर्षण करि उदयादि गुणश्रेणिरूप प्रथम स्थिति करै है। ताका प्रमाण क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका वेदक कालतैं आवलीमात्र अधिक है। याके प्रथमादि समयनिविषैं असंख्यातगुणा क्रम लीएं अपकर्षण कीया हुआ द्रव्य दीजिए है। बहुरि तहां ही क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका वेदक हो है ॥५४१॥

**कोहस्स पढमसंगहकिट्टिस्सावलिपमाण पढमठिदी।**
**दोसमऊणदुआवलिणवकं च वि चउउदे ताहे[2] ॥५४२॥**

**क्रोधस्य प्रथमसंग्रहकृष्टेरावलिप्रमाणं प्रथमस्थितिः।**
**द्विसमयोनद्व्यावलिनवकं चापि चतुर्दश तत्र ॥५४२॥**

स० चं०—तिस समयविषैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी प्रथम स्थितिविषैं उच्छिष्टावलीमात्र निषेक अर द्वितीय स्थितिविषैं दोय समय घाटि दोय आवलीमात्र नवक समयप्रबद्धरूप निषेक अवशेष सत्त्वरूप रहैं हैं। इन विना क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका अन्य सर्व प्रदेश क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिके नीचैं अनन्तगुणा घटता अनुभागरूप होइ ताकी अपूर्व कृष्टि होइ परिणमैं है। तब ही अन्य संग्रह कृष्टिनिविषैं भी यथासंभव संक्रमण हो है। तीहिं कालविषैं क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य चौदहगुणा हो है। एकगुणा आयका था तातैं तेरहगुणा प्रथम संग्रहका आया, मिलि चौदह गुणा भया ॥५४२॥

**पढमादिसंगहाणं चरिमे फालिं तु विदियपहुदीणं।**
**हेट्ठा सव्वं देदि हु मज्झे पुव्वं व इगिभागं[3] ॥५४३॥**

---

१. से काले कोहस्स विदियट्ठिदीए पदेसग्गमोकड्डियूण कोहस्स पढमट्ठिदिं करेदि। ·········ताहे कोहस्स विदियकिट्टीवेदगो। आदि, क. चु. पृ. ८५५-८५६।

२. ताधे कोधस्स पढमसंगहकिट्टीए संतकम्मं दो आवलियबंधा दुसमयूणा सेसा। जं च उदयावलियं पविट्ठं तं च सेसं पढमकिट्टीए। क. चु. पृ. ८५६।

३. जो कोहस्स पढमकिट्टिं वेदयमाणस्स विधी सो चेव कोहस्स विदियकिट्टिं वेदयमाणस्स विधी कायव्वो। क. चु. पृ. ८५६।

**प्रथमादिसंग्रहाणां चरमे फालिं तु द्वितीयप्रभृतीनाम् ।**
**अधस्तनं सर्वं ददाति हि मध्ये पूर्वमिव एकभागम् ।।५४३।।**

स० चं०—प्रथमादि संग्रह कृष्टिनिका अंत समयविषैं जो संक्रमण द्रव्यरूप फालि ताहि द्वितीयादि संग्रह कृष्टिनिके नीचैं सर्व देहै अर मध्यविषै पूर्ववत् एक भागकौं देहै। भावार्थ—जिस संग्रहकृष्टिकौं भोगवै है ताका नवक समयप्रबद्ध विना सर्व द्रव्य सो सर्व संक्रमणरूप है। जो उच्छिष्टावली सो ही अन्त फालि है। ताकौं अनन्तर समयविषैं याके अनन्तर जो संग्रह कृष्टि भोगिए ताके नीचैं अर बीचिमैं अपूर्व कृष्टिरूप परिणमावै है। तहां तिह संग्रह कृष्टिकी अवयव कृष्टिनिके बीचि जे अपूर्व कृष्टि करिए है ते पूर्ववत् अंत समयविषै अपने द्रव्यका असंख्यातवां भागमात्र द्रव्यकरि निपजाइए है। बहुरि अवशेष सर्व द्रव्यकरि तिस संग्रहकृष्टिके अनन्तरि द्वितीय संग्रह कृष्टि भोगिए है सो इहां भी ऐसा ही विधान जानना। इहां प्रश्न—

जो पूर्वै कृष्टिवेदकका प्रथम समयका व्याख्यानविषैं नीचैं करी कृष्टिनिका प्रमाणतैं बीचिकरी कृष्टिनिका प्रमाण असंख्यातगुणा कह्या था, इहां बीचिकरी कृष्टिनिविषैं दीया द्रव्यतैं नीचैं करी कृष्टिनिविषैं दीया द्रव्य असंख्यातगुणा कह्या तातैं विरुद्ध आवै है ? ताका समाधान—तहां तौ संग्रहकृष्टिके द्रव्यका असंख्यातवां भागमात्र द्रव्य ग्रह्या था ताका विधान कह्या था, इहां सर्व संग्रह कृष्टिके द्रव्यकी अपेक्षा वर्णन है, तातैं इहां ऐसा विधान जानना। बहुरि जो इहां भी पूर्ववत् विधान करिए तौ अन्तर कृष्टिनिके बीचि नवीन कृष्टि बहुत निपजैं, सर्व अवयव कृष्टिनिके बीचि बीचि अपूर्व कृष्टि होंइ तब पूर्व कृष्टिविषै दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता द्रव्य जो कृष्टिविषैं दीया तातैं अनंतरवर्ती कृष्टिनिविषैं दीया द्रव्य असंख्यातगुणा होइ सो ऐसैं द्रव्य देना। सूत्रविषैं नाहीं कह्या है, तातैं इहां विधान कह्या है सोई अंगीकार करना ।।५४३।।

**कोहस्स विदियकिट्टीवेदयमाणस्स पढमकिट्टिं वा ।**
**उदओ बंधो णासो अपुव्वकिट्टीण करणं च ।। ५४४ ।।**

**क्रोधस्य द्वितीयकृष्टिवेदकस्य प्रथमकृष्टिरिव ।**
**उदयो बंधो नाशः अपूर्वकृष्टीनां करणं च ।। ५४४ ।।**

स० चं—क्रोधको द्वितीय संग्रहकृष्टिका वेदककैं कृष्टिनिका उदय अर बंध अर घात अर संक्रमण द्रव्यकरि वा बध द्रव्यकरि अपूर्व कृष्टिका करना इत्यादि विधान जैसै प्रथम संग्रह कृष्टिका कह्या तैसैं ही समस्त कहना ।। ५४४ ।।

**कोहस्स विदियसंगहकिट्टी वेदंतयस्स संकमणं ।**
**सट्ठाणे तदियो त्ति य तदणंतरहेट्ठिमस्स पढमं च ।। ५४५ ।।**

**क्रोधस्य द्वितीयसंग्रहकृष्टिवेद्यमानस्य संक्रमणं ।**
**स्वस्थाने तृतीयांतं च तदनंतरमधस्तनस्य प्रथमं च ।। ५४५ ।।**

---

१. उदिण्णाणं किट्टीणं वज्झमाणीणं किट्टीणं विणासिज्जमाणीणं अपुव्वाणं णिव्वत्तिज्जमाणीणं वज्झमाणेण च पदेसग्गेण संछुब्भमाणेण च पदेसग्गेण णिव्वत्तिज्जमाणियाणं। क० चु० पृ० ८५६।

२. क० चु० पृ० ८५६।

स० चं०--क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका वेदककैं स्वस्थान कहिए विवक्षित कषाय ही विषैं संक्रमण तौ तीसरी संग्रह कृष्टिपर्यंत होइ अर परस्थान कहिए अन्य कषायविषैं संक्रमण सो आयके नीचैं जो कषाय ताकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं होइ ॥ ५४५ ॥ सोई कहिए है--

**पढमो विदिये तदिये हेट्ठिमपढमे च विदियगो तदिये ।**
**हेट्ठिमपढमे तदियो हेट्ठिमपढमे च संकमदि[1] ॥ ५४६ ॥**

**प्रथमो द्वितीये तृतीये अधस्तनप्रथमे च द्वितीयकस्तृतीये ।**
**अधस्तनप्रथमे तृतीयोऽधस्तनप्रथमे च संक्रामति ॥ ५४६ ॥**

स० चं०—विवक्षित कषायकी पहली संग्रह कृष्टिका द्रव्य तौ अपनी दूसरी तीसरी अर नीचली कषायकी पहली संग्रहकृष्टिविषैं संक्रमण करै है अर दूसरी संग्रहकृष्टिका द्रव्य अपनी तीसरी अर नीचली कषायकी पहली संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण करै है। अर तीसरी संग्रह कृष्टिका द्रव्य नीचली कषायकी पहली संग्रहकृष्टिविषैं ही संक्रमण करै है। इहां वेदक अपेक्षा जाकौं भोगवै है ताके पीछे जाको भोगवै ताकौं नीचलो कषाय कह्या है सो क्रोधकी द्वितीय संग्रहकृष्टितैं प्रदेश समूह है सो क्रोधकी तीसरी मानकी पहली संग्रहकृष्टिविषैं संक्रमण करै है। अर क्रोधकी तीसरी संग्रहकृष्टिका द्रव्यतैं मानकी पहली ही विषैं संक्रमण करै है। अर मानकी पहलीका द्रव्य मानकी दूसरी तीसरी मायाकी पहलीविषैं संक्रमण करै है। अर मानकी दूसरीका द्रव्य मानकी तीसरी मायाकी पहलीविषैं संक्रमण करैं है। अर मानकी तीसरीका द्रव्य मायाकी लोभकी पहिलीविषै संक्रमण करै है। अर मायाकी पहलीका द्रव्य मायाकी दूसरी तीसरी लोभकी पहली विषैं संक्रमण करैं है। अर मायाकी दूसरीका द्रव्य मायाकी तीसरी लोभकी पहलीविषै संक्रमण करै है। अर मायाकी तीसरीका द्रव्य लोभकी पहलीविषैं संक्रमण करै है। अर लोभकी पहलीका द्रव्य लोभकी दूसरी तीसरीविषैं संक्रमण करै है। अर लोभकी दूसरीका द्रव्य लोभकी तीसरीविषैं संक्रमण होइ प्रवेश करै है। इहां स्वस्थानविषैं तौ विवक्षित संग्रहके द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं तहां एक भागमात्र अपनी अन्य संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण करै है। अर परस्थानविषैं तिसहोकौं अधःप्रवृत्त भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र द्रव्य अन्य कषायकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण करै है ऐसा विशेष जानना ॥ ५४६ ॥

**कोहस्स पढमकिट्टी सुण्णो त्ति ण तस्स अत्थि संकमणं ।**
**लोभंतिमकिट्टिस्स य णत्थि पडित्थावणूणादो ॥५४७॥**

**क्रोधस्य प्रथमकृष्टिः शून्या इति न तस्या अस्ति संक्रमणं ।**
**लोभांतिमकृष्टेश्च नास्ति प्रतिस्थापनमूनतः ॥५४७॥**

स० चं०—इहां क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टि तौ शून्य भई—नास्ति भई, तातैं ताकैं संक्रमण नाहीं अर लोभकी तृतीय संग्रहकृष्टिका भी संक्रमण नाहीं, जातैं प्रतिलोम जो उलटा संक्रमण ताका अभाव है। ऐसैं दोय विना अवशेष दश संग्रहकृष्टिनिका संक्रमण कीया। तहां भोगवनेरूप द्वितीय संग्रहकृष्टिविषैं आय द्रव्यका अभाव है। तहां घात द्रव्यहोका पूर्व कृष्टिनिविषैं देना पूर्वोक्त

---

1. क. चु. पृ. ८५६।

प्रकार हो है। बहुरि लोभकी तृतीय संग्रहकृष्टिविषैं व्यय द्रव्य नाहीं, परन्तु आय द्रव्य है, तातैं दश संग्रहकृष्टिनिविषैं संक्रमण द्रव्यका पूर्व अपूर्वकृष्टिनिविषैं देना पूर्वोक्त प्रकार हो है। ऐसा जानना ॥५४७॥

**जस्स कसायस्स जं किट्टिं वेदयदि तस्स तं चेव ।**
**सेसाणं कसायाणं पढमं किट्टिं तु बंधदि हु ॥५४८॥**

**यस्य कषायस्य यां कृष्टिं वेदयति तस्य तां चैव ।**
**शेषाणां कषायाणां प्रथमां कृष्टिं बध्नाति हि ॥५४८॥**

स० चं०—जिस कषायकी जिस संग्रहकृष्टिकौं वेदै भोगवै है तिस कषायकी तौ तिस ही संग्रहकृष्टिकौं बांधै है। बहुरि अन्य कषायनिकी प्रथम संग्रहकृष्टिकौं बांधै है ऐसी व्याप्ति है। तातैं बंध द्रव्यका विधान च्यारि ही संग्रहकृष्टिनिविषैं जानना सो इहां क्रोधकी द्वितीय संग्रहकृष्टिकौं अर अन्य कषायनिकी प्रथम संग्रहकृष्टिकौं बांधै है ॥५४८॥

**माणतिय कोहतदिये मायालोहस्स तियतिये अहिया ।**
**संखगुणं वेदिज्जे अन्तरकिट्टी पदेसो य ॥५४९॥**

**मानत्रयं क्रोधतृतीये मायालोभस्य त्रिकत्रिके अधिका ।**
**संख्यगुणं वेद्यमाने अन्तरकृष्टिः प्रदेशश्च ॥५४९॥**

स० चं०—इहां संग्रहकृष्टिनिविषैं अवयव कृष्टिनिका वा द्रव्यका अल्पबहुत्व कहिए है, सो मानकी तीन अर क्रोधकी एक तीसरी ही अर माया लोभकी तीन तीन इन संग्रह कृष्टिनिविषैं तौ विशेष अधिक अर वेद्यमान क्रोधकी दूसरी कृष्टिविषै संख्यातगुणा कृष्टिनिका वा प्रदेशनिका प्रमाण क्रमतैं है। सोई कहिए है—

मानकी प्रथम संग्रहकृष्टिका स्तोक, तातैं मानकी दूसरीका, तातैं मानकी तीसरीका, तातैं क्रोधकी तीसरीका, तातैं मायाकी प्रथमका, तातैं मायाकी दूसरीका, तातैं मायाकी तीसरीका, तातैं लोभकी प्रथमका, तातैं लोभकी दूसरीका, तातैं लोभकी तीसरीका, अवयव कृष्टिनिका प्रमाण क्रमतैं विशेषकरि अधिक है। तहां विशेषका प्रमाण स्वस्थानविषै तौ पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं आवै है। जैसैं मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी अवयव कृष्टिनिका प्रमाणतैं याहीकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं जो एक भागमात्र विशेष ताकरि अधिक मानकी द्वितीय संग्रहकृष्टिकी अवयव कृष्टिनिका प्रमाण हो है। ऐसैं ही अन्यत्र जानना। बहुरि परस्थानविषैं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं विशेषका प्रमाण आवै है। जैसैं मानकी तीसरी संग्रहकृष्टिकी अवयव कृष्टिप्रमाण क्रमतैं याहीकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं एक भागमात्र विशेषकरि अधिक क्रोधकी तृतीय संग्रहकृष्टिकी अवयव कृष्टिनिका प्रमाण हो है। ऐसैं

---

१. चदुण्हं कसायाणं जस्स जं किट्टिं वेदयदि तस्स कसायस्स तं किट्टिं बंधदि, सेसाणं कसायाणं पढमकिट्टीओ बंधदि। क. चु. पृ. ८५७।

२. क. चु. पृ. ८५७–८५८।

ही अन्यत्र जानना। बहुरि क्रोधकी द्वितीय संग्रहकृष्टिकी[1] अवयव कृष्टिनिका प्रमाण संख्यातगुणा है सो चौदह गुणा जानना। ऐसैं अवयव कृष्टिनिके प्रमाणका अल्पबहुत्व कह्या। याही प्रकार प्रदेश जे इन संग्रह कृष्टिनिके परमाणू तिनके प्रमाणका भी अल्पबहुत्व जानना, जातैं बंध द्रव्य संक्रमण द्रव्य मिलि ऐसा क्रम हो है। बहुरि इस द्रव्य ही के अनुसारि कृष्टिनिका भी अल्पबहुत्व जानना। जातैं थोडे द्रव्यकरि थोरी, बहुत द्रव्यकरि बहुत कृष्टि निपजै हैं॥ ५४९॥

**वेदिज्जादिट्ठिदीए समयाहियआवलीयपरिसेसे।**
**ताहे जहण्णुदीरणचरिमो पुण वेदगो तस्स[2]॥ ५५०॥**

**वेद्यमानादिस्थितौ समयाधिकावलिकपरिशेषे।**
**तत्र जघन्योदीरणचरमः पुनः वेदकस्तस्य॥ ५५०॥**

स० चं०—जिस संग्रह कृष्टिकौं वेदै है तिसकी प्रथम स्थितिविषैं दोय आवली अवशेष रहैं तौ आगाल प्रत्यागालका नाश हो है। बहुरि समय अधिक आवली अवशेष रहैं जघन्य स्थिति जो उदयावलीतैं ऊपरि एक निषेक ताका उदीरक कहिए उदयावलीविषैं देनेरूप उदीर्णा करनेवाला हो है। तहां ही तिसके वेदककालका अंत समय हो है सो इहां क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिकी प्रथम स्थितिविषैं समय अधिक आवली अवशेष रहैं जघन्य स्थितिका उदीरक अर ताके वेदकका अंत समय भया॥ ५५०॥

**ताहे संजलणाणं बंधो अंतोमुहुत्तपरिहीणो।**
**सत्तो वि य दिणसीदी चउमासब्भहियपणवस्सा[3]॥ ५५१॥**

**तत्र संज्वलनानां बंधो अंतर्मुहूर्तपरिहीनः।**
**सत्त्वमपि च दिनाशीतिः चतुर्मासाभ्यधिकपंचवर्षाः॥ ५५१॥**

स० चं०—तहां संज्वलनचतुष्कका स्थितिबंध अंतर्मुहूर्त घाटि असी दिन ताका दोय मास अर बीस दिनमात्र है। अर तिनका सत्त्व अंतर्मुहूर्त घाटि च्यारि मास अधिक पंच वर्षमात्र है। इहां भी पूर्ववत् निरूपण जानना॥ ५५१॥

**घादितियाणं बंधो वासपुधत्तं तु सेसपयडीणं।**
**वस्साणं संखेज्जसहस्साणि हवंति णियमेण॥ ५५२॥**

---

१. टीकामें बहुरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिकी ऐसा पाठ है मु०।

२. तिस्से चेव पढमट्ठिदीए समयाहियाए आवलियाए सेसाए ताहे कोहस्स विदियकिट्टीए चरिमसमयवेदगो। क. चु. पृ. ८५८।

३. ताधे संजलणाणं ट्ठिदिबंधो वे मासा वीसं च दिविसा देसूणा। संजलणाणं ट्ठिदिसंतकम्मं पंच वस्साणि चत्तारि मासा अंतोमुहुत्तूणा। क. चु. पृ. ८५८।

४. तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो वासपुधत्तं। सेसाणं कम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। क. चु. पृ. ८५८।

**घातित्रयाणां बंधो वर्षपृथक्त्वं तु शेषप्रकृतीनाम् ।**
**वर्षाणां संख्येयसहस्राणि भवंति नियमेन ॥ ५५२ ॥**

स० चं०—तीन घातियनिका स्थितिबंध पृथक्त्व वर्षमात्र है। तीनके ऊपरि यथायोग्य पृथक्त्व संज्ञा जाननी। बहुरि अवशेष अघातियानिका स्थितिबंध संख्यातक हजार वर्षमात्र है नियमकरि ॥ ५५२ ॥

**घादितियाणं सत्तं संखसहस्साणि होंति वस्साणं ।**
**तिण्हं पि अघादीणं वस्साणि असंखमेत्ताणि[1] ॥ ५५३ ॥**

**घातित्रयाणां सत्त्वं संख्यसहस्राणि भवंति वर्षाणां ।**
**त्रयाणामपि अघातिनां वर्षा असंख्यमात्राः ॥ ५५३ ॥**

स० चं०—तीन घातियानिका स्थितिसत्त्व संख्यात हजार वर्षमात्र है। आयु बिना तीन अघातियानिका स्थितिसत्त्व असंख्यात वर्षमात्र है ॥ ५५३ ॥

**से काले कोहस्स य तदियादो संगहादु पढमठिदी[2] ।**
**अंते संजलणाणं बंधं सत्तं दुमास चउवस्सा ॥ ५५४ ॥**

**स्वे काले क्रोधस्य च तृतीयतः संग्रहात् प्रथमस्थितिः ।**
**अंते संजलनानां बंधं सत्त्वं द्विमासं चतुर्वर्षाः ॥ ५५४ ॥**

स० चं—ताके अनंतरि अपने कालविषैं क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिका वेदक हो है। तहां याका द्रव्य एकगुणा था अर यातैं चौदहगुणा द्वितीय संग्रहका उच्छिष्टावली नवक समयप्रबद्ध बिना द्रव्य मिलनेतैं पंद्रहगुणा हो है। तिस द्रव्यतैं तिसके वेदकका कालतैं आवलीमात्र अधिक प्रथम स्थिति करै है। तहां वर्णन क्रोधकी द्वितीय संग्रहकृष्टि वेदकवत् जानना। तहां अंत समय विषैं संज्वलन चतुष्कका स्थितिबंध दोय मास अर स्थितिसत्त्व च्यारि वर्षमात्र जानना। अवशेष कर्मनिका पूर्ववत् आलाप है ॥ ५५४ ॥

**से काले माणस्स य पढमादो संगहादु पढमठिदी ।**
**माणोदयअद्धाये तिभागमेत्ता हु पढमठिदी[3] ॥ ५५५ ॥**

**स्वे काले मानस्स च प्रथमात् संग्रहात् प्रथमस्थितिः ।**
**मानोदयाद्धायाः त्रिभागमात्रा हि प्रथमस्थितिः ॥ ५५५ ॥**

---

१. तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। णामा-गोद-वेदणीयाणं ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि वस्साणि। क. चु. पृ. ८५८।

२. तदो से काले कोहस्स तदियकिट्टीदो पदेसग्गमोकड्डियूण पढमट्ठिदिं करेदि।.... ....ताधे ठिदिबंधो संजलणाणं दो मासा पडिपुण्णा, संतकम्मं चत्तारि वस्साणि। क. चु. पृ. ८५८।

३. से काले माणस्स पढमकिट्टिमोकड्डियूण पढमट्ठिदिं करेदि। जा एत्थ माणवेदगद्धा तिस्से वेदगद्धाए तिभागमेत्ता पढमट्ठिदी। क. चु. ८५९।

स० चं०--क्रोध वेदकके अनंतरि अपने काल विषै मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्य एकगुणा था अर पंद्रहगुणा क्रोधको तृतीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य मिल्या सो मिलिकरि सोलहगुणा भया। ताकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र द्रव्य ग्रहि गुणश्रेणिरूप प्रथम स्थिति करै है। सो क्रोधवेदक कालतैं किछू घाटि जो मानका वेदककाल ताका तीसरा भाग आवलीकरि अधिक तिस प्रथमस्थितिका प्रमाण है। तहाँ मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिका वेदक हो है ।।५५५।।

**कोहपढमं व माणो[1] चरिमे अंतोमुहुत्तपरिहीणो।**
**दिणमासपण्णचत्तं बंधं संतं तिसंजलणगाणं[2] ।।५५६।।**

**क्रोधप्रथमं व मानः चरमे अंतर्मुहूर्तपरिहीनः।**
**दिनमासपंचाशच्चत्वारिंशत् बंधः सत्त्वं त्रिसंज्वलनानां ।।५५६।।**

सं० चं०—क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिका वेदकवत् मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिका वेदकका विधान जानना। विशेष इतना—क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका वेदकके बंध द्रव्यकरि उपजीं जे नवीन अन्तर कृष्टि तिनका प्रमाण ल्यावनेकौं भागहारका प्रमाण छह गुणहानि मात्र कह्या था, इहाँ तातैं चौथाई घाटि है, तातैं साढा च्यारि गुणहानिमात्र है। आगैं भी इतना ही घाटि जानना। सो मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टि वेदककैं तीन गुणहानिमात्र, लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं ड्योढ गुणहानिमात्र भागहार जानना। याका भाग सर्व कृष्टिनिकौं दीएँ क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिवेदककैं तौ गुणहानिका चौथा भागमात्र अन्तरालका प्रमाण कह्या था। इहाँ वा आगैं तातैं सोलह्वाँ भागमात्र क्रमतैं घटता जानना। सो मान माया लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टि वेदककैं बंध द्रव्यकरि निपजीं नवीन कृष्टिनिके वीचि जे कृष्टि पाइए तिनका प्रमाणमात्र अंतराल सो क्रमतैं गुणहानिका तीन सोलह्वाँ भागमात्र, दोइ सोलह्वां भागमात्र, एक सोलहवाँ भागमात्र गुणा स्थापिए। बहुरि क्रोधकी प्रथम द्वितीय तृतीय कृष्टि वेदककैं गुणकार क्रमतैं तेरह चौदह पंद्रहका अर मानकी प्रथमादि संग्रह कृष्टि वेदककैं गुणकार क्रमतैं सोलह सतरह अठारह वा मायाकी प्रथमादि संग्रह कृष्टि वेदककैं गुणकार क्रमतैं उगणीस वीस इकईसका, लोभकी प्रथमादि संग्रह कृष्टि वेदककैं गुणकार क्रमतैं बाईस तेईस चौईसका है। तहां अपने-अपने गुणकार करि गुण्यकौं गुणैं अन्तरालका प्रमाण आवै है। बहुरि इतना जानना—

क्रोध वेदककैं च्यारयो कषायोंका, मानवेदककैं क्रोध विना तीन कषायनिका, माया वेदककैं क्रोध मान विना दोय कषायनिका, लोभ वेदककैं लोभ हीका बंध है। तातैं इनके ही बंध द्रव्यकरि अन्तर कृष्टि निपजै हैं। बहुरि जिस कृष्टिकौं भोगिए है ताका द्रव्य जिन कृष्टिनिविषैं संक्रमण करै है तिनविषैं संक्रमण द्रव्यकरि निपजी जे कृष्टि तिनका अन्तरालविषैं भी यथासंभव जानना। बहुरि मान प्रथम संग्रह कृष्टि वेदककी प्रथम स्थितिविषैं समय अधिक आवली अवशेष रहैं अन्त समय होइ। तहाँ क्रोध बिना तीन संज्वलनका स्थितिबंध अन्तर्मुहूर्त

---

१. जेणेव विहिणा कोधस्स पढमकिट्टी वेदिदा तेणेव विधिणा माणस्स पढमकिट्टिं वेदयदि········।
—क० चु०, पृ० ८५९।

२. एदेण कमेण माणपढमकिट्टिं वेदयमाणस्स जा पढमट्ठिदी तिस्से पढमट्ठिदीए जाधे समयाहियावलियसेसा ताधे तिण्हं संजलणाणं ठिदिबंधो मासो वीसं च दिवसा अंतोमुहुत्तूणा। क० चु०, पृ० ८५९।

घाटि पचास दिन है। अर स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्त घाटि चालीस मासमात्र है। इहां क्रोधकी प्रथम संग्रहकृष्टिवत् त्रैराशिक आदि विधान जानना। इहांतैं आगैं पूर्व संग्रह कृष्टिका द्रव्य मिलनेतैं वेद्यमान कृष्टिका द्रव्यविषैं एक एक गुणकार क्रमतैं बंधै है। तहाँ मानकी द्वितीय तृतीय अर मायाकी प्रथम द्वितीय तृतीय अर लोभकी प्रथम द्वितीय तृतीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य क्रमतैं सतरह अठारह उगणीस वीस इकईस बाईस तेईस चौईसगुणा है सो अपने-अपने द्रव्यकौं अपकर्षणकरि अपने वेदक कालतैं आवली मात्र अधिक प्रथम स्थिति करिए है। तहाँ पूर्वोक्त विधानतैं तिस प्रथम स्थितिविषैं समय अधिक आवली अवशेष रहैं अपनी-अपनी वेदक कालका अंत समय हो है ॥५५६॥

तहाँ स्थितिबंध स्थितिसत्त्वका विशेष कहिए है—

**विदियस्स माणचरिमे चत्तं वत्तीसदिवसमासाणि।**
**अंतोमुहुत्तहीणा बंधो सत्तो तिसंजलणगाणं[1] ॥५५७॥**

**द्वितीयस्य मानचरमे चत्वारिंशद्द्वात्रिंशद्दिवसमासाः।**
**अन्तर्मुहूर्तहीना बंधः सत्त्वं त्रिसंज्वलनानां ॥५५७॥**

स० चं०—ताके अनन्तरि मानकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका वेदक हो है। ताका अंत समयविषैं तीन संज्वलनका स्थिति बंध अन्तर्मुहूर्त घाटि चालीस दिन अर स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्त घाटि वत्तीस मासमात्र है ॥५५७॥

**तदियस्स माणचरिमे तीसं चउवीस दिवसमासाणि।**
**तिण्हं संजलणाणं ठिदिबंधो तह य सत्तो य[2] ॥५५८॥**

**तृतीयस्य मानचरिमे त्रिंशच्चतुर्विंशद्दिवसमासाः।**
**त्रयाणां संज्वलनानां स्थितिबंधस्तथा च सत्त्वं च ॥५५८॥**

स० चं०—ताके अनन्तरि मानकी तृतीय संग्रह कृष्टिका वेदक हो है। ताका अन्त समयविषैं तीन संज्वलनिका स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त घाटि तीस दिन अर स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्त घाटि चौबीस मासमात्र हो है ॥५५८॥

**पढमगमायाचरिमे पणवीसं वीसदिवसमासाणि।**
**अंतोमुहुत्तहीणा बंधो सत्तो दुसंजलणगाणं[3] ॥५५९॥**

---

१. से काले माणस्स विदियकिट्टीयो पदेसग्गमोकड्डियूण पढमट्ठिदिं करेदि। तेणेव विहिणा संपत्तो माणस्स विदियकिट्टिं वेदयमाणस्स जा पढमट्ठिदी तिस्से समयाहियावलियसेसा त्ति ताधे संजलणाणं ट्ठिदिबंधो मासो दस च दिवसा देसूणा। संतकम्मं दो वस्साणि अट्ठ च मासा देसूणा। क० चु०, पृ० ८६०।

२. ………ताधे तिण्हं संजलणाणं ठिदिबंधो मासो पडिपुण्णो। संतकम्मं वे वस्साणि पडिपुण्णाणि। क० चु०, पृ० ८६०।

३. ………ताधे ठिदिबंधो दोण्हं संजलणाणं पणुवीसं दिवसा देसूणा। ठिदिसंतकम्मं वस्समट्ठ च मासा देसूणा। क० चु०, पृ० ८६०।

**प्रथमगमायाचरिमे पंचविंशतिः विंशतिः दिवसमासाः।**
**अन्तर्मुहूर्तहीनाः बंधः सत्त्वं द्विसंज्वलनकयोः॥५५९॥**

स० चं०—ताके अनंतरि मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिका वेदक हो है सो याका काल माया वेदककालके तीसरे भागमात्र है। ताका अन्त समयविषैं संज्वलन माया लोभका स्थिति बंध अंतर्मुहूर्त घाटि पचीस दिन स्थितिसत्त्व अंतर्मुहूर्त घाटि बीस मासमात्र हो है॥५५९॥

**विदियगमायाचरिमे वीसं सोलं च दिवसमासाणि।**
**अंतोमुहुत्तहीणा बंधो सत्तो दुसंजलणगाणं[1]॥५६०॥**

**द्वितीयगमायाचरिमे विंशं षोडश च दिवसमासाः।**
**अन्तर्मुहूर्तहीनाः बंधः सत्त्वं द्विसंज्वलनकयोः॥५६०॥**

स० चं०—ताके अनन्तरि मायाकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका वेदक हो है। ताका अन्त समयविषैं दोय संज्वलननिका स्थितिबंध अन्तर्मुहूर्त घाटि बीस दिन अर स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्त घाटि सोलह मासमात्र हो है॥५६०॥

**तदियगमायाचरिमे पण्णरबारस य दिवसमासाणि।**
**दोण्हं संजलणाणं ठिदिबंधो तह य सत्तो य[2]॥५६१॥**

**तृतीयकमायाचरमे पंचदश द्वादश च दिवसमासाः।**
**द्वयोः संज्वलनयोः स्थितिबंधस्तथा च सत्त्वं च॥५६१॥**

स० चं०—ताके अनंतर मायाकी तृतीय संग्रह कृष्टिका वेदक हो है। ताका अन्त समयविषैं दोय संज्वलननिका स्थितिबंध अन्तर्मुहूर्त घाटि पंद्रह दिन अर स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्त घाटि[3] बारह मासप्रमाण हो है॥५६१॥

**मासपुधत्तं वासा संखसहस्साणि बंध सत्तो य।**
**घादितियाणिदराणं संखमसंखेज्जवस्साणि[4]॥५६२॥**

**मासपृथक्त्वं वर्षाः संख्यसहस्राः बंधः सत्त्वं च।**
**घातित्रयाणामितरेषां संख्यमसंख्येयवर्षाः॥५६२॥**

---

१. ·········ताधे ठिदिबंधो वीसं दिवसा देसूणा। ठिदिसंतकम्मं सोलस मासा देसूणा।
—क० चु०, पृ० ८६१।

२. ·········ताधे दोण्हं संजलणाणं ठिदिबंधो अद्धमासो पडिपुण्णो। ठिदिसंतकम्ममेक्कं वस्सं पडिपुण्णं।

३. क० चु० में 'परिपूर्ण' बतलाया है। अन्तर्मुहूर्त घाटि नहीं बतलाया। पृ० ६६९।

४. तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिबंधो मासपुधत्तं। तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। इदरेसिं कम्माणं [ट्ठिदिबंधो संखेज्जाणि वस्साणि।] क० चु० ८६१। ठिदिसंतकम्मम-संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। क० चु० पृ० ।

स० चं०—तहां ही तीन घातियानिका स्थितिबंध पृथक्त्व मासप्रमाण है। स्थितिसत्त्व यथा योग्य संख्यात हजार वर्षमात्र है। बहुरि तीन अघातियानिका स्थितिबंध यथायोग्य संख्यात वर्ष मात्र है। स्थितिसत्त्व यथायोग्य असंख्यात वर्षमात्र है ॥ ५६२ ॥

**लोहस्स पढमचरिमे लोहस्संतोमुहुत्त बंधदुगे।**
**दिवसपुधत्तं वासा संखसहस्साणि घादितिये[1] ॥ ५६३ ॥**

**लोभस्य प्रथमचरिमे लोभस्यांतर्मुहूर्तं बंधद्विके।**
**दिवसपृथक्त्वं वर्षाः संख्यसहस्रा घातित्रये ॥ ५६३ ॥**

स० चं०—ताके अनंतरि लोभकी प्रथम संग्रहकृष्टिका वेदक हो है। ताका काल समस्त लोभ वेदक कालके तीसरे भागमात्र वा बादर लोभ वेदक कालतैं आधा है। ताका अन्त समय-विषैं संज्वलन लोभका स्थितिबंध वा स्थितिसत्त्व अन्तर्मुहूर्तमात्र है। तहां स्थितिबंधतैं स्थिति-सत्त्व संख्यातगुणा जानना। बहुरि तीन घातियानिका स्थितिबंध पृथक्त्व दिनमात्र अर स्थिति सत्त्व संख्यात हजार वर्षमात्र है ॥ ५६३ ॥

**सेसाणं पयडीणं वासपुधत्तं तु होदि ठिदिबंधो।**
**ठिदिसत्तमसंखेज्जा वस्साणि हवंति णियमेण[2] ॥ ५६४ ॥**

**शेषाणां प्रकृतीनां वर्षपृथक्त्वं तु भवति स्थितिबंधः।**
**स्थितिसत्त्वमसंख्येया वर्षा भवंति नियमेन ॥ ५६४ ॥**

स० चं०—अवशेष तीन अघातिया प्रकृतिनिका स्थितिबंध पृथक्त्व वर्षमात्र अर स्थिति-सत्त्व यथायोग्य असंख्यात वर्षमात्र है नियमकरि ॥ ५६४ ॥

**से काले लोहस्स य विदियादो संगहादु पढमठिदी।**
**ताहे सुहुमं किट्टिं करेदि तव्विदियतदियादी[3] ॥ ५६५ ॥**

**स्वे काले लोभस्य च द्वितीयतः संग्रहात् प्रथमस्थितिः।**
**तत्र सूक्ष्मां कृष्टिं करोति तद्द्वितीयतृतीयतः ॥५६५॥**

स० चं—बहुरि ताके अनन्तरि अपने कालविषैं लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिके द्रव्यतैं प्रदेश समूहका अपकर्षणकरि उदयादि गलितावशेष गुणश्रेणीरूप प्रथम स्थिति करै है ताका प्रमाण

---

१. ''''''''ताधे लोभसंजलणस्स ट्ठिदिबंधो अंतोमुहुत्तं। ट्ठिदिसंतकम्मं पि अंतोमुहुत्तं। तिण्हं घादि-कम्माणं ट्ठिदिबंधो दिवसपुधत्तं। घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि। क० चु०, पृ० ८६१–८६२।

२. सेसाणं कम्माणं वासपुधत्तं। सेसाणं कम्माणं असंखेज्जाणि वस्साणि। क० चु०, पृ० ८६१–८६२।

३. तदो से काले लोहस्स विदियकिट्टीदो पदेसग्गमोकड्डियूण पढमट्ठिदिं करेदि। ताधे चेव लोभस्स विदियकिट्टीदो च तदियकिट्टीदो च पदेसग्गमोकड्डियूण सुहुमसांपराइयकिट्टीओ णाम करेदि। क० चु०, पृ० ८६२।

अवशेष रह्या अनिवृत्तिकरण कालतैं आवलीमात्र अधिक है। बहुरि तिस ही कालविषैं लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टि अर तृतीय संग्रह कृष्टिका जो द्रव्य तातैं प्रदेशसमूहको अपकर्षण करि सूक्ष्म है अनुभागशक्ति जिनविषैं ऐसी सूक्ष्म कृष्टि करै है। सो बादर लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका द्रव्य सर्व मोहका द्रव्यका चौइसका भागतैं तेईसगुणा है। तातैं अपकर्षण कीया द्रव्य अनुभागकी अपेक्षा सर्व मोह द्रव्यका चौईसवाँ भागकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीए एक भाग तातैं पांचसै पिचहत्तरिगुणा हैं। तहाँ तेईसगुणा तौ लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिरूप द्रव्य है। अर अवशेष पाँचसै बावनगुणा द्रव्य रह्या ताकरि सूक्ष्म कृष्टि करिए है। इहाँ अपकर्षण कीया द्रव्यविषैं तेईसका गुणकार था ताकौं तातैं एक अधिक चौईस ताकरि गुणैं ताके अनन्तरि भोगवने योग्य सूक्ष्म कृष्टि ता विषैं संक्रमण होने योग्य द्रव्य पांचसै बावनगुणा हो है। ताके अनंतरि भोगवने योग्य कृष्टिविषैं संक्रमण द्रव्य संख्यातगुणा कह्या है। बहुरि लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिके द्रव्यतैं अपकर्षण कीया द्रव्य है सो सर्व मोह द्रव्यका चौईसवां भागकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एक भागहारमात्र है ताकरि सूक्ष्म कृष्टि करिए है। मिलिकरि मोह द्रव्यका चौईसवां भागकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएँ तातैं पाँचसै तरेपणगुणा द्रव्य भया। सो इतने द्रव्यकरि सूक्ष्म कृष्टि करिए है ऐसा तात्पर्य जानना ॥५६५॥

**लोहस्स तदियसंगहकिट्टीए हेट्ठदो अवट्ठाणं।**
**सुहुमाणं किट्टीणं कोहस्स य पढमकिट्टिणिभा[1] ॥५६६॥**

**लोभस्य तृतीयसंग्रहकृष्टचा अधस्तनतः अवस्थानम्।**
**सूक्ष्मानां कृष्टीनां क्रोधस्य च प्रथमकृष्टिनिभा ॥५६६॥**

स० चं०—तिनि सूक्ष्म कृष्टिनिका लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिके नीचैं अवस्थान है। बहुरि ते सूक्ष्म कृष्टि क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिके समान हो हैं। कैसैं ? सो कहिए है—

जैसैं अपूर्व स्पर्धकनिके नीचैं अनंतगुणा घटता अनुभाग लीएं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि है तैसैं बादर कृष्टिके नीचैं अनंतगुणा घटता अनुभाग लीएं सूक्ष्म कृष्टिनिकी रचना हो है। बहुरि जैसैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिकी अवयव कृष्टिनिका प्रमाण या विना अवशेष बादर कृष्टिनिका जो प्रमाण तातैं संख्यातगुणा है। तैसैं ही सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाण क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टि विना अवशेष कृष्टिनिके प्रमाणतैं संख्यातगुणा है। बहुरि जैसैं क्रोधकी प्रथम संग्रह-कृष्टि जघन्य कृष्टितैं लगाय उत्कृष्ट कृष्टिपर्यन्त अनन्तगुणा अनुभाग क्रम लीएं है तैसैं ही सूक्ष्म कृष्टि भी जघन्यतैं लगाय उत्कृष्ट पर्यन्त अनन्तगुणा अनुभाग लीएं है॥ ५६६ ॥

**कोहस्स पढमकिट्टी कोहे छुद्धे दु माणपढमं च।**
**माणे छुद्धे मायापढमं मायाए संछुद्धे ॥ ५६७ ॥**
**लोहस्स पढमकिट्टी आदिमसमयकदसुहुमकिट्टी य।**
**अहियकमा पंचपदा सगसंखेज्जदिमभागेण[2] ॥ ५६८ ॥**

---

१. तासिं सुहुमसांपराइयकिट्टीणं कम्हि ट्ठाणं ? तासिं ट्ठाणं लोभस्स तदियाए संगहकिट्टीए हेट्ठदो। जारिसो कोहस्स पढमसंगहकिट्टी तारिसी एसा सुहुमसांपराइयकिट्टी। क० चु०, पृ० ८६२।

२. कोहस्स पढमसंगहकिट्टीए अन्तरकिट्टीओ थोवाओ। कोहे संछुद्धे माणस्स पढमसंगहकिट्टीए

**क्रोधस्य प्रथमकृष्टिः क्रोधे क्षुब्धे तु मानप्रथमं च ।**
**मानक्षुब्धे मायाप्रथमं मायायां संक्षुब्धायाम् ।। ५६७ ।।**
**लोभस्य प्रथमकृष्टिरादिमसमयकृतसूक्ष्मकृष्टिश्च ।**
**अधिकक्रमाणि पंचपदानि स्वकसंख्येयभागेन ।। ५६८ ।।**

स० चं०—प्रथम समयविषैं कीन्हीं सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाण ल्यावनेके अर्थि अल्पबहुत्व कहिए हैं—

क्रोधकी प्रथम संग्रहकी अवयव कृष्टि स्तोक है। बहुरि कृष्टिप्रमाणका चौईसवां भागतैं तेरहगुणी है। बहुरि क्रोधकी तीनों संग्रह कृष्टि मानकीके ऊपरि मिलाएं मानकी प्रथम संग्रहकी अवयव कृष्टि विशेष अधिक हो है। पूर्व राशिकौं त्रिभाग अधिक च्यारिका भाग दीएं एक भागमात्र अधिक है सो सोलह गुणी हो है। बहुरि मानकी तीनौ संग्रह कृष्टि मायाके ऊपरि मिलाएं मायाकी प्रथम संग्रहकी अवयव कृष्टि विशेष अधिक है सो पूर्व राशिकौं त्रिभाग अधिक पांचका भाग दीएं एक भागमात्र अधिक है सो तेरहकी जायगा उगणीस गुणी हो है। बहुरि मायाकी तीनों संग्रह कृष्टि लोभके ऊपरि मिलाएं लोभकी प्रथम संग्रहकी अवयव कृष्टि विशेष अधिक हो है। सो पूर्व राशिकौं त्रिभाग अधिक छहका भाग दीएं एक भागमात्र अधिक हो है सो बाईसगुणी हो है। बहुरि तातैं प्रथम समयविषै कीन्ही सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाण विशेष अधिक है। पूर्व राशिकौं ग्यारहका भाग दीएं एक भागमात्र अधिक हो है सो चौईसगुणी हो है। ऐसैं पंच स्थान संख्यातवां भाग अधिक क्रम लीएं जानने ।। ५६८ ।।

**सुहुमाओ किट्टीओ पडिसमयमसंखगुणविहीणाओ[1] ।**
**दव्वमसंखेज्जगुणं विदियस्स य लोहचरिमो त्ति[2] ।। ५६९ ।।**

**सूक्ष्माः कृष्टयः प्रतिसमयमसंख्यगुणविहीनाः ।**
**द्रव्यमसंख्येयगुणं द्वितीयस्य च लोभचरम इति ।। ५६९ ।।**

स० चं०—सूक्ष्म कृष्टिका प्रथम समयविषैं कीनी ते बहुत हैं। तातैं द्वितीय समयविषैं कीनी अपूर्व सूक्ष्म कृष्टि सख्यातगुणी घाटि हैं। ऐसें क्रमतैं समय समय प्रति करी नवीन अपूर्व कृष्टि संख्यातगुणी घाटि जाननी। बहुरि सूक्ष्म कृष्टिविषैं दीया द्रव्य प्रथम समयविषै स्तोक है। तातैं

---

अन्तरकिट्टीओ विसेसाहियाओ। माणे संछुद्धे मायाए पढमसंगहकिट्टीए अंतरकिट्टीओ विसेसाहियाओ। मायाए संछुद्धाए लोभस्स पढमसंगहकिट्टीए अंतरकिट्टीओ विसेसाहियाओ। सुहुमसांपराइयकिट्टीओ जाओ पढमसमये कदाओ ताओ विसेसाहियाओ। एसो विसेसो अणंतराणंतरेण संखेज्जदिभागो। क० चु०, पृ० ८६३।

१. सुहुमसांपराइयकिट्टीओ जाओ पढमसमए कदाओ ताओ बहुगाओ। विदियसमए अपुव्वाओ कीरंति असंखेज्जगुणहीणाओ। अणंतरोपणिधाए सव्विस्से सुहुमसांपराइयकिट्टीओ असंखेज्जगुणहीणाए सेढीए कीरंति। क० चु०, पृ० ८६४–८६५।

२. सुहुमसांपराइयकिट्टीसु जं पढमसमये पदेसग्गं दिज्जदि तं थोवं। विदियसमये असंखेज्जगुणं। एवं जाव चरिमसमयादो त्ति असंखेज्जगुणं। क० चु० पृ० ८६५।

दूसरा समयविषै संख्यातगुणा है। ऐसैं समय समय प्रति सूक्ष्म कृष्टिविषैं दीया द्रव्य क्रमतैं संख्यातगुणा जानना। सो द्वितीय संग्रह कृष्टिवेदक कालरूप जो सूक्ष्म कृष्टि करनेका काल ताका अन्त समय पर्यन्तजानना ॥ ५६९ ॥

**दव्वं पढमे समये देदि हु सुहुमेसणंतभागूणं[1] ।**
**थूलपढमे असंखगुणूणं तत्तो अणंतभागूणं[3] ॥ ५७० ॥**

**द्रव्यं प्रथमे समये ददाति ही सूक्ष्मेष्वनंतभागोनं।**
**स्थूलप्रथमे असंख्यगुणोनं तत अनंतभागोनं ॥ ५७० ॥**

स० चं०—सूक्ष्म कृष्टिकरण कालका प्रथम समयविषै सूक्ष्म कृष्टिकी जघन्य कृष्टितैं लगाय अनन्तवां भाग घटता क्रम लीएं अर उत्कृष्ट सूक्ष्म कृष्टितैं प्रथम जघन्य बादर कृष्टिविषैं असंख्यातगुणा घटता अर तातैं द्वितीयादि बादर कृष्टिनिविषैं अनन्तवां भाग घटता क्रम लीयें द्रव्य दीजिए है। सो इहां विशेष निर्णयके अर्थि व्याख्यान करिए है—सो बादर कृष्टिकरणका द्वितीय समयविषै जो विधान कह्या था ताकौं स्मरणकरि इहां जो विधान कहिए है ताकौं सयझना। तहां प्रथम आयद्रव्य व्ययद्रव्य घातद्रव्यनिका स्वरूप कहिए है—

लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिका द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीएं तहां एक भागमात्र लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं आय द्रव्य है। बहुरि इतना ही लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषै व्यय द्रव्य है। आनुपूर्वी संक्रमणके नियमतैं लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं आय द्रव्य है नाहीं। बहुरि अपनी अपनी संग्रहकी अन्त कृष्टिका द्रव्यकौं अपनी अपनी कृष्टिनिका प्रमाणकौं अपकर्षण भागहारका असंख्यातवां भागका भाग दीए एक भागमात्र जो अन्तविषैं नष्ट करीं ऐसी घातकृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणें अर विशेष अधिक कीए घात द्रव्यका प्रमाण हो है। तहां घातद्रव्य कृष्टिसम्बन्धी व्ययद्रव्य सर्व व्यय द्रव्यके असंख्यातवैं भागमात्र है। ताकौं घटाए जो व्यय द्रव्य रह्या तितना घात द्रव्यतैं ग्रहणकरि जिन कृष्टिनिका व्यय द्रव्य भया था तहां ही दीए स्वस्थान गोपुच्छ हो है। बहुरि घात कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जे विशेष तिनकौं घात कीए पीछे अवशेष रहीं जे कृष्टि तिन एक एक विषैं देना। तातैं ताकौं अवशेष कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं जो द्रव्य होइ तितना द्रव्य घात द्रव्यतैं ग्रहि करि दीए परस्थान गोपुच्छ भी होइ है। ऐसैं सर्व कृष्टिनिका एक गोपुच्छ भया।

बहुरि पूर्वोक्त दोय प्रकार द्रव्य दीए पीछे अवशेष जो घात द्रव्य रह्या तिसविषैं ताकौं घात कीए पीछे अवशेष रहीं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छका भाग दीएं जो एक खंड मध्यम धनरूप भया ताकौं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणमात्र जे विशेष तिनकरि अधिक कीए जो द्रव्य भया ताकौं तृतीय संग्रह कृष्टिका अवशेष घात द्रव्यतैं ग्रहि तृतीय संग्रहका जघन्य कृष्टिविषैं दीजिए है। अवशेष द्रव्यविषैं घटता क्रम लीए अन्य कृष्टिनिविषैं दीजिए है। ऐसैं अपने

---

१. जहण्णियाए किट्टीए पदेसग्गं बहुअं। विदियाए विसेसहीणमणंतभागेण। तदियाए विसेसहीण। एवमणंतरोपणिधाए गंतूण चरिमाए सुहुमसांपराइयकिट्टीए पदेसग्गं विसेसहीणं। चरिमादो सुहुमसांपराइयकिट्टीदो जहण्णियाए बादरसांपराइयकिट्टीए दिज्जमाणगं पदेसग्गमसंखेज्जगुणहीणं। तदो विसेसहीणं। क० चु० पृ० ८६५।

अपने अवशेष घात द्रव्यकौं दीएं अवशेष घात द्रव्य एक गोपुच्छाकार हो है। ऐसैं एक गोपुच्छाकार तिष्ठती जे कृष्टि तिनिविषैं संक्रमण द्रव्य अर बंध द्रव्यकरि निपजीं कृष्टिनिविषैं संक्रमण द्रव्य अर बंध द्रव्य देनेका विधान कहिए है—

तहां द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं आय द्रव्यका अभाव है। तातैं घात द्रव्यतैं किछू द्रव्य जुदा राखि इहां कहिए है तैसें देना। अवशेषकौं पूर्वोक्त प्रकार देना। तहां बादर कृष्टिसम्बन्धी एक विशेष आदि एक विशेष उत्तर घात कीए पीछैं तृतीय संग्रहकी अवशेष रहीं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापैं जो संकलन होइ तितना द्रव्य तृतीय संग्रह कृष्टिका आय द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना। अर जितनी तृतीय संग्रहकी कृष्टि भई तितने विशेष आदि अर एक विशेष उत्तर अर अपनी अपनी अवशेष कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापैं जो संकलन धन होइ तितना द्रव्य द्वितीय संग्रहका घात द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना, इनि दोऊनिका नाम अधस्तन शीर्ष द्रव्य है। बहुरि तृतीय संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टिका द्रव्यकौं असंख्यातगुणा अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र जो गुण्य सो एक खण्ड है। ताकौं तृतीय संग्रहसम्बन्धी कृष्टिनिका प्रमाण करि गुणैं जो होइ तितना द्रव्यकौं तृतीय संग्रहके आय द्रव्यतैं ग्रहि स्थापना। अर तिसही गुण्यकौं द्वितीय संग्रहकी कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं जो होइ तितना द्रव्यकौं तृतीय संग्रहके आय द्रव्यतैं ग्रहि स्थापना। इनिका नाम मध्यम खंड द्रव्य है। बहुरि उभय द्रव्यसम्बन्धी एक विशेष आदि अर एक विशेष उत्तर द्वितीय संग्रहकी कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र उभय द्रव्यके विशेष तिनविषैं अपने एक विशेषका अनन्तवां भागमात्र घटाएं अवशेष रह्या तितना द्वितीय संग्रहकी कृष्टिके घात द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना। यहु वेद्यमान कृष्टि है। तातैं याका बंध नाम भी है। सो घटाया द्रव्यकौं बंध द्रव्यविषैं देइ पूर्ण करेंगे, इहां द्वितीय संग्रहका घात द्रव्य पूर्ण भया। बहुरि एक अधिक द्वितीय संग्रहकी जेती कृष्टि भईं तितने विशेष आदि एक विशेष उत्तर अर संक्रमण द्रव्यकरि निपजी अपूर्व कृष्टि सहित सर्व तृतीय संग्रहकी कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापैं तहां संकलन धनमात्र उभयद्रव्यके विशेषनिकौं तृतीय संग्रहके आय द्रव्यतैं ग्रहि स्थापने। इनि दोऊनिका नाम उभय द्रव्य विशेष द्रव्य है। बहुरि तीन प्रकार द्रव्यकरि हीन जो तृतीय संग्रहका आय द्रव्य ताकरि अपूर्व नूतन कृष्टि निपजाइए है तिनका प्रमाण ल्याइए है—

एक मध्यम खंड अधिक जो तृतीय संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टिका द्रव्य तिस प्रमाण द्रव्यकरि एक संक्रमणसम्बन्धी अन्तर कृष्टि निपजै तौ पूर्वोक्त तीन प्रकार द्रव्य रहित संक्रमण द्रव्यकरि केती नवीन कृष्टि निपजैं ऐसैं त्रैराशिक कीए संक्रमण द्रव्यकरि निपजी कृष्टिनिका प्रमाण आवै है। याका भाग तृतीय संग्रहकी पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणकौं दीएं संक्रमण कृष्टिनिके बीचि अन्तरालका प्रमाण आवै है सो संक्रमण कृष्टिनिके प्रमाणका भाग अवशेष संक्रमण द्रव्यकौं दीएं एक खंड होइ। ताकौं संक्रमण कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं जो द्रव्य भया ताका नाम संक्रमण अन्तर कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्य है। अब बंध द्रव्यका विभाग कहिए है—

बंध द्रव्यकरि निपजीं जे अपूर्व अन्तर कृष्टि तिनिविषै जो अन्त कृष्टि तिसतैं लगाय ताके ऊपरि जेती कृष्टि पाइए तितने विशेष तौ आदि अर बंधांतर कृष्टिनिका अन्तरालमात्र विशेष उत्तर अर बन्धांतर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलनमात्र द्रव्यकौं मोहनीयका समयप्रबद्धतैं ग्रहि जुदा स्थापना। याका नाम बंधांतर कृष्टिविशेष द्रव्य है। इहां एक मध्यम

खंड अधिक तृतीय संग्रहकी जघन्य कृष्टिका द्रव्यमात्र द्रव्यतैं एक कृष्टि निपजै तौ किंचित् ऊन मोहका समयप्रबद्धमात्र द्रव्यकरि केती निपजै ! ऐसैं त्रैराशिक कीए बंध द्रव्यकरि करीं अपूर्व अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण आवै है। याका भाग किंचिदून सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जो द्वितीय संग्रहकी कृष्टिनिका प्रमाण ताकौं दीए बंधांतर कृष्टिनिके वीचि अन्तरालका प्रमाण आवै है। बहुरि बंध द्रव्यतैं पूर्वोक्त बंधांतर कृष्टिविशेष द्रव्य अर बंध द्रव्यका अनंतवां भागमात्र द्रव्य जुदा स्थापि अवशेष रह्या द्रव्यकौं बंधांतर कृष्टिका भाग दीए एक खंड होइ। अर याकौं बंधांतर कृष्टिका प्रमाणकरि गुणैं पूर्वोक्त द्रव्य होइ ताका नाम बंधांतर कृष्टिसंबंधी समान खंड द्रव्य है। बहुरि पूर्वै जो समयप्रबद्धका एक भागमात्र द्रव्य जुदा राख्या ताकौं बंध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जो इहां गच्छ तिसका एक घाटि गच्छका आधा प्रमाण करि हीन जो दो गुणहानि ताकरि गुणी ताका भाग दीएं इहां विशेषका प्रमाण होइ ताकौं सर्व बंध कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छका एकवार संकलन धनमात्र प्रमाणकरि गुणैं जो द्रव्य होइ तितना द्रव्य जुदा स्थाप्या बंध द्रव्यका अनंतवां भागमात्र द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना। याका नाम बंध विशेष द्रव्य है। बहुरि बंध द्रव्यका अनंतवां भागविषैं इतना घटाएं जो अवशेष रह्या ताकौं सर्व बंधकृष्टिनिका प्रमाणका भाग दीएं एक खंड होइ। ताकौ बन्ध कृष्टिनिका प्रमाण ही करि गुणैं जो द्रव्य होइ ताका नाम बंधद्रव्य मध्यम खंड है। बहुरि इहां सूक्ष्म कृष्टित्रिषैं संक्रमण होने योग्य जो द्वितीय तृतीय संग्रहका द्रव्य अपकर्षण कीया ताका विभाग कहिए है—

सूक्ष्मकृष्टिसम्बन्धी जो द्रव्य ताकौं प्रथम समयविषैं करीं सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छकौं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणकरि हीन दो गुणहानिकरि गुणी ताका भाग दीएं एक विशेष होइ ताकौं सूक्ष्म कृष्टिका प्रमाणमात्र गच्छका एकवार संकलन धनमात्र प्रमाणकरि गुणैं जो होइ तितना द्रव्य सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी द्रव्यतैं ग्रहि जुदा स्थापना। याका नाम सूक्ष्म कृष्टि सम्बन्धी विशेष द्रव्य है। बहुरि याकौं घटाएं जो अवशेष सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी द्रव्य रह्या ताकौं सूक्ष्म कृष्टिनिके प्रमाणका भाग दीएं एक खण्ड होइ, अर याकौं सूक्ष्म कृष्टिका प्रमाणकरि ही गुणैं जो द्रव्य होइ सो सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्य है। ऐसैं क्रमकरि विभागरूप कीया जो द्रव्य ताके देनेका विधान कहिए है—

सूक्ष्म कृष्टिकी जो जघन्य कृष्टि तिसविषैं बहुत द्रव्य दीजिए है। तहां सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्यतैं एक खण्ड अर सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी विशेषतैं सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्तपर्यन्त सूक्ष्म कृष्टिनिविषैं कृष्टि द्रव्यके अनंतवां भागमात्र जो एक सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी विशेष ताकरि घटता अनुक्रमतैं द्रव्य दीजिए है। भावार्थ यहु—एक एक तौ सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड अर वीचि होइ गईं कृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणमात्र सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी विशेष क्रमतैं तिनविषैं दीजिए है। इहां सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी द्रव्य समाप्त भया।

बहुरि अन्त सूक्ष्म कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं ताके ऊपरि जघन्य बादर कृष्टिविषैं दीया द्रव्य असंख्यातगुणा घटता है। तहां तृतीय संग्रहका च्यारि प्रकार द्रव्यविषैं मध्यम खण्डतैं एक खण्ड अर उभय द्रव्य विशेषतैं सर्व बादर कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि तहां जघन्य बादर कृष्टिविषैं दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीयादि बादर कृष्टिनिविषै अनंतवां भागमात्र विशेष घटता क्रम

लीएं द्रव्य दीजिए है। भावार्थ—द्वितीयादि बादर कृष्टिनिविषैं एकादि एक एक बंधता क्रम लीएं अधस्तन शीर्षके विशेष अर एकादि एक अधिककरि हीन सर्व बादर कृष्टिप्रमाणमात्र उभयद्रव्यके विशेष अर एक एक मध्यम खण्ड तहां दीजिए है। सो एक उभय द्रव्यका विशेषविषैं एक अधस्तन शीर्ष विशेष घटाइए है। इतना इतना क्रमतैं घटता द्रव्य दीजिए है सो संक्रमण द्रव्यकरि निपजीं अपूर्व कृष्टि पर्यन्त यहु अनुक्रम जानना। बहुरि जहां संक्रमण द्रव्यतैं नवीन अपूर्व कृष्टि निपजीं तिसविषैं संक्रमणांतर कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड उभय द्रव्य विशेष द्रव्यतैं भईं कृष्टिनिका प्रमाण करि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि दीजिए है। सो यहु अपनी नीचली पूर्व कृष्टिविषै दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। बहुरि ताके ऊपरि पूर्व कृष्टिविषैं भईं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष एक मध्यम खण्ड, भई कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष दीजिए है। सो यहु यातैं नीचली अपूर्व कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घाटि है। बहुरि ताके ऊपरि भी पूर्वोक्त प्रकार द्रव्य दीजिए है। बहुरि द्वितीय संग्रह कृष्टिकी जघन्य कृष्टिविषैं भईं कृष्टिनिका प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षके विशेष, एक मध्यम खण्ड, भईं कृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र उभय द्रव्यके विशेष दीजिए है। ताके ऊपरि एक-एक अधस्तन शीर्षविशेष बंधता अर एक उभय द्रव्यका विशेष घटता क्रमकरि द्रव्य दीजिए है। विशेष इतना—

बंधकृष्टिकी जघन्य कृष्टितैं लगाय उभय द्रव्यका विशेषविषैं एक विशेषका अनंतवां भागमात्र घटता क्रमकरि द्रव्य दीजिए है। अर तहां बंध द्रव्यतैं एक एक मध्यम खंड अर भईं बन्ध कृष्टिनिकरि हीन सर्वकृष्टिनिका प्रमाणमात्र बन्ध विशेषकौं ग्रहि दीजिए है। ऐसैं क्रम होतैं जहां बन्ध द्रव्यकरि अपूर्व कृष्टि निपजाइए है तहाँ बन्धद्रव्यतैं बंधांतर कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्यतैं एक खण्ड अर बंधांतर कृष्टिसम्बन्धी विशेष द्रव्यतैं भईं सर्व कृष्टिनिका प्रमाणकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहिकरि दीजिए है। सो यहु नीचली कृष्टिविषैं दीया बंध द्रव्यतैं अनन्तगुणा है। ताके ऊपरि पूर्व कृष्टिविषै तीन प्रकार घात द्रव्य दोय प्रकार बन्ध द्रव्य दीजिए है। सो इहां दीया बन्ध द्रव्य अपूर्व अंतर कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं अनंतगुणा घाटि है। ताके ऊपरि बन्धरूप पूर्व कृष्टि वा बन्धकरि निपजीं अपूर्व कृष्टि वा बन्ध रहित पूर्व कृष्टिनिविषैं द्रव्य देनेका विधान पूर्वोक्त प्रकार ही जानना। ऐसैं प्रथम समयविषै सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी प्ररूपण समाप्त भया ॥५७०॥

विशेष—प्रथम समयमें सूक्ष्मसाम्पराय कृष्टियोंको करनेवाला जीव उक्त कृष्टियोंमें अपकर्षित द्रव्यका किस प्रकार बटवारा करता है, प्रकृत गाथा में इसका निर्देश करते हुए बतलाया गया है कि जघन्य सूक्ष्म कृष्टिमें सबसे अधिक प्रदेशपुंजको देता है, दूसरी कृष्टिमें अनन्तवें भागप्रमाण विशेष हीन द्रव्य देता है। इसी प्रकार अन्तिम सूक्ष्म कृष्टिके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर विशेष हीन विशेष हीन द्रव्य देता है। आगे जघन्य बादर कृष्टिमें अन्तिम सूक्ष्म कृष्टिकी अपेक्षा असंख्यातगुणा हीन द्रव्य देता है। आगे सर्वत्र उत्तरोत्तर अनन्तवाँ भागप्रमाण विशेष हीन विशेष हीन द्रव्य देता है। तात्पर्य यह है कि अपकर्षित द्रव्यमें से बहुभाग प्रमाण द्रव्य सूक्ष्म कृष्टियोंमें देता है और एक भागप्रमाण द्रव्य बादर कृष्टियोंमें देता है। किस विधिसे देता है इसका निर्देश पूर्वमें किया ही है।

**बिदियादिसु समयेसु अपुव्वाओ पुव्वकिट्टिहेट्ठाओ ।**
**पुव्वाणमंतरेसु वि अंतरजणिदा असंखगुणा[1] ॥५७१॥**

**द्वितीयादिषु समयेषु अपूर्वाः पूर्वकृष्टयधस्तनाः ।**
**पूर्वासामंतरेष्वपि अंतरजनिता असंख्यगुणाः ॥५७१॥**

स० चं०—द्वितीयादि समयनिविषैं अपूर्व नवीन सूक्ष्म कृष्टि करिए है। ते पूर्व समयविषैं कीनी जे सूक्ष्म कृष्टि तिनके नीचैं करिए है अर तिनके बीचि करिए है। नीचैं करिए तिनकौं अधस्तन कृष्टि कहिए। बीचि करिए तिनकौं अन्तर कृष्टि कहिए। तहां अधस्तन कृष्टिनिका प्रमाण स्तोक है। तिनतैं अन्तर कृष्टिनिका प्रमाण असंख्यातगुणा है ॥५७१॥

**दव्वगपढमे सेसे देदि अपुव्वेसणंतभागूणं ।**
**पुव्वापुव्वपवेसे असंखभागूणमहियं च[2] ॥५७२॥**

**द्रव्यगप्रथमे शेषे ददाति अपूर्वेष्वनंतभागोनम् ।**
**पूर्वापूर्वप्रवेशे असंख्यभागोनमधिकं च ॥५७२॥**

स० चं०—द्वितीयादि समयनिविषैं प्रथम समयवत् द्रव्य दीजिए है। विशेष इतना—सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी द्रव्यकौं अधस्तन अपूर्व कृष्टिनिविषैं अनन्तवाँ भाग घटता क्रम लीए बहुरि पूर्व कृष्टिका प्रवेशविषैं असंख्यातवां भागमात्र घटता अर अपूर्व कृष्टिका प्रवेश होतैं असंख्यातवां भागमात्र अधिक द्रव्य दीजिए है। सोई विशेषकरि कहिए है—

द्वितीयादि समयनिविषैं घात द्रव्य अर संक्रमण द्रव्यका विभाग तौ पूर्ववत् करना। बहुरि सूक्ष्म कृष्टिके अर्थि अपकर्षण कीया द्रव्य समय समय प्रति असंख्यातगुणा है। ताका विभागविषैं विशेष है सो कहिए है—

तिस अपकर्षण कीया द्रव्यतैं पूर्व समयविषैं कीनी कृष्टिसम्बन्धी एक विशेष आदि, एक विशेष उत्तर, पूर्व समयविषैं कीनी कृष्टिनिका प्रमाणमात्र गच्छ स्थापि तहां संकलन धनमात्र द्रव्य ग्रहि जुदा स्थापना। याका नाम अधस्तन शीर्षविशेष है। बहुरि पूर्व समयविषैं कीनी कृष्टिनिविषैं

---

१. सुहुमसंरपाइयकिट्टीकारगो विदियसमये अपुव्वाओ सुहुमसांपराइयकिट्टीओ करेदि असंखेज्जगुणहीणाओ। ताओ दोसु ट्ठाणेसु करेदि। तं जहा—पढम समए कदाणं हेट्ठा च अंतरे च। हेट्ठा थोवाओ। अंतरेसु असंखेज्जगुणाओ। क० चु० ८६५।

२. विदियसमये दिज्जमाणगस्स पदेसग्गस्स सेढिपरूवणा। जा विदियसमए जहण्णिया सुहुमसांपराइयकिट्टी तिस्से पदेसग्गं दिज्जदि बहुअं। विदियाए किट्टीए अणंतभागहीणं। एवं गंतूण पढमसमए जा जहण्णिया सुहुमसांपराइयकिट्टी तस्स असंखेज्जदिभागहीणं। तत्तो अणंतभागहीणं जाव अपुव्वं णिव्वत्तिज्जमाणगं ण पावदि। अपुव्वाए णिव्वत्तिज्जमाणियाए किट्टीए असंखज्जदिभागुत्तरं। पुव्वणिव्वत्तिदं पडिवज्जमाणगस्स पदेसग्गस्स असंखेज्जदिभागहीणं। परं परं पडिवज्जमाणगस्स अणंतभागहीणं। जो विदियसमए दिज्जमाणगस्स पदेसग्गस्स विधी सो चेव विधी सेसेसु वि समएसु जाव चरिमसमयबादरसांपराइओ त्ति। क० चु०, पृ० ८६६।

जो जघन्य कृष्टि ताका द्रव्यमात्र एक खण्ड ताकौं इस वर्तमान समयविषै कीनी अधस्तन कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं जो द्रव्य होइ ताकौं ग्रहि जुदा स्थापना। याका नाम अधस्तन शीर्ष अपूर्व कृष्टिसम्बन्धी समान खंड द्रव्य है। बहुरि तिस ही जघन्य पूर्व कृष्टिका द्रव्यमात्र एक खंडकौं वर्तमान समयविषैं कीनी अंतर अपूर्व कृष्टिनिका प्रमाणकरि गुणैं जो द्रव्य हो ताकौं ग्रहि जुदा स्थापना। याका नाम अंतर अपूर्व कृष्टिसम्बन्धी समान खंड द्रव्य है। बहुरि पूर्व समय अर इस विवक्षित समयसम्बन्धी सर्व सूक्ष्म कृष्टिके द्रव्यकौं पूर्व अपूर्व सर्व सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणमात्र जो गच्छ ताकौं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणकरि हीन दो गुणहानिकरि गुणि ताका भाग दीएं एक उभय द्रव्यसम्बन्धी विशेष होइ। ताकौं सर्व पूर्व अपूर्व सूक्ष्म कृष्टिप्रमाण गच्छका एक-बार संकलन धनमात्र प्रमाणकरि गुणें जो द्रव्य होइ ताकौं सर्व पूर्व अपूर्व सूक्ष्म कृष्टिप्रमाण गच्छका एक बार संकलन धनमात्र प्रमाणकरिगुणैं जो द्रव्य होई ताकौं ग्रहि जुदा स्थापना। याका नाम उभय द्रव्यविशेष द्रव्य है। बहुरि ऐसैं कह्या च्यारि प्रकार द्रव्यकौं इस विवक्षित समयविषैं अपकर्षण कीया द्रव्यमैं घटाएं अवशेष जो द्रव्य रह्या ताकौं सर्व पूर्व अपूर्व सूक्ष्म कृष्टिनिके प्रमाणका भाग दीएं एक खंड होइ ताकौं तिस भागहारमात्र प्रमाणकरि गुणैं जो द्रव्य होइ ताकौं जुदा स्थापना। याका नाम मध्यम धन खण्ड द्रव्य है। ऐसैं सूक्ष्म कृष्टिके अर्थि अपकर्षण कीया द्रव्यके पांच प्रकार विभाग कहे। तिनके सूक्ष्म कृष्टिनिविषैं देनेका विधान अर पूर्वोक्त प्रकार बादर कृष्टिसम्बन्धी च्यारि प्रकार संक्रमण द्रव्यका तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं देनेका विधान अर च्यारि प्रकार बंध द्रव्य तीन प्रकार घात द्रव्यका अनंतवां भागका द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं देनेका विधान इस विवक्षित समय विषैं निरूपण कीजिए है—

विवक्षित समयविषैं कीनी अधस्तन अपूर्व कृष्टि तिनकी जघन्य कृष्टिविषैं बहुत द्रव्य दीजिए है। तहां इस प्रकार सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी द्रव्यनिविषैं अधस्तन कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्यतैं एक खण्ड, मध्यम द्रव्यतैं एक 'खण्ड', उभय द्रव्यविशेष द्रव्यतैं, सर्व पूर्व अपूर्व कृष्टिमात्र विशेष ग्रहि दीजिए है। बहुरि द्वितीय कृष्टिविषैं अनंतवां भाग घटता द्रव्य दीजिए है। तहां एक अधस्तन कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड, एक मध्यम खण्ड, एक घाटि सर्व पूर्व अपूर्व कृष्टिमात्र उभय द्रव्यविशेष ग्रहि दीजिए है। ऐसैं ही तृतीयादि अन्तपर्यन्त अधस्तन अपूर्व कृष्टिनिविषैं एक एक उभय द्रव्यका विशेषमात्र घटता क्रमकरि दीजिए है।

बहुरि तिस अंत कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं पूर्व समयसम्बन्धी सूक्ष्म कृष्टिनिकी जो जघन्य कृष्टि तिसविषैं असंख्यातवां भागमात्र घटता द्रव्य दीजिए है। तहां मध्यम खंडतैं एक खण्ड, उभय द्रव्यविशेष द्रव्यतैं भई कृष्टिनिकरि हीन सर्व सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष द्रव्य ग्रहि दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीय पूर्व कृष्टिविषैं अनंतवां भाग घटता द्रव्य दीजिए है। तहां अधस्तन शीर्षविशेष द्रव्यतैं एक विशेष, मध्यम खंडतैं एक खंड, उभय द्रव्यविशेषतैं भई कृष्टिनिकरि सर्व सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि दीजिए है। ऐसैं ही तृतीयादि पूर्व कृष्टिनिविषै एक एक अधस्तन शीर्षविशेष बंधता अर एक एक उभय द्रव्यविशेष घटता अर एक एक मध्यम खण्ड समानरूप द्रव्य दीजिए है। यावत् अपूर्व अन्तर कृष्टि प्राप्त न होइ तावत् ऐसा क्रम जानना। बहुरि ऐसैं पल्यका असंख्यातवां भागमात्र कृष्टि भएं तहां अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं ताके ऊपरि नवीन निपजाई जो अपूर्व अन्तर कृष्टि तिसविषैं असंख्यातवां भागमात्र कृष्टि भएं तहां अन्तविषैं दीया द्रव्यतैं ताके ऊपरि नवीन निपजाई जो अपूर्व अन्तर कृष्टि तिसविषैं

असंख्यातवां भागमात्र अधिक द्रव्य दीजिए है। तहां अन्तर कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड द्रव्यतैं एक खण्ड अर मध्यम खंडतैं एक खंड अर उभय द्रव्यविशेष द्रव्यतैं भई कृष्टिनिकरि हीन सर्व सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि दीजिए है। बहुरि तातैं ताके ऊपरि पूर्व कृष्टि तिसविषैं असंख्यातवां भागमात्र घटता द्रव्य दीजिए है। तहां अधस्तन शीर्षविशेषतैं एक घाटि भई पूर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष अर मध्यम खण्डतैं एक खण्ड अर उभय द्रव्य विशेषतैं भई सर्व कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टिनिका प्रमाणमात्र विशेष ग्रहि दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि एक एक अधस्तन शीर्षविशेष बंधता, एक एक उभय द्रव्यविशेष घटता, एक एक मध्यम खण्ड समान-रूप दीजिए है यावत् अपूर्व अन्तर कृष्टि न प्राप्त होइ। बहुरि ताके ऊपरि अपूर्व अन्तर कृष्टि-विषैं एक अन्तर कृष्टिसम्बन्धी समान खण्ड, एक मध्यम खण्ड, भईं कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टि प्रमाणमात्र उभय द्रव्यविशेष दीजिए है। सो यहु दीया द्रव्य अपनी नीचली कृष्टिनिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातवां भागमात्र अधिक है। बहुरि ताके ऊपरि पूर्व कृष्टिविषैं एक घाटि भई पूर्व कृष्टि प्रमाणमात्र अधस्तन शीर्षविशेष, एक मध्यम खण्ड, भई सर्व कृष्टिनिकरि हीन सर्व कृष्टि प्रमाणमात्र उभय द्रव्य विशेष द्रव्य दीजिए है सो यहु तिस अपूर्व अन्तर कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातवां भागमात्र घटता है। ताके ऊपरि पूर्व अपूर्व कृष्टिनिविषैं ऐसे ही अनुक्रमकरि द्रव्यका देना जानना। यावत् प्रथम समयकृत सूक्ष्म कृष्टिनिकी अंत कृष्टि होइ। बहुरि ताके ऊपरि लोभकी तृतीय बादर संग्रहकृष्टिकी जघन्य कृष्टि तिसविषैं अन्त सूक्ष्म कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घटता दीजिए है। तहां च्यारि प्रकार संक्रमण द्रव्यविषैं मध्यम खण्डतैं एक खण्ड, उभय द्रव्य विशेषतैं सर्व बादर कृष्टिमात्र विशेष ग्रहि दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि तृतीय संग्रह कृष्टिविषै च्यारि प्रकार संक्रमण द्रव्य देनेका अर द्वितीय संग्रहकृष्टिविषैं च्यारि प्रकार बन्ध द्रव्य, तीन प्रकार घात द्रव्य देनेका विधान द्वितीय संग्रहकी उत्कृष्ट कृष्टिपर्यन्त जैसैं प्रथम समय विषैं द्रव्य देनेका विधान कह्या तैसैं ही जानना। या प्रकार द्वितीयादि समयनिविषैं द्रव्य देनेका विधान जानना ॥५७२॥

विशेष—दूसरे समयमें जिन सूक्ष्म कृष्टियोंको करता है उनमेंसे जघन्य सूक्ष्म कृष्टिमें बहुत प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है। उससे दूसरी सूक्ष्म कृष्टिमें अनन्तवें भाग हीन प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है। इस प्रकार उत्तरोत्तर निक्षेप करते हुए अपकर्षण भागहार प्रमाण स्थान ऊपर जाकर उस स्थानसम्बन्धी कृष्टि अन्तरमें प्राप्त होनेवाली अपूर्व कृष्टिको नहीं प्राप्त करके तदनन्तर अधस्तन पूर्व कृष्टिको प्राप्त करता है। यहाँ जो कृष्टि अन्तररूप सन्धिका निर्देश किया है उसमें रची जानेवाली जो अपूर्व कृष्टि है उसमें असंख्यातवें भाग अधिक प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है। पुनः इसके आगे पूर्व कृष्टिमें असंख्यातवें भागहीन प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है। इस प्रकार आगे भी जहां जहां उक्त विधिसे पूर्व और अपूर्व कृष्टियोंका सन्धिस्थान प्राप्त हो वहां-वहां उक्तरूपसे ही प्ररूपणा करनी चाहिये। इस प्रकार पूर्व कृष्टिसे अपूर्व कृष्टिको और अपूर्व कृष्टिसे पूर्व कृष्टिको प्राप्त करनेवालेके जो सन्धि स्थान हैं उनमें तो उक्त विधिसे ही प्ररूपणा करनी चाहिये। किन्तु इनको छोड़कर सभी स्थानोंमें पूर्व कृष्टिसे पूर्व कृष्टिको प्राप्त होनेपर अनन्त भागहीन ही प्रदेशपुंजका निक्षेप करना चाहिये। इस प्रकार इस विधिसे अन्तिम सूक्ष्म साम्पराय कृष्टिके प्राप्त होने तक जानना चाहिये। इस लिये अन्तिम सूक्ष्मसाम्पराय कृष्टिसे जघन्य बादर साम्पराय कृष्टिमें दिया जानेवाला प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा हीन होता है। इस

प्रकार दूसरे समयमें दिये जानेवाले प्रदेशपुंजकी जो विधि कही वही विधि शेष समयोंमें भी जाननी चाहिये।

**पढमादिसु दिस्सकमं सुहुमेसु अणंतभागहीणकमं।**
**बादरकिट्टिपदेसो असंखगुणिदं तदो हीणं[1] ॥५७३॥**

**प्रथमादिसु दृश्यक्रमं सूक्ष्मेष्वनंतभागहीनक्रमं।**
**बादरकृष्टिप्रदेशः असंख्यगुणितस्ततो हीनः ॥५७३॥**

स० चं०—अब दीया द्रव्य वा पूर्व द्रव्य मिलैं कृष्टिनिविषैं देनेमें आया ऐसा दृश्यमान द्रव्य ताका क्रम कहिए है—

प्रथमादि समयनिविषैं जघन्य सूक्ष्म कृष्टिविषै दृश्यमान द्रव्य बहुत है। ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्तपर्यन्त सूक्ष्म कृष्टिनिविषैं अनन्तगुणा घटता क्रम लीएं दृश्यमान द्रव्य है। एक-एक विशेष मात्र घटता है। बहुरि ताके ऊपरि तृतीय संग्रहकी बादर जघन्य कृष्टि ताका प्रवेश होतैं तिसविषैं दृश्यमान द्रव्य अंत सूक्ष्म कृष्टिका दृश्यमान द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। ताके ऊपरि द्वितीयादि द्वितीय संग्रहकी अंत बादर कृष्टिपर्यन्त दृश्यमान द्रव्य अनंतगुणा घटता क्रम लीएं एक-एक विशेष मात्र घटता है ऐसा जानना॥ ५७३ ॥

विशेष—अब सूक्ष्म कृष्टियों को करनेवाले जीवके दृश्यमान प्रदेशपुंज किस प्रकार होता है यह बतलाते हैं—जघन्य सूक्ष्म कृष्टिमें द्रव्य बहुत होता है। उससे आगे अन्तिम सूक्ष्म कृष्टिके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर अनन्तवाँ भागहीन द्रव्य होता है। उस अन्तिम सूक्ष्म कृष्टिसे बादर कृष्टिमें प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा होता है, क्योंकि बादर कृष्टियोंमेंसे असंख्यातवें भाग प्रमाण प्रदेशपुंजका अपकर्षण करके सूक्ष्म कृष्टियोंको करनेवाले जीवके सूक्ष्म कृष्टियोंमें दिखनेवाले प्रदेशपुंजसे बादर कृष्टियोंमें दिखनेवाले प्रदेशपुंजके असंख्यातगुणे होनेमें कोई प्रत्यवाय नहीं दिखाई देता। अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा विचार करने पर बादर कृष्टियोंमें उत्तरोत्तर अनन्तवाँ भागहीन प्रदेशपुंज होता है ऐसा जानना चाहिये। सूक्ष्म कृष्टियोंको करनेवालेकी अपेक्षा सभी समयोंमें दृश्यमान प्रदेशपुंजोंकी यह व्यवस्था है ऐसा जानना चाहिये।

**लोहस्स य तदियादो सुहुमगदं बिदियदो दु तदियगदं।**
**बिदियादो सुहुमगदं दव्वं संखेज्जगुणिदकमं[2] ॥५७४॥**

---

१. सुहुमसांपराइयकिट्टीकारगस्स किट्टीसु दिस्समाणपदेसग्गस्ससेढि परूवणं। तं जहा—जहण्णियाए सुहुमसांपराइयकिट्टीए पदेसग्गं बहुगं। तत्तो अणंतभागहीणं जाव चरिमसुहुमसांपराइयकिट्टी त्ति। तदो जहण्णियाए बादरसांपराइयकिट्टीए पदेसग्गमसंखेज्जगुणं।............णवरि सेणीयादो जदि बादरसांपराइय-किट्टीओ धरेदि तस्स पदेसग्गं विसेसहीणं होज्ज। क० चु०, पृ० ८६६–८६७।

२. सुहुमसांपराइयकिट्टीसु लोभस्स चरिमादो बादरसांपराइयकिट्टीदो सुहुमसांपराइयकिट्टीए संकमदि पदेसग्गं थोवं। लोभस्स विदियकिट्टीदो चरिमबादरसांपराइयकिट्टीए संकमदि पदेसग्गं संखेज्जगुणं। लोभस्स विदियकिट्टीदो सुहुमसांपराइयकिट्टीए संकमदि पदेसग्गं संखेज्जगुणं। क० चु० पृ० ८६७।

**लोभस्य च तृतीयतः सूक्ष्मगतं द्वितीयस्तु तृतीयगतं ।**
**द्वितीयतः सूक्ष्मगतं द्रव्यं संख्येयगुणितक्रमं ॥५७४॥**

सं० चं०—लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टितैं जो द्रव्य सूक्ष्म कृष्टिरूप परिनम्या सो स्तोक है। तातैं लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टितैं जो द्रव्य लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिरूप परिनम्या सो संख्यातगुणा है। तातैं लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टितैं जो द्रव्य सूक्ष्म कृष्टिरूप परिनम्या सो संख्यातगुणा है, जातैं लोभकी तृतीय संग्रहकी कृष्टिनिका प्रमाणतैं सूक्ष्म कृष्टिका प्रमाण संख्यातगुणा है ॥५७४॥

**किट्टीवेदगपढमे कोहस्स य विदियदो दु तदियादो ।**
**माणस्स य पढमगदो माणतियादो दु मायपढमगदो ॥५७५॥**
**मायतियादो लोभस्सादिगदो लोभपढमदो विदियं ।**
**तदियं च गदा दव्वा दसपदमहियकमा होंति ॥५७६॥**

**कृष्टिवेदकप्रथमे क्रोधस्य च द्वितीयतस्तु तृतीयतः ।**
**मानस्य च प्रथमगतं मानत्रयात् तु मानप्रथमगतः ॥५७५॥**
**मायात्रिकात् लोभस्यादिगतः लोभप्रथमतः द्वितीयं ।**
**तृतीयं च गतानि द्रव्याणि दशपदमधिकक्रमाणि भवंति ॥५७६॥**

सं० चं०—इहां सूक्ष्म कृष्टिनिविषैं संक्रमण भया द्रव्यके प्रमाण ल्यावनेका साधक ऐसा बादर कृष्टिविषैं संक्रमण भया प्रदेशनिका अल्पबहुत्व कहिए है—

बादर कृष्टिवेदक कालका प्रथम समयविषैं क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टितैं मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया द्रव्य स्तोक है। तातैं क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टितैं मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया द्रव्य विशेष अधिक है। जातैं स्तोक अनुभागयुक्त तृतीय संग्रह विषैं कृष्टिनिका प्रमाण है सो वह अनुभागयुक्त द्वितीय संग्रहकी कृष्टिनिका प्रमाणतैं विशेष अधिक है, तातैं संक्रमण द्रव्य भी विशेष अधिक जानना। इहां पात्रके अनुसारि अधिकपना जानना। पात्रके अनुसारि कहा? द्वितीय संग्रहको कृष्टिनिका प्रमाणतैं तृतीय संग्रहकी कृष्टिनिका प्रमाण जैसैं अधिक कह्या तैसैं ही संक्रमण द्रव्य भी अधिक कहना। सो इहां पल्यका असंख्यातवाँ भागका भाग दीए एक भाग मात्र अधिक जानना। बहुरि तातैं मानकी प्रथम संग्रह कृष्टितैं मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया द्रव्य विशेष अधिक है। इहाँ भी पात्रानुसारि क्रोधकी तृतीय संग्रहकी कृष्टिनितैं मानकी प्रथम संग्रहकी कृष्टि जैसैं अधिक है तैसैं ही आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीए एक भागमात्र अधिक जानना। बहुरि तातैं मानकी द्वितीय संग्रह कृष्टितैं मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया द्रव्य विशेष अधिक है। तातैं मानकी तृतीय संग्रहकृष्टितैं मायाकी प्रथम संग्रहकृष्टिविषैं संक्रमण भया द्रव्य विशेष अधिक है इहां दोऊ जायगा पात्रानुसारि अधिकका प्रमाण पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीए एक भागमात्र है। बहुरि

१. पढमसमयकिट्टीवेदगस्स कोहस्स विदियकिट्टीदो माणस्स पढमसंगहकिट्टीए संकमदि पदेसग्गं थोवं। कोहस्स तदियकिट्टीदो माणस्स पढमाए संग्रहकिट्टीए संकमदि पदेसग्गं विसेसाहियं।

—क० चु० पृ० ८६७–८६८।

तातैं मायाकी प्रथम संग्रह कृष्टितैं लोभकी प्रथम संग्रहकृष्टिविषैं संक्रमण भया प्रदेश विशेष अधिक है। इहां पात्रानुसारि विशेषका प्रमाण आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं एक भागमात्र है। बहुरि तातैं मायाकी द्वितीय संग्रहतैं लोभकी प्रथम संग्रहकृष्टिविषैं संक्रमण भया प्रदेश विशेष अधिक है। तातैं मायाकी तृतीय संग्रहतैं लोभकी प्रथम संग्रह विषैं संक्रमण भया प्रदेश विशेष अधिक है। इहां दोऊ जायगा विशेषका प्रमाण पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं एक भागमात्र है। तातैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टितैं लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया प्रदेश समूह विशेष अधिक हैं। इहां पात्रानुसारि विशेषका प्रमाण आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीएं एक भागमात्र है। इहां प्रश्न—

जो अन्य कषायकी संग्रहकृष्टिका द्रव्य अन्य कषायकी संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण होना कह्या तहां परस्थान संक्रमणविषैं अपने अपने द्रव्यकौं अधःप्रवृत्त भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र द्रव्य संक्रमण हो हैं, तातै अन्य कषायविषैं संक्रमण द्रव्यतैं विशेष अधिकका क्रम कह्या सो तौ बनै है। बहुरि लोभकी प्रथम संग्रहतैं ताहीकी द्वितीय संग्रहविषैं संक्रमण भया सो इहां स्वस्थान संक्रमण है। सो इहां अपने द्रव्यकौं अपकर्ष भागहारका भाग दीएं एकभागमात्र द्रव्य संक्रमण हो है। अर अधःप्रवृत्त भागहारतैं अपकर्षण भागहार असंख्यातगुणा घटता है, तातैं पूर्वोक्त संक्रमण द्रव्यतैं याका संक्रमण द्रव्य असंख्यातगुणा कह्या, विशेष अधिक कैसे कह्या हो ? ताका समाधान—

इहां परिणामके अतिशयतैं अधःप्रवृत्त भागहार भी अपकर्षण भागहारहीके अनुसारि बर्तै है सो ऐसा विशेष इहां ही संभवै है, अन्यत्र सर्वत्र अधःप्रवत्त भागहारतैं अपकर्षण भागहार असंख्यातगुणा घटता ही जानना। बहुरि तातैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टितैं लोभकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया प्रदेश विशेष अधिक है। इहां पात्रानुसारि विशेषका प्रमाण पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं एक भागमात्र है। ऐसैं दश स्थान अधिक क्रम लीएं जानने ॥५७५-५७६॥

विशेष—कृष्टिकरण कालके समाप्त होने पर तदनन्तर समयमें जो क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टिका अपकर्षण कर वेदन करता है वह प्रथम समयवर्ती कृष्टिवेदक कहलाता है। उसके क्रोधकी द्वितीय सग्रह कृष्टिसे मानकी प्रथम कृष्टिमें संक्रमित होनेवाला प्रदेशपुंज सबसे थोड़ा है। उससे क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिसे मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिमें संक्रमित होनेवाला प्रदेशपुंज विशेष अधिक है। क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिमें पल्योपमके असंख्यातवें भागका भाग देने पर जो एक भाग प्राप्त हो उतना विशेषका प्रमाण है। उससे मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिसे मायाकी प्रथम कृष्टिमें संक्रमित होनेवाला प्रदेशपुंज विशेष अधिक है। यहाँ मानकी प्रथम संग्रह कृष्टिमें आवलिके असंख्यातवें भागका भाग देने पर जो एक भाग प्राप्त हो उतना विशेषका प्रमाण है। इसी प्रकार आगे जानना चाहिये। टीकामें स्पष्टीकरण किया ही है।

**कोहस्स य पढमादो माणादी कोधतदियविदियगदं।**
**तत्तो संखेज्जगुणं अहियं संखेज्जसंगुणियं ॥ ५७७ ॥**

---

१. कोहस्स पढमसंगहकिट्टीदो माणस्स पढमसंगहकिट्टीए संकमदि पदेसग्गं संखेज्जगुणं। कोहस्स

**क्रोधस्य च प्रथमात् मानादौ क्रोधतृतीयद्वितीयगतम् ।**
**ततः संख्येयगुणमधिकं संख्येयसंगुणितम् ।। ५७७ ।।**

स० चं० —बहुरि तिस पूर्वोक्त क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टितैं मानकी प्रथम संग्रहविषैं संक्रमण भया द्रव्य संख्यातगुणा है, जातैं लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टिका द्रव्यतैं क्रोधकी प्रथम संग्रहका द्रव्य तेरहगुणा है। बहुरि तातैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टितैं क्रोधकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया प्रदेश विशेष अधिक है। इहां विशेषका प्रमाण पात्रानुसारि पल्यका असंख्यातवां भागमात्र है। बहुरि तातैं क्रोधकी प्रथम संग्रह कृष्टितैं क्रोधकी द्वितीय संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण भया प्रदेश समूह संख्यातगुणा है[1]। यद्यपि इहां पूर्वोक्ततैं पात्र अल्प है, स्तोक कृष्टिनिका प्रमाण है तथापि वेदिये है जो संग्रह कृष्टि ताका द्रव्य है सो ताके अनंतरि जो संग्रह कृष्टि वेदनेमें आवै तहां संक्रमण होने योग्य औरनितैं संख्यातगुणा कह्या है, तातैं इहां वेद्यमान क्रोधकी प्रथम संग्रहका ताके अनंतरि वेद्यमान द्वितीय संग्रह विषैं संक्रमण भया द्रव्य संख्यातगुणा कह्या है। ऐसैं इस कथनका अवसर उल्लंघि आए तो भी इहां कथन कीया, सो सूक्ष्म कृष्टिका प्रमाण ल्यावनेकौं पूर्वै कथन कीया ता कर्म मिलावनेकौं कह्या है। कैसैं ? लोभकी द्वितीय संग्रह कृष्टितैं जो ताकी तृतीय संग्रह कृष्टिविषैं संक्रमण प्रदेश भया तातैं संख्यातगुणा प्रदेश सूक्ष्म कृष्टिरूप हो है। ऐसैं यह अनुक्रम कह्या, सो इहां ही यह गुणकारकी प्रवृत्ति नाहो भई है। पूर्वैं बादर कृष्टिविषैं भी संख्यातगुणे द्रव्यतैं संक्रमण भया द्रव्य संख्यातगुणा कहा हैं। ऐसैं क्रोधका द्रव्य तेरहगुणा था, तातैं संक्रमण भया द्रव्य चौदहका गुणकार लीएं कह्या था, ऐसैं ही क्रमतैं इहां लोभकी द्वितीय कृष्टिका द्रव्य तेईसगुणा है, तातैं संक्रमण भया द्रव्य चौईसका गुणकार लीएं जानना। इस अनुक्रम जाननेकौं इहां यह कथन कीया है ।। ५७७ ।।

**लोभस्स विदियकिट्टिं वेदयमाणस्स जाव पढमठिदी ।**
**आवलितियमवसेसं आगच्छदि विदियदो तदियं[2] ।। ५७८ ।।**

**लोभस्य द्वितीयकृष्टिं वेद्यमानस्य यावत् प्रथमस्थितिः ।**
**आवलित्रिकमवशेषमागच्छति द्वितीयतस्तृतीयं ।। ५७८ ।।**

स० चं०—या प्रकार लोभकी द्वितीय संग्रहकृष्टिकौं वेदता जीवकैं ताकी प्रथम स्थितिविषैं यावत् तीन आवली अवशेष रहैं तावत् द्वितीय संग्रहतैं तृतीय संग्रहकौं द्रव्य संक्रमणरूप होइ प्राप्त हो है। सो कहिए है—

लोभकी द्वितीय संग्रहकी प्रथम स्थितिविषैं विश्रमणावली संक्रमणावली उच्छिष्टावली ए तीन अवशेष रहैं तावत् लोभकी द्वितीय संग्रहका द्रव्य लोभकी तृतीय संग्रहविषै दीजिए है। जातैं

---

पढमसंगहकिट्टीदो कोहस्स चेव विदियसंगहकिट्टीए संकमदि पदेसग्गं संखेज्जगुणं। एसो पदेससंकमो अइक्कंतो उक्खेदिदो सुहुमसांपराइयकिट्टीसु कीरमाणीसु आसओ त्ति कादूण। क० चु० पृ० ८६८।

१. हिन्दी टीका में 'असंख्यातगुणा हैं' यह पाठ मुद्रित है।

२. एदेण कमेण लोभस्स विदियकिट्टिं वेदयमाणस्स जा पणमट्ठिदी तिस्से पढमट्ठिदीए आवलिया समयाहिया सेसा त्ति तम्हि समये चरिमसमयबादरसांपराइओ। क० चु० पृ० ८६८।

तृतीय संग्रहविषैं संक्रमण भया जो द्रव्य सो तहां विश्रमणावली पर्यन्त तौ तहां ही विश्रामकरि तिष्ठै, पीछै संक्रमणावलीविषै सूक्ष्मकृष्टिरूप होइ संक्रमण करै, तब उच्छिष्टावलीमात्र प्रथम स्थिति अवशेष रहि जाय, तातैं तीन आवली अवशेष रहैं तावत् द्वितीय संग्रहका द्रव्य तृतीय संग्रहविषै संक्रमण होना कह्या। बहुरि ताके ऊपरि द्वितीय संग्रहका द्रव्य अपकर्षण संक्रमणकरि सूक्ष्मकृष्टि होविषै संक्रमण करै है। यावत् दोय आवली अवशेष रहैं तावत् ऐसैं जानना। बहुरि तहां आगाल प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति करि बहुरि समय घाटि आवलीमात्र निषेकनिकौं अधोगलनरूप क्रमतैं भोगि समय अधिक आवली अवशेष राखै है ॥५७८॥

**तत्तो सुहुमं गच्छदि समयाहियआवलीयसेसाए।**
**सव्वं तदियं सुहुमे णव-उच्छिट्ठं विहाय विदियं[1] च ॥५७९॥**

**ततः सूक्ष्मं गच्छति समयाधिकावलीशेषायाम्।**
**सर्वं तृतीयं सूक्ष्मे नवकमुच्छिष्टं विहाय द्वितीयं च ॥५७९॥**

स० चं०—बहुरि तहाँ द्वितीय संग्रहकी प्रथम स्थितिविषै समय अधिक आवली अवशेष रहैं अनिवृत्तिकरणका अन्त समय हो है। तहां लोभकी तृतीय संग्रहकृष्टिका तौ सर्व द्रव्य सूक्ष्म-कृष्टिकौं प्राप्त हो है। बहुरि लोभकी द्वितीय संग्रहका द्रव्यविषैं समय अधिक उच्छिष्टावलीमात्र निषेक अर समय घाटि दोय आवलीमात्र नवक समयप्रबद्ध एतौ बादर कृष्टिरूप रहैं हैं। अन्य सर्व द्रव्य सूक्ष्मकृष्टिरूप द्रव्यार्थिक नय अपेक्षा तौ इस सममयविषैं परिनमैं है। बहुरि पर्यायार्थिक नय अपेक्षा अगले समयविषै उच्छिष्टावलीमात्र निषेक अर दोय समय घाटि दोय आवलीमात्र नवक समयप्रबद्ध विना अन्य सर्व द्वितीय संग्रहका द्रव्य सूक्ष्मकृष्टिरूप परिनमैं है ऐसा जानना ॥५७९॥

**लोभस्स तिघादीणं ताहे अघादीतियाण ठिदिबंधो।**
**अंतो दु मुहुत्तस्स य दिवसस्स य होदि वरिसस्स[2] ॥५८०॥**

**लोभस्य त्रिघातिनां तत्राघातित्रयाणां स्थितिबंधः।**
**अंतस्तु मुहुर्तस्य च दिवसस्य च भवति वर्षस्य ॥५८०॥**

स० चं०—तहाँ अनिवृत्तिकरणका अंत समयविषै संज्वलन लोभका जघन्य स्थितिबंध अंतर्मुहूर्तमात्र है। इहाँ ही मोहबंधकी व्युच्छित्ति भई। बहुरि तीन घातियानिका एक दिनतै किछू घाटि अर तीन अघातियानिका एक वर्षतैं किंचित् न्यून स्थितिबंध हो है ॥५८०॥

---

१. एदेण कमेण लोभस्स विदियकिट्टिं वेदयमाणस्स जा पढमट्ठिदी तिस्से पढमट्ठिदीए आवलिया समयाहिआ सेसा त्ति तम्हि समये चरिमसमयबादरसांपराइओ। तम्हि चेव समये लोभस्स चरिमबादरसांपराइय-किट्टी संछुब्भमाणा संछुद्धा। लोभस्स विदियकिट्टीए वि दोआवलियबंधे समयूणे मोत्तूण उदयावलियपविट्ठं च मोत्तूण सेसाओ विदियट्ठिदीए अंतरकिट्टीओ संछुब्भमाणाओ संछुद्धाओ। क० चु० पृ० ८६८-८६९।

२. तम्हि चेव लोभसंजलणस्स ठिदिबंधो अंतोमुहुत्तं। तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिबंधो अहोरत्तस्स अंतो। णामा-गोद-वेदणीयाणं बादरसांपराइयस्स जो चरिमो ट्ठिदिबंधो सो संखेज्जेहिं वस्ससहस्सेहिं हाइदूण वरसस्स अंतो जादो। क० चु० पृ० ८६९।

**ताणं पुण ठिदिसंतं कमेण अंतोमुहुत्तयं होइ ।**
**वस्साणं संखेज्जसहस्साणि असंखवस्साणि[1] ॥५८१॥**

**तेषां पुनः स्थितिसत्त्वं क्रमेणांतर्मुहूर्तकं भवति ।**
**वर्षाणां संख्येयसहस्राणि असंख्यवर्षाणि ॥५८१॥**

स० चं०—तहां तिनिका स्थितिसत्त्व क्रमकरि लोभका अंतर्मुहूर्त, तीन घातियानिका यथायोग्य संख्यात हजार वर्षमात्र, तीन अघातियानिका यथायोग्य असंख्यात वर्षमात्र है ॥५८१॥

**से काले सुहुमगुणं पडिवज्जदि सुहुमकिट्टिठिदिखंडं ।**
**आणायदि तद्दव्वं उक्कट्टिय कुणदि गुणसेढिं[2] ॥५८२॥**

**स्वे काले सूक्ष्मगुणं प्रतिपद्यते सूक्ष्मकृष्टिस्थितिखंडं ।**
**आनयति तद्द्रव्यं अपकृष्य करोति गुणश्रेणिं ॥५८२॥**

स० चं०—अनिवृत्तिकरणका अंत समयके अनंतरि सूक्ष्म कृष्टिनिकौं वेदतौ संतौ अपने कालविषै सूक्ष्मसांपराय गुणस्थानकौं प्राप्त हो है। इहां ताका प्रथम समयविषैं लोभकी सूक्ष्म कृष्टिनिकी जो अंतर्मुहूर्तमात्र स्थिति है ताके संख्यातवें भागमात्र स्थितिकांडकआयाम लांछित हो है। बहुरि मोहका कृष्टिकौं प्राप्त भया अनुभाग ताका तौ अनुसमयापवर्तन अर ज्ञानावरणादिकनिका स्थितिकांडकघात अनुभागकांडकघात सो पूर्वोक्तवत् वर्तै है। बहुरि तिस समयविषैं द्रव्यनिक्षेपणका विधान कहिए है—

सूक्ष्म कृष्टिसम्बन्धी स्थितिविषै प्राप्त जो मोहका सर्व द्रव्य ताकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहां एक भाग अपकर्षणकरि गुणश्रेणि करै है ॥५८२॥

**गुणसेढि अंतरट्ठिदि विदियट्ठिदि इदि हवंति पव्वतिया ।**
**सुहुमगुणादो अहिया अवट्ठिदुदयादिगुणसेढी[3] ॥५८३॥**

**गुणश्रेणिरंतरस्थितिः द्वितीयस्थितिरिति भवंति पर्वत्रयाणि ।**
**सूक्ष्मगुणतोऽधिका अवस्थितोदयादिगुणश्रेणी ॥५८३॥**

---

१. चरिमसमयबादरसांपराइयस्स मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्ममंतोमुहुत्तं । तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिसंतकम्मं संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि । णामा-गोद-वेदणीयाणं ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि वस्साणि ।
क० चु० पृ० ८६९ ।

२. से काले पढमसमयसुहुमसांपराइयो जादो । ताधे चेव सुहुमसांपराइयकिट्टीणं जाओ ठिदीओ तदो ठिदिखंडयमागाइदं । तदो पदेसमोकड्डियूण उदये थोवं दिण्णं । अंतोमुहुत्तद्धमेत्तमसंखेज्जगुणाए सेढीए देदि । क० चु० पृ० ८६९ ।

३. गुणसेढिणिक्खेवो सुहुमसांपराइयअद्धादो विसेसुत्तरो । क० चु० पृ० ८६९ । एत्थ जइ वि सुहुमसांपराइयकिट्टीणं अंतरापूरणवसेण एक्का चेव जादा, तो वि अणयट्टिचरिमसमयावेक्खाए पढम-विदिय-ट्ठिदिभेदं कादूण अंतरचरमट्ठिदी विदियट्ठिदी आदिट्ठिदी च घेत्तव्वा । जयध० ता० प्र०, पृ० २२१० ।

स० चं०—गुणश्रेणि १ अंतर स्थिति २ द्वितीय स्थिति ३ ए तीन पर्व हैं। अपकर्षण कीया हुआ द्रव्य इन तीनविषैं विभागकरि दीजिए है। इहां यावत् अपकर्षण कीया द्रव्यकौं असंख्यातगुणा क्रम लीए दीजिए ताका नाम गुणश्रेणि है। बहुरि ताके ऊपरिवर्ती जिनि निषेकनिका पूर्वें अभाव कीया था तिनका प्रमाणरूप अन्तरस्थिति है। ताके उपरिवर्ती अवशेष सर्वस्थिति ताका नाम द्वितीय स्थिति है। तहां सूक्ष्म सांपरायका जो काल तातैं किछू विशेषकरि अधिक है तौ भी इहां संभवता ज्ञानावरणादिकनिका गुणश्रेणि आयामतैं अन्तर्मुहूर्तमात्र घटता ऐसा इहां गुणश्रेणि आयाम है सो यहु उदयादि अवस्थित है। उदयरूप जो वर्तमान समय तातैं लगाय यहु पाइए है। पूर्ववत् उदयावली भए पीछैं नाहीं है, तातैं उदयादि कहिए है। बहुरि अवस्थितप्रमाण लीए है। पूर्वैं गलितावशेष गुणश्रेणि आयामविषै एक एक समय व्यतीत होतैं गुणश्रेणि आयामविषै घटता होता था अब एक एक समय व्यतीत होतैं ताके अनन्तरवर्ती अन्तरायामका एक-एक समय मिलि गुणश्रेणि आयामका जेताका तेता रहै है, तातैं अवस्थित कहिए ॥५८३॥

**ओकड्डिदइगिभागं गुणसेढीए असंखबहुभागं।**
**अंतरहिद विदियठिदी संखसलागा हि अवहरिया ॥५८४॥**
**गुणिय चउरादिखंडे अंतरसयलट्ठिदिम्हि णिक्खिवदि।**
**सेसबहुभागमावलिहीणे विदियट्ठिदीए हू ॥५८५॥**

**अपकर्षितैकभागं गुणश्रेण्यामसंख्यबहुभागम्।**
**अंतरहिते द्वितीयस्थितिः संख्यशलाका हि अपहरिताः ॥५८४॥**
**गुणित्वा चतुरादिखंडे अंतरसकलस्थितौ निक्षिपति।**
**शेषबहुभागमावलिहीने द्वितीयस्थितौ हि ॥५८५॥**

स० चं०—अपकर्षण कीया जो द्रव्य ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागमात्र असंख्यातका भाग दीएं तहां एकभागमात्र द्रव्यकौं गुणश्रेणी आयामविषै दीजिए है। बहुरि अवशेष बहुभाग-मात्र द्रव्यकौं अन्तर स्थितिका भाग द्वितीय स्थितिकौं दीएं जो संख्यातप्रमाण लीएं एकशलाकाका प्रमाण आवै ताका भाग दीजिए तहां एकभागकौं संदृष्टि अपेक्षा च्यारिकरि गुणिए इतना द्रव्य अन्तर स्थितिविषै दीजिए है। बहुरि अवशेष सर्वद्रव्य सो अन्तविषैं अतिस्थापनावलीकरि हीन जो द्वितीय स्थिति तीहविषैं दीजिए है। सोई दिखाइए है—

अन्तरस्थितिका प्रमाण सर्वतैं स्तोक सो संदृष्टिकरि चौगुणा अंतर्मुहूर्तमात्र, बहुरि तातैं स्थितिकांडकायामका प्रमाण संख्यातगुणा, सो संदृष्टिकरि सोलहगुणा अन्तर्मुहूर्तमात्र, बहुरि तातैं स्थितिकांडकके नीचैं जो अवशेष स्थिति रहै ताका प्रमाण संख्यातगुणा सो संदृष्टिकरि चौसठि-

---

१. गुणसेढिणिक्खेवो सुहुमसांपराइयअद्धादो विसेसुत्तारो। गुणसेढिसीसगादो जा अंतरट्ठिदी तत्थ असंखेज्जगुणं। तत्तो विसेसहीणं ताव जाव पुव्वसमये अंतरमासी, तस्स अंतरस्स चरिमादो अंतरट्ठिदीदो त्ति। चरिमादो अंतरट्ठिदीदो पुव्वसमये जा विदियट्ठिदी तिस्से आदिट्ठिदीएदिज्जमाणगं पदेसग्गं संखेज्जगुणहीणं। तत्तो विसेसहीणं। पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स जमोकड्डिज्जदि पदेसग्गं तमेदीए सेढीए णिक्खवदि।

क० चु० पृ० ८७०।

गुणा अन्तर्मुहूर्तमात्र, स्थितिकांडकायाम अर अवशेष स्थिति जोडें सर्व द्वितीय स्थितिका प्रमाण होइ सो असोगुणा अन्तर्मुहूर्तमात्र, स्थितिकांडकायामका भाग द्वितीय स्थिति आयामकौं दीएं संदृष्टिकरि बीस पाए, सो ऐसा संख्यातप्रमाण लीएं जो शलाका ताका भाग असंख्यात बहुभाग-मात्र अपकर्षण द्रव्यकौं दीएं तहां एक खंडकौं अन्तर स्थितिविषैं देना कहिए तौ अन्तर स्थितिका अन्त निषेकविषै दीया द्रव्यतैं द्वितीय स्थितिविषैं दीया द्रव्य किंचित् ऊन होइ, अर दोय खण्ड देना कहिए तौ किंचित् न्यून त्रिभागमात्र होइ। ऐसैं क्रमकरि यथायोग्य संख्यात खण्ड ग्रहि अंतर स्थितिविषैं दीजिए है। सो यहु अपकर्षण कीया सर्व द्रव्यके संख्यातवैं भागमात्र होइ। संदृष्टिकरि तिस असंख्यात बहुभागमात्र द्रव्यकौं बीसका भाग देइ च्यारिकरि गुणैं अंतर स्थितिविषैं दीया द्रव्यका प्रमाण आवै है। बहुरि तिस असंख्यात बहुभागमात्र द्रव्यविषैं इतना घटाएं जो अवशेष रहा सो द्वितीय स्थितिविषैं अन्तविषैं अतिस्थापनावली छोडि सर्वत्र दीजिएं है। संदृष्टि करि तिस असंख्यात बहुभागमात्र द्रव्यकौं बीसका भाग देइ तहां सोलह भागमात्र द्रव्य द्वितीय स्थितिविषैं दीजिए है॥ ५८४—५८५॥

विशेष—विशेष स्पष्टीकरण टीकामें अंकसंदृष्टि द्वारा किया ही है। टीकामें जो अंक संदृष्टि दी है उसका भाव यह है कि गुणश्रेणिनिक्षेपको १ मानकर उससे अन्तर स्थितिका प्रमाण ४ गुणा है, स्थितिकाण्डकायामका प्रमाण १६ गुणा है, स्थितिकाण्डकायामके नीचे जो अवशेष स्थिति रही उसका प्रमाण ६४ गुणा है, इसलिये स्थितिकाण्डकायाम और अवशेष स्थितिका प्रमाण मिलकर ८० गुणा हुआ, यही द्वितीय स्थितिका प्रमाण है। अब यह देखना है कि गुणश्रेणिमें दिये द्रव्यके बाद जो असंख्यात बहुभागमात्र अपकर्षित द्रव्य शेष रहता है उसमेंसे कितना द्रव्य अन्तर स्थितिमें दिया जाता है और कितना द्रव्य द्वितीय स्थितिमें दिया जाता है। इसके लिये पहले जो द्वितीय स्थितिका प्रमाण ८० गुणा बतलाया है उसमें स्थितिकाण्डकायामका भाग भी सम्मिलित है, यहाँ इसकी २० शलाका मान ली गई हैं। अतः असंख्यात बहुभागमात्र द्रव्यमें २० का भाग देकर चारसे गुणा करने पर जो द्रव्य प्राप्त हुआ उतना अन्तर स्थिति आयाममें निक्षिप्त होता है और शेष बहुभागप्रमाण द्रव्य अतिस्थापनावलिको छोड़कर द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त होता है ऐसा समझना चाहिये। यहाँ द्वितीयादि समयोंमें प्रथम समयके समान जाननेकी सूचना की है सो अपकर्षित द्रव्यके निक्षेपकी जो विधि प्रथम समयमें बतलाई है वही विधि द्वितीयादि समयोंमें भी जानना चाहिये यह इसका भाव है।

**अंतरपढमठिदि त्ति य असंखगुणिदक्कमेण दिज्जदि हु।**
**हीणकमं संखेज्जगुणूणं हीणक्कमं तत्तो[1] ॥ ५८६ ॥**

**अंतरप्रथमस्थित्यंतं असंख्यगुणितक्रमेण दीयते हि।**
**हीनक्रमं संख्येयगुणोनं हीनक्रमं ततः ॥५८६॥**

स० चं०—अंतरायामकी प्रथम स्थिति जो प्रथम निषेक तहां पर्यन्त तौ असंख्यातगुणा

---

१. पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स जमोकड्डिज्जदि पदेसग्गं तमेदीए सेढीए णिक्खिवदि। बिदियसमए वि एवं चेव। तदियसमए वि एवं चेव। एस कमो ओकड्डियूण णिसिंचमाणगस्स पदेसग्गस्स ताव जाव सुहुमसांपराइयस्स पढमट्ठिदिखंडयं णिल्लेविदं। क० चु० पृ० ८७०।

क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। ताके ऊपरि हीन क्रम लीए संख्यातगुणा घटता बहुरि हीन क्रमलीए द्रव्य दीजिए है। सोई कहिए है।

गुणश्रेणिआयामका प्रथम निषेकविषैं दीया द्रव्यकी एक शालाका, तातैं द्वितीय निषेकविषैं दीया द्रव्यकी शालाका पल्यकी असंख्यातवां भागगुणी है। ऐसैं क्रमतैं गुणकार लीए अन्त निषेकपर्यंत जेती शालाका होइ तिनका जोड दीए जो प्रमाण होइ ताका भाग गुणश्रेणिविषैं देने योग्य पूर्वोक्त द्रव्यकौं देइ तहां एक भागकौं अपनी अपनी शालाका प्रमाणकरि गुणें प्रथमादि निषेकनिविषैं द्रव्य देनेका प्रमाण आवै है। अंक संदृष्टिकरि जैसैं एकतैं लगाय चौगुणी-चौगुणी शलाका च्यारि निषेकनिविषैं स्थापि १।४।१६।६४। जोडैं पिचासी होइ। ताका भाग द्रव्यकौं देइ एक च्यारि आदिकरि गुणें प्रथमादि निषेकनिविषै दीया द्रव्यका प्रमाण आवै है। इहां गुणकारविषैं जोड़ देनेका प्रमाण करणसूत्र यह जानना—

पदमितगुणहतिगुणितप्रभेदः स्याद्गुणधनं तदा तदा द्व्यूनं।
एकोनगुणविभक्तं गुणसंकलितं विजानीयात् ॥१॥

गच्छमात्र गुणकारनिकौं परस्पर गुणैं गुणधन होइ। तहां प्रथम स्थान घटाइ अवशेषकौं एक घाटि गुणकारका भाग दीएं गुणकार विषैं संकलनधन आवै है। जैसैं इहां संदृष्टिविषैं गच्छ च्यारि, गुणकार च्यारि, सो च्यारि जायगा च्यारि च्यारि माडि परस्पर गुणैं दोयसैं छप्पन होइ, तामैं आदि एक घटाइ अवशेषकौं एक घाटि गुणकार तीन, ताका भाग दीएं जोड पिच्यासी हो है। सो ऐसैं वर्तमान उदयरूप गुणश्रेणिका प्रथम निषेकतैं लगाय गुणश्रेणि शीर्षपर्यंत दीजिए है। गुणश्रेणिका अन्तका निषेककौं गुणश्रेणिशीर्ष कहिए है, सो सूक्ष्मसांपरायका प्रथम समयविषैं तो इहां कह्या गुणश्रेणि आयाम ताका जो अन्त निषेक सोई गुणश्रेणिशीर्ष है। बहुरि द्वितीयादि समयनिविषैं एक एक समय व्यतीत होतैं जो अन्तरायामका प्रथमादि निषेक गुणश्रेणिविषैं (श्रेणि) मिल्या सो गुणश्रेणीशीर्ष है। जातैं इहां अवस्थित गुणश्रेणिआयाम है। बहुरि गुणश्रेणिके उपरिवर्ती जो अंतरायामके निषेक तिनिविषैं द्रव्य देनेका विधान कहिए है—

अंतरायामविषैं देनेयोग्य जो पूर्वोक्त द्रव्य ताकौं अंतरायाममात्र गच्छका भाग दीएं मध्यम धन होइ। तीहिविषैं एकघाटि गच्छका आधा प्रमाणमात्र विशेष जोडैं जो होइ तितना द्रव्य अंतरायामका प्रथम निषेकविषैं दीजिए है सो यहु द्रव्य गुणश्रेणिशीर्षविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। तातैं सूत्रविषैं अन्तरायामका प्रथम निषेकपर्यंत असंख्यातगुणा देय द्रव्य कह्या। बहुरि ताके ऊपरि अंतरायामके द्वितीयादि निषेकनिविषैं एक एक विशेषकरि घटता क्रमलीएं द्रव्य दीजिए है सो यावत् अंतरायामका अंत निषेक होइ तावत् ऐसा क्रम जानना। अब द्वितीय स्थितिनिषेकनिविषैं द्रव्य देनेका विधान कहिए है—

द्वितीय स्थितिविषैं देनेयोग्य जो पूर्वोक्त द्रव्य ताकौं आवली रहित द्वितीय स्थितिका प्रमाणमात्र जो गच्छ ताका भाग दीए मध्यधन होइ। यामैं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणमात्र विशेष जोड़ैं जो होइ तितना द्रव्य द्वितीय स्थितिका प्रथम निषेकविषैं दीजिए है। सो यहु दीया द्रव्य अंतरायामका अंत निषेकविषैं दीया द्रव्यतैं संख्यातगुणा घटता है। तातैं सूत्रविषैं इहां दीया द्रव्य संख्यातगुणा घटता कह्या। बहुरि ताके उपरि द्वितीय स्थितिके द्वितीयादि निषेकनिविषैं एक एक विशेष घटता क्रमकरि द्रव्य दीजिए है। ऐसे देय द्रव्यका विधान कह्या ॥५८६॥

**अंतरपढमठिदि त्ति य असंखगुणिदक्कमेण दिस्सदि हु ।**
**हीणकमेण असंखेज्जेण गुणं तो विहीणकमं[1] ॥**

**अंतरप्रथमस्थित्यंतं च असंख्यगुणितक्रमेण दृश्यते हि ।**
**हीनक्रमेण असंख्येयेन गुणमतो विहीनक्रमम् ॥५८७॥**

स० चं०--पूर्व द्रव्य वा दीया द्रव्य मिलि जो दृश्यमान होइ ताका विधान कहिए है— वर्तमान समयसम्बन्धी निषेकविषैं दृश्यमान द्रव्य स्तोक है, तातैं अन्तरायामका प्रथम निषेक पर्यन्त असंख्यातगुणा क्रम लीएं है। बहुरि ताके ऊपरि अन्तरायामका अन्त निषेकपर्यन्त विशेष घटता क्रम लीए है। इहां पर्यन्त देय द्रव्यका जैसैं क्रम कह्या तैसैं ही दृश्यमान द्रव्यका भी क्रम जानना। बहुरि तातैं ताके उपरि द्वितीय स्थितिके प्रथम निषेकका दृश्यमान द्रव्य असंख्यातगुणा है। बहुरि ताके ऊपरि ताका अन्त निषेकपर्यन्त विशेष घटता क्रमलीए दृश्यमान द्रव्य है। याप्रकार सूक्ष्मसांपरायका प्रथम समयतैं लगाय प्रथम स्थितिकांडकका घात यावत् न होइ निबरै तावत् ऐसा क्रम जानना। विशेष इतना अपकर्षण कीया द्रव्यका प्रमाण समय समय असंख्यातगुणा जानना ॥ ५८७ ॥ तहां प्रथम कांडककी अन्त फालिके द्रव्यका प्रमाण ल्यावने निमित्ति कहिए है—

**कंडयगुणचरिमठिदी सविसेसा चरिमफालिया तस्स ।**
**संखेज्जभागमंतरठिदिम्हि सव्वे तु बहुभागं[2] ॥ ५८८ ॥**

**कांडकगुणचरमस्थितिः सविशेषा चरमस्फालिका तस्य ।**
**संख्येयभागमंतरस्थितौ सर्वायां तु बहुभागम् ॥ ५८८ ॥**

स० चं०—कांडकायामकरि गुणित जो विशेषसहित अन्त स्थिति तीहिं प्रमाण अन्त फालि द्रव्य है। ताका संख्यातवां भाग तौ अन्तर स्थितिविषैं, बहुभाग सर्व स्थितिविषैं दीजिए है, सोइ कहिए है—

द्वितीय स्थितिका प्रथम निषेकविषैं एक घाटि द्वितीय स्थिति आयाममात्र विशेष घटाएं ताका अन्त निषेकका द्रव्य होइ, तिसतैं लगाय नीचेके कांडक आयाममात्र निषेकनिका द्रव्य अन्त फालिविषैं ग्रहण करिए हैं। तातैं तिस अन्त निषेकके द्रव्यकौं जो कांडक आयाम सोई फालिका आयाम ताकरि गुणें तहां नीचले निषेकनिविषैं जे विशेष अधिक पाइए हैं तिनकौं अधिक कीए अन्त फालिके सर्व द्रव्यका प्रमाण हो है। यामैं नीचले निषेकनिका अपकर्षण कीया जो द्रव्य ताकौं जोडैं जो द्रव्य होइ ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ एक भागकौं गुणश्रेणीआयामविषैं दीए पीछैं अवशेष जो द्रव्य रह्या ताके देनेका विधान कहिए है—

अन्तरायामका भाग फालिके आयामकौं दीए जो संख्यातमात्र प्रमाण होइ ताका भाग

---

१. पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स उदये दिस्सदि पदेसग्गं थोवं। विदियाए ट्ठिदीए असंखेज्जगुणं दीसदि ताव जाव गुणसेढिसीसयादो अण्णा च एक्का ट्ठिदि त्ति। तत्तो विसेसहीणं ताव जाव अंतरट्ठिदि त्ति। तत्तो असंखेज्जगुणं। तत्तो विसेसहीणं ८७०।

२. जयध० ता० मु० पृ० २२११, २२१२।

तिस अवशेष द्रव्यकौं दीए जो एक खंड होइ तामैं पूर्व जो अन्तर स्थितिविषैं द्रव्य दीया था ताकौं घटाय अवशेषको अङ्गीकार करि बहुरि इतना द्रव्य घटाए जो अवशेष द्रव्य रह्या ताकौं कांडकके नीचैं अवशेष स्थिति जो पाइए ताकौं अन्तरायामका भाग दीएं जो संख्यातका प्रमाण आवै तामैं एक अधिक करि ताका भाग दीएं जो एक खंडका प्रमाण होइ ताकौं पूर्वैं अङ्गीकार किया द्रव्यविषैं जोडैं जेता होइ तितना द्रव्य अन्तरायामविषैं पूर्वोक्त प्रकार गोपुच्छ आकार करि चय घटता क्रम लीए देना। बहुरि तिस बहुभागमात्र द्रव्यविषैं इतना द्रव्य घटाएं जो अवशेष रह्या ताकौं द्वितीय स्थितिविषैं पूर्वोक्त प्रकार गोपुच्छ-आकारकरि चय घटता क्रमलीएं देना। तहां अन्तर स्थितिका अन्त निषेकविषैं दीया द्रव्यतैं द्वितीय स्थितिका आदि निषेकविषैं दीया द्रव्य संख्यातगुणा घटता जानना। ऐसैं ही अन्त फालिका द्रव्यका संख्यातवां भाग अन्तरायामविषैं बहुभाग द्वितीय स्थितिविषैं देनेका विधान जानना। इहां संदृष्टिविषैं संख्यातकी सहनानी च्यारि जानि कथन समझना। इहां इतना जानना—

जो कांडकविषैं स्थिति घटाइए, तिसके द्रव्यकौं नीचले निषेकनिविषैं देनेके अर्थि समय समय जेता ग्रहण करिए सो तौ फालिद्रव्य कहिए। अर गुणश्रेणी आदिके अर्थि जो सर्व स्थितिके द्रव्य अपकर्षण करि ग्रहिए सो अपकृष्टि द्रव्य कहिए है। तहां कांडकको प्रथमादि फालि पतन समयविषैं तौ अपकृष्टि द्रव्य बहुत है। फालिद्रव्य स्तोक है, तातैं अपकृष्टि द्रव्यहीका मुख्यपनैं देनेका विधान कह्या, बहुरि अन्त फालिविषैं फालि द्रव्य बहुत है, अपकृष्टि द्रव्य स्तोक है, तातैं फालि द्रव्यविषैं अवशेष रही स्थितिका अपकृष्टि द्रव्यकौं साधिक करि द्रव्य देनेका विधान कह्या है। या प्रकार प्रथम कांडक काल संपूर्ण होतैं अन्तर पूरण भया। जिनि बीचिके निषेकनिका अभाव भया था तिनका सद्भाव भया। तब अन्तर पूरण होनेकरि गुणश्रेणि-आयाम बिना ऊपरिके सर्व निषेकनिविषै एक गोपुच्छ भया। ऐसैं सूक्ष्मसांपराय कालका प्रथम समयतैं लगाय प्रथम कांडककी अन्त फालि पतनपर्यन्त तौ तीन स्थाननिविषैं द्रव्य देनेका विधान समानरूप कह्या। अब द्वितीयादि कांडकनिविषैं देय द्रव्य दृश्य द्रव्यका विधान कहिए है॥ ५८८॥

विशेष—प्रथम स्थितिकाण्डककी अन्त फालिके पतित होने पर जो प्रदेश-विन्यासका क्रम है उसे बतलाते हैं—द्वितीय स्थितिके समस्त द्रव्यके संख्यातवें भागप्रमाण अन्तिम फालिको ग्रहण कर उदयमें स्तोक प्रदेशपुंजको देता है, उससे दूसरी स्थितिमें असंख्यतागुणे प्रदेशपुंजको देता है। इस प्रकार गुणश्रेणिशीर्षके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणे द्रव्यको देता है। यह गुणश्रेणिमें पतित हुआ द्रव्य अन्तिम फालिके द्रव्यके असंख्यातवें भागप्रमाण ही जानना चाहिये। इसलिए गुणश्रेणिशीर्षके ऊपर अनन्तर जो एक स्थिति है उसमें असंख्यातगुणे द्रव्यको देता है। उसके आगे भूतपूर्वन्यायसे अन्तरसंबंधी अन्तिम स्थितिके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर विशेष हीन विशेषहीन द्रव्य देता है। गुणश्रेणिशीर्षसे ऊपर इस अन्तररूप कालमें पतित हुआ समस्त द्रव्य अन्तिम फालिके द्रव्यका संख्यातवाँ भागमात्र ही है। पुनः अन्तरकी अन्तिम स्थितिके बाद द्वितीय स्थितिकी जो आदि स्थिति है उसमें संख्यातगुणे हीन द्रव्यका निक्षेप करता है। उसके बाद समस्त स्थितियोंमें उत्तरोत्तर असंख्यातवें भागहीन द्रव्यका निक्षेप करता है।

द्वितीय स्थितिकी आदि स्थितिमें जो संख्यातगुणे हीन द्रव्यका निक्षेप करता है उसका कारण यह है कि प्रथम स्थितिकाण्डकको द्विचरम फालिके पतन होने तक प्रत्येक समयमें अपकर्षित

होकर पतित होनेवाला द्रव्य द्वितीय स्थितिके समस्त द्रव्यके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है, क्योंकि वह अपकर्षण भागहारसे भाजित एक भागप्रमाण ही है। इसलिए गुणश्रेणिको छोड़कर उपरिम अन्तर स्थितियोंमें निक्षिप्त हुआ प्रदेशपुंज एक गोपुच्छस्वरूप होकर वहाँ पाया जाता है। तथा द्वितीय स्थितिके प्रथम निषेकसे लेकर उपरिम सर्व स्थितियोंमें निक्षिप्त प्रदेशपुंज एक गोपुच्छा-रूपसे अन्तर स्थितिमें निक्षिप्त प्रदेशपुंजसे असंख्यातगुणा प्राप्त होता है, क्योंकि जब तक द्विचरम फालिका पतन होता है तब तक प्रत्येक समयमें अपकर्षित होकर अन्तर स्थितियोंमें निक्षिप्त होनेवाला प्रदेशपुंज द्वितीय स्थितिके समस्त प्रदेशपुंजके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होता है। होता हुआ भी तत्काल अपकर्षित होनेवाले समस्त द्रव्यके असंख्यातवें भागप्रमाण या संख्यातवें भागप्रमाण ही है। इसलिए अन्तर स्थितियोंमें और द्वितीय स्थितिमें भिन्न गोपुच्छाएं हो जाती हैं। किन्तु प्रथम स्थितिकांडककी अन्तिम फालिके पतित होनेपर दोनोंकी एक गोपुच्छा-श्रेणी हो जाती है, इसलिए प्रथम स्थितिकांडककी अन्तिम फालिके द्रव्यका संख्यातवाँ भागमात्र प्रदेशपिंड अन्तरस्थितियोंमें उस समय पतित होता है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। पुनः उस चरिम फालिके प्रदेश पिंडका असंख्यात बहुभागप्रमाण द्रव्य प्रथम स्थितिकाण्डकसे न्यून तथा प्रथम स्थितिकांडकसे संख्यातगुणी ऐसी द्वितीय स्थितिकी अवयव स्थितियोंमें पतित होता है जो उस समय अन्तिम फालिके एक-एक स्थितिके प्रदेशपुंजका संख्यातवें भागरूप प्रदेशपुंज एक-एक स्थितिविशेषमें पतित होता है। परन्तु अन्तर स्थितियोंमेंसे प्रत्येकमें संख्यातगुणा प्रदेशपुंज पतित होता है, अन्यथा दोनोंकी एक गोपुच्छा नहीं बन सकती। इसलिए अन्तरकी अन्तिम स्थितिमें निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे द्वितीय स्थितिकी आदि स्थितिमें निक्षिप्त होनेवाला प्रदेशपुंज संख्यात-गुणा हो जाता है।

अथवा अन्तर की अन्तिम स्थितिमें निक्षिप्त हुए प्रदेशपुंजसे द्वितीय स्थितिके प्रथम निषेकमें निक्षिप्त होनेवाला प्रदेशपुंज इस कारण संख्यातगुणाहीन है, क्योंकि अन्तर स्थितियोंके प्रमाणसे प्रथम स्थितिकांडकके प्रमाणमें भाग देनेपर जो संख्यात अंक प्राप्त होते हैं उन्हें विरलित कर, विरलित अङ्कों पर प्रथम स्थितिकाण्डकके प्रमाणको समान खण्ड कर देनेपर वहाँ एक-एक अंकके प्रति अन्तरायामका प्रमाण प्राप्त होता है। पुनः यहाँ पर एक अंकके प्रति प्राप्त प्रमाणको ग्रहण कर तत्कालीन गुणश्रेणिशीर्षसे उपरिम अन्तर स्थितियोंके ऊपर स्थापित करने पर अन्तर स्थितिसम्बन्धी प्रदेशपुंज और द्वितीय स्थितिसम्बन्धी प्रदेशपुंज दोनों ही स्तोकरूपसे एक पुच्छरूप हो जाते हैं।

पुनः वहाँ द्वितीय अंकके प्रति प्राप्त एक खंडको ग्रहण कर संख्यात फालियाँ करनी चाहिये। वे कितनी हैं ऐसी जिज्ञासा होनेपर कहते हैं कि अन्तरस्थितिके प्रमाणसे, गुणश्रेणिको छोड़कर शेष समस्त स्थितियोंके भाजित करने पर जो लब्ध आवे उतनी फालियाँ करनी चाहिए। ऐसा करके उनमेंसे एक फालिको ग्रहण कर अन्तर स्थितियोंके ऊपर पहले स्थापित हुए खण्डके पास स्थापित कर पुनः शेष फालियोंको क्रमसे द्वितीय स्थितिमें स्थापित करना चाहिये। इसी प्रकार शेष अंकोंके प्रति व्याप्त खण्डोंको भी आगमानुसार ग्रहण करना चाहिये। ऐसा करके देखने पर अन्तरसम्बन्धी अन्तिम स्थितिमें निक्षिप्त हुए द्रव्यसे द्वितीय स्थितिकी आद स्थितिमें निक्षिप्त हुआ प्रदेशपुंज संख्यातगुणा हीन होता है ऐसा निश्चय करना चाहिये।

**अंतरपढमठिदि त्ति य असंखगुणिदक्कमेण दिज्जदि हु ।**
**हीणं तु मोहविदियट्ठिदिखंडयदो दुघादो त्ति[१] ॥५८९॥**

**अन्तरप्रथमस्थितिरिति च असंख्यगुणितक्रमेण दीयते हि ।**
**हीनं तु मोहद्वितीयस्थितिकांडकतो द्विघात इति ॥५८९॥**

स० चं०—मोहकी द्वितीय स्थितिकांडकघाततैं लगाय द्विचरम कांडकघातपर्यंत कांडककरि गृहीत स्थितितैं नीचै अर उदयावलीतैं उपरि जे निषेक तिनिका द्रव्यकौं अपकर्षण भागहारका भाग देइ तहाँ एकभागमात्र द्रव्य ग्रहि ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भागकौं पूर्वोक्त प्रकार गुणश्रेणिआयामविषैं प्रथम उदय निषेकविषैं तौ स्तोक अर द्वितीयादि निषेकनिविषैं गुणश्रेणिशीर्षपर्यंत असंख्यातगुणा क्रम लीएं दीजिए है। बहुरि अवशेष बहुभागमात्र द्रव्यकौं गुणश्रेणितैं ऊपरिकी अंतर्मुहूर्तमात्र स्थितिमात्र जो गच्छ ताका भाग देइ तहां एक खंडविषैं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणमात्र विशेष मिलाए जो होइ तितना गुणश्रेणिशीर्षके ऊपरि जो निषेक तीहिंविषैं दीजिए है। सो यहु गुणश्रेणिशीर्षविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। ऐसैं अंतरका प्रथम निषेकपर्यंत तौ असंख्यातगुणा क्रमकरि द्रव्य दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि एक एक विशेष घटता क्रमलीए द्रव्य दीजिए है। सो यावत् अतिस्थापनावली प्राप्त होइ तावत् ऐसा जानना। यहाँ प्रथम स्थितिकांडककालका अंत समयविषैं ही अन्तर है सो पूरण भया तातैं अन्तरायामविषैं जुदा द्रव्य देनेका विधान कह्या।

बहुरि सर्वस्थिति कांडकनिविषैं अंत फालिपर्यंत जो अपकृष्ट द्रव्य है सो तौ सकल द्रव्यके असंख्यातवैं भागमात्र जानना। बहुरि अन्त फालिका पतन समयविषैं कांडकस्थितितैं आयाम जो फालिद्रव्य है सो सर्व द्रव्यके संख्यातवैं भागमात्र जानना ॥५८९॥

**अंतरपढमठिदि त्ति य असंखगुणिदक्कमेण दिस्सदि हु ।**
**हीणं तु मोहविदियट्ठिदिखंडयदो दुघादो त्ति[२] ॥५९०॥**

**अंतरप्रथमस्थितिरिति च असंख्यगुणितक्रमेण दृश्यते हि ।**
**हीनं तु मोहद्वितीयस्थितिकांडकतो द्विघातांतम् ॥५९०॥**

स० चं०—मोहका द्वितीय स्थितिकांडकघाततैं लगाय द्विचरम कांडकघातपर्यंत दृश्यमान द्रव्य गुणश्रेणिका प्रथम निषेकविषैं स्तोक है, तातैं गुणश्रेणिशीर्षके ऊपरि जो अंतरायामका प्रथम निषेक तहांपर्यन्त असंख्यातगुणा क्रम लीएं है। ताके ऊपरि अंत निषेकपर्यंत विशेष घटता क्रम लीएं दृश्यमान द्रव्य है, जातैं प्रथम कांडककी अन्त फालिका पतन समयविषैं गुणश्रेणितैं उपरि सर्व स्थितिका एक गोपुच्छ हो है ॥५९०॥

---

१. विदियादो ट्ठिदिखंडयादो ओकड्डिदूण पदेसग्गमुदये दिज्जदि तं थोवं। तदो दिज्जदि असंखेज्जसेढीए ताव जाव गुणसेढीसीसयादो उवरिमाणंतरा एक्का ट्ठिदि त्ति। तत्तो असंखेज्जगुणं। तत्तो विसेसहीणं। एस कमो ताव जाव सुहुमसांपराइस्स पढमट्ठिदिखंडयं चरिमसमयअणिल्लेविदं त्ति। क० चु० पृ० ८७०–८७१।

२. पढमे ट्ठिदिखंडए णिल्लेविदे उदये पदेसग्गं दिस्सदि थोवं। विदियाए ट्ठिदीए असंखेज्जगुणं। पृ० ८७१।

**पढमगुणसेढिसीसं पुव्विल्लादो असंखसंगुणियं ।**
**उवरिमसमये दिस्सं विसेसअहियं हवे सीसे[1] ॥५९१॥**

**प्रथमगुणश्रेणिशीर्षं पूर्वस्मात् असंख्यसंगुणितं ।**
**उपरिमसमये दृश्यं विशेषाधिकं भवेत् शीर्षे ॥ ५९१ ॥**

स० चं०—प्रथम समयविषैं जो गुणश्रेणिशीर्ष है सोई गाथाका अर्थकी जायगा चाहिए ॥५९१॥

इसप्रकार प्रथम गुणश्रेणिशीर्ष तक जानना चाहिये। गुणश्रेणिशीर्षके ऊपर पूर्वके द्रव्यसे उपरिम समयमें असंख्यातगुणा दृश्य द्रव्य है। आगे मोहनीयकी उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होने तक विशेषहीन प्रदेशपुंज दिखाई देता है ॥ ५९१ ॥

**सुहुमद्धादो अहिया गुणसेढी अंतरं तु तत्तो दु ।**
**पढमे खंडं पढमे संतो मोहस्स संखगुणिदकमा[2] ॥ ५९२ ॥**

**सूक्ष्माद्धातः, अधिका गुणश्रेणी अंतरं तु ततस्तु ।**
**प्रथमं खंडं प्रथमे सत्त्वं मोहस्य संख्यगुणितक्रमं ॥ ५९२ ॥**

स० चं०—अंतर्मुहूर्तमात्र जो सूक्ष्मसांपरायका काल तातैं ताहीका असंख्यातवां भाग करि अधिक सूक्ष्मसांपरायका प्रथम समयविषैं मोहकी गुणश्रेणिका आयाम है। तातैं अंतरायाम संख्यातगुणा है। तातैं सूक्ष्मसांपरायके मोहका प्रथम स्थितिकांडक आयाम संख्यातगुणा है तातैं सूक्ष्मसांपरायका प्रथम समयविषै मोहका स्थितिसत्त्व संख्यातगुणा है ॥ ५९२ ॥

**एदेणप्पाबहुगविधाणेण विदीयखंडयादीसु ।**
**गुणसेढिमुज्झियेया गोपुच्छा होदि सुहुमम्हि ॥ ५९३ ॥**

**एतेनाल्पबहुकविधानेन द्वितीयकांडकादिषु ।**
**गुणश्रेणिमुज्झित्वा एकं गोपुच्छं भवति सूक्ष्मे ॥ ५९३ ॥**

स० चं०—इस अल्पबहुत्व विधानकरि सूक्ष्मसांपरायविषैं द्वितीय स्थितिकांडकनिका कालविषैं गुणश्रेणिकौं छोडि ताके उपरिवर्ती सर्व स्थितिका एक गोपुच्छ हो है। कैसैं ? सो कहिए है—

इहां अंतरायामतैं प्रथम स्थितिकांडकायाम संख्यातगुणा कह्या। तातैं प्रथम स्थिति कांडककी जो अन्त फालि ताका द्रव्यविषैं अंतरायामविषैं देनेयोग्य गोपुच्छरूप द्रव्यकौं अंतरायामविषैं देइ द्वितीय स्थितिकैं अर इस अंतरायामकैं एक गोपुच्छ कीया जो प्रथम स्थितिकांडक आयामतैं अंतरायाम बहुत होता तो तहां अन्तरायाम पूर्ण न होता, तब अन्तर स्थितिकैं अर द्वितीय स्थितिकैं एक गोपुच्छ न होता। सो इहां अन्तरायामतैं प्रथम स्थितिकांडकायाम बहुत

१. एवं ताव जाव गुणसेडिसीसयं। गुणसेढिसीसयादो अण्णा च एक्का ठिदि त्ति असंखेज्जगुणं दिस्सदि। तत्तो विसेसहीणं जाव उक्कस्सिया मोहणीयं ठिदि त्ति। क० चु० पृ० ८७१।

२. सव्वत्थोवा सुहुमसांपराइयद्धा। पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स मोहणीयस्स गुणसेढिणिक्खेवो विसेसाहिओ। अंतरट्ठिदीओ संखेज्जगुणाओ। सुहुमसांपराइयस्स पढमट्ठिदिखंडयं मोहणीये संखेज्जगुणं। पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स मोहणीयस्स ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं। क० चु० पृ० ८७१।

३. जयध० ता० मु० पृ० २२१५।

कह्या, तातैं अन्तरायामकैं अर द्वितीय स्थितिकैं एक गोपुच्छ प्रथम स्थितिकांडकी अन्त फालिका पतन समयविषैं ही भया । जहां विशेष घटता क्रम लीएं होइ तहां गोपुच्छ संज्ञा है ।। ५९३ ।।

**सुहुमाणं किट्टीणं हेट्ठा अणुदिण्णगा हु थोवाओ ।**
**उवरिं तु विसेसहिया मज्झे उदया असंखगुणा[1] ।।५९४।।**

**सूक्ष्माणां कृष्टीनामधस्तना अनुदीर्णका हि स्तोकाः ।**
**ऊपरि तु विशेषाधिका मध्ये उदया असंख्यगुणाः ॥ ५९४ ॥**

स० चं०—सूक्ष्मसांपरायविषैं जे सूक्ष्म कृष्टि हैं तिनिविषैं जे जघन्य कृष्टि आदि नीचैकी कृष्टि उदयरूप न हो हैं। तिनिका प्रमाण स्तोक है। बहुरि यातैं याहीकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं तहां एक भागमात्र करि अधिक जे अन्त कृष्टितैं लगाय ऊपरली कृष्टि उदयरूप न होइ तिनिका प्रमाण है। बहुरि यातैं पल्यका असंख्यातवां भागगुणा जे बीचिका कृष्टि उदयरूप हो हैं तिनिका प्रमाण है। इहां सर्व सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाणकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग दीएं बहुभागमात्र बीचिकी उदय कृष्टिनिका प्रमाण है। एक भागकौं अंक सदृष्टि अपेक्षा पांचका भाग दीएं दोय भागमात्र नीचली, तीन भागमात्र ऊपरली अनुदय कृष्टिनिका प्रमाण है। तहां जे अनुदयरूप कृष्टि कहीं ते बीचिकी कृष्टिरूप परिणमि उदय हो हैं ऐसा जानना ।। ५९४ ।।

विशेष—इस गाथाका खुलासा टीकामें किया ही है। विशेष इतना है कि द्वितीयादि समयोंमें भी प्रथम समयके समान कथन करना चाहिए। तथा द्वितीयादि समयोंमें नीचे असंख्यातवें भागप्रमाण अन्य अपूर्व कृष्टियोंकी भी रचना करता है। यह विधि सूक्ष्मसांपरायके अन्तिम समय तक जाननी चाहिये।

**सुहुमे संखसहस्से खंडे तीदेऽवसाणखंडेण ।**
**आगायदि गुणसेढी अग्गादो संखभागे च[2] ।। ५९५ ।।**

**सूक्ष्मे संख्यसहस्रे खंडेऽतीतेऽवसानखंडेन ।**
**आगाप्यते गुणश्रेणी अग्रतः संख्यभागे च ॥ ५९५ ॥**

स० चं०—पूर्वोक्त क्रमकरि सूक्ष्मसांपरायविषैं ताका कालका संख्यात बहुभाग गएं संख्यातवां भाग अवशेष रहैं संख्यात हजार स्थितिकांडक व्यतीत होतैं अवसान खंड जो अन्तका स्थितिकांडक ताकरि पूर्व गुणश्रेणि आयामके संख्यातवें भागमात्र आयामविषैं गुणश्रेणि करै है। इहांतैं पहलैं सर्व सूक्ष्मसांपराय कालतैं साधिक अवस्थित गुणश्रेणि आयाम था अब जेता अवशेष सूक्ष्मसांपरायका काल रह्या तितना गुणश्रेणिआयाम जानना ।। ५९५ ।।

---

१. हेट्ठा अणुदिण्णाओ थोवाओ। उवरि अणुदिण्णाओ विसेसाहियाओ। मज्झे उदिण्णाओ सुहुमसांपराइयकिट्टीओ असंखेज्जगुणाओ। क० चु० पृ० ८७२।

२. सुहुमसांपराइयस्स संखेज्जसु ठिदिखंडयसहस्सेसु गदेसु जमपच्छिमं ठिदिखंडयं मोहणीयस्स तम्हि ठिदिखंडये उक्कीरमाणे जो मोहणीयस्स गुणसेढिणिक्खेवस्स अग्गग्गादो संखेज्जदिभागो आगाइदो ८७२।

विशेष—जब मोहनीयके संख्यात हजार स्थितिकांडकोंका घात करके अन्तिम स्थितिकांडकके घातका समय प्राप्त हो तब जो गुणश्रेणिनिक्षेपणका काल सूक्ष्मसांपरायके कालसे विशेष अधिक कहा था उस गुणश्रेणिनिक्षेपके अग्र भागको ग्रहण कर और उसे सूक्ष्मसांपरायके कालके बराबर करता हुआ उस सबको अन्तिम काण्डकके बराबर करता है। केवल इतना ही नहीं करता, किन्तु जो सूक्ष्मसांपरायके कालसे मोहनीयकी अधिक स्थितियाँ हैं जो कि गुणश्रेणिशीर्षसे संख्यातगुणी हैं उन्हें भी अन्तिम स्थितिकाण्डकरूपसे ग्रहण करता है, क्योंकि उनके बिना गुणश्रेणिशीर्षका ग्रहण करना सम्भव नहीं है। तात्पर्य यह है कि गुणश्रेणिशीर्ष और उससे संख्यातगुणी स्थितियोंको अन्तिम स्थितिकाण्डकके बराबर करता है। निक्षेपसम्बन्धी शेष कथन जयधवलासे जान लेना चाहिये।

**एत्तो सुहुमंतो त्ति य दिज्जस्स य दिस्समाणगस्स कमो।**
**सम्मत्तचरिमखंडे तक्कदकज्जे वि उत्तं व[1] ॥ ५९६ ॥**

**इतः सूक्ष्मांत इति च देयस्य च दृश्यमानस्य क्रमः।**
**सम्यक्त्वचरमखंडे तत्कृतकार्येऽपि उक्तमिव ॥ ५९६ ॥**

स० चं०—इहांतैं लगाय सूक्ष्मसांपरायका अन्तपर्यन्त देय द्रव्य अर दृश्यमान द्रव्यका क्रम है। जैसैं क्षायिक सम्यक्त्व विधानविषैं सम्यक्त्व मोहनीयका अन्त स्थितिकांडकविषैं वा ताका कृतकृत्यपनाविषैं कह्या था तैसैं ही जानना। सो कहिए है—

इहां सर्व मोहकी स्थितिविषैं सूक्ष्मसांपरायका जितना काल अवशेष रह्या तितनी स्थिति बिना अवशेष सर्व स्थितिका घात अन्त कांडककरि कीजिए है। तहां इस कांडककी स्थितिके निषेकनिका द्रव्यविषैं जो द्रव्य अन्त कांडकोत्करण कालका प्रथम समयविषैं ग्रह्या ताकौं प्रथम काल कहिए है। ताके देनेका विधान कहिए है—

प्रथम फालिद्रव्यकौं अपकर्षणकरि ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभागमात्र द्रव्यकौं इहां सम्बन्धी सूक्ष्मसांपराय कालका अन्त समयपर्यन्त तौ गुणश्रेणिआयाम-रूप प्रथम पर्व तिसविषैं दीजिए है, तहां तिसके उदयरूप प्रथम निषेकविषै स्तोक, तातैं द्वितीयादि निषेकनिविषैं असंख्यातगुणा क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। तहां सर्व गुणकार शलाकाके जोडका भाग तिस द्रव्यकौं देइ अपनी अपनी गुणकार शलाकाकरि गुणैं निषेकनिविषैं द्रव्य देनेका प्रमाण आवै है। इहां सूक्ष्मसांपरायका जो अन्त समय ताका नाम गुणश्रेणिशीर्ष है। बहुरि अवशेष एक भागमात्र जो द्रव्य ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां बहुभागमात्र द्रव्यकौं तिस गुणश्रेणिशीर्षतैं ऊपरि पहलैं जो गुणश्रेणिआयाम था ताका शीर्षपर्यन्त जो द्वितीय पर्व तिसविषैं दीजिए है। तहां तिस द्रव्यकौं द्वितीय पर्वमात्र गच्छका भाग देइ तहां एक भागविषैं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणमात्र विशेष जोडैं गुणश्रेणिशीर्षके अनंतरि जो निषेक तीहिविषैं दीया द्रव्यका प्रमाण आवै है। सो यहु गुणश्रेणिशीर्षविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घाटि है, ताके ऊपरि ताके द्वितीयादि निषेकनिविषैं चय घटता क्रमलीएं द्रव्य दीजिए है। बहुरि अवशेष

१. जयध० ता० मु० पृ० २२१८।

एक भागमात्र द्रव्य रह्या ताकौं द्वितीय पर्वके ऊपरि जो सर्व स्थिति ताका अन्तविषैं अतिस्थापनावली छोडि सर्व निषेकरूप जो तृतीय पर्व तिसविषैं दीजिए है। तहां तिस द्रव्यकौं तृतीय पर्वमात्र गच्छका भाग देइ तहां एक भागविषैं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणमात्र विशेष जोड़ैं जो होइ तितना द्रव्य पुरातन गुणश्रेणिका शीर्षके अनंतरिवर्ती जो निषेक तिसविषैं दीजिए है। सो यहु पुरातन गुणश्रेणिशीर्षविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा घाटि है। बहुरि ताके ऊपरि चय घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। ऐसैं अन्त कांडककी प्रथम फालि पतन समयविषैं द्रव्य देनेका विधान कह्या। याही प्रकार अन्त कांडककी द्विचरम फालि पतनपर्यन्त द्रव्य देनेका विधान जानना। बहुरि अन्त कांडककी अन्त फालिके द्रव्य देनेका विधान कहिए है—

किंचिदून द्व्यर्ध गुणहानिगुणित समयप्रवद्धमात्र अन्त फालिका द्रव्य है। ताकौं असंख्यातगुणा पल्यका वर्गमूलमात्र पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भागमात्र द्रव्यकौं वर्तमान उदयरूप जो समय तातैं लगाय सूक्ष्मसांपरायका द्विचरम समयपर्यन्त जो प्रथम पूर्व तिस विषैं दीजिए है। तहां प्रथम निषेकविषैं स्तोक, द्वितीयादि निषेकनिविषैं असंख्यातगुणा क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। तहां सर्व गुणकार शलाकानिके जोडका द्रव्यकौं देइ अपनी अपनी गुणकार शलाकाकरि गुणैं निषेकनिविषैं देने योग्य द्रव्यका प्रमाण आवै है। बहुरि अवशेष बहुभागमात्र द्रव्यका सूक्ष्मसांपरायका अन्त समयसम्बन्धी निषेकरूप जो द्वितीय पर्व तिसविषैं दीजिए है। यहु द्विचरम विषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यात पल्य वर्गमूलकरि गुणित जानना। ऐसैं देय द्रव्यका विधान कह्या। दृश्यमान द्रव्यका विधान भी यथासंभव जानना॥ ५९६॥

**उक्किण्णे अवसाणे खंडे मोहस्स णत्थि ठिदिघादो।**
**ठिदिसत्तं मोहस्स य सुहुमद्धासेसपरिमाणं॥५९७॥**[1]

**उत्कीर्णेऽवसाने खंडे मोहस्य नास्ति स्थितिघातः।**
**स्थितिसत्त्वं मोहस्य च सूक्ष्माद्धाशेषपरिमाणं॥५९७॥**

सं० चं०— या प्रकार मोह राजाका मस्तक समान जो लोभका अंत कांडक ताका घात करते संतैं अब मोहका स्थितिघात न हो है। अब सूक्ष्मसांपरायका जेता काल अवशेष रह्या तितना ही मोहका स्थितिसत्व रह्या है सो अनुसमयापवर्तमान सूक्ष्म कृष्टिरूप ,अनुभागकौं प्राप्त हो है, ताके एक एक निषेककौं एक एक समयविषै भोगवता संता सूक्ष्मसांपरायका अंत समयकौं प्राप्त हो है॥५९७॥

**णामदुगे वेयणीये अड-बारमुहुत्तयं तिघादीणं।**
**अंतोमुहुत्तमेत्तं ठिदिबंधो चरिम सुहमम्हि[2]॥५९८॥**

---

१. तम्हि ठिदिखंडए उक्किणे तदो प्पहुडि मोहणीयस्स णत्थि ठिदिघादो। जत्तियं सुहुमसांपराइयद्धाए सेसं तत्तियं मोहणीयस्स ठिदिसंतकम्मं सेसं। क० चु०, पृ० ८७२।

२. जाधे चरिमसमयसुहुमसांपराइयो जादो ताधे णामा-गोदाणं ट्ठिदि बंधो अट्ठमुहुत्ता। वेदणीयस्स ठिदिबंधो बारस मुहुत्ता। तिण्हं घादिकम्माणं ठिदिबंधो अंतोमुहुत्तं। क० चु०, पृ० ८९४।

**नामद्विके वेदनीये अष्टद्वादशमुहूर्तकं त्रिघातिनाम् ।**
**अंतर्मुहूर्तमात्रं स्थितिबंधः चरमे सूक्ष्मे ॥५९८॥**

स० चं०—तहां सूक्ष्मसांपरायका अंत समयविषैं नाम गोत्रका आठ मुहूर्त, वेदनीयका बारह मुहूर्त, तीन घातियानिका अंतर्मुहूर्तमात्र जघन्य स्थितिबंध हो है ॥५९८॥

**तिण्हं घादीणं ठिदिसंतो अंतोमुहुत्तमेत्तं तु ।**
**तिण्हमघादीणं ठिदिसंतमसंखेज्जवस्साणि[1] ॥५९९॥**

**त्रयाणां घातिनां स्थितिसत्त्वमंतर्मुहूमात्रं तु ।**
**त्रयाणामघातिनां स्थितिसत्त्वमसंख्येयवर्षाः ॥५९९॥**

स० चं०—तहां ही तीन घातियानिका स्थितिसत्त्व अंतर्मुहूर्तमात्र है, सो क्षीण कषायके कालतैं संख्यातगुणा है । बहुरि तीन अघातियानिका स्थितिसत्त्व असंख्यात वर्षमात्र है । मोहका स्थितिसत्त्व क्षयकौं सन्मुख है । द्रव्यार्थिक नयकरि इस समयविषैं विद्यमान है । तथापि नष्ट ही भया जानना । ऐसें क्षयकौं सन्मुख जो लोभकी संग्रह कृष्टि ताकौं अनुभवे है । ऐसा पांचवां सूक्ष्मसांपराय चारित्रकरि संयुक्त सूक्ष्मसांपराय गुणस्थानवर्ती जीव जानना ॥५९९॥

ऐसैं कृष्टिवेदना अधिकार समाप्त भया ।

**से काले सो खीणकसाओ ठिदिरसगबंधपरिहीणो ।**
**सम्मत्तडवस्सं वा गुणसेढी दिज्ज दिस्सं च[2] ॥६००॥**

**स्वे काले स क्षीणकषायः स्थितिरसगबंधपरिहीणः ।**
**सम्यक्त्वाष्टवर्षमिव गुणश्रेणी देयं दृश्यं च ॥६००॥**

सं चं०—समस्त चारित्रमोहका क्षयके अनंतरि अपने कालविषैं सो जीव क्षीण भए हैं द्रव्य-भावरूप समस्त कषाय जाकैं ऐसा क्षीणकषाय हो है, सो स्थिति अनुभाग बंधरहित है । योग निमित्ततैं प्रकृति प्रदेशबंध याकैं साता वेदनीयका संभवे है सो ईर्यापथ बन्ध है । प्रथम समयविषैं बंधि अनंतर समयविषैं निर्जरै है । बहुरि जैसैं क्षायिक सम्यक्त्वका विधान विषैं सम्यक्त्व मोहनीकी आठ वर्षकी स्थिति अवशेष रहैं कथन कीया था तैसैं इहां गुणश्रेणि वा देय द्रव्य वा दृश्यमान द्रव्यका जानना । सो कहिए है—

छह कर्मनिका प्रदेशसमूहकौं अपकर्षणकरि ताकौं पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देइ तहां एक भागकौं गुणश्रेणि आयामविषैं दीजिए है । ताका प्रमाण क्षीणकषायके काल तैं ताहीका संख्यातवां भागमात्र अधिक है । तहां पूर्वोक्त क्रमकरि उदयरूप प्रथम निषेकविषैं स्तोक द्वितीयादि गुणश्रेणिशीर्षपर्यंत निषेकनिविषैं असंख्यातगुणा क्रम लीएं दीजिए है । बहुरि अवशेष बहुभाग-मात्र द्रव्यकौं गुणश्रेणिशीर्षके ऊपरि जो अतिस्थापनावली रहित अवशेष स्थिति तीहि प्रमाण

---

१. तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिसंतकम्मं अंतोमुहुत्तं । णामा-गोद-वेदणीयाणं ट्ठिदिसंतकम्ममसंखेज्जाणि मोहणीयस्स ट्ठिदिसंतकम्मं णस्सदि । क० चु०, पृ० ८९४ ।

२. तदो से काले पढमसमयखीणकसायो जादो । ताधे चेव ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसस्स अबंधगो । क. चु. पृ. ८९४ ।

इहां गच्छ ताकौं एक घाटि गच्छका आधा प्रमाणकरि हीन जो दोगुणहानिकरि गुणी ताका भाग दीएं तहां एक खंडकौं दोगुणहानिकरि गुणैं जो होइ तितना द्रव्य गुणश्रेणिशीर्षके अनंतरवर्ती निषेकविषैं दीजिए है, सो यहु गुणश्रेणिशीर्षविषै दीया द्रव्यतैं असंख्यातगुणा है। बहुरि ताके ऊपरि विशेष घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है, सो यावत् अतिस्थापनावली न प्राप्त होइ तावत् ऐसा क्रम जानना। बहुरि सूक्ष्मसांपरायका अंत समयविषैं अपकर्षण कीया द्रव्यतैं इहां अपकर्षण कीया द्रव्य असंख्यातगुणा जानना, जातैं सकषाय परिणामसंबंधी गुणश्रेणिनिर्जरातैं निष्कषाय गुणश्रेणि निर्जराकैं असंख्यातगुणापना संभवै है। बहुरि इहां क्षीणकषायके प्रथमादि समयनिविषैं अपकर्षण किया द्रव्यका प्रमाण समानरूप है, जातैं इहां विशुद्धता प्रमाण समान पाइए है। बहुरि इहां दीयमान वा दृश्यमान द्रव्यका अन्य विशेष निरूपण जैसैं सम्यक्त्व मोहनीकी क्षपणाविषैं कीया था तैसैं इहां तीन घातिया कर्मनिका जानना। इहां ऐसा जानना—क्षीणकषायका प्रथम समयतैं लगाय अंतर्मुहूर्तपर्यंत तौ पहला पृथक्त्व वितर्क वीचार नामा शुक्लध्यान वर्तै है। अर क्षीणकषाय कालका संख्यातवां भाग अवशेष रहैं एकत्ववितर्क अवीचार नामा दूसरा शुक्ल ध्यान वर्तै है ॥६००॥

विशेष—द्रव्य-भावरूप सम्पूर्ण मोहनीयका क्षय होनेके बाद क्षीणकषायके प्रथम समयसे ही यह जीव सभी कर्मोंके स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंका अबन्धक हो जाता है, क्योंकि स्थिति आदि-के बन्धका कारण कषायका वहाँ अत्यन्त अभाव है। परन्तु प्रकृतिबन्ध योगनिमित्तक होता है, इसलिये यहाँ उसका निषेध नहीं किया है। वह भी केवल वेदनीय कर्ममें सातावेदनीयका ही होता है, अन्यका नहीं, जो शुष्क दीवाल पर फेंकी गई धूलके समान होने से बन्धके दूसरे समयमें ही गल जाता है। यह ईर्यापथ बन्ध है। इसके लिए वर्गणा खण्डको देखना चाहिये। वहाँ ईर्यापथका विशेष लक्षण दिया है। पूर्वमें जितनी भी गुणश्रेणिनिर्जराएँ कही हैं उन सबसे यहाँ होनेवाली गुणश्रेणिनिर्जरा असंख्यातगुणी है, क्योंकि यहाँ सकषाय परिणामका अभाव होनेसे पूर्वकी गुण-श्रेणि निर्जराओंसे इसके असंख्यातगुणी होने में कोई बाधा नहीं आती।

**घादीण मुहुत्तंतं अघादियाणं असंखगा भागा।**
**ठिदिखंडं रसखंडो अणंतभागा असत्थाणं[1] ॥६०१॥**

**घातिनां मुहूर्तान्तमघातिकानामसंख्यका भागाः।**
**स्थितिखंडं रसखंडं अनंतभागा अशस्तानाम् ॥६०१॥**

स० चं०—इहां क्षीणकषायविषैं तीन घातियानिका तौ अंतर्मुहूर्तमात्र अर तीन अघातिया-निका पूर्व सत्त्वका असंख्यात बहुभागमात्र स्थितिकांडकआयाम है। बहुरि अप्रशस्त प्रकृतिनिका पूर्व अनुभागकौं अनंतका भाग दीएं तहां बहुभागमात्र अनुभाग कांडकआयाम है ॥६०१॥

**बहुठिदिखंडे तीदे संखा भागा गदा तदद्धाए।**
**चरिमं खंडं गिण्हदि लोभं वा तत्थ दिज्जादि[2] ॥६०२॥**

१. जयध० ता० मु०, पृ० २२६५।
२. जयध० ता० मु०, पृ० २२६५।

**बहुस्थितिखंडेऽतीते संख्यभागा गतास्तदद्धायाः।**
**चरमं खंडं गृह्णाति लोभ इव तत्र देयादि ॥ ६०२ ॥**

स० चं०—पूर्वोक्त प्रकार क्रम लीए संख्यात हजार स्थितिकांडक व्यतीय भएं क्षीणकषाय कालकौं संख्यातका भाग देतैं तहां बहुभाग गएं एक भाग अवशेष रह्या तब तीन घातियानिका अन्त कांडककौं ग्रहण करै है। तहां देयादिक द्रव्यका विधान सूक्ष्म लोभविषैं कह्या था तैसैं जानना। सो कहिए है—

इहां क्षीणकषायका काल जितना अवशेष रह्या तीहिं विना तीन घातियानिकी अवशेष रही सर्व स्थितिकौं अन्त कांडककरि घातैं है। क्षीणकषायसंबंधी गुणश्रेणितैं लगाय ताके नीचला क्षीणकषाय कालका संख्यातवां भागमात्र निषेक अर तातैं संख्यातगुणा गुणश्रेणिशीर्षके उपरिवर्ती निषेकनिकौं ग्रहि अन्त कांडककरि लांछित करै है ऐसा जानना। ताके द्रव्य देनेका विधान जैसैं लोभका अन्त कांडकविषैं कह्या तैसैं जानना। बहुरि ऐसैं अन्त कांडककी प्रथमादिक फालिनिकौं घातकरि पीछैं किंचित् ऊन द्व्यर्धगुणहानिगुणित समयप्रबद्धमात्र जो अन्त फालिका द्रव्य ताकौं उदय निषेकतैं लगाय क्षीणकषायका द्विचरम समयपर्यन्त असंख्यातगुणा क्रम लीए अर द्विचरम समयविषैं दीया द्रव्यतैं असंख्यात पल्य वर्गमूलगुणा क्षीणकषायका अन्त समयसंबंधी निषेकविषैं द्रव्य दीजिए है—

**चरिमे खंडे पदिदे कदकरणिज्जो त्ति भण्णदे एसो।**
**तस्स दुचरिमे णिद्दा पयला सत्तुदयवोच्छिण्णा[1] ॥ ६०३ ॥**

**चरिमे खंडे पतिते कृतकरणीय इति भण्यते एषः।**
**तस्य द्विचरमे निद्रा प्रचला सत्त्वोदयव्युच्छिन्ना ॥ ६०३ ॥**

स० चं०—ऐसैं अन्त कांडकका घात होतैं याकौं कृतकृत्य छद्मस्थ कहिए, जातैं याके ऊपरि तीनि घातियानिका स्थितिकांडकघात नाहीं है। केवल उदयावलीके बाह्य तिष्ठता द्रव्यकौं उदयावलीविषैं प्राप्त करणेरूप उदीरणा ही करै है, सो यावत् अधिक समय आवली अवशेष रहै तहां पर्यन्त वर्तै है। बहुरि ताके ऊपरि एक एक समयविषैं एक एक निषेकका क्रमतैं उदय ही पाइए है। जातैं उदयावलीविषैं प्राप्त द्रव्यकी उदीरणा न हो है। बहुरि ऐसैं क्षीणकषायका द्विचरम समय प्राप्त भया तब निद्रा प्रचला कर्मका सत्त्व अर उदयका व्युच्छेद भया। इहां शुक्लध्यान होतैं भी अव्यक्त निद्रा वा प्रचलाका उदय संभवै था सो भी नाश भया। अब इहां क्षपकश्रेणि चढ़नेवाले जीव तीन वेदविषैं एक वेद अर च्यारि कषायविषैं एक कषायका उदय सहित श्रेणी चढ़नेकी अपेक्षा बारह प्रकार हैं। तहां पूर्वोक्त सर्व प्ररूपणा पुरुषवेद अर क्रोधकषाय सहित श्रेणी चढ़नेवालेकी जाननी ॥ ६०३ ॥ बहुरि अवशेष ग्यारह प्रकार जीवनिविषैं विशेष है सो कहिए है। तहां पुरुषवेद अर मानादिक कषायसहित श्रेणी चढ़नेवालेकैं विशेष है सो कहिए है—

---

१. तदो दुचरिमसमये णिद्दा-पयलाणमुदयसंतवोच्छेदो। क० चु०, पृ० ८९४।

**कोहस्स य पढमठिदीजुत्ता कोहादिएक्कदोतीहिं ।**
**खवणद्धाहि कमसो माणतियाणं तु पढमठिदी[1] ॥६०४॥**

**क्रोधस्य च प्रथमस्थितियुक्ता क्रोधादिएकद्वित्रयाणाम् ।**
**क्षपणाद्धा हि क्रमशो मानत्रयाणां तु प्रथमस्थितिः ॥६०४॥**

स० चं०—पुरुषवेदयुक्त मानादि कषायसहित श्रेणी चढ़्या जीवकैं अधःकरणतैं लगाय अंतरकरणकी समाप्ति पर्यंत तौ सर्व प्ररूपणा पुरुषवेद क्रोधसहित श्रेणी चढ़्या जीवकैं समान जाननी। ताके अनंतरि क्रोधकी प्रथम स्थितिसहित क्रोधादिक एक दोय तीन कषायनिक जो क्षपणा काल सो क्रमतैं मानादिक तीन कषायनिकी प्रथम स्थिति हो है सोई कहिए है—

मानसहित श्रेणी चढ़्या जीव है सोई अंतरकरणकी समाप्तिके अनन्तर क्रोधकी प्रथम स्थिति न स्थापै है। मानकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूतमात्र स्थापै है। सो क्रोधसहित श्रेणी चढ़्याकैं नपुंसकवेदका क्षपणा कालतैं लगाय कृष्टिकारककालपर्यंत तो क्रोधकी प्रथम स्थिति अर क्रोधकी तीनों संग्रह कृष्टिका वेदककालमात्र क्रोधका क्षपणा काल इनि दोऊनिकौं मिलाएँ जेता प्रमाण होइ तितना मानसहित श्रेणी चढ्याकैं मानकी प्रथम स्थितिका प्रमाण जानना। बहुरि मायासहित श्रेणी चढ्या जीव है, सो अन्तरकरणका समाप्तिके अनन्तरि क्रोध अर मानकी प्रथम स्थिति नाहीं स्थापै है। मायाकी प्रथम स्थिति अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थापै है। सो क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जीवकैं जो पूर्वोक्त क्रोधकी प्रथम स्थिति अर क्रोध क्षपणाकाल अर मानकी तीनौं संग्रह कृष्टिका वेदक कालमात्र मान क्षपणा काल इन तीनौंकौं मिलाएँ जो होइ तेता माया सहित श्रेणी चढ्या जीवकैं मायाकी प्रथम स्थितिका प्रमाण हो है। बहुरि लोभ सहित श्रेणी चढ्या जीव है, सो अन्तरकरणकी समाप्तिके अनन्तरि क्रोध अर मान अर मायाकी प्रथम स्थिति नाहीं स्थापै है, लोभकी प्रथम स्थिति स्थापै है। सो क्रोधसहित श्रेणी चढ्याकैं जो पूर्वोक्त क्रोधकी प्रथम स्थिति अर क्रोध क्षपणा काल अर मान क्षपणाकाल अर मायाका वेदक कालमात्र जो मायाका क्षपणा काल इन च्यारोकौं मिलाएँ जो होइ तितना लोभ सहित श्रेणी चढ्या जीवकैं लोभकी प्रथम स्थितिका प्रमाण जानना ॥६०४॥

**माणतियाणुदयमहो कोहादिगिदुतिय खवियपणिधम्हि ।**
**हयकण्णकिट्टिकरणं किच्चा लोहं विणासेदि[2] ॥६०५॥**

**मानत्रयाणामुदयमथ क्रोधाद्येकद्वित्रयं क्षपकप्रणिधौ ।**
**हयकर्णकृष्टिकरणं कृत्वा लोभं विनाशयति ॥६०५॥**

स० चं०—मानादिक तीन कषायनिका उदयसहित श्रेणी चढ्या जीव है, सो क्रमतैं क्रोधादिक एक दोय तीन कषायनिका क्षपणा कालके निकटि अश्वकर्ण सहित कृष्टिकरणकौं करि लोभकौं विनाशै है। सोई कहिए है—तहां प्रथम मान सहित श्रेणी चढ्याका व्याख्यान करिए है—

---

१. क० चु०, पृ० ८९०–८९२। २. क० चु०, पृ० ८९०–८९२।

क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जीव जिस कालविषैं च्यारों कषायनिका अश्वकर्णकरण अर अपूर्व स्पर्धक विधानकौं करै है तिस कालविषैं मान सहित श्रेणि चढ्या जीव पूर्व स्पर्धकरूप जो क्रोध था ताकौं मान कषायरूप परिनमाय क्षय करै है। तातैं क्रोधसहित श्रेणी चढ्याके बारह संग्रह कृष्टि हो है। मानसहित श्रेणी चढ्याकैं तीन कषायनिकी नव ही संग्रहकृष्टि हो है। बहुरि क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जिस कालविषैं बादर कृष्टि करै है तिस कालविषैं मानसहित श्रेणी चढ्या जीव तीन कषायनिकी अश्वकर्णसहित अपूर्व स्पर्धक क्रिया करै है। बहुरि क्रोध सहित श्रेणी चढ्या जीव जिस कालविषैं क्रोधकी तीन संग्रह कृष्टिकौं वेद क्षपावै है तिस कालविषैं मानसहित श्रेणी चढ्या जीव मानादि तीन कषायनिकी नव बादर संग्रह कृष्टि करै है। बहुरि ताके ऊपरि मानकषायका वेदक काल आदि सर्व प्ररूपणा क्रोधसहित श्रेणी चढ्याकै अर मानसहित श्रेणी चढ्याकैं समान है। अब मायासहित श्रेणी चढ्या जीवका व्याख्यान करिए है—

क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जिस कालविषैं अश्वकर्ण क्रिया करै है तिस कालविषैं यह क्रोधकौं मानरूप परिनमाइ क्षय करै है। बहुरि क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जिस कालविषैं कृष्टि करै है तिस कालविषैं यह मानको मायारूप परनमाइ क्षय करै है। बहुरि क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जिस कालविषैं क्रोधकी तीन संग्रह कृष्टिकौं वेदि क्षपावैं है तिस कालविषैं यह माया अर लोभकी छह बादर संग्रह कृष्टि करै है। बहुरि ताके ऊपरि मायाकी संग्रह कृष्टिका वेदक काल आदि सर्व प्ररूपणा क्रोधसहित श्रेणी चढ्याकैं अर याकैं समान है। अब लोभसहित श्रेणी चढ्या जीवका व्याख्यान कहिए है—

क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जिस कालविषैं अश्वकर्ण करै है तिस कालविषैं यहु पूर्व स्पर्धकरूप क्रोधकौं मानरूप परिनमाइ क्षय करै है। बहुरि क्रोधसहित चढ्या जीव जिस कालविषैं कृष्टि करै है तिस कालविषैं यहु पूर्व स्पर्धकरूप मानकौं मायारूप परनमाइ क्षय करै है। बहुरि क्रोध सहित चढ्या जिस कालविषैं क्रोधकी तीन संग्रह कृष्टिनिकौ वेदि क्षय करै है तिस कालविषैं यहु पूर्व स्पर्धकरूप मायाकौं लोभरूप परिनमाइ क्षय करै है। बहुरि क्रोधसहित श्रेणी चढ्या जीव जिस काल मानकी तीन संग्रह कृष्टिनिकौं वेदि क्षय करै है तिस कालविषैं यहु लोभकी तीन बादर संग्रह कृष्टि करै है। तातैं उपरि लोभकी प्रथम संग्रह कृष्टि वेदक काल आदि सर्व प्ररूपणा क्रोधसहित श्रेणी चढ्याकैं अर याकैं समान है ॥६०५॥

विशेष—चूर्णिसूत्रमें 'क्रोध कषायके उदयसे चढ़ा हुआ जीव जिस कालमें मानसंज्वलनका क्षय करता है उस कालमें लोभसंज्वलनके उदयसे चढ़ा हुआ जीव अश्वकर्णकरण क्रिया करता है। इस पर टीका करते हुए जयधवलाकार कहते हैं कि यद्यपि अकेले लोभसंज्वलनका अश्वकर्णकरणरूपसे विनाश सम्भव नहीं है तो भी अनुभागविशेषके घातको तथा अपूर्व स्पर्धकोंके विधानको देखते हुए यहाँ भी अश्वकर्णकरण काल सम्भव है; इसलिये यह कथन विरुद्ध नहीं है। तथा उक्त जीव कृष्टिकरण कालके भीतर पूर्व और अपूर्व स्पर्धकोंका अपवर्तन करके तीन बादर संग्रह कृष्टियोंको रचता है ऐसा जानना चाहिये, क्योंकि यहाँ पर शेष कषाय सम्भव नहीं है।

ऐसैं पुरुषवेद सहित चढ्या च्यारि प्रकार जीवनिके विशेषका वर्णन कीया अर स्त्रीवेद सहित चढे च्यारि प्रकार जीवनिकैं विशेष कहिए है—

**पुरिसोदएण चडिदस्सित्थीखवणद्धंतं पढमठिदी ।**
**इत्थिस्स सत्तकम्मं अवगदवेदो समं विणासेदि**[1] ॥६०६॥

**पुरुषोदयेन चटितस्य स्त्रीक्षपणाद्धांतं प्रथमस्थितिः ।**
**स्त्रिया सप्तकर्माणि अपगतवेदः समं विनाशयति ॥६०६॥**

स० चं०—स्त्रीवेदसहित चढ्या जीवकैं यावत् अंतरकरण न होइ तावत् प्ररूपणा सर्व समान है। बहुरि अंतरकरण करता संता यहु पुरुषवेदकी प्रथम स्थिति नाहीं करै है। स्त्रीवेदही-की प्रथम स्थिति स्थापै है, जातैं जिस वेदका कषायके उदै श्रेणी चढै ताहीका प्रथम स्थिति स्थापै है। तिस स्त्रीवेदकी प्रथम स्थितिका प्रमाण पुरुषवेदका उदयसहित श्रेणी चढ्या जीवकैं जितना नपुंसक वेदका क्षपणा काल सहित स्त्रीवेदका क्षपणा काल होइ तितना जानना। बहुरि नपुंसक-वेदकी वा स्त्रीवेदकी क्षपणा करनेविषैं स्त्रीवेदसहित चढ्या जीवकैं पुरुषवेद सहित चढ्या जीवकैं समान काल है। बहुरि ताके ऊपरि पुरुषवेदसहित चढ्या जीव है सो तौ पुरुषवेदका उदययुक्त हुवा सप्त नोकषायका क्षपणा कालविषैं सप्त नोकषायनिकौं क्षपावै है। तहां पुरुषवेदके नवक समय प्रबद्धनिकौं ताके पीछे समय घाटि दोय आवली काल विषैं क्षपावे है। बहुरि यह स्त्रीवेद-सहित चढ्या जीव है सो वेद उदयकरि रहित होत संता सप्त नोकषायका क्षपणा कालविषै सर्व सप्त नोकषायनिकौं क्षपावै है। पुरुषवेदका बंध याकैं नाही है, तातैं नवक समयप्रबद्धका पीछैं खिपावना याकैं न संभवे है। बहुरि ताके ऊपरि अश्वकर्णादि क्रियानिविषैं जैसैं पुरुषवेदसहित चढे च्यारि प्रकार जीवनिका विशेष कह्या तैसैं ही स्त्रीवेदसहित चढे च्यारि प्रकार जीवनिका विशेष वर्णन जानना ॥६०६॥

अब नपुंसकवेद सहित चढे च्यारि प्रकार जीवनिका व्याख्यान करिए है—

**थीपढमट्ठिदिमेत्ता संढस्स वि अंतरादु संढेक्क ।**
**तस्सद्धा त्ति तदुवरि संढं इत्थिं च खवदि थीचरिमे ॥**
**अवगयवेदो संतो सत्त कसाये खवेदि त्थीचरिमे ।**
**पुरिसुदये चडणविही सेसुदयाणं तु हेट्ठुवरिं**[2] ॥६०८॥

**स्त्रीप्रथमस्थितिमात्रा षंढस्यापि अंतरात् षंढैकः ।**
**तस्याद्धा इति तदुपरि षंढं स्त्रीं च क्षपयति स्त्रीचरमे ॥ ६०७ ॥**
**अपगतवेदः संतः सप्त कषायान् क्षपयति स्त्रीचरमे ।**
**पुरुषोदयेन चटनविधिः शेषोदयानां तु अधस्तनोपरि ॥ ६०८ ॥**

स० चं०—नपुंसकवेदसहित श्रेणि चढ्या जीवकैं यावत् अन्तरकरण न करिए तावत् सर्व प्ररूपणा समान है, ताके ऊपरि पुरुषवेदकी प्रथम स्थिति नाही स्थापै है, नपुंसकवेदहीकी प्रथम

१. क० चु०, पृ० ८९३। २. क० चु० पृ० ८९३–८९४।

बहुरि द्वितीय समयविषै कपाट समुद्घात करै है। तहां पूर्व दिशा सन्मुख कायोत्सर्ग आसनयुक्त केवलीके प्रदेश किंचिदून चौदह राजू ऊँचे सात राजू चौडे बारह अंगुल मोटे हो हैं। बहुरि पूर्व सन्मुख पद्मासन स्थित केवलीके प्रदेश ऊँचे चौडे पूर्वोक्त मोटे छत्तीस अंगुल हो हैं। बहुरि उत्तर सन्मुख कायोत्सर्गस्थित केवलीके प्रदेश किंचिदून चौदह राजू ऊँचे अर नीचे सात राजू, क्रमतैं घटि मध्य लोक निकटि एक राजू, क्रमतैं बंधि ब्रह्म स्वर्ग निकटि पांच राजू, क्रमतैं घटि ऊपरि एक राजू चौडे अर बारह अंगुल मोटे प्रदेश हो हैं। बहुरि उत्तर सन्मुख पद्मासन स्थित केवलीके प्रदेश ऊँचे चौडे तैसैं ही अर मोटे छत्तीस अंगुल हैं। ऐसैं कपाट आकारि प्रदेश फैलनेतैं कपाट कह्या[1]।

बहुरि तीसरे समय प्रतर करै है। तहाँ वातवलय विना अवशेष सर्व लोकविषैं आत्माके प्रदेश फैलैं हैं, सो याका नाम मंथान भी है[2]।

बहुरि चतुर्थ समयविषै लोकपूरण हो है। तहा वातवलयसहित सर्व लोकविषैं आत्माके प्रदेश फैले हैं।[3] ऐसैं च्यारि समयनिविषैं दण्ड कपाट प्रतर लोकपूरण क्रमतैं प्रदेश फैलैं हैं॥६२३॥

तहाँ कार्यविशेष हो है सो कहिए है—

**ठिदिखंडमसंखेज्जे भागे रसखंडमप्पसत्थाणं।**
**हणदि अणंता भागा दंडादी चउसु समएसु[4] ॥६२४॥**

**स्थितिखंडमसंख्येयान् भागान् रसखंडमप्रशस्तानां।**
**हंति अनंतान् भागान् दंडादिचतुर्षु समयेषु ॥६२४॥**

स० चं०—दंडादिकके च्यारि समयनिविषैं स्थित खंड तौ असंख्यात बहुभागमात्र, अप्रशस्तनिका अनुभागखंड अनंत भागमात्र ताकौं घाते है। सोई कहिए है—

दंडरूप प्रथम समयविषैं जो नाम गोत्र वेदनीयका स्थितिसत्त्व पूर्वैं पल्यका असंख्यातवाँ

---

१. कपाटमिव कपाटं। कः उपमार्थः? यथा कपाटं बाहल्येण स्तोकमेव भूत्वा विष्कम्भायामाभ्यां परिवर्धते, एवमयमपि जीवप्रदेशावस्थाविशेषः मूलशरीरबाहल्येन तत्त्रिगुणबाहल्येन वा देसूणचोद्दसरज्जु-आयामेण सत्तरज्जुविक्खंभेण वड्ढि-हाणिगदविक्खंभेण वा वड्ढिदूण चिट्ठदि त्ति कवाडसमुग्घादो त्ति भण्णदे। जयध० ता० मु० पृ० २२७९।

२. मथ्यतेऽनेन कर्मेति मन्थः। अघादिकम्माणं ट्ठिदिअणुभागणिम्महणट्ठो केवलिजीवपदेसाण-मवत्थाविसेसो पदरसण्णिदो मंथो त्ति वुत्तं होइ। एदम्मि अवत्थाविसेसे वट्टमाणस्स केवलिणो जीवपदेसा चदुहिं मि पासेहिं पदरागारेण विसप्पिदूण समंतदो वादवलयवदिरित्तासेसलोगागासपदेसे आवूरिया चिट्ठंति त्ति दट्ठव्वं, सहावदो चेव तदवत्थाए केवलिजीवपदेसाणं वादवलयब्भंतरे संचाराभावादो। एदस्स चेव पदरसण्णा रुजगसण्णा च आगमरूढिबलेण दट्ठव्वा। जयध० ता० मु० पृ० २२८०।

३. वादवलयावरुद्धलोगागासपदेसु वि जीवपदेसेसु समंतदो पविट्ठेसु लोगपूरणसण्णिदं चतुत्थं केवलिसमुद्धादविसेसो तदवत्थाए पडिवज्जदि त्ति भणिदं होदि। जयध० ता० मु० पृ० २२८०।

४. तम्हि ठिदीए असंखेज्जे भागे हणइ। सेसस्स च अणुभागस्स अप्पसत्थाणमणंताभागे हणदि। क० चु० पृ० ९०१।

भागमात्र था ताकौं असंख्यातका भाग दीएं तहाँ बहुभागमात्र घटाइ एक भागमात्र अवशेष राखे है। बहुरि अप्रशस्त प्रकृतिनिकौं क्षीणकषायका अन्त समयविषैं जो अनुभाग रह्या था ताकौं अनन्तका भाग दीएं तहाँ बहुभाग घटाइ एक भागमात्र अवशेष राखै है। बहुरि कपाटरूप द्वितीय समयविषैं जो दंड समयविषैं स्थिति अनुभाग रहे थे तिनकौं क्रमतैं असंख्यात अनंतका भाग दीएं तहाँ बहुभाग घटाइ एक भागमात्र अवशेष राखे है। बहुरि प्रतररूप तीसरा समयविषैं कपाट समयविषैं जो स्थिति अनुभाग रह्या ताकौं असंख्यात अनंतका भाग क्रमतैं दीएं तहाँ बहुभाग घटाइ एक भागमात्र अवशेष राखै है। बहुरि लोकपूरणरूप चौथा समय विषैं जो प्रतर समयविषैं स्थिति अनुभाग रह्या था ताकौं असंख्यात अनंतका भाग क्रमतैं दीएं तहाँ बहुभाग घटाइ एक भागमात्र अवशेष राखै है। प्रशस्त प्रकृतिनिका स्थितिघात हो है, अनुभागघात न हो है ऐसा जानना। बहुरि गुणश्रेणिनिर्जरा आवर्जित करणवत् हो है ॥६२४॥

**चउसमएसु रसस्स य अणुसमओवट्टणा असत्थाणं।**
**ठिदिखंडस्सिगिसमयिगघादो अंतोमुहुत्तुवरिं[1] ॥**

**चतुःसमयेषु रसस्य च अनुसमयापवर्तनमशस्तानां।**
**स्थितिखंडस्यैकसमयिकघातो अंतर्मुहूर्तोपरि ॥६२५॥**

स० चं०—ऐसैं च्यारि समयनिविषैं अप्रशस्त प्रकृतिनिके अनुभागका अनुसमयापवर्तन भया। समय-समय अनुभागका घटना भया। बहुरि स्थितिखण्डका एक समयकरि घात भया। एक-एक समयविषैं एक-एक स्थितिकांडकघात कीया सो यह माहात्म्य समुद्घात क्रियाका जानना। बहुरि लोकपूरणके अनन्तरि अन्तर्मुहूर्तमात्र स्थितिकांडक वा अनुभागकांडकका आयाम जानना। अन्तर्मुहूर्त कालकरि स्थिति-अनुभागका घटावना जानना[2] ॥६२५॥

**जगपूरणम्हि एक्का जोगस्स य वग्गणा ठिदी तत्थ।**
**अंतोमुहुत्तमेत्ता संखगुणा आउआ होदि[3] ॥६२६॥**

**जगत्पूरणे एका योगस्य च वर्गणा स्थितिस्तत्र।**
**अंतर्मुहूर्तमात्रा संख्यगुणा आयुषो भवति ॥६२६॥**

स० चं०—लोकपूरणका समयविषैं योगनिकी एक वर्गणा है। पूर्वैं आत्माके प्रदेशनिविषैं हीनाधिक योगनिके अविभागप्रतिच्छेद थे। इहां आत्माके सर्व प्रदेशनिविषैं समान प्रमाण लीएं योगनिके अविभागप्रतिच्छेद भए। याका नाम समयोग परिणाम है। सो यहु सूक्ष्मनिगोदियाकैं

१. एदेसु चदुसु समएसु अप्पसत्थकम्मंसाणमणुभागस्स अणुसमयमोवट्टणा। एगसमइओ ठिदिखंडयस्स घादो। क. चु. पृ. ९०३।

२. एत्तो सेसिगाए ठिदीए संखेज्जे भागे हणइ। सेसस्स च अणुभागस्स अणंते भागे हणइ। एत्तो पाए ठिदिखंडयस्स अणुभागखंडयस्स च अंतोमुहुत्तिया उक्कीरणद्धा। क० चु० पृ० ९०३।

३. तदो चउत्थसमये लोगं पूरेदि। लोगे पुण्णे एक्का वग्गणा जोगस्स त्ति समजोगो त्ति णायव्वो। लोगे पुण्णे अंतोमुहुत्तं ठिदिं ठवेदि। संखेज्जगुणमाउआदो। क०, चू०, पृ० ९०२।

जो जघन्य योगस्थान है ताकी जघन्य वर्गणातैं असंख्यातगुणी जो यथायोग्य मध्यम वर्गणा ताका वर्गनिके समान इहां सर्व आत्मप्रदेशनिविषैं समानरूप अविभागप्रतिच्छेद हो हैं। सो यहु एक समय ही रहे है। पीछे हीनाधिकता लीएं पूर्व स्पर्धकरूप योग परिणमि जाय हैं। बहुरि तहाँ लोकपूरण समयविषैं अंतर्मुहूर्तमात्र स्थिति अवशेष राखिए है। सो यहु अवशेष रह्या आयुतैं संख्यातगुणा जानना। इहां पूर्व स्थिति थी तामैं इतनी स्थिति विना अवशेष सर्व स्थितिका कांडककरि घात भया है ॥६२६॥

इस लोकपूरण क्रियाके अनंतरि समुद्घातक्रियाकौं समेटैं हैं सो क्रम कहिए है—

**एत्तो पदर कवाडं दंडं पच्चा चउत्थसमयम्हि।**
**पविसिय देहं तु जिणो जोगणिरोधं करेदीदि ॥६२७॥**

**अतः प्रतरं कपाटं दंडं प्रतीत्य चातुर्थसमये।**
**प्रविश्य देहं तु जिनो योगनिरोधं करोतीति ॥६२७॥**

स० चं०—इस लोकपूरणके अनंतरि प्रथम समयविषैं लोकपूरणकौं समेटि प्रतररूप आत्मप्रदेश करै है। द्वितीय समयविषैं प्रतर समेटि कपाटरूप आत्मप्रदेश करै है। तीसरे समय कपाट समेटि दंडरूप आत्मप्रदेश करै है। ताके अनन्तरि चौथा समयविषैं दंड समेटि सर्वप्रदेश मूल शरीरविषैं प्रवेश करै है। इहां समुद्घात क्रियाके करने समेटनेविषैं सात समय भए। तहां दंडके दोय समयनिविषैं औदारिक काययोग है, जातैं इहाँ अन्य योग न संभवै हैं। बहुरि कपाटके दोय समयनिविषैं औदारिकमिश्रकाययोग है, जातैं इहां मूल औदारिकशरीर अर कार्मणशरीर इन दोऊनिका अवलंबनकरि आत्मप्रदेश चंचल हो हैं। बहुरि प्रतरके दोय समय अर लोकपूरणका एक समयविषैं कार्मण काययोग है, जातैं तहाँ मूल शरीरका अवलंबन करि आत्मप्रदेश चंचल न हो हैं। वा शरीर योग्य नोकर्मरूप पुद्गलकौं नाहीं ग्रहण करै हैं। तहां अनाहारक है ऐसा जानना। पीछैं मूल शरीरविषैं प्रवेशकरि तिस शरीरप्रमाण आत्मा भया तहां औदारिकयोग ही है। ऐसैं समुद्घात क्रियाका वर्णन किया।

बहुरि लोकपूरण पीछैं स्थिति-अनुभागकांडकघातका आरम्भ किया था सो मूल शरीर विषैं प्रवेशकरि शरीर प्रमाण आत्मा होई अन्तर्मुहूर्त काल तहां विश्राम कीया। तहाँ संख्यात हजार स्थिति कांडक भएं पीछैं योगनिका निरोध करै है। इहां निरोध नाम नाशका जानना ॥६२७॥

**बादरमण वचि उस्सास कायजोगं तु सुहुमजचउक्कं।**
**रुंभदि कमसो बादरसुहुमेण य कायजोगेण[1] ॥६२८॥**

**बादरमनो वच उच्छ्वासकाययोगं तु सूक्ष्मजचतुष्कं।**
**रुणद्धि क्रमशो बादरसूक्ष्मेण च काययोगेन ॥६२८॥**

---

१. एत्तो अंतोमुहुत्तं गंतूण बादरकायजोगेण बादरमणजोगं णिरुंभइ। तदो अंतोमुहुत्तेण बादरकायजोगेण बादरवचिजोगं णिरुंभइ तदो अंतोमुहुत्तेण बादरकायजोगेण बादरउस्सासनिस्सासं णिरुंभइ। तदो अंतोमुहुत्तेण बादरकायजोगेण संभवबादरकायजोगं णिरुंभइ ०००००० । क. चु. पृ. ९०३।

स० चं०—बादर काययोगरूप होइ बादर मनोयोग वचनयोग उश्वास काययोग इन च्यारयोंकौं क्रमतैं नष्ट करै है। बहुरि सूक्ष्म काययोगरूप होइ तिन चारयों सूक्ष्मनिकौं क्रमतैं नष्ट करै है। सोई कहिए है—

केवली भगवान् बादर काययोग प्रवर्ततौ संतौ पहले बादर मनोयोगकौं नष्टकरि सूक्ष्म कृष्टिरूप करै है। पीछै बादर वचनयोगकौं नष्टकरि सूक्ष्मरूप करै है। पीछै बादर उश्वासकौं नष्टकरि सूक्ष्मरूप करै है। पीछै बादर काययोगकौं नष्टकरि सूक्ष्मरूप करै है या प्रकार जो बादररूप इनकी शक्ति पूर्वैं थी ताकौं घटाइ सूक्ष्म करी। बहुरि केवली सूक्ष्म काययोगरूप प्रवर्ततौ पहलैं सूक्ष्म मनोयोगकौं पीछैं सूक्ष्म वचनयोगकौं पीछैं सूक्ष्म उश्वासकौं पीछैं सूक्ष्म काययोगकौं नष्ट करै है। इहां प्रश्न—

जो विद्यमानका नाश संभवै। इहाँ काययोगरूप प्रवर्तना अन्य योग है नाहीं, जातैं सिद्धांतविषैं एकै कालि एक योग कह्या है। बहुरि जे योग नाहीं तिनका नाश कैसें करै है? ताका समाधान—जो वर्तमान व्यक्तरूप काययोग ही प्रवर्तै है, परंतु मन-वचनयोगकी वर्गणानिविषैं मन-वचनयोग उपजावनेकी शक्ति तहाँ पाइए है ताकौं नष्ट करै है। तिनकी पहलैं बादरयोग उपजावनेकी शक्ति दूर करि सूक्ष्म कृष्टि योग उपजावनेकी शक्तिरूप तिनकौं करै है। पीछैं ताकौं भी मिटाइ योग उपजावनेकी शक्तिकरि रहित करै है। ऐसा अर्थ जानना। इहां कारणविषैं कार्यका उपचार हो हैं इस न्यायकरि योगकौं कारण जो वर्गणानिविषैं शक्ति ताकौं योग कहिए है ॥६२८॥

इहाँ पूर्वैं बादरयोग थे तिनकौं सूक्ष्मरूप परिनमाएँ ते कैसैं भएँ? सो कहिए है—

**सण्णिबिसुहुमणि पुण्णे जहण्णमणवयणकायजोगादो।**
**कुणदि असंखगुणूणं सुहुमणिपुण्णवरदो वि उस्सासं[1] ॥६२९॥**

**संज्ञिद्विसूक्ष्मनिपूर्णे जघन्यमनोवचनकाययोगतः।**
**करोति असंख्यगुणोनं सूक्ष्मनिपूर्णावरतोऽपि उच्छ्वासं ॥६२९॥**

स० चं०—संज्ञी पर्याप्तकैं जो जघन्य मनोयोग पाइए है तातैं असंख्यातगुणा घटता ऐसा सूक्ष्म मनोयोग करै है। अर बेंद्रिय पर्याप्तकैं जो जघन्य वचन योग पाइए है तातैं असंख्यातगुणा बादर वचनयोग था ताकौं घटाइ तातैं असंख्यातगुणा घटता सूक्ष्म वचन योग करै है। बहुरि सूक्ष्म निगोद पर्याप्तका जघन्य काययोगतैं असंख्यातगुणा बादर काययोग था ताकौं मिटाइ तातैं असंख्यातगुणा घटता सूक्ष्म काययोग करै है। बहुरि सूक्ष्म निगोदिया पर्याप्तका जघन्य उश्वासतैं असंख्यातगुणा बादर उश्वास था ताकौं मिटाइ तातैं असंख्यातगुणा घटता सूक्ष्म उश्वास करै है ॥६२९॥

**एक्कक्कस्स णिठंभणकालो अंतोमुहुत्तमेत्तो हु।**
**सुहुमं देहणिमाणमाणं हियमाणि करणाणि[2] ॥६३०॥**

---

१. जयध० ता. मु. पृ. २२८३–२२८४।

२. तदो अंतोमुहुत्तेण सुहुमकायजोग्ं सुहुमउस्सासं णिरुंभइ। तदो अंतोमुहुत्तं गंतूण सुहुमकायजोगेण सुहुमकायजोगं णिरुंभमाणो इमाणि करणाणि करेदि। क. चु. पृ. ९०४।

**एकैकस्य निष्टंभनकालो अंतर्मुहूर्तमात्रो हि ।**
**सूक्ष्मं देहनिर्माणं आनं हीयमानं करणानि ॥६३०॥**

स० चं०—एक एक बादर सूक्ष्म मनोयोगादिकके निरोध करनेका काल प्रत्येक अंतर्मुहूर्तमात्र जानना। बहुरि सूक्ष्म काययोगविषैं तिष्ठता सूक्ष्म उस्वासकौ नष्ट करनेके अनंतरि सूक्ष्म काययोग नाश करनेकौं प्रवर्ते है। ताकै विना इच्छा अबुद्धिपूर्वक आगैं कहिए है ते कार्य हो हैं ॥६३०॥

**सुहुमस्स य पढमादो मुहुत्तअंतो त्ति कुणदि हु अपुव्वे ।**
**पुव्वगफड्ढगहेट्ठा सेढिस्स असंखभागमिदो[२] ॥६३१॥**

**सूक्ष्मस्य च प्रथमात् मुहूर्तान्तमिति करोति हि अपूर्वान् ।**
**पूर्वस्पर्धकाधस्तनं श्रेण्या असंख्यभागमितं ॥६३१॥**

स० चं०—सूक्ष्म काययोग होनेका प्रथम समयतैं लगाय अंतर्मुहूर्त कालपर्यन्त पूर्व स्पर्धकनिके नीचैं जगच्छ्रेणिके असंख्यातवैं भागमात्र अपूर्व स्पर्धक करै है। सोई कहिए है—

पूर्व स्पर्धकनिका स्वरूप गोम्मटसारका कर्मकांडविषैं जो बंध-सत्त्व-उदय अधिकार है तिसविषैं प्रदेशबंधका कथनका प्रसंग पाइ योगनिका वर्णन कीया है, तहाँतै जानना। इहाँ भी किछू कहिए है—

जघन्य योगस्थानयुक्त जीव ताके लोकमात्र प्रदेश तिनविषैं जिस प्रदेशविषैं सबतैं स्तोक योगशक्ति पाइए ताकौं स्थापि ताके उपरि तिसतैं बंधती अर अन्य प्रदेशनितैं हीन जिस अन्य प्रदेशविषैं योगशक्ति पाइए ताकौं स्थापैं तिस प्रदेशतैं याविषैं जितनी योग शक्ति बंधती है ताका नाम अविभागप्रतिच्छेद है। बुद्धिविषैं इतने प्रमाण खंड कल्पि याकरि योगशक्तिका प्रमाण कीजिए तब जघन्य शक्तियुक्त प्रदेशनिविषैं असंख्यात लोकमात्र अविभागप्रतिच्छेद हो हैं। इनका समूहरूप जो एक प्रदेश ताकौं जघन्य वर्ग कहिए है। बहुरि इतने इतने अविभागप्रतिच्छेद जिनि प्रदेशनिविषैं समानरूप पाइए तिनिका समूहका नाम जघन्य वर्गणा है। ते प्रदेश कितने हैं ?

सर्व जीवके प्रदेशनिकौं साधिक ड्योढ गुणहानिका भाग दीएँ एक भागमात्र हैं, सो असंख्यात जगत्प्रतरप्रमाण हैं। इहां एक गुणहानिविषैं जो स्पर्धकनिका प्रमाण ताकौं एक स्पर्धकविषैं जो वर्गणानिका प्रमाण ताकौं गुणैं जो होइ सो एक गुणहानिका प्रमाण जानना। बहुरि ताके उपरि जघन्य वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनितैं एक अविभागप्रतिच्छेद जिनिविषैं अधिक पाइए ऐसैं वर्गनिका समूहरूप द्वितीय वर्गणा है। ते वर्गरूप प्रदेश कितने हैं ?

जघन्य वर्गणाके प्रदेशनितैं एक विशेषमात्र घटती हैं। विशेषका प्रमाण जघन्य वर्गणाकौं दोय गुणहानिका भाग दीएँ जो होइ सो जानना। बहुरि इहांतैं ऊपरि द्वितीय गुणहानिकी प्रथम वर्गणापर्यन्त वर्गणानिविषैं प्रदेशरूप वर्गणानिका प्रमाण एक एक विशेषमात्र घटता क्रमतैं जानना।

तहां द्वितीय वर्गणाका वर्गके अविभागप्रतिच्छेदनितैं एक अधिक अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गनिका समूहरूप तृतीय वर्गणा होइ ऐसैं एक एक अधिक अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गनिका क्रम लीएँ जगच्छ्रेणिका असंख्यातवां भागमात्र वर्गणानिकी रचना करिए, इनका समूहका

२. पढमसमए अपुव्वफड्डयाणि करेदि पुव्वफड्डाणं हेट्ठदो। क. चु. पृ. ९०४।

नाम जघन्य स्पर्धक है। बहुरि ताके ऊपरि जघन्य वर्गके अविभागप्रतिच्छेदनितैं दूणा अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गनिका समूहरूप द्वितीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणा हो है। ताके ऊपरि तातैं एक अधिक अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गनिका समूहरूप ताकी द्वितीय वर्गणा है। ऐसैं क्रम लीएं श्रेणिका असंख्यातवां भागमात्र वर्गणा होइ तिनके समूहका नाम द्वितीय स्पर्धक है। बहुरि ताके ऊपरि जघन्य वर्गके अविभागप्रतिच्छेदनितैं तिगुणा अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गनिका समूहरूप तृतीय स्पर्धककी प्रथम वर्गणा होइ। ताके ऊपरि पूर्वोक्तवत् एक एक अधिक अविभागप्रतिच्छेद अधिकयुक्त वर्गनिका समूहरूप द्वितीयादि वर्गणा होइ। ऐसैं श्रेणिका असंख्यातवां भागमात्र वर्गणा होइ तिनके समूहका नाम तृतीय स्पर्धक है। या प्रकार अविभागप्रतिच्छेद बंधनेका यावत् अनुक्रम होइ तावत् सोई स्पर्धक अर युगपत् अनेक स्पर्धक बंधै अन्य स्पर्धक होइ। सो ऐसैं जगच्छ्रेणिके असंख्यातवैं भागमात्र स्पर्धक भएं तिनिका समूहरूप प्रथम गुणहानि हो है। बहुरि ताके ऊपरि एक गुणहानिविषैं जो स्पर्धकनिका प्रमाण तातैं एक अधिक प्रमाणकरि गुणित जो जघन्य वर्गके अविभाग प्रतिच्छेदनिका प्रमाण होइ तितने अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गनिका समूहरूप द्वितीय गुणहानिका प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणा होइ। याविषैं वर्गनिका प्रमाण गुण-हानिकी प्रथम वर्गणाके वर्गनिका प्रमाणतैं आधा जानना। बहुरि ताके ऊपरि प्रथम गुणहानिवत् अनुक्रम जानना। वर्गणानिविषैं वर्गनिका प्रमाण एक एक विशेष घटता है। सो इहाँ विशेषका प्रमाण प्रथम गुणहानिके विशेषतैं आधा जानना। ऐसैं द्वितीय गुणहानि समाप्त होइ है।

ऐसैं जघन्य स्पर्धकतैं लगाय जितने स्पर्धक होंइ तितना गुणकारकरि जघन्य वर्गके अविभागप्रतिच्छेदनिकौं गुणैं विवक्षित स्पर्धककी प्रथम वर्गणाका वर्गविषैं अविभाग प्रतिच्छेदनि-का प्रमाण होइ। ऊपरि द्वितीयादि वर्गणानिविषैं एक एक अविभागप्रतिच्छेद बंधता क्रम लीएं वर्ग पाइए है। असंख्यात लोकमात्र अविभागप्रतिच्छेदनिका समूहरूप एक प्रदेशका नाम वर्ग है। असंख्यात जगत्प्रतरमात्र वर्गनिका समूहरूप एक वर्गणा है। जगच्छ्रेणिके असंख्यातवैं भागमात्र वर्गणानिका समूहरूप एक स्पर्धक है। ताके असंख्यातवें भागमात्र जगच्छ्रेणिका असंख्यातवाँ भाग प्रमाण स्पर्धकनिका समूहरूप एक गुणहानि हो है। गुणहानि गुणहानि प्रति वर्गणानिविषैं वर्गनिका प्रमाण वा विशेषका प्रमाण क्रमतैं आधा आधा हो है। याहीतैं गुणहानि ऐसा नाम है। ऐसैं पल्यका असंख्यातवाँ भागमात्र नाना गुणहानिका समूहरूप जघन्य योगस्थान हो है। स्पर्धकनि-की संदृष्टि इहां जघन्य वर्गविषैं अविभागप्रतिच्छेद आठ सो ऐसैं वर्गनिका समूहरूप प्रथम वर्गणा है। ताके ऊपरि नव नव अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गनिका समूहरूप द्वितीय वर्गणा ऐसैं एक एक बंधता क्रम ग्यारह अविभागप्रतिच्छेदयुक्त वर्गपर्यन्त कीया इहां प्रथम स्पर्धक भया। बहुरि दूसरे स्पर्धकके प्रथम वर्गणाके वर्गनिविषैं सोलह सोलह अविभागप्रतिच्छेद, ऊपरि एक एक बंधता, बहुरि तीसरे स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके वर्गनिविषैं चौईस चौईस ऊपरि एक एक बंधता अविभागप्रतिच्छेद है। ऐसैं अंकसंदृष्टिकरि पूर्वोक्त कथनके अनुसारि रचना जाननी—

| | अंतर | | अंतर | | अंतर | | अंतर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ११ | ० | १९ | ० | २७ | ० | ३५ | ० | ४३ |
| १० १० | ० | १८ १८ | ० | २६ २६ | ० | ३४ ३४ | ० | ४२ ४२ |
| ९ ९ ९ | ० | १७ १७ १७ | ० | २५ २५ २५ | ० | ३३ ३३ ३३ | ० | ४१ ४१ ४१ |
| ८ ८ ८ ८ | ० | १६ १६ १६ १६ | ० | २४ २४ २४ २४ | ० | ३२ ३२ ३२ ३२ | ० | ४० ४० ४० ४० |

ऐसैं जघन्य योगस्थान सूक्ष्म निगोदिया लब्धिअपर्याप्तका विग्रहगतिविषैं प्रथम समयवर्ती जीवकैं हो है। ताके प्रदेशनिविषैं योगशक्तिकी हीन-अधिकता पूर्वोक्त प्रकार जाननी। बहुरि याविषैं सूच्यंगुलका असंख्यातवां भागमात्र जे जघन्य स्पर्धक तिनके जेते अविभागप्रतिच्छेद होंइ तिनने मिलाएं दूसरा स्थान हो है। तिस जघन्य योगस्थानतैं बंधता औरनितैं घटता योगस्थान कोई जीवके होइ तो दूसरा स्थान होइ, यातैं घाटि न होइ। या प्रकार एक एक स्थानप्रति सूच्यंगुलका असंख्यातवां भागमात्र जघन्य स्पर्धक वंधै। ऐसैं जगच्छ्रेणिका असंख्यातवां भागमात्र स्थान भएं सर्वोत्कृष्ट योगस्थान हो है। सो संज्ञी पर्याप्तककैं संभवै है। या प्रकार योगस्थान हैं, तिननिषैं सयोगि जिन हैं सो पहिले संज्ञी पर्याप्तिकैं संभवता जो बादर काययोगरूप स्थान तिस-रूप प्रवर्त्तती ताकौं नष्टकरि सूक्ष्म निगोदियाका जघन्य स्थानतैं असंख्यातगुणा घटता सूक्ष्म काययोग तिसरूप प्रवर्त्या। बहुरि तिस पूर्व स्पर्धकरूप सूक्ष्म काययोगकी शक्तिकौं अपूर्व स्पर्धक-रूप परिणमावे है। इहांतैं पहले कबहूं ऐसी क्रिया न भई तातैं सार्थक अपूर्व स्पर्धक नाम है। ते अपूर्व स्पर्धक योगनिका जघन्य स्थानसम्बन्धी जघन्य स्पर्धकके नीचै असंख्यातगुणा घटता अविभागप्रतिच्छेद लीएं हो हैं। तिनका प्रमाण जगच्छ्रेणिके असंख्यातवां भागप्रमाण है ॥६३१॥

विशेष—जब सूक्ष्म काययोग करनेके बाद यह जीव सूक्ष्म काययोगकी परिस्पन्द शक्तिको सूक्ष्म निगोदिया जीवोंके जघन्य योगसे भी असंख्यातगुणी हीन परिणमाता हुआ उसे भी अत्यधिक अपकर्षित करके अपूर्व स्पर्धकरूपसे परिणमाता है तब इसकी अपूर्व स्पर्धककरण संज्ञा होती है। अतएव यहाँ इस करणका प्ररूपण करनेके लिए पूर्व स्पर्धकको श्रेणिके असंख्यातवें भागरूपसे रचना करनी चाहिये। ऐसा करनेपर सूक्ष्म निगोदियाके जघन्य स्थानसम्बन्धी स्पर्धकोंसे वे स्पर्धक असंख्यातगुणे हीन होकर स्थित होते हैं, अन्यथा उनसे ये सूक्ष्मपनेको नहीं प्राप्त हो सकते। इस प्रकार पूर्व स्पर्धकोंसे अपूर्व स्पर्धक करनेकी यह प्रक्रिया है।

**पुव्वादिवग्गणाणं जीवपदेसा विभागपिंडादो।**
**होदि असंखं भागं अपुव्वपढमम्हि ताण दुगं[1] ॥६३२॥**

**पूर्वादिवर्गणानां जीवप्रदेशाविभागपिंडतः।**
**भवति असंख्यं भागमपूर्वप्रथमे तयोर्द्विकम् ॥६३२॥**

स० चं०—पूर्वस्पर्धकनिके जीवके प्रदेशनिका पिंडतैं अर आदि वर्गणाका अविभाग-प्रतिच्छेदनिका पिंडतैं अपूर्व स्पर्धकका प्रथम समयविषैं तिनके ते दोऊ असंख्यातवें भागमात्र हो हैं। भावार्थ—

पूर्व स्पर्धकनिके सर्व प्रदेश साधिक द्व्यर्धगुणहानिगुणित प्रथम वर्गणामात्र हैं। तिनकौं अपकर्षण भागहारमात्र असंख्यातका भाग दीएं जो एक भागमात्र प्रदेश तिनकौ अपूर्व स्पर्धकरूप हो है। बहुरि पूर्व स्पर्धकनिकी जो आदि वर्गणा ताका वर्गविषैं जे ते अविभागमात्र प्रदेश तिनकौं अपूर्व स्पर्धकरूप हो है। बहुरि पूर्व स्पर्धकनिकी जो आदि वर्गणा ताका वर्गविषैं जेते अविभाग-

---

१. आदिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदाणमसंखेज्जदिभागमोकड्डदि। जीवपदेसाणं च असंखेज्जदिभाग-मोकड्डदि। एवमंतोमुहुत्तमपुव्वफद्दयाणि करेदि। क. चु. पृ. ९०४।

प्रतिच्छेद पाइए है ताकौं पल्यके असंख्यातवां भागमात्र असंख्यातका भाग दीएं तहां एकभागमात्र अपूर्व स्पर्धककी अंत वर्गणाका वर्गविषैं अविभागप्रतिच्छेद पाइए हैं। इहां प्रथम समयविषैं अपकर्षण कीए जे जीवके प्रदेश तिनिविषैं अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं तो बहुत प्रदेश दीजिए है। अर द्वितीयादि अन्त पर्यन्त वर्गणानिविषैं विशेष घटता क्रम लीएं दीजिए है। इहां विशेषका प्रमाण प्रथम वर्गणाकौं जगच्छ्रेणिका असंख्यातवां भागका भाग दीएं आवै है। बहुरि अपूर्व स्पर्धककी अन्त वर्गणाविषैं दीया प्रदेशसमूहकौं साधिक अपकर्षण भागहारका भाग दीएं एक भागमात्र पूर्वस्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं दीया प्रदेश समूह हो है। ताके ऊपरि यथोचित विशेष घटता क्रमलीएं प्रदेश दीजिए है। इहां प्रदेश देनेका अर्थ यहु जानना जो प्रदेशनिकौं ऐसैं योगरूप परिनमाइए है। इहां प्रथम समयविषैं कीने अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण जो एक गुणहानिविषैं पूर्व-स्पर्धकनिका प्रमाण है ताके असंख्यातवैं भागमात्र जानना ॥६३२॥

**ओकड्डदि पडिसमयं जीवपदेसे असंखगुणियकमे।**
**कुणदि अपुव्वफड्डयं तग्गुणहीणक्कमेणेव[1] ॥६३३॥**

**अपकर्षति प्रतिसमयं जीवप्रदेशान् असंख्यगुणितक्रमेण।**
**करोति अपूर्वस्पर्धकं तद्गुणहीनक्रमेणैव ॥६३३॥**

स० चं०—द्वितीयादि समयनिविषैं समय समय प्रति असंख्यातगुणा क्रमकरि जीव प्रदेशनिकौं अपकर्षण करै है। बहुरि असंख्यातगुणा घटता क्रमकरि नवीन अपूर्व स्पर्धक करिए है। तहां द्रव्य देनेका विधान कहिए है—

द्वितीय सकयविषैं जेते प्रथम समयविषैं प्रदेश अपकर्षण कीए तिनितैं असंख्यातगुणा प्रदेशनिकौं अपकर्षण करि प्रथम समयविषैं कीने थे जे अपूर्वस्पर्धक तिनके नीचैं इस समयविषै नवीन अपूर्व स्पर्धक करिए है। तहां अपकर्षण कीए प्रदेशनिविषैं तिन नवीन कीए अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषै बहुत प्रदेश दीजिए है। ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्त पर्यन्त वर्गणानिविषैं विशेष घटता क्रम लीएं दीजिए हैं। यहां प्रथम समयविषैं कीएं अपूर्व स्पर्धकनितैं द्वितीय समयविषैं कीएं नवीन अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण असंख्यात गुणां घटता कानना। बहुरि तिसकी अन्त वर्गणाके ऊपरि प्रथम समयविषैं कीएं अपूर्व स्पर्धकनिकी प्रथम वर्गणा तीहिविषैं तातैं असंख्यात-गुणा घटता दीजिए है। ताके ऊपरि पूर्व स्पर्धककी अन्त वर्गणापर्यन्त विशेष घटता क्रम लीएं दीजिए है। बहुरि तृतीयादि समयनिविषैं भी ऐसैं ही विधान जानना। विशेष इतना—

समय-समय प्रति अपकर्षण कीए प्रदेशनिका प्रमाण असंख्यातगुणा क्रमतैं जानना। अर नीचैं नीचैं नवीन अपूर्व स्पर्धक करिए हैं तिनका प्रमाण असंख्यातगुणा घटता क्रमतैं जानना। बहुरि तहाँ अपकर्षण कीया प्रदेशनिविषैं नवीन स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं बहुत प्रदेश होंइ। ताके ऊपरि ताकी अन्त वर्गणापर्यन्त तौ विशेष घटता क्रमलीएं देना। अर ताके ऊपरि पूर्व समयविषैं कीने स्पर्धककी प्रथम वर्गणा विषैं असंख्यातगुणा घटता दीजिए है। ताके ऊपरि विशेष घटता क्रम लीएं दीजिए है। ऐसैं देय प्रदेशनिका विधान कह्या अर दृश्यमान प्रदेश सर्व समयनिविषैं पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिकैं विशेष घटता क्रमलीएं ही जानना ॥६३३॥

---

१. क० चु० पृ० ९०४।

**सेढिपदस्स असंखं भागं पुव्वाण फड्डयाणं वा ।**
**सव्वे होंति अपुव्वा हु फड्डया जोगपडिबद्धा[1] ॥६३४॥**

**श्रेणिपदस्यासंख्यं भागं पूर्वेषां स्पर्धकानां वा ।**
**सर्वे भवंति अपूर्वा हि स्पर्धका योगप्रतिबद्धाः ॥६३४॥**

स० चं०—सर्व समयनिविषैं कीए योगसम्बन्धी अपूर्व स्पर्धक तिनिका जो प्रमाण सो जगच्छ्रेणिका प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवैं भागमात्र हैं। अथवा सर्व पूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण के असंख्यातवैं भागमात्र है। जातैं पूर्व स्पर्धकनिविषैं पल्यका असंख्यातवां भागमात्र गुणहानि पाइए है। तहां एक गुणहानिविषैं जो स्पर्धकनिका प्रमाण ताके असंख्यातवैं भागमात्र सर्व अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाण है। ऐसैं अन्तमुंहूर्त कालविषैं अपूर्व स्पर्धक क्रिया हो है। इहाँ स्थिति-अनुभागकांडकका घात गुणश्रेणीनिर्जरा पूर्ववत् ही प्रवर्तै है ॥६३४॥

**एत्तो करेदि किट्टिं मुहुत्तअंतो त्ति ते अपुव्वाणं ।**
**हेट्ठादु फड्डयाणं सेढिस्स असंखभागमिदं[2] ॥६३५॥**

**इतः करोति कृष्टिं मुहूर्तान्तमिति ता अपूर्वेषाम् ।**
**अधस्तनात् स्पर्धकानां श्रेण्या असंख्यभागमिताम् ॥६३५॥**

स० चं०—याके अनंतरि अन्तमुंहूर्त कालपर्यन्त अपूर्व स्पर्धकनिके नीचैं सूक्ष्म कृष्टि करै है। जो पूर्व अपूर्व स्पर्धकरूप योगशक्ति थी ताकौं घटाइ असंख्यातगुणी घाटि करै है। तिन सूक्ष्म कृष्टिनिका प्रमाण जगच्छ्रेणिके असंख्यातवैं भागमात्र है। एक स्पर्धकविषैं जो वर्गणानिका प्रमाण ताके असंख्यातवै भागमात्र है ॥६३५॥

**अपुव्वादिवग्गणाणं जीवपदेसाविभागपिंडादो ।**
**होंति असंखं भागं किट्टीपढमम्हि ताण दुगं[3] ॥६३६॥**

**अपूर्वादिवर्गणानां जीवप्रदेशाविभागपिंडतः ।**
**भवंति असंख्यं भागं कृष्टिप्रथमे तयोर्दिकम् ॥६३६॥**

स० चं०—अपूर्व स्पर्धकसम्बन्धी सर्व जीव प्रदेशनिकै अर अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदनिके असंख्यातवें भागमात्र कृष्टिकरणका प्रथम समयविषैं तिनके ते दोऊ हो हैं। भावार्थ—

सर्व पूर्व अपूर्व स्पर्धकनिका जो प्रदेश समूह ताकौं अपकर्षण भागहारका भाग दीए

---

१. अपुव्वफद्दयाणि सेढीए असंखेज्जदिभागो। सेढिवग्गमूलस्स वि असंखेज्जदिभागो। पुव्वफद्दयाणं वि असंखेज्जदिभागो सव्वाणि अपुव्वफद्दयाणि। क० चु०, पृ० ९०५।

२. एत्तो अंतोमुहुत्तं किट्टीओ करेदि। क० चु०, पृ० ९०५।

३. अपुव्वफद्दयाणमादिवग्गणाए अविभागपडिच्छेदाणमसंखेज्जदिभागमोकड्डदि। जीवपदेसाणमसंखेज्जदिभागमोकड्डदि। क० चु०, पृ० ९०५।

एकभागमात्र प्रदेश प्रथम समयविषैं ग्रहि कृष्टि करिए है। सो इनिका प्रमाण सर्व अपूर्व स्पर्धकनिके प्रदेशनिका प्रमाणके असंख्यातवें भागमात्र है। बहुरि अपूर्व स्पर्धकनिकी जघन्य वर्गणाका वर्गके जेते अविभागप्रतिच्छेद हैं तिनके असंख्यातवें भागमात्र उत्कृष्ट अन्त कृष्टिके एक प्रदेशसम्बन्धी अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण हो है। बहुरि इहां प्रथम समयविषैं अपकर्षण कीया प्रदेश देनेका विधान कहिए है—

जघन्य कृष्टिविषैं बहुत प्रदेश दीजिए है। ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्त पर्यन्त कृष्टिनिविषैं विशेष घटता क्रम लीएं द्रव्य दीजिए है। इहां विशेषका प्रमाण प्रथम कृष्टिकौं जगच्छ्रेणिका असंख्यातवां भागका भाग दीएं आवै है। बहुरि अन्त कृष्टितैं अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणा विषैं असंख्यातगुणा घाटि दीजिए है। बहुरि उपरि विशेष घटता क्रम लीएं प्रदेश दीजिए है। इहां प्रथम समय विषैं कीनी कृष्टिनिका प्रमाण है सो एक स्पर्धक विषैं जितना वर्गणानिका प्रमाण ताके असंख्यातवै भागमात्र है ॥६३६॥

**ओकड्डदि पडिसमयं जीवपदेसे असंखगुणियकमे।**
**तग्गुणहीणकमेण य करेदि किट्टिं तु पडिसमए[1] ॥६३७॥**

**अपकर्षति प्रतिसमयं जीवप्रदेशान् असंख्यगुणितक्रमेण।**
**तद्गुणहीनक्रमेण च करोति कृष्टि तु प्रतिसमयं ॥६३७॥**

स० चं०—द्वितीयादि समयनिविषैं समय समय प्रति असंख्यातगुणा क्रमकरि जीवके प्रदेशनिकौं अपकर्षण करै है। बहुरि समय समय प्रति पूर्व समयविषैं कीनी जे कृष्टि तिनके नीचैं असंख्यातगुणा घटता क्रम लीएं नवीन कृष्टि करै है। इहां अपकर्षण कीया प्रदेश देनेका विधान कहिए है—

नवीन कृष्टिकी प्रथम कृष्टिविषैं जो बहुत प्रदेश दीजिए है ताके ऊपरि द्वितीयादि अन्त पर्यन्त कृष्टिनिविषैं विशेष घटता क्रम लीए दीजिए है। ताके ऊपरि पूर्व समयविषैं कीनी कृष्टिकी प्रथम कृष्टिविषैं असंख्यातगुणा घटता दीजिए है। इस कृष्टिविषैं पूर्व जेते प्रदेश थे तितने अर एक विशेष इतना प्रदेश नवीन अन्त कृष्टितैं याविषैं घाटि दीजिए है। बहुरि ताके ऊपरि अन्त कृष्टिपर्यन्त विशेष घटता क्रम लीए दीजिए है। इहां मध्यम खंडादिविधान पूर्वोक्त प्रकार जानना। बहुरि अन्त कृष्टिविषैं दीया द्रव्यतैं अपूर्व स्पर्धककी आदि वर्गणाविषैं दीया प्रदेश संख्यातगुणा जानना। ताके ऊपरि अन्त पूर्व स्पर्धक वर्गणापर्यन्त विशेष घटता क्रम लीएं प्रदेश दीजिए है ॥६३७॥

**सेढिपदस्स असंखं भागमपुव्वाण फड्ढयाणं व।**
**सव्वाओ किट्टीओ पल्लस्स असंखभागगुणिदकमा[2] ॥६३८॥**

---

१. एत्थ अंतोमुहुत्तं करेदि किट्टीओ असंखेज्जगुणहीणाए सेढीए। जीवपदेसाणमसंखेज्जगुणाए सेढीए। क० चु०, पृ० ९०५।

२. किट्टीगुणगारो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। किट्टीओ सेढीए असंखेज्जदिभागो। अपुव्वफद्दयाणं पि असंखेज्जदिभागो। क० चु०, पृ० ९०५।

**श्रेणिपदस्य असंख्यं भागं अपूर्वेषां स्पर्धकानां वा।**
**सर्वाः कृष्टयः पल्यस्य असंख्यभागगुणितक्रमाः ॥६३८॥**

स० चं०—सर्व समयनिविषै कीनी कृष्टिनिका प्रमाण जगच्छ्रेणिका असंख्यातवां भागमात्र है। अथवा अपूर्व स्पर्धकनिका प्रमाणके असंख्यातवां भागमात्र है इहां कोऊ कहै—

स्पर्धक अर कृष्टिविषैं विशेष कहा? ताका समाधान—अविभागप्रतिच्छेद अपेक्षा स्पर्धक तौ विशेष बंधता क्रमलीएँ हैं। अपूर्व स्पर्धकनिविषै भी पूर्व स्पर्धकवत् ही अविभागप्रतिच्छेदनिका क्रम पाइए है। बहुरि कृष्टि हैं सो गुणकार बंधता क्रमलोएँ है ऐसा विशेष है। कृष्टिनिविषै गुणकार पल्यका असंख्यातवां भागमात्र जानना। अंत कृष्टिविषैं समान अविभागप्रतिच्छेदयुक्त असंख्यात जगत्प्रतरप्रमाण जीवप्रदेश हैं। तिनविषैं जो एक प्रदेश तींहिंविषैं जेते अविभागप्रतिच्छेद हैं तिनतैं द्वितीय कृष्टिका एक प्रदेशविषैं पल्यका असंख्यातवां भागगुणे हैं। तातैं तृतीय कृष्टिका एक प्रदेशविषैं तितनेगुणे हैं। ऐसैं अंत कृष्टिपर्यन्त क्रम जानना। अंत कृष्टितैं अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाका एक प्रदेशविषैं अविभागप्रतिच्छेद पल्यका असंख्यातवां भागगुणा हैं। इस गुणकारकौं कृष्टिस्पर्धकसंबंधी कहिए। ताके ऊपरि द्वितीयादि वर्गणानिके प्रदेशनिविषै यथासंभव स्पर्धक विधानवत् विशेष बंधते अविभागप्रतिच्छेद पाइए है ऐसैं एक एक प्रदेश अपेक्षा कथन कीया। नाना प्रदेशनिकी अपेक्षा जघन्य कृष्टिके सर्व प्रदेशसंबंधी अविभागप्रतिच्छेदनिका प्रमाण हो है। ऐसैं अंत कृष्टिपर्यन्त गुणकार जानना। बहुरि अंत कृष्टितैं अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके सर्व प्रदेशसंबंधी अविभागप्रतिच्छेद असंख्यातगुणे घाटि हैं। जातैं अपूर्व स्पर्धककी प्रथम वर्गणाविषैं अविभागप्रतिच्छेद अंत कृष्टितैं जेते गुणे हैं तिस गुणकारतैं असंख्यातगुणे गुणकार करि गुणित तिस प्रथम वर्गणाके प्रदेशमात्र अंत कृष्टिके प्रदेश पाइए हैं ॥६३८॥

**एत्थापुव्वविहाणं अपुव्वफड्ढयविहिं व संजलणे।**
**बादरकिट्टिविहिं वा करणं सुहुमाण किट्टीणं ॥६३९॥**

**अत्रापूर्वविधानं अपूर्वस्पर्धकविधिरिव संज्वलने।**
**बादरकृष्टिविधिरिव करणं सूक्ष्माणां कृष्टोनाम् ॥६३९॥**

स० चं०—इहाँ योगनिके अपूर्व स्पर्धक करनेका विधान जैसैं पूर्वै संज्वलन कषायके अपूर्व स्पर्धक करनेका विधान कह्या तैसैं जानना। बहुरि यहां योगनिकी सूक्ष्म कृष्टि करनेका विधान पूर्वैं जैसैं संज्वलन कषायकी बादर कृष्टि करनेका विधान कह्या है तैसैं जानना। प्रमाणादिकका विशेष है सो विशेष जानना ॥६३९॥

**किट्टीकरणे चरमे से काले उभयफड्डयं सव्वे।**
**णासेइ मुहुत्तं तु किट्टीगदवेदगो जोगी[1] ॥६४०॥**

**कृष्टिकरणचरमे स्वे काले उभयस्पर्धकान् सर्वान्।**
**नाशयति मुहूर्तं तु कृष्टिगतवेदको योगी ॥६४०॥**

---

१. किट्टीकरणद्धे णिट्ठिदे से काले पुव्वफद्दयाणि अपुव्वफद्दयाणि च णासेदि। अंतोमुहुत्तं किट्टीगदजोगो होदि। क० चु०, पृ० ९०५।

स० चं०—कृष्टिकरण कालका अन्त समय भएं ताके अनंतरि अपने कालविषैं सर्व पूर्व अपूर्व स्पर्धकरूप प्रदेशनिकौं नष्ट करै है। कृष्टिकरण कालका अन्त समयपर्यंत पूर्व अपूर्व स्पर्धक दृश्यमान थे अब ते सर्व ही कृष्टिरूप परिणमे बहुरि इस समयतैं लगाय सयोगी गुणस्थानका अन्तपर्यंत जो अन्तर्मुहूर्त काल तिसविषैं कृष्टिको प्राप्त योग ताकौ वेदे है—अनुभवे है प्रदेशनिविषैं जो कृष्टिरूप योगशक्ति भई सो अब वह प्रगट परिणमै है॥

**पढमे असंखभागं हेट्ठुवरिं णासिदूण विदियादी।**
**हेट्ठुवरिमसंखगुणं कमेण किट्टिं विणासेदि[1] ॥६४१॥**

**प्रथमे असंख्यभागं अधस्तनोपरि नाशयित्वा द्वितीयादौ।**
**अधस्तनोपर्यसंख्यगुणं क्रमेण कृष्टिं विनाशयति ॥६४१॥**

स० चं०—कृष्टिवेदक कालका प्रथम समयविषैं स्तोक अविभागप्रतिच्छेदयुक्त नीचैंकी अर बहुत अविभागप्रतिच्छेदयुक्त ऊपरिकी जे कृष्टि तिनकौं बीचिकी कृष्टिरूप परिणमाइ नष्ट करै है। तिनका प्रमाण सर्व कृष्टिनिके असंख्यातवै भागमात्र है। बहुरि द्वितीयादि समयनिविषैं तिनतैं असंख्यातगुणा क्रमलीएं ऊपरिकी कृष्टिनिकौं तैसैं ही नष्ट करै है। इहां ऐसा जानना—

नीचै ऊपरिकी कृष्टिनिकौं नाहीं वेदै है। बीचिकी कृष्टिनिकौं वेदै है। वेदककालविषैं नीचै ऊपरिकी कृष्टि हैं तिनिकौ बीचिकी कृष्टिरूप परिणमाइ वेदै है॥६४१॥

**मज्झिम बहुभागुदया किट्टिं पडिखय विसेसहीणकमा।**
**पडिसमयं सत्तीदो असंखगुणहीणया होंति[2] ॥**

**मध्या बहुभागोदयाः कृष्टिमपेक्ष्य विशेषहीनक्रमाः।**
**प्रतिसमयं शक्तितः असंख्यगुणहीनका भवंति ॥६४२॥**

स० चं०—सर्व कृष्टिनिकौं असंख्यातका भाग दीए तहां बहुभागमात्र जे बीचिकी कृष्टि ते उदयरूप हो हैं। ते प्रथम समयतैं द्वितीयादि समयनिविषैं विशेष घटता क्रम लीएं जाननी। ऐसैं कृष्टिनाश करनेतैं अविभागप्रतिच्छेदरूप शक्ति अपेक्षा प्रथम समयतैं द्वितीयादि सयोगीका अंत समयपर्यंत असंख्यातगुणा घटता क्रम लीएं योग पाइए हैं॥६४२॥

